Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

6330

पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDĪ DICTIONARY

PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH

Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Sam

पाइअ-सद्द-महण्णवो
(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद शे

93
3E

मोतीलाल
बनारसीदास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri C

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Paia-Sadd-Mahaṇṇavo or the 'Great Ocean of Prakrit Words' is a comprehensive Prakrit-Hindi Dictionary compiled by Pt. Hargovind Das Trikam Chand Sheth and was first published slightly less than six decades ago in 1928.

The work is of immense value since in addition to serving the needs of the students of Prakrit it has also proved very much helpful to researchers in understanding Old-Hindi words of obscure origin as well as all the other languages of the middle Indo-Aryan group including Old-Rajasthani, Old-Gujarati, Old-Marathi, Old-Bengali, Old-Maithili etc.,

The work will inspire talented scholars for further intensive research in this field.

ISBN: 81-208-0239-X

Rs. 450

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

6380

DONATION

Stock Verification-2024

Stock Verification-2024

"Presented by the Ministry of
Human Resources Development
Government of India."

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
9:3/8ब

6380

R 9:3/8ब पुस्तकालय 6380
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
विषय संख्या आगत नं०
लेखक हरगोविन्ददास
शीर्षक पाइअ-सद्द महण्णवो

सदस्य संख्या	दिनांक	सदस्य संख्या

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान आदि न लगायें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
१.३
५६

पुस्तकालय

गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग संख्या......... आगत संख्या 6380

पुस्तक-विवरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित ३०वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए अन्यथा ५० पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब-दण्ड लगेगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY
with Sanskrit equivalents, quotations
AND
complete references

BY
PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH

MOTILAL BANARSIDASS
Delhi Varanasi Patna Madras

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

R1.3/49
006380
6380
DONATION

अर्थात्

विविध प्राकृत भाषाओं के शब्दों का संस्कृत प्रतिशब्दों से युक्त, हिन्दी अर्थों से अलंकृत, प्राचीन ग्रन्थों के अनल्प अवतरणों और परिपूर्ण प्रमाणों से विभूषित बृहत्कोश

कर्ता

पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

© मोतीलाल बनारसीदास

मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७

शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१

अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४

१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्राकृत ग्रन्थ परिषद् ग्रन्थाङ्क ७

द्वितीय संस्करण : वाराणसी, १९६३

पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८६

ISBN: 81-208-0239-x

R
2.3
56

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ७ द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५, फेज-१, नारायणा, नई दिल्ली २८ द्वारा मुद्रित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

PUBLISHER'S NOTE

The present *Pāia-sadd-mahaṇṇavo* or 'The Great Ocean of Prākrit Words' is a comprehensive Prākrit-Hindī Dictionary compiled by Pt. Hargovind Das Trikam Chand Sheth and was first published slightly less than six decades ago in 1928. It is a pioneer work, being the result of several years' single-minded devotion and indefatigable labour on the part of the compiler, to whom the students and scholars of the Prākrit language will ever remain grateful.

The work is of immense value since in addition to serving the needs of the students of Prākrit it has also proved very much helpful to researchers in understanding Old-Hindi words of obscure origin as well as all the other languages of the Middle Indo-Aryan group including Old-Rajasthani, Old-Gujarati, Old Marathi, Old-Bengali, Old-Maithili etc.

After its first appearance in 1928 the work remained out of print for a number of years when its rare copies were sold at fabulous prices–a fact further attesting to its importance, utility and popularity. To fulfil a pressing need a long awaited second edition was brought out by the Prākrit Text Society in 1963 and in view of a persistent demand this reprint is being issued after a long gap for the benefit of the interested scholars.

The Publishers hope that the work will inspire talented scholars for further intensive research in the field culminating, so we wish, in a more comprehensive dictionary of the language including also the cognate Apabhraṁśa language and literature.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत—सूची

अ	=	अव्यय।
अक	=	अकर्मक धातु।
(अप)	=	अपभ्रंश भाषा।
(अशो)	=	अशोक शिलालेख।
उभ	=	सकर्मक तथा अकर्मक धातु।
कर्म	=	कर्मणि-वाच्य।
कवकृ	=	कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त।
कृ	=	कृत्य-प्रत्ययान्त।
क्रि	=	क्रियापद।
क्रिवि	=	क्रिया-विशेषण।
गु०	=	गुजराती।
(चूपै)	=	चूलिकापैशाची भाषा।
त्रि	=	त्रिलिङ्ग।
[दे]	=	देश्य-शब्द।
न	=	नपुंसकलिङ्ग।
पुं	=	पुंलिङ्ग।
पुंन	=	पुंलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग।
पुंस्त्री	=	पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग।
(पै)	=	पैशाची भाषा।
प्रयो	=	प्रेरणार्थक णिजन्त।
ब	=	बहुवचन।
भकृ	=	भविष्यत्कृदन्त।
भवि	=	भविष्यत्काल।
भूका	=	भूतकाल।
भूकृ	=	भूत-कृदन्त।
(मा)	=	मागधी भाषा।
वकृ	=	वर्तमान कृदन्त।
वि	=	विशेषण।
(शौ)	=	शौरसेनी भाषा।
स	=	सर्वनाम।
संकृ	=	संबन्धक कृदन्त।
सक	=	सकर्मक धातु।
स्त्री	=	स्त्रीलिङ्ग।
स्त्रीन	=	स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिङ्ग।
हेकृ	=	हेत्वर्थ कृदन्त।

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रमाण-ग्रन्थों [रेफ़रेन्सेज़] के संकेतों का विवरण

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
अंग	=	अंगविज्जा	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५, १९५७		
अंग	=	अंगचूलिआ	हस्तलिखित।		
अंत	=	अंतगडदसाओ	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, १९२०	...	पत्र
अच्चु	=	अच्चुअसअअं	वाणीविलास प्रेस, मद्रास, १८७२	...	गाथा
अजि	=	अजिअसंतिथव	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
अज्झ	=	अध्यात्ममतपरीक्षा	१ भीमसिंह माणक, संवत् १९३३	...	,,
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर	...	,,
अणु	=	अणुओगदारसुत्त	१ राय धनपतिसिहजी बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६	...	
			२ आगमोदय समिति, १९२४ बम्बई,	...	पत्र
अनु	=	अणुत्तरोववाइअदसा	❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२०	...	पत्र
अभि	=	अभिज्ञानशाकुन्तल	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	पृष्ठ
अवि	=	अविमारक	त्रिवेन्द्र संस्कृत सिरीज ...	...	,,
आउ	=	आउरपचक्खाणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	गाथा
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	...	,,
आक	=	१ आवश्यककथा	हस्तलिखित ...	...	
		२ आवश्यक-एर्ज्यालुंगन्	डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८९७	...	पृष्ठ
आख्या	=	आख्यानकमणिकोश	प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५		
आचा	=	आचारांगसूत्र	❀ १ डॉ. डबल्यु. शुब्रिंग् संपादित, लाइपजिग, १९१०	...	
			+ २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
			३ प्रो. रवजीभाई देवराज-संपादित, राजकोट, १९०६		,,
आचानि	=	आचारांग-निर्युक्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६	...	गाथा
आचू	=	आवश्यकचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
आत्म	=	आत्मसंबोधकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
आत्महि	=	आत्महितोपदेश-कुलक	,, ...	...	,,
आत्मानु	=	आत्मानुशास्ति-कुलक	,, ...	...	,,
आनि	=	आवश्यकनिर्युक्ति	१ यशोविजय-जैन-ग्रंथमाला, बनारस। २ हस्तलिखित।		

❀ ऐसी निशानी वाले संस्करणों में अकारादि क्रम से शब्द-सूची छपी हुई है, इससे ऐसे संस्करणों के पृष्ठ आदि के अंकों का उल्लेख प्रस्तुत कोश में बहुधा नहीं किया गया है, क्योंकि पाठक उस शब्द-सूची से ही अभिलषित शब्द के स्थल को तुरन्त पा सकते हैं। जहाँ किसी विशेष प्रयोजन से अंक देने की आवश्यकता प्रतीत भी हुई है, वहाँ पर उसी ग्रन्थ की पद्धति के अनुसार अंक दिए गए हैं, जिससे जिज्ञासु को अभीष्ट स्थल पाने में विशेष सुविधा हो।

+ इन संस्करणों में श्रुतस्कन्ध, अध्ययन और उद्देश के अङ्क समान होने पर भी सूत्रों के अङ्क भिन्न-भिन्न हैं। इससे इस कोष में जिस संस्करण से जो शब्द लिया गया है उसी का सूत्राङ्क वहाँ पर दिया गया है। अंक की गिनती उसी उद्देश्य या अध्ययन के प्रथम सूत्र से आरम्भ की गई है।

† श्रद्धेय श्रीयुत केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी, बी. ए., एल्. एल्., बी. से प्राप्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रंन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
आप	=	आराधनाप्रकरण	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२		गाथा
आरा	=	आराधनासार	मानिकचंद-दिगंबर-जैन-ग्रंथमाला, संवत् १९७३		,,
आव	=	आवश्यकसूत्र	हस्तलिखित ...	...	
आवटि	=	आवश्यक टिप्पण	देवचन्द लालभाई		
आवदी	=	आवश्यक दीपिका	विजयदानसूरि ग्रंथमाला		
आवपगा	=	आवश्यकसूत्रे पत्रे गाथा	(हरिभद्र टीका)		
आवम	=	आवश्यकसूत्र मलयगिरि टीका	हस्तलिखित ...	...	
इंदि	=	इन्द्रियपराजयशतक	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८	...	गाथा
इक	=	दि कोस्मोग्राफी देर् इंदेर्	* डॉ. डवल्यु. किर्फेल-कृत, लाइपजिग, १९२०		
उत्त	=	उत्तराध्ययनसूत्र	१ राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६		अध्ययन, गाथा
			२ स्व-संपादित, कलकत्ता, १९२३	...	,,
			+ ३ हस्तलिखित ...	....	,,
उत्त	=	उत्तराध्ययन सूत्र	देवचन्द लालभाई		
उत्त का	=	,,	डो. जे. कारपेंटिअर-संपादित, १९२१	...	,,
उत्तनि	=	उत्तराध्ययननिर्युक्ति	हस्तलिखित ...	...	,,
उत्तर	=	उत्तररामचरित	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
उप	=	उपदेशपद	हस्तलिखित ...	...	गाथा
उप टी	=	उपदेशपद-टीका	हस्तलिखित ...	...	मूल-गाथा
उपपं	=	उपदेशपंचाशिका	† ,, ...	...	गाथा
उप पृ	=	उपदेशपद	जैन विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा	...	पृष्ठ
उर	=	उपदेशरत्नाकर	देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१४	...	अंश, तरंग
उव	=	उवएसमाला	* डॉ. एल्. पी. टेसेटोरि-संपादित, १९१३	...	
उवकु	=	उवदेशकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
उवर	=	उपदेशरहस्य	मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६७	...	,,
उवा	=	उवासगदसाओ	* एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १८९०	...	
ऊरु	—	ऊरुभंग	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
ओघ	=	ओघनिर्युक्ति	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९	...	गाथा
ओघ भा	=	ओघनिर्युक्ति-भाष्य	,, ...	...	,,
ओप	=	औपपातिकसूत्र	* डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८८३	...	
कप्प	=	कल्पसूत्र	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८७९	...	
कप्पू	=	कर्पूरमञ्जरी	* हार्वर्ड् ओरिएन्टल् सिरीज, १९०१	...	
कम्म १	=	कर्मग्रंथ पहला	* आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक मण्डल, आगरा,	१९१८	गाथा
कम्म २	=	,, दूसरा	* ,, ,,	,,	,,
कम्म ३	=	,, तीसरा	* ,, ,,	१९१९	,,
कम्म ४	=	,, चौथा	* ,, ,,	१९२३	,,

+ सुखबोधा नामक प्राकृत-बहुल टीका से विभूषित यह उत्तराध्ययन सूत्र की हस्त-लिखित प्रति आचार्य श्रीविजय-मेघसूरिजी के भंडार से श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त हुई थी, इस प्रति के पत्र १८६ हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत।		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
कम्म ५	=	कर्मग्रन्थ पाँचवाँ	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८	...	गाथा
			२ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६८ ...	...	,,
कम्म ६	=	,, छठवाँ	,,		,,
कम्मप	=	कर्मप्रकृति	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, १९१७	...	पत्र
करु	=	करुणावज्रायुधम्	आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर, १९१६	...	पृष्ठ
कर्ण	=	कर्णभार	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	,,
कप्पूर	=	कर्पूरचरित (भाण)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं. ८, १९१८		,,
कर्म	=	कर्मकुलक	† हस्त-लिखित		गाथा
कल्पभाष्य	=	बृहत्कल्प-भाष्य	आत्मानन्द सभा		
,, गा०	=	,, गाथा	,,		
कस	=	(बृहत्) कल्पसूत्र	* डॉ. डवल्यु. शुब्रिं-संपादित, लाइपजिग, १९०५	...	
कहा	=	कहावली	अमुद्रित		
काप्र	=	काव्यप्रकाश	वामनाचार्यकृत-टीका-युक्त, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई	...	पृष्ठ
काल	=	कालकाचार्यकथानक	* डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, जेड्-डी-एम्-जी, खंड ३४, १८८०		
किरात	=	किरातार्जुनीय (व्यायोग)	गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं ८, १९१८		पृष्ठ
कुप्र	=	कुमारपालप्रतिबोध	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, १९२०	...	,,
कुमा	=	कुमारपालचरित	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९००	...	,,
कुम्मा	=	कुम्मापुत्तचरिअ	स्व-संपादित, कलकत्ता, १९१९ ...	...	पृष्ठ
कुलक	=	कुलकसंग्रह	जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा, १९१४		,,
खा	=	खामणाकुलक	† हस्तलिखित		गाथा
खेत्त	=	लघुक्षेत्रसमास	भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८	...	,,
गउड	=	गउडवहो	* बंबई-संस्कृत-सिरीज, १८८७ ...	...	
गच्छ	=	गच्छाचारपयन्नो	१ हस्तलिखित ...	...	अधिकार, गाथा
			२ चंदुलाल मोहोलाला कोठारी, अहमदाबाद, संवत् १०८०		,,
			३ सेठ जमनाभाई भगूभाई, अहमदाबाद, १९२४		,,
गण	=	गणधरस्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	गाथा
गणि	=	गणिविज्जापयन्नी	राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, १८४२	...	,,
गा	=	गाथासप्तशती	+१ डॉ. ए. वेबर्-संपादित, लाइपजिग, १८८१	...	,,
			२ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९११	...	,,
गु	=	गुरुपारतन्त्र्य-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	गाथा
गुण	=	गुणानुरागकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	,,
गुभा	=	गुरुवन्दनभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई संवत् १९६२	...	गाथा

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

+ लाइपजिगवाले संस्करण का नाम "सप्तशतक डेस हाल" है और बम्बईवाले का "गाथासप्तशती"। ग्रन्थ एक ही है, परन्तु बम्बईवाले संस्करण में सात शतकों के विभाग में करीब ७०० गाथाएँ छपी हैं और लाइपजिगवाले में सीधे नंबर से ठीक १०००। एक से ७०० तक की गाथाएँ दोनों संस्करणों में एक-सी हैं, परन्तु गाथाओं के क्रम में कहीं कहीं दो चार नंबरों का आगा-पीछा है। ७०० के बाद का और ७०० के भीतर भी जहाँ गाथांक के अनन्तर 'अ' दिया है वह नंबर केवल लाइपजिग के ही संस्करण का है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
गुरु	=	गुरुप्रदक्षिणाकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९६३	...	गाथा
गोय	=	गौतमकुलक	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६५	...	,,
चउ	=	चउसरणपयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	,,
			२ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदावाद, संवत् १९६२	...	,,
चउ	=	चउपन्नमहापुरिसचरियं	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५, १९६१	...	,,
चंड	=	प्राकृतलक्षण	* एसियाटिक सोसायटी, बंगाल, कलकत्ता, १८८०	...	
चंद	=	चंदपन्नत्ति	हस्तलिखित ...	...	पाहुड
चारु	=	चारुदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
चेइय	=	चेइयवंदणमहाभास	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, संवत् १९६२	...	गाथा
चैत्य	=	चैत्यवन्दन भाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	,,
जं	=	जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति	१ देवचंद लालभाई पु० फंड, बम्बई, १९१०	....	वक्षस्कार
			२ हस्तलिखित	...	,,
जय	=	जयतिहुअण-स्तोत्र	जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम, प्रथमावृत्ति	...	गाथा
जिन	=	जिनदत्ताख्यान	सिंघी जैन सिरीज		
जी	=	जीवविचार	आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, संवत् १९७८		,,
जीत	=	जीतकल्प	हस्तलिखित	...	
जीव	=	जीवाजीवाभिगमसूत्र	देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९	...	प्रतिपत्ति
जीवस	=	जीवसमासप्रकरण	† हस्तलिखित	...	गाथा
जीवा	=	जीवानुशासनकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	,,
जो	=	ज्योतिष्करण्डक	हस्तलिखित	...	पाहुड
टि	=	+ टिप्पण (पाठान्तर)	... ...	...	
टी	=	‡ टीका	... ...	...	
ठा	=	ठाणंगसुत्त (स्थनांगसूत्र)	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१८–१९२०	...	ठाण०
णंदि	=	णंदिसूत्र	१ हस्तलिखित	...	
			२ आगमोदय समिति, बम्बई, १९२४	...	पत्र
णमि	=	णमिऊण-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	गाथा
णाया	=	णायाधम्मकहासुत्त	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९	...	श्रुतस्कन्ध, अध्य०
तंदु	=	तंदुलवेयालियपयन्नो	१ हस्तलिखित	...	
			२ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९६२	...	पत्र
ति	=	तिजयपहुत्त	जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	गाथा
तित्थ	=	तित्थुग्गालियपयन्नो	हस्तलिखित ...	...	
ती	=	तीर्थंकल्प	हस्तलिखित	...	कल्प
त्रि	=	त्रिपुरदाह (डिम)	गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, नं ८, १९१८	...	पृष्ठ

† श्रद्धेय श्रीयुत् के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त।

+ पाठान्तर वाले संस्करणों के जो पाठान्तर हमें उपादेय मालूम पड़े हैं उन्हें भी इस कोष में स्थान दिया है और प्रमाण के पास 'टि' शब्द जोड़ दिया है जिससे उस शब्द को उसी स्थान के टिप्पन का समझना चाहिए।

‡ जहाँ पर प्रमाण में ग्रंथ-संकेत और स्थान-निर्देश के अन्तर 'टी' शब्द लिखा है वहाँ उस ग्रंथ के उसी स्थान की टीका के प्राकृतांश से मतलब है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रंथ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
दं	=	दंडकप्रकरण	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	गाथा
			२ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८	...	”
दंस	=	दर्शनशुद्धिप्रकरण	हस्तलिखित	...	तत्त्व
दशअगस्त्य दशवैचू	=	दशवैकालिक अगस्त्य सिंहचूर्णि	P. T. S. ...	...	
दस	=	दसवैकालिकसूत्र	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९००	...	अध्ययन०
			२ डॉ० जीवराज घेलाभाई, अहमदाबाद, १९१२	...	”
दसचू	=	दशवैकालिकचूलिका	” ” ”	...	चूलिका०
दसनि	=	दशवैकालिकनिर्युक्ति	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९००	...	अध्ययन, गाथा
			२ देवचन्द लालभाई		
दशवैवृद्ध	=	दशवैकालिक वृद्ध विवरण	मुद्रित चूर्णि, ऋषभदेव केसरीमल		
दसा	=	दशाश्रुतस्कन्ध	हस्तलिखित	...	”
दीव	=	दीवसागरपन्नत्ति	”	...	
दूत	=	दूतघटोत्कच	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	....	पृष्ठ
दे	=	देशीनाममाला	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८८०	...	वर्ग, गाथा
देव	=	देवेन्द्रस्तवप्रकीर्णक	हस्तलिखित	...	
देवदिन्न	=	देवदिन्न कथानक	”		
देवेन्द्र	=	देवेन्द्रनरकेन्द्रप्रकरण	जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९२२	...	गाथा
द्र	=	द्रव्यसित्तरी	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९५८	...	”
			२ शा० वेणीचंद सूरचंद, म्हेसाणा, १९०६	...	”
द्रव्य	=	द्रव्यसंग्रह	जैन-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय, बंबई, १९०६	...	”
धण	=	ऋपभपंचाशिका	काव्यमाला, सप्तम गुच्छक, बंबई, १८९०	...	”
धम्म	=	धर्मरत्नप्रकरण सटीक	१ जैन-विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा, १९०५	...	मूल-गाथा
			२ हस्तलिखित	...	”
धम्मि	=	धम्मिलहिंडी (वसुदेवहिंडी अन्तर्गत)	आत्मानन्द सभा	...	
धम्मो	=	धम्मोवएसकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
धर्म	=	धर्मसंग्रह	जैन-विद्या-प्रचारक-वर्ग, पालीताणा, १९०५	...	अधिकार
धर्मर	=	धर्मरत्नलघुवृत्ति	आत्मानन्द सभा	....	
धर्मवि	=	धर्मविधिप्रकरण सटीक	जेसंगभाई छोटालाल सुतरीया, अहमदाबाद, १९२४	...	पत्र
धर्मसं	=	धर्मसंग्रहणी	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १९१६–१८	...	गाथा
धर्मा	=	धर्माभ्युदय	जैन-आत्मानन्द-सभा, भावनगर, १९१८	...	पृष्ठ
धात्वा	=	प्राकृतधात्वादेश	एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल, १९२४	....	पृष्ठ
ध्व	=	ध्वन्यालोक	निर्णयसागर प्रेस, बंबई	...	”
नंदीटिप्प	=	नन्दीटिप्पण	P. T. S.		
नलदवरास	=	नलदवदंतीरास (ऋषिवर्धन),	बेन्डर संपादित		

---

†श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
नव	=	नवतत्त्वप्रकरण	१ आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर	...	गाथा
			२ आद्य-जैन-धर्म-प्रवर्तक-सभा, अहमदाबाद, १९०६	...	,,
नाट	=	‡ नाटकीयप्राकृतशब्दसूची			
निचू	=	निशीथचूर्णि	हस्तलिखित	...	उद्देश
निर	=	निरयावलीसूत्र	१ हस्तलिखित	...	वर्ग, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२२	...	,,
निसा	=	निशाविरामकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
निसी	=	निशीथसूत्र	हस्तलिखित	...	उद्देश
पउम	=	पउमचरिअ	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पर्व, गाथा
पउम	=	पउमचरिय	प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५	...	,,
पंच	=	पंचसंग्रह	१ हस्तलिखित	....	द्वार, गाथा
			२ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९१९	...	,,
पंचभा	=	पंचकल्पभाष्य	हस्तलिखित	...	
पंचव	=	पंचवस्तु	,, ...	...	द्वार
पंचा	=	पंचासकप्रकरण	जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति	...	पंचासक
पंचू	=	पंचकल्पचूर्णि	हस्तलिखित ...	...	
पंनि	=	पंचनिर्ग्रन्थीप्रकरण	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पंरा	=	पंचरात्र	त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
पंसू	=	पंचसूत्र	हस्तलिखित ...	...	सूत्र

---

‡ सेंट्रल लाइब्रेरी, बड़ोदा में स्थित एक मुखपृष्ठ-हीन पुस्तक से गृहीत, जिसके पूर्व भाग में क्रमदीश्वर का प्राकृत व्याकरण और उत्तर भागमें 'प्राकृताभिधानम्' शीर्षक से कतिपय ग्रंथों से उद्धृत प्राकृत शब्दों की एक छोटी सी सूची छपी हुई है। इस सूची में उन ग्रंथों के जो संक्षिप्त नाम और पृष्ठाङ्क दिए गये हैं वे ही नाम तथा पृष्ठाङ्क ज्यों के त्यों प्रस्तुत कोष में भी यथास्थान 'नाट' के बाद रखे गये हैं। उक्त पुस्तक में उन ग्रंथों के संक्षिप्त नामों तथा संस्करणों का विवरण इस तरह है;—

मालती	for	मालतीमाधवम्	Calcutta Edition of 1830
चैत	,,	चैतन्यचन्द्रोदयम्	,, 1854
विक्र	,,	विक्रमोर्वशी	,, 1830
साहित्य	,,	साहित्यदर्पण	Edition of Asiatic Society
उत्तर	,,	उत्तररामचरित	Calcutta Edition of 1831
रत्ना	,,	रत्नावली	,, 1832
मृच्छ	,,	मृच्छकटिक	,, 1832
प्राप्र	,,	प्राकृतप्रकाश	Mr. Cowell's Edition of 1854
शकु	,,	शकुन्तला	Calcutta Edition of 1840
मालवि	,,	मालविकाग्निमित्र	Tulberg's Edition of 1850
वेणि	,,	वेणिसंहार	Muktaram's Edition of 1855
पाअ	,,	संक्षिप्तसारस्य प्राकृताध्यायः	
महावी	,,	महावीरचरितम्	Trithen's Edition of 1848
पिंग	,,	पिंगलः	Ms.

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रन्थ का नाम	सस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
पक्खि	=	पक्खिसूत्र	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	गाथा
पच्च	=	महापच्चक्खाणपयन्नो	शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	...	
पडि	=	पंचप्रतिक्रमणसूत्र	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११ २ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१		
पराण	=	पराणवणासुत्त	राय धनपतिसिंह बहादुर, बनारस, संवत् १९४०	...	पद
पराह	=	प्रश्नव्याकरणसूत्र	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९	...	श्रुतस्कन्ध, द्वार
पभा	=	पचक्खाणभाष्य	भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२	...	गाथा
पव	=	प्रवचनसारोद्धार	१ ,, संवत् १९३४ २ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२–२५	...	+ द्वार ,,
पस	=	प्रज्ञापनोपाङ्ग-तृतीयपदसंग्रहणी	आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४	...	गाथा
पाअ	=	पाइअलच्छीनाममाला	* बी. बी. एण्ड कंपनी, भावनगर, संवत् १९७३	...	
पार्श्व	=	पार्श्वपराक्रम	गायकवाड ओरिएगटल सिरीज, नं. ४, १९१७		पृष्ठ
पि	=	ग्रामेटिक् देर् प्राकृत स्प्राखन्	डा. आर्. पिशेल् कृत, १९००	....	पैरा
पिंग	=	प्राकृतपिंगल	* एसियाटिक् सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०२	...	
पिंड	=	पिंडनिर्युक्ति	१ हस्तलिखित २ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२	...	गाथा ,,
पिंडभा	=	पिंडनिर्युक्तिभाष्य	,,	...	,,
पुप्फ	=	पुष्पमालाप्रकरण	जैन-श्रेयस्कर-मंडल, म्हेसाणा, १९११	...	,,
प्रति	=	प्रतिमानाटक	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
प्रबो	=	प्रबोधचन्द्रोदय	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१०	...	,,
प्रयौ	=	प्रतिज्ञायौगन्धरायण	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	,,
प्रवि	=	प्रव्रज्या-विधान-कुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
प्राकृ	=	प्राकृतसर्वस्व (मार्कण्डेयकृत)	विझगापटम्, विशाखापट्टणम्		पृष्ठ
प्राप	=	इन्ट्रडक्शन् टु दि प्राकृत	* पंजाब युनिवर्सिटी, लाहौर, १९१७	...	
प्राप्र	=	प्राकृतप्रकाश	* १ डा. कावेल्-संपादित, लंडन, १८६८ * २ वंगीय-साहित्य-परिषद्, कलकत्ता, १९१४	...	
प्रामा	=	प्राकृतमार्गोपदेशिका	* शाह हर्षचन्द्र भूराभाई, बनारस, १९११	...	
प्रारू	=	प्राकृतशब्दरूपावली	* सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६८	...	
प्रासू	=	प्राकृतसूक्तरत्नमाला	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१९		गाथा
वाल	=	बालचरित	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
बृह	=	बृहत्कल्पभाष्य	हस्तलिखित ...	...	उद्देश
भग	=	भगवतीसूत्र	* १ जिनागमप्रकाश सभा, बम्बई, संवत् १९७४ २ हस्तलिखित ३ आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८-१९१९-१९२१	...	 शतक, उद्देश ,,
भत्त	=	भत्तपरिण्णापयन्नो	१ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६ २ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२	...	गाथा ,,
भववृकथा	=	भवभावनावृत्तिकथा	देवचन्द लालभाई		

+ द्वार—प्रारम्भ के पूर्व के प्रस्ताव के लिए 'पव' के बाद केवल गाथा के अंक दिए गए हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
भवि	=	भविसत्तकहा	* १ डा. एच्. जेकोबी-संपादित. १९१८	...	
			* २ गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, १९२३		
भाव	=	भावकुलक	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	गाथा
भास	=	भाषारहस्य	सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद	...	,,
मंगल	=	मंगलकुलक	† हस्तलिखित ...	...	,,
मध्य	=	मध्यमव्यायोग	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ...	...	पृष्ठ
मन	=	मनोनिग्रहभावना	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
महा	=	आउसगेव्याल्ते-एरस्यालुंगन् इन् महाराष्ट्री	* डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८८६		
महानि	=	महानिशीथसूत्र	हस्तलिखित ...	...	अध्ययन
मा	=	मालविकाग्निमित्र	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
माल	=	मालतीमाधव	,, ,, ...	...	,,
मुणि	=	मुनिसुव्रतस्वामिचरित	हस्तलिखित ...	...	गाथा
मुद्रा	=	मुद्राराक्षस	बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १९१५ ...	...	पृष्ठ
मृच्छ	=	मृच्छकटिक	१ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६	...	,,
			२ बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८९६	...	,,
मै	=	मैथिलीकल्याण	माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थमाला, बम्बई, १९७३	...	,,
मोह	=	मोहराजपराजय	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ९, १९१८	...	,,
यति	=	यतिशिक्षापंचाशिका	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रंभा	=	रंभामंजरी	* निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८८९	...	,,
रत्न	=	रत्नत्रयकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
रयण	=	रयणसेहरनिवकहा	स्व-संपादित, बनारस, १९१८ ...	...	पृष्ठ
राज	=	अभिधानराजेन्द्र	* जैन-प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम	...	
राय	=	रायपसेणोसुत्त	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२५	...	पत्र
रुक्मि	=	रुक्मिणी-हरण (ईहामृग)	गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	पृष्ठ
लघु	=	लघुसंग्रहणी	भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८	...	गाथा
लहुअ	=	लघुअजितशान्ति-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
लोक	=	लोकप्रकाश	देवचन्द लालभाई		
वजा	=	वज्जालग्ग	एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता	...	पृष्ठ
वव	=	व्यवहारसूत्र, सभाष्य	१ हस्तलिखित ...	...	उद्देश्य
			२ मुनि माणेक संपादित, भावनगर, १९२६	...	,,
वसु	=	वसुदेवहिंडी	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ आत्मानन्द सभा		
वा	=	वाग्भटकाव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	पृष्ठ
वाभ	=	वाग्भटालंकार	,, १९१६	...	,,
वि	=	विषयत्यागोपदेशकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
विक्र	=	विक्रमोर्वशीय	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१४	...	पृष्ठ
विक्रा	=	विक्रान्तकौरव	माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थ-माला, संवत् १९७२		,,
विचार	=	विचारसारप्रकरण	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२३	...	गाथा
विपा	=	विपाकश्रुत	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७६		श्रुतस्कन्ध, अध्य०
विवे	=	विवेकमंजरीप्रकरण	स्व-संपादित, बनारस, संवत् १९७५-७६	...	गाथा
विसे	=	विशेषावश्यकभाष्य	स्व-संपादित, बनारस, वीर-संवत् २४२१	...	,,
वृष	=	वृषभानुजा	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८९५	...	पृष्ठ
वेणी	=	वेणीसंहार	निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५	...	,,
वै	=	वैराग्यशतक	विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
श्रा	=	श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति	दे०ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९	...	मूलगाथा
श्रावक	=	श्रावकप्रज्ञप्ति	१ श्रीयुत केशवलाल प्रेमचन्द संपादित, १९०५	...	गाथा
			२ जैन धर्म शाखा		
श्रु	=	श्रुतास्वाद	† हस्तलिखित ...	...	,,
षड्	=	षड्भाषाचन्द्रिका	* बम्बई संस्कृत एन्ड् प्राकृत सिरीज, १९१६	...	
स	=	समराइच्चकहा	एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०८-२३	...	पृष्ठ
सं	=	संबोधसत्तरी	विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२०	...	गाथा
संक्षि	=	संक्षिप्तसार	१ हस्तलिखित ...	...	
			२ संस्कृत प्रेस डिपोजिटरी, कलकत्ता, १८८९	...	पृष्ठ
संग	=	बृहत्संग्रहणी	१ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८	...	गाथा
			२ आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७३	...	,,
संघ	=	संघाचारभाष्य	हस्तलिखित ...	...	प्रस्ताव
संच	=	शान्तिनाथचरित्र (देवचन्द्रसूरि-कृत)	,, ...	...	
संति	=	संतिकरस्तोत्र	१ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११	...	गाथा
			२ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१	...	,,
संथा	=	संथारगपयन्नो	१ हस्तलिखित ...	...	,,
			२ जैन-धर्म-प्रचारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६	...	,,
संबोध	=	संबोधप्रकरण	जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक-सभा, अहमदाबाद, १९१६	...	पत्र
संवे	=	संवेगचूलिकाकुलक	† हस्तलिखित ...	...	गाथा
संवेग	=	संवेगमंजरी	,, ...	...	,,
सट्ठि	=	सट्ठिसयपयरण	१ स्व-संपादित, बनारस, १९१७	...	,,
			२ सत्यविजय-जैन-ग्रन्थमाला, नं. ६, अहमदाबाद, १९२५		,,
सण	=	सनत्कुमारचरित	* डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, १९२१	...	
सत्त	=	उपदेशसप्ततिका	जैन धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९७६	...	गाथा
सम	=	समवायांगसूत्र	आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८	...	पृष्ठ
समु	=	समुद्रमन्थन (समवकार)	गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८	...	,,
सम्म	=	सम्मतिसूत्र	जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६५	...	गाथा

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संकेत		ग्रन्थ का नाम	संस्करण आदि		जिसके अंक दिए गए हैं वह
सम्मत्त	=	सम्यक्त्वसप्तति सटीक	दे० ला० पुस्तकोद्धार-फंड, बम्बई, १९१६	...	पत्र
सम्य	=	सम्यक्त्वस्वरूप पचीसो	अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३	...	गाथा
सम्यक्त्वो	=	सम्यक्त्वोत्पादविधिकुलक	† हस्तलिखित	...	,,
सा	=	सामान्यगुणोपदेशकुलक	,,	...	,,
सार्ध	=	गणधरसार्धशतकप्रकरण	जौहरी चुन्नीलाल पन्नालाल, बम्बई, १९१६	...	,,
सिक्खा	=	शिक्षाशतक	† हस्तलिखित	...	,,
सिग्घ	=	सिग्घमवहरउ-स्मरण	स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८	...	,,
सिरि	=	सिरिसिरिवालकहा	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२३	...	,,
सुख	=	सुखबोधा टीका (उत्तराध्ययनस्य)	‡ हस्तलिखित	...	अध्ययन, गाथा
सुज्ज	=	सूर्यप्रज्ञप्ति	आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९	...	पाहुड
सुपा	=	सुपासनाहचरिअ	स्व-संपादित, बनारस, १९१८-१९	...	पृष्ठ
सुर	=	सुरसुंदरीचरिअ	जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१६	...	परिच्छेद, गाथा
सूअ	—	सूअगडांगसुत्त	+ १ भीमसिंह माणेक, बंबई, १९३६	...	श्रुतस्कंध, अध्य०
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९१७	...	,,
सूअनि	=	सूत्रकृताङ्गनिर्युक्ति	१ हस्तलिखित	...	श्रुतस्कंध
			२ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९७३	...	गाथा
			३ भीमसिंह माणेक ,, ,, १९३६	...	,,
सूक्त	=	सूक्तमुक्तावली	दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १९२२	...	पत्र
सूत्रचू	=	सूत्रकृतांगचूर्णि	P. T. S.		
से	=	सेतुबंध	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १८९५	...	आश्वासक, पत्र
स्वप्न	=	स्वप्नवासवदत्त	त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज	...	पृष्ठ
हम्मीर	=	हम्मीरमदमर्दन	गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. १०, १९२०	...	,,
हास्य	=	हास्यचूड़ामणि (प्रहसन)	,,	...	,,
हि	=	हितोपदेशकुलक	† हस्तलिखित	...	गाथा
हित	=	हितोपदेशसारकुलक	,,	...	,,
हे	=	हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण	* १ डॉ. आर्. पिशेल्-संपादित, १८७७	...	पद, सूत्र
			२ बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९००	...	,,
हेका	=	हेमचन्द्र-काव्यानुशासन	निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १९०१	...	पृष्ठ

---

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

‡ देखो 'उत्त' के नीचे की टिप्पणी ।

+ सूत्र के अंक इन दोनों में भिन्न भिन्न हैं, प्रस्तुत कोष में सूत्रांक केवल भी. मा. के संस्करण के दिए गये है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम संस्करण में लेखक का निवेदन

कोई भी भाषा के ज्ञान के लिए उस भाषा का व्याकरण और कोष प्रधान साधन है। प्राकृत भाषा के प्राचीन व्याकरण अनेक हैं, जिनमें चंड का प्राकृतलक्षण, वररुचि का प्राकृतप्रकाश, हेमाचार्य का सिद्धहेम (अष्टम अध्याय), मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व और लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका मुख्य हैं। और अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की संख्या अल्प होने पर भी उनमें जर्मनी के सुप्रसिद्ध प्राकृत-विद्वान् डॉ. पिशल् का प्राकृतव्याकरण सर्वश्रेष्ठ है जो अतिविस्तृत और तुलनात्मक है। परन्तु प्राकृत-कोष के विषय में यह बात नहीं है। प्राकृत के प्राचीन कोषों में अद्यापि पर्यन्त केवल दो ही कोष उपलब्ध हुए हैं—पण्डित धनपाल-कृत पाइअलच्छीनाममाला और हेमाचार्य-प्रणीत देशीनाममाला। इनमें पहला अतिसंक्षिप्त—दो सौ से भी कम पद्यों में ही समाप्त और दूसरा केवल देश्य शब्दों का कोष है। इनके सिवा अन्य कोई भी प्राकृत का कोष न होनेसे प्राकृत के हरएक अभ्यासी को अपने अभ्यास में बहुत असुविधा होती थी, खुद मुझे भी अपने प्राकृत-ग्रन्थों के अनुशीलन-काल में इस अभाव का कटु अनुभव हुआ करता था। इससे आज से करीब पनरह साल पहले पूज्यपाद, प्रातः-स्मरणीय, गुरुवर्य शास्त्र-विशारद जैनाचार्य श्री १००८ श्री विजयधर्मसूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से प्राकृत का एक उपयुक्त कोष बनाने का मैंने विचार किया था।

इसी अरसे में श्री राजेन्द्र सूरिजी का अभिधानराजेन्द्र नामक कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ और अभी दो वर्ष हुए इसका अन्तिम भाग भी बाहर हो गया है। बड़ी बड़ी सात जिल्दों में यह कोष समाप्त हुआ है। इस संपूर्ण कोष का मूल्य २६०) रुपये हैं जो परिश्रम और ग्रन्थ-परिमाण में अधिक नहीं कहे जा सकते। यद्यपि इस कोष की विस्तृत आलोचना करने की न तो यहाँ जगह है, न आवश्यकता ही; तथापि यह कहे बिना नहीं रहा जा सकता कि इसकी तय्यारी में इसके कर्ता और उसके सहकारियों को सचमुच घोर परिश्रम करना पड़ा है और प्रकाशन में जैन श्वेताम्बर संघ को भारी धन-व्यय। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि इसमें कर्ता को सफलता की अपेक्षा निष्फलता ही अधिक मिली है और प्रकाशक के धनका अपव्यय ही विशेष हुआ है। सफलता न मिलने का कारण भी स्पष्ट है। इस ग्रन्थ को थोड़े गौर से देखने पर यह सहज ही मालूम होता है कि इसके कर्ता को न तो प्राकृत भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान था और न प्राकृत शब्द-कोष के निर्माण की उतनी प्रबल इच्छा, जितनी जैन-दर्शन-शास्त्र और तर्क-शास्त्र के विषय में अपने पाण्डित्यप्रख्यापन की धून। इसी धून ने अपने परिश्रम को योग्य दिशा में ले जानेवाली विवेक-बुद्धि का भी ह्रास कर दिया है। यही कारण है कि इस कोष का निर्माण, केवल पचहत्तर से भी कम प्राकृत जैन पुस्तकों के ही, जिनमें अर्धमागधी के दर्शनविषयक ग्रंथों की बहुलता है, आधार पर किया गया है और प्राकृत की ही इतर मुख्य शाखाओं के तथा विभिन्न विषयों के अनेक जैन तथा जैनेतर ग्रन्थों में एक का भी उपयोग नहीं किया गया है। इससे यह कोष व्यापक न होकर प्राकृत भाषा का एकदेशीय कोष हुआ है। इसके सिवा प्राकृत तथा संस्कृत ग्रन्थों के विस्तृत अंशों को और कहीं-कहीं तो छोटे-बड़े[1] संपूर्ण ग्रन्थ को ही अवतरण के रूप में उद्धृत करने के कारण पृष्ठ-संख्या में बहुत बड़ा होने पर भी शब्द-संख्या में ऊन ही नहीं, बल्कि आधार-भूत ग्रंथों में आए हुए कई[2] उपयुक्त शब्दों को छोड़ देने से और विशेषार्थ-हीन[3] अतिदीर्घ सामासिक शब्दों की भरती से वास्तविक शब्द-संख्या में यह कोष अतिन्यून भी है। इतना ही नहीं, इस कोष में आदर्श पुस्तकों की, असावधानी की और प्रेस की तो असंख्य अशुद्धियाँ हैं ही, प्राकृत भाषा के अज्ञान से संबन्ध रखनेवाली भूलों की भी कमी नहीं है। और सबसे बढ़कर दोष इस कोष में यह है कि वाचस्पत्य, अनेकान्तजयपताका, अष्टक, रत्नाकरावतारिका आदि केवल संस्कृत के और जैन इतिहास जैसे

---

१. जैसे 'चेइय' शब्द की व्याख्या में प्रतिमाशतक नामक सटीक संस्कृत ग्रन्थ को आदि से लेकर अन्त तक उद्धृत किया गया है। इस ग्रंथ की श्लोक-संख्या करीब पाँच हजार है।

२. अक्क = अर्क आदि।

३. जैसे अइ-तिक्ख-रोस, अइ-दुक्ख-धम्म, अइ-तिव्व-कम्म-विगम, अकुसल-जोग-णिरोह, अचियंते(?)उर-पर-घर-प्पवेस, अजिम्म(?)-कंत-णयणा, अजस-सय-विसप्पमाण-हियय, अजहण्णुको(?)स-पएसिय आदि। इन शब्दों का इनके अवयवों की अपेक्षा कुछ भी विशेष अर्थ नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केवल आधुनिक गुजराती ग्रन्थों के संस्कृत और गुजराती शब्दों पर से कोरी निजी कल्पना से ही[१] बनाये हुए प्राकृत शब्दों की इसमें खूब मिलावट की गई है, जिससे इस कोष की प्रामाणिकता ही एकदम नष्ट हो गई है। ये और अन्य अनेक अक्षम्य दोषों के कारण साधारण अभ्यासी के लिए इस कोष का उपयोग जितना भ्रामक और भयंकर है, विद्वानों के लिए भी उतना ही क्लेशकर है।

इस तरह प्राकृत के विविध भेदों और विषयों के जैन तथा जैनेतर साहित्य के यथेष्ट शब्दों से संकलित, आवश्यक अवतरणों से युक्त, शुद्ध एवं प्रामाणिक कोष का नितान्त अभाव बना ही रहा। इस अभाव की पूर्त्ति के लिये मैंने अपने उक्त विचार को कार्य-रूप में परिणत करने का दृढ़ संकल्प किया और तदनुसार शीघ्र ही प्रयत्न भी शुरु कर दिया गया, जिसका फल प्रस्तुत कोष के रूप में चौदह वर्षों के कठोर परिश्रम के पश्चात् आज पाठकों के सामने उपस्थित है।

प्रस्तुत कोष की तय्यारी में जो अनेक कठिनाइयाँ मुझे झेलनी पड़ी हैं उनमें सर्व-प्रथम प्राकृत के शुद्ध पुस्तकों के विषय में थी। प्राकृत का विशाल साहित्य-भण्डार विविध-विषयक ग्रंथ-रत्नों से पूर्ण होने पर भी आजतक वह यथेष्ट रूप में प्रकाशित ही नहीं हुआ है। और हस्त-लिखित पुस्तकें तो बहुधा अज्ञान लेखकों के हाथ से लिखी जानेके कारण प्रायः अशुद्ध ही हुआ करती हैं; परन्तु आजतक जो प्राकृत की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे भी, न्यूनाधिक परिमाण में, अशुद्धिओं से खाली नहीं हैं। अलबत्त, यूरोप की और इस देश की कुछ पुस्तकें ऐसी उत्तम पद्धति से छपी हुई हैं कि जिनमें अशुद्धियाँ बहुत ही कम हैं, और जो कुछ रह भी गई हैं वे उनमें टिप्पणी में दिए हुए अन्य प्रतियों के पाठान्तरों से सुधारी जा सकती हैं। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसे संस्करणों की संख्या बहुत ही अल्प—नगण्य हैं। सचमुच, यह बड़े खेद की बात है कि भारतीय और खास कर हमारे जैन विद्वान् प्राचीन पुस्तकों के संशोधन में अधिक हस्तलिखित पुस्तकों का उपयोग करने की और उनके भिन्न-भिन्न पाठों को टिप्पणी के आकार में उद्धृत करने की तकलीफ ही नहीं उठाते। इसका नतीजा यह होता है कि संशोधक की बुद्धि में जो पाठ शुद्ध मालूम होता है वही एक, फिर चाहे वह वास्तव में अशुद्ध ही क्यों न हो, पाठकों को देखने को मिलता है। प्राकृत के इतर मुद्रित ग्रन्थों की तो यह दुर्दशा है ही, परन्तु जैनों के पवित्रतम और अति प्राचीन आगम-ग्रन्थों की भी यही अवस्था है। कई वर्षों के पहले मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध धन-कुबेर राय धनपतिसिंहजी बहादुर ने अनेक आगम-ग्रन्थ भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न संशोधकों से संपादित करा कर छपवाये थे, जिनमें अधिकांश अज्ञानी संशोधकों से सम्पादित होनेके कारण खूब ही अशुद्ध छपे थे। किन्तु अभी कुछ ही वर्ष हुए हमारी आगमोदय-समिति ने अच्छा फंड एकत्रित करके भी जो आगमों के ग्रन्थ छपवाये हैं वे कागज, छपाई सफाई आदि बाह्य शरीर की सजावट में सुन्दर होने पर भी शुद्धता के विषय में बहुधा पूर्वोक्त संस्करणों की पुनरावृत्ति ही है। क्योंकि, न किसी में आदर्श-पुस्तकों के पाठान्तर देने का परिश्रम किया गया है, न मूल और टीका के प्राकृत शब्दों की संगति की ओर ध्यान दिया गया है, और न तो प्रथम संस्करण की साधारण अशुद्धियाँ सुधारने को यथोचित कोशिश ही की गई है। क्या ही अच्छा हो, यदि श्रीआगमोदयसमिति के कार्य-कर्ताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट हो और वे प्राकृत के विशेषज्ञ और परिश्रमी विद्वानों से संपादित करा कर समस्त (प्रकाशित और अप्रकाशित) आगम-ग्रन्थों का एक शुद्ध (Critical) संस्करण प्रकाशित करें, जिसकी अनिवार्य आवश्यकता है।

इस तरह हस्त-लिखित और मुद्रित प्राकृत-ग्रन्थ प्रायः अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का अन्य-ग्रंथों में उद्धृत उन्हीं पाठों का और भिन्न-भिन्न संस्करणों का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दों का तथा एक ही शब्द के भिन्न-भिन्न परन्तु शुद्ध रूपों का ही यहाँ ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड़ दिए गए हैं। और जिस ग्रंन्थ को एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित संस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धियों का भी संशोधन यथामति किया गया है और संशोधित शब्दों को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलों को छोड़ कर खास खास स्थानों में ऐसी अशुद्धियों का उल्लेख भी उन पाठों को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान् पाठक को मेरी की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दों की अशुद्धियों के संशोधन में पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानों की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलों को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। सारांश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने में संपूर्ण ध्यान दिया गया है। मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तक ने की है।[२]

---

१. देखो अअगर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचितगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झत्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अभ(?)त्थओगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दों के रेफरेंस।

२. देखो अन्यत्र उद्धृत किए हुए इस ग्रंथ-विषयक अभिप्रायों में रॉयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ-व्यय के बारे में थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रंथ की तय्यारी के लिए पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यों के वेतन-खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नहीं करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिए अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहकों को हर पचीस रुपये में इस संपूर्ण ग्रन्थ की एक कॉपी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई सम्पूर्ण तो नहीं, किन्तु बहुत-कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूर तक सफल बनाने का अधिक श्रेय कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर-श्रीसंघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् सेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई को है, जिन्होंने शुरू से ही इसकी संरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य में सहायता की है, जिसके लिए मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदाबाद-निवासी श्रद्धेय श्रीयुत् केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी बी. ए., एल्एल् बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होंने कई मुद्रित पुस्तकों में दी हुई प्राकृत शब्द-सूचियों पर से एकत्रित किया हुआ एक बड़ा शब्द-संग्रह मुझे दिया था; इतना ही नहीं, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लिखित तथा मुद्रित पुस्तकों का जोगाड़ कर दिया था और उक्त योजना में ग्राहक-संख्या बढ़ा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रातःस्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्रीअमीविजयजी महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्रीविजयमोहन सूरिजी, जं. यु. भट्टारक श्रीजिनचारित्रसूरिजी तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत् अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी का भी मैं हृदय से उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा से अग्रिम ग्राहकों की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावों को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम-ग्राहक-सूची में प्रकाशित किए गए हैं[1], अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होंने यथाशक्ति अल्पाधिक संख्या में इस पुस्तक की कॉपियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत् सेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल और श्रीमान् बाबू डालचंदजी सिंघी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनों महाशयों ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट संख्या में इस कोष की कॉपियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नहीं, असंभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि आज से करीब दस वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत-इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए कलकत्ता-विश्वविद्यालय में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत-हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता-विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय आंनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरंत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत-इङ्गिलश कोश तैय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य-रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं कलकत्ता-विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किए बिना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से सम्बन्ध रखनेवाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. ने अपने कीमती समय का बिना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तःकरण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय समय पर जैसे जैसे जो अतिरिक्त हस्त-लिखित और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे वैसे उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ साथ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिए जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट[2] के रूप में इसी ग्रंथ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियों की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग अलग रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वागत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द को परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

१. 'अग्रिम-ग्राहक सूची' का अंश द्वितीय संस्करण में नहीं छापा गया है—संपादक।

२. 'परिशिष्ट' का संपूर्ण अंश इस द्वितीय संस्करण में यथास्थान समावेश कर दिया गया है—संपादक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इसलिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से लेकर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रंथों के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज़्यादा है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियाँ या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो पड़े। जो विद्वान् मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता
ता० ३१-१-२८

हरगोविन्द दास टि. सेठ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम संस्करण का उपोद्घात

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य-निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही बिभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं ?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर सम्बन्ध

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती है :—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड़ (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बँगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूरवर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलुगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड़ भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से सम्बन्ध नहीं रखती, अतएव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह सम्बन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है। प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कईएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुई, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और प्रो. मेक्समूलर के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B. C.) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि आदि के पद-प्रभृति के नियम-रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में ख्रिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डॉ. हॉर्नलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न-भिन्न समय में भारतवर्ष में आये थे[1]। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम दल के आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उड़ीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है, उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असम्भव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

वेद और वैदिक सभ्यता

---

१. आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलएड को: कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई-कोई पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद वे भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्तान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई-कोई आधुनिक विद्वान् ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राकृत-भाषाओं का प्रथम स्तर (ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६००)

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषाएँ (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आए हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व-काल में अपने-अपने प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prākrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय ख्रिस्त-पूर्व २००० से ख्रिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती है।

प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर (ख्रिस्त-पूर्व ६०० से ख्रिस्ताब्द ६००)

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषाएँ जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर ख्रिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान् महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न-भिन्न प्रदेशों में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दिया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की अर्ध-मागधी और पूर्व मगध में प्रचलित लोक-भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मतभेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। ख्रिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न-भिन्न प्रदेशों में वहाँ-वहाँ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाए। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्रायः ख्रिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषाएँ भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति (ख्रिस्ताब्द ६००)

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खासकर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prākrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय ख्रिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषाएँ (Analytical Languages) कही जाती हैं।

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के सम्बन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाएँ और आधुनिक भारतीय भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के अनुसार इन तीन भागों में विभक्त किए हैं:—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य या देशी।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नोर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसे:—अग्र = अग्ग, आर्य = आरिअ, इष्ट = इट्ठ, ईर्ष्या = ईसा, उद्गम = उग्गम, कृष्ण = कसण, खर्जूर = खज्जूर, गज = गअ, घर्म = घम्म, चक्र = चक्क, क्षोभ = छोह, यक्ष = जक्ख, ध्यान = झाण, दंश = डंस, नाथ = णाह, त्रिदश = तिअस, दृष्ट = दिट्ठ, धार्मिक = धम्मिअ, पश्चात् = पच्छा, स्पर्श = फंस, बदर = बोर, भार्या = भारिआ, मेघ = मेह, अरण्य = रण्ण, लेश = लेस, शेष = सेस, हृदय = हिअअ, भवति = हवइ, पिबति = पिअइ, पृच्छति = पुच्छइ, अकार्षीत् = अकासी, भविष्यति = होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी सम्बन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव (हस्ती), ईस (कीलक), उअचित्त (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओंडल (धम्मिल्ल), कंदोट्ट (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जच्च (पुरुष), झडप्प (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णित्तिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), घयण (गृह), निक्खुत्त (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (सूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, [1]सात भाषाओं को जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो [2]पैशाचिकी और [3]मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो [4]महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनीं, गौडी और लाटी ये नाम दिए हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

२. "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

३. "मागधिकायां रसयोर्लशौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

४. "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४, ३५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के कतिपय श्लोंको को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड़ और ओढ्रज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्डय, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड़ इन दस पिशाच-भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक्क, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड़, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न-भिन्न देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ-जहाँ वह-वह भाषा उत्पन्न हुई है।[1] षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने 'शूरसेन[2] देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाए हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतो में लिये गए हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न-भिन्न देश में भिन्न-भिन्न रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न-भिन्न देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

6380

देश्य शब्द

मूल

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

प्राचीन काल में भिन्न-भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ हयात थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थों में भी मिलता है[3]। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ देशीप्रसिद्ध[4] प्राकृत

R
१.३
४६

---

१. ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिए गए हैं।

२. "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत्॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

३. "नानाचर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।
"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देषभाषाविकल्पनम्।"
"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४; ४६)।
"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १, ४, ५०)।
"तते णं से मेहे कुमारे......अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए......होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८; ६२)।
"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।
"तए णं दढपइण्णे दारए......अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०९)।
"तए णं से दढपतिण्णे दारए......अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

४. "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि......, संस्कृतसमं......देशीप्रसिद्धं तच्चेदं हर्षितं = ल्हसिअं" (प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषाएँ थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न-भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृतसाहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी वा देश्य शब्द।

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किए हैं[1]। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है[2]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है!

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न-भिन्न देशों की द्राविड़, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिए गए हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु-प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दो-एक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिए गए हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गए हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिए गए हैं; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डॉ. काल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिए गए हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की

समय प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषाएँ प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित

---

१. देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरह सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

२. 'एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः' (हे० प्रा० ४, २); अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहीं बताए हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'तत्' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत से लगाकर इस मत का अनुसरण किया है[1]। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

'प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।
'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते' (प्राकृतसर्वस्व)।
'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्' (प्राकृतचन्द्रिका)।
'प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता' (षड्भाषाचन्द्रिका)।
'प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः' (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तियों का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इसलिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है[2] और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा[3] जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्' यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में वह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि वैदिक संस्कृत[4] और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषाएँ हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इसलिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसंग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत दोनों ही उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के

---

१. 'प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्' (वाग्भटालंकारटीका २, २); 'संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्' (काव्यादर्श की प्रेमचन्द्र-तर्कवागीश-कृत टीका १, ३३)।

२. 'प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिंगेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्यात् पूर्विकायां च' (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

३. 'स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च ॥ (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
'यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः' (अ० चि० ३, ३७८ की टीका)।

४. कोई कोई आधुनिक विद्वान् प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो 'पाली-प्रकाश' का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक [1] श्लोक की व्याख्या में ख्रिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन-विद्वान् नमिसाधु ने लिखा है कि:—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र: भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार; उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किए गए हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में अर्धमागधी कही गई है[2] जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज-गम्य है[3] और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूपवाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत आदि बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

"[4]अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम— स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

---

१. "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

२. बारहवाँ अङ्ग-ग्रंथ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्गसूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन्॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्ग्यस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता॥११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९)।

३. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धं तं। थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि द्वारा और काव्यानुशासन की टीका पृ० १ में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

४. "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्त्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा यह भी असम्भव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, ख्रिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है :—

"[1] सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

ख्रिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपने 'बालरामायण' में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है :—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभव नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं। इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य

१. प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द = वुन्द, ऋतु = उउ, पृथिवी = पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते है, जैसे—कृत = कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२. प्राकृत में संयुक्त वर्णवाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ = दूलह, विश्राम = वीसाम, स्पर्श = फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ = दूळभ (ऋग्वेद ४, ९, ८), दुर्णाश = दूणाश (शुक्लयजुः प्रातिशाख्य ३, ४३)।

३. संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत् = ताव, यशस् = जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात् = पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात् = उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात् = नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४. प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ = पगब्भ, श्यामा = सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ = अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच = त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५. प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र = पत्र, रात्रि = रत्ति, साध्य = सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा = रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र = अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६. प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड = डण्ड, दंस = डंस, दोला = डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं है, जैसे—दुर्दभ = दूडभ (वाजसनेयसंहिता ३, ३६), पुरोदास = पुरोडाश (शुक्ल-यजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

---

१. सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः। आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥९३॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७. प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर = बहिर, व्याध = वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय = प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८. प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट = किलिट्ठ, स्व = सुव, तन्वी = तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्र्यः = सहस्रियः, स्वर्गः = सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३); तन्वः = तनुवः,स्वः = सुवः (तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७)।

९. प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं-कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११. प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है[1]।

१२. प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३. प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए वहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन हैं, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं, जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं—(१) प्रथम युग—खिस्त-पूर्व चार सौ से लेकर खिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—खिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. C. to 500 A. D.); (३) शेष युग—खिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D. to 1000 A. D.)।

---

१. "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।
(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)

(क) त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषाएँ।
(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषाएँ।
(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषाएँ।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि, (२) पैशाची, (३) चूलिकापैशाची, (४) अर्धमागधी, (५) जैन महाराष्ट्री, (६) अशोकलिपि, (७) शौरसेनी, (८) मागधी, (९) महाराष्ट्री, (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि

निर्देश ओर व्युत्पत्ति

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है[1]। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी'[2]। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है[3]। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों की तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त

---

१ "पङ्क्ति = पंक्ति = पंति = पण्टि = पंटि = पंलि = पल्लि = पालि; अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

२ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ९९६)।

३ देखो, विपाकश्रुत (पत्र ३८, ३९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा की तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा[1] को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता ।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक साहश्य देखा जाता है । इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है ।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद हैं। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश हैं। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई साहश्य नहीं है। डॉ. कोनो (Dr. Konw) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ साहश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है । डॉ. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोंकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो ।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालिभाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ साहश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है—

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला॰	धौलिशिला॰
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राणो	लजिने
कृतम्	कतं	कतं	कडे

इस विषय में डॉ॰ सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "बुद्धदेव[2] के समस्त उपदेश मागधी भाषासे बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही ख्रिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं ।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक साहश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है ।

संस्कृत	पालि	पैचाची	शौरसेनी	मागधी
*क[3] (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	० (लोअ)	० (लोअ)
*ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	० (णअ)	० (णअ)
*च (शची)	च (सची)	च (सची)	० (सई)	० (शई)
*ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
*त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)

१. "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम् ।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७) ।

२. The Origin and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

३. इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिए गए अक्षरों में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षरवाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है ।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
स्[1] (वृक्षः)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की समसामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषाएँ ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इसलिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

(२) पैशाची

निदर्शन

गुणाढ्य ने [2]बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा [3]काव्यानुशासन में, मोहराज-पराजय नामक नाटक में और दो-एक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती [4]रुद्रट, [5]केशव-मिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को [6]'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

विनियोग

[7]वाग्भट तथा [8]केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और [9]षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

---

१. पुंलिंग में प्रथमा के एक वचन का प्रत्यय।

२. आचार्य-उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रंथों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न-भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों की कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रंथों की रचना की गई है।

३. पृष्ठ २२६; २३३।

४. काव्यालंकार २, १२।

५. 'संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा' (अलङ्कार शेखर, पृष्ठ ५)।

६. 'संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्' (वाग्भटालङ्कार २, १)।

७. 'यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्' (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

८. 'पैशाचीं तु पिशाचाद्याः प्राहुः' (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)।

९. रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ।।३५।।' (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षड्भाषाचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे के श्लोकों को उद्धृत करते हैं :—

उत्पत्ति-स्थान

'पाण्ड्यकेकयवाह्लीकसह्यनेपालकुन्तलाः।
सुधेष्णभोजगान्धारहैवकन्नोजनास्तथा।
एते पिशाचदेशाः स्युः'

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

'काञ्चीदेशीयपाण्ड्ये च पाञ्चालं गौड-मागधम्।
व्राचडं दाक्षिणात्यं च शौरसेनं च कैकयम्॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः।

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है; परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके सिद्धान्त रूप से इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है; यथा—'कैकयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्यः'।

लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश एक दूसरे से अतिदूरवर्ती प्रान्तों में अवस्थित हैं। इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं? यदि पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न-भिन्न प्रदेशों में रहनेवाली किसी जाति-विशेष की भाषा हो तो इसका संभव इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल में किसी एक देश-विशेष में रहनेवाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति बाद में भिन्न-भिन्न देशों में फैलती हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो। मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर संनिहित प्रदेशों की भाषा है, इससे खूब ही संभव है कि यह पहले केकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसी के समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गई हो। मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इसका मतलब भी यही हो सकता है। सर ग्रियर्सन के मत में पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है और बाद में वहाँ से ही संभवतः इसका अन्य देशों में विस्तार हुआ है। किन्तु डॉ॰ हॉर्नील का इस विषय में और ही मत है। उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग आर्य-जाति की भाषा का जिस विकृत रूप में उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा न तो किसी देश-विशेष की भाषा है और न वह वास्तव में भिन्न भाषा ही है। हमें सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक प्रतीत होता है जो मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश में मिलता-जुलता है।

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है[२]। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके जो केरी (केलिः) और मंदिलं (मन्दिरम्) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का कैकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती हैं। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो[३] लक्षण दिए हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का

प्रकृति

---

१. वर्तमान मदुरा और कन्याकुमारी के आसपास के प्रदेश का नाम पाण्ड्य, पञ्चनद प्रदेश का नाम केकय, अफगानिस्थान के वर्तमान वाल्खनगरवाले प्रदेश का नाम वाह्लीक, दक्षिण भारत के पश्चिम उपकूल का नाम सह्य, नर्मदा के उत्पत्ति-स्थान के निकटवर्ती देश का नाम कुन्तल, वर्तमान काबूल और पेशावरवाले प्रदेश का नाम गान्धार, हिमालय के निम्न-वर्ती पार्वत्य प्रदेश-विशेष का नाम हैव और दक्षिण महाराष्ट्र के पार्वत्य अञ्चल का नाम कन्नोजन है।

२. "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

३. "सस्य शः", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् यः" "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छं", "स्याविकृतेः ष्टस्य स्तः", "तत्थयोः श ऊर्ध्वं स्यात्", "अतः सोरो (?रे) त्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाए हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शोरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभाँति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

प्रथम युग का पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

समय।

पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस-जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

लक्षण

वर्ण-भेद

१. ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—प्रज्ञा = पञ्ञा; ज्ञान = ञ्ञान; कन्यका = कञ्ञका; अभिमन्यु = अभिमञ्ञु; पुण्य = पुञ्ञ।

२. ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण = गुन; कनक = कनक।

३. त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती = भगवती; शत = सत; मदन = मतन; देव=तेव।

४. लकार ळ में बदलता है; यथा—सील=सीळ; कुल = कुळ।

५. टु की जगह टु और तु होता है; जैसे—कुटुम्बक, कुटुम्बक, कुतुम्बक।

६. महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंकवाले जो नियम बतलाए गए हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक = लोक; शाखा = साखा; भट = भट; मठ = मठ; गरुड = गरुड; प्रतिभास = पतिभास; कनक = कनक; शपथ = सपथ; रेफ = रेफ; शबल = सबळ; यशस् = यस; करणीय = करणीय; अंगार = इंगार; दाह = दाह।

७. यादृश आदि शब्दों का दृ परिणत होता है ति में; यथा—यादृश = यातिस; सदृश = सतिस।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात

१. शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।

२. भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति = हुवेय्य।

३. भाव और कर्म में ईअ तथा इज के स्थान में इय्य होता है; यथा—पठ्यते = पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा = पठितून; गत्वा = गन्तून; नष्ट्वा = नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा = तत्थून, तद्धून।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) चूलिकापैशाची

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीरमदमर्दन नामक नाटक में और दो-एक छोटे-छोटे षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

निदर्शन

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरह प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिए हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किए हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः (काण्ड २,१९९) इस वचन की "संस्कृत-प्राकृत-मागधी-शौरसेनी-पैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः' यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं० लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिए हैं वे नीचे उद्धृत किए जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव

लक्षण

१. वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है[१]; यथा—नगर = नकर, व्याघ्र = वक्ख, राजा = राचा, निर्भर = निच्छर, तडाग = तटाक, ढक्का = ठक्का, मदन = मतन, मधुर = मथुर, बालक = पालक, भगवती = फकवती।

२. र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है; यथा—रुद्र = लुद्द, रुद्द।

(४) अर्धमागधी

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे[२]। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्री सुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी[३]। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गए थे, परन्तु शिष्य परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गए हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड़) में श्री देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किए। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनियों ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान् महावीर के समय की अर्ध-

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी

---

१. अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

२. "भगवं च एं अद्धमाहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए एं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रएणो भिंभिसारपुत्तस्स'.....'अद्धमागहाए भासाए भासइ।.......'सा वि य एं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

३. "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिये ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे[1] और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ-साथ अवश्य होनेवाले परिवर्तन का प्रभाव कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस-उस समय के लोंगो को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान् महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षो[2] का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गए थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस-जिस साधु को जिस-जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो-जो अंश जिस-जिस आकार में याद रह गया था, उस-उस से उस-उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस-उस अंश को उस-उस रूप में प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया[3]। इस घटना से जैसे अङ्गग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में दूरवर्ती महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गए थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योकि उसके विना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमें से कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किए गए थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गए थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न-भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनियों से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनियों के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों को भिन्न-भिन्न भाषाओं का,

---

१. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि द्वारा उत्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)।

२. देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1898 में डॉ. हॉर्नलि का लेख।

३. "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ॥५५॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि॥५६॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे॥५७॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन्॥५८॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम्॥५९॥
(स्थविरावलीचरितं, सर्ग ९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न-भिन्न अंशों में और कहीं-कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न-भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर खिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथ-चूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानियय वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैकड़ों की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेय सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ़ किया गया था।

यहाँ पर प्रसंग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि [1]समवायांग सूत्र में निर्दिष्ट अंग-ग्रन्थ-सम्बन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं-कहीं जो थोड़ा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के [2]उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की [3]घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त सम्मेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं

[4]समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, [5]स्थानाङ्गसूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और सम्भवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से [6]आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषियों की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न-भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देनेवालों से सम्बन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्ध-मागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण

---

१. समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

२. "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १६)।

३. देखो, स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

४. देखो, पृष्ठ १६ में दिया हुआ समवायाङ्गसूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।
"देवा एं भंते ! कयराए भासाए भासंति ? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति ? गोयमा ! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य णं अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।
"से किं तं भासारिया ? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति' (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।
मगहद्धविसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं, अट्ठारसदेसीभासाणियय वा अद्धमागहं" (निशीथचूर्णि)।
"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।
"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" (वाग्भटकाव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

५. "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३६४)।
'सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

६. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।
"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश द्वारा काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बताए हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्[1] (हे० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "[2]यदपि "[3]पोराणमद्धमागह-भासानिययं हवइ सुत्तं[4]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रास्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को [7]प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं, क्योंकि डॉ. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो-चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

---

१. मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहां पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला० पु० फं० पत्र ६२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है :—

"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५. Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६. Grammatik der Prākrit-Sprachen, 16-17.

७. जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ में ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की 'जैन-सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत-व्याकरण' मौजूद है; जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक[1] व्याख्या से और जगह-जगह[2] किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न-भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नही है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर आर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकर्रर किया हुआ समझ बैठे हैं[3]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा – लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रंथों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[4]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेषं महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में 'पाइआहि भासाहिं' (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्दलगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

---

१. 'आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७९; १, ११८; १, ११९; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. 'ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।' (प्राकृत-व्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पणी)।

४. 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः' (काव्यादर्श १, ३४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोक-भाषा के ही अर्थ में ही किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि ख्रिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर-प्रकरण को अनुयोगद्वार-सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है :—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता ॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत हैं जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामन्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परुसो सक्कअ-बंधों पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः' (काव्यालङ्कार-टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है।[१] इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है।[२] इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"[३]शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है, जिसमें अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"[४]महाराष्ट्रीमिश्रार्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न-भिन्न है[५]। संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न-भिन्न लक्षण किए हैं।

(नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है)

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है।[६] डॉ. हॉर्नलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिए हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिए हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

(महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है)

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

२. "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)। मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"राक्षसी-श्रेष्ठिचेटानुकम्यादिरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

३. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १०३)।

४. संक्षिप्तसार (पृष्ठ ३८)।

५. देखो, भास-रचित कहे जाते 'चारुदत्त' और 'स्वप्नवासदत्त' में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के 'मृच्छकटिक' में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

६. "It thus seems t[o] me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Poran[a]) [f]orm of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prākrit[a] [L]akshana of Chanda, Page XIX).

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना। वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात ख्रिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है :—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

अर्धमागधी शब्द की संगत-व्युत्पत्ति

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश (अयोध्या) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश (शूरसेन) और मगध के मध्यवर्ती देश (अयोध्या) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक-ठीक नहीं बताया है। यह सम्भव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के सम्मेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में (ख्रिस्त-पूर्व ३१०) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ-कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय ख्रिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में (Introduction, page 18) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल ख्रिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः ख्रिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डॉ. ल्युडर्स ने प्रकाशित किए हैं उनका समय ख्रिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं। और डॉ. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों (ख्रिस्तीय सन् ८३ से १७६) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल ख्रिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा ख्रिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डॉ. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस सम्मेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं।

उत्पत्ति-समय

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान-प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य-मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्ध मागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

लक्षण

वर्ण-भेद

१. दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में प्रायः सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है; जैसे—

ग—प्रकल्प = पगप्प; आकर = आगर; आकाश = आगास; प्रकार = पगार; श्रावक = सावग; विवर्जक = विवज्जग; निषेवक = णिसेवग; लोक = लोग; आकृति = आगइ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त—आराधक = आराहत (ठाणंगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक = सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक = विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक = अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक = साउणित (ठा ३६३), नैषधिक = णेसजित (ठा० ३६७), वीरासनिक = वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि = वड्डति (ठा० ३६८), नैरयिक = नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक = सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात् = नरतातो (ठा० ४५८), माडम्बिक = माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक = कौडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण = सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक = कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात् = अंतितातो (विपा० ७), राहसिकेन = रहस्सितेणं (विपा ४; १८) इत्यादि।

य—कायिक = काइय, लोक = लोय वगैरह।

२. दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं-कहीं इसका त और य होता है; जैसे—आगम = आगम, आगमन = आगमण, आनुगामिक = आणुगामिय, आगमिष्यत् = आगमिस्स, जागर = जागर, अगारिन् = अगारि, भगवन् = भगवं; अतिग = अतित (ठा० ३६७); सागर = सायर।

३. दो स्वरों के बीच के असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच = णारात (ठा० ३५७), वचस् = वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन = पावतण (ठा० ४५१), कदाचित् = कयाती (विपा० १७; ३०); वाचना = वायणा, उपचार = उवयार; लोच = लोय, आचार्य = आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन् = भोति (सूत्र० २, ६, १०), वज्र = वतिर (ठा० ३५७), पूजा = पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर = रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः = अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात = पयाय, कामध्वजा = कामज्झया, आत्मज = अत्तय।

४. दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः कायम रहता है कहीं-कहीं इसका य होता है; यथा—वन्दते = वंदति, नमस्यति = नमंसति, पर्युपास्ते = पज्जुवासति (सूत्र २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय = जितिंदिय (सूत्र २, ६, ५), सतत = सतत (सूत्र १, १, ४, १२), भवति = भवति (ठा०—पत्र ३१७), अंतरित = अंतरित (ठा० ३४६), धैवत = धेवत (ठा० ३६३), जाति = जाति, आकृति = आगिति, विहरति = विहरति (विपा—४), पुरतः = पुरतो, करोति = करेति (विपा० ६), ततः = तते (विपा० ६; ७; ८), संदिसतु = संदिसतु, संलपति = संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति = पभिति (विपा० १५; १६), करतल = करयल।

५. स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं-कहीं य भी होता है, जैसे—

द—प्रदिशः = पदिसो (आचा), भेद = भेद, अनादिकं = अणादियं (सूत्र २, ७), वदत् = वदमाण, नदति = णदति, जनपद = जणवद, वेदिष्यति = वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१, ३६३, ४५८, ४५६) इत्यादि।

त—यदा = जता, पाद = पात, निषाद = निसात, नदी = नती, मृषावाद = मुसावात, वादिक = वातित, अन्यदा = अन्नता, कदाचित् = कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५८, ४५६); यदि = जति, चिरादिक = चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।

य—प्रतिच्छादन = पडिच्छायण, चतुष्पद = चउप्पय वगैरह।

६. दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान में प्रायः सर्वत्र व ही होता है; यथा—पापक = पावग, संलपति = संलवति, सोपचार = सोवयार, अतिपात = अतिवात, उपनीत = उवणीय, अध्युपपन्न = अज्झोववण्ण, उपगूढ = उवगूढ़, आधिपत्य = आहेवच्च, तपक = तवय, व्यपरोपित = ववरोवित इत्यादि।

७. स्वरों के मध्यवर्ती य प्राएः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—

य—वायव = वायव, प्रिय = पिय, निरय = निरय, इन्द्रिय = इन्दिय, गायति = गायइ प्रभृति।

त—स्यात् = सिता, सामायिक = सामातित, कायिक = कातित, पालयिष्यन्ति = पालतिस्संति, पर्याय = परिताल, नायक = णातग, गायति = गातति, स्थायिन् = ठाति, शायिन् = साति, नैरयिक = नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२३, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६८, ३६६), इन्द्रिय = इन्दित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८. दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त, और य होता है; यथा—

व—वायव = वायव, गौरव = गारव, भवति = भवति, अनुविचिन्त्य = अणुवीति (सूत्र १, १, ३, १३) इत्यादि।

त—परिवार = परिताल, कवि = कति (ठा० पच क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।

य—परिवर्तन = परियट्टण, परिवर्तना = परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरह।

९. महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्र ाश आदि प्राकृत-व्या रणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और क ेरमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक-ठीक देखने में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तरफ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है; किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः = लोओ, रोचित = रोइत, भोजिन् = भोइ, आतुर = आउर, आदेशि = आएसि, कायिक = काइय, आवेश = आएस वगैरह।

१०. शब्द के आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है; जैसे—नदी = नई, ज्ञातपुत्र = नायपुत्त, आरनाल = आरनाल, अनल = अनल, अनिल = अनिल, प्रज्ञा = पन्ना, अन्योन्य = अन्नमन्न, विज्ञ = विन्नु, सर्वज्ञ = सव्वन्नु इत्यादि।

११. एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है; यथा—यामेव = जामेव, तामेव = तामेव, क्षिप्रमेव = खिप्पामेव, एवमेव = एवामेव, पूर्वमेव = पुव्वामेव इत्यादि।

१२. दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है; जैसे—इन्द्रमह इति वा = इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३. यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं; जैसे—यथाख्यात = अहक्खाय, यथाजात = अहाजात, यथानामक = जहाणामए, यावत्कथा = आवकहा, यावजीव = जावजीव।

वर्णागम

१. गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है; यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाइं, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री के पद्य में पादपूर्त्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

शब्द-भेद

१. अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववण्ण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म, कण्हुइ, केमहालय, दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२. ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
अभियागम	अब्भाअम	तच्च (तथ्य)	तच्छ
आउंटण	आउंचण	तेगिच्छा	चिइच्छा
आहरण	उआहरण	दुवालसंग	बारसंग
उप्पि	उवरिं, अवरिं	दोच्च	दुइअ
किया	किरिआ	नितिय	णिच्च
कीस, केस	केरिस	निएय	णिअअ
केवच्चिर	किअच्चिर	पडुप्पन्न	पच्चुप्पण्ण
गेहि	गिद्धि	पच्छेकम्म	पच्छाकम्म
चियत्त	चइअ	पाय (पात्र)	पत्त
छव	छक्क	पुढो (पृथक्)	पुहं, पिहं
जाया	जत्ता	पुरेकम्म	पुराकम्म
णगण, णिगिण (नग्न)	णग्ग	पुव्वि	पुव्वं
णिगिणिण (नाग्न्य)	णग्गत्तण	माय (मात्र)	मत्त, मेत्त
तच्च (तृतीय)	तइअ	माहण	बम्हण

६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्धमागधी	महाराष्ट्री	अर्धमागधी	महाराष्ट्री
मिलक्खु, मेच्छ	मिलिच्छ	सोआण, सुसाण	मसाण
वग्गू	वाआ	सुमिण	सिमिण
वाहणा (उपानह्)	उवाणआ	सुहम, सुहुम	सण्ह
सहेज्ज	सहाअ	सोहि	सुद्धि

और, दुवालस, बारस, तेरस, अउणवीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस, पणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बावत्तरि, पणणत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

नाम-विभक्ति

१. अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री में ओ ही होता है।
२. सप्तमी का एक वचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।
३. चतुर्थी के एक वचन में आए या आते होता है; जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, असुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि महाराष्ट्री में यह नहीं है।
४. अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है; यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।
५. कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एक वचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।
६. अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन में तेब्भो रूप भी देखा जाता है।
७. युष्मत् शब्द की षष्ठी का एकवचन संस्कृत की तरह तव और अस्मत् की षष्ठी का बहुवचन अस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है जो महाराष्ट्री में नहीं है।

आख्यात-विभक्ति

१. अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यय है; जैसे—पुच्छिंसु, गच्छिंसु, आभासिंसु इत्यादि। महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

धातु-रूप

१. अर्धमागधी में आइक्खइ, कुव्वइ, भुविं, होक्खती, बूया, अब्बवी, होत्था, हुत्था, पहारेत्था, आघं, दुरूहइ, विगिंचए, तिवायए, अकासी, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घेच्छिइ, समुच्छिहिति, आहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

धातु-प्रत्यय

१. अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—
   (क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, अवहट्टु इत्यादि।
   (ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताणं, करेत्ताणं इत्यादि।
   (ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।
   (घ) चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरह।
   (ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।
   (च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, अणुवीति, लद्धुं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।
२. तुम् प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है; जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजित्तए, उवसामित्तते (विपा० १३), विहरित्तए आदि।
३. ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है; जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तद्धित

१. तर प्रत्यय का तराय रूप होता है; यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।

२. आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पच्चत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों में मतुप्, और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं, जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

---

(५) जैन महाराष्ट्री

नाम-निर्देश और साहित्य

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनियों के चरित्र, कथाएँ, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम देकर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

समय

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती हैं। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान हैं। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप हैं। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता हैं कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित होकर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई हैं।

लक्षण

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गए हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१. क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।
२. लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य्।
३. शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न।
४. यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।
५. समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।
६. पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पण्णए, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइज्झय आदि की तरह प्रयोग।
७. तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।
८. आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।
९. सोच्चा, किच्चा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।
१०. कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) अशोक-लिपि

सम्राट् अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख[१] प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में हैं जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

संस्कृत	कपर्दगिरि (पंजाब)	धौलि (उड़ीसा)	गिरनार (गुजरात)
देवानांप्रियस्य	देवानंप्रियस	देवानंपियस	देवानंपियस
राज्ञः	रञो	लजिने	रानो, रञो
वृक्षाः	—	लुखनि	वच्छा
शुश्रूषा	सुश्रुषा	सुसूसा	सुसुसा
नास्ति	नस्ति, नास्ति	नथि, नथि, नथा	नास्ति

इन शिलालेखों का समय खिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान् महावीर की एवं सम्भवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है।[२]

---

(७) सौरसेनी

निदर्शन

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं, जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के अलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

विनियोग

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख हैं, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा का प्रयोग बताया है।[३]

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है[४], परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

जैन सौरसेनी

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा श्वताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्द्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

---

१. हाल ही में डॉ० त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गुजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

२. See Dr. A. B. Keith's Sanskrt Drama, Page 87.

३. "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

४. "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति[1] सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है[2]। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी

प्रकृति

वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य होकर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की सम-सामयिक कही जा

समय

सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय सम्भवतः ख्रिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस-जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा

लक्षण

महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायँगे उनमें महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

वर्ण-भेद

१. स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है; यथा—रजत = रम्रद, गदा = गदा।
२. स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं; जैसे—नाथ = णाध, णाह।
३. र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है; यथा—आर्य = अय्य, अज्ज; सूर्य = सुय्य, सुज्ज।

नाम-विभक्ति

१. पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है; यथा—जिनात् = जिणादो, जिणादु।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है; जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।
२. भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है; यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

सन्धि

१. अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है; यथा—युक्तम् इदम् = जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत् = एवं णेदं, एवमेदं।

कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में इम्र, दूण और त्ता होते हैं; यथा—पठित्वा = पढिम्र, पढिदूण, पढित्ता।

---

१. पन्नवणासूत्र के "सोत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१)। इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(? ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतलाकर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धारनामक ग्रंथ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कहकर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—'शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः' (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

२. प्राकृतप्रकाश (१२, २)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(८) मागधी

निदर्शन

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया (Lauriya), सहसराम, बराबर (Barabar), रामगढ़, धौलि और जौगढ़ (Jaugadha) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्त-सार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिए गए हैं।

विनियोग

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहनेवाले, सुरंग खोदनेवाले, कलवार, अश्वपालक वगैरह पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है[1]। परन्तु मार्कण्डेय द्वारा अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने-अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

उत्पत्ति-स्थान

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। सम्भवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, सम्भव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

प्रकृति

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है[2]। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है[3]। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

समय

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषाएँ मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है[4], किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है[5]। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध,

---

१. "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम् । व्यसने नायकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी ॥" (नाट्यशास्त्र १७, ५६)।

२. "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

३. "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

४. "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः । शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

५. "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः ।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं

कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं[1]। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकतीं। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' को ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उनके वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है[2]। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम आदि जो इस भाषा के लक्षण दिए हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है।

ढक्की या टाक्की भाषा

इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है'[3] वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

लक्षण

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

वर्ण-भेद

१. र के स्थान में सर्वत्र ल होता है[4]; यथा—नर = णल; कर = कल।
२. श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन = शोहण, पुरुष = पुलिश; सारस = शालश।
३. संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क = शुस्क; कष्ट = कस्ट; स्खलति = स्खलदि; बृहस्पति = बुहस्पदि।
४. ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट = पस्ट; सुष्ठु = शुस्टु।
५. स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित = उवस्तिद; सार्थ = शस्त।
६. ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति = याणदि, दुर्जन = दुय्यण; मद्य = मय्य, अद्य = अय्य; याति = यादि, यम = यम।
७. न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य = अञ्ञ; पुण्य = पुञ्ञ; प्रज्ञा = पञ्ञा; अञ्जलि = अञ्ञलि।
८. अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ = गश्च, पिच्छिल = पिश्चिल।
९. क्ष की जगह स्क होता है[5]; जैसे—राक्षस = लस्कश, यक्ष = यस्क।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः = यिणे, पुरुषः = पुलिशे।
२. अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य = यिणस्स, यिणाह।
३. अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम् = यिणाण, यिणाहँ।
४. अस्मत् शब्द के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

१. "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

२. "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

३. "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

४. मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय 'ᳵक' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(९) महाराष्ट्री

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद के नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से लेकर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

निदर्शन

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न देकर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिए हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '[1]महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताए हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाए हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिए गए हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के [2]वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के [3]वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न-भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छी-नाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डॉ. हॉर्नलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

उत्पत्ति-स्थान

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्र को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आए हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं

प्रकृति

---

१. "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।
२. "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्यत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० सं० पृष्ठ २)।
३. देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन कालके महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में 'आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्' और 'आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्' यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत् काल के प्रत्यय के स्थान में ज और जा प्रभृति लक्षण बतलाए हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिए हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उनके दिए हुए होइ, सुव्वइ, लिज्जइ, भणिए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सादृश है। सुतरां, ये दोनों भाषाएँ महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती है। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिए जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

स्वर

१. अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि = सामिद्धि, ईषत् = ईसि, हर = हीर, ध्वनि = झुणि, शय्या = सेज्जा, पद्म = पोम्म; यथा = जह सदा = सइ, स्त्यान = थीण, सास्ना = सुण्हा, आसार = ऊसार, ग्राह्य = गेज्झ, आली = ओली; इति = इअ, पथिन् = पह, जिह्वा = जीहा, द्विवचन = दुवअण, पिण्ड = पेंड, द्विधाकृत = दोहाइअ; हरीतकी = हरडई, कश्मीर = कम्हार, पानीय = पाणिअ, जीर्ण = जुण्ण, हीन = हूण, पीयूष = पेऊस; मुकुल = मउल, भ्रुकुटि = भिउडि, क्षुत = छीअ, मुसल = मूसल, तुण्ड = तोंड; सूक्ष्म = सण्ह, उद्व्यूढ = उव्वीढ, वातूल = वाउल, नूपुर = णेउर, तूणीर = तोणीर; वेदना = विअणा, स्तेन = थूण; मनोहर = मणहर, गो = गउ, गाअ; सोच्छ्वास = सूसास।

२. महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।

३. ऋ के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर एवं रि होता है; यथा—तृण = तण, मृदुक = माउक्क, कृपा = किवा, मातृ = माइ, माउ; वृत्तान्त = वुत्तंत, मृषा = मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त = विंट, वेंट, वोंट; ऋतु = उउ, रिउ; ऋद्धि = रिद्धि, ऋक्ष = रिच्छ; सदृश = सरिस, दृप्त = दरिअ।

४. ऌ के स्थान में इलि होता है; जैसे—क्लृप्त = किलित्त, क्लृन्न = किलिण्ण।

५. ऐ का प्रयोग भी प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल = सेल, ऐरावण = एरावण, वैद्य = वेज्ज, वैधव्य = वेहव्व; सैन्य = सेण्ण, सइण्ण; कैलाश = केलास, कइलास; दैव = देव्व, दइव; ऐश्वर्य = अइसरिअ, दैन्य = दइण्ण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६. ओ का व्यवहार भी[1] प्रायः महाराष्ट्र में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी = कोमुई, यौवन = जोव्वण, दौवारिक = दुवारिअ, पौलोमी = पुलोमी; कौरव = कउरव, गौड = गउड, सौध = सउह।

असंयुक्त व्यञ्जन

१. स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक = लोअ, नग = णअ, शची = सई, रजत = रअअ, यती = जई, गदा = गआ, वियोग = विओअ, लावण्य = लाअण्ण।

२. स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है; यथा क्रमशः—शाखा = साहा, श्लाघते = लाहइ, नाथ = णाह, साधु = साहु, सभा = सहा।

३. स्वरों के बीच के ट का ड होता है; यथा—भट = भड, घट = घड।

४. स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है; जैसे—मठ = मढ, पठति = पढइ।

५. स्वरों के बीच के ड का ल प्रायः होता है; यथा—गरुड = गरुल, तडाग = तलाअ।

६. स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभासस = पडिहास, प्रभृति = पहुडि, व्यापृत = वावड, पताका = पडाआ।

७. न के स्थान में सर्वत्र ण होता है; यथा—कनक = कणअ, वचन = वअण, नर = णर, नदी = णई, अन्य = अण्ण, दैन्य = दइण्ण[2]।

८. दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व और कहीं-कहीं लोप होता है; यथा—शपथ = सवह, शाप = साव, उपसर्ग = उवसग्ग, रिपु = रिउ, कपि = कइ।

९. स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं-कहीं भ, कहीं-कहीं ह और कहीं-कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ = रेभ, शिफा = सिभा, मुक्ताफल = मुत्ताहल, सफल = सभल, सहल, शेफालिका = सेभालिआ, सेहालिआ।

१०. स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है; जैसे—अलाबू = अलावू, सबल = सवल।

११. आदि के य का ज होता है; यथा—यम = जम, यशस् = जस, याति = जाइ।

१२. कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज्ज होता है; जैसे—करणीय = करणिज्ज, पेय = पेज्ज।

१३. अनेक जगह र का ल होता है; यथा—हरिद्रा = हलिद्दा, दरिद्र = दलिद्द, युधिष्ठिर = जहुट्ठिल, अंगार = इंगाल।

१४. श और ष का सर्वत्र स होता है; यथा—शब्द = सद्द, विश्राम = वीसाम, पुरुष = पुरिस, सस्य = सास, शेष = सेस।

१५. अनेक जगह ह का घ होता है; यथा—दाह = दाघ, सिंह = सिंघ, संहार = संघार।

१६. कहीं-कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव = छाव, षष्ठ = छट्ठ, सुधा = छुहा।

१७. अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है; यथा—राजकुल = राउल, आगत = आअ, कालायस = कालास, हृदय = हिअ, पादपतन = पावडण, यावत् = जा, त्रयोदश = तेरह, स्थविर = थेर, बदर = बोर, कदल = केल, कर्णिकार = कण्णेर, चतुर्दश = चोद्दह, मयूख = मोह।

संयुक्त व्यञ्जन

१. क्ष के स्थान में प्रायः ख और कहीं-कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय = खय, लक्षण = लक्खण, अक्षि = अच्छि, क्षीण = छीण, झीण।

२. त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं-कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है; यथा—ज्ञात्वा = णच्चा, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३. ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य = पच्छ, पश्चात् = पच्छा, उत्साह = उच्छाह, अप्सरा = अच्छरा।

---

१. संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है; जैसे—कैतव = कैअव, कौरव = कौरव (हे० प्रा० १, १)।

२. वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के 'नो णः सर्वत्र' (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथा-सप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द के आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है; यथा—नदी = णई, नई; नर = णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४. द्य, य्य और र्य का ज होता है; यथा—मद्य = मज्ज, जय्य = जज्ज, कार्य = कज्ज।
५. ध्य और ह्य का झ होता है; यथा—ध्यान = झाण, साध्य = सज्झ, गुह्य = गुज्झ, सह्य = सज्झ।
६. र्त का प्रायः ट होता है; जैसे—नर्तकी = णट्टई, कैवर्त = केवट्ट।
७. ष्ट के स्थान में ठ होता है; यथा—मुष्टि = मुट्ठि, पुष्ट = पुट्ठ, काष्ठ = कट्ठ, इष्ट = इट्ठ।
८. म्न का ण होता है; यथा—निम्न = णिण्ण, प्रद्युम्न = पज्जुण्ण।
९. ज्ञ का ण और ज होता है; जैसे—ज्ञान = णाण, जाण; प्रज्ञा = पण्णा, पज्जा।
१०. स्त का थ होता है; जैसे—हस्त = हत्थ, स्तोत्र = थोत्त, स्तोक = थोव।
११. ड्म और क्म का प होता है; यथा—कुड्मल = कुंपल, रुक्मिणी = रुप्पिणी।
१२. ष्प और स्प का फ होता है; यथा—पुष्प = पुप्फ, स्पन्दन = फंदण।
१३. ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा = जिब्भा, विह्वल = विब्भल।
१४. न्म और ग्म का म होता है; जैसे—जन्मन् = जम्म, मन्मथ = मम्मह, युग्म = जुग्म, तिग्म = तिम्म।
१५. श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है; यथा—काश्मीर = कम्हार, ग्रीष्म = गिम्ह, विस्मय = विम्हअ, ब्राह्मण = बम्हण।
१६. श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है; यथा—प्रश्न = पण्ह, उष्ण = उण्ह, स्नान = ण्हाण, वह्नि = वण्हि, पूर्वाह्ण = पुव्वण्ह, तीक्ष्ण = तिण्ह।
१७. ह्ल का ल्ह होता है; यथा—प्रह्लाद = पल्हाअ, कह्लार = कल्हार।
१८. संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त = भुत्त, मुग्ध = मुद्ध, षट्पद = छप्पअ, खड्ग = खग्ग, उत्पल = उप्पल, मुद्गर = मुग्गर, सुप्त = सुत्त, निश्चल = णिच्चल, निष्ठुर = णिट्ठुर, स्खलित = खलिअ।
१९. संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है; यथा—स्मर = सर, लग्न = लग्ग, व्याध = वाह।
२०. संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है; यथा—उल्का = उक्का, विक्लव = विक्कव, शब्द = सद्द, पक्व = पक्क, अर्क = अक्क, चक्र = चक्क।
२१. संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो-जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो-जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द के आदि में न हो तो, द्वित्व होता है; जैसे—ज्ञात्वा = णच्चा, मद्य = मज्ज, भुक्त = भुत्त, उल्का = उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न होकर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण = लक्खण, पश्चात् = पच्छा, इष्ट = इट्ठ, मुग्ध = मुद्ध।

विश्लेषण

१. र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम होकर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है; यथा—अर्हत् = अरह, अरिह, अरुह; आदर्श = आयरिस, हर्ष = हरिस; क्लिष्ट = किलिट्ठ।

व्यत्यय

१. अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है; यथा—करेणू = कणेरू, आलान = आणाल, महाराष्ट्र = मरहट्ठ, हरिताल = हलिआर, लघुक = हलुअ, ललाट = णडाल, गुह्य = गुय्ह, सह्य = सय्ह।

सन्धि

१. समास में कहीं-कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि = अन्तावेइ, पतिगृह = पइहर, यमुनातट = जँउणअड, नदीस्रोत = णइसोत्त।
२. स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है; जैसे—त्रिदशेश = तिअसीस।
३. संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है; जैसे—आस्य = अस्स, मुनीन्द्र = मुणिंद, चूर्ण = चुण्ण, नरेन्द्र = णरिंद, म्लेच्छ = मिलिच्छ, नीलोत्पल = णीलुप्पल।

सन्धि-निषेध

१. उद्वृत्त (व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्रायः सन्धि नहीं होती है; यथा—निशाकर = णिसाअर, रजनीकर = रअणीअर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२. एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है; जैसे—पाद = पाअ, गति = गइ, नगर = णअर।
३. इ, ई, और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है; यथा—वग्गेवि अवयासो, दणुइंदो।
४. ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है; यथा—फले आवंधो, आलक्खिमो एण्हि।
५. आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है; जैसे—होइ इह।

नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है; जैसे—जिनः = जिणो, वृक्षः = वच्छो।
२. पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है; जैसे—जिनात् = जिणात्तो, जिणाओ जिणाउ, जिणाहि, जिणा।
३. पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।
४. पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंतो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हिंवो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात् = जिणा हिंतो; जिनेभ्यः = जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।
५. षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।
६. अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।
७. अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।
८. अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।
९. युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

लिङ्ग-व्यत्यय

१. संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग है, उनमें से कईएक महाराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग भी है, यथा—प्रश्नः = पण्हो, पण्हा; गुणाः = गुणा, गुणाइं; देवा = देवा, देवाणि।
२. अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिग होता है, यथा—शरत् = सरओ, प्रावृट् = पाउसो, विद्युता = विज्जुणा।
३. संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है; यथा—यशः = जसो, जन्म = जम्मो, अक्षि = अच्छी, पृष्ठम् = पिट्ठी, चौर्यम् = चोरिआ।

आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति = हसइ, हसए; रमते = रमइ, रमए।
२. परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।
३. भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।
४. भविष्यत्-काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं है।
५. भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है; यथा—हसिष्यति = हसिहिइ, करिष्यति, = करिहिइ।
६. वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हससि, हसिष्यति, हसेत्, हसतु = हसेज्ज, हसेज्जा।
७. भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते = हसीअइ, हसिज्जइ।

कृदन्त

१. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ = गमिर, नमनशील = णमिर।
२. त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा = पढिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

तद्धित

१. त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व = देवत्त, देवत्तण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(१०) अपभ्रंश

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं।

'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ

यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन[1] जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और चंड[2] तथा आचार्य[3] हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने-अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग-अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही हैं और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत भिन्न सभी भाषाएँ अपभ्रंश कही गई हैं'[4]। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषाएँ अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जाकर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

निदर्शन

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत) भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित्र, करकंडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलासवईकहा, सणंकुमारचरिअ, सुपासनाहचरिअ, कुमारपालचरित, कुमारपाल-प्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्यग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरह व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

प्रकृति और समय

डॉ. हॉर्नलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषाएँ अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषाएँ भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ॰ हॉर्नलि के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषाएँ ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि ख्रिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश भाषाएँ प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाएँ थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बंगला, गुजराती वगैरह आधुनिक

---

१. "खीरीणियाओ गावीओ", "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीओ" (विपा १, २ – पत्र २६)।
"गोणीणं संगेल्लं" (व्यवहारसूत्र, उ० ४)।

२. "गोर्गावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ३. "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

४. "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आर्य कथ्य भाषाएँ हैं। इनका उत्पत्ति-समय ख्रिस्त की नववीं या दसवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषाएँ ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषाएँ हैं, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद

अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गए हैं।

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः॥
गौडोढ्रहैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिंगयप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः[1]॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किए हैं[2]। वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग्-पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[3]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न-भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न-भिन्न प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ हैं तब वे अपभ्रंश भाषाएँ भी भिन्न-भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही करण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर-अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने

उत्पत्ति-स्थान

अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है:—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२)।

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

ख्रिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति

रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न-भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Moderu Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है:—

---

१. वंगीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

२. "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिंगी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रत(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफ व्यत्येन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

३. 'नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशा; परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशा-नामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएँ अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और मालदीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
व्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण — नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं :—

वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य = कच्च, काच्च; वचन = वेण, वीण; बाहु = बाह, बाहा; बाहु; पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण = तण, तिण, तृण; सुकृत = सुकिद, सुकृद; लेखा = लिह, लोह, लेह।

२. स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर; सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।

३. अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है; यथा—कमल = कवँल, कमल; भ्रमर = भवँर, भमर।

४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय = पिय, प्रिय; चन्द्र = चन्द, चन्द्र।

५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है; जैसे—व्यास = व्रास, वास; व्याकरण = व्रागरण, वागरण।

६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं; यथा— ग्रीष्म = गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म = सिम्भ, सिम्ह।

नाम-विभक्ति

१. विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है; यथा—श्यामलः = सामलः, खड्गाः = खग्ग; दृष्टि = दिट्ठि; पुत्री = पुत्ति।

२. साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	उ, हो	०
द्वितीया	,,	०
तृतीया	एं	हिं
चतुर्थी	सु, हो, स्सु	हं, ०
पञ्चमी	हे, हु	हुं
षष्ठी	सु, हो, स्सु	हं, ०
सप्तमी	इ, हि	हिं

आख्यात-विभक्ति

१.

	एकवचन	बहुवचन
१ पु०	उं	हुं
२ पु०	हि	हु
३ पु०	इ, ए	हिं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२. मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।
३. भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है; यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है; यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२. त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु, होते हैं; यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
३. तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं; यथा—कर्तुम् = करेवं, करण, करणहं करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है; जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१. त्व और ता के स्थान में प्पण होता है; यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्त्व = वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन-माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसोकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन

प्राकृत पर संस्कृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य-सूत्र-नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगा-कर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित-प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत-मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र-प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भाषा' ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा

डॉ. बर्नफ और डॉ. राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप में और बाद के पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होने के कारण इन दोनों के (संस्कृत और पालि के) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर ख्रिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे॥ १॥'
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणाः, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः॥ १॥" (पृष्ठ २०४, २०६)।

बुद्धदेव और उसके सारथी की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थं अपविद्ध वनेव दारु॥
कुलधर्मं एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्तं नहि अन्यगतिर्जनस्य॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य॥"

संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने (देशी शब्दों ने) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक (वक्र), वहू (वधू), मेह (मेघ), पुराण (पुरातन), तितउ (चालनी); उच्छेक (उत्सेक), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ (चालनी), आवुत्त (भगिनीपति), खुर (क्षुर), गोखुर (गोक्षुर), गुग्गुलु (गुल्गुलु), छुरिका (क्षुरिका), अच्छ (ऋक्ष), कच्छ (कक्ष), पियाल (प्रियाल), गल्ल (गण्ड), चन्दिर (चन्द्र), इन्दिर (इन्द्र), शिथिल (श्लथ), मरन्द (मकरन्द), किसल (किसलय), हाला (सुराविशेष), हेवाक (व्यसन), दाढा (दंष्ट्रा), खिडक्किका (लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज (जरायुज), पुराण (पुरातन) वगैरह शब्द प्राकृत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष (मार्ष), जहिष्यसि (हास्यसि), ब्रूमि (ब्रवोमि), निकृन्तन (निकर्तन), लटभ (सुन्दर), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस-उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे ?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतना ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न-भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी-नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कभी भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन-सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं ? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किए जाते हैं:—

[1]"अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ?।। (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती?

'[2]उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो।।' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

'[3]णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि।।' (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आजतक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

'[4]हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ।।' (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढ़ने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

'[5]परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं।।' (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है।

---

१. अमृतं प्राकृतं काव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्यतत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ?।।
२. उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः।।
३. नवामार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते।।
४. हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति।।
५. परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतगिरः ।
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम् ।' (राजशेखर का बालरामायण १, ११) ।

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

'[1]सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया ।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ॥
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहि विरइयं रम्मं ।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हिययं सुहावेइ ?॥ (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य) ।

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढ़ार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता?

'[2]उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण ।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ॥'
(वज्जालग्ग (?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता०, पृष्ठ ७६ में उद्धृत) ।

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड़ तड़ तट्ट' आवाज करता है—श्रुतिकटु लगता है।

"[3]पाइअ-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं ।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्ति न वच्चामो ॥
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे ।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ॥" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, बासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतियों को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजूद है तब संस्कृत पढ़ने को कौन जाता है?

---

१. संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः । सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ॥
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम् । प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ॥

२. उज्झयतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन । वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ॥

३. प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः । उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ॥
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृंगारे । सति प्राकृतकाव्ये कः ष्वष्कते संस्कृतं पठितुम् ? ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस कोष में स्वीकृत पद्धति

१. प्रथम काले टाइपों में क्रम से प्राकृत शब्द, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के लिङ्ग आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२. शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है :—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में[1] व्याकरण की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

३. प्राकृत शब्द का प्रयोग विशेष रूप से आर्ष (अर्धमागधी) और महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में और सामान्य रूप से आर्ष से लेकर अपभ्रंश भाषा तक के अर्थ में किया जाता है। प्रस्तुत कोष के 'प्राकृत-शब्द-महार्णव' नाम में प्राकृत-शब्द सामान्य अर्थ में ही गृहीत है। इससे यहाँ[2] आर्ष, महाराष्ट्री, शौरसेनी, अशोक-शिलालिपि, देश्य, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची तथा अपभ्रंश भाषाओं के शब्दों का संग्रह किया गया है। परन्तु प्राचीनता और साहित्य की दृष्टि से इन सब भाषाओं में आर्ष और महाराष्ट्री का स्थान ऊँचा है। इससे इन दोनों के शब्द यहाँ पूर्ण रूप से लिए गये हैं और शौरसेनी आदि भाषाओं के प्रायः उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो या तो प्राकृत (आर्ष और महाराष्ट्री) से विशेष भेद रखते हैं अथवा जिनका प्राकृत रूप नहीं पाया गया है, जैसे—'य्येव', 'विधुव', 'संपाद-इत्तअ', 'संभावीअदि' वगैरह। इस भेद की पहिचान के लिए प्राकृत से इतर भाषा के शब्दों और आख्यात-कृदन्त के रूपों के आगे सादे टाइपों में कोष्ठ में उस उस भाषा का संक्षिप्त नाम-निर्देश कर दिया गया है, जैसे[3] '(शौ)', '(मा)' इत्यादि। परन्तु सौरसेनी आदि में भी जो शब्द या रूप प्राकृत के ही समान है वहाँ ये भेद-दर्शक चिह्न नहीं दिए गए हैं।

(क) आर्ष और महाराष्ट्री से सौरसेनी आदि भाषाओं के जिन शब्दों में सामान्य (सर्व-शब्द-साधारण) भेद है उनको इस कोष में स्थान देकर पुनरावृत्ति-द्वारा ग्रन्थ के कलेवर को विशेष बढ़ाना इसलिए उचित नहीं समझा गया है कि वह सामान्य भेद प्राकृत-भाषाओं के साधारण अभ्यासी से भी अज्ञात नहीं है और वह उपोद्घात में भी उस उस भाषा के लक्षण-प्रसङ्ग में दिखा दिया गया है जिससे वह सहज ही ख्याल में आ सकता है।

(ख) आर्ष और महाराष्ट्री में भी परस्पर उल्लेखनीय भेद है। तिस पर भी यहाँ उनका भेद-निर्देश न करने का एक कारण तो यह है कि इन दोनों में इतर भाषाओं से अपेक्षा-कृत समानता अधिक है; दूसरा, प्रकृति की अपेक्षा प्रत्ययों में ही विशेष भेद हैं जो व्याकरण से सम्बन्ध रखता है, कोष से नहीं; तीसरा, जैन ग्रंथकारों ने महाराष्ट्री-ग्रंथों में भी आर्ष प्राकृत के शब्दों का अविकल रूप में अधिक व्यवहार कर उनको महाराष्ट्री का रूप दे दिया है[4]।

४. प्राकृत में यश्रुतिवाला[5] नियम खूब ही अव्यवस्थित है। प्राकृत-प्रकाश, सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और प्राकृतपिंगल आदि में इस नियम का एकदम अभाव है जबकि आर्ष, जैन महाराष्ट्री तथा गउडवहो-प्रभृति ग्रन्थों में इस नियम का हद से ज्यादा आदर देखा जाता है; यहाँ तक कि एक ही शब्द में कहीं तो यश्रुति है और कहीं नहीं, जैसे 'पअ' और 'पय', 'लोअ' और 'लोय'। इस कोष में ऐसे शब्दों की पुनरावृत्ति न कर कोई भी (यश्रुतिवाले 'य', से रहित या सहित) एक ही शब्द लिया गया है। इससे क्रम तथा इतर समान शब्द की

---

१. देखो प्राकृतप्रकाश, सूत्र ४, १४; १७; हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण, सूत्र १, २५; और प्राकृतसर्वस्व, सूत्र, ४, २३ आदि।

अत्थ देखो अट्ठ = अर्थ (कुमा; उप ७२८; ८८४ टी; जी १; प्रासू ६५; गउड); 'अरोइ-अत्थे कहिए विलावो' (गोय ७); 'अत्थसद्दो फलत्थोयं' (विसे १०३६; १२४३)। °जोणि स्त्री [°योनि] धनोपार्जन का उपाय, साम, दाम, दण्ड रूप अर्थ-नीति (ठा ३,३)। °णय पुं [°नय] शब्द को छोड़ अर्थ को ही मुख्य वस्तु माननेवाला पक्ष (अणु)। °सत्थ न [शास्त्र] अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र (णाया १, १)। °वइ पुं [°पति] १ धनी। २ कुबेर (वव ७)। °वाय पुं [°वाद] १ गुणवर्णन। २ दोष-निरूपण। ३ गुण-वाचक शब्द। ४ दोष-वाचक शब्द (विसे)। °वि वि [°वित्] अर्थ का जानकार (पिंड १ भा)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ प्रभूत धनवाला (जं ७)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (तित्थ)। °लिय न [°लीक] धन के लिए असत्य बोलना (पण्ह १, २)। °लोयण न [°लोचन] पदार्थ का सामान्य ज्ञान (आचू १)। °लोयण न [°लोकन] पदार्थ का निरीक्षण,

'अत्थालोयण-तरला,इयरकईणं भमंति बुद्धीओ। अत्थच्चेय निरारम्भमेंति हिययं कइन्दाणं॥' (गउड)।

अत्थ पुं [अस्त] १ जहां सूर्य अस्त होता है वह पर्वत (से १०, १०))। २ मेरु पर्वत (सम ६५)। ३ वि. अविद्यमान (णाया १, १३)। °गिरि पुं [°गिरि] अस्ताचल (सुर ३, २७७; पउम १६. ४५)। °सेल पुं [°शैल] अस्ताचल (सुर ३, २२६)। °चल पुं [°चल] अस्त-गिरि (कप्पू)।

अत्थ न [अस्त्र] हथियार, आयुध (पउम ८, ५०; से १४, ६१)।

अत्थ सक [अर्थय्] मांगना, याचना करना, प्रार्थना करना, विज्ञप्ति करना। अत्थयए (निचू ४)।

अत्थ अक [स्था] बैठना। अत्थइ (आरा ७१)।

अत्थ } देखो अत्त = अत्र (कप्प; पि २६३,
अत्थं } ३६१)।

अत्थंडिल वि [अस्थण्डिल] साधुओं के रहने के लिए अयोग्य स्थान, क्षुद्र जन्तुओं से व्याप्त स्थान (ओघ १३)।

अत्थंत वकृ [अस्तं यत्] अस्त होता हुआ (वज्जा २२)।

अत्थकिरिआ स्त्री [अर्थक्रिया] वस्तु का व्यापार, पदार्थ से होनेवाली क्रिया (धर्मसं ४६६)।

अत्थक्क न [दे] १ अकाण्ड, अकस्मात्, बे-समय (उप ३३०; से ११, २४; श्रा ३०; भवि); 'अत्थक्कगज्जिउब्भंतहित्थहिअआ पहिअ-जाआ' (गा ३८६)। २ वि. अखिन्न (वज्जा ६)। ३ क्रिवि. अनवरत, हमेशा (गउड)।

अत्थग्घ वि [दे] १ मध्य-वर्ती, बीच का; 'सभए अत्थग्घे वा ओइण्णेसुं घणं पट्टं' (ओघ ३४)। २ अगाध, गंभीर। ३ न. लम्बाई, आयाम। ४ स्थान, जगह (दे १, ५४)।

अत्थण न [अर्थन] प्रार्थना, याचना (उप ७२८ टी)।

अत्थणिऊर पुंन [अर्थनिपूर] देखो अच्छ-णिउर (अणु ९९)।

अत्थणिऊरंग पुंन [अर्थनिपूराङ्ग] देखो अच्छणिउरंग (अणु ९९)।

अत्थत्थि वि [अर्थार्थिन्] धन की इच्छा-वाला (उव १३९)।

अत्थम अक [अस्तम् + इ] अस्त होना, अदृश्य होना। अत्थमइ (पि ५५८)। वकृ. अत्थमंत (पउम ८२, ५९)।

अत्थमण न [अस्तमयन] अस्त होना, अदृश्य होना (ओघ ९०७; से ८, ८५; गा २८४)।

अत्थमाविय वि [अस्तमापित] अस्त कर-वाया हुआ (सम्मत्त १६१)।

अत्थमिय वि [अस्तमित] १ अस्त हुआ,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डूब गया, अदृश्य हुआ (ओघ ५०७, महा; सुपा १५५)। २ हीन, हानि-प्राप्त (ठा ४,३)।

अत्थयारिआ स्त्री [दे] सखी, वयस्या (दे १ १६)।

अत्थर सक [आ + स्तृ] बिछाना, शय्या करना, पसारना। अत्थरइ (उव)। संकृ. अत्थरिऊण (महा)।

अत्थरण न [आस्तरण] १ बिछौना, शय्या (से १४, ५०)। २ बिछाना, शय्या करना (विसे २३२२)।

अत्थरय वि [आस्तरक] १ आच्छादन करनेवाला (राय)। २ पुं. बिछौने के ऊपर का वस्त्र (भग ११, ११; कप्प)।

अत्थरय वि [अस्तरजस्क] निर्मल, शुद्ध (भग ११, ११)।

अत्थवण देखो अत्थमण (भवि)।

अत्थसिद्ध पुं [अर्थसिद्ध] पक्ष का दशवाँ दिवस, दशमी तिथि (सुज १०, १४)।

अत्था देखो अट्ठा = आस्था।

अत्था } सक [अस्ताय्] अस्त होना, अत्थाअ } डूब जाना, अदृश्य होना। अत्थाइ; अत्थाए (पउम ७३, ३५)। अत्थाअंति (से ७, २३)। वकृ. अत्थाअंत (से ७, ६६)।

अत्थाअ वि [अस्तमित] अस्त हुआ, डूबा हुआ; 'तावच्चिय दिवसयरो अत्थाओ विगयकिरणसंघाओ' (पउम १०,६६; से ६,५२)।

अत्थाइया स्त्री [दे] गोष्ठी-मण्डप (स ३६)।

अत्थाण न [आस्थान] सभा, सभा-स्थान (सुर १, ८०)।

अत्थाणिय वि [अस्थानिन्] गैर-स्थान में लगा हुआ, 'अत्थाणियनयणहिं' (भवि)।

अत्थाणी स्त्री [आस्थानी] सभा-स्थान (कुमा)।

अत्थाणीअ वि [आस्थानीय] सभा-संबन्धी (कुप्र ७८)।

अत्थाम वि [अस्थामन्] बल-रहित, निर्बल (णाया १,१)।

अत्थार पुं [दे] सहायता, साहाय्य (दे १,६; णाअ)।

अत्थारिय पुं [दे] नौकर, कर्मचारी (वव ६)।

अत्थावग्गह देखो अत्थुग्गह (पण्ण ५)।

अत्थावत्ति स्त्री [अर्थापत्ति] अनुक्त अर्थ को अटकल से समझना, एक प्रकार का अनुमान-ज्ञान; जैसे 'देवदत्त पुष्ट है और दिन में नहीं खाता है' इस वाक्य से 'देवदत्त रात में खाता है' ऐसा अनुक्त अर्थ का ज्ञान (उप ९९८)।

अत्थाह वि [अस्ताघ] १ अथाह, थाह-रहित, गंभीर (णाया १, १४)। २ नासिका के ऊपर का भाग भी जिसमें डूब सके इतना गहरा जलाशय (बृह ४)। ३ पुं. अतीत चौबीसी में भारत में समुत्पन्न इस नाम के एक तीर्थंकर-देव (पव ६)।

अत्थाह वि [दे] देखो अत्थग्घ (दे १, ५४; भवि)।

अत्थि वि [अर्थिन्] १ याचक, माँगनेवाला (सुर १०,१००)। २ धनी, धनवाला (पंचा)। ३ मालिक; स्वामी (विसे)। ४ गरजू, चाहनेवाला;

'धणओ धणत्थियाणं, कामत्थीणं च
सव्वकामकरो।
सग्गापवग्गसंगमहेऊ जिणदेसिओ धम्मो ॥'
(महा)।

अत्थि न [अस्थि] हाड़, हड्डी (महा)।

अत्थि अ [अस्ति] १ सत्त्व-सूचक अव्यय है, 'अत्थेगइया मुंडा भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइया' (औप); 'अत्थि णं भंते ! विमाणाइं' (जीव ३)। २ प्रदेश, अवयव; 'चत्तारि अत्थिकाया' (ठा ४, ४)। °अवत्तव्व वि [°अवक्तव्य] सप्तभङ्गी का पांचवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्य आदि की अपेक्षा से विद्यमान और एक ही साथ कहने को अशक्य पदार्थ;

'सब्भावे आइट्ठो देसो देसो अ उभयहा जस्स।
तं अत्थिअवत्तव्वं च होइ दविअं विअप्पवसा'
(सम्म ३८)।

°काय पुं [°काय] प्रदेशों का—अवयवों का समूह (सम १०)। °णत्थवत्तव्व वि [°नास्त्यवक्तव्य] सप्तभङ्गी का सातवाँ भङ्ग, स्वकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान, परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान और एक ही समय में दोनों धर्मों से कहने को अशक्य पदार्थ;

'सब्भावासब्भावे, देसो देसो अ उभयहा जस्स।
तं अत्थिणत्थवत्तव्वयं च दविअं विअप्पवसा'
(सम्म ४०)।

°त्त न [°त्व] सत्व, विद्यमानता, हयाती (सुर २, १४२)। °त्ता स्त्री [°ता] सत्व, हयाती (उप पृ ३७४)। °त्तिनय पुं [°इतिनय] द्रव्यार्थिक नय (विसे ५३७)। °नत्थि वि [°नास्ति] सप्तभङ्गी का तीसरा भङ्ग—प्रकार, स्वद्रव्यादि की अपेक्षा से विद्यमान और परकीय द्रव्यादि की अपेक्षा से अविद्यमान वस्तु;

'अह देसो सब्भावे देसोसब्भावपज्जवे णिअओ।
तं दविअमत्थिनत्थि अ, आएसविसेसिअं जम्हा'
(सम्म ३७)।

°नत्थिप्पवाय न [°नास्तिप्रवाद] बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग, चौथा पूर्व (सम २६)।

अत्थिक्क न [आस्तिक्य] आस्तिकता, आत्मा-परलोक आदि पर विश्वास (श्रा ६; पुप्फ ११०)।

अत्थिय देखो अत्थि = अर्थिन् (महा; औप)।

अत्थिय वि [अर्थिक] धनी, धनवान् (हे २, १५९)।

अत्थिय न [अस्थिक] १ हड्डी, हाड़। २ पुं. वृक्ष-विशेष। ३ न. बहु बीजवाला फल-विशेष (पण्ण १)।

अत्थिय वि [आस्तिक] आत्मा, परलोक आदि की हयाती पर श्रद्धा रखनेवाला (धर्म २)।

अत्थिर देखो अथिर (पंचा १२)।

अत्थीकर सक [अर्थी + कृ] प्रार्थना करना, याचना करना। अत्थीकरेइ (निचू ४)। वकृ. अत्थीकरंत (निचू ४)।

अत्थीकरण न [अर्थीकरण] प्रार्थना, याचना (निचू ४)।

अत्थु सक [आ + स्तृ] बिछाना, शय्या करना। कर्म. अत्थुव्वइ; कवकृ. अत्थुव्वंत (विसे २३२१)।

अत्थुअ वि [आस्तृत] बिछाया हुआ (पाअ; विसे २३२१)।

अत्थुग्गह पुं [अर्थावग्रह] इन्द्रियाँ और मन द्वारा होनेवाला ज्ञान-विशेष, निर्विकल्पक ज्ञान (सम ११; ठा २, १)।

अत्थुग्गहण न [अर्थावग्रहण] फल का निश्चय (भग ११, ११)।

अत्थुड वि [दे] लघु, छोटा; (दे १, ६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्थुरण न [दे. आस्तरण] बिछौना (स ६७)।

अत्थुरिय वि [दे. आस्तृत] बिछाया हुआ (स २३९; दे १, ११३)।

अत्थुव्वड न [दे] भल्लातक, भिलावाँ वृक्ष का फल (दे १, २३)।

अत्थेक्क वि [दे] आकस्मिक, अचिन्तित (से १२, ४७)।

अत्थोग्गह देखो अत्थुग्गह (सम ११)।

अत्थोग्गहण देखो अत्थुग्गहण (भग ११, ११)।

अत्थोडिय त्रि [दे] आकृष्ट, खींचा हुआ (महा)।

अत्थोभय वि [अस्तोभक] 'उत', 'वै' आदि निरर्थक शब्दों के प्रयोग से अदूषित (सूत्र) (बृह १)।

अत्थोवग्गह देखो अत्थुग्गह (पएण १५)।

अथक्क न [दे] १ अकाण्ड, अनवसर, अकस्मात् (षड्)। २ वि. पसरनेवाला, फैलनेवाला (कुमा)।

अथव्वण पुं [अथर्वण] चौथा वेद-शास्त्र (कप्प; णाया १, ५)।

अथिर वि [अस्थिर] १ चंचल, चपल (कुमा)। २ अनित्य, विनश्वर (कुमा)। ३ अदृढ, शिथिल (ओघ)। ४ निर्बल (वव २)। ५ मजबूती से नहीं बैठा हुआ, नहीं जमा हुआ (अभ्यास): 'अथिरस्स पुव्वगहियस्स, वत्तणा जं इह थिरीकरणं' (पंचा १२)। °णाम न [°नामन्] नाम-कर्म का एक भेद (सम ६७)।

अद सक [अद्] खाना, भोजन करना। अदइ, अदए (षड्)।

अदंसण देखो अद्दंसण (पंचभा)।

अदंसग पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, २९; षड्)।

अदंसिया स्त्री [अदंशिका] एक प्रकार की मीठी चीज (पएण १७)।

अदक्खु वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ। २ असर्वज्ञ (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदक्ष] अनिपुण, अकुशल (सूत्र १, २, ३)।

अदक्खु वि [अदृश्य] १ नहीं देखनेवाला, अन्धा। २ असर्वज्ञ, 'अदक्खुव! दक्खुवाहियं सद्दहसु अदक्खुदंसणा' (सूत्र १, २, ३)।

अदण न [अदन] भोजन (बृह १)।

अदत्त वि [अदत्त] नहीं दिया हुआ (पएण १, ३)। °हार वि [°हार] चोर (आचा)। °हारि वि [°हारिन्] चोर (सूत्र १,५,१)। °दाण न [°दान] चोरी (सम १०)। °दाणवेरमण न [°दानविरमण] चोरी से निवृत्ति, तृतीय व्रत (पएह २, ३)।

अदन्न देखो अदण्ण (सिरि ३१०)।

अदब्भ वि [अदभ्र] अनल्प, बहुत (जं ३)।

अदय वि [अदय] निर्दय, निष्ठुर (निचू २)।

अदिइ देखो अइइ (ठा २, ३)।

अदिण्ण देखो अदत्त (ठा १)।

अदित्त वि [अदृप्त] १ दर्प-रहित, नम्र (बृह १)। २ अहिंसक (ओघ ३०२)।

अदिन्न देखो अदत्त (सम १०)।

अदिस्स देखो अदिस्स (सम ६०; सुपा १५३)।

अदिहि स्त्री [अधृति] अधीराई, धीरज का अभाव (पाअ)।

अदीण वि [अदीन] दीनता-रहित। °सत्तु पुं [°शत्रु] हस्तिनापुर का एक राजा (णाया १, ८)।

अदु अ [दे] १ आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब (आचा)। २ इससे (सूत्र १, २, २)।

अदु अ [दे] १ अथवा, या (सूत्र १, ४, २, १५; उत्त ८, १२; दसचू २, १४)। २ अधिकारान्तर का सूचक (सूत्र १, ४, २, ७)।

अदुत्तरं अ [दे] आनन्तर्य-सूचक अव्यय, अब, बाद (णाया १, १)।

अदुय न [अद्रुत] अ-शीघ्र, धीरे-धीरे (भग ७,६) °बंधण न [°बन्धन] दीर्घ काल के लिए बन्धन (सूत्र २, २)।

अदुव } अ [दे] या, अथवा, और; 'हिंसेज अदुवा } पाणभूयाइं, तसे अदुव थावरे' (दस ५, ५; आचा)।

अदोलि } वि [अदोलिन्] स्थिर, निश्चल अदोलिर } (कुमा)।

अद्द वि [आर्द्र] १ गीला, भीगा हुआ, अकठिन (कुमा)। २ पुं. इस नाम का एक राजा। ३ एक प्रसिद्ध राजकुमार और पीछे से जैन मुनि। ४ वि. आर्द्र राजा के वंशज। ५ नगर-विशेष (सूत्र २, ६)। °कुमार पुं [°कुमार] एक राजकुमार और बाद में जैन मुनि; 'अद्दकुमारो दढप्पहारी अ' (पडि)। °मुत्था स्त्री [°मुस्ता] कन्द-विशेष, नागर मोथा (श्र २०)। °मलग न [°मलक] १ हरा आमला। २ पीलु-वृक्ष की कली (धर्म २)। ३ शण वृक्ष की कली (पव ४)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ट] कमल कौआ (आवम)।

अद्द पुं [अब्द] १ मेघ, वर्षा, बारिश (हे २, ७९)। २ वर्ष, संवत्सर, संवत् (सुर १३, ७०)।

अद्द पुं [अर्द] आकाश (भग २०, २)।

अद्द पुंन [दे] १ परिहास। २ वर्णन (संक्षि ४७)।

अद्द सक [अर्द्] मारना, पीटना (वव १०)।

अद्दइअ न [अद्वैत] १ भेद का अभाव। २ वि. भेद-रहित ब्रह्म वगैरह (नाट)।

अद्दइज्ज वि [आर्द्रीय] १ आर्द्र कुमार-सम्बन्धी। २ इस नाम का 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन (सूत्र २, ६)।

अद्दंसण न [अदर्शन] १ दर्शन का निषेध, नहीं देखना (सुर ७, २४८)। २ वि. परोक्ष, जिसका दर्शन न हो; 'एक्कपएचिय हाहिति मज्झ अद्दंसणा इण्हिं' (सुपा ६१७)। ३ नहीं देखनेवाला, अन्धा। ४ 'थीणद्धी' या अधम निद्रा वाला (गच्छ १; पव १०७)। °भूअ, °हूय वि [°भूत] जो अदृश्य हुआ हो (सुर १०, ५६; महा)।

अद्दण } वि [दे] आकुल, व्याकुल (दे १, अद्दण्ण } १५; बृह १; निचू १०)।

अद्दन्न देखो अद्दण्ण (सुख १, १४)।

अद्दव वि [आर्द्रव] गला हुआ (आव ६)।

अद्दव्व न [अद्रव्य] अवस्तु, वस्तु का अभाव; (पंचा ३)।

अद्दह सक [आ + द्रह] उबालना, पानी-तैल वगैरह को खूब गरम करना। अद्दहेइ, अद्दहेमि; संकृ. अद्दहेत्ता (उवा)।

अद्दहिय वि [आहित] रखा हुआ, स्थापित (विपा १, ६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अद्दा स्त्री [आर्द्रा] १ नक्षत्र-विशेष (सम २)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

अद्दाअ पुं [दे] १ आदर्श, दर्पण (दे १, १४; पराग १५; निचू १३)। °पसिण पुं [°प्रश्न] विद्या-विशेष, जिससे दर्पण में देवता का आगमन होता है (ठा १०)। °विज्जा स्त्री [°विद्या] चिकित्सा का एक प्रकार, जिससे बीमार को दर्पण में प्रतिबिम्बित कराने से वह नीरोग होता है (वव ५)।

अद्दाइअ वि [दे] आदर्श वाला, आदर्श से पवित्र (बृह १)।

अद्दाग [दे] देखो अद्दाअ (सम १२३)।

अद्दि पुं [अद्रि] पहाड़, पर्वत (गउड)।

अद्दिट्ठ वि [अदृष्ट] १ नहीं देखा हुआ (सुर १, १७२)। २ दर्शन का अविषय (सम्म ६६)।

अद्दिय वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ भिगाया हुआ (विक्र २३)।

अद्दिय वि [अर्दित] पीटा हुआ, पीड़ित (वव १०)।

अद्दिस्स वि [अदृश्य] देखने के अयोग्य या अशक्य (सुर ६, १२०; सुपा ८५; श्रा २७)।

अद्दिस्संत } वकृ. [अदृश्यमान] नहीं
अद्दिस्समाण } दिखाता हुआ (सुपा १५४; ४५७)।

अद्दीण वि [अद्रीण] क्षोभ को अप्राप्त, अक्षुब्ध, निर्भीक (पगह २, १)।

अद्दीण देखो अदीण (ओघ ५३७)।

अद्दुमाअ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ (षड्)।

अद्देस वि [अदृश्य] देखने के अशक्य (स १७०)।

अद्देसीकारिणी स्त्री [अदृश्यीकारिणी] अदृश्य बनानेवाली विद्या (सुपा ४५४)।

अद्देस्सीकरण वि [अदृश्यीकरण] १ अदृश्य करना। २ अदृश्य करनेवाली विद्या, 'किंपुण विजासिज्झा अद्देस्सीकरणसंगओ वावि' (सुपा ४५५)।

अद्दोहि वि [अद्रोहिन्] द्रोह-रहित, द्वेष-वर्जित (धर्म ३)।

अद्ध पुंन [अर्ध] १ आधा (कुमा)। २ खण्ड, अंश (पि ४०२)। °करिस पुं [°कर्ष] परिमाण-विशेष, फल का आठवाँ भाग (अणु)। °कुडव, °कुलव पुं [°कुडव, °कुलव] एक प्रकार का धान्य का परिमाण (राय)। °क्खेत्त न [°क्षेत्र] एक अहोरात्र में चन्द्र के साथ योग प्राप्त करनेवाला नक्षत्र (चंद १०) °खल्ला स्त्री [°खल्वा] एक प्रकार का जूता (बृह ३)। °घडय पुं [°घटक] आधा परिमाणवाला घड़ा, छोटा घड़ा (उवा)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ आधा चन्द्र (गा ५७१)। २ गल-हस्त, गला पकड़ कर बाहर करना (उप ७२८ टी)। ३ न. एक हथियार (उप पृ ३६५)। ४ अर्ध चन्द्र के आकारवाले सोपान (णाया १, १)। ५ एक तरह का बाण, 'एसो तुह तिक्खेणं सीसं छिंदामि अद्धचंदेण' (सुर ८, ३७)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] गति-विशेष (ठा ७)। °चक्कि पुं [°चक्रिन्] चक्रवर्ती राजा से अर्ध विभूति वाला राजा, वासुदेव (कम्म १, १२)। °च्छट्ठ, °छट्ठ वि [°षष्ठ] साढ़े पाँच (पि ४५०; सम १००)। °ट्ठम वि [°ष्टम] साढ़े सात (ठा ६)। °णाराय न [°नाराच] चौथा संहनन, शरीर के हाड़ों की रचना-विशेष (जीव १)। °णारीसर पुं [°नारीश्वर] शिव, महादेव (कप्पू)। °तइय वि [°तृतीय] ढ़ाई (पउम ४८, ३५)। °तेरस वि [°त्रयोदश] साढ़े बारह (भग)। °तेवन्न वि [°त्रिपञ्चाश] साढ़े बावन (सम १३४)। °द्ध वि [°र्ध] चौथा भाग, पौआ (बृह ३)। °नवम वि [°नवम] साढ़े आठ (पि ४५०)। °नाराय देखो °णाराय (कम्म १, ३८)। °पंचम वि [°पञ्चम] साढ़े चार (सम १०२)। °पलिअंक वि [°पर्यङ्क] आसन-विशेष (ठा ५, १)। °पहर पुं [°प्रहर] ज्यौतिष शास्त्र प्रसिद्ध एक कुयोग (गण १८)। °बब्बर पुं [°बर्बर] देश-विशेष (पउम २७, ५)। °मागहा, °ही स्त्री [°मागधी] प्राचीन जैन साहित्य की प्राकृत भाषा, जिसमें मागधी भाषा के भी कोई २ नियम का अनुसरण किया गया है; 'पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं' (हे ४, २८७; पि १६; सम ६०; पउम २,३४)। °मास पुं [°मास] पक्ष; पनरह दिन (दे १०)। °मासिय वि [°मासिक] पाक्षिक, पक्ष-सम्बन्धी (महा)। °यंद देखो °चंद (उप ७२८ टी)। °रज्जिय वि [°राज्यिक] राज्य का आधा हिस्सेदार, अर्ध राज्य का मालिक (विपा १, ६)। °रत्त पुं [°रात्र] मध्य रात्रि का समय, निशीथ (गा २३१)। °वेयाली स्त्री [°वैताली] विद्या-विशेष (सूअ २, २)। °संकासिया स्त्री [°सांकाशिका] एक राज-कन्या का नाम (आव ४)। °सम न [°सम] एक वृत्त, छन्द-विशेष (ठा ७)। °हार पुं [°हार] १ नवसरा हार (राय; औप)। २ इस नाम का एक द्वीप। ३ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °हारभद्द [°हारभद्र] अर्धहार-द्वीप का अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारमहाभद्द पुं [°हारमहाभद्र] पूर्वोक्त ही अर्थ (जीव ३)। °हारमहावर पुं [°हारमहावर] अर्धहार समुद्र का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °हारवर पुं [°हारवर] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष। ३ उनका अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °हारवरभद्द पुं [°हारवरभद्र] अर्धहारवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारवरमहावर पुं [°हारवरमहावर] अर्धहारवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभास पुं [°हारावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °हारोभासभद्द पुं [°हारावभासभद्र] अर्धहारावभास नामक द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभासमहाभद्द पुं [°हारावभासमहाभद्र] पूर्वोक्त ही अर्थ (जीव ३)। °हारोभासमहावर पुं [°हारावभासमहावर] अर्धहारावभास नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °हारोभासवर पुं [°हारावभासवर] देखो पूर्वोक्त अर्थ (जीव ३)। °ाढ़य पुं [°ाढ़क] एक प्रकार का परिमाण, आढ़क का आधा भाग (ठा ३, १)।

अद्ध पुं [अध्वन्] मार्ग, रास्ता (महा; आचा)।

अद्धंत पुं [दे] १ पर्यन्त, अन्त भाग (दे १, १८; से ६, ३२; पाअ); 'भरिज्जंतमिद्धपहद्धंतो (विक्र १०१)। २ पुं.ब. कतिपय कईएक (से १३, ३२)।

अद्धक्खण न [दे] १ प्रतीक्षा करना, राह देखना (दे १, ३४)। २ परीक्षा करना (दे १, ३४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अद्धक्खिअ न [दे] १ संज्ञा करना, इशारा करना, संकेत करना (दे १, ३४)।

अद्धक्खिअ वि [अर्धाक्षिक] विकृत आंख वाला (महानि ३)।

अद्धजंघा } स्त्री [दे. अर्धजङ्घा] एक प्रकार **अद्धजंघी** } का जूता, मोचक नामक जूता, जिसे गुजराती में 'मोजड़ी' कहते हैं (दे १, ३३; २. ५; ६. १३६)।

अद्धद्धा स्त्री [दे. अद्धाद्धा] दिन अथवा रात्रि का एक भाग (सत्त ६ टी)।

अद्धपेडा स्त्री [अर्धपेटा] सन्दूक के अर्ध भाग के आकारवाली गृह-पंक्ति में भिक्षाटन (उत्त ३०, १६)।

अद्धर पुं [अध्वर] यज्ञ, याग (पाअ)।

अद्धर वि [दे] प्रच्छन्न, गुप्त; 'तम्हा एयस्स चिट्ठियमद्धरट्ठिओ चेव पिच्छामि, तओ राया तप्पिट्ठिलग्गो' (सम्मत्त १६१)।

अद्धविआर न [दे] १ मण्डन, भूषा; 'मा कुण अद्धविआरं' (दे १, ४३)। २ मंडल, छोटा मंडल (दे १, ४३)।

अद्धा स्त्री [दे. अद्धा] १ काल, समय, वक्त, (ठा २,१; नव ४२)। २ संकेत (भग ११, ११)। ३ लब्धि, शक्ति-विशेष (विसे)। ४ अ. तत्त्वतः, वस्तुतः। ५ साक्षात्, प्रत्यक्ष (पिंग)। ६ दिवस। ७ रात्रि (सत्त ६ टी)। °**काल** पुं [°काल] सूर्य आदि की क्रिया (परि-भ्रमण) से व्यक्त होनेवाला समय, 'सूरकिरिया-विसिट्ठो गोदोहाइकिरियासु निरवेक्खो। अद्धा-कालो भण्णई' (विसे)। °**छेय** पुं [°छेद] समय का एक छोटा परिमाण, दो आवलिका परिमित काल (पंच)। °**पच्चक्खाण** न [°प्रत्याख्यान] अमुक समय के लिए कोई व्रत या नियम करना (आचू ६)। °**मीसय** न [°मिश्रक] एक प्रकार की सत्य-मृषा भाषा (ठा १०)। °**मीसिया** स्त्री [°मिश्रिता] देखो पूर्वोक्त अर्थ (पण्ण ११)। °**समय** पुं [°समय] सर्व-सूक्ष्म काल (पण्ण ४)।

अद्धाण पुं [अध्वन्] मार्ग, रास्ता (णाया १, १४; सुर ३,२२७)। °**सीसय** न [°शीर्षक] मार्ग का अन्त, अटवी आदि का अन्त भाग (वव ४; बृह ३)।

अद्धाण पुं [अध्वन्] मार्ग, रास्ता; 'हवइ सलाभं नरस्स अद्धाणं' (सुख ८, १३)। °**सीसय** न [°शीर्षक] जहां पर संपूर्ण सार्थ के लोग आगे जाने के लिए एकत्र हों वह मार्ग-स्थान (वव ४)।

अद्धाणिय वि [आध्विक] पथिक, मुसाफिर (बृह ४)।

अद्धासिय वि [अध्यासित] १ अधिष्ठित, आश्रित (सुर ७, २१४; उप २६४ टी)। २ आरूढ (स ६३०)।

अद्धि देखो **इड्ढि**;

'धण्णा बहिरंधलआ, ते च्चिअ जीअंति माणुसे लोए।
ण सुणंति खलवअणं, खलाण अद्धि न पेक्खंति' (गा ७०४)।

अद्धिइ स्त्री [अधृति] धीरज का अभाव, अधीरज (पउम ११८, ३६)।

अद्धुइअ वि [अर्धोदित] थोड़ा कहा हुआ (पि १५८)।

अद्धुग्घाड वि [अर्धोद्घाट] आधा खुला, 'अद्धोग्घाडा थणया' (पउम ३८, १०७)।

अद्धुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढ़े तीन (सम १०१; विसे ६९३)।

अद्धुत्त वि [अर्धोक्त] थोड़ा कहा हुआ (वव १०)।

अद्धुव वि [अध्रुव] १ चंचल, अस्थिर, विनश्वर (स ३३६; पंचा १६; पउम २६, ३०)। २ अनियत (आचा)।

अद्धेअद्ध वि [अर्धार्ध] १ द्विधा-भूत, दो टुकड़ेवाला, खण्डित। २ क्रिवि. आधा-आधा जैसे हो,

'अद्धेअद्धप्फुडिआ, अद्धेअद्धकडउक्खअसिलावेढ़ा।
पवअभुआहअविसढ़ा, अद्धेअद्धसिहरा पडंति महिहरा।।' (से ६, ६६)।

अद्धोरु } देखो **अड्ढोरुग** (दे ३, ४५; ओघ **अद्धोरुग** } ६७६)।

अद्धोवमिय वि [अद्धौपम्य, अद्धौपमिक] काल का वह परिमाण जो उपमा से समझाया जा सके, पल्योपम आदि उपमा-काल (ठा २, ४; ८)।

अध अ [अधस्] नीचे (आचा; पि १६०)।

अध (शौ) अ [अथ] अब, बाद (कप्पू)।

अधइं (शौ) [अथकिम्] १ हाँ। २ और क्या। ३ जरूर, अवश्य (कप्पू)।

अधं अ [अधस्] नीचे (पि ३४०)।

अधट्ठ वि [अधृष्ट] अ-ढीठ (कुमा)।

अधण वि [अधन] निर्धन, गरीब;

'रमइ विहवी विसेसे, थिइमेत्तं थोयवित्थरो महइ।
मग्गइ सरीरमधणो, रोई जीए च्चिय कयत्थो।।' (गउड; सण)

अधणि वि [अधनिन्] धन-रहित, निर्धन (श्रा १४)।

अधण्ण वि [अधन्य] अकृतार्थ, निन्द्य (पण्ह १,१)।

अधम देखो **अहम** (उत्त ६)।

अधमण्ण } वि [अधमर्ण] करजदार, देनदार **अधमन्न** } (धर्मवि १४६; १३५)।

अधम्म पुं [अधर्म] १ पाप-कार्य, निषिद्ध कर्म, अनीति; 'अधम्मेण चेव वित्तिं कप्पेमाणे विह-रइ' (णाया १, १८)। २ एक स्वतन्त्र और लोक-व्यापी अजीव वस्तु, जो जीव वगैरह को स्थिति करने में सहायता पहुँचाती है (सम २; नव ५)। ३ वि. धर्म-रहित, पापी (विपा १, १)। °**केउ** पुं [°केतु] पापिष्ठ (णाया १, १८)। °**क्खाइ** वि [°ख्याति] प्रसिद्ध पापी (विपा १, १)। °**क्खाइ** वि [°ख्यायिन्] पाप का उपदेश देनेवाला (भग ३, ७)। °**त्थिकाय** पुं [°ास्तिकाय] अधम्म का दूसरा अर्थ देखो (अणु)। °**बुद्धि** वि [°बुद्धि] पापी, पापिष्ठ (उप ७२८ टी)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्मिष्ठ] १ धर्म को नहीं करनेवाला (भग १२, २)। २ महा-पापी, पापिष्ठ (णाया १, १८)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्मेष्ट] अधर्म-प्रिय, पाप-प्रिय (भग १२, २)।

अधम्मिट्ठ वि [अधर्मेष्ट] पापियों का प्यारा (भग १२, २)।

अधम्मिय देखो **अहम्मिय** (ठा ४, १)।

अधर देखो **अहर** (उवा; सुपा १३८)।

अधवा (शौ) देखो **अहवा** (कप्पू)।

अधा स्त्री [अधस्] अधो-दिशा, नीचली दिशा (ठा ६)।

अधि देखो **अहि** = अधि।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिइ देखो अद्धिइ (सुपा ३५६)।

अधिकरण देखो अहिगरण (पण्ह १, २)।

अधिग वि [अधिक] विशेष, ज्यादा (बृह १)।

अधिगम देखो अहिगम (धर्म २; विसे २२)।

अधिगरण देखो अहिगरण (निचू १)।

अधिगरणिया देखो अहिगरणिया (पएण २१)।

अधिगार देखो अहिगार (सूअनि ५८)।

अधिण्ण } (अप) वि [अधीन] आयत्त,
अधिन्न } परवश (पि ६१; हे ४, ४२७)।

अधिमासग पुं [अधिमासक] अधिक मास (निचू २०)।

अधिरोविअ वि [अधिरोपित] आरोपित, 'सूलाधिरोविओ सो' (धर्मवि १३७)।

अधीगार देखो अहिगार (सूअनि १८०)।

अधीय देखो अहीय (उत्त २०, २२)।

अधीस वि [अधीश] नायक, अधिपति (कुम्मा २३)।

अधुव देखो अद्धुव (णाया १, १, पउम ६५, ४६)।

अधो देखो अहो = अधस् (पि ३४२)।

अनंदि स्त्री [अनन्दि] अमङ्गल, अकुशल; 'तं मोएउ अनंदि' (अजि ३७)।

अनन्न देखो अणण्ण (कुमा)।

अनय देखो अणय (सुपा ३७१)।

अनल देखो अणल (हे १, २२८; कुमा)।

अनागय देखो अणागय (भग)।

अनागार देखो अणागार (भग)।

अनाय देखो अणाय (सुपा ४७०; पि ३८०)।

अनालंफ (चूपै) वि [अनारम्भ] पाप-रहित (कुमा)।

अनालंफ (चूपै) वि [अनालम्भ] अहिंसक, दयालु (कुमा)।

अनिगिण देखो अणगिण (सम १७)।

अनिदाया } देखो अणिदा (पएण ३४)।
अनिद्दाया }

अनिमित्ती स्त्री [अनिमित्ती] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

अनियमिय वि [अनियमित] १ अव्यवस्थित। २ असंयत, इन्द्रियों का निग्रह नहीं करनेवाला; 'गओ य नरयं अनियमियप्पा' (पउम ११४, २६)।

अनियट्टि देखो अणियट्टि (सम २६; कम्म २; सत्त ७१ टी)।

अनियय देखो अणियय (ओघ २)।

अनिरुद्ध देखो अणिरुद्ध (अंत १४)।

अनिल देखो अणिल (हे १, २२८; कुमा)।

अनिसट्ठ देखो अणिसट्ठ (ठा ३, ४)।

अनिहारिम } देखो अणीहारिम (भग; ठा
अनीहारिम } २, ४)।

अनु (अप) देखो अण्णहा (कुमा)।

अनुकूल देखो अणुकूल (सुपा ४७४)।

अनुग्गह देखो अणुग्गह (अभि ४१)।

अनुचिट्ठिय देखो अणुट्ठिय (स १५)।

अनुज्जुय देखो अणुज्जुय (पि ५७)।

अनुहव देखो अणुहव = अनु + भू। वकृ. अनुहवंत (रंभा)।

अन्न देखो अण्ण (सुपा ३६०; प्रासू ४३; पण्ह २, १; ठा ३, २; ९, १; श्रा ६)।

अन्नइय देखो अण्णइय (भवि)।

अन्नओ देखो अण्णओ। °हुत्त क्रिवि [°मुख] दूसरी तरफ (सुर ३, १३६)।

अन्नत्तो देखो अण्णत्तो (कुमा)।

अन्नत्थ } देखो अण्णत्थ (आचा; स १५०;
अन्नत्थं } कुमा)।

अन्नदो देखो अण्णत्तो (कुमा)।

अन्नमन्न देखो अण्णमण्ण (णाया १, १)।

अन्नन्न देखो अण्णण्ण (महा; कुमा)।

अन्नय पुं [अन्वय] एक की सत्ता में ही दूसरे की विद्यमानता, जैसे अग्नि की हयाती में ही धूम की सत्ता, नियमित सम्बन्ध (उप ४१३; स ६५१)।

अन्नयर देखो अण्णयर (सुपा ३७०)।

अन्नया देखो अण्णया (महा)।

अन्नव देखो अण्णव (सुपा ८५; ५२६)।

अन्नह देखो अण्णह (सुर १, १५६; कुमा)।

अन्नहा देखो अण्णहा (पउम १००, २४; महा; सुर १, १४३; प्रासू ७)।

अन्नहि देखो अण्णहि (कुमा)।

अन्ना स्त्री [दे] माता, जननी (दस ७, १६; १६)।

अन्नाइट्ठ वि [अन्वाविष्ट] आक्रान्त, 'तुमं एगं आउसो कासवा! ममं तवेएं अन्नाइट्ठे समाणे अंतो छएहं मासाएं पित्तजरपरिगयसरीरे दाहवक्कंतीए छउमत्थे चेव कालं करेस्ससि' (भग १५)।

अन्नाण देखो अण्णाण = अज्ञान (कुमा; सुर १, १५; महा; उवर ६५; कम्म ४, ६; ११)।

अन्नाणि देखो अण्णाणि (उव; सुपा ५८८)।

अन्नाणिय देखो अण्णाणिय (पउम ४, २७)।

अन्नाय देखो पहला और दूसरा अण्णाय (सुर ६, २; सुपा २५६; सुर २, ६; २०२; सम्म ६६; सुपा २३३; सुर २, १६५; सुपा, ३०८); 'नाएण जं न सिद्धं को खलु सहलो तयत्थमन्नाओ?' (उप ७१८ टी)।

अन्नारिस देखो अण्णारिस (हे १, १४२; महा)।

अन्नाहुत्त वि [दे] पराङ्मुख (सुख २,१७)।

अन्नि वि [अन्यदीय] परकीय, 'अन्नं वा अन्नि वा' (सूअ २, २, ६)।

अन्निज्जमाण देखो अण्णिज्जमाण (णाया १, १६)।

अन्निय देखो अण्णिय।

अन्नियसुय पुं [अन्निकासुत] एक विख्यात जैन मुनि (उव)।

अन्निया देखो अण्णिया (संथा ५६)।

अन्नुत्ति स्त्री [अन्योक्ति] साहित्य-प्रसिद्ध एक अलङ्कार (मोह ३७; सम्मत्त १४५)।

अन्नुन्न } देखो अण्णुण्ण (हे १, १५६;
अन्नुमन्न } कप्प)।

अन्नूण वि [अन्यून] अ-हीन (धर्मवि १२६)।

अन्नेस देखो अण्णेस। वकृ. अन्नेसमाण (उप ६ टी)।

अन्नेसण देखो अण्णेसण (सुर १०, २२८; सण)।

अन्नेसणा देखो अण्णेसणा (ठा ३, ४)।

अन्नेसय वि [अन्वेषक] गवेषक, खोज करनेवाला (स ५३५)।

अन्नेसि } देखो अण्णेसि (पि ५१६;
अन्नेसिय } आचा)।

अन्नोन्न देखो अण्णोण्ण (कुमा; महा)।

अप स्त्री. ब. [अप्] पानी, जल (सुज्ज

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१०)। °काय पुं. [°काय] पानी के जीव (दं १३)।

अपइट्ठाण देखो अप्पइट्ठाण (आचा; ठा ४, ३)।

अपइट्ठिअ पुं [अप्रतिष्ठित] १ नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र २९)। देखो अप्पइट्ठिअ।

अपइट्ठिय देखो अप्पइट्ठिय (ठा ४, १)।

अपएस वि [अप्रदेश] १ निरंश, अवयव-रहित (भग २०, ५)। २ पुं. खराब स्थान (पंचा ७)।

अपंग पुं [अपाङ्ग] १ नेत्र का प्रान्त भाग। २ तिलक। ३ वि. हीन अंग वाला (नाट)।

अपंडिअ वि [दे] अ-नष्ट, विद्यमान (षड्)।

अपंडिअ [अपण्डित] १ सद्बुद्धि-रहित (बृह १)। २ मूर्ख (अच्चु ५)।

अपकरिस पुं [अपकर्ष] ह्रास (धर्मसं ८३७)।

अपगंड वि [अपगण्ड] १ निर्दोष। २ न. फेन, पानी का भाग (सूअ १, ३)।

अपचय पुं [अपचय] अपकर्ष, हीनता (उत्त १)।

अपच्च देखो अवच्च; 'अपच्चणिव्विसेसाणि सत्ताणि' (पि ३६७)।

अपच्चय पुं [अप्रत्यय] अविश्वास (पण्ह १, २)।

अपच्चल वि [अप्रत्यल] १ असमर्थ। २ अयोग्य (नच्च ११)।

अपच्छ वि [अपथ्य] १ अ-हितकर (पउम ८२, ७२)। २ न. नहीं पचनेवाला भोजन, 'थेवेण अपच्छासेवणेण रोगुव्व वड्ढेइ' (सुपा ४३८)।

अपच्छिम वि [अपश्चिम] अन्तिम (णंदि; पाअ; उप २६४ टी)।

अपज्जत्त } वि [अपर्याप्त] १ अपर्याप्त, अपज्जत्तग } असमर्थ (गउड)। २ पर्याप्ति (आहारादि ग्रहण करने की शक्ति) से रहित (ठा २, १; नव ४)। °नाम न [°नामन्] नाम-कर्म का एक भेद (सम ६७)।

अपज्जवसिय वि [अपर्यवसित] १ नाश-रहित (सम्म ६१)। २ अन्त-रहित (ठा १)।

अपडिच्छिर वि [दे] जड़-बुद्धि, मूर्ख (दे १, ४३)।

अपडिण्ण } वि [अप्रतिज्ञ] १ प्रतिज्ञा-अपडिन्न } रहित, निश्चय-रहित (आचा)। २ राग-द्वेष आदि बन्धनों से वर्जित (सूअ १, ३, ३)। ३ फल की इच्छा न रखकर अनुष्ठान करनेवाला, निष्काम; 'गन्धेसु वा चन्दणमाहु सेट्ठं, एवं मुणीणं अपडिन्नमाहु' (सूअ १,६)।

अपडिपोग्गल वि [अप्रतिपुद्गल] दरिद्र, निर्धन (निचू ५)।

अपडिबद्ध वि [अप्रतिबद्ध] १ प्रतिबन्ध-रहित, बेरोक; 'अपडिबद्धो अनलो व्व' (पण्ह २, ५)। २ आसक्ति-रहित (पव १०४)।

अपडिवाइ देखो अप्पडिवाइ (ठा ६; ओघ ५३२; णंदि)।

अपडिसंलीण वि [अप्रतिसंलीन] असंयत, इन्द्रिय आदि जिसके काबू में न हों (ठा ४, २)।

अपडिहट्टु अ [अप्रतिहृत्य] न दे कर (कस; बृह ३)।

अपडिहय देखो अप्पडिहय (णाया १, १६)।

अपडीकार वि [अप्रतीकार] इलाज-रहित, उपाय-रहित (पण्ह १, १)।

अपडुप्पण्ण } वि [अप्रत्युत्पन्न] १ अ-वर्त-अपडुप्पन्न } मान, अ-विद्यमान (पि १६३)। २ प्रतिपत्ति में अ-कुशल (वव ६)।

अपणट्ठ वि [अप्रनष्ट] नाश को अप्राप्त (सुर ४, २४०)।

अपत्त देखो अप्पत्त (बृह १; ठा ५, २; सूअ १, १४)।

अपत्तिअंत वकृ. [अप्रतियत्] विश्वास नहीं करता हुआ (गा ६७८; पि ४८७)।

अपत्तिय देखो अप्पत्तिय (भग १६, ३; पंचा ७)।

अपत्थ देखो अपच्छ (उत्त ७; पंचा ७)।

अपभासिय देखो अवभासिय = अपभाषित (वव १)।

अपमत्त देखो अप्पमत्त (आचा)।

अपमाण न [अप्रमाण] १ झूठा, असत्य (श्रा १२)। २ वि. ज्यादा, अधिक (उत्त २४)।

अपमाय वि [अप्रमाद] १ प्रमाद-रहित। २ पुं. प्रमाद का अभाव, सावधानी (पण्ह २, १)।

अपय वि [अपद] १ पाँव-रहित, वृक्ष, द्रव्य, भूमि वगैरह पैर रहित वस्तु (णाया १, ८)। २ पुं. मुक्तात्मा, 'अपयस्स पयं नत्थि' (आचा)। ३ सूत्र का एक दोष (बृह १; विसे)।

अपय स्त्री [अप्रज] सन्तानरहित (बृह १)।

अपर देखो अवर (निचू २०)। २ वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध अवान्तर सामान्य (विसे २४९१)।

अपरच्छ वि [अपराक्ष] असमक्ष, परोक्ष (पण्ह १, ३)।

अपरद्ध देखो अवरज्झ (कप्प)।

अपरंतिया स्त्री [अपरान्तिका] छन्द-विशेष (अजि ३४)।

अपराइय वि [अपराजित] १ अ-परिभूत (पण्ह १, ४)। २ पुं. सातवें बलदेव के पूर्व-जन्म का नाम (सम १५३)। ३ भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)। ४ उत्तम-पंक्ति के देवों की एक जाति (सम ५६)। ५ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र (राज)। ६ एक महाग्रह (ठा २,३)। ७ न. अनुत्तर देव-लोक का एक विमान—देवावास (सम ५६)। ८ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। ९ जम्बूद्वीप की जगती का उत्तर द्वार (ठा ४,२)।

अपराइया स्त्री [अपराजिता] १ विदेह-वर्ष की एक नगरी (ठा २, ३)। २ आठवें बलदेव की माता (सम १५२)। ३ अंगारक ग्रह की एक पटरानी का नाम (ठा ४, १)। ४ एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८)। ५ ओषधि-विशेष (ती ७)। ६ अञ्जनाद्रि पर्वत पर स्थित एक पुष्करिणी (ती २)।

अपराजिय देखो अपराइय (कप्प; सम ५६; १०२; ठा २, ३)।

अपराजिया देखो अवराइया (ठा २, ३)।

अपराजिया स्त्री [अपराजिता] १ भगवान मल्लिनाथ की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। २ पक्ष की दशवीं रात (सुज १०, १४)।

अपरिग्गह वि [अपरिग्रह] १ धन-धान्य आदि परिग्रह से रहित (पण्ह २, ३)। २

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ममता-रहित, निर्मम; 'अपरिग्गहा अणारंभा भिक्खू ताणं परिव्वए' (सूत्र १, १, ४)।

अपरिग्गहा स्त्री [अपरिग्रहा] वेश्या (वव २)।

अपरिग्गहिआ स्त्री [अपरिगृहीता] १ वेश्या, कन्या वगैरह अविवाहिता स्त्री (पडि)। २ पति-हीना स्त्री, विधवा (धर्म २)। ३ घर-दासी। ४ पनहारी। ५ देव-पुत्रिका, देवता को भेंट की हुई कन्या (आचू ५)।

अपरिच्छण्ण, अपरिच्छन्न वि [अपरिच्छन्न] १ नहीं ढका हुआ, अनावृत (वव ३)। २ परिवार रहित (वव १)।

अपरिणय वि [अपरिणत] १ रूपान्तर को अप्राप्त (ठा २, १)। २ जैन साधु की भिक्षा का एक दोष। (आचा)।

अपरित्त वि [अपरीत] अपरिमित, अनन्त (पराण १८)।

अपरिसेस वि [अपरिशेष] सब, सकल, निःशेष (परह १, २; पउम ३, १४०)।

अपरिहारिय वि [अपरिहारिक] १ दोषों का परिहार नहीं करनेवाला। (आचा)। २ पुं. जैनेतर दर्शन का अनुयायी गृहस्थ (निचू २)।

अपवग्ग पुं [अपवर्ग] मोक्ष, मुक्ति (सुर ८, १०९; सत्त ११)।

अपविद्ध वि [अपविद्ध] १ प्रेरित (से ७, ११)। २ न. गुरु-वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दन करके तुरन्त ही भाग जाना (गुभा २३)।

अपह वि [अप्रभ] निस्तेज (दे १, १६४)।

अपहत्थ देखो अवहत्थ (भवि)।

अपहारि वि [अपहारिन्] अपहरण करने-वाला (स २१७)।

अपहिय वि [अपहृत] छीना हुआ (पउम ७९, ५)।

अपहु वि [अप्रभु] १ असमर्थ। २ नाथ-रहित, अनाथ (पउम १०१, ३५)।

अपाइय वि [अपात्रित] पात्र-रहित, भाजन-वर्जित; 'नो कप्पइ निग्गंथीए अपाइयाए होत्तए' (कस)।

अपाउड वि [अपावृत] नहीं ढका हुआ, वस्त्र-रहित, नग्न (ठा ५, १)।

अपादाण न [अपादान] कारक-विशेष, जिसमें पञ्चमी विभक्ति लगती है (विसे २११७)।

अपाण न [अपान] १ पान का अभाव। (उव ८४५)। २ पानी जैसा ठंढा पेय वस्तु-विशेष। (भग १५)। ३ पुंन. अपान वायु। ४ गुदा (सुपा ६२०)। ५ वि. जल-वर्जित, निर्जल (उपवास); 'छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं' (जं २)।

अपायावगम पुं [अपायापगम] जिनदेव का एक अतिशय (संबोध २)।

अपार वि [अपार] पार-रहित, अनन्त (सुपा ४५०)।

अपारमग्ग पुं [दे] विश्राम, विश्रान्ति (दे १, ४३)।

अपाव वि [अपाप] १ पाप-रहित (सूत्र १, १, ३)। २ न. पुराय (उव)।

अपावा स्त्री [अपापा] नगरी-विशेष, जहां भगवान् महावीर का निर्वाण हुआ था, यह आजकल 'पावापुरी' नाम से प्रसिद्ध है और बिहार से आठ माईल पर है (राज)।

अपिट्ट वि [दे] पुनरुक्त, फिरसे कहा हुआ (पड्)।

अपिय वि [अप्रिय] अनिष्ट (जीव १)।

अपिह अ [अपृथक्] अ-भिन्न (कुमा)।

अपुणबंधग, अपुणबंधय वि [अपुनर्बन्धक] फिर से उत्कृष्ट कर्मबन्ध नहीं करने वाला, तीव्र भाव से पाप को नहीं करने वाला (पंचा ३; उप २५३; ९५१)।

अपुणब्भव पुं [अपुनर्भव] १ फिर से नहीं होना। २ वि. जिससे फिर जन्म न हो वह, मुक्ति-प्रद (परह २, ४)।

अपुणब्भाव वि [अपुनर्भाव] फिर से नहीं होनेवाला (पंच १)।

अपुणभव देखो अपुणब्भव (कुमा)।

अपुणरागम पुं [अपुनरागम] १ मुक्त आत्मा। २ मुक्ति, मोक्ष (दसचू १)।

अपुणरावत्तग, अपुणरावत्तय पुं [अपुनरावर्त्तक] १ फिर नहीं घूमने वाला, मुक्त आत्मा। २ मोक्ष, मुक्ति (पि ३४३; औप; भग ११)।

अपुणरावत्ति पुं [अपुनरावर्तिन्] मुक्त आत्मा (पि ३४३)।

अपुणरावित्ति पुं [अपुनरावृत्ति] मोक्ष, मुक्ति (पडि)।

अपुणरुत्त वि [अपुनरुक्त] फिर से अकथित, पुनरुक्ति-दोष से रहित; 'अपुणरुत्तेहिं महा-वित्तेहिं संथुणइ' (राय)।

अपुणागम देखो अपुणरागम (पि ३४३)।

अपुणागमण न [अपुनरागमन] १ फिर से नहीं आना। २ फिर से अनुत्पत्ति; 'अपुणा-गमणाय व तं तिमिरं उम्मूलिअं रविणा' (गउड)।

अपुण्ण न [अपुण्य] १ पाप। २ वि. पुराय-रहित, कम-नसीब, हत-भाग्य (विपा १, ७)।

अपुण्ण वि [अपूर्ण] अधूरा, अपरिपूर्ण (विपा १, ७)।

अपुण्ण वि [दे] आक्रान्त (पड्)।

अपुत्त, अपुत्तिय वि [अपुत्र, °क] १ पुत्र-रहित (सुपा ४१२; ३१४)। २ स्वजन-रहित, निर्मम, निःस्पृह (आचा)।

अपुन्न देखो अपुण्ण (णाया १, १३)।

अपुम न [अपुंस्] नपुंसक (ओघ २२३)।

अपुल्ल देखो अप्पुल्ल (चंड)।

अपुव्व वि [अपूर्व] १ नूतन, नवीन। २ अद्भुत, आश्चर्यकारक। ३ असाधारण, अद्वितीय (हे ४, २७०; उप ६ टी)। °करण न [°करण] १ आत्मा का एक अभूतपूर्व शुभ परिणाम (आचा)। २ आठवाँ गुण-स्थानक (पव २२४; कम्म २, ९)।

अपूय, अपूव पुं [अपूप] एक भक्ष्य पदार्थ, पूआ, पूड़ी (औप; पराण ३६; दे १, १३४; ६, ८१)।

अपेक्ख सक [अप+ईक्ष्] अपेक्षा करना, राह देखना। हेकृ. अपेक्खिदुं (शौ) (नाट)।

अपेच्छ वि [अप्रेक्ष्य] १ देखने के अशक्य। २ देखने के अयोग्य (उव)।

अपेय वि [अपेय] पीने के अयोग्य, मद्य आदि (कुमा)।

अपेय वि [अपेत] गया हुआ, नष्ट; 'अपेय-चक्खु' (बृह १)।

अपेहय वि [अपेक्षक] अपेक्षा करने वाला (आव ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपोरिसिय } वि [अपौरुषिक] पुरुष से **अपोरिसीय** } ज्यादा परिमाण वाला, अगाध (णाया १, ५; १४)।

अपोरिसीय वि [अपौरुषेय] पुरुष से नहीं बनाया हुआ, नित्य (ठा १०)।

अपोह सक [अप + ऊह्] निश्चय करना, निश्चय रूप से जानना। अपोहए (विसे ५६१)।

अपोह पुं [अपोह] १ निश्चय-ज्ञान (विसे ३९६)। २ पृथग्भाव, भिन्नता (ओघ ३)।

अप्प देखो अत्त = आप्त; 'अप्पोलंभनिमित्तं पढमस्स णायज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्तेत्ति बेमि' (णाया १, १)।

अप्प वि [अल्प] १ थोड़ा, स्तोक (सुपा २८०; स्वप्न ६७)। २ अभाव (जीव ३; भग १४, १)।

अप्प पुं [आत्मन्] १ आत्मा, जीव, चेतन (णाया १, १)। २ निज, स्व; 'अप्पणा अप्पणो कम्मक्खयं करित्तए' (णाया १, ५)। ३ देह, शरीर (उत्त ३)। ४ स्वभाव, स्वरूप (आचा)। °घाइ वि [°घातिन्] आत्म-हत्या करनेवाला (उप ३५७ टी)। °छंद वि [°च्छन्द] स्वैरी, स्वच्छन्दी (उप ८३३ टी)। °ज्ज वि [°ज्ञ] १ आत्मज्ञ (हे २, ८३)। २ स्वाधीन (निचू १)। °ज्जोइ पुं [°ज्योतिस्] ज्ञानस्वरूप, 'किंजोइरयं पुरिसो अप्पजोइ त्ति णिद्दिट्ठो' (विसे)। °ण्णु वि [°ज्ञ] आत्म-ज्ञानी (पड्)। °वस वि [वश] स्वतन्त्र, स्वाधीन (पाअ; पउम ३७, २२)। °वह पुं [°वध] आत्म-हत्या, अपघात (सुर २, १९६; ५, २३७)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा के अतिरिक्त दूसरे पदार्थ को नहीं माननेवाला (णंदि)।

अप्प पुं [दे] पिता, बाप (दे १, ६)।

अप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना, भेंट करना। अप्पेइ (हे १, ६३)। अप्पअइ (नाट)। संकृ. अप्पिअ (सुपा २८०)। कृ. अप्पेयव्व (सुपा २६५; ५१६)।

अप्पआस देखो अप्पगास (नाट)।

अप्पआस सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना। अप्पआसइ (पड्)।

अप्पइट्ठाण पुंन [अप्रतिष्ठान] १ मोक्ष, मुक्ति (आचा)। २ सातवीं नरक-भूमि का बीचला आवास (सम २; ठा ५, ३)।

अप्पइट्ठिअ वि [अप्रतिष्ठित] १ अप्रतिबद्ध। २ अशरीरी, शरीर-रहित (आचा २, १६, १२)। देखो अपइट्ठिअ।

अप्पउलिय वि [अपक्वौषधि] नहीं पकी हुई फल-फलहरी (स ५०)।

अप्पओजग वि [अप्रयोजक] अ-गमक, अ-निश्चायक (हेतु) (धर्मसं १२२३)।

अप्पंभरि वि [आत्मम्भरि] अकेलपेट्ट, स्वार्थी (उप ५७०)।

अप्पकंप वि [अप्रकम्प] निश्चल, स्थिर (ठा १०)।

अप्पकेर वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (प्रामा)।

अप्पक्क वि [अपक्व] नहीं पका हुआ, कच्चा (सुपा ४१३)।

अप्पग देखो अप्प (आव ४; आचा)।

अप्पगास पुं [अप्रकाश] प्रकाश का अभाव, अन्धकार (निचू १)।

अप्पगुत्ता स्त्री [दे] कपिकच्छू, कौंच वृक्ष (दे १, २९)।

अप्पजाणुअ वि [आत्मज्ञ] आत्मा का जानकार (प्राकृ १८)।

अप्पजाणुअ वि [अल्पज्ञ] अज्ञ, मूर्ख (प्राकृ १८)।

अप्पज्झ वि [दे] आत्म-वश, स्वाधीन (दे १, १४)।

अप्पडिआर वि [अप्रतिकार] इलाज-रहित, उपाय-रहित (मा ४३)।

अप्पडिकंटय वि [अप्रतिकण्टक] प्रतिपक्ष-शून्य, प्रतिस्पर्धि-रहित (राय)।

अप्पडिकम्म वि [अप्रतिकर्मन्] संस्कार-रहित, परिष्कार-वर्जित; 'सुण्णागारे व अप्पडिकम्मे' (पण्ह २, ५)।

अप्पडिक्कंत वि [अप्रतिक्रान्त] दोष से अनिवृत्त, व्रत-नियम में लगे हुए दूषणों की जिसने शुद्धि न की हो वह (औप)।

अप्पडिकुट्ठ वि [अप्रतिकुष्ट] अनिवारित, नहीं रोका हुआ (ठा २, ४)।

अप्पडिचक्क वि [अप्रतिचक्र] अतुल्य, असमान (णंदि)।

अप्पडिण्ण } देखो अपडिण्ण (आचा)।
अप्पडिन्न }

अप्पडिबंध पुं [अप्रतिबन्ध] १ प्रतिबन्ध का अभाव। २ वि. प्रतिबन्ध-रहित (सुपा ६०८)।

अप्पडिबद्ध देखो अपडिबद्ध (उत्त २९; पि २१८)।

अप्पडिबुद्ध वि [अप्रतिबुद्ध] १ अ-जागृत। २ कोमल, सुकुमार (अभि १९१)।

अप्पडिम वि [अप्रतिम] असाधारण, अनुपम (उप ७६८ टी; सुपा ३५)।

अप्पडिरूव वि [अप्रतिरूप] ऊपर देखो (उप ७२८ टी)।

अप्पडिलद्ध वि [अप्रतिलब्ध] अप्राप्त (णाया १, १)।

अप्पडिलेस्स वि [अप्रतिलेश्य] असाधारण मनो-बलवाला (औप)।

अप्पडिलेहण न [अप्रतिलेखन] अपर्यवेक्षण, अनवलोकन, नहीं देखना (आव ६)।

अप्पडिलेहणा स्त्री [अप्रतिलेखना] ऊपर देखो (कप्प)।

अप्पडिलेहिय वि [अप्रतिलेखित] अ-पर्यवेक्षित, अनवलोकित, नहीं देखा हुआ (उवा)।

अप्पडिलोम वि [अप्रतिलोम] अनुकूल (भग २५, ७; अभि २४)।

अप्पडिवरिय पुं [अप्रतिवृत] प्रदोष काल (बृह १)।

अप्पडिवाइ वि [अप्रतिपातिन्] १ जिसका नाश न हो ऐसा, नित्य (सुर १४, २६)। २ अवधिज्ञान का एक भेद, जो केवल ज्ञान को बिना उत्पन्न किये नहीं जाता (विसे)।

अप्पडिहत्थ वि [अप्रतिहस्त] असमान, अद्वितीय (से १३, १२)।

अप्पडिहय वि [अप्रतिहत] १ किसी से नहीं रुका हुआ (पण्ह २, ५)। २ अखण्डित, अबाधित; 'अप्पडिहयसासणे' (णाया १,१६)। ३ विसंवाद-रहित 'अप्पडिहयवरनाणदंसणधरे' (भग १, १)।

अप्पडीबद्ध देखो अपडिबद्ध; 'निम्ममनिरहंकारा निअयसरीरेवि अप्पडीबद्धा' (संथा ६०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्पड्ढिय वि [अल्पर्द्धिक] थोड़ी ऋद्धि-वाला, अल्प वैभववाला (सुपा ४३०)।

अप्पण न [अर्पण] १ भेंट, उपहार, दान (श्रा २७)। २ प्रधान रूप से प्रतिपादन (विसे १८४३)।

अप्पण देखो अप्प = आत्मन् (आचा; उत्त १; महा; हे ४, ४२२)।

अप्पण वि [आत्मीय] स्वकीय, निजका; 'नो अप्पणा पराया गुरुणो कइयावि होंति सुद्धाणं' (सट्ठि १०५)।

अप्पणय वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (पउम ५०,१६; सुपा २७६; हे २,१५३)।

अप्पणा अ [स्वयम्] स्वयं, आप, निज, खुद (षड्)।

अप्पणिज्ज, अप्पणिज्जिय } वि [आत्मीय] स्वकीय, स्वीय (ठा १; आवम)।

अप्पणो अ [स्वयम्] आप, खुद, निज; 'विअसंति अप्पणो चेव कमलसरा' (हे २, २०९)।

अप्पण्ण देखो अक्कम = आ + क्रम्। अप्पण्णइ (प्राकृ ७३)।

अप्पण्णुअ देखो अप्पजाणुअ = आत्मज्ञ, अल्पज्ञ (प्राकृ १८)।

अप्पतक्किय वि [अप्रतर्कित] अवितर्कित, असंभावित (स ५३०)।

अप्पत्त पुंन [अपात्र] १ अयोग्य, नालायक, कुपात्र; 'अण्णेवि हु अप्पत्ता परर्द्धि नेय विसहंति' (सुर ३, ४५; गा १५७)। २ वि. आधार-रहित, भाजन-शून्य (सुर १३, ४५)।

अप्पत्त वि [अपत्र] १ पत्ता से रहित (वृक्ष) (सुर ३, ४५)। २ पांख से रहित (पक्षी) (सूअ १, १४)।

अप्पत्त वि [अप्राप्त] अलब्ध, अनवाप्त (सुर १३,४५; ओघ ८६)। °कारि वि [°कारिन्] वस्तु का बिना स्पर्श किये ही (दूर से) ज्ञान उत्पन्न करनेवाला, 'अप्पत्तकारि णयणं' (विसे)।

अप्पत्ति स्त्री [अप्राप्ति] नहीं पाना (सुर ४, २१३)।

अप्पत्तिय पुंन [अप्रत्यय] अविश्वास (स ६६७; सुपा ५१२)।

अप्पत्तिय न [अप्रीति] १ अप्रीति, प्रेम का अभाव (ठा ४, ३)। २ क्रोध, गुस्सा (सूअ १, १, २)। ३ मानसिक पीड़ा (आचा)। ४ अपकार (निचू १)।

अप्पत्तिय वि [अपात्रिक] पात्र-रहित, आधार-वर्जित (भग १६, ३)।

अप्पत्तियण न [अप्रत्ययन] अविश्वास, अश्रद्धा (उप ३१२)।

अप्पत्थ वि [अप्रार्थ्य] १ प्रार्थना करने के अयोग्य। २ नहीं चाहने लायक (सुपा ३३६)।

अप्पत्थण न [अप्रार्थन] १ अयाच्ञा। २ अनिच्छा, अचाह (उत्त ३२)।

अप्पत्थिय वि [अप्रार्थित] १ अयाचित। २ अनभिलषित, अवांछित (जं ३)। °पत्थय, °पत्थिय वि [°प्रार्थक, °र्थिक] मरणार्थी, मौत को चाहनेवाला; 'कीस णं एस अप्पत्थिय-पत्थए दुरंतपंतलक्खणे' (भग ३, २; णाया १, ६; पि ७१)।

अप्पत्थुय वि [अप्रस्तुत] प्रसंग के अनुपयुक्त, विषयान्तर (सुपा १०९)।

अप्पदुट्ठ वि [अप्रद्विष्ट] जिसपर द्वेष न हो वह, प्रीतिकर (ओघ ७४४)।

अप्पदुस्समाण वकृ [अप्रद्विष्यत्] द्वेष नहीं करता हुआ (अंत १२)।

अप्पप्प वि [अप्राप्य] प्राप्त करने के अशक्य (विसे २६८७)।

अप्पभाय न [अप्रभात] १ बड़ी सबेर। २ वि. प्रकाश-रहित, कान्ति-वर्जित; 'अज्ज पुण अप्पभाए गयणे' (सुर ११, ११०)।

अप्पभु वि [अप्रभु] १ असमर्थ (भग)। २ पुं. मालिक से भिन्न, नौकर वगैरह (धर्म ३)।

अप्पमज्जिय वि [अप्रमार्जित] साफ नहीं किया हुआ (उवा)।

अप्पमत्त वि [अप्रमत्त] प्रमाद-रहित, साव-धान, उपयोगवाला (पण्ह २,५; हे १,२३१; अभि १८५)। °संजय पुंस्त्री [°संयत] १ प्रमाद-रहित मुनि। २ न. सातवां गुण-स्थानक (भग ३, ३)।

अप्पमाण देखो अपमाण (बृह ३; पण्ह २,३); 'अइक्कमित्ता जिणरायआणं, तवंति तिव्वं तवमप्पमाणं। पढंति नाणं तह दिंति दाणं, सव्वंपि तेसिं कयमप्पमाणं' (सत्त २०)।

अप्पमाय पुं [अप्रमाद] प्रमाद का अभाव (निचू १)।

अप्पमेय वि [अप्रमेय] १ जिसका माप न हो सके, अनन्त (पउम ७५, २३)। २ जिसका ज्ञान न हो सके (धर्म १)। ३ प्रमाण से जिसका निश्चय न किया जा सके वह (पण्ह १, ४)।

अप्पय देखो अप्प (उवः पि ४०१)।

अप्परिच्चत्त वि [अपरित्यक्त] नहीं छोड़ा हुआ, अपरिमुक्त (सुपा ११०)।

अप्परिवडिय वि [अपरिपतित] अनष्ट, विद्यमान (श्रा ६)।

अप्पलहुअ वि [अप्रलघुक] महान्, बड़ा (से १, १)।

अप्पलीण वि [अप्रलीन] असंबद्ध, सङ्ग-वर्जित (सूअ १, १, ४)।

अप्पलीयमाण वकृ [अप्रलीयमान] आसक्ति नहीं करता हुआ (आचा)।

अप्पवित्त वि [अप्रवृत्त] प्रवृत्ति-रहित (पंचा १४)।

अप्पवित्ति स्त्री [अप्रवृत्ति] प्रवृत्ति का अभाव (धर्म १)।

अप्पसंत वि [अप्रशान्त] अशान्त, कुपित (पंचा २)।

अप्पसंसणिज्ज वि [अप्रशंसनीय] प्रशंसा के अयोग्य (तंदु)।

अप्पसज्झ वि [अप्रसह्य] १ सहने के अश-क्य। २ सहन करने के अयोग्य (वव ७)।

अप्पसण्ण वि [अप्रसन्न] उदासीन (नाट)।

अप्पसत्थ वि [अप्रशस्त] अचारु, असुन्दर, खराब (ठा ३, ३; भग; श्रा ४)।

अप्पसत्तिय वि [अल्पसत्त्विक] अल्प सत्त्व वाला, 'सुसमत्थाविसमत्था कीरंति अप्पसत्तिया पुरिसा' (सूअ १, ४, १)।

अप्पसारिय वि [अप्रसारिक] निर्जन, विजन (स्थान) (उर १७०)।

अप्पहवंत वकृ [अप्रभवत्] समर्थ नहीं होता हुआ, नहीं पहुँच सकता हुआ (स ३०५)।

अप्पहिय वि [अप्रथित] १ अविस्तृत। २ अप्रसिद्ध (सुपा १२५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्पाअप्पि स्त्री [दे] उत्कण्ठा, औत्सुक्य (पिंग)।

अप्पाउड वि [अप्रावृत] अनाच्छादित, नग्न (सूअ २, २)।

अप्पाउय वि [अल्पायुष्क] थोड़ा आयु-वाला (ठा ३, ३; पउम १४, ३०)।

अप्पाउरण वि [अप्रावरण] १ नग्न। २ न. वस्त्र का अभाव। ३ वस्त्र नहीं पहनने का नियम (पंचा ५; पव ४)।

अप्पाण देखो अप्प = आत्मन् (पण्ह १, २; ठा २, २; प्राप्र; हे ३, ५६)। °**रक्खि** वि [°रक्षिन्] आत्मा की रक्षा करनेवाला (उत्त ४)।

अप्पाबहु } न [अल्पबहुत्व] न्यूनाधिकता, **अप्पाबहुय** } कम-बेशीपन (नव ३२; ठा ४, २)।

अप्पावय वि [अप्रावृत] १ वस्त्र-रहित, नग्न (पण्ह २, १)। २ खुला हुआ, बन्द नहीं किया हुआ (सूअ १, ५, १)।

अप्पाविय वि [अर्पित] दिया हुआ (सुपा ३३१)।

अप्पाह सक [सं + दिश्] संदेश देना, खबर पहुँचाना। अप्पाहइ (षड्; हे ४, १८०)। अप्पाहेइ (गा ६३२)। संकृ. **अप्पाहट्टु,** **अप्पाहिवि** (पि ५७७; भवि)।

अप्पाह सक [आ + भाष्] संभाषण करना। अप्पाहइ (प्राकृ ७०)।

अप्पाह सक [अधि + आपय्] पढ़ाना, सीखाना। कर्म. अप्पाहिज्जइ (से १०, ७४)। वकृ. **अप्पाहेंत** (से १०,७५)। हेकृ. **अप्पा-हेउं** (पि २८६)।

अप्पाहणी स्त्री [दे] संदेश, समाचार (पिंड ४३०)।

अप्पाहण्ण न [अप्राधान्य] मुख्यता का अभाव, गौणता (पंचा १; भास ११)।

अप्पाहिय वि [संदिष्ट] संदेश दिया हुआ (भवि)।

अप्पाहिय वि [अध्यापित] १ पाठित, शिक्षित (से ११, ३८; १४, ६१)। २ न. सीख, उपदेश; 'अप्पाहियसरणं' (उप ५६२ टी)।

अप्पिड्ढिय वि [अल्पर्द्धिक] अल्प संपत्ति वाला (भग; पउम २, ७४)।

अप्पिण सक [अर्पय्] अर्पण करना, भेंट करना, देना; 'अहीरोवि वारगेण अप्पिणइ' (आक)। अप्पिणामि (पि ५५७)। अप्पि-णंति (विसे ७ टी)।

अप्पिणण न [अर्पण] दान, भेंट (उप १७४)।

अप्पिणिच्चिय वि [आत्मीय] स्वकीय, निजी (भग)।

अप्पिय वि [अर्पित] १ दिया हुआ, भेंट किया हुआ (विपा १, २; हे १, ६३)। २ विवक्षित, प्रतिपादन करने को इष्ट; 'जह दवियमप्पियं तं तहेव अत्थित्ति पज्जवनयस्स' (सम्म ४२)। ३ पुं. पर्यायार्थिक नय, 'अप्पि-यमयं विसेसो सामन्नमणप्पियनयस्स' (विसे)।

अप्पिय वि [अप्रिय] १ अनिष्ट, अप्रीतिकर (भग १, ५; विपा १, १)। २ न. मन का दुःख। ३ चित्त की शंका, 'अदु णाईणं व सुहीणं वा अप्पियं दट्ठु एगता होंति' (सूअ १, ४, १, १४)।

अप्पीइ स्त्री [अप्रीति] अप्रेम, अरुचि (सुपा २६४)।

अप्पीकय वि [आत्मीकृत] आत्मा से संबद्ध (विसे)।

अप्पुट्ठ वि [अस्पृष्ट] नहीं छूआ हुआ, असं-युक्त; 'जं अप्पुट्ठा भावा ओहिनाणस्स हुंति पचक्खा' (सम्म ८१)।

अप्पुट्ठ वि [अपृष्ट] नहीं पूछा हुआ (सुपा १११)।

अप्पुण्ण वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण (षड्)।

अप्पुल्ल वि [आत्मीय] आत्मा में उत्पन्न (हे २, १६३; षड्; कुमा)।

अप्पुव्व देखो अपुव्व; 'अप्पुव्वो पडिबंधो जीवियमवि चयइ मह कज्जे' (सुपा ३११)।

अप्पेयव्व देखो अप्प = अर्पय्।

अप्पोलि स्त्री [अप्रज्वलिता] कची फल-फुलहरी (श्रा २१)।

अप्पोल्ल वि [दे] पोल-रहित, नक्कर (बृह ३)।

अप्फडिअ वि [आस्फालित] आस्फालित, आहत (विसे २६८२ टी)।

अप्फाल सक [आ + स्फालय्] १ आस्फो-टन करना, हाथ से आघात करना। २ ताडना, पीटना। ३ ताल ठोकना। अप्फालेइ (महा)। कवकृ. **अप्फालिज्जंत** (राय)। संकृ. **अप्फा-लिऊण** (काप्र १८६; महा)।

अप्फालण न [आस्फालन] १ ताल ठोकना। २ ताड़न, आघात (गा ५४८; से ५, २२; सुपा ८७)।

अप्फालिय वि [आस्फालित] १ हाथ से ताडित, आहत (पि ३११)। २ वृद्धि प्राप्त, उन्नत (राज)।

अप्फुंद सक [आ + क्रम्] १ आक्रमण करना। २ जाना, 'संभाराओ व्व णहं अप्फुंदइ मलिअरविअरं कुसुमरओ' (से ६, ५७)।

अप्फुडिय देखो अफुडिय (जं २; दस ६)।

अप्फुण्ण वि [दे. आक्रान्त] आक्रान्त, दबाया हुआ (हे ४, २५८)।

अप्फुण्ण वि [अपूर्ण] अपूर्ण, अधूरा (गउड)।

अप्फुण्ण } वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण, भरा **अप्फुन्न** } हुआ (दे १, २०; सुर १०, १७०; पाअ); 'महया पुत्तसोएणं अप्फुन्ना समाणी' (निर १, १)।

अप्फुल्लय देखो अप्पुल्ल (गउड)।

अप्फोआ स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

अप्फोड सक [आ + स्फोटय्] १ आस्फा-लन करना, हाथ से ताल ठोकना। २ ताड़न करना। वकृ. **अप्फोडंत** (णाया १, ८; सुर १३, १८२)।

अप्फोडण न [आस्फोटन] आस्फालन (गउड)।

अप्फोडिय } वि [आस्फोटित] १ आस्फा-**अप्फोलिय** } लित, आहत। २ न. आस्फा-लन, आघात (पण्ह १, ३; कप्प)।

अप्फोया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (राय ८० टी)।

अप्फोव वि [दे] वृक्षादि से व्याप्त, गहन, निबिड (उत्त १८)।

अफल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक (द्र १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अफाय पुं [दे] भूमि-स्फोट, वनस्पति-विशेष (पएण १)।

अफास वि [अस्पर्श] १ स्पर्श-रहित (भग)। २ खराब स्पर्श वाला (सूत्र १, ५, १)।

अफासुय वि [अप्रासुक] १ सचित्त, सजीव (भग ५,६)। २ अग्राह्य (भिक्षा) (ठा ३,१)।

अफुड वि [अस्फुट] अस्पष्ट, अव्यक्त (सुर ३, १०६; २१३; गा २६६; उप ७२८ टी)।

अफुडिअ वि [अस्फुटित] अखण्डित, नहीं टूटा हुआ (कुमा)।

अफुस वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य (भग)।

अफुसिय वि [अभ्रान्त] भ्रम-रहित (कुमा)।

अफुस्स देखो अफुस (ठा ३, २)।

अबंभ न [अब्रह्म] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (पण्ह १,४)। °चारि वि [°चारिन्] ब्रह्मचर्य नहीं पालनेवाला (पि ४०५; ५१५)।

अबद्धिय पुं [अबद्धिक] 'कर्मो का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा माननेवाला एक निह्नव—जैनाभास। २ न. उसका मत (ठा ७; विसे)।

अबल वि [अबल] बल रहित, निर्बल (पउम ४८, ११७)।

अबला स्त्री [अबला] स्त्री, महिला, जनाना (पाअ)।

अबस पुं [अबश] वडवानल (से १, १)।

अबहिट्ठ न [दे. अबहित्थ] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (सूत्र १, ६)।

अबहिम्मण वि [अबहिर्मनस्क] धर्मिष्ठ, धर्म-तत्पर (आचा)।

अबहिल्लेस } वि [अबहिर्लेश्य] जिसकी
अबहिल्लेस्स } चित्त-वृत्ति बाहर न घूमती हो, संयत (भग; पण्ह २, ५)।

अबाधा देखो अबाहा (जीव ३)।

अबाह पुं [अबाह] देश-विशेष (इक)।

अबाहा स्त्री [अबाधा] १ बाध का अभाव (ओघ ५२ भा; भग १४, ८)। २ व्यवधान, अन्तर (सम १६)। ३ बाध-रहित समय (भग)।

अबाहिर अ [अबहिस्] बाहर नहीं, भीतर (कुमा)।

अबाहिरय वि [अबाह्य] भीतरी, आभ्यन्तर (वव १)।

अबाहिरिय वि [अबाहिरिक] जिसके किले के बाहर वसति न हो ऐसा गाँव या शहर (बृह १)।

अबीय देखो अबीय (कप्प)।

अबुज्झ अ [अबुद्ध्वा] नहीं जान कर, 'केसिचि तक्काइ अबुज्झ भावं' (सूत्र १, १३, २०)।

अबुद्ध वि [अबुध] १ अजान, मूर्ख। (दस २)। २ अविवेकी (सूत्र १, ११)।

अबुद्धिय } वि [अबुद्धिक] बुद्धि-रहित, मूर्ख
अबुद्धीय } (णाया १, १७; सूत्र १, २,१; पउम ८, ७४)।

अबुह वि [अबुध] १ अजान। (सूत्र १, २, १; जी १)। २ मूर्ख, बेवकूफ (पण्ह १, १)।

अबोह वि [अबोध] १ बोध-रहित, अजान। २ पुं. ज्ञान का अभाव (धर्म १)।

अबोहि पुंस्त्री [अबोधि] १ ज्ञान का अभाव (सूत्र २,६)। २ जैन धर्म की अप्राप्ति। ३ बुद्धि-विशेष का अभाव (भग १, ६)। ४ मिथ्या-ज्ञान, 'अबोहिं परियाणामि बोहिं उवसंपज्जामि' (आव ४)। ५ वि. बोधि-रहित (भग)।

अबोहिय न [अबोधिक] ऊपर देखो (दस ६; सूत्र १, १, २)।

अब्° स्त्री. ब. [अप्°] पानी, जल (श्रा २३)।

अब्बंभ देखो अबंभ (सुपा ३१०)।

अब्बंभण्ण } न [अब्रह्मण्य] ब्रह्मण्य का
अब्बम्हण्ण } अभाव (नाट; प्रयौ ७६)।

अब्बीय देखो अबीय (चेइय ७३८)।

अब्बुद्धसिरी स्त्री [दे] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति (दे १, ४२)।

अब्बुय पुं [अर्बुद] पर्वत-विशेष, जो आजकल 'आबू' नाम से प्रसिद्ध है (राज)।

अब्बुय न [अर्बुद] जमा हुआ शुक्र और शोणित (तंदु ७)।

अब्भ न [अभ्र] १ आकाश। (राय; पाअ)। २ मेघ, बादल (ठा ४, ४; पाअ)।

अब्भ सक [आ + भिद्] भेदन करना। अब्भे (आचा १, १, २, ३)।

अब्भंग सक [अभि + अञ्ज्] तैल आदि से मर्दन करना, मालिश करना। अब्भंगइ, अब्भंगेइ (महा)। संकृ. अब्भंगिउं, अब्भंगेत्ता, अब्भंगित्ता (ठा ३, १; पि २३४)। हेकृ. अब्भंगेत्तए (कस)।

अब्भंग पुं [अभ्यङ्ग] तैल-मर्दन, मालिश (निचू ३)।

अब्भंगण न [अभ्यञ्जन] ऊपर देखो (णाया १, १; महा)।

अब्भंगिएल्लय } वि [अभ्यक्त] तैलादि से
अब्भंगिय } मर्दित, मालिश किया हुआ (ओघ ८२; कप्प)।

अब्भंतर न [अभ्यन्तर] १ भीतर, में (गा ६२३)। २ वि. भीतर का, भीतरी (राय; महा)। ३ समीप का, नजदीक का (सम्बन्धी) (ठा ८)। °ठाणिज्ज वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोग (विपा १, ३)। °तव पुं [°तपस्] विनय, वैयावृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग रूप अन्तरंग तप (ठा ६)। °परिसा स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनों की सभा (राय)। °लद्धि स्त्री [°लब्धि] अवधिज्ञान का एक भेद (विसे)। °संबुक्का स्त्री स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गति-विशेष (ठा ६)। °सगडुद्धिया स्त्री [°शकटोर्द्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष (पव ५)।

अब्भंतर वि [अभ्यन्तर] भीतरी, भीतर का (जं ७; ठा २, १; पएण ३६)।

अब्भंसि वि [अभ्रंशिन्] १ भ्रष्ट नहीं होनेवाला (नाट)। २ अनष्ट (कुमा)।

अब्भक्खइज्ज देखो अब्भक्खा

अब्भक्खण न [दे] अकीर्त्ति, अपयश (दे १, ३१)।

अब्भक्खा सक [अभ्या + ख्या] झूठा दोष लगाना, दोषारोप करना। अब्भक्खाइ (भग ५; ७)। कृ. अब्भक्खइज्ज (आचा)।

अब्भक्खाण न [अभ्याख्यान] झूठा अभियोग, असत्य दोषारोप (पण्ह १,२)।

अब्भट्ठ देखो अब्भत्थिय; 'उ(?अ)ब्भट्ठपरिन्नायं' (पिंड २८१)।

अब्भड अ [दे] पीछे जाकर (हे ४, ३६५)।

अब्भणुजाण सक [अभ्यनु + ज्ञा] अनुमति,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देना, सम्मति देना। अब्भणुजाणिस्सदि (शौ) (पि ५३४)।

अब्भणुण्णा [अभ्यनुज्ञा] अनुमति, सम्मति (राज)।

अब्भणुण्णाय वि [अभ्यनुज्ञात] अनुमत, संमत (ठा ५, १)।

अब्भणुन्ना देखो **अब्भणुण्णा**।

अब्भणुन्नाय देखो **अब्भणुण्णाय** (णाया १, १; कप्प; सुर ३, ८८)।

अब्भण्ण न [अभ्यर्ण] १ निकट, नजदीक। २ वि. समीपस्थ (पउम ६८, ९८)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ६८, ५८)।

अब्भत्त वि [अभ्यक्त] १ तैलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ। २ सिक्त, सींचा हुआ; 'दिसि-दिसि चब्भत्तभूरिकेयारो, पत्तो वासा-रत्तो' (सुर २, ७८)।

अब्भत्थ वि [अभ्यस्त] पठित, शिक्षित (सुपा ६७)।

अब्भत्थ सक [अभि + अर्थय्] १ सत्कार करना। २ प्रार्थना करना। अब्भत्थम्ह (पि ४७०)। संकृ. **अब्भत्थइअ, अब्भत्थिअ** (नाट)। कृ. **अब्भत्थणीय** (अभि ७०)।

अब्भत्थण न [अभ्यर्थन] १ सत्कार। २ प्रार्थना (कप्पू; हे ४, ३८४)।

अब्भत्थणा, अब्भत्थणिया } स्त्री [अभ्यर्थना] १ आदर, सत्कार (से ४, ४८)। २ प्रार्थना, विज्ञप्ति (पंचा ११; सुर १, १६);

'न सहइ अब्भत्थणियं, असइ
गयाणंपि पिट्ठिमंसाइ।
दट्ठूण भासुरमुहं, खलसीहं
को न बीहेइ' (वज्जा १२)।

अब्भत्थिय वि [अभ्यर्थित] १ आदृत, सत्कृत। २ प्रार्थित (सुर १, २१)।

अब्भन्न देखो **अब्भण्ण** (पाअ)।

अब्भपडल न [दे] उपधातु-विशेष, भोडल, अभ्रक, अबरक (उत्त ३६, ७५)।

अब्भपिसाअ पुं [दे. अभ्रपिशाच] राहु (दे १, ४२)।

अब्भय पुं [अर्भक] बालक, बच्चा (पाअ)।

अब्भय पुं [अभ्रक] अबरख (जी ४)।

अब्भरहिय वि [अभ्यर्हित] सत्कार-प्राप्त, गौरवशाली (बृह १)।

अब्भवहरिय वि [अभ्यवहृत] भुक्त (सुख २, १७)।

अब्भवहार पुं [अभ्यवहार] भोजन, खाना (विसे २२१)।

अब्भवालुया स्त्री [दे] अभ्रक का चूर्ण (उत्त ३६, ७५)।

अब्भव्व देखो **अभव्व**; 'अब्भव्वाणं सिद्धा णंतगुणा णंतया भव्वा' (पसं ८४)।

अब्भस सक [अभि + अस्] सीखना, अभ्यास करना। वकृ. **अब्भसंत** (स ६०६)। कृ. **अब्भसियव्व** (सुर १४, ८५)।

अब्भसण न [अभ्यसन] अभ्यास (दसनि १)।

अब्भसिय वि [अभ्यस्त] सीखा हुआ (सुर १, १८०; ६, १६)।

अब्भहर पुं [दे] अभ्रक (पंच ३, ३९)।

अब्भहिय वि [अभ्यधिक] विशेष, ज्यादा (सम २; सुर १, १७०)।

अब्भाअच्छ वि [अभ्या + गम्] संमुख आना, सामने आना। अब्भाअच्छइ (षड्)।

अब्भाइक्ख देखो **अब्भक्खा**। अब्भाइक्खइ, अब्भाइक्खेज्जा (आचा)।

अब्भागम पुं [अभ्यागम] १ संमुखागमन। २ समीप स्थिति (निचू २)।

अब्भागमिय, अब्भागय } वि [अभ्यागत] १ संमु-खागत। २ पुं. आगन्तुक, पाहुन, अतिथि (सूअ १,२,३; सुपा ५)।

अब्भायत्त, अब्भायत्थ } वि [दे] प्रत्यागत, वापस आया हुआ (दे १, ३१)।

अब्भास पुं [अभ्यास] गुणाकार (अणु ७४; पिंड ५५५)।

अब्भास न [अभ्यास] १ निकट, नजदीक (से ६, ६०; पाअ)। २ वि. समीपवर्ती, पार्श्व-स्थित (पाअ)। ३ पुं. शिक्षा, पढ़ाई, सीख। ४ आवृत्ति (पाअ; बृह १)। ५ आदत (ठा ४, ४)। ६ आवृत्ति से उत्पन्न संस्कार (धर्म २)। ७ गणित का संकेत-विशेष (कम्म ४, ७८; ८३);

अब्भास सक [अभि + अस्] अभ्यास करना, आदत डालना;

'जं अब्भासइ जीवो, गुणं च दोसं च
एत्थ जम्मम्मि।
तं पावइ पर-लोए, तेण य
अब्भास-जोएण' (धर्म २; भवि)।

अब्भाहय वि [अभ्याहत] आघात-प्राप्त (महा)।

अब्भिंग देखो **अब्भंग** = अभि+अंज्। प्रयो. अब्भिंगावेइ (पि २३४)।

अब्भिंग देखो **अब्भंग** = अभ्यंग (णाया १, १८)।

अब्भिंगण देखो **अब्भंगण** (कप्प)।

अब्भिंगिय देखो **अब्भंगिय** (कप्प)।

अब्भिंतर देखो **अब्भंतर** (कप्प; सं ७; पण्ह ३, ५; णाया १, १३)।

अब्भिंतरओ अ [अभ्यन्तरतस्] १ भीतर से। २ भीतर में (आवम)।

अब्भिंतरिय वि [आभ्यन्तरिक] भीतर का, अन्तरंग (सम ६७; कप्प; णाया १, १)।

अब्भिंतरुद्धि पुं [अभ्यन्तरोर्ध्विन्] कायो-त्सर्ग का एक दोष, दोनों पैर के अंगूठों को मिलाकर और पृष्णियों को बाहर फैलाकर किया जाता ध्यान-विशेष (चेइय ४८७)।

अब्भिट्ट वि [दे] संगत, सामने आकर भिड़ा हुआ; 'हत्थी हत्थीण समं अब्भिट्टो रहवरो सह रहेणं' (पउम ६, १८२; ६८, २७)।

अब्भिड सक [सं+गम्] संगति करना, मिलना। अब्भिडइ (कुमा; हे ४, १६४)। अब्भिडसु (सुपा १५२)।

अब्भिडिअ वि [संगत] संगत, युक्त (पाअ; दे १, ७८)।

अब्भिडिअ वि [दे] सार, मजबूत (दे १, ७८)।

अब्भिण्ण वि [अभिन्न] भेदरहित (धर्म २)।

अब्भुअअ देखो **अब्भुदय** (से १५, ६५; स ३०)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] १ विनाशित (ठा १०)। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ५)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] लघु प्रायश्चित्त वाला (वव १)।

उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित्त (कस)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्कुज्ज अक [उत् + कुब्ज्] ऊँचा होकर नीचा होना। संकृ. उक्कुज्जिय (आचा)।

उक्कुजिय न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द (नीचू)।

उक्कुट्ठ न [उत्कुष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण (आचा; निचू १, ४)।

उक्कुट्ठ वि [उत्क्रुष्ट] ऊँचे स्वर से आक्रुष्ट (दे १, ४७)।

उक्कुडुग } वि [उत्कुटुक] आसन-विशेष, उक्कुडुय } निषद्या-विशेष (भग ७, ६; ओघ १५९ भा; णाया १, १)। स्त्री. उक्कुडुई (ठा ५, १)। °ासणिय वि [°ासनिक] उत्कुटुक-आसन से स्थित (ठा ५, १)।

उक्कुद्द अक [उत् + कूर्द्] कूदना, उछलना। उक्कुद्दइ (उत्त २७, ५)।

उक्कुरुआ देखो उक्कुरुडिया (ती ११)।

उक्कुरुड पुं देखो उक्कुरुडी (कुप्र ५५)।

उक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर (दे १, ११०)।

उक्कुरुडिगा, उक्कुरुडिया, उक्कुरुडी } स्त्री [दे] घूरा, कूड़ा डालने की जगह (उव ५९३ टी; विपा १, १, णाया १, २; दे १, ११०)।

उक्कुस सक [गम्] जाना, गमन करना। उक्कुसइ (हे ४, १६२)।

उक्कुस वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ (कुमा)।

उक्कूइय न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि (पण्ह १, १)।

उक्कूल वि [उत्कूल] १ सन्मार्ग से भ्रष्ट करनेवाला। २ किनारे से बाहर का। ३ न. चोरी (पण्ह १, ३)।

उक्कूव अक [उत् + कूज्] अव्यक्त आवाज करना, चिल्लाना। वकृ. उक्कूवमाण (विपा १, ८; निर ३, १)।

उक्केर पुं [उत्कर] १ समूह, राशि, ढेर (कुमा; महा)। २ करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढ़ाना (विसे २५१४)। ३ भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह (राज)।

उक्केर पुं [दे] उपहार, भेंट (दे १, ९६)।

उक्केल्लाविय वि [दे] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ; 'राइणा उक्केलियाइं चोल्लयाइं, निरूवियाइं समन्तओ, जाव दिट्ठं कत्थइ सुवण्णं, कत्थइ रुप्पयं, कत्थइ मणिमोत्तियपवालाइं' (महा)।

उक्कोट्टिय वि [दे] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ (स ६३९)।

उक्कोड न [दे] राज-कुल में दातव्य द्रव्य, राजा आदि को दिया जाता उपहार (वव १ टी)।

उक्कोडा स्त्री [दे] घूस, रिशवत (दे १, ९२; पण्ह १, ३; विपा १, १)।

उक्कोडिय वि [दे] घूस लेकर कार्य करनेवाला, घुसखोर (णाया १, १; औप)।

उक्कोडी स्त्री [दे] प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि (दे १, ९४)।

उक्कोय वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट (सण)।

उक्कोयण देखो उक्कोवण (भवि)।

उक्कोया स्त्री [उत्कोचा] १ घूस, रिशवत। २ मूर्ख को ठगने में प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना (राज)।

उक्कोल पुं [दे] घाम, धूप, गरमी (दे १, ८७)।

उक्कोवण न [उक्कोपन] उद्दीपन, उत्तेजन; 'मयणुक्कोवणए' (भवि)।

उक्कोविअ वि [उत्कोपित] अत्यंत क्रुद्ध किया हुआ (उप पृ ७८)।

उक्कोस सक [उत् + क्रुश्] १ रोना, चिल्लाना। २ तिरस्कार करना। वकृ. उक्कोसंत (राज)।

उक्कोस वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, प्रधान, मुख्य (पंचा १, २)।

उक्कोस पुं [उत्कर्ष] १ प्रकर्ष, अतिशय; 'उक्कोसजहन्नेणं अंतमुहुत्तं चिय जियंति' (जी ३८; औप)। २ गर्व, अभिमान (सूअ १, २, २, २९; सम ७१; ठा ४, ४—पत्र २७४)।

उक्कोस वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक; 'सुरनेरइयाण ठिई उक्कोसा सागराणि तित्तीसं' (जी ३६); 'कोसतिगं च मणुस्सा उक्कोससरीरमाणेणं' (जी ३२); 'तओ वियडत्तीओ पडिगाहित्तए, तं जहा—उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा' (ठा ३; उव)।

उक्कोस पुं [उत्क्रोश] १ कुरर, पक्षि-विशेष (पण्ह १, १)। २ वि. जोर से चिल्लानेवाला (राज)।

उक्कोसण न [उत्क्रोशन] १ क्रन्दन। २ निर्भर्त्सन, तिरस्कार;

'उक्कोसणतज्जणताडणाओ
अवमाणहीलणाओ य।
मुणिणो मुणियपरभवा
दढप्पहारिव्व विसहंति' (उव)।

उक्कोसा स्त्री [उत्क्रोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या (धर्म वि ९७)।

उक्कोसिअ वि [उत्क्रोशित] भर्त्सित, तिरस्कृत, दुतकारा हुआ (उप पृ ७८)।

उक्कोसिअ वि[उत्कर्षिन्] देखो उक्कोस = उत्कृष्ट (कप्प; भत्त ३७)।

उक्कोसिअ पुं [उत्कौशिक] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्त्तक एक ऋषि। २ न. गोत्र-विशेष; 'थेरस्स णं अज्जवइरसेणस्स उक्कोसियगोत्तस्स (कप्प)।

उक्कोसिअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (षड्)।

उक्कोसिया स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य (भग)।

उक्कोस्स देखो उक्कोस = उत्कृष्ट (विसे ५८७)।

उक्ख सक [उक्ष्] सींचना (सूअ २, २, ५५)।

उक्ख [उक्त] १ संबन्ध (राज)। २ जैन साध्वियों के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश (बृह १)।

उक्ख देखो उच्छ = उक्षन् (पाअ)।

उक्खइअ वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ (से १, ३३)।

उक्खंड सक [उत् + खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना। वकृ. उक्खंडंत (नाट)।

उक्खंड पुं [दे] १ संघात, समूह। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १, १२६)।

उक्खंडण न [उत्खण्डन] उत्कर्त्तन, विच्छेदन (विक्र २८)।

उक्खंडिअ वि [उत्खण्डित] खण्डित, छिन्न (से ५, ४३)।

उक्खंडिअ वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ (से १, ११२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्खंद पुं [अवस्कन्द] १ घेरा डालना। २ छल से शत्रु-सैन्य को मारना (पराह १, २)।

उक्खंभ पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा (संथा)।

उक्खंभिय देखो उत्थंभिय (भवि)।

उक्खंभिय न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा (राज)।

उक्खडमड्डा अ [दे] पुनः पुनः, बारंबार; 'उक्खडमड्डुत्ति वा भुज्जो भुज्जोत्ति वा पुणो पुणोत्ति वा एगट्ठा' (वव १)।

उक्खण सक [उत् + खन्] उखाड़ना, उच्छेदन करना, काटना। उक्खणाहि (पराह १, १)। संकृ. उक्खणिऊण (तीत्र १)। कर्म. उक्खम्मंति (पि ५४०)। कवकृ. उक्खम्मंत (से ७, २८)। कृ. उक्खम्मिअव्व (से १०, २६)।

उक्खण सक [दे] खाँड़ना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना (दे १, ११५)।

उक्खण वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित (षड्)।

उक्खणण न [उत्खनन] उन्मूलन, उत्पाटन (वराह १, १)।

उक्खणण न [दे] खाँड़ना, निस्तुषीकरण (दे १, ११५ टी)।

उक्खणिअ न [दे] खरिडत, निस्तुषीकृत (दे १, ११५)।

उक्खत्त देखो उक्खय (पि ६०; १६३; ५६६)।

उक्खम्म° देखो उक्खण = उत् + खन्।

उक्खय वि [उत्खात] १ उखाड़ा हुआ, उन्मूलित (णाया १, ७; हे १, ६७; षड्; महा)। २ खुला हुआ, उद्घाटित;
'एत्थन्तरम्मि पत्तो, सुदाढविजाहरो तहिं भवणे।
उक्खयखग्गा दिट्ठा, जूयारा तेणवि दुवारे' (सुवा ४००)।

उक्खल } **उक्खलग** } देखो उऊखल (हे २, ६०; सूत्र १, ४, २, १२)।

उक्खलिय वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित (से ६, २६)।

उक्खलिया } **उक्खली** } स्त्री [दे] थाली, पात्र-विशेष (दे १, ८८); 'उक्खलिया थाली जा साधुणिमित्तं सा आहाकम्मिया' (निचू १)।

उक्खा स्त्री [ऊखा] स्थाली, भाजन-विशेष (आचा २, १, १)।

उक्खाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत (उतर ६७)।

उक्खाय देखो उक्खय (हे १, ६७; गा २७३)।

उक्खाल सक [उत् + खन्, खालय्] उखाड़ना, उन्मूलन करना। संकृ. उक्खलइत्ता (रंभा)।

उक्खिण देखो उक्खण = उत् + खन्। उक्खिणामि (भवि)। संकृ. उक्खिणिवि (अप) (भवि)।

उक्खिण्ण वि [दे] १ अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित। २ आछन्न, गुप्त। ३ पार्श्व में शिथिल, एक तरफ से ढीला (दे १, १३०)।

उक्खित्त } **उक्खित्तय** } विं [उत्क्षिप्त] १ फेंका हुआ। २ ऊँचा उड़ाया हुआ (पाअ)। ३ ऊँचा किया हुआ (णाया १, १)। ४ उन्मूलित, उत्पाटित (राज)। ५ बाहर निकाला हुआ (पराह २, १)। ६ उत्थित (पिंग)। ७ न. गेय-विशेष (राय; ठा ४, ४)। °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु) (पराह २, १)।

उक्खिप्प देखो उक्खिव = उत् + क्षिप्।

उक्खिय वि [उक्षित] सिक्त, सींचा हुआ; 'चंदणोक्खियगायसरीरे' (सूत्र २, २, ५५; कप्पू)।

उक्खिल्ल सक [दे] उखाड़ना। प्रयो.; हेकृ. 'उक्खिल्लाविउ माढत्तो थूभो' (ती ७)।

उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना, 'सुयस्स य भगवओ चेव नामं उक्खिविस्सामो' (स १६२)।

उक्खिव सक [उत् + क्षिप्] १ फेंकना। २ ऊँचा फेंकना। ३ उड़ाना। ४ बाहर करना। ५ काटना। ६ उठाना। उक्खिवेइ (सूक्त ५६)। वकृ. 'पाएवि उक्खिवंती न लज्जति णट्टिया सुणेवत्था' (बृह ३)। संकृ. उक्खिविउं; उक्खिप्प (पि ५७५; आचा २, २, ३)। कवकृ. उक्खिप्पंत, उक्खिप्पमाण (से ६, ३५; पराह १, ४), उच्छिप्पंत (से २, १३)।

उक्खिवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना, दूर करना। २ वि. दूर करनेवाला (कुमा)।

उक्खिवणा स्त्री [उत्क्षेपणा] बाहर करना, दूर करना (बृह १)।

उक्खिविय देखो उक्खित्त (सुर २, १८०)।

उक्खुंड पुं [दे] १ उल्मुक, अलात, मशाल। २ समूह। ३ वस्त्र का एक अंश, अञ्चल (दे १, १२९)।

उक्खुड सक [तुड्] तोड़ना, टुकड़ा करना। उक्खुडइ (हे ४, ११६)।

उक्खुडिअ वि [तुडित] १ खरिडत, छिन्न, भिन्न (कुमा; से ४, २१; सुपा २६२)। २ व्यय किया हुआ, खर्च किया हुआ;
'एत्तियकाला इरिह, उक्खुडियं सालिमाइयं नाउं।
तुह जोग्गं तो सहसा, पुणो पुणो कुट्टियं हिययं' (सुपा १५)।

उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ, 'रएणु दुरदंतुक्खुत्तविसंवलियं तिलच्छेत्तं' (गा ७६६)।

उक्खुब्भ अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना। उक्खुब्भइ (प्राकृ ७५)।

उक्खुरुहुंचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (दे १, ४)।

उक्खुलंप सक [दे] खुजवाना। संकृ. उक्खुलंपिय (आचा २, १, ६, २)।

उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त (से ७, १६)।

उक्खेव पुं [उत्क्षेप] १ उत्पाटन, उन्मूलन (ओप)। २ ऊँचा करना (गउड)। ३ जो उठाया जाय वह; 'उक्खेवे निक्खेवे महल्लभाणम्मि' (पिंड ५७०)।

उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका (उवा; विपा १, २, ३, ४)।

उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] १ ऊँचा फैंकनेवाला। २ पुं. एक जाति का पंखा, व्यजन-विशेष (पराह २, ५)।

उक्खेवण न [उत्क्षेपण] १ फेंकना (पउम ३७, ५०)। २ उन्मूलन, उत्पाटन (सूत्र २, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्कंठिय } वि [उत्कण्ठित] उत्सुक (गा ५४२; सुर ३, ८६; पउम ११, ११८; वज्जा ६०)।
उक्कंठिर }
उक्कंठुलय }

उक्कंड वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ, विशेष कण्डित (पिंड १७१)।

उक्कंडय सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना, 'दियसेवि भूअसंभावणाए उक्कंटयंति अंगाइं' (गउड)।

उक्कंडय वि [उत्कण्टक] पुलकित, रोमाञ्चित (गउड)।

उक्कंडा स्त्री [दे] घूस, रिशवत (दे १, ६२)।

उक्कंडिअ वि [दे] १ आरोपित। २ खण्डित (षड्)।

उक्कंत वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ (भवि)।

उक्कंति } स्त्री [दे] देखो उक्कंदा (दे १, ८७)।
उक्कंती }

उक्कंद वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ, वञ्चित (षड्)।

उक्कंदल वि [उत्कन्दल] अंकुरित (गउड)।

उक्कंदि } स्त्री [दे] कूपतुला (दे १, ८७)।
उक्कंदी }

उक्कंप अक [उत् + कम्प्] काँपना, हिलना।

उक्कंप पुं [उत्कम्प] कम्प, चलन (सण; गा ७३५)।

उक्कंपिय वि [उत्कम्पित] १ चञ्चल किया हुआ (राज)। २. न. कम्प, हिलन ; 'णीसासुक्कंपिअपुलइएहिं जाणंति णच्चिउं धण्णा। अम्हारिसीहिं दिट्ठे, पिअम्मि अप्पावि वीसरिओ' (गा ३६१)।

उक्कंपिय वि [दे] धवलित, सफेद किया हुआ (कप्प)।

उक्कंबण न [दे. अवकम्बन] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाँधना, घर का संस्कार-विशेष (बृह १)।

उक्कंबिय वि [दे. अवकम्बित] काठ से बाँधा हुआ (राज)।

उक्कच्छ वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट (पिंग)।

उक्कच्छा स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष (पिंग)।

उक्कच्छिआ स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियों को पहनने का वस्त्र-विशेष (ओघ ६७७)।

उक्कज्ज वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल (षड्)।

उक्कट्ठि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि (वुड्ड १)।

उक्कट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, 'महता उक्कट्ठिसीहणादकलकलरवेणं' (सुज्ज १९—पत्र २७८)। देखो उक्किट्ठि।

उक्कड वि [उत्कट] १ तीव्र, प्रचण्ड, प्रखर (णंदि; महा)। २ विशाल, विस्तीर्ण (कप्प; सुर १, १०६)। ३ प्रबल (उवा; सुर ६, १७२)।

°उक्कड देखो दुक्कड (उप ६४६)।

उक्कडिय वि [दे] तोड़ा हुआ, छिन्न (पाअ)।

उक्कडिय देखो उक्कुडुय (कस)।

उक्कड्ढ सक [उत् + कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढ़ाना। उक्कड्ढए (कम्म ५, ९८ टी)।

उक्कड्ढग पुं [अपकर्षक] १ चोर की एक-जाति—जो घर से धन आदि ले जाते हैं। २ जो चोरों को बुलाकर चोरी कराते हैं। ३ चोर की पीठ ठोकने वाले, चोर के सहायक (पण्ह १, ३ टी)।

उक्कड्ढिय वि [उत्कर्षित] १ उत्पाटित, उठाया हुआ। २ एक स्थान से उठा कर अन्यत्र स्थापित (पिंड ३६१)।

उक्कण्ण वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक (से ६, १६)।

उक्कत्त सक [उत् + कृत्] काटना, कतरना। वकृ. उक्कत्तंत (सुपा २१६)।

उक्कत्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न (विपा १, २)।

उक्कत्तण न [उत्कर्त्तन] काट डालना, छेदन (पुप्फ ३८४)।

उक्कत्तिय देखो उक्कत्त = उत्कृत्त (पउम ५६, २४)।

उक्कत्थण न [उत्कत्थन] उखाड़ना (पण्ह १, १)।

उक्कप्प पुं [उत्कल्प] शास्त्र-निषिद्ध आचरण (पंचभा)।

उक्कनाह पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति (सम्मत्त २१६)।

उक्कम सक [उत् + क्रम्] १ ऊँचा जाना। २ उलटे क्रम से रखना। वकृ. उक्कमंत (आवम)। संकृ. उक्कमिऊणं (विसे ३५३१)।

उक्कम पुं [उत्क्रम] उलटा क्रम, विपरीत क्रम (विसे २७१)।

उक्कमण न [उत्क्रमण] ऊर्ध्व गमन। २ बाहर जाना (समु १७२)।

उक्कमित वि [उपक्रान्त] १ प्रारब्ध। २ क्षीण; 'अब्भागमितम्मि वा दुहे, अहवा उक्कमिते भवंतीए। एगस्स गती य आगती, विदुमं ता सरणं ण मन्नइ।' (सूअ १, २, ३, १७)।

उक्कर सक [उत् + कृ] खोदना। कवकृ. उक्करिज्जमाण (आवम)।

उक्कर पुं [उत्कर] १ समूह, संघात; 'सक्क-रुक्कररसड्ढे' (सुपा ५१८)। २ कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित (णाया १, १)।

उक्करड देखो उक्कर = उत्कर; 'कस्सावि उत्तरीयं गहिऊण कओ अ उक्करडो' (सिरि ७६५)।

उक्करड पुं [दे] १ अशुचि-राशि। २ जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान (आ २७; सुपा ३५५)।

उक्करिअ वि [दे] १ विस्तीर्ण, आयत। २ आरोपित। ३ खण्डित (षड्)।

उक्करिअ वि [उत्कीर्ण] खोदित, खोदा हुआ; 'टंकुक्करियव्व निच्चलनिहित्तलोयणा' (महा)।

उक्करिद (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ (स्वप्न ३६)।

उक्करिया स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष (भग ५, ४)।

उक्करिस सक [उत्+कृष्] १ खींचना। २ गर्व करना, बड़ाई करना। वकृ. उक्करिसंत (से १४, ६)।

उक्करिस देखो उक्करस = उत्कर्ष (उव; विसे १७६६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्करिसण न [उत्कर्षण] १ उत्कर्ष, बड़ाई, महत्व। २ स्थापन, आधान ;
'उम्मिल्लइ लायण्णं
पययच्छायाए सक्कय वयाणं।
सक्कयसक्कारुक्करिसणेण
पययस्सवि पहावो ॥' (गउड)।

उक्करिसिय वि [उत्कृष्ट] खींच निकाला हुआ, उन्मूलित (से १४, ३)।

उक्कल देखो उक्कड (ठा ५, ३)।

उक्कल अक [उत् + कल्] उत्कट रूप से बरतना। उक्कलइ (सुख २, ३७)।

उक्कल वि [उत्कल] १ धर्म-रहित। २ न. चोरी (पण्ह १, ३, टी)। २ पुं. देश-विशेष, जिसको आजकल 'उड़िया' या 'उड़ीसा' कहते हैं (प्रबो ७८)।

उक्कलंब सक [उत् + लम्बय्] फाँसी लटकाना। उक्कलंबेमि (स ६३)।

उक्कलंबण न [उल्लम्बन] फाँसी लटकाना। (स ३५८)।

उक्कला देखो उक्कलिया (उत्त ३६, १३८)।

उक्कलिय वि [दे] उबला हुआ; गुजराती में 'उकलेलु';'उसिणोदगं तिदंडुक्कलियं' (विचार २६७)।

उक्कलिया स्त्री [उत्कलिका] १ लूता, मकड़ी एक प्रकार का कीड़ा जो जाल बनाता है; 'उक्कलियंडे' (कप्प)। २ नीचे की तरफ बहनेवाला वायु (जी ७)। ३ छोटा समुदाय, समूह-विशेष (ठा ३, १)। ४ लहरी, तरंग (राज)। ५ ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु (आचा)।

उक्कस सक [गम्] जाना, गमन करना। उक्कसइ (हे ४, १६२; कुमा)। प्रयो. उक्कसावेइ। वकृ. उक्कसावंत (निचू १०)।

उक्कस देखो ओकस। वकृ. उक्कसमाण (कस)। हेकृ. उक्कसित्तए (आचा २, ३, १, १५)।

उकस देखो उक्कुस (कुमा)।

उक्कस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष (सूअ १, १, ४, १२); 'तवस्सी अइउक्कसो' (दस ५, २, ४२)।

उक्कसण न [उत्कर्षण] १ अभिमान करना (सूअ १, १३)। २ ऊँचा जाना। ३ निवर्तन, निवृत्ति। ४ प्रेरणा (राज)।

उक्कसाइ वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित (उत्त ३)।

उकसाइ वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषाय-वाला (उत्त १५)।

उक्कस्स अक [अप+कृष्] १ ह्रास प्राप्त होना, हीन होना। २ फिसलना, गिरना, पैर रपटने से गिर जाना। वकृ. उक्कस्समाण (ठा ५)।

उकस्स पुं [उत्कर्ष] १ गर्व, अभिमान (सूअ १, १, ४, २)। २ अतिशय, उत्कृष्टता (भवि)।

उक्कस्स वि [उत्कर्षवत्] १ उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा; 'उक्कस्सठिईयाणं' (ठा १, १,); 'उक्कस्सा उदीरणाया' (कम्मप १६६)। २ अभिमानी, गर्विष्ठ (सूअ १, १)।

उक्का स्त्री [उल्का] १ लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है (ओघ ३१० भा; जी ६)। २ छिन्न-मूल दिग्दाह (आचू)। ३ अग्नि-पिण्ड (ठा ८)। ४ आकाश-वह्नि (दस ४)। °मुह पुं [°मुख] १ अन्तर्द्वीप-विशेष। २ उसके निवासी लोक (ठा ४, २)। °वाय पुं [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना। (भग ३, ६)।

उक्का स्त्री [दे] कूप-तुला (दे १, ८७)।

उक्काम सक [उत् + क्रामय्] दूर करना, पीछे हटाना; 'उक्कामयंति जीवं धम्माओ तेण ते कामा' (दसनि २—पत्र ८७)।

उक्कारिया देखो उक्करिया (पण्ण ११; भास ७)।

उक्कालिय वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढ़ने का विधान न हो (ठा २, १)।

उक्कास देखो उक्कस्स = उत्कर्ष (भग १२, ५)।

उक्कास वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा (षड्)।

उक्कासिअ वि [दे] उत्थित, उठा हुआ (दे १, ११४)।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] १ ज्यादा (पव—गा १५)। २ पुंन. इमली आदि के पत्तों का समूह (दस ५, १, ३४)। ३ लगातार दो दिन का उपवास (संबोध ५८)।

उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] १ उत्कृष्ट, उत्तम (हे १, १२८; दं २६)। २ फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकड़ा (दस ५, १, ३४)।

उक्किट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि, आनन्द की आवाज (औप; भग २, १)। देखो उक्कट्ठि।

उक्किण्ण वि [उत्कीर्ण] १ खोदित, खोदा हुआ (अभि १८२)। २ नष्ट (आचू २)।

उक्कित्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ (से ५, ५१)।

उक्कित्तण न [उत्कीर्त्तन] १ कथन (पउम ११८, ६३)। २ प्रशंसा, श्लाघा (चउ १)।

उक्कित्तिय वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ (सुज्ज २० टी)।

उक्किन्न वि [उत्कीर्ण] १ चर्चित, उपलिप्त; 'चंदणोक्किन्नणायशरीरे' (तंदु २६)। २ खोदा हुआ (दसनि २, १७)।

उक्किर सक [उत् + कृ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना। उक्किरइ (पि ४७७)।

उक्किरणग न [उत्करणक] अक्षत आदि से बढ़ाना, बधावा, वर्धापन; 'पुप्फारुहणगाइं उक्किरणगाइं। पूयं च चेइयाणं तेवि सरज्जेसु कारिंति' (धर्मवि ४६)।

उक्किरिय देखो उक्करिअ = उत्कीर्ण (आ १४; सुपा ५१८)।

उक्कीर देखो उक्किर। उक्कीरसि (अणु)। वकृ. उक्कीरमाण (अणु)।

उक्कीरिअ देखो उक्करिअ = उत्कीर्ण (उप पृ ३१५)।

उक्कीलिय न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीड़ा (पउम ११५, ६)।

उक्कीलिय वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित, 'उक्कीलिउव्व परिथंभिउव्व सुन्नुव्व मुक्कजीउव्व' (सुपा ४७५)।

उक्कुंचण न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना (सूअ २, २, ६२)।

उक्कुंड वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे १, ६१)।

उक्कुक्कुर अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना। उक्कुक्कुरइ (हे ४, १७, षड्)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उअ वि [उदञ्च्] उत्तर, उत्तर दिशा में स्थित। °**महिहर** पुं [°महिधर] हिमाचल-पर्वत (गउड)।

उअअ न [उदक] पानी, जल (गा ५३; से ६, ८८)।

उअअ देखो **उदय** (से १०, ३१)।

उअअ न [उदर] पेट, उदर (से ६, ८८)।

उअअ वि [दे] ऋजु, सरल, सीधा (दे १, ८८)।

उअअद (शौ) देखो **उवगय** (नाट)।

उअआरअ वि [उपकारक] उपकार करने-वाला (गा ५०)।

उअआरि वि [उपकारिन्] ऊपर देखो (विक २५)।

उअइव्व वि [उपजीव्य] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य (से ६, ६)।

उअऊह सक [उप + गूह्] आलिंगन करना। संकृ. **उअऊहेऊण** (पि ५८६)।

उअएस देखो **उवएस** (गा १०१)।

उअंचण न [उदञ्चन] १ ऊँचा फेंकना। २ ढकने का पात्र, आच्छादक पात्र (दे ४,११)।

उअंचिद (शौ) वि [उदञ्चित] १ ऊँचा उठाया हुआ, ऊँचा फेंका हुआ (नाट)।

उअंत पुं [उदन्त] हकीकत, वृत्तान्त, समाचार (पाअ; प्रामा)।

उअकिद (शौ) वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह (पि ९४)।

उअक्किअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (दे १, १०७)।

उअगअ देखो **उवगय** (गा ६४४)।

उअचित्त वि [दे] अपगत, निवृत्त (दे १, १०८)।

उअजीवि वि [उपजीविन्] आश्रित (अभि १८६)।

उअज्झाअ देखो **उवज्झाय** (नाट)।

उअट्टी स्त्री [दे] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाडी; 'उअट्टी उचओ नीवी' (पाअ)।

उअट्ठिअ देखो **उवट्ठिय** (प्राप)।

उअणिअ } **उअणीअ** } देखो **उवणीय** (प्राकृ ६)।

उअण्णास देखो **उवण्णास** (नाट)।

उअत्तंत देखो **उव्वट्ट** = उद् + वृत्।

उअत्थाण देखो **उवट्ठाण** (नाट)।

उअत्थिअ देखो **उवट्ठिय** (से ११, ७८)।

उअदिट्ठ देखो **उवइट्ठ** (नाट)।

उअभुत्त देखो **उवभुत्त** (रंभा)।

उअभोग देखो **उवभोग** (नाट)।

उअमिज्जंत वकृ [उपमीयमान] जिसकी तुलना की जाती हो वह (काप्र ८९६)।

उअर न [उदर] पेट (कुमा)।

उअरिं } **उअरि** } देखो **उवरि** (गा ६४; से ८, ७५)।

उअरी स्त्री [दे] शाकिनी, देवी-विशेष (दे १, ९८)।

उअरुज्झ देखो **उवरुज्झ**। उअरुज्झदि (शौ) (नाट)।

उअरोअ } **उअरोह** } देखो **उवरोह** (प्राप; नाट)।

उअलद्ध देखो **उवलद्ध** (नाट)।

उअविट्ठअ न [औपविष्टक] आसन (प्राकृ १०)।

उअविय वि [दे] उच्छिष्ट, 'इहरा मे णिसि-भत्तं उअवियं चेव गुरुमादी' (बृह १)।

उअसप्प देखो **उवसप्प**। उअसप्प (रुक्मि ५१)।

उअसम } **उअसम्म** } देखो **उवसम** = उप + शम्। उअसमइ, उवसम्मइ (प्राकृ ६९)

उअह अ [दे] देखो, देखिए (दे १, ९८; प्राप्र)।

उअहस देखो **उवहस**। उअहसइ (प्राकृ ३४)।

उअहार देखो **उवहार** (नाट)।

उअहारी स्त्री [दे] दोग्ध्री, दोहनेवाली स्त्री (दे १, १०८)।

उअहि पुं [उदधि] १ समुद्र, सागर (गउड)। २ स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजकुमार (पउम ५, १६६)। ३ काल परिमाण, साग-रोपम (सुर २, १३६)। ४ स्वनाम ख्यात एक जैन मुनि (पउम २०, ११७)। देखो **उदहि**।

उअहि देखो **उवहि** = उपधि (पच्च ६)।

उअहुज्जंत देखो **उवभुंज**।

उअहोअ देखो **उवभोग** (प्रबो ३०; नाट)।

उआअ देखो **उवाय** (नाट)।

उआअण देखो **उवायण** (माल ४९)।

उआर देखो **उराल** (सुपा ६०७; कप्पू)।

उआर देखो **उवयार** (षड्, गउड)।

उआलंभ देखो **उवालंभ** = उपा + लभ्। कृ. **उआलंभणिज्ज** (नाट)।

उआलंभ देखो **उवालंभ** = उपालम्भ (गा २०१)।

उआलभ देखो **उआलंभ** = उपा + लभ्। उआलभेमि (त्रि ८२)।

उआलि स्त्री [दे] अवतंस, शिरोभूषण (दे १, ९०)।

उआस वि [उदास] नीचे देखो (पिंग)।

उआस देखो **उवास** = उपा + आस्। कवकृ- उआसिजमाण (हास्य १४०)।

उआसीण वि [उदासीन] १ उदासी, दिल-गीर। २ मध्यस्थ, तटस्थ (स ५४६; नाट)।

उआहरण देखो **उदाहरण** (मन ३)।

उइ सक [उप + इ] समीप जाना। उएइ, उएउ (पि ४९३)।

उइ अक [उद् + इ] उदित होना। उएइ (रंभा)। वकृ. **उइयंत** (रंभा)।

उइ देखो **उउ**; 'अन्नोवि हुंतु उइओ सरिसा पर तें' (रंभा)। °**राय** पुं [°राज] वसन्त ऋतु (रंभा)।

उइअ वि [उदित] १ उदय प्राप्त, उद्गत (सुपा १२७)। २ उक्त, कथित (विसे २३३; ८४६)। °**परक्कम** पुं [°पराक्रम] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ६)।

उइअ वि [उचित] योग्य, लायक (से ८, १०३)।

उइंतण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर (दे १, १०३; कुमा)।

उइंद पुं [उपेन्द्र] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था (हे १, ६)।

उइट्ठ वि [अपकृष्ट] हीन, संकुचित; 'आउसिय-अक्खचम्मउइट्ठगंडदेसं' (णाया १, ८)।

उइण्ण देखो **उदिण्ण** (ठा ५, विसे ५०३)।

उइण्ण वि [उदीच्य] उत्तर दिशा-सम्बन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न (आवम)।

उइन्न देखो **ओइण्ण** (सम्मत्त ७७)।

उइयंत देखो **उइ** = उद् + इ।

उईण देखो **उदीण** (राय)।

उईर देखो **उदीर**; 'उईरेइ अइपीडं' (श्रा २७)। वकृ. **उईरंत** (पुप्फ १३)। संकृ. **उईरइत्ता** (सूअ १, ६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उईरण देखो उदीरण (ठा ४; पुप्फ १६५)।

उईरणया } देखो **उदीरणा** (विसे २५१५;
उईरणा } टी; कम्मप १५८; विसे २६६२)।

उईरिय देखो उदीरिय (पुप्फ २१६)।

उउ त्रि [ऋतु] १ ऋतु, दो मास का काल विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल (औप; अन्त ७); 'उऊए', 'उऊइं' (कप्प)। २ स्त्री-कुसुम, रजो-दर्शन, स्त्री-धर्म (ठा ५, २)। °**बद्ध** पुं [°बद्ध] शीत और उष्णकाल, वर्षा-काल के अतिरिक्त आठ मास का समय (ओघ २६; २६६; ३४८)। °**मास** पुं [°मास] १ श्रावण मास (वव १ टी)। २ तीस दिनवाला मास (सम)। °**य** वि [°ज] ऋतु में उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होनेवाला (पराह २, ५; णाया १, १); 'उयअगुरुवर-पवरधूवरणउउयमल्लाणुलेवरणविहीसु। गंधेसु रज्जमारणा रमंति घारिणदियवसट्टा' (णाया १, १७)।

°**संधि** पुंस्त्री [°संधि] ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय (आचा)। °**संवच्छर** पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (ठा ५)। देखो **उइ** = उउ।

उउंबर देखो **उंबर** = उदुम्बर (कुमा; हे १, २७०; षड्)।

उउवहिय न [ऋतुबद्ध] मास-कल्प, एक मास तक एक स्थान में साधु का निवासा-नुष्ठान (आचा २, २, ७)।

उऊखल } पुंन [उदूखल] उलूखल, गूगल
उऊहल } (कुमा; षड्; हे १, १७१)

उएट्ट पुं [दे] शिल्प विशेष (अणु १४६)।

उओग्गिअ वि [दे] सम्बद्ध, संयुक्त (षड्)।

उं अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ क्षेप, निन्दा। २ विस्मय। ३ खेद। ४ वितर्क। ५ सूचन (प्राकृ ७६)।

उंघ अक [नि + द्रा] नींद लेना। उंघइ। (हे ४, १२)।

उंचहिआ स्त्री [दे] चक्रधारा (दे १, १०६)।

उंछ पुंन [उञ्छ] भिक्षा (सूअ १, २, ३ १४)।

उंछ पुं [उञ्छ] भिक्षा, माधुकरी (उप ६७७; ओघ ४२४)।

उंछअ पुं [दे] वस्त्र छापने का काम करने वाला शिल्पी, छापी; जो कपड़ा छापता है, छीट बनाता है वह (दे १, ६८; पाअ)।

उंज सक [सिच्] सींचना, छीड़कना। उंजिज्जा (राज)। भवि—उंजिस्सइ (सुपा १३६)।

उंज सक [युज्] प्रयोग करना, जोड़ना; 'अहमवि उंजेमि तह किंपि' (धम्म ८ टी)।

उंजायण न [उञ्जायन] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ-गोत्र की एक शाखा है (ठा ७)।

उंजिअ वि [सिक्त] सिक्त, छीड़का हुआ (सुपा १३६)।

उंड } वि [दे] १ गभीर, गहरा (दे १,
उंडग } ८५; सुपा १५; उप १४७ टी; ठा
उंडय } १०; श्रा १६)। २ पुं. पिराड; 'बालाई मंसउडग मज्जाराई विराहेज्जा' (ओघ २४६ भा)। ३ चलते समय पाँव में पिराड रूप से लग जाय उतना गहरा कीचड़, कर्दम (ओघ ३३ भा)। ४ शरीर का एक भाग, मांस पिंड; 'हिययउंडए' (विपा १, ५)।

उंडग } न [दे] स्थंडिल, स्थान, जगह (दस
उंडुअ } ४, १, ५, १, ८७)।

उंडल न [दे] १ मञ्च, मचान, उच्चासन। २ निकर, समूह (दे १, १२६)।

उंडिया स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष (राज)।

उंडी स्त्री [दे] पिराड, गोलाकार वस्तु; 'तत्थ णं एगा वरमऊरी दो पुट्ठे परियागते पिट्ठुं-डीपंडुरे निव्वणे निरुवहए भिन्नमुट्ठिप्पमाणे मऊरीअंडए पसवति' (णाया १, ३)।

उंदर } पुंस्त्री [उन्दुर] मूषक, चूहा (गउड;
उंदुर } पराह १, १; उवा; दे १, १०२)।

उंदु न [दे] मुख, मुँह (अणु २६)। °**रुक्क** न [दे] मुँह से वृषभ आदि की तरह आवाज करना (अणु २६)।

उंदुरअ पुं [दे] लम्बा दिवस (दे २, १०५)।

उंदुरु पुंस्त्री [उन्दुरु] मूषक, चूहा (दस २, ७)।

उंब पुं [उम्ब] वृक्ष-विशेष, 'निबंबउंबउंबर' (उप १०३१ टी)।

उंबर पुं [उदुम्बर] १ वृक्ष-विशेष, गूलर का पेड़ (पराए १)। २ न. गूलर का फल (प्राप्र)। ३ देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी (दे १, ६०)। °**दत्त** पुं [°दत्त] १ यक्ष-विशेष (विपा १, ७)। २ एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १, ७)। °**पंचग**, °**पणग** न [°पञ्चक] बड़, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पांच वृक्षों के फल (सुपा ४६; भग ६, ३३)। °**पुप्फ** न [°पुष्प] गूलर का फूल (भग ६, ३३)।

उंबर वि [दे] बहुत, प्रचुर (दे १, ६०)।

उंबरउप्फ न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति (दे १, ११६)।

उंबरय पुं [दे] कुष्ठ रोग का एक भेद (सिरि ११४)।

उंबा स्त्री [दे] बन्धन (दे १, ८६)।

उंबी स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ (दे १, ८६; सुपा ४७३)।

उंबेभरिया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (पराए १)।

उंभ सक [दे] पूर्त्ति करना, पूरा करना (राज)।

उकिट्ठ देखो **उक्किट्ठ** (पिंग)।

उकुरुडिया [दे] देखो **उक्कुरुडिया** (निर १, १)।

उक्क वि [उत्क] १ उत्सुक, उत्कण्ठित (सुर ३, ५३)। एक विद्याधर राजा का नाम (पउम १०, २०)।

उक्क वि [उक्त] कथित (पिंग)।

उक्क न [दे] पाद-पतन, पांव पर गिर कर नमस्कार करना (दे १, ८५)।

उक्कअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ (षड्)।

उक्कंचण } न [दे] १ झूठी प्रशंसा करना,
उक्कंचणया } खुशामद (णाया १, २)। २ ऊँचा करना, उठाना (सूअ २, २)। ३ झाड़ू निकालना (निचू ५)। ४ घूस, रिशवत (दसा २)। ५ मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए निश्चेष्ट रहना (औप)। °**दीव** पुं [°दीप] ऊँचा दंडवाला प्रदीप (अन्त)।

उक्कंछण न [दे] देखो **उक्कंचण** (राज)।

उक्कंठ अक [उत् + कण्ठ्] उत्कराठा करना, उत्सुक होना। उक्कंठेहि (मै ७३)। वकृ. उक्कंठंत (मै ६३)। हेकृ. उक्कंठिदुं (शौ) (अभि १४७)।

उक्कंठा स्त्री [उत्कण्ठा] उत्सुकता, औत्सुक्य (हे १, २५; ३०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उग्घाड सक [उद् + घाटय्] १ खोलना। २ प्रकट करना । ३ बाहर करना । उग्घाडइ (हे ४, ३३)। उग्घाडए (महा)। संकृ उग्घाडिऊण (महा)। कृ. उग्घाडिअव्व (श्रा १६)। कवकृ. उग्घाडिज्जंत (से ५, १२)।

उग्घाड पुं [उद्घाट] प्रकट, प्रकाश; 'किंतु कश्रो बहुएहिं उग्घाडो निययकम्माणं' (सिरि ५२८)।

उग्घाड देखो उग्घाड = उद् + घाट्य। हेकृ. 'तं जिणहरस्स दारं केणवि नो सक्कियं उघाडेउं' (सिरि ५२८)।

उग्घाड वि [उद्घाट] १ खुला हुआ, अनाच्छादित (पउम ३६, १०७)। २ थोड़ा बन्द किया हुआ; 'उग्घाडकवाडउग्घाडणाए' (आव ४)। ३ व्यक्त, प्रकट। ४ परिपूर्ण, अन्यून; 'एत्थंतरम्मि उग्घाडपोरिसीसूयगो बली पत्तो' (सुपा ६७)।

उग्घाडण न [उद्घाटन] १ खोलना (आव ४)। २ बाहर करना, बाहर निकालना (उप पृ ३६७)।

उग्घाडणा स्त्री [उद्घाटना] ऊपर देखो (आव ४)।

उग्घाडिअ वि [उद्घाटित] १ खुला हुआ। २ प्रकटित, प्रकाशित (से २, ३७)।

उग्घायण न [उद्घातन] १ नाश, विनाश (आचा)। २ पूज्य-स्थान, उत्तम जगह। ३ सरोवर में जाने का मार्ग (आचा २, ३)।

उग्घार पुं [उद्घार] सिञ्चन, छिड़काव; 'वण्णितरुहिरुग्घारं निवडिश्रो धरणिवट्टे' (स ५६८)।

उग्घिट्ठ } वि [उद्घृष्ट] संघृष्ट, 'नमिरसुर-
उग्घुट्ठ } किरीडुग्घिट्ठपायारविंदे' (लहुअ ४; से ६, ८०)।

उग्घुट्ठ वि [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित (सुर १०, १४; सण); 'अमरवहुग्घुट्ठजयजयारवं' (महा)।

उग्घुट्ठ वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित (दे १, ६६); 'उरघालिरवेणीमुहथणालग्गुग्घुट्ठमहिरश्रा जणश्रसुश्रा' (से ११, १०२)।

उग्घुस सक [मृज्] साफ करना, मार्जन करना । उग्घुसइ (हे ४, १०५)।

उग्घुस सक [उद् + घुष्] देखो उग्घोस।
संकृ. उग्घुसिअ (नाट)।

उग्घुसिअ वि [मृष्ट] मार्जित, साफ किया हुआ (कुमा)।

उग्घोस सक [उद + घोषय्] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना। उग्घोसेह (विपा १, १)। वकृ. उग्घोसेमाण (विपा १, १; णाया १, ५)। कवकृ. उग्घोसिज्जमाण (विपा १, २)।

उग्घोस पुं [उद्घोष] नीचे देखो (स्वप्न २१)।

उग्घोसणा स्त्री [उद्घोषणा] डुग्गी पिटवाना, ढिंढोरा पिटवा कर जाहिर करना (विपा १, १)।

उग्घोसिय वि [मार्जित] साफ किया हुआ, 'उग्घोसियसुनिम्मलं व आयंसमंडलतलं' (पणह २, ५)।

उग्घोसिय वि [उद्घोषित] जाहिर किया हुआ, घोषित (भवि)।

उघूण वि [दे] पूर्ण, भरपूर (षड्)।

उचिय वि [उचित] योग्य, लायक, अनुरूप (कुमा; महा)। °ण्णु वि [°ज्ञ] विवेकी (उप ७६८ टी)।

उच्च न [दे] नाभि-तल (दे १, ८६)।

उच्च } वि [उच्च, °क, उच्चैस्] १ ऊँचा
उच्चअ } (कुमा)। २ उत्तम, उत्कृष्ट (हे २, १५४; सूअ १, १०)। °च्छंद वि [°च्छन्दस्] स्वैर, स्वेच्छाचारी (पणह १, २)। °णागरी देखो °नागरी (कप्प)। °त्त न [त्व] १ ऊँचाई (सम १२; जी २८)। २ उत्तमता (ठा ४, १)। °त्तभयग, °त्तभयय पुं [°त्वभृतक] जिससे समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर (राज; ठा ४, १)। °त्तरिया स्त्री [°त्तरिका] लिपि-विशेष (सम ३५)। °त्थवणय न [°स्थापनक] लम्बगोलाकार वस्तु-विशेष, 'धण्णस्स णं अणगारस्स गीवाए अयमेयारूवे तवरूवलावन्ने होत्था, से जहानामए करगगीवा इवा कुंडिया-गीवा इवा उच्चत्थवणए इवा' (अनु)। °वंचिआ स्त्री [°विंचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे-तैसे रखना;
'कह तंपि तुइ ण णाअं जह सा
आसंदिआए बहुआणं।
काऊण उच्चवचिअं तुह
दंसणलेहला पडिआ'
(गा ६६७)।
°वाय पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा (उप ७२८ टी)। देखो उच्चा।

उच्चइअ वि [उच्चयित] एकत्रीकृत, इकट्ठा किया हुआ (काल)।

उच्चंडिय वि [दे] ऊँचा चढ़ाया हुआ (हम्मीर २८)।

उच्चंतय पुं [उच्चन्तग] दन्त-रोग, दाँत में होनेवाला रोग-विशेष (राज)।

उच्चंपिअ वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा, आयत (दे १, ११६)। २ आक्रान्त, दबाया हुआ, रोंदा हुआ; 'सीसं उच्चंपिअं' (तंदु)।

उच्चड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊँचा फेंका हुआ (दे १, १०६)।

उच्चत्त वि [उत्त्यक्त] पतित, त्यक्त (पाअ)।

उच्चत्तवरत्त न [दे] १ दोनों तरफ का स्थूल भाग। २ अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्त्तन (दे १, १३६)। ३ दोनों तरफ से ऊँचा-नीचा करना (पाअ)।

उच्चत्थ वि [दे] दृढ़, मजबूत (दे १, ६७)

उच्चदिअ वि [दे] मुषित, चुराया हुआ (षड्)।

उच्चप्प वि [दे] आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ (दे १, १००)।

उच्चय सक [उत् + त्यज्] त्याग देना. छोड़ देना। कृ. उच्चयणिज्ज (पउम ६६, २८)।

उच्चय पुं [उच्चय] १ समूह, राशि; 'रयणोच्चयं विसालं' (सुपा ३४; कप्प)। २ ऊँचा ढेर करना (भग ८, ६)। ३ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी (पाअ)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, ऊपर ऊपर रख कर चीजों को बाँधना (भग ८, ६)।

उच्चय पुं [अवचय] इकट्ठा करना, एकत्रीकरण (दे २, ५६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चर सक [उत् + चर्] १ पार जाना, उत्तीर्ण होना। २ कहना, बोलना। ३ अक. समर्थ होना, पहुँच सकना। ४ बाहर निकलना। उच्चरए (सूक्त ४६); 'मूलदेवेण य निरूवियाइं पासाइं जाव दिट्ठं निसियासिहत्थेहिं वेढ़ियमताणयं मग्गूसेहिं। चिंतियं चः णाहमेएसिं उच्चरामि, कायव्वं च मए वइरनिज्जायणं निराउहो संपयं, ता न पोरिसस्सावसरोत्ति चिंतिय भणियं' (महा)। वकृ.

'भरिउच्चरंतपरिअपिअसंभरणपिसुणो वराईए।
परिवाहो विअ दुक्खस्स वहइ णअणट्ठिओ वाहो'
(गा ३७७)।

उच्चरण न [उच्चरण] कथन, उच्चारण; 'सिद्धसमक्खं सोहि वय-उच्चरणाइ काऊण' (सुपा ३१७)।

उच्चरिय वि [उच्चरित] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त; 'तीए हत्थिसंभमुच्चरियाए उज्झिऊण भयं, जीवियदायगोत्ति मुणिऊण तुमं साहिलासं पलोइओ' (महा)। २ उच्चरित, कथित, उक्त (विसे १०८३)।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीड़न (पाअ)।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत (भवि)।

उच्चल्ल वि [दे] १ अध्यासित, आरूढ़। २ विदारित, छिन्न (षड्)।

उच्चल्ल सक [उत् + चल्] १ चलना, जाना। २ समीप में आना।

उच्चल्लिय वि [उच्चलित] १ गत, गया हुआ। २ समीप में आया हुआ;

'जिणभवणदुवारट्ठियउच्चल्लिय-
फुल्लमालिओहस्स।
पुप्फाइं गेण्हंतो, अंतो
विहिणा पविट्ठो हं'
(सुर ३, ७४)।

उच्चा अ [उच्चैस्] १ ऊँचा, 'तो तेण दुट्ठहरिणा उच्चा हरिऊण लोय-पच्चक्खं। उवणीओ सो रण्णे' (महा)। २ उत्तम, श्रेष्ठ (ठा २, १)। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] १ उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। २ कर्म विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है (ठा २, ४; आचा)। °वय न [°व्रत] १ महाव्रत (उत्त १)। २ वि. महाव्रतधारी (उत्त १५)।

उच्चाअ वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ (ओघ ५१८)। २ पुं. आलिंगन, परिरम्भ (सुपा ३३२)।

उच्चाइय वि [दे. उत्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ; 'उच्चाइया नंगरा' (स २०६)।

उच्चाग पुं [उच्चाग] हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न; 'उच्चागयठाणलट्ठसंठियं' (कप्प)।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल (दे १, ९७)।

उच्चाड सक [दे] १ रोकना, निवारना। २ अक. अफसोस करना, दिलगीर होना (हे २, १९३ टि)।

उच्चाडण न [उच्चाटन] १ एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। २ मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है; 'उच्चाडणयंभणमोहणाइ सव्वंपि मह करगयं व' (सुपा ५९९)।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या-विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है (सुर १३, ८१)।

उच्चाडिर वि [दे] १ रोकनेवाला, निवारण करनेवाला। २ अफसोस करनेवाला, दिलगीर; 'किं उल्लावेंतीए, उअ जूरंतीए किं नु भीआए। उच्चाडिरीए वेव्वेत्ति, तीए भणिअं न विम्हरिमो' (हे २, १९३)।

उच्चार सक [उत् + चारय्] १ बोलना, उच्चारण करना। २ मलोत्सर्ग करना, पाखाना जाना। उच्चारेइ (उवा)। वकृ. **उच्चारयंत** (स १०७)। **उच्चारेमाण** (कप्प; णाया १, १)। कृ. **उच्चारेयव्व** (उवा)।

उच्चार पुं [उच्चार] १ उच्चारण। २ विष्ठा, मलोत्सर्ग (सम १०; उवा; सुपा ६११)।

उच्चार वि [दे] विमल, स्वच्छ (दे १, ९७)।

उच्चारण न [उच्चारण] कथन, 'ईसि हस्सपंचक्खरुच्चारणद्धाए' (औप)।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त (दे १, ११४)।

उच्चारिअ वि [उच्चारित] १ कथित, उक्त। २ पाखाना गया हुआ (राज)।

उच्चाल सक [उत् + चालय्] १ ऊँचा फेंकना। २ दूर करना। संकृ. 'उच्चालइय निहाणिसु अदुवा आसणाओ खलइंसु' (आचा)।

उच्चालइय वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला त्यागनेवाला; 'जं जाणेज्जा उच्चालइयं तं जाणेज्जा दुरालइयं' (आचा)।

उच्चालिय वि [उच्चालित] उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ, उत्थापित; 'उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स संकमट्ठाए' (ओघ ७४८; दसनि ४५)।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना। संकृ. **उच्चावइत्ता**; 'दोवि पाए उच्चावइत्ता सव्वओ समंत समभिलोएज्ज' (पण्ण १७)।

उच्चावय वि [उच्चावच] १ ऊँचा और नीचा (णाया, १, १; पण्ण ३४)। २ उत्तम और अधम (भग १५)। ३ अनुकूल और प्रतिकूल (भग १, ९)। ४ असमञ्जस, अव्यवस्थित (णाया १, १६)। ५ विविध, नानाविध; 'उच्चावयाहिं सेज्जाहिं तवस्सी भिक्खू थामवं' (उत्त ८)। ६ उत्कृष्टतर, विशेष उत्तम; 'तए णं तस्स आणंदस्स समणोवासगस्स उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणस्स' (उवा; औप)।

उच्चाविय वि [उच्चित] ऊँचा किया हुआ (वज्जा १३२)।

उच्चिट्ठ अक [उत् + स्था] खड़ा होना। उच्चिट्ठ (काल)।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज; 'उच्चिडिमं मुक्कमजायं' (पाअ)।

उच्चिण सक [उत् + चि] फूल वगैरह को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना। उच्चिणइ (हे ४, २४१)। वकृ. **उच्चिणंत** (भवि)।

उच्चिणग न [उच्चयन] अवचयन, एकत्रीकरण (सुपा ४९९)।

उच्चिणिय वि [उच्चित] इकट्ठा किया हुआ, अवचित (पाअ)।

उच्चिणिर वि [उच्चेतृ] फूल वगैरह को चुननेवाला (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्चिय देखो उचिय; 'तस्स सुग्रोच्चियपन्नत्तणेण संतोसमणुपत्ता' (उप १६६ टी)।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल, मैला पानी (पाअ)।

उच्चुंच वि [दे] दृप्त, गर्विष्ठ, अभिमानी (दे १, ६६)।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित (षड्)।

उच्चुड अक [उत्+चुड्] अपसरण करना, हटना। वकृ. उच्चुडंत (गउड ७३३)।

उच्चुप्प सक [चट्] चढ़ना, आरूढ़ होना, ऊपर बैठना। उच्चुप्पइ (हे ४, २५६)।

उच्चुप्पिअ वि [दे. चटित] आरूढ़, ऊपर चढ़ा हुआ (दे १, १००)।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट, जूठा (षड्)।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र शीघ्र जाना (दे १, १२१)।

उच्चुल्ल वि [दे] १ उद्विग्न, खिन्न। २ अधिरूढ, आरूढ। ३ भीत, डरा हुआ (दे १, १२७)।

उच्चूड पुं [उच्चूड] निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्रांश (उव ४४६)।

उच्चूर वि [दे] नानाविध, बहुविध (राज)।

उच्चूल पुं [अवचूल] १ निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश (उप ४४६ टी)। २ औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खड़ा किया हुआ (विपा १, ६)।

उच्चे देखो उच्चिण। उच्चेइ (हे ४, २४१)। हेकृ. उच्चेउं (गा १५६)।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला (पाअ)।

उच्चेल्लर न [दे] १ ऊसर भूमि। २ जघनस्थानीय केश (दे १, १३६)।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त (दे १, ६७)।

उच्चोड पुं [दे] शोषण, 'चंदणुच्चोडकारी चंडो देहस्स दाहो' (कप्पू; प्राप)।

उच्चोदय पुं [उच्चोदय] चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद (उत्त १३, १३)।

उच्चोल पुं [दे] १ खेद, उद्वेग। २ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी (दे १, १३१)।

उच्छ पुं [उक्षन्] बैल, वृषभ (हे २, १७)।

उच्छ पुं [दे] १ आँत का आवरण (दे १, ८५)। २ वि. न्यून, हीन; 'उच्छत्तं वा न्यूनत्वम्' (पण्ह २, १)।

उच्छअ पुं [उत्सव] क्षण, उत्सव (हे २, २२)।

°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता (गा ९०)।

उच्छइअ वि [उच्छदित] आच्छादित, 'पालंबउच्छइयवच्छयलो' (काल)।

उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] १ शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य। २ उद्धत, निरंकुश (गउड)।

उच्छंखलिय वि [उच्छृङ्खलित] अवरोध-रहित किया हुआ, खुला किया हुआ; 'उच्छंखलियवणाणं सोहग्गं किंपि पवणाणं' (गउड)।

उच्छंग पुं [उत्सङ्ग] मध्य भाग; 'मउडुच्छंगपरिग्गहमियंकजोण्हावभासिणो पसुवइणो' (गउड; से १०,२)। २ क्रोड, गोद, कोरा (पाअ); 'उच्छंगे णिविसेत्ता' (आवम)। ३ पृष्ठ देश (औप)।

उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद में लिया हुआ (उप ६४८ टी)।

उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ (दे १, १०७)।

उच्छंघ देखो उत्थंघ (हे ४, ३६ टी)।

उच्छंट पुं [दे] झड़प से की हुई चोरी (दे १, १०१; पाअ)।

उच्छट्ट पुं [दे] चोर, डाकू (दे १, १०१)।

उच्छडिअ वि [दे] चुराई हुई चीज, चोरी का माल (दे १, ११२)।

°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना (गा ५००)।

उच्छण्ण देखो उच्छन्न (हे १, ११४)।

उच्छत न [अपच्छत्र] १ अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न, गुजराती में 'ढांकपिछोडो'। २ मृषावाद, झूठ वचन (पण्ह १, २)।

उच्छन्न वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट (कुमा; सुपा ३८४)।

उच्छप्प सक [उत्+सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना। उच्छप्पइ (सुपा ३५२)। वकृ. उच्छप्पंत (सुपा २६६)।

उच्छप्पण न [उत्सर्पण] उन्नति, अभ्युदय (सुपा २७१)।

उच्छप्पणा स्त्री [उत्सर्पणा] ऊपर देखो, 'जिणपवयणम्मि उच्छप्पणाउ कारेइ विविहाओ' (सुपा २०६; ६४६)।

उच्छल अक [उत्+शल्] १ उछलना, ऊँचा जाना। २ कूदना। ३ पसरना, फैलना। वकृ. उच्छलंत (कप्प; गउड)।

उच्छलण न [उच्छलन] उछलना (दे १, ११८; ६, ११५)।

उच्छलिअ वि [उच्छलित] उछला हुआ, ऊँचा गया हुआ (गा ११७; ६२४; गउड)। २ प्रसृत, फैला हुआ; 'ता ताण वरगंधो। उच्छलियो छलिउं पिव गधं गोसीसचंदणवणस्स' (सुपा ३८५)।

उच्छलिर वि [उच्छलितृ] उछलनेवाला (धर्मवि १४; कुप्र ३७३)।

उच्छल्ल देखो उच्छल। उच्छल्लइ (पि ३२७); 'उच्छल्लंति समुद्दा' (हे ४, ३२६)।

उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला (भवि)।

उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा; 'कप्पडप्पहारनिद्दयआरक्खियखरफरुसवयणतज्जणगलच्छल्लुच्छल्लणाहिं विमणा चारगवसहिं पवेसिया' (पण्ह १, ३)।

उच्छल्लिअ देखो उच्छलिअ (भवि)।

उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह, 'तरुणो उच्छल्लिआ य दंतीहिं' (दे १, १११)।

उच्छव देखो उच्छअ (कुमा)। २ उत्सेक (भवि)।

उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना (दे १, १०३)।

उच्छह सक [उत्+सह्] उद्यम करना। वकृ. उच्छहं (दस ६, ३, ६)।

उच्छह अक [उत्+सह्] उत्साहित होना। वकृ. उच्छहंत (भवि)।

उच्छहिय वि [उत्सहित] उत्साह-युक्त (सण)।

उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ (पउम ६१, ४२; सुर ३, ७१)।

उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ (भवि)।

उच्छाण देखो उच्छ = उक्षन् (प्रामा)।

उच्छाय पुं [उच्छ्राय] उत्सेध, ऊँचाई (ठा ७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्छाय सक [अव + छादय्] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. उच्छाइऊण (चेइय ४८५)।

उच्छायण वि [अवच्छादन] आच्छादक, ढकनेवाला (स ३२३)।

उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक (स ३२३; ५६३)।

उच्छायणया, उच्छायणा स्त्री [उच्छादना] १ उच्छेद, विनाश (भग १५)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति (राज)।

उच्छार देखो उत्थार=आ + क्रम् (हे ४, १६० टी)।

उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना। वकृ. उच्छालिंत (कुम्मा ४)।

उच्छालण न [उच्छालन] उछालना, उत्क्षेपण (कुम्मा ५)।

उच्छालिअ वि [उच्छालित] फेंका हुआ, उत्क्षिप्त (सुपा ६७)।

उच्छास देखो ऊसास (मै ६८)।

उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिलाना, उत्तेजित करना। उच्छाहइ (सुपा ३५२)।

उच्छाह पुं [उत्साह] १ उत्साह (ठा २,१)। २ दृढ़ उद्यम, स्थिर प्रयत्न (सुज २०)। ३ उत्कंठा, उत्सुकता (चंद २०)। ४ पराक्रम, बल। ५ सामर्थ्य, शक्ति (आचू १; हे १, ११४; २, ४८; पउम २०, ११८)।

उच्छाह पुं [दे] सूत का डोरा (दे १,६२)।

उच्छाहण न [उत्साहन] उत्तेजन, प्रोत्साहन (उप ५६७ टी)।

उच्छाहिय वि [उत्साहित] प्रोत्साहित, उत्तेजित (पिंड)।

उच्छिंद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। संकृ. उच्छिंदिअ (सूक्त ४४)।

उच्छिंदण न [दे] उधार लेना, करजा लेना, सूद पर लेना (पिंड ३१७)।

उच्छिंपग वि [अवच्छिम्पक] चोरों को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला (पराह १, ३)।

उच्छिंपण न [उत्क्षेपण] १ ऊपर फेंकना। २ बाहर निकालना (पराह १, १)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा, उच्छिष्ट (सुपा ११७; ३७५; प्रासू १५८)।

उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] अशिष्ट, असभ्य (दस ३, १ टी)।

उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित (ठा ५)।

उच्छित्त वि [दे] १ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त, पागल (दे १, १२४)।

उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ (ले ५, ६१; पाअ)।

उच्छित्त देखो उद्विग्ग (से २, १३; गउड)।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ, सिक्त (दे १, १२३)।

उच्छिन्न देखो उच्छिण्ण (कप्प)।

उच्छिप्पंत देखो उक्खिव।

उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा (राज)।

उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा (षड्)।

उच्छिल्ल न [दे] १ छिद्र, विवर (दे १, ६५)। २ वि. अवजीर्ण (षड्)।

उच्छु देखो इक्खु (पाअ; गा ५४१; पि १७७; ओघ ७७१; दे १,११७)। °जंत न [°यंत्र] ईख पेरने का सांचा (दे ६, ५१)।

उच्छु पुं [दे] पवन, वायु (दे १, ८५)।

उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित (हे २, २२)।

उच्छुअ न [दे] डरते-डरते की हुई चोरी (दे १, ६५)।

उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत (दे १, ११७)।

उच्छुआर वि [दे] संछन्न, ढका हुआ (दे १, ११५)।

उच्छुंडिअ वि [दे] १ बाण वगैरह से आहत। २ अपहृत, छीना हुआ (दे १, १३५)।

उच्छुग देखो उच्छुअ (सुर ८,६१)। °भूय वि [°भूत] जो उत्कण्ठित हुआ हो (सुर २, २१४)।

उच्छुच्छु वि [दे] दृप्त, अभिमानी (दे १, ६६)।

उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] १ खण्डित, तोड़ा हुआ, 'उच्छुण्णं मद्दिअं च निद्दलिअं' (पाअ)। २ आक्रान्त, 'रइणावि अणुच्छुण्णा,
वीसत्थं मारुएण वि अणालिद्धा।
तिअसेहिंवि परिहरिआ,
पवंगमेहिं मलिआ सुवेलुच्छंगा'
(से १०, २)।

उच्छुद्ध वि [दे] १ विक्षिप्त। २ पतित (ओघ २२० भा)।

उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना। उच्छुभह (भग १५)।

उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना (पव ७३ टी)।

उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी (दे १, ६०)।

उच्छुरण न [दे] १ ईख का खेत। २ ईख, ऊख (दे १, ११७)।

उच्छुल्ल पुं [दे] १ अनुवाद। २ खेद, उद्वेग (दे १, १३१)।

उच्छूढ वि [दे] आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ (षड्)।

उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] १ त्यक्त, उज्झित (णाया १, १ उव)। २ मुषित, चुराया हुआ (राज)। ३ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ (ओप)।

उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] ऊपर देखो; 'उच्छूढसरीरघरा अन्नो जीवो सरीरमन्नं ति' (उव पि ६६)।

उच्छूर देखो उल्लूर=तुड़ (हे ४, ११६ टि)।

उच्छूल देखो उच्चूल (उव)।

उच्छेअ पुं [उच्छेद] १ नाश, उन्मूलन; 'एगंतुच्छेअम्मिवि सुहदुक्खविअप्पणमजुत्तं' (सम्म १८)। २ व्यवच्छेद, व्यावृत्ति; 'उच्छेओ सुत्तत्थाणं ववच्छेउत्ति वुत्तं भवति' (नीचू १)।

उच्छेयण न [उच्छेदन] विनाश, उन्मूलन; 'चिंतेइ एस समओ एयस्सुच्छेयणे मज्झ' (सुपा ३३५)।

उच्छेर अक [उत् + श्रि] १ ऊँचा होना, उन्नत होना। २ अधिक होना, अतिरिक्त होना। वकृ. उच्छेरंत (काप्र १६४)।

उच्छेव पुं [उत्क्षेप] १ ऊँचा करना, उठाना। २ फेंकना (वव २, ४)।

उच्छेव पुं [उत्क्षेप] प्रक्षेप (वव ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उच्छेवण न [उत्क्षेपण] ऊपर देखो (से ६, २४)।

उच्छेवण न [दे] घृत, घी (दे १, ११६)।

उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई (दे १, १३०)।

उच्छोडिय वि [उच्छोटित] छुड़ाया हुआ, मुक्त किया हुआ; 'उच्छोडिय-बंधो सो रन्ना भणिओ य भद्द! उववसिसु' (सुर १, १०५); 'पासट्ठियपुरिसेहिं तक्खणमुच्छोडिया य से बंधा' (सुर २, ३६)।

उच्छोभ वि [उच्छोभ] १ शोभा-रहित। २ न. पिशुनता, चुगली (राज)।

उच्छोल सक [उत् + मूलय्] उन्मूलन करना, उखाड़ना। वकृ. उच्छोलंत (राज)।

उच्छोल सक [उत् + क्षालय्] प्रक्षालन करना, धोना। वकृ. उच्छोलंत (निचू १७)। प्रयो., वकृ. उच्छोलावंत (निचू १६)।

उच्छोलण न [उत्क्षालन] प्रभूत जल से प्रक्षालन, 'उच्छोलणं च कक्कं च तं निज्जं परियाणिया' (सूअ १, ६; औप)।

उच्छोलणा स्त्री [उत्क्षालना] प्रक्षालन (दस ४)।

उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल, 'नहदंतकेसरोमे जमेइ उच्छोलधोयणो अजओ' (उव)।

उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] डूबोनेवाला, निमग्न करनेवाला (सूअ २, २, १८)।

उजु देखो उज्जु (आचा; कप्प)।

उजुअ देखो उज्जुअ (नाट)।

उज्ज देखो ओय = ओजस् (कप्प)।

उज्ज न [ऊर्ज] १ तेज, प्रताप। २ बल (कप्प)।

उज्जअणी } उज्जइणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनि] नगरी-विशेष, मालव देश की प्राचीन राजधानी, आजकल भी यह 'उज्जैन' नाम से प्रसिद्ध है (चारु ३६; पि ३८६)।

उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती। २ वि. दीर्घ, लम्बा (दे १, १३५)।

उज्जगरय पुं [उज्जागरक] १ जागरण, निद्रा का अभाव;

'जत्थ न उज्जगरओ,
जत्थ न ईसा विसूरणं माणं।
सब्भावचाडुयं जत्थ,
नत्थि नेहो तहिं नत्थि'
(वज्जा ६८)।

उज्जग्गिर न [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव (दे १; ११७; वज्जा ७४)।

उज्जगुज्ज वि [दे] स्वच्छ, निर्मल (दे १ ११३)।

उज्जड वि [दे] उजाड़, वसति-रहित (दे १, ६६);

'उक्किरणरयभरोणयत-
लजज्जरभूविसट्टविलविसमा
थोउज्जडक्कविडंवा इमाओ
ता उन्दरथलीओ' (गउड)।

उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढ़ा (दे १; १११)।

उज्जम अक [उद् + यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना। उज्जमइ (धम्म १४)। उज्जमह (उव)। वकृ. उज्जमंत, उज्जममाण (पण्ह १, ३); 'ण करेइ दुक्खमोक्खं उज्जममाणावि संजमतवेसु' (सूअ १, १३)। कृ. उज्जमिअव्व, उज्जमेयव्व (सुर १४, ८३; सुपा २८७; २२४)। हेकृ. उज्जमिउं (उव)।

उज्जम पुं [उद्यम] उद्योग, प्रयत्न (उव; जी ५०; प्रासू ११५)।

उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति-कार्य (भवि)।

उज्जमि वि [उद्यमिन्] उद्योगी (कुप्र ४१६)।

उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत) (भवि)।

उज्जम्ह अक [उत् + जृम्भ्] जोर से जँभाई लेना। उज्जम्हइ (प्राकृ ६४)।

उज्जय हि [उद्यत] उद्योगी, उद्युक्त, प्रयत्न-शील (पाअ; काप्र १६६; गा ४४८)। °मरण न [°मरण] मरण-विशेष (आचा)।

उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत, 'इय उज्जयंतकप्पं, अवियप्पं जो करेइ जिणभत्तो' (ती; विवे १८); 'ता उज्जयंतसत्तुंजएसु तित्थेसु दोसुवि जिणिंदे' (मुणि १०६७५)।

उज्जर वि [दे] १ मध्य-गत, भीतर का। २ पुं. निर्जरण, क्षय (तंदु ४१)।

उज्जल अक [उद् + ज्वल्] १ जलना। २ प्रकाशित होना, चमकना। उज्जलंति (विक्र ११४)। वकृ. उज्जलंत (णंदि)।

उज्जल वि [उज्ज्वल] १ निर्मल, स्वच्छ (भग ७, ८; कुमा)। २ दीप्त, चमकीला (कप्प; कुमा)।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल (हे २, १७४ टि)।

उज्जलग वि [उज्ज्वलन] चमकीला, देदीप्यमान; 'जालुज्जलणगअंबरंव कत्थइ पयंतं अइवेगचंचलं सिहिं' (कप्प)।

उज्जलिअ पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र ८)।

उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित] १ उद्दीप्त, प्रकाशित (पउम ११८, ८८; औप)। २ ऊँची ज्वालाओं से युक्त (जीव ३)। ३ न. उद्दीपन (राज)।

उज्जल्ल वि [दे] स्वेद-सहित, पसीनावाला, मलिन; 'मुंडा कंडूविणट्ठंगा उज्जल्ला असमाहिया' (सूअ १, ३)। २ बलवान, बलिष्ठ (हे २, १७४)।

उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता (गा ६२६)।

उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, ६७)।

उज्जव अक [उद् + यत्] प्रयत्न करना। वकृ. 'सुट्ठुवि उज्जवमाणं पंचेव करंति रित्तयं समणं' (उव)।

उज्जवण देखो उज्जावण (भवि)।

उज्जह सक [उद् + हा] प्रेरणा करना। संकृ. उज्जहित्ता (उत्त २७, ७)।

उज्जाअर } उज्जागर } पुं [उज्जागर] जागरण, निद्रा का अभाव (गा ४८२; वज्जा ७६)।

उज्जाडिअ वि [दे] उजाड़ किया हुआ (भवि)।

उज्जाण न [उद्यान] उद्यान, बगीचा, उपवन (अणु; कुमा)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी, गोठ (णाया १, १)। °पालअ, °वाल वि [पालक, °पाल] बगीचा का रक्षक, माली (सुपा २०८; ३०५)।

उज्जाणिअ वि [औद्यानिक] उद्यान-संबंधी, बगीचा का (भग १४, १)।

उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (दे १, ११३)।

उज्जाणिआ } उज्जाणिगा } स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी, गोठ; 'उज्जाणं जत्थ लोगो उज्जाणिआए वच्चइ' (निचू ८; स १५१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी, गोठ (सुपा ४८५)।

उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १ टी)।

उज्जाल सक [उत्+ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना। संकृ. उज्जालियं (श्रावक ३७६)।

उज्जाल सक [उद्+ज्वालय्] १ उजाला करना। २ जलाना। संकृ. उज्जालिय, उज्जालित्ता (दस ५; आचा)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] जलाना (दस ५)।

उज्जालण न [उज्ज्वालन] उज्ज्वल करना (सिरि ६८०)।

उज्जालय वि [उज्ज्वालक] आग सुलगानेवाला (सूत्र १, ७, ५)।

उज्जालिअ वि [उज्ज्वालित] जलाया हुआ, सुलगाया हुआ (सुर ६, ११७)।

उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्ति-कार्य (प्राह्)।

उज्जाविय वि [दे] विकासित (सण)।

उज्जिंत देखो उज्जयंत (णाया १, १६);

'उज्जिंतसेलसिहरे, दिक्खा
नाणं निसीहिआ जस्स।
तं धम्मचक्कवट्टिं,
अरिट्ठनेमिं नमंसामि' (पडि)।

उज्जीरिअ वि [दे] निर्भर्त्सित, अपमानित, तिरस्कृत (दे १, ११२)।

उज्जीवण न [उज्जीवन] १ पुनर्जीवन, जिलाना; 'तस्सपभावो एसो कुमरस्सुज्जीवणे जाओ' (सुपा ५०४)। २ उद्दीपन (सण)।

उज्जीविअ वि [उज्जीवित] पुनर्जीवित, जिलाया हुआ (सुपा २७०)।

उज्जु वि [ऋजु] सरल, निष्कपट, सीधा (औप; आचा)। °कड वि [°कृत] १ निष्कपट तपस्वी (आचा; उत्त)। °कड वि [°कृत्] माया-रहित आचरणवाला (आचा)। °जड, °जड्ड वि [°जड] सरल किन्तु मूर्ख, तात्पर्य को नहीं समझनेवाला (पंचा १६; उत्त २६)। °मइ स्त्री [°मति] १ मनःपर्यव ज्ञान का एक भेद, सामान्य मनोज्ञान, सामान्य रीति से दूसरों के मनोभाव को जानना। २ वि. उक्त मनो-ज्ञानवाला (पण्ह २, १; औप)। °वालिया स्त्री [°वालिका] नदी-विशेष, जिसके किनारे भगवान् महावीर को केवल-ज्ञान उत्पन्न हुआ था (कप्प; स ४३२)। °सुत्त पुं [°सूत्र] वर्तमान वस्तु को ही माननेवाला नय-विशेष (ठा ७)। °सुय पुं [°श्रुत] देखो पूर्वोक्त अर्थ; 'पच्चुप्पन्नग्गाही उज्जुसुओ णयविही मुणेअव्वो' (अणु)। °हत्थ पुं [°हस्त] दाहिना हाथ (ओघ ५११)।

उज्जु पुं [ऋजु] संयम (सूत्र १, १३, ७)।

उज्जुअ वि [ऋजुक] ऊपर देखो (आचा; कुमा; गा १५६; ३५२)।

उज्जुआइअ वि [ऋजुकारित] सरल किया हुआ (से १३; २०)।

उज्जुग देखो उज्जुअ (पि ५७)।

उज्जुत्त वि [उद्युक्त] उद्यमी, प्रयत्नशील (सुर ४, १५; पात्र)।

उज्जुरिअ वि [दे] १ क्षीण, नष्ट। २ शुष्क, सूखा (दे १, ११२)।

उज्जूढ वि [उद्व्यूढ] धारण किया हुआ (संबोध ५३)।

उज्जेणग पुं [उज्जयनक] श्रावक-विशेष, एक उपासक का नाम (आचू ४)।

उज्जेणी देखो उज्जइणी (महा; काप्र ३३३)।

उज्जोअ सक [उद्+द्योतय्] प्रकाश करना, उद्योत करना। उज्जोएइ (महा)। वकृ. **उज्जोयंत, उज्जोइंत, उज्जोयमाण, उज्जोएमाण** (णाया १, १; सुपा ४७; सुर ८, ८७; सुपा २४२; जीव ३)।

उज्जोअ पुं [उद्योग] प्रयत्न, उद्यम (पउम ३, १२६; सूक्त ३६ पुष्फ २८; २६)।

उज्जोअ पुं [उद्द्योत] १ प्रकाश, उजेला। °गर वि [°कर] प्रकाशक; 'लोगस्स उज्जोअगरे, धम्मतित्थयरे जिणे' (पडि; पात्र; हे १, १७७)। २ उद्द्योत का कारण-भूत कर्म-विशेष (सम ६७; कम्म १)। °त्थ न [°ास्त्र] शस्त्र-विशेष (पउम१२, १२८)।

उज्जोअग वि [उद्द्योतक] प्रकाशक, 'सव्व जगुज्जयोगस्स' (णंदि)।

उज्जोअण न [उद्द्योतन] १ प्रकाशन, अवभासन। २ वि. प्रकाश करनेवाला (उप ७२८ टी)। ३ पुं. सूर्य, रवि। ४ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (गु ७; सार्ध ६२)।

उज्जोअय वि [उद्द्योतक] १ प्रकाशक। २ प्रभावक, उन्नति करनेवाला (उर ८, १२)।

उज्जोइंत देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय्।

उज्जोइय वि [उद्द्योतित] प्रकाशित (सम १५३; सुपा २०५)।

उज्जोएमाण देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय्।

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी (दे १, ११५)।

उज्जोव देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय्। वकृ. **उज्जोवंत, उज्जोवयंत, उज्जोवेंत, उज्जोवेमाण** (पउम २१, १५; स २०७; ६३१; ठा ८)।

उज्जोवण न [उद्द्योतन] प्रकाशन (स ६३१)।

उज्जोविय देखो उज्जोइय (कप्प; णाया १, १; पण्ह १, ४; पउम , १६०; स ३६)।

उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड़ देना। उज्झइ (महा)। कवकृ. **उज्झिज्जमाण** (उप २११ टी)। संकृ. **उज्झिअ, उज्झिउं, उज्झिऊण** (अभि ६०; पि ५७६; राज)। हेकृ. उज्झित्तए (णाया १, ८)। कृ. **उज्झियव्व** (उप ५६७ टी)।

उज्झ पुं [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक (विसे ३१६८)।

उज्झअ, उज्झग वि [उज्झक] त्याग करनेवाला, छोड़नेवाला (सूत्र १, ३; उप १७६ टी)।

उज्झण न [उज्झन] परित्याग (उप १७६; पृ ४०३; पउम १, ६०; औप)।

उज्झणया, उज्झणा स्त्री [उज्झना] परित्याग (उप ५६३; श्राव ४)।

उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, बेचा हुआ। २ निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झमण न [दे] पलायन, भागना (दे १, १०३)।

उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ (षड्)।

उज्झर पुं [निर्झर] पर्वत से गिरनेवाला जल-प्रवाह, पहाड़ का झरना (णाया १, १; गउड; गा ६३६)। °वणी स्त्री [°पर्णी] उदक-पात, जल-प्रपात (निचू ५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उज्झरिअ वि [दे] टेढ़ी नजर से देखा हुआ। २ विक्षिप्त। ३ क्षिप्त, फेंका हुआ। ४ परित्यक्त, उज्झित (दे १, १३३)।

उज्झल वि [दे] प्रबल, बलिष्ठ (षड्)।

उज्झलिअ वि [दे] १ प्रक्षिप्त, फेंका हुआ। २ विक्षिप्त (षड्)।

उज्झस पुं [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न (दे १, ९५)।

उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट, उत्तम (षड्)।

°उज्झा देखो अउज्झा (उप पृ ३७४)।

उज्झाय पुं [उपाध्याय] विद्या-दाता गुरु, शिक्षक, पाठक (महा; सुर १, १८०)।

उज्झासि वि [उद्भासिन्] चमकनेवाला, देदीप्यमान, 'कंकणुज्झासिहत्था' (रंभा)।

उज्झिंखिअ न [दे] १ वचनीय, लोकापवाद। २ वि. निन्दनीय। ३ कथनीय (दे ३, ५५)।

उज्झिअ वि [उज्झित] १ परित्यक्त, विमुक्त (कुमा)। २ भिन्न (श्राव ४)। ३ न. परित्याग (अणु)। °य पुं [°क] एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १, २)।

उज्झिअ वि [दे] १ शुष्क, सूखा हुआ। २ निम्नीकृत, नीचा किया हुआ (षड्)।

उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी (णाया १, ७)।

उट्ट पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट, करभ (विपा १, ६; हे २, ३४; उवा)। स्त्री. उट्टी (राज)।

उट्टार पुं [अवतार] घाट, तीर्थ, जलाशय का तट;

'अह ते तुरउट्टारे बहुभडमयरे सुसत्थकमलवणे।
लीलायंति जहिच्छं समरतलाए कुमारगया'
(पउम ९८, ३०)।

उट्टिगा देखो उट्टिया (धर्मसं ७८)।

उट्टिय } वि [औष्ट्रिक] ऊँट सम्बन्धी। ऊँट
उट्टियय } के रोओं का बना हुआ (ठा ५, ३; ओघ ७०९)। ३ पुं. भृत्य, नौकर (कुमा)। ४ घड़ा, घट (उवा)।

उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घड़ा, घट, कुम्भ (विपा १,६; उवा)। °समण पुं [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो बड़े घड़े में बैठ कर तपस्या करता है (औप)।

उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना। उट्ठइ (हे ४,१७; महा)। उट्ठेइ (पि ३०९)। वकृ. उट्ठंत (गा ३८२; सुपा २९९), उट्ठिंत (सुर ८, ४३; १३, ५३)। संकृ. उट्ठाय, उट्ठित्तु, उट्ठित्ता, उट्ठेत्ता (राज; आचा; पि ५८२)। हेकृ. उट्ठिउं (उप पृ २५८)।

उट्ठ वि [उत्थ] उत्थित, उठा हुआ (ओघ ७० उवा)। °बइस अप [°पवेश] उठ-बैठ (हे ४, ४२३)।

उट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ, अधर (सम १२५; सुपा ५२३)।

उट्ठ पुं [उष्ट्र] जलचर जंतु-विशेष (सूअ १, ७, १५)।

उट्ठण देखो उट्ठाण (धर्मवि १३०)।

उट्ठुंभ सक [अव + स्तभ्] १ आलम्बन देना, सहारा देना। २ आक्रमण करना कर्म. उट्ठुब्भइ (हे ४, ३६५)। संकृ. 'उट्ठुंभिया एगया कायं' (आचा १, ९, ३, ११)।

उट्ठवण न [उत्थापन] उत्थापन, ऊँचा करना, उठाना (ओघ २१४; दे १, ८२)।

ओल्लविद् (शौ) नीचे देखो (पि १११; मृच्छ १०५)।

ओल्लिअ वि [आर्द्रित] आर्द्र किया हुआ (गा ३३०; सण)।

ओल्ली स्त्री [दे] पनक, काई; गुजराती में 'ऊल' (चेइय ३७३)।

ओल्हव सक [वि + ध्यापय्] बुझाना। ठंढा करना। कवकृ. ओल्हविज्जंत (स ३६२)। कृ. ओल्हवेयव्व (स ३६२)।

ओल्हविअ वि [दे] देखो उल्हविय (सुर १०, १४६)।

ओव न [दे] हाथी वगैरह को बाँधने के लिए किया हुआ गर्त्त (दे १, १४९)।

ओवअण न [अवपतन] नीचे गिरना, अधःपात (से ६, ७७; १३, २२)।

ओवइणी स्त्री [अवपातिनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से स्वयं नीचे आता है या दूसरे को नीचे उतारता है (सूअ २, २)।

ओवइय वि [अवपतित] १ अवतीर्ण, नीचे आया हुआ (से ६, २८; औप)। २ आ पड़ा हुआ, आ डटा हुआ (से ६, २६)। ३ न. पतन (औप)।

ओवइय पुंस्त्री [दे] तीन इन्द्रियवाला एक क्षुद्र जन्तु; 'से किं तं तेइंदिया ? तेइंदिया अणेगविहा पण्णत्ता, तं जहा:—ओवइया रोहिणीया हत्थिसोंडा' (जीव १)।

ओवइय वि [औपचयिक] उपचित, परिपुष्ट (राज)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार करने वाला (भग १३, ६)।

ओवगारिय वि [औपकारिक] उपकार के निमित्त का, उपकारार्थक (देवेन्द्र ३०६)।

ओवग्ग सक [अप + क्रम्] १ व्याप्त करना। २ ढकना, आच्छादन करना। ओवग्गइ, ओवग्गउ (से ४, २५, ३, ११)।

ओवग्ग सक [उप + वल्ग्, आ + क्रम्] १ आक्रमण करना। २ पराभाव करना। ओवग्गइ (भवि)। संकृ. ओवग्गिवि (भवि)।

ओवग्गहिय वि [औपग्रहिक] जैन साधुओं के एक प्रकार का उपकरण, जो कारण-विशेष से थोड़े समय के लिए लिया जाता है (पव ६०)।

ओवग्गिअ वि [दे. उपवल्गित] १ अभिभूत १ आक्रान्त (से ६, ३०; पाअ; सुर १३, ४२)।

ओवघाइय वि [औपघातिक] उपघात करने वाला, पीड़ा उत्पन्न करनेवाला; 'सुयं वा जइ वा दिट्ठं न लविज्जोवघाइयं' (दस ८)।

ओवच्च सक [उप + व्रज्] पास जाना, 'सुहाए ओवच्च वासहरं' (भवि)।

ओवट्ट अक [अप + वृत्] १ पीछे हटना। २ कम होना, ह्रास-प्राप्त होना। वकृ. ओवट्टंत (उप ७६२)।

ओवट्ट पुं [अपवर्त्त] १ ह्रास, हानि। २ भागाकार, (विसे २०६२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओवट्टण न [अपवर्त्तन] ह्रास, कमी (श्रावक २१६)।

ओवट्टणा स्त्री [अपवर्त्तना] भागाकार, भाग-हरण (राज)।

ओवट्टिअ न [दे] चाटु, खुशामद (दे १, १६२)।

ओवट्ठ वि [अववृष्ट] बरसा हुआ, जिसने वृष्टि की हो वह (से ६, ३४)।

ओवट्ठ पुं [दे· अववर्ष] १ वृष्टि, वारिश (से ६, २५)। २ मेघ-जल का सिञ्चन (दे १, १५२)।

ओवट्ठिइअ वि [औपस्थितिक] उपस्थिति के योग्य, नौकर (प्रयौ ११)।

ओवड अक [अव + पत्] गिरना, नीचे पड़ना। वकृ. ओवडंत (से १३, २८)।

ओवडण न [अवपतन] १ अधःपात। २ झम्पा-पात (से २, ३२)।

ओवड्ढ वि [उपार्ध] आधे के करीब। °ोमोयरिया स्त्री [°ावमोदरिका] बारह कवल का ही आहार करना, तप-विशेष (भग-७, १)।

ओवड्ढि वि [अपवृद्धि] ह्रास (निचू २०)।

ओवड्ढा स्त्री [दे] ओढ़नी का एक भाग (दे १, १५१)।

ओवण न [उपवन] बगीचा, आराम (कुमा)।

ओवणिहिय पुं [औपनिहित, औपनिधिक] भिक्षाचर विशेष; समीपस्थ भिक्षा को लेनेवाला साधु (ठा ५; औप)।

ओवणिहिया स्त्री [औपनिधिकी] आनुपूर्वी-विशेष, अनुक्रम-विशेष (औप)।

ओवत्त सक [अप + वर्त्तय्] १ उलटा करना। २ फिराना, घुमाना। ३ फेंकना। संकृ. ओवत्तिय (दस ५)। कृ. ओवत्तेअव्व (से १०, ५०)।

ओवत्त वि [अपवृत्त] फिराया हुआ (से ६, ६१)।

ओवत्तिय वि [अपवर्त्तित] १ घुमाया हुआ। २ क्षिप्त (णाया १, १—पत्र ४७)।

ओवत्थाणिय वि [औपस्थानिक] सभा का कार्य करनेवाला नौकर। स्त्री. °या (भग ११, ११)।

ओवम देखो ओवम्म; 'इंदियपच्चक्खं पिय अणुमाए ओवमं च मइनाणं' (जीवस १४२)।

ओवमिय वि [औपमिक] उपमा-सम्बन्धी (अणु)।

ओवमिय, ओवम्म न [औपम्य] १ उपमा (ठा ८; अणु)। २ उपमान, प्रमाण (सूअ १, १०)।

ओवय सक [अव + पत्] १ नीचे उतरना। २ आ पड़ना। वकृ. ओयवंत, ओवयमाण कप्प; स ३७०; पि ३६६; णाया १, १ ६)।

ओवयण न [दे. अवपदन] प्रोङ्खणक, चुमना (णाया १, १—पत्र ३६)।

ओवयण न [अवपतन] अवतरण, नीचे उतरना (भग ३, २—पत्र १७७)।

ओवयाइयय वि [औपयाचितक] मनौती से प्राप्त किया हुआ, मनौती से मिला हुआ (ठा १०)।

ओवयारिय वि [औपचारिक] उपचार-संबन्धी (पंचा ६; पुप्फ ४०६)।

ओवर पुं [दे] निकर, समूह (दे १, १५७)।

ओववाइय वि [औपपातिक] १ जिसकी उत्पत्ति होती हो वह (पंच १)। १ पुं. संसारी, प्राणी (आचा)। ३ देव या नारक-जीव (दस ४)। ४ न. देव या नारक जीव का शरीर (पंच १)। ५ जैन आगम-ग्रन्थ विशेष, औपपातिक सूत्र (औप)।

ओववाइय वि [औपपातिक] एक जन्म से दूसरे जन्म में जानेवाला (सूअ १, १, ११)।

ओवसग्गिय वि [औपसर्गिक] १ उपसर्ग से संबन्ध रखनेवाला, उपद्रव—समर्थ रोगादि। २ शब्द-विशेष, प्र, परा आदि अव्यय रूप शब्द (अणु)।

ओवसमिअ पुंन [औपशमिक] १ उपशम। २ वि. उपशम से उत्पन्न। ३ उपशम होने पर होनेवाला (विसे २१७४)।

ओवसेर न [दे] १ चन्दन, सुगन्धि काष्ठ-विशेष। २ वि. रति-योग्य (दे १, १७३)।

ओवस्सय देखो उवस्सय; 'घट्टिज्जइ ओवस्सय-तणयं तेणाइरक्खट्ठा' (पव ८१)।

ओवह सक [अव + वह्] १ बह जाना, बह चलना। २ डूबना। कवकृ. ओवुब्भमाण (कस)।

ओवहारिअ वि [औपहारिक] उपहार-संबन्धी (विक ७५)।

ओवहिय वि [औपधिक] माया से गुप्त विचरनेवाला (णाया १, २)।

ओवाअअ पुं [दे] आपातप, जल-समूह की गरमी (षड्)।

ओवाइय देखो ओववाइय (राज)।

ओवाइय देखो उवयाइय (सुपा ११३)।

ओवाइय वि [आवपातिक] सेवा करनेवाला (ठा १०)।

ओवाडण न [अवपाटन] विदारण, नाश (ठा २, ४)।

ओवाडिय वि [अवपाटित] विदारित (औप)।

ओवाय सक [उप + याच्] मनौती करना। वकृ. ओवायंत, ओवाइयमाण (सुर १३, २०६; णाया १, ८—पत्र १३४)।

ओवाय पुं [अवपात] १ सेवा, भक्ति (ठा ३, २; औप)। २ गर्त्त, गड्ढा (पण्ह १, १)। ३ नीचे गिरना (पण्ह १, ४)।

ओवाय वि [औपाय] उपाय-जन्य, उपाय-संबन्धी (उत्त १, २८)।

ओवार सक [अप + वारय्] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. ओवारिअ (अभि २१३)।

ओवारि न [दे] धान्य भरने का एक प्रकार का लम्बा कोठा, गोदाम (राज)।

ओवारिअ वि [दे] ढेर किया हुआ, राशि-कृत (स ४८७; ४८)।

ओवारिअ वि [अपवारित] आच्छादित, ढका हुआ (मै ६१)।

ओवास अक [अव + काश्] शोभना, विराजना। ओवासइ (प्राप)।

ओवास अक [अव + काश्] अवकाश पाना, जगह मिलना। ओवासइ (प्राप्र; कुमा ७, २३; प्राकृ ६६)।

ओवास पुं [अवकाश] अवकाश, खाली जगह (पाअ; प्राप्र; से १, ५४)।

ओवास पुं [उपवास] उपवास, भोजनाभाव (पउम ४२, ८६)।

ओवासंतर पुंन [अवकाशान्तर] आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओवाह सक [अव + गाह्] अवगाहना। ओवाहइ (प्राप्र)।

ओवाहिअ वि [अपवाहित] १ नीचे गिराया हुवा (से ६, १६; १३, ७२)। २ घुमाकर नीचे डाला हुआ (से ७, ५५)।

ओविअ वि [दे] १ आरोपित, अध्यासित। २ मुक्त, परित्यक्त। ३ हृत, छीना हुआ। ४ न. खुशामद। ५ रुदित, रोदन (दे १, १६७)। ६ त्रि. परिकर्मित, संस्कारित (कप्प)। ७ खचित, व्याप्त (आवम)। ८ उज्ज्वालित, प्रकाशित (णाया १, १६)। ९ विभूषित, शृंगारित (प्राप)। देखो उविय।

ओविद्ध वि [अपविद्ध] १ प्रेरित, आहत (से ७,१२)। २ नीचे गिराया हुआ (से १३, २६)।

ओवील सक [अव + पीडय्] पीड़ा पहुंचाना, मार-पीट करना। वकृ. ओवीलेमाण (णाया १, १८—पत्र २३६)।

ओवीलय देखो उव्वीलय (पण्ह १, ३)।

ओवुब्भमाण देखो ओवह।

ओवेहा स्त्री [उपेक्षा] १ उपदर्शन, देखना। २ अवधीरणा: 'संजयगिहिचोयणचोयणे य वावारओवेहा' (ओघ १७१ भा)।

°**ओव्वण** देखो जोव्वण (से ७, ६२)।

ओव्वत्त अक [अप + वृत्] १ पीछे फिरना, लौटना। २ अवनत होना। संकृ. ओवत्तिऊण (ओघ भा ३० टी)।

ओव्वत्त वि [अपवृत्त] पीछे फिरा हुआ। २ नमा हुआ, अवनत (से ८, ८४)।

ओव्वेव्व देखो उव्वेव (संक्षि ३५)।

ओस देखो ऊस = ऊप (दस ५, १, ३३)।

ओस पुं [दे] देखो ओसा (राज)। °**चारण** पुं [°चारण] हिम के अवलम्बन से जानेवाला साधु (गच्छ)।

ओसक्क सक [अव + ष्वष्क्] कम करना, घटाना। संकृ. ओसक्किया (दस ५,१,६३)।

ओसक्क अक [अव + ष्वष्क्] १ पीछे हटना, अपसरण करना। २ भागना, पलायन करना। ३ उदीरण करना, उत्तेजित करना। ओसक्कइ (पि ३०२;३१५)। वकृ. ओसक्कंत, ओसक्कमाण (से ५, ७३; स ६४)। संकृ. ओसक्कइत्ता, ओसक्किय, ओसक्किऊण (ठा ८; दस ४; सुर २, १५)।

ओसक्क वि [दे. अवष्वष्कित] अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे. १, १४६; पाअ)।

ओसक्कण न [अवष्वष्कण] १ अपसरण (स ६३)। २ नियत काल से पहले करना (धर्म ३)। ३ उत्तेजन (बृह २)।

ओसक्किय वि [अवष्वष्कित] नियत काल से पहले किया हुआ (पिंड २९०)।

ओसट्ट अक [वि + सृप्] फैलना, पसरना। ओसट्टइ (गा ८५६)।

ओसट्ट वि [दे] विकसित, प्रफुल्लित (षड्)

ओसडिअ वि [दे] आकीर्ण, व्याप्त (षड्)।

ओसढ न [औषध] दवा, इलाज, भैषज (हे १, २२७)।

ओसढिअ वि [औषधिक] वैद्य, चिकित्सक (कुमा)।

ओसण न [दे] उद्वेग, खेद (दे १ १५५)।

ओसण्ण वि [अवसन्न] १ खिन्न (गा ३८२; से १३, ३०)। २ शिथिल, ढीला (वव ३)। देखो ओसन्न।

ओसण्ण वि [दे] त्रुटित, खण्डित (दे १, १५६; षड्)।

ओसण्णं अ [दे] प्रायः बहुत कर (कप्प)।

ओसत्त वि [अवसक्त] संबद्ध, संयुक्त (णाया १, ३; स ४४९)।

ओसधि देखो ओसहि (ठा २, ३)।

ओसद्ध वि [दे] पातित, गिराया हुआ (पाअ)।

ओसन्न देखो ओसण्ण = अवसन्न (सुर ४, ३४; णाया १, ५; सं ६; पुप्फ २१)। ३ न. एकान्त: 'ओसन्ने देइ गेण्हइ वा' (उव)।

ओसन्न वि [अवसन्न] निमग्न (दसचू १, ८)।

ओसन्नं देखो ओसण्णं (कम्म १, १३; विसे २२७५)।

ओसप्पिणी स्त्री [अवसर्पिणी] दश कोटाकोटि सागरोपमपरिमित काल-विशेष, जिसमें सर्व पदार्थों के गुणों की क्रमशः हानि होती जाती है (सम ७२; ठा १)।

ओसम सक [उप + शमय्] उपशान्त करना। भवि. ओसमेहिंति (पिंड ३२६)।

ओसमिअ वि [उपशमित] शान्ति-प्राप्त (सम ३७)।

ओसर अक [अव + तृ] १ नीचे आना। २ अवतरना, जन्म लेना। ओसरइ (षड्)।

ओसर अक [अप + सृ] अपसरण करना, पीछे हटना। २ सरकना, खिसकना, फिसलना। ओसरइ (महा; काल)। वकृ. ओसरंत (गा १८; ३६३; से ६, २६; ६, ८२; १२, ६; से ६३)।

ओसर सक [अव + सृ] आना, तीर्थंकर आदि महापुरुष का पधारना (उप ७२८ टी)।

ओसर पुं [अवसर] १ अवसर, समय (सूअ १, २)। २ अन्तर (राज)।

ओसरण न [अवसरण] १ जिन-देव का उपदेश स्थान (उप १३३; रयण १)। २ साधुओं का एकत्रित होना (सूअ १, १२)।

ओसरण न. [अपसरण] १ हटना, दूर होना। २ त्रि. दूर करनेवाला: 'बहुपावकम्मओसरणं' (कुमा १)।

ओसरिअ वि [दे] १ आकीर्ण, व्याप्त। २ आँख के इशारे से संकेतित या इंगित (षड्)। ३ अधोमुख, अवनत। ४ न. आँख का इशारा (दे १, १७१)।

ओसरिअ वि [अवसृत] आगत, पधारा हुआ (उप ७२८ टी)।

ओसरिअ वि [अपसृत] १ पीछे हटा हुआ (पउम १६, २३; पाअ; गा ३५१)। २ न. अपसरण (से २, ८)।

ओसरिअ वि [उपसृत] संमुखागत, सामने आया हुआ; (पाअ)।

ओसरिआ स्त्री [दे] अलिन्दक, बाहर के दरवाजे का प्रकोष्ठ (दे १, १६१)।

ओसव पुं [उत्सव] उत्सव, आनन्द-क्षण (प्राप्र)।

ओसविय देखो ओसमिअ (पिंड ३२६)।

ओसविय वि [उच्छ्रयित] ऊँचा किया हुआ (पउम ८, २६६)।

ओसव्विअ वि [दे] १ शोभा-रहित। २ न. अवसाद, खेद (दे १, १६८)।

ओसह न [औषध] दवाई, भैषज (औप; स्वप्न ५६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओसहि°, ही स्त्री [ओषधि] १ वनस्पति (पएण १)। २ नगरी-विशेष (राज)। °महि-हर पुं [°महिधर] पर्वत-विशेष (अच्चु ४४)।

ओसहिअ वि [आवसथिक] चन्द्रार्घ-दानादि व्रत को करनेवाला (गा ३४६)।

ओसा स्त्री [दे] १ ओस, निशा-जल (जी ५; आचा; विसे २५७६)। २ हिम, बरफ (दे १, १६४)।

ओसाअ पुं [दे] प्रहार की पीड़ा (दे १, १५२)।

ओसाअ पुं [अवश्याय] हिम, ओस (से १३, ५२; दे ८, ५३)।

ओसाअंत वि [दे] १ जँभाई खाता हुआ आलसी। २ बैठता। ३ वेदना-युक्त (दे १, १७०)।

ओसाअण वि [दे] १ महीशान, जमीन का मालिक। २ आपोशान (षड्)।

ओसाण न [अवसान] १ अन्त (ठा ४)। २ समीपता, सामीप्य (सूअ १, ४)।

ओसाण न [अवसान] गुरु के समीप स्थान, गुरु के पास निवास (सूअ १, १४, ४)।

ओसाणिहाण वि [दे] विधि-पूर्वक अनुष्ठित (दे १, १६३)।

ओसाय पुं [अवश्याय] ओस, निशा-जल (जीवस ३१)।

ओसायण न [अवसादन] परिशाटन, नाश (विसे)।

ओसार सक [अप+सारय्] दूर करना। ओसारेहि (स ४०८)। कर्म. ओसारिज्जंतु (स ४१०)। संकृ. ओसारिवि (भवि)।

ओसार पुं [दे] गो-वाट, गो-बाड़ा (दे १, १४६)।

ओसार पुं [अपसार] अपसरण (से १३, १४)।

ओसार देखो ऊसार = उत्सार (भवि)।

ओसार पुं [अवसार] कवच, बखतर (से १२, ५६)।

ओसारिअ वि [अपसारित] दूर किया हुआ, अपनीत (गा ६६; पउम २३, ८)।

ओसारिअ वि [अवसारित] अवलम्बित, लटकाया हुआ (औप)।

ओसास (अप) देखो ओवास = अवकाश (भवि)।

ओसिअ वि [दे] १ अबल, बल-रहित (दे १, १५०)। २ अपूर्व, असाधारण (षड्)।

ओसिअ वि [उषित] १ वसा हुआ, रहा हुआ (सूअ १, १४, ४)। २ व्यवस्थित (सूअ १, ४, १, २०)।

ओसिअंत वकृ. [अवसीदत्] पीड़ा पाता हुआ (हे १, १०१; से ३, ५१)।

ओसिंघिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे १, १६२; पाअ)।

ओसिंचित्तु वि [अपसेचयितृ] अपसेक करनेवाला (सूअ २, २)।

ओसिक्खिअ न [दे] १ गति-व्याघात। २ अरति-निहित (दे, १, १७३)।

ओसित्त वि [अवसिक्त] भीजाया हुआ, सिक्त (आचा २, १, १, १)।

ओसित्त वि [दे] उपलिप्त (दे १, १५८)।

ओसिय वि [अवसित] १ पर्यवसित। २ उपशान्त (सूअ १, १३)। ३ जीत, पराभूत (विसे)।

ओसिरण न [दे] व्युत्सर्जन, परित्याग (षड्)।

ओसीअ वि [दे] अधो-मुख, अवनत (दे १, १५८)।

ओसीर देखो उसीर (पएह २, ५)।

ओसीस अक [अप+वृत्] १ पीछे हटना। २ घूमना, फिरना। संकृ. ओसीसिऊण (दे १, १५२)।

ओसीस वि [अप+वृत्त] अपवृत्त (दे १, १५२)।

ओसुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित (प्राप्र)।

ओसुंखिअ वि [दे] उत्प्रेक्षित, कल्पित (दे १६१)।

ओसुंभ सक [अव+पातय्] १ गिरा देना। २ नष्ट करना। कर्म. ओसुब्भंति (स ७, ६१)। वकृ. ओसुंभइ (से ४, ५४)। कवकृ. ओसुब्भंत (पि ५३५)।

ओसुक्क सक [तिज्] तीक्ष्ण करना, तेज करना। ओसुक्कइ (हे ४, १०४)।

ओसुक्क वि [अवशुष्क] सूखा हुआ (पउम ५३, ७६; ५, १४)।

ओसुक्ख अक [अव+शुष्] सूखना। वकृ. ओसुक्खंत (से ६, ६३)।

ओसुद्ध वि [दे] १ विनिपतित (दे १, १५७)। २ विनाशित (से १३, २२)।

ओसुब्भंत देखो ओसुंभ।

ओसुय न [औत्सुक्य] उत्सुकता, उत्कण्ठा (औपः पि ३२७ ए)।

ओसोयणी, ओसोवणिया, ओसोवणी स्त्री [अवस्वापनी] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से दूसरे को गाढ़ निद्राधीन किया जा सकता है (सुपा २२०; णाया १, १६; कप्प)।

ओस्सक्क पुं [अवष्वष्क] अपसर्पण, पीछे हटना (पव २)।

ओस्सक्कण देखो ओसक्कण (पिंड २८५)।

ओस्सा [दे] देखो ओसा (कस)।

ओस्साड पुं [अवशाट] नाश, विनाश (सण)।

ओह देखो ओघ (पएह १, ४; गा ५१८; निचू १६; ओघ २; धम्म १० टी)। ५ सूत्र, शास्त्र-सम्बन्धी वाक्य (विसे ६५७)।

ओह सक [अव+तॄ] नीचे उतरना। ओहइ (हे ४, ८५)।

ओह पुंन [ओघ] १ उत्सर्ग, सामान्य नियम; (णंदि ५२)। २ सामान्य, साधारण (वव १)। ३ प्रवाह (राय ४७ टी)। ४ सलिल-प्रवेश। ५ आस्रव-द्वार (आचा २, १६, १०)। ६ संसार (सूअ १, ६, ६)। °सूय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष (णंदि ५२)।

ओहंक पुं [दे] हास हँसी (दे १, १५३)।

ओहंजलिया स्त्री [दे] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (जीव १)।

ओहंतर वि [ओघतर] संसार पार करने-वाला (मुनि); (आचा)।

ओहंस पुं [दे] १ चन्दन। २ जिसपर चन्दन घिसा जाता है वह शिला, चन्द्रौटा या होरसा (दे १, १६८)।

ओहट्ट अक [अप+घट्ट्] १ कम होना, ह्रास पाना। २ पीछे हटना। ३ सक. हटाना, निवृत्त करना। ओहट्टइ (हे ४, ४१६)। वकृ. ओहट्टंत (से ८, ६०; सुपा २३३)।

ओहट्ट पुं [दे] १ अवगुण्ठन। २ नीवी, कटि-वस्त्र। ३ वि. अपसृत, पीछे हटा हुआ (दे १, १६६; भवि)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओहट्ट } वि [अपघट्टक] निवारक, हटाने-
ओहट्टय } वाला, निषेधक (विपा १, २, णाया १, १६; १८)।

ओहट्टिअ वि [दे] दूसरे को दबाकर हाथ से गृहीत (दे १, १५९)।

ओहट्ठ पुं [दे] हास, हंसी (दे १, १५३)।

ओहट्ठ वि [अवघृष्ट] घिसा हुआ (पउम ३७, ३)।

ओहड वि [अपहृत] नीचे लाया हुआ (दस ५, १, ३६)।

ओहडणी स्त्री [दे] अर्गला (दे १, १६०)।

ओहत्त वि [दे] अवनत (दे १, १५६)।

ओहत्थिअ वि [अपहस्तित] परित्यक्त, दूर किया हुआ (मै ३५)।

ओहय वि [उपहत] उपघात-प्राप्त (णाया १, १)।

ओहय वि [अवहत] विनाशित (औप)।

ओहर सक [अप + हृ] अपहरण करना। कर्म. ओहरीआमि (पि ६८)।

ओहर अक [अव + हृ] टेढ़ा होना, वक्र होना। २ सक. उलटा करना। ३ फिराना। संकृ. ओहरिय (आचा २, १, ७)।

ओहर न [उपगृह] छोटा गृह, कोठरी (पएह १, १)।

ओहरण न [अपहरण] उठा ले जाना, अपहार (उप ६७९)।

ओहरण न [दे] १ विनाशन, हिंसा। २ असंभव अर्थ की सम्भावना (दे १, १७४)। ३ अस्त्र, हथियार (स ५३१; ६३७)। ४ वि. आघ्रात (षड्)।

ओहरिअ वि [दे. अपहृत] १ फेंका हुआ (से १३, ३)। २ नीचे गिराया हुआ (से ३, ३७)। ३ उतारा हुआ, उत्तारित (ओघ ८०६)। ४ अपनीत; 'ओहरिअभरुव्व भारवहो' (धा ४०)।

ओहरिस वि [दे] १ आघ्रात, सूँघा हुआ। २ पुं. चन्दन घिसने की शिला, चन्द्रौटा (दे १, १६६)।

ओहल देखो उऊखल (हे १, १७१; कुमा)।

ओहल सक [अव + खल्] घिसना। भवि- ओहलिही (सुपा १३६)।

ओहलिय वि [अवखलित] घिसा हुआ, 'अंसुजलोहलियगंडयलो' (सुर २, १८६; सण)।

ओहली स्त्री [दे] ओघ, समूह (सुपा ३६४)।

ओहस सक [उप + हस्] उपहास करना। ओहसइ (नाट)। कवकृ. ओहसिज्जंत (से १५, १०)। कृ ओहसणिज्ज (स ८)।

ओहसिअ न [दे] १ वस्त्र, कपड़ा। २ वि. धृत, कम्पित (दे १, १७३)।

ओहसिअ वि [उपहसित] जिसका उपहास किया गया हो वह (ग, ६०; दे १, १७३; स ४४८)।

ओहाइअ वि [दे] अधो-मुख (१, १५८)।

ओहाइअ वि [अवधावित] चरित्र से भ्रष्ट (दसचू १, १)।

ओहाडण न [अवघाटन] प्रायश्चित्त-विशेष (वव १)।

ओहाडण न [अवघाटन] ढकना, पिधान (वव १)।

ओहाडणी स्त्री [दे. अवघाटनी] १ पिधानी (दे १, १६१)। २ एक प्रकार की ओढ़नी (जीव ३)

ओहाडिय वि [अवघाटित] १ पिहित, बन्द किया हुआ; 'वइरामयकवाडोहाडियाओ' (जं १—पत्र ७१)। २ स्थगित (आव ५)।

ओहाण न [उपधान] स्थगन, ढकना (वव ४)।

ओहाण न [अवधान] उपयोग, ख्याल (आचा)।

ओहाण न [अवधावन] अवक्रमण, पीछे हटना (निचू १६)।

ओहाम सक [तुलय्] तौलना, तुलना करना। ओहामइ (हे ४, २५)। वकृ. ओहामंत (कुमा)।

ओहामिय वि [तुलित] तौला हुआ (पाअ; सुपा २६६)।

ओहामिय वि [दे] १ अभिभूत (षड्)। २ तिरस्कृत (स ३१३; ओघ ६०)। ३ बन्द किया हुआ, स्थगित; 'जह वीणावंसरवा खणेण ओहामिआ सव्वा' (पउम ४६, ६)।

ओहार सक [अव + धारय्] निश्चय करना। संकृ. ओहारिअ (अभि १६४)।

ओहार पुं [दे] १ कच्छप। २ नदी वगैरह के बीच की शुष्क जगह, द्वीप। ३ अंश, विभाग (दे १, १६७)। ४ जलचर-जन्तु-विशेष (पएह १, ३)।

ओहार पुं [अवधार] निश्चय। °व वि [°वत्] निश्चयवाला (द्र ४९)।

ओहारइत्तु वि [अवधारयितृ] निश्चय करने-वाला (राज)।

ओहारइत्तु वि [अवहारयितृ] दूसरे पर मिथ्याभियोग लगानेवाला (राज)।

ओहारण न [अवधारण] नियम, निश्चय (द्र २)।

ओहारणी स्त्री [अवधारणी] निश्चयात्मक भाषा; 'ओहारणिं अप्पियकारिणिं च भासं न भासिज सया स पुज्जो' (दस ८, ३)।

ओहारिणी स्त्री [अवधारिणी] ऊपर देखो (भास १४)।

ओहाव सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। ओहावइ (हे ४, १६०; षड्)।

ओहाव अक [अव + धाव्] पीछे हटना। वकृ. ओहावंत, ओहावेंत (ओघ १२६; वव ८)।

ओहावण न [अवधावन] १ अपसर्पण, पलायन (वव १)। २ दीक्षा से भागना, दीक्षा को छोड़ देना (वव ३)।

ओहावण न [अवभावन] अपमान, अपकीर्ति (पिंड ४८६)।

ओहावणा स्त्री [अपहापना] लाघव, लघुता (जय २६)।

ओहावणा स्त्री [अपभावना] तिरस्कार, अनादर (उप १२९ टी; स ४१०)।

ओहावणा स्त्री [आक्रान्ति] आक्रमण (काल)।

ओहाविअ वि [अपभावित] १ तिरस्कृत (सुपा २२४)। २ ग्लान, ग्लानि-प्राप्त (वव ८)।

ओहाविअ वि [अवधावित] पलायित, अप-सृत (दसचू १, २)।

ओहास पुं [अवहास, उपहास] हँसी, हास्य (प्राप्र; मै ४३)।

ओहासण न [अवभाषण] याचना, मांग, विशिष्ट भिक्षा (आव ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओहासिय वि [अवभाषित] याचित (पंचा १३, १०)।

ओहि पुंस्त्री [अवधि] १ मर्यादा, सीमा, हद (गा १७०;२०६)। २ रूपि-पदार्थ का अतीन्द्रिय ज्ञान-विशेष (उवा; महा)। °जिण पुं [°जिन] अवधिज्ञानवाला साधु (पण्ह २, १)। °णाण न [°ज्ञान] अवधिज्ञान (वव १)। °णाणावरण न [°ज्ञानावरण] अवधिज्ञान का प्रतिबन्धक कर्म (कम्म १)। °दंसण न [°दर्शन] रूपी वस्तु का अतीन्द्रिय सामान्य ज्ञान (सम १५)। °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अवधिदर्शन का आवारक कर्म (ठा ९)। °नाण देखो °णाण (प्रासू)। °मरण न [°मरण] मरण-विशेष (भग १३, ७)।

ओहिअ वि [अवतीर्ण] उतरा हुआ (कुमा)।

ओहिअ वि [औधिक] औत्सर्गिक, सामान्य रूप से उक्त (अणु १९९; २००)।

ओहिण्ण वि [अपभिन्न] रोका हुआ, अटकाया हुआ (से १३, ३४)।

ओहित्थ न [दे] १ विषाद, खेद। २ रभस, वेग। ३ वि. विचारित (दे १, १६८)।

ओहिर देखो ओहीर। ओहिरइ (षड्)।

ओहिर देखो ओहर = अप + हृ। कर्म. ओहिरिआमि (पि ९८)।

ओहीअंत वि [अवहीयमान] क्रमशः कम होता हुआ (से १३, ४२)।

ओहीण वि [अवहीन] १ पीछे रहा हुआ (अभि ५६)। २ अपगत, गुजरा हुआ (से १२, ६७)।

ओहीर अक [नि + द्रा] सो जाना, निद्रा लेना (हे ४, १२)। वकृ. ओहीरमाण (णाया १, १; विपा २, १; कप्प)।

ओहीर अक [सद्] खिन्न होना। वकृ. ओहीरंतं च सीअंत' (पाअ)।

ओहीरिअ वि [अवधीरित] तिरस्कृत, परिभूत (आचा २, १)।

ओहीरिअ वि [दे] १ उद्गीत। २ अवसन्न, खिन्न (दे १, १६३)।

ओहुअ वि [दे] अभिभूत, पराभूत (दे १. १५८)।

ओहुंज देखो उवहुंज। ओहुंजइ (भवि)।

ओहुड वि [दे] विफल, निष्फल (दे १, १५७)।

ओहुप्पंत वि [आक्रम्यमाण] जिसपर आक्रमण किया जाता हो वह (से ३, १८)।

ओहुर वि [दे] १ अवनत, अवाङ्मुख (गउड)। २ खिन्न, खेद-प्राप्त। ३ स्रस्त, ध्वस्त (दे १, १५७)।

ओहुल्ल वि [दे] १ खिन्न। १ अवनत, नीचे झुका हुआ (भवि)।

ओहूणण न [अवधूनन] १ कम्प। २ उल्लङ्घन। ३ अपूर्व करण से भिन्न ग्रन्थि का भेद करना (आचा १, ९, १)।

ओहूय वि [अवधूत] उल्लङ्घित (बृह १)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे ओआराइसद्दसंकलणो णवमो तरंगो समत्तो।
तस्समत्तीए अ सरविहाओत्ति समत्तो ॥

क

क पुं [क] १ प्राकृत वर्ण-माला का प्रथम व्यञ्जनाक्षर, जिसका उच्चारण-स्थान कण्ठ है (प्राप; प्रमा)। २ ब्रह्मा (दे ५, २९)। ३ किए हुए पाप का स्वीकार; 'कत्ति कडं मे पावं' (आवम)। ४ न. पानी, जल (स ६११)। ५ सुख (सुर १६,५५)। देखो °अ = क।

क देखो किम् (गउड, महा)।

कअवंत देखो कय-व = कृतवत् (प्राकृ ३५)।

कइ वि. ब. [कति] कितना, 'तं भंते ! कइदिसं ओभासेइ' (भग)। °अ वि [°क] कतिपय, कईएक; 'मोएमि जाव तुज्झं, पियरं कइएसु दियहेसु' (पउम ३४,२७)। °अव वि [°पय] कतिपय, कईएक (हे १, २५०)। °इ अ [°चित्] कईएक (उप पृ ३)। °त्थ वि [°थ] कितनावाँ, कौन संख्या का ? (विसे ९१७)। °वइय. °वय, °वाह वि [°पय] कईएक (पउम ९१, १६; उवा, षड्; कुमा; हे १, २५०)। °वि अ [°अपि] कईएक (काल; महा)। °विह वि [°विध] कितने प्रकार का (भग)।

कइ वि [कृतिन्] १ विद्वान्, पण्डित। २ पुण्यवान् (सूअ २, १, ६०)।

कइ अ [कच्चित्] कहीं, किसी जगह में (दसचू २, १४)।

कइ अ [कदा] कब, किस समय ?; 'एआई उण मज्झो थणभारं कइ णु उव्वहइ ?' (गा ८०३)।

कइ पुं [कपि] बन्दर, वानर (पाअ)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष, वानर-द्वीप (पउम ५५,१६)। °द्धय, °धय पुं [°ध्वज] १ वानर-द्वीप के एक राजा का नाम (पउम ६, ८३)। २ अर्जुन (हे २, ९०)। °हसिअ न [°हसित] १ स्वच्छ आकाश में अचानक बीजली का दर्शन। २ वानर के समान विकृत मुँह का हँसना (भग ३,६)।

कइ देखो कवि = कवि (गउड; सुर १, २७)। °अर (अप) पुं [कवि] श्रेष्ठ कवि (पिंग)। °मा स्त्री [°त्व] कवित्व, कविपन (षड्)। °राय पुं [°राज] १ श्रेष्ठ कवि (पिंग)। २ 'गउडवहो' नामक प्राकृत काव्य के कर्त्ता वाक्पतिराज-नामक कवि; 'आसि कइरायइंधो वप्पइराओ त्ति पणइलवो' (गउड ७९७)।

कइअ वि [क्रयिक] खरीदनेवाला, ग्राहक; 'किणंतो कइओ होइ, विक्किणंतो य वाणिओ' (उत्त ३५, १४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कइअंक } पुं [दे] निकर, समूह (दे २,
कइअंकसइ } १३)।

कइअव न [कैतव] कपट, दम्भ (कुमा; प्राप्र)।

कइआ अ [कदा] कब, किस समय ? (गा १३८; कुमा)।

कइउल्ल वि [दे] थोड़ा, अल्प (दे १, २१)।

कइंद पुं [कवीन्द्र] श्रेष्ठ कवि (गउड)।

कइकच्छु स्त्री [कपिकच्छु] वृक्ष-विशेष, केवाँच, कौंछ, कवाछ (गा ५३२)।

कइगई स्त्री [कैकयी] राजा दशरथ की एक रानी (पउम ९५, २१)।

कइत्थ पुं [कपित्थ] १ वृक्ष-विशेष, कैथ का पेड़। २ फल-विशेष, कैथ, कैथा (गा ६४१)।

कइम वि [कतम] बहुत में से कौन सा ? (हे १, ४८; गा ११९)।

कइयव्व देखो कइअव (तंदु ५३)।

कइयहा (अप) अ [कदा] कब, किस समय ? (सण)।

कइयाइ अ [कदाचित्] किसी समय में (कुप्र ४१३)।

कइर देखो कयर = कतर (पिंड ४६९)।

कइर पुं [कदर] वृक्ष विशेष, 'जं कइररुक्ख-हिट्ठा इह दसकोडी दविणमत्थि' (श्रा १६)।

कइरव न [कैरव] कमल, कुमुद (हे १, १५२)।

कइरव पुंन [कैरव] कुमुद, 'कइरवो' (संक्षि ५)।

कइरविणी स्त्री [कैरविणी] कुमुदिनी, कमलिनी (कुमा)।

कइलास पुं [कैलास, °श] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत विशेष (पाअ; पउम ५; ५३; कुमा)। २ मेरु पर्वत (निचू १३)। ३ देव-विशेष, एक नाग-राज (जीव ३)। °सय पुं [°शय] महादेव, शिव (कुमा)। देखो केलास।

कइलासा स्त्री [कैलासा, °शा] देव-विशेष की एक राजधानी (जीव ३)।

कइल्लवइल्ल पुं [दे] स्वच्छन्द-चारी बैल (दे २, २५)।

कइविया स्त्री [दे] बरतन-विशेष, पीकदान, पीकदानी (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

कइस (अप) वि [कीदृश] कैसा (कुमा)।

कईआ (अप) देखो कइआ (सुपा ११६)।

कईवय देखो कइवय (पउम २८, १६)।

कईस पुं [कवीश] श्रेष्ठ कवि, उत्तम कवि (पिंग)।

कईसर पुं [कवीश्वर] उत्तम कवि (रंभा)।

कउ पुं [क्रतु] यज्ञ (कप्पू)।

कउ (अप) अ [कुतः] कहाँ से (हे ४, ४१६)।

कउअ वि [दे] १ प्रधान, मुख्य। २ पुंन चिन्ह, निशान (दे २, ५६)।

कउच्छेअय पुं [कौक्षेयक] पेट पर बँधी हुई तलवार (हे १, १६२; षड्)।

कउड न [दे. ककुद] देखो कउह = ककुद (षड्)।

कउरअ } पुं [कौरव] १ कुरु देश का
कउरव } राजा। २ पुंस्त्री. कुरु वंश में उत्पन्न। ३ वि. कुरु (देश या वंश) से संबन्ध रखनेवाला। ४ कुरु देश में उत्पन्न (प्राप्र; नाट; हे १, १६२)।

कउल न [दे] १ करीष, गोइँठा का चूर्ण (दे २, ७)।

कउल न [कौल] तान्त्रिक मत का प्रवर्त्तक ग्रन्थ, कौलोपनिषद् वगैरह। २ वि. शक्ति का उपासक। ३ तान्त्रिक मत को जाननेवाला। ४ तान्त्रिक मत का अनुयायी। ५ देवता-विशेष;

'विसं सिज्जंतमहापसुदं-
सणसंभमपरोप्परारूढा।
गयणे च्चिय गंधउडिं
कुणंति तुह कउलणारीओ'
(गउड)।

कउलव देखो कउरव (चंड)।

कउसल पुंन [कौशल] चतुराई, 'कउसलो' (संक्षि ६; प्राकृ १०)।

कउसल न [कौशल] कुशलता, दक्षता, होशियारी (हे १, १६२; प्राप्र)।

कउह न [दे] नित्य, सदा, हमेशा (दे २, ५)।

कउह पुंन [ककुद] १ बैल के कंधे का कुब्बड़। २ सफेद छत्र वगैरह राज-चिह्न। ३ पर्वत का अग्रभाग, टोंच (हे १, २२५)। ४ वि. प्रधान, मुख्य;

'कलरिभियमहुरतंतीतलतालवंसकउहाभिरामेसु।
सद्देसु रज्जमाणा, रमंती सोइंदियवसट्टा।'
(णाया १, १७)। देखो ककुह।

कउहा स्त्री [ककुभ्] १ दिशा (कुमा)। २ शोभा, कान्ति। ३ चम्पा के पुष्पों की माला। ४ इस नाम की एक रागिणी। ५ शास्त्र। ६ विकीर्ण केश (हे १, २१)।

कउहि वि [ककुदिन्] वृषभ, बैल (अणु १४२)।

कए } अ [कृते] वास्ते, निमित्त, लिए;
कएणं } 'तत्तो सो तस्स कए, खणेइ खाणी-
कएण } उणेगठाणेसु' (कुम्मा १५; कुमा);

'अवरएहमजिरीणं कएण कामो वहइ चावं' (गा ४७३);

'लज्जा चत्ता सीलं च
खंडिअं अजसघोसणा दिएणा।
जस्स कएणं पिअसहि!
सो चेअ जणो जणो जाओ'
(गा ५२५)।

कएल्ल वि [कृत] किया हुआ (सुख २, १५)।

कओ अ [कुतः] कहाँ से ? (आचा; उव; रयण २६)। °हुत्त क्रिवि [दे] किस तरफ; 'कओहुत्तं गंतव्वं ?' (महा)।

कओ अ [क] कहाँ, किस स्थान में; 'कओ वयामो ?' (णाया १, १४)।

कओण्ह वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम (धर्मवि ११२)।

कओल देखो कवोल (से ३, ४६)।

कं अ [कम्] उदक, जल (तंदु ५३)।

कंइ अ [दे] किससे, 'कंइ पंइ सिक्खिउ ए गइलालस' (विक १०२)।

कंक पुं [कङ्क] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १; ४; अनु ४)। २ एक प्रकार का मजबूत और तीक्ष्ण लोहा (उप ४९४)। ३ वृक्ष-विशेष; 'कंकफलसरलनयण—' (उप १०३१ टी)। °पत्त न [°पत्र] बाण-विशेष, एक प्रकार का बाण, जो उड़ता है (वेणी १०२)। °लोह पुंन [°लोह] एक प्रकार का लोहा (उप पृ ३२६; सुपा २०७)। °वत्त देखो °पत्त (नाट)।

कंकइ पुं [कङ्कति] वृक्ष-विशेष; नागवला-नामक ओषधि (उप १०३१ टी)।

कंकड पुं [कङ्कट] वर्म, कवच; 'रामो चावे सकंकडे दिट्ठी देंतो' (पउम ४४, २१; औप)।

कंकडइय वि [कङ्कटित] कवचवाला, वर्मित (पण्ह १, ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कंकडुअ } पुं [काङ्कटुक] दुर्भेद्य माष, कंकडुग } उरद की एक जाति, जो कभी पकता ही नहीं; 'कंकडुग्रो विव मासो, सिद्धि न उवेइ जस्स ववहारो' (वव ३)।

कंकण न [कङ्कण] हाथ का ग्राभरण-विशेष, कँगन (श्रा २८; गा ६६)।

कंकण पुं [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

कंकणी स्त्री [कङ्कण] हाथ का ग्राभरण-विशेष; 'सयमेव मंकणीए धणीए तं कंकणी बद्धा' (कुप्र १८५)।

कंकति पुं [कङ्कति] ग्राम- विशेष (राज)।

कंकतिज्ज पुंस्त्री [काङ्कतीय] माघराज वंश में उत्पन्न (राज)।

कंकय पुं [कङ्कत] १ नागबला-नामक ग्रोषधि। २ सर्प की एक जाति। ३ पुंस्त्री. कंघा, केश सँवारने का उपकरण (सूत्र १, ४)।

कंकलास पुं [कृकलास] कर्कोट, सांप की एक जाति (पाग्र)।

कंकसी स्त्री [दे] कंघी, केश सँवारने का उपकरण (ती १५)।

कंकाल न [कङ्काल] चमड़ी ग्रौर मांस रहित ग्रस्थि-पञ्जर; 'कंकालवेसाए' (श्रा १६); 'ग्रह नरकरंककंकालसंकुले भीसणमसाणे' (वजा २०; दे २, ५३)।

कंकावंस पुं [कङ्कावंश] वनस्पति-विशेष; (पण्ण ३३)।

कंकिल्लि देखो कंकेल्लि (सुपा ५५६; कुमा)।

कंकुण देखो कंकण = दे (सुख ३६, १४७)।

कंकेलि पुं [कङ्केलि] ग्रशोक वृक्ष (मै ६० विक्र २८)।

कंकेल्लि पुं [दे. कङ्केल्लि] ग्रशोक वृक्ष (दे २, १२; गा ४०४; सुपा १४०; ५६२; कुमा)।

कंकोड न [दे. कर्कोट] १ वनस्पति-विशेष, ककरैल, एक प्रकार की सब्जी, जो वर्षा में ही होती है (दे २, ७; पाग्र)। २ पुं. एक नागराज। ३ सांप की एक जाति (हे १, २६; षड्)।

कंकोल पुं [कङ्कोल] १ कङ्कोल, शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद। २ न. उस वृक्ष का फल; 'सकप्पूरेलाकंकोल्लिं तंबोलं' (उप १०३१ टी)। देखो कक्कोल।

कंख सक [काङ्क्ष्] चाहना, वांछना। कंखइ (हे ४, १६२; षड्)।

कंखण न [काङ्क्षण] नीचे देखो (धर्म २)।

कंखा स्त्री [काङ्क्षा] १ चाह, ग्रभिलाष (सूग्र १, १५)। २ ग्रासक्ति, गृद्धि (भग)। ३ ग्रन्य धर्म की चाह ग्रथवा उसमें ग्रासक्ति रूप सम्यक्त्व का एक ग्रतिचार (पडि)। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] कर्म-विशेष (भग)।

कंखि वि [काङ्क्षिन्] चाहनेवाला (ग्राचा; गउड; सुर १३, २४३)।

कंखिअ वि [काङ्क्षित] १ ग्रभिलषित। २ कांक्षा युक्त, चाहवाला (उवा; भग)।

कंखिर वि [काङ्क्षितृ] चाहनेवाला, ग्रभिलाषी (गा ५५; सुपा ५३७)।

कंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कांगनी (पण्ण १)।

कंगु स्त्रीन [कङ्गु] १ धान्य-विशेष, काँगन या काँगो (ग ७; दे ७, १)। २ वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

कंगुलिया स्त्री [दे. कङ्गुलिका] जिन-मन्दिर की एक बड़ी ग्राशातना, जिन-मन्दिर में या उसके नजदीक लघु या वृद्ध नीति का करना (धर्म २)।

कंचण पुंन [काञ्चन] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। २ वि. सोने का, सुवर्ण का; 'कंचणं खंडं' (वजा १५८)। °पह न [°प्रभ] १ रत्न-विशेष। २ वि. रत्न-विशेष का बना हुग्रा (देवेन्द्र २६६)। °पायव पुं [°पादप] वृक्ष-विशेष (स ६७३)।

कंचण पुं [काञ्चन] १ वृक्ष-विशेष। २ स्वनाम-ख्यात एक श्रेष्ठी (उप ७२८ टी)। ३ न. सुवर्ण, सोना (कप्प)। °उर न [°पुर] कलिंग देश का एक मुख्य नगर (ग्राक)। °कूड न [°कूट] १ सौमनस-नामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर (ठा ७)। २ देव-विमान-विशेष (सम १२)। ३ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। °केअई स्त्री [°केतकी] लता-विशेष (कुमा)। °तिलय न [°तिलक] इस नाम का विद्याधरों का एक नगर (इक)। °त्थल न [°स्थल] स्वनाम ख्यात एक नगर (दंस)। °बलाणग न [°बलानक] चौरासी तीर्थों में एक तीर्थ का नाम (राज)। °सेल पुं [°शैल] मेरु-पर्वत (कप्पू)।

कंचणग पुं [काञ्चनक] १ पर्वत-विशेष (सम ७०)। २ काञ्चनक-पर्वत का निवासी देव (जीव ३)।

कंचणा स्त्री [काञ्चना] स्वनाम ख्यात एक स्त्री (पण्ह १, ४)।

कंचणार पुं [काञ्चनार] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६; कुमा)।

कंचणिया स्त्री [काञ्चनिका] रुद्राक्ष माला (ग्रौप)।

कंचा (पै) देखो कण्णा (प्राप्र)।

कंचि } स्त्री [काञ्चि, °ञ्ची] १ स्वनाम-ख्यात कंची } एक देश (कुमा)। २ कटी-मेखला, कमर का ग्राभूषण (पाग्र)। ३ स्वनाम-ख्यात एक नगर (सुपा ४०६)।

कंची स्त्री [दे] मुशल के मुँह में रक्खी जाती लोहे की एक वलयाकार चीज, सामी या साम (दे २, १)।

कंचीरय न [दे] पुष्प-विशेष (वज्जा १०८)।

कंचीरय न [काञ्चीरत] सुरत-विशेष (वजा १०८)।

कंचु } पुं [कञ्चुक] १ स्त्री का स्तनाच्छादक कंचुअ } वस्त्र, चोली (पउम ६, ११; पाग्र)। २ सर्प-त्वक्, सांप की केंचली, केंचुली (विसे २५१७)। ३ वर्म, कवच (भग ६,३३)। ४ वृक्ष-विशेष (हे १, २५; ३०)। ५ वस्त्र, कपड़ा; 'तो उज्झिऊण लज्जा (लज्जं), ग्रोइंधइ कंचुयं सरीराग्रो' (पउम ३४, १५)।

कंचुइ पुं [कञ्चुकिन्] १ ग्रन्तःपुर का प्रतीहार, चपरासी (णाया १, १; पउम ८, ३६; सुर २, १०६)। २ साँप (विसे २५१७)। ३ यव, जव। ४ चणक, चना। ५ जुग्रार, ग्रगहन में होनेवाला एक प्रकार का ग्रन्न, जोन्हरी। ६ वि. जिसने कवच धारण किया हो वह (हे ४, २६३)।

कंचुइअ वि [कञ्चुकित] कञ्चुकवाला (कुमा; विपा १, २)।

कंचुइज्ज पुं [कञ्चुकीय] ग्रन्तःपुर का प्रतीहार (भग ११, ११)।

कंचुइज्जंत वि [कञ्चुकायमान] कञ्चुक की तरह ग्राचरण करता; 'रोमंचकंचुइज्जंत-सव्वगत्तो' (सुपा १८१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कंचुग देखो कंचुअ (ओघ ६७६; विसे २५२८)।

कंचुगि देखो °कंचुइ (सण)।

कंचुलिआ स्त्री [कञ्चुलिका] कंचली, चोली (कप्पू)।

कंछुल्ली स्त्री [दे] हार, कण्ठाभरण (भवि)।

कंजिअ न [काञ्जिक] काञ्जिक (सुर ३;१३३; कप्पू)।

कंट देखो कंटग (पिंड २००)।

कंटअंत वि [कण्टकायमान] १ कण्टक जैसा, कण्टक की तरह आचरता (से ६, २४)। २ पुलकित होता (अच्चु ५८)।

कंटइअ वि [कण्टकित] १ कण्टकवाला (से १,३२)। २ रोमाञ्चित, पुलकित (कुमा; पाअ)।

कंटइज्जंत देखो कंटअंत (गा ६७)।

कंटइल पुं [कण्टकिल] १ एक जात का वाँस। २ वि. कण्टकों से व्याप्त (सूअ १,५)।

कंटइल्ल देखो कंटइअ (पण्ह १, १; कुमा)।

कंटउच्चि वि [दे] कण्ट-प्रोत (दे २, १७)।

कंटकिल्ल देखो कंटइअ (दे २, ७५)।

कंटग } पुं [कण्टक] १ कांटा, कण्टक
कंटय } (कस; हे १, ३०)। २ रोमाञ्च, पुलक (गा ६७)। ३ शत्रु, दुश्मन (णाया १, १)। ४ वृश्चिक की पूँछ (वव ६)। ५ शल्य (विपा १, ८)। ६ दुःखोत्पादक वस्तु (उत्त १)। ७ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग (गण १६)। °बोंदिया स्त्री [°दे] कण्टक-शाखा (आचा २, १, ५)।

कंटाली स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, कण्ट-कारिका, भटकटैया (दे २, ४)।

कंटिय वि [कण्टिक] १ कण्टकवाला, कण्टक-युक्त। २ वृक्ष-विशेष (उप १०३१ टी)।

कंटिया स्त्री [कण्टिका] वनस्पति-विशेष (बृह १; आचू १)।

कंटी स्त्री [दे] उपकण्ठ, कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि;
'एयाओ पल्ढाक्कणफलभरबंधुरिया भूमिखज्जूरा।
कंटीओ निव्ववंति व, अमंदकरमंदआभोया'
(गउड)।

कंटुल्ल } [दे] देखो कंकोड = (दे) (पाअ;
कंटोल } दे २, ७)।

कंठ पुं [दे] १ सूकर, सूअर। २ मर्यादा, सीमा (दे २, ५१)।

कंठ पुं [°कण्ठ] १ गला, घांटी (कुमा)। २ समीप, पास। ३ अञ्चल; 'कंठे वत्थाईणं णिबद्धगंठिम्मि' (दे २, १८)। °दरखलिअ वि [°दरस्खलित] गद्गद (पाअ)। °मुरय न [°मुरज] आभरण-विशेष (णाया १,१)। °मुरवी स्त्री [°मुरवी] गले का एक आभरण (औप)। मुही° स्त्री [°मुखी] गले का एक आभूषण (राज)। °सुत्त न [°सूत्र] १ सुरत-बन्ध-विशेष। २ गले का एक आभूषण (औप)।

कंठ त्रि [कण्ठ्य] १ कण्ठ से उत्पन्न। २ सरल, सुगम (निचू १५)।

कंठकुंची स्त्री [दे] १ वस्त्र वगैरह के अञ्चल में बँधी हुई गाँठ। २ गले में लटकती हुई लम्बी नाडी-ग्रन्थि (दे २, १८)।

कंठदीणार पुं [दे] छिद्र, विवर (दे १, २४)।

कंठमल्ल न [दे] १ ठठरी, मृत-शिविका। २ यान-पात्र, वाहन (दे २, २०)।

कंठमाल पुंस्त्री [कण्ठमाल] रोग-विशेष (कुप्र ४७१)।

कंठय पुं [कण्ठक] स्वनाम-ख्यात एक चौर-नायक (महा)।

कंठाकंठि अ [कण्ठाकण्ठि] गले-गले में ग्रहण कर (णाया १, २—पत्र ८८)।

कंठाल वि [कण्ठवत्] बड़ा गलावाला (धर्मवि १०१)।

कंठिअ पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार (दे २, १५)।

कंठिआ स्त्री [कण्ठिका] गले का एक आभूषण (गा ७५)।

कंठीरअ देखो कंठीरव (किरात १७)।

कंठीरव पुं [कण्ठीरव] सिंह, शार्दूल (प्रयौ २१)।

कंड सक [कण्ड्] १ व्रीहि वगैरह का छिलका अलग करना। २ खींचना। ३ खुजवाना। वकृ. कंडंत (ओघ ४६८; गा ६६३); कंडित (णाया १, ७)।

कंड न [काण्ड] १ अंगुल का असंख्यातवां भाग; 'कंडंति एत्थ भन्नइ अंगुलभागो असं-खेज्जो' (पव २६० टी)।

कंड पुंन [काण्ड] १ दण्ड, लाठी। २ निन्दित समुदाय। ३ पानी, जल। ४ पर्व। ५ वृक्ष का स्कन्ध। ६ वृक्ष की शाखा। ७ वृक्ष का वह एक भाग, जहां से शाखाएँ निकलती हैं। ८ ग्रन्थ का एक भाग। ९ गुच्छ, स्तवक। १० अश्व, घोड़ा। ११ प्रेत, पितृ और देवता के यज्ञ का एक हिस्सा। १२ रीढ़, पृष्ठ भाग की लम्बी हड्डी। १३ खुशामद। १४ श्लाघा, प्रशंसा। १५ गुप्तता, प्रच्छन्नता। १६ एकान्त, निर्जन। १७ तृण-विशेष। १८ निर्जन पृथ्वी (हे १, ३०)। १९ अवसर, प्रस्ताव (गा ६६३)। २० समूह (णाया १,८)। २१ बाण, शर (उप ६६६)। २२ देव-विमान-विशेष (राज)। २३ पर्वत वगैरह का एक भाग (सम ६५)। २४ खण्ड, टुकड़ा, अवयव (आचू १)। °च्छारिय पुं [°च्छारिक] १ इस नाम का एक ग्राम। २ एक ग्राम-नायक (वव ७)। देखो कंडग, कंडय।

कंड पुं [दे] १ फेन, फीन। २ वि. दुर्बल। ३ विपन्न, विपत्ति-ग्रस्त (दे २, ५१)।

कंडइअ देखो कंटइअ (गा ५५८)।

कडइज्जंत देखो कंटइज्जंत (गा ६७ अ)।

कंडग न [कण्डक] १ संख्यातीत संयम-स्थान-समुदाय (पिंड ९९; १००)। २ विभाग, पर्वत आदि का एक भाग (सूअ १,६,१०)।

कंडग पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड (आचा; आवम)। २५ संयम-श्रेणि-विशेष (बृह ३)। २६ इस नाम का एक ग्राम (आचू १)। देखो कंडय।

कंडण न [कण्डन] व्रीहि वगैरह को साफ करना, तुष पृथक्करण (श्रा २०)।

कंडपंडवा स्त्री [दे] यवनिका, परदा (दे २, २५)।

कंडय पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड तथा कंडग। २७ वृक्ष-विशेष, राक्षसों का चैत्य वृक्ष; 'तुलसी भूयाण भवे, रक्खसाणं च कंडओ' (ठा ८)। २८ तावीज, गण्डा, यन्त्र; 'बज्झंति कंडयाइं, पउणीकीरंति अगयाइं' (सुर १६, ३२)।

कंडरीय पुं [कण्डरीक] महापद्म राजा का एक पुत्र, पुण्डरीक का छोटा भाई, जिसने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वर्षों तक जैनी दीक्षा का पालन कर अन्त में उसका त्याग कर दिया था (णाया १, १६; उव)।

कंडरीय वि [कण्डरीक] १ अशोभन, असुन्दर। २ अप्रधान (सूअनि १४७; १५३)।

कंडलि } स्त्री [कन्दरिका] गुफा, कन्दरा
कंडलिआ } (पि ३३३; हे २, ३८; कुमा)।

कंडवा स्त्री [कण्डवा] वाद्य-विशेष (राय)।

कंडार सक [उत् + कृ] खुदना, छील-छाल कर ठीक करना। संकृ.

'गूणं दुवे इह पआवइणो जअम्मि,
जे देहणिम्मवणजोव्वणदाणदक्खा।
एक्कें घडेइ पढमं कुमरीएमंगं,
कंडारिऊण पअडेइ पुणो दुईओ' (कप्पू)।

कंडावेल्ली स्त्री [काण्डवल्ली] वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

कंडिअ वि [कण्डित] साफ-सुथरा किया हुआ (दे १, ११५)।

कंडियायण न [कण्डिकायन] वैशाली (बिहार) का एक चैत्य (भग १५)।

कंडिल्ल पुं [काण्डिल्य] १ काण्डिल्य-गोत्र का प्रवर्त्तक ऋषि-विशेष। २ पुंस्त्री. काण्डिल्य गोत्र उत्पन्न। ३ न. गोत्र-विशेष, जो माण्डव्य गोत्र की एक शाखा है (ठा ७—पत्र ३९०)। °यण पुं [°यन] स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष (चंद १०)।

कंडु देखो कंडू (राज)।

कंडु देखो कंदु (सूअ १, ५)।

कंडुअ सक [कण्डूय्] खुजवाना। कंडुअइ (हे १, १२१; उव), कंडुअए (पि ४६२)। वकृ. कंडुअंत (गा ४६०); कंडुअमाण (प्रासू २८)।

कंडुअ पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला; 'राया चिंसेइ; कओ कंडुयस्स जलकंतरयणसंपत्ती ?' (आवम)।

कंडुअ } पुं [कन्दुक] गेंद (दे ३, ५६;
कंडग } राज)।

कंडुज्जुय वि [काण्डर्जु] बाण की तरह सीधा (स ३१७; गा ३५२)।

कंडुयग वि [कण्डूयक] खुजानेवाला (औप)।

कंडुयण न [कण्डूयन] १ खुजली, खाज, पामा, रोग-विशेष। २ खुजवाना; 'पामागहियस्स जहा, कंडुयणं दुक्खमेव मूढस्स' (स ५१५; उव २६४ टी; गउड)।

कंडुयय देखो कंडुयग; 'अकंडुयएहिं' (पण्ह २, १—पत्र १००)।

कंडुरु पुं [कण्डुरु] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी (पउम ८५, ५)।

कंडू स्त्री [कण्डू] १ खुजलाहट, खुजवाना (णाया १, ५)। २ रोग-विशेष, पामा, खाज (णाया १, १३)।

कंडूइ स्त्री [कण्डूति] ऊपर देखो (गा ५३२; सुर २, २३)।

कंडूइअ न [कण्डूयित] खुजवाना (सूअ १, ३, ३; गा १८१)।

कंडूय देखो कंडुअ = कण्डूय्। कंडूयइ (महा)। वकृ. कंडूयमाण (महा)।

कंडूयग वि [कण्डूयक] खुजवानेवाला (ठा ५, १)।

कंडूयण देखो कंडुयण (उप २५६; सुपा १७६; २२७)।

कंडूयय देखो कंडूयग (महा)।

कंडूर पुं [दे] बक, बगुला (दे २, ६)।

कंडूल वि [कण्डूल] खाजवाला, कण्डू-युक्त (कुमा)।

कंत सक [कृत्] १ काटना, छेदना। २ कातना, चरखे से सूता बनाना; 'सल्लं कंतंति अप्पणो' (सूअ १, ८, १०)। कंतामि (पिंडभा ३५)।

कंत वि [कान्त] १ मनोहर, सुन्दर (कुमा)। २ अभिलषित, वाञ्छित (णाया १, १)। ३ पुं. पति, स्वामी (पाअ)। ४ देव-विशेष (सुज १६)। ५ न. कान्ति, प्रभा (आचा २,५,१)।

कंत वि [क्रान्त] गत, गुजरा हुआ (प्राप)।

कंता स्त्री [कान्ता] १ स्त्री, नारी (सुर ३, १४; सुपा ५७३)। २ रावण की एक पत्नी का नाम (पउम ७४, ११)। ३ एक योग-दृष्टि (राज)।

कंतार न [कान्तार] १ अरण्य, जंगल (पाअ)। २ दुष्ट, दूषित। ३ निराश्रय। ४ पागल (कप्पू)।

कंतार पुंन [कान्तार] जल-फलादि-रहित अरण्य, 'कंतारो' (सम्मत्त १६६)।

कंति स्त्री [कान्ति] १ तेज, प्रकाश (सुर २, २३६)। २ शोभा, सौन्दर्य (पाअ)। ३ इस नाम की रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ११)। ४ अहिंसा (पण्ह २,१)। ५ इच्छा। ६ चन्द्र की एक कला (राज; विक १०७)। °पुरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष (ती)। °म, °ल्ल वि [°मत्] कान्ति-युक्त (आवम; गउड, सुपा ८; १८८)।

कंति स्त्री [क्रान्ति] १ परिवर्त्तन, फेरफार। २ गमन, गति (नाट—विक्र ६०)।

कंतु पुं [दे] काम, कामदेव (दे २, १)।

कंथक } पुं [कन्थक] अश्व की एक जाति
कंथग } (ठा ४, ३; उत्त २३); 'जहा से
कंथय } कंबोयाणं आइन्ने कंथए सिया' (उत्त ११)।

कंथा स्त्री [कन्था] कथड़ी, गुदड़ी, पुराने वस्त्र से बना हुआ ओढ़ना (हे १, १८७)।

कंथार पुं [कन्थार] वृक्ष-विशेष (उप २२० टी)।

कंथारिया } स्त्री [कन्थारिका, °री] वृक्ष-
कंथारी } विशेष (उप १०३१ टी)। °वण न [°वन] उज्जैन के समीप का एक जंगल, जहां अवन्तीसुकुमार-नामक जैन मुनि ने अनशन व्रत किया था (आक)।

कंथेर पुं [कन्थेर] वृक्ष-विशेष (राज)।

कन्थेरी स्त्री [कन्थेरी] कण्टकमय वृक्ष-विशेष (उर ३, २)।

कंद अक [क्रन्द्] कांदना, रोना। कंदइ (पि २३१)। भूका. कंदिंसु (पि ५१६)। वकृ. कंदंत (गा ५८४), कन्दमाण (णाया १, १)।

कंद वि [दे] १ दृढ़, मजबूत। २ मत्त, उन्मत्त। ३ न. स्तरण, आच्छादन, (दे २, ५१)।

कंद पुं [क्रन्द, क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति (ठा २, ३—पत्र ८५)।

कंद पुं [कन्द] १ गूदेदार और बिना रेशे की जड़; जमीकन्द, सूरन, शकरकन्द, बिलारीकन्द, ओल, गाजर, लहसुन वगैरह (जी ६)। २ मूल, जड़ (गउड)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

कंद पुं [स्कन्द] कार्त्तिकेय, षडानन (कुमा; हे २, ५; षड्)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कन्दणया स्त्री [क्रन्दनता] मोटे स्वर से चिल्लाना (ठा ४, १)।

कंदप्प पुं [कन्दर्प] १ कामदेव, अनंग (पात्र)। २ कामोद्दीपक हास्यादि; 'कंदप्पे कुक्कुइए' (पडि; णाया १, १)। ३ देव-विशेष (पव ७३)। ४ काम-संबन्धी कषाय। ५ वि. काम-युक्त, कामी (बृह १)।

कंदप्प वि [कान्दर्प] कान्दर्प-संबन्धी (पव ७३)।

कंदप्पि वि [कन्दर्पिन्] कामोद्दीपक, कन्दर्प का उत्तेजक (वव १)।

कंदप्पिय पुं [कान्दर्पिक] १ मजाक करनेवाला भाण्ड वगैरह (औप; भग)। २ भाण्ड-प्राय देवों की एक जाति (पराह २, २)। ३ हास्य वगैरह भाण्ड कर्म से आजीविका चलानेवाला (पराण २०)। ४ वि. काम-सम्बन्धी (बृह १)।

कंदर न [कन्दर] १ रन्ध्र, विवर (णाया १, २)। २ गुहा, गुफा (उवा; प्रासू ७३)।

कंदरा, कंदरी } स्त्री [कन्दरा] गुहा, गुफा (से ४, ३९; राज)।

कंदल पुं [कन्दल] १ अंकुर, प्ररोह (सुपा ४)। २ लता-विशेष (णाया १, ९)।

कंदल न [दे] कपाल (दे २, ४)।

कंदलग पुं [कन्दलक] एक खुरवाला जानवर-विशेष (पराण १)।

कंदलिअ, कंदलिल्ल } वि [कन्दलित] अंकुरित (कुमा; पि ५९५)।

कंदली स्त्री [कन्दली] १ लता-विशेष (सुपा ९; पउम ५३, ७९)। २ अंकुर, प्ररोह; 'दारिद्द्दुमकंदलीवरणदवो' (उप ७२८ टी)।

कंदली स्त्री [कन्दली] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८, ९९)।

कंदविय पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला (उप २११ टी)।

कंदिंद पुं [क्रन्देन्द्र, क्रन्दितेन्द्र] क्रन्दित-नामक देव-निकाय का इन्द्र (ठा २, ४—पत्र ८५)।

कंदिय पुं [क्रन्दित] १ वाणव्यन्तर देवों की एक जाति (पराह १,४; औप)। २ न. रोदन, आक्रन्द (उत्त २)।

कंदिर वि [क्रन्दिन्] काँदनेवाला (भवि)।

कंदी स्त्री [दे] मूला, कन्द-विशेष (दे २, १)।

कंदु पुंस्त्री [कन्दु] एक प्रकार का बरतन, जिसमें मारड वगैरह पकाया जाता है, हाँडा (विपा १, ३; सूत्र १, ५)।

कंदुअ पुं [कन्दुक] १ गेंद (पात्र; स्वप्न ३९; मै ६१)। २ वनस्पति-विशेष (पराण १)।

कंदुइअ पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला (दे २, ४१; ६ ६३)।

कंदुक देखो कंदुअ (सूत्र २, ३, १६)।

कंदुग देखो कंदुअ (राज)।

कंदुट्ट न [दे] देखो कदोट्ट (पात्र; धर्मा ५; सण)।

कंदुब्बय पुंन [दे] कन्द-विशेष (सुख ३६, ९८)।

कंदुय देखो कंदुइअ (कुप्र ९८)।

कंदोइय देखो कंदुइअ (सुपा ३८५)।

कंदोट्ट न [दे] नील कमल (दे २, ९; प्राप्र; षड्; गा ६२२; उत्तर ११७; कप्पू; भवि)।

कंध देखो खंध = स्कन्ध (नाट; वज्जा ३६)।

कंधरा स्त्री [कन्दरा] ग्रीवा, गरदन (पात्र; सुर ४, १६६; गण ९)।

कंधार पुं [दे] स्कन्ध, ग्रीवा का पीछला भाग (उप पृ ८६)।

कंप अक [कम्प्] काँपना, हिलना। कंपइ (हे १, ३०)। वकृ. कंपंत, कंपमाण (महा; कप्प)। कवकृ कंपिज्जंत (से ६, ३८; १३, ५९)। प्रयो., वकृ. कंपावित (सुपा ५९३)।

कंप पुं [कम्प] अस्थैर्य, चलन, हिलन (कुमा; आउ)।

कंपड पुं [दे] पथिक, मुसाफिर (दे २, ७)

कंपण न [कम्पन] १ कम्प, हिलन (भवि)। २ रोग-विशेष। °वाइअ वि [°वातिक] कम्प वायु नामक रोगवाला (अनु ६)।

कंपि वि [कम्पिन्] काँपनेवाला (कप्पू)।

कंपिअ वि [कम्पित] काँपा हुआ (कुमा)।

कंपिर वि [कम्पितृ] काँपनेवाला (गा ६५९; सुपा १५८; श्रा २७)।

कंपिल्ल वि [कम्पवत्] काँपनेवाला, अस्थिर; 'निच्चमकंपिल्लं परभयाहि कंपिल्लनामपुरं' (उप ६ टी)।

कंपिल्ल पुं [काम्पिल्य] १ यदुवंशीय राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम (अन्त ३)। २ न. पंजाब देश का एक नगर (ठा १०; उप ६४८ टी)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ८, १४३; उवा)।

कंब्र वि [कम्र] १ कामुक, कामी। २ सुन्दर, मनोहर (पि २९५)।

कंब° देखो कंबा।

कंबर पुं [दे] विज्ञान (दे २, १३)।

कंबल पुंन [कम्बल] १ कामरी, ऊनी कपड़ा (आचा; भग)। २ पुं. स्वनाम-ख्यात एक बलीवर्द (राज)। ३ गौ के गले का चमड़ा, सास्ना, गलकंबल, लहर (विपा १, २)।

कंबा स्त्री [कम्बा] यष्टि, लकड़ी; 'दिट्ठो तज्जणएणं, निसूडिउं कंबघाएहिं; बद्धो' (सुपा ३९६)।

कंबि, कंबी } स्त्री [कम्बि, °म्बी] १ दर्वी, कड़छी। २ लीला-यष्टि, छड़ी, शौख से हाथ में रखी जाती लकड़ी (उप पृ २३७)।

कंबिया स्त्री [कम्बिका] पुस्तक का पुट्ठा, किताब का आवरण पृष्ठ (राय ९६)।

कंबु पुं [कम्बु] १ शङ्ख (पराह १, ४)। २ इस नाम का एक द्वीप (पउम ४५, ३२)। ३ पर्वत-विशेष (पउम ४५, ३२)। ४ न. एक देव-विमान (सम २२)। °ग्गीव न [°ग्रीव] एक देव-विमान (सम २२)।

कंबोय पुं [कम्बोज] देश-विशेष (पउम २७, ७; स ८०)।

कंबोय वि [काम्बोज] कम्बोज देश में उत्पन्न (स ८०)।

कंभार पुं.ब. [कश्मीर] इस नाम का एक प्रसिद्ध देश (हे २, ६०; षड्)। °जम्म न [°जन्मन्] कुंकुम, केसर (कुमा)। देखो कम्हार।

कंभूर (अप) ऊपर देखो (षड्)।

कंस पुं [कंस] १ राजा उग्रसेन का एक पुत्र, श्रीकृष्ण का मातुल (पराह १, ४)। २ महा-ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ कांसा, एक प्रकार की धातु (णाया १, ७—पत्र ११८)। °णाभ पुं [°नाभ] ग्रह-विशेष (सुज २०; इक)। °वण्ण पुं [°वर्ण] ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। °वण्णाभ पुं [°वर्णाभ] ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। °संहारण पुं [°संहारण] कृष्ण, विष्णु (पिग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कंस न [कांस्य] १ धातु-विशेष, कांसा। २ वाद्य-विशेष। ३ परिमाण-विशेष। ४ जल पीने का पात्र, प्याला (हे १, २६; ७०)। °ताल न [°ताल] वाद्य-विशेष (जीव ३)। °पत्ती, °पाई स्त्री [°पात्री] कांसा का बना हुआ पात्र-विशेष (कप्प; ठा ६)। °पाय न [°पात्र] कांसा का बना हुआ पात्र (दस ६)।

कंसार पुं [दे] कसार, एक प्रकार की मिठाई; 'ता करेऊण कंसारं तालपुडसंजुयं चेगं विसमोयगं गोसे उवणेमि एयाणं' (स १८७)।

कंसारी स्त्री [दे] त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति (जी १८)।

कंसाल पुं [कांस्याल] वाद्य-विशेष (हे २, ९२; सुपा ५०)।

कंसाला स्त्री [कंसताला, कांस्यताला] वाद्य का एक प्रकार का निर्घोष, ताल (णंदि)।

कंसालिया स्त्री [कांस्यतालिका] एक प्रकार का वाद्य (सुपा २४२)।

कंसिअ पुं [कांस्यिक] १ कसेरा, कँसारी, कांस्य-कार (हे १, ७०)। २ वाद्य-विशेष (सुपा २४२)।

कंसिआ स्त्री [कंसिका] १ ताल (णाया १, १७)। २ वाद्य-विशेष (आचा २)।

ककाणि पुंस्त्री [दे] मर्म स्थान, 'अरुस्स विज्झंति ककाणओ से' (सूअ १, ५, २, १५)।

ककुध } देखो कउह = ककुद (पि २०९;
ककुभ } हे २, १७४)।

ककुह देखो कउह = ककुद (ठा ५, १; णाया १, १७; विपा १, २)। ५ हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९९)।

ककुहा देखो कउहा (षड्)।

कक्क पुं [कल्क] १ उद्वर्त्तन-द्रव्य, शरीर पर का मैल दूर करने के लिए लगाया जाता द्रव्य (सूअ १, ९; निचू १)। २ न. पाप (भग १२, ५)। ३ माया, कपट (सम ७१)। °गुरुग न [°गुरुक] माया, कपट (पण्ह १, २—पत्र २८)।

कक्क पुंन [कल्क] १ चन्दन आदि उद्वर्तन द्रव्य (दस ६, ६४)। २ प्रसूति-रोग आदि में किया जाता क्षार-पातन। ३ लोध्र आदि से उद्वर्तन (पव २—गाथा ११५)। °कुरुया स्त्री [°करुका] माया, कपट (पव २)।

कक्क पुं [कर्क] १ चक्रवर्ती का एक देव-कृत प्रासाद (उत्त १३, १३)। २ राशि-विशेष, कर्क राशि (धर्मवि ६६)।

कक्कंध पुं [कर्कन्ध] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)।

कक्कंधु स्त्री [कर्कन्धु] बैर का वृक्ष (पाअ)।

कक्कड पुं [कर्कट] कर्कराशि (विचार १०६)।

कक्कड न [कर्कट] १ जलजन्तु-विशेष, कुलीर (पाअ)। २ ककड़ी, फल-विशेष (पव ४)। ३ हृदय का एक प्रकार का वायु (भग १०, ३)।

कक्कडच्छ पुं [कर्कटाक्ष] ककड़ी, खीरा (कप्प)।

कक्कडिया } स्त्री [कर्कटिका, °टी] ककड़ी
कक्कडी } (खीरा) का गाछ (उप ९९१)।

कक्कणा स्त्री [कल्कना] १ पाप। २ माया (पण्ह १, २)।

कक्कब पुं [दे] गुड़ बनाते समय की इक्षु-रस की एक अवस्था, इक्षु रस का विकार-विशेष (पिंड २८३)।

कक्कर पुं [कर्कर] १ कंकर, पत्थर (विपा १, २; गउड; सुपा ५९७; प्रासू १६८)। २ वि. कठिन, परुष (आचू ४)। ३ कर्कर आवाज वाला (उत्त ७)।

कक्करणया स्त्री [कर्करणता] १ दोषोद्भावन, दोषोद्भावनगर्भित प्रलाप (ठा ३, ३—पत्र १४७)।

कक्कराइय न [कर्करायित] १ कर्कर की तरह आचरित। २ दोषोच्चारण, दोष-प्रकटन (आव ४)।

कक्कस वि [कर्कश] १ कठोर, परुष (पाअ; सुपा ५८; आरा ९४; पउम ३१, ६६)। २ प्रखर, चण्ड। ३ तीव्र, प्रगाढ (विपा १, १)। ४ अनिष्ट, हानि-कारक (भग ६, ३३)। ५ निष्ठुर, निर्दय (उत्त)। ६ चबा-चबा कर कहा हुआ वचन (आचा २, ४, १)।

कक्कस } पुं [दे] दध्योदन, करम्ब (दे
कक्कसार } २, १४)।

कक्कसेण पुं [कर्कसेन] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न एक स्वनाम ख्यात कुलकर पुरुष (राज)।

कक्कालुआ स्त्री [कर्कारुका] १ कूष्माण्ड-वल्ली, कोंहड़ा का गाछ; 'कक्कालुआ गोच्छडलित्तवेंटा' (मृच्छ ५९)।

कक्किंकड पुं [दे] कृकलास, गिरगिट; गुजराती में 'काकेडो' (दे २, ५)।

कक्कि पुं [कल्किन्] भविष्य में होनेवाला पाटलिपुत्र का एक रजा (ती)।

कक्किय न [कल्किक] मांस (सूअ १, ११)।

कक्केअण पुंन [कर्केतन] रत्न की एक जाति (कप्प; पउम ३, ७५)।

कक्केरअ पुं [कर्केरक] मणि-विशेष की एक जाति (मृच्छ २०२)।

कक्कोड न [कर्कोट] शाक-विशेष, ककरैल, ककोडा (राज)। देखो कक्कोडय।

कक्कोडई स्त्री [कर्कोटकी] ककोडे का वृक्ष ककरैल का गाछ (पण्ण १—पत्र ३३)।

कक्कोडय न [कर्कोटक] देखो कक्कोड। २ पुं. अनुवेलन्धर-नामक एक नाग-राज। ३ उसका आवास पर्वत (भग ३, ६; इक)।

कक्कोल पुं [कङ्कोल] १ वृक्ष-विशेष; शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद (गउड; स ७१)। २ न. फल-विशेष, जो सुगंधी होता है (पण्ह २, ५)। देखो कंकोल।

कक्कोली स्त्री [कङ्कोली] वृक्ष-विशेष (कुप्र २४६)।

कक्ख देखो कच्छ = कक्ष (उव; कप्प; सुर १, ८८; पउम ४४, १; पि ३१८; ४२०)।

कक्खग वि [कक्षाग] १ कक्षा-प्राप्त। २ पुं कक्षा का केश (तंदु ३९)।

कक्खड देखो कक्कस (सम ४१; ठा १, १; वज्जा ८८; उव)।

कक्खड वि [दे] पीन, पुष्ट (दे २, ११; कप्प; आचा; भवि)।

कक्खडंगी स्त्री [दे] सखी, सहेली (दे २, १६)।

कक्खल [दे] देखो कक्कस (षड्)।

कक्खा देखो कच्छा = कक्षा (पाअ; णाया १, ८; सुर ११, २२१)।

कग्घाड पुं [दे] १ अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा। २ किलाट, दूध की मलाई (दे २, ५४)।

कग्घायल पुं [दे] किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई (दे २, २२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कच्च न [दे. कृत्य] कार्य, काम (दे २, २, (षड्)।

कच्च (पै) देखो कज्ज (प्राप्र)।

कच्च न [काच] काच, शीशा; 'कच्चं माणिक्कं च समं आहरणे पउंजीअदि' (कप्पू)।

कच्चंत वि [कृत्यमान] पीड़ित किया जाता (सूत्र १, २, १)।

कच्चरा स्त्री [दे] १ कचरा, कच्चा खरबूजा। २ कचरा को सूखाकर, तलकर और मसाला डालकर बनाया हुआ खाद्य-विशेष, एक प्रकार का आचार, गुजराती में जिसको 'काचरी' कहते हैं; 'पुणो कच्चरा पप्पड़ा दिएणभेया' (भवि)।

कच्चवार पुं [दे] कतवार, कूड़ा (सूक्त ४४)।

कच्चाइणी स्त्री [कात्यायनी] देवी-विशेष, चण्डी (स ४३७)।

कच्चायण पुं [कात्यायन] १ स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष (सुज्ज १०)। १ न. कौशिक गोत्र की शाखा-रूप एक गोत्र। ३ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

कच्चायणी स्त्री [कात्यायनी] पार्वती, गौरी (पात्र)।

कच्चि अ [कच्चित्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रश्न। २ मंडल। ३ अभिलाप। ४ हर्ष (पि २७१; हे २, २१७; २१८)।

कच्चु (अप) ऊपर देखो (हे ४, ३२९)।

कच्चूर पुं [कर्चूर] वनस्पति-विशेष, कचूर, काली हलदी (श्रा २०)।

कच्चोल, **कच्चोलय** } पुंन [कच्चोलक] पात्र-विशेष, प्याला (पउम १०२, १२०; भवि सुपा २०१)।

कच्छ पुं [कक्ष] १ काँख, कखरी। २ वन, जंगल (भग ३, ६)। २ तृण, घास। ४ शुष्क तृण। ५ वल्ली, लता। ६ शुष्क काष्ठों वाला जंगल। ७ राजा वगैरह का जनानखाना। ८ हाथी को बांधने की डोर। ९ पार्श्व, बाजू। १० ग्रह-भ्रमण। ११ कक्षा, श्रेणी। १२ द्वार, दरवाजा। १२ वनस्पति-विशेष, गूगल। १४ विभीतक वृक्ष। १५ घर की भीत। १६ स्पर्धा का स्थान। १७ जल-प्राय देश (हे २, १७)।

कच्छ पुं. ब. [कच्छ] १ स्वनाम-ख्यात देश, जो आजकल भी 'कच्छ' नाम से प्रसिद्ध है (पउम ९८, ६५; दे २, १ टी)। २ जलप्राय देश, जल-बहुल देश (णाया १, १—पत्र; ३३; कुमा)। ३ कच्छा, लँगोट (सुर २, १६)। ४ इक्षु वगैरह की वाटिका (कुमा; आचा २, ३)। ५ महाविदेह वर्ष में स्थित एक विजय-प्रदेश (ठा २, ३)। ६ तट, किनारा; 'गोलाणईए कच्छे, चक्खंतो राइआइ पत्ताइं' (गा १७१)। ७ नदी के जल से वेष्टित वन (भग)। ८ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र (आवम)। ९ कच्छ-विजय का एक राजा। १० कच्छ-विजय का अधिष्ठायक देव (जं ४)। ११ पार्श्ववर्ती प्रदेश। १२ राजा वगैरह के उद्यान के समीप का प्रदेश (उप ९८६ टी)। १२ छन्द-विशेष, दोधक छंद का एक भेद (पिंग)। °कूड न [°कूट] १ माल्यवन्तनामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर। २ कच्छ-विजय के विभाजक वैताढय पर्वत के दक्षिणोत्तर पार्श्ववर्ती दो शिखर (ठा ९)। ३ चित्रकूट पर्वत का एक शिखर (जं ४)। °ाहिव पुं [°ाधिप] कच्छ देश का राजा (भवि)। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] कच्छ देश का राजा (भवि)।

कच्छ पुंन [कच्छ] १ नदी के पास की नीची जमीन। २ मूला आदि की बाड़ी (आचा २, ३, ३, १)।

कच्छकर पुं [दे] काछिआ, सब्जी बेचनेवाला। (लोक प्र० ४६४, २, ३१—सर्ग)।

कच्छगावई स्त्री [कच्छकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय-प्रदेश (ठा २, ३)।

कच्छट्टी स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी, कछनी (रंभा —टि)।

कच्छभ पुं [कच्छप] १ कूर्म, कछुआ (पराह १,१; णाया १, १) २ राहु, ग्रह-विशेष (भग १२, ६)। °रिंगिय न [°रिङ्गित] गुरु-वन्दन का एक दोष, कछुए की तरह चलते हुए वन्दन करना (बृह ३; गुभा)।

कच्छभाणिया स्त्री [दे] जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (सूत्र २, ३, १८)।

कच्छभी स्त्री [कच्छपी] १ कच्छप-स्त्री, कूर्मी। २ वाद्य-विशेष (पराह २, ५)। ३ नारद की वीणा (णाया १, १७)। ४ पुस्तक-विशेष (ठा ४, २)।

कच्छर पुं [दे] पङ्क, कीच, कर्द (दे २, २)।

कच्छरी स्त्री [कच्छरी] गुच्छ विशेष (पराण १—पत्र ३२)।

कच्छव (अप) पुं [कच्छ] स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेष (भवि)।

कच्छव देखो कच्छभ (पउम ३४, ३३; दे १, १६७ (गउड)।

कच्छवी देखो कच्छभी (बृह ३)।

कच्छह देखो कच्छभ (पात्र)।

कच्छा स्त्री [कक्षा] १ विभाग, अंश (पउम १६, ७०)। २ उरो-बन्धन, हाथी के पेट पर बाँधने की रज्जू; 'उप्पीलियकच्छे' (विपा १, २—पत्र २३; औप)। ३ काँख, बगल (भग ३, ६; प्रामा)। ४ श्रेणी, पंक्ति; 'चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररण्णो दुमस्स पायत्ताणियाहिवस्स सत्त कच्छाओ पएणत्ताओ' (ठा ७)। ५ कमर पर बांधने का वस्त्र (गा ६८४)। ६ जनानखाना, अन्तःपुर (ठा ७)। ७ संशय-कोटि। ८ स्पर्धा-स्थान। ९ घर की भीत। १० प्रकोष्ठ (हे २, १७)।

कच्छा स्त्री [कच्छा] कटि-मेखला, कमर का आभूषण (पात्र)। °वई स्त्री [°वती] देखो कच्छगावई (जं ४)। °वईकूड न [°वतीकूट] महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर (इक)।

कच्छादब्भ पुं [दे. कक्षादर्भ] रोग-विशेष (सिरि ११७)।

कच्छु स्त्री [कच्छू] १ खुजली, खाज, रोग-विशेष (प्रासू २८)। २ खाज को उत्पन्न करनेवाली औषधि, कपिकच्छु (पराह २, ५)। °ल, °ल्ल वि [°मत्] खाज रोग-वाला (राज; विपा, १, ७)।

कच्छुट्टिया स्त्री [दे. कच्छपटिका] कछौटी, लँगोटी (रंभा)।

कच्छुरिअ वि [दे] १ ईर्षित, जिसकी ईर्ष्या की जाय वह। २ न. ईर्ष्या (दे २, १६)।

कच्छुरिअ वि [कच्छुरित] व्याप्त, खचित (कुम्मा ६ टी)।

कच्छुरी स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच (दे २, ११)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कच्छुल पुं [कच्छुल] गुल्म-विशेष (पराण १—पत्र ३२)।

कच्छुल्ल पुं [कच्छुल्ल] स्वनाम ख्यात एक नारद-मुनि (णाया १, १६)।

कच्छू देखो कच्छु (प्रासू ७२)।

कच्छोटी स्त्री [दे] कछौटी, लंगोटी (रंभा—टि)।

कज्ज वि [कार्य] १ जो किया जाय वह। २ करने योग्य। ३ जो किया जा सके (हे २, २४)। ४ न. प्रयोजन, उद्देश्य; 'न य साहेइ सकज्जं' (प्रासू २७, कप्पू)। ५ कारण, हेतु (वव २)। ६ काम, काज;

'अन्नह परिचिंतिज्जइ,
सहरिसकंडुज्जएण हियएण।
परिणमइ अन्नह च्चिय,
कज्जारंभो विहिवसेण'
(सुर ४, १६)।

°जाण वि [°ज्ञ] कार्य को जाननेवाला (उप ६४८)। °सेण पुं [°सेन] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न स्वनाम ख्यात एक कुलकर-पुरुष (सम १५०)।

कज्जआ (शौ) स्त्री [कन्यका] कन्या, कुमारी (प्राकृ ८७)।

कज्जउड पुं [दे] अनर्थ (दे २, १७)।

कज्जमाण वि [क्रियमाण] जो किया जाता हो वह; 'कज्जं च कज्जमाणं च आगमिस्सं च पावगं' (सूअ १, ८)।

कज्जल न [कज्जल] १ काजल, मसी। २ अञ्जन, सुरमा (कुमा)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी (जीव ३)।

कज्जलइअ वि [कज्जलित] १ काजलवाला। २ श्याम, कृष्ण (पाअ)।

कज्जलंगी स्त्री [कज्जलाङ्गी] कज्जल-गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है, कजरौटी (अंत, णाया १, १—पत्र ६)।

कज्जला स्त्री [कज्जला] इस नाम की एक पुष्करिणी (इक)।

कालाइक्कमय न [कालातिक्रमक] तप-विशेष, दिन के पूर्वार्ध तक आहार-त्याग (संबोध ५८)।

कालाकोण पुंन [काललवण] काला नोन या नमक (दस ३, ८)।

कालि पुं [कालिन्] बिहार का एक पर्वत (ती १३)।

कालिअसूरि पुं [कालिकसूरि] एक प्रसिद्ध प्राचीन जैन आचार्य (विचार ५२९)।

कालिआ स्त्री [दे] १ शरीर, देह। २ काला-न्तर। ३ मेघ, बारिश (दे २, ५८)। ४ मेघ-समूह, बादल (पाअ)।

कालिआ स्त्री [कालिका] १ देवी-विशेष (सुपा १८२)। २ एक प्रकार का तूफानी पवन (उप ७२८ टी; णाया १, ९)।

कालिंग पुं [कालिङ्ग] १ देश विशेष; 'पत्तो कालिंगदेसओ' (श्रा १२)। २ वि. कलिङ्ग देश में उत्पन्न (पउम ९९, ५५)।

कालिंगी स्त्री [कालिङ्गी] वल्ली-विशेष, तरबूज का गाछ (पण्ण १)।

कालिंगी स्त्री [कालिङ्गी] विद्या विशेष (सूअ २, २, २७)।

कालिंजण न [दे] तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़ (दे २, २९)।

कालिंजणी स्त्री [दे] ऊपर देखो (दे २, २९)।

कालिंजर पुं [कालिञ्जर] १ देश-विशेष (पिंग)। २ पर्वत-विशेष (उत्त १३)। ३ न. जंगल-विशेष (पउम ५८, ९)। ४ तीर्थ-स्थान-विशेष (ती ७)।

कालिंदी स्त्री [कालिन्दी] १ यमुना नदी (पाअ)। २ एक इन्द्राणी, शक्रेन्द्र की एक पटरानी (पउम १०२, १५९)।

कालिंब पुं [दे] १ शरीर, देह। २ मेघ, बारिश (दे २, ५९)।

कालिग देखो कालिय = कालिक (राज)।

कालिगी स्त्री [कालिकी] संज्ञा-विशेष, बहुत समय पहले गुजरी हुई चीज का भी जिससे स्मरण हो सके वह (विसे ५०८)।

कालिज्ज न [कालेय] हृदय का गूढ़ मांस-विशेष (तंदु)।

कालिम पुंस्त्री [कालिमन्] श्यामता, कृष्णता, दागीपन (सुर ३, ४४; श्रा १२)।

कालिय पुं [कालिय] इस नाम का एक सर्प (सुपा १८१)।

कालिय वि [कालिक] १ काल में उत्पन्न, काल-संबन्धी। २ अनिश्चित, अव्यवस्थित; 'हत्थागया इमे कामा कालिया जे अणागया' (उत्त ५; करु १६)। ३ वह शास्त्र, जिसको अमुक समय में ही पढ़ने की शास्त्रीय आज्ञा है (ठा २, १—पत्र ४९)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (णाया १, १७—पत्र २२८)। °पुत्त पुं [°पुत्र] एक जैन मुनि जो भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में से थे (भग)। °सण्णि वि [°संज्ञिन्] कालिकी संज्ञावाला (विसे ५०९)। °सुय न [°श्रुत] वह शास्त्र जो अमुक समय में ही पढ़ा जा सके (णंदि)। °णुओग पुं [°ानुयोग] देखो पूर्वोक्त अर्थ (भग)।

काली स्त्री [काली] १ विद्या-देवी-विशेष (संति ५)। २ चमरेन्द्र की एक पटरानी (ठा ५, १; णाया २, १)। ३ वनस्पति-विशेष, काकजङ्घा (अनु ४)। ४ श्यामवर्ण-वाली स्त्री; 'सामा गायइ महुरं, काली गायइ खरं च रुक्खं च' (ठा ७)। ५ राजा श्रेणिक की एक रानी (निर १, १)। ६ चौथी जैन शासन-देवी (संति ९)। ७ पार्वती, गौरी (पाअ)। ८ इस नाम का एक छंद (पिंग)।

कालुण न [कारुण्य] दया, करुणा। °वडिया स्त्री [°वृत्ति] भीख माँग कर आजीविका करना (विपा १, १)।

कालुणिय देखो कारुणिय (सूअ १, १, १)।

कालुणीय देखो कारुणिय (सूअ १,३,२,९)।

कालुय पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

कालुसिय न [कालुष्य] कलुषता, मलिनता (आउ)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालुस्स न [कालुष्य] कलुषपन (सा २)।

कालेज्ज न [दे] तापिच्छ, श्याम तमाल का पेड़ (दे २, २९)।

कालेय न [कालेय] १ काली देवी का अपत्य। २ सुगन्धि द्रव्य-विशेष, कालचन्दन (स ७५)। ३ हृदय का मांस-खण्ड, कलेजा (सूत्र १, ५, १; रंभा)।

कालोद देखो कालोय (जीव ३)।

कालोदधि पुं [कालोदधि] समुद्र-विशेष (पएह १, ५)।

कालोदाइ पुं [कालोदायिन्] इस नाम का एक दार्शनिक विद्वान् (भग ७, १०)।

कालोय पुं [कालोद] समुद्र-विशेष जो घातकी-खण्ड द्वीप को चारों तरफ घिर कर स्थित है (सम ६७)।

काव, कावड पुं [दे] १ काँवर, बहँगी, बोझ ढ़ोनेके लिए तराजूनुमा एक वस्तु, इसमें दोनों ओर सिकहर लटकाये जाते हैं (जीव ३; पउम ७५, ५२)। °कोडिय पुं [°कोटिक] काँवर से भार ढ़ोनेवाला (अणु)। देखो काय = (दे)।

कावडि, कावोडि स्त्री [दे] काँवर (कुप्र १२१; २४४, दस ४, १ टी)।

कावडिअ पुं [दे] वैवधिक, काँवर से भार ढोनेवाला (पउम ७५, ५२)।

कावध पुं [कावध्य] एक महाग्रह, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (राज)।

कावलिअ वि [दे] असहन, असहिष्णु (दे २, २८)।

कावलिअ वि [कावलिक] कवल-प्रक्षेप रूप आहार (भग; संग १८१)।

कावालिअ पुं [कापालिक] वाम-मार्गी, अघोर सम्प्रदाय का मनुष्य (सुपा १७४; ३९७; दे १, ३१; प्रबो ११५)।

कावालिआ, कावालिणी स्त्री [कापालिकी] कापालिक-व्रतवाली स्त्री (गा ४०८)।

काविट्ठ न [कापिष्ठ] देव-विमान-विशेष (सम २७; पउम २०, २३)।

काविल न [कापिल] १ सांख्य-दर्शन (सम्म १४५)। २ वि. सांख्य मत का अनुयायी (औप)।

काविलिय वि [कापिलीय] १ कपिल मुनि-संबन्धी। २ न. कपिल-मुनि के वृत्तान्तवाला एक ग्रन्थांश; 'उत्तराध्ययन' सूत्र का आठवाँ अध्ययन (सम ६४)।

काविसायण देखो कविसायण (जीव ३)।

कावी स्त्री [दे] नीलवर्णवाली, हरा रंग की चीज (दे २, २६)।

कावुरिस देखो कापुरिस (स ३७५)।

कावेअ न [कापेय] वानरपन, चञ्चलता (अच्चु ९२)।

कावोय वि [दे] काँवर वहन करनेवाला (अणु ४६)।

कास देखो कड्ढ = कृष्। कासइ (षड्)।

कास अक [कास्] १ कहरना, रोग-विशेष से खराब आवाज करना। २ कासना, खाँसी की आवाज करना। ३ खोखार करना। ४ छींक खाना। वकृ. कासंत, कासमाण (पएह १, ३—पत्र ५४; आचा)। संकृ. कासित्ता (जीव ३)।

कास पुं [काश, °स] १ रोग-विशेष, खाँसी (णाया १,१३)। २ तृण-विशेष, कास; 'कास-कुसुमंव मन्ने सुनिप्फलं जम्म-जीवियं निययं' (उप ७२८ टी); 'कासुकुसुमंव विहलं' (आप ५८)। ३ उसका फूल जो सफेद और शोभायमान होता है; 'ता तत्थ नियइ धूलिं ससहर-हरहासकाससंकासं' (सुपा ४२८; कुमा)। ४ ग्रह विशेष, ग्रह-देव-विशेष (ठा २, ३)। ५ रस (ठा ७)। ६ संसार, जगत् (आचा)।

कास देखो कंस = कांस्य (हे १,२९; षड्)।

कासंकस वि [कासङ्कष] प्रमादी, संसार में आसक्त (आचा)।

कासग देखो कासय; 'जेण रोहंति बीजाइं, जेण जीवंति कासगा' (निचू १)।

कासण न [कासन] खोखारना, खाट्कार (ओघ २३५)।

कासमद्दग पुं [कासमर्दक] वनस्पति-विशेष, गुच्छ-विशेष (पएण १—पत्र ३२)।

कासय, कासव पुं [कर्षक] कृषीवल, किसान (दे १, ८७; पात्र);
'जह वा लुणाइ सस्साइं,
कासवो परिणयाइं छित्तम्मि।
तह भूयाइं कयंतो, वत्थुसहावो इमो जम्हा'
(सुपा ६५१)।

कासव पुं [कश्यप] १ इस नाम का एक ऋषि (प्रामा)। २ हरिण की एक जाति। ३ एक जात की मछली। ४ दक्ष प्रजापति का जामाता। ५ वि. दारू पीनेवाला (हे १, ४३; षड्)।

कासव न [काश्यप] १ इस नाम का एक गोत्र (ठा ७; णाया १, १; कप्प)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का एक पूर्व पुरुष। ३ वि. काश्यप गोत्र में उत्पन्न, काश्यप-गोत्रीय (ठा ७—पत्र ३९०; उत्त ७; कप्प; सूत्र १,६)। ४ पुं. नापित, हजाम (भग ९, १०; आवम)। ५ इस नाम का एक गृहस्थ (अंत १८)। ६ न. इस नाम का एक 'अंतगडदसा' सूत्र का अध्ययन (अंत १८)।

कासवनालिया स्त्री [काश्यपनालिका] श्री-पर्णीफल (आचा २, १, ८, ६; दस ५, २, २१)।

कासविज्जया स्त्री [काश्यपीया] जैन मुनियों की एक शाखा (कप्प)।

कासवी स्त्री [काश्यपी] १ पृथिवी, धरित्री (कुमा)। २ कश्यकप-गोत्रीया स्त्री (कप्प)। °रइ स्त्री [°रति] भगवान् सुमतिनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)।

कासा स्त्री [कृशा] दुर्बल स्त्री (हे १, १२७; षड्)।

कासाइया, कासाई स्त्री [काषायी] कषाय-रंग से रंगी हुई साड़ी, लाल साड़ी (कप्प; उवा)।

कासाय वि [काषाय] कषाय-रंग से रंगा हुआ वस्त्रादि (गउड)।

कासार न [कासार] १ तलाव, छोटा सरोवर (सुपा १६६)। २ पक्वान्न-विशेष, कँसार (स १८९)। ३ पुं. समूह, जत्था (गउड)। ४ प्रदेश, स्थान (गउड)। °भूमि स्त्री [°भूमि] नितम्ब-प्रदेश (गउड)।

कासार न [दे] धातु-विशेष, सीसपत्रक (दे २, २७)।

कासि पुं [काशी] १ देश-विशेष, काशी जिला; 'कासित्ति जणवओ' (सुपा ३१; उत्त १८)। २ काशी देश का राजा (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ स्त्री. काशी नगरी, बनारस शहर (कुमा)। °पुर न [°पुर] काशी नगरी, बनारस शहर (पउम ६,१३७)। °राय पुं [°राज] काशी देश का राजा (उत्त १८)। °व पुं [°प] काशी देश का राजा (पउम १०४, ११)। °वड्ढण पुं [°वर्धन] इस नाम का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (ठा ८--पत्र ४३०)।

कासिअ न [दे] १ सूक्ष्म वस्त्र, बारीक कपड़ा। २ सफेद वस्त्र (दे २, ५६)।

कासिअ न [कासित] छींक, क्षुत् (राज)।

कासिज्ज न [दे] काकस्थल-नामक देश (दे २, २७)।

कासिल्ल वि [कासिक] खांसी रोगवाला (विपा १, ७—पत्र ७२)।

कासी स्त्री [काशी] काशी, बनारस (णाया १, ८)। °राय पुं [राज] काशी का राजा (पिंग)। °स पुं [°श] काशी का राजा (पिंग)। °सर पुं [°श्वर] काशी का राजा (पिंग)।

काह सक [कथय्] कहना। काहयंते (सूत्र १, १३, ३)।

काहर देखो काहार (दस ४, १ टी)।

काहल वि [दे] १ मृदु, कोमल। २ ठग, धूर्त्त (दे २, ५८)।

काहल वि [कातर] कातर, डरपोक, अधीर (हे १, २१४; २५४)।

काहल पुंन [काहल] १ वाद्य-विशेष (सुर ३, ६९; औप; णंदि)। २ अव्यक्त आवाज (पराह २, २)।

काहला स्त्री [काहला] वाद्य-विशेष, महा-ढक्का (विक्र ८७)।

काहलिया स्त्री [काहलिका] आभूषण-विशेष (पव २७१)।

काहली स्त्री [दे] तरुणी, युवती (दे २,२६)।

काहल्ली स्त्री [दे] १ खर्च करने का धान्यादि। २ तवा, जिसपर पूरी या पूड़ी वगैरह पकायी जाती है (दे २, ५९)।

काहार पुं [दे] कहार, एक जाति जो पानी भरने और डोली वगैरह ढोने का काम करती है (दे २, २७; भवि)।

काहार पुंन [दे] काँवर, बहँगी (सुज १०,६)।

काहावण पुं [कार्षापण] सिक्का-विशेष (हे २, ७१; पराह १; २; षड्; (प्राप्र)।

काहिय वि [काथिक] कथा-कार, वार्ता करनेवाला (बृह १)।

काहिल पुं [दे] गोपाल, ग्वाला, स्त्री. °ला (दे २, ३८)।

काहिल्लिआ स्त्री [दे] तवा, जिसपर पूरी आदि पकायी जाती है (पाअ)।

काहीअ देखो काहिय (गच्छ ३, ६)।

काहीइदाण न [कारिष्यतिदान] प्रत्युपकार की आशा से दिया जाता दान (ठा १०)।

काहे अ [कदा] कब, किस समय? (हे २, ६५; अंत २४; प्राप्र)।

काहेणु स्त्री [दे] गुञ्जा, लाल रत्ती (दे २, २१)।

कि देखो किं (हे १, २९; षड्)।

कि सक [कृ] करना, बनाना; 'डुकियं करणे' (विसे ३३००)। कवकृ. किज्जत (सुर १, ६०; ३, १४; ५६)।

किअ देखो कय = कृत (काप्र ९२५; प्रासू १५; धम्म २४; मै ६५; वजा ४)।

किअ देखो किव = कृप (षड्)।

किअंत वि [कियत्] कितना (सण)।

किअंत देखो कयंत (अच्चु ५६)।

किआडिआ स्त्री [कृकाटिका] गला का उन्नत भाग (पाअ)।

किइ स्त्री [कृति] कृति, क्रिया, विधान (षड्; प्राप्र; उव)। °कम्म न [°कर्मन्] १ वन्दन, प्रणमन (सम २१)। २ कार्य-करण (भग १४,३)। ३ विश्रामणा (व्यव० गा० ९२)।

किं स [किम्] कौन, क्या, क्यों, निन्दा, प्रश्न, अतिशय, अल्पता और साहश्य को बतलानेवाला शब्द (हे १, २९; ३, ५८; ७१; कुमा; विपा १, १; निचू १३); 'किं बुल्लंति मणीओ जाउ सहस्सेहि घिप्पंति' (प्रासू ४)। °उण अ [°पुनः] तब फिर, फिर क्या? (प्राप्र)।

किंकत्तव्वया देखो किंकायव्वया (आचा २, २, ३)।

किंकम्म पुं [किंकर्मन्] इस नाम का एक गृहस्थ (अंत)।

किंकर पुं [किङ्कर] नौकर, चाकर, दास (सुपा ६०; २२३)। °सच्च पुं [°सत्य] १ परमेश्वर, परमात्मा। २ अच्युत, विष्णु (अच्चु २)।

किंकरी स्त्री [किङ्करी] दासी, नौकरानी (कप्पू)।

किंकाइअ देखो केकाइय (अणु २१२)।

किंकायव्वया स्त्री [किंकर्त्तव्यता] क्या करना है यह जानना। °मूढ वि [°मूढ] किंकर्त्तव्य-विमूढ, हक्कावक्का, भौंचका, वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय (महा)।

किंकार पुंन [केङ्कार] अव्यक्त शब्द-विशेष (सिरि ५४१)।

किंकिअ वि [दे] सफेद, श्वेत (दे २, ३१)।

किंकिच्चजड वि [किंकृत्यजड] हक्कावक्का, वह मनुष्य जिसे यह न सूझ पड़े कि क्या किया जाय (श्रा २७)।

किंकिणिआ स्त्री [किङ्किणिका] क्षुद्र-घण्टिका, करधनी (सुपा १५६)।

किंकिणी स्त्री [किङ्किणी] ऊपर देखो (सुपा १५४; कुमा)।

किंकिल्लि देखो कंकिल्लि (विचार ४६१)।

किंगिरिड पुं [किङ्गिरिट] क्षुद्र कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जीव की एक जाति (राज)।

किंच अ [किञ्च] समुच्चय-द्योतक अव्यय, और भी, दूसरा भी (सुर १, ४०; ४१)।

किंचण न [किञ्चन] १ द्रव्य-हरण, चोरी (विसे ३४५१)। २ अ. कुछ, किञ्चित् (वव २)।

किंचण न [किञ्चन] द्रव्य, वस्तु (उत्त ३२, ८, सुव ३२, ८)।

किंचहिय वि [किञ्चिदधिक] कुछ ज्यादा (सुपा ४३०)।

किंचि अ [किञ्चिन्] अल्प, ईषत्, थोड़ा (जी १; स्वप्न ४७)।

किंचिम्मत्त वि [किञ्चिन्मात्र] स्वल्प, बहुत थोड़ा, यत्किञ्चित् (सुपा १४२)।

किंचूण वि [किञ्चिदून] कुछ कम, पूर्ण-प्राय (औप)।

किंजक पुं [किञ्जल्क] पुष्प-रेणु, पराग (णाया १, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किंजक्ख पुं [दे] शिरीष-वृक्ष, सिरस का पेड़ (दे २, ३१)।

किंणेदं (शौ)। अ [किमिदम्, किमेतत्] यह क्या? (पड्; कुमा)।

किंतु अ [किन्तु] परन्तु, लेकिन (सुर ४, ३७)।

किंथुग्घ देखो किंसुग्घ (राज)।

किंदिय न [केन्द्र] १ वर्त्तुल का मध्य-स्थल। २ ज्योतिष में इष्ट लग्न से पहला, चौथा, सातवाँ और दसवाँ स्थान: 'किंदियठाणट्ठिय-गुरुम्मि' (सुपा ३६)।

किंदुअ पुं [कन्दुक] कन्दुक, गेंद (भवि)।

किंधर पुं [दे] छोटी मछली (दे २, ३२)।

किंनर पुं [किन्नर] १ व्यन्तर देवों की एक जाति (पराह १, ४)। २ भगवान् धर्मनाथ जी के शासनदेव का नाम (संति ८)। ३ चमरेन्द्र की रथ-सेना का अधिपति देव (ठा ५, १)। ४ एक इन्द्र (ठा २, ३)। ५ देव-गन्धर्व, देव-गायक (कुमा)। °कंठ पुं [°कण्ठ] किन्नर के कण्ठ जितना बड़ा एक मणि (जीव ३)।

किंनरी स्त्री [किन्नरी] किन्नर देव की स्त्री (कुमा)।

किंनु अ [किंनु] पूर्वपक्ष, आक्षेप, आशंका का सूचक अव्यय (वव १)।

किंपय वि [दे] कृपण, कंजूस (दे २, ३१)।

किंपाग पुं [किम्पाक] १ वृक्ष-विशेष, 'हुंति मुहि च्चिय महुरा विसया किंपागभूरुहफलं व' (पुप्फ ३६२; औप)। २ न. उसका फल, जो देखने में और स्वाद में सुन्दर, परन्तु खाने से प्राण का नाश करता है: 'किंपागफलोवमा विसया' (सुर १२, १३८)।

किंपि अ [किमपि] कुछ भी (प्रासू ६०)।

किंपुरिस पुं [किंपुरुष] १ व्यन्तर देवों की एक जाति (पराह १, ४)। २ एक इन्द्र, किन्नर-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३)। ३ वैरोचन बलीन्द्र की रथसेना का अधिपति देव (ठा ५, १—पत्र ३०२)। °कंठ पुं [°कण्ठ] मणि की एक जाति, जो किंपुरुष के कण्ठ जितना बड़ा होता है (जीव ३)।

किंबोड वि [दे] स्खलित, गिरा हुआ, भुला हुआ (२, ३१)।

किमज्झ वि [किंमध्य] असार, निःसार (पराह २, ४)।

किंवयंती स्त्री [किंवदन्ती] जनश्रुति, जनरव (हम्मीर ३६)।

किंसारु पुं [किंशारु] सस्य-शूक, सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग (दे २, ६)।

किंसुग्घ न [किंस्तुघ्न] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक स्थिर करण (विसे ३३५०)।

किंसुअ पुं [किंशुक] १ पलाश का पेड़, टेसू, ढाक (सुर ३ ४६)। २ न. पलाश का पुष्प (हे १, २९; ८६)।

किकिंडि पुं [दे] सर्प, साँप (दे २, ३२)।

किक्किंधा स्त्री [किष्किन्धा] नगरी-विशेष (से १४, ५५)।

किक्किंधि पु. [किष्किन्धि] १ पर्वत-विशेष (पउम ६, ४५)। २ इस नाम का एक राजा (पउम ६, १५४; १०, २०)। °पुर न [°पुर] नगर विशेष (पउम ६, ४५)।

किच्च वि [कृत्य] १ करने योग्य, कर्त्तव्य, फरज (सुपा ४६५; कुमा)। २ वन्दनीय, पूजनीय; 'न पिउम्रो न पुरओ नेव किच्चाण पिट्ठओ' (उत्त ३)। ३ पु. गृहस्थ (सूअ १, १, ४)। ४ न. शास्त्रोक्त अनुष्ठान, क्रिया, कृति (आचा २, २, २; सूअ १, १, ४)।

किच्चंत वि [कृत्यमान] १ छिन्न किया जाता, काटा जाता। २ पीड़ित किया जाता, सताया जाता (राज)।

किच्चण न [दे] प्रक्षालन, धोना; 'हरिअच्छेयण छप्पइयघच्चणं किच्चणं च पोत्ताणं' (ओघ १६८—पत्र ७२)।

किच्चा स्त्री [कृत्या] १ काटना, कर्त्तन (उप पृ ३५६)। २ क्रिया, काम, कर्म। ३ देव वगैरह की मूर्ति का एक भेद। ४ जादूगरी, जादू। ५ रोग-विशेष, महामारी का रोग (हे १, १२८)।

किच्चा देखो कर = कृ।

किच्चि स्त्री [कृत्ति] १ मृग वगैरह का चमड़ा। २ चमड़े का वस्त्र। ३ भूर्जपत्र, भोजपत्र। ४ कृत्तिका नक्षत्र (हे २, १२; ८९; पड्)।

°पाउरण पुं [°प्रावरण] महादेव, शिव (कुमा)। °हर पुं [°धर] महादेव, शिव (षड्)।

किंच्चिरं अ [कियच्चिरम्] कितने समय तक, कब तक? (उप १२८ टी)।

किच्छ न [कृच्छ्र] १ दुःख कष्ट (ठा ५, १)। २ त्रि. कष्ट-साध्य, कष्ट-युक्त (हे १, १२८)। ३ क्रिवि. दुःख से, मुश्किल से (सुर ८, १४८)।

किज्ज वि [क्रेय] खरीदने योग्य, 'अकिज्जं किज्जमेव वा' (दस ७)।

किज्जंत देखो कि = कृ।

किज्जअ वि [कृत] किया गया, निर्मित (पिंग)।

किट्ट सक [कीर्त्तय्] १ श्लाघा करना, स्तुति करना। २ वर्णन करना। ३ कहना, बोलना। किट्टइ, किट्टेइ (आचा; भग)। वकृ. किट्टमाण (पि २८९)। संकृ. किट्टइत्ता, किट्टित्ता (उत्त २९; कप्प)। हेकृ. किट्टित्तए (कस)।

किट्ट स्त्रीन [किट्ट] १ धातु का मल, मैल (उप ५३२)। २ रंग-विशेष (उर ६, ५)। ३ तेल, घी वगैरह का मैल। स्त्री. °ट्टी (पभा ३३)।

किट्टण देखो कित्तण (बृह ३)।

किट्टि स्त्री [किट्टि] १ अल्पीकरण-विशेष, विभाग-विशेष; 'अपुव्वविसोहीए अणुभागोगूणविभयणं किट्टी' (पंच १२; आवम)।

किट्टिय वि [कीर्तित] १ वर्णित, प्रशंसित (सूअ २, ६)। २ प्रतिपादित, कथित (सूअ २, २; ठा ७)।

किट्टिया स्त्री [कीटिका] वनस्पति-विशेष (पराण १; भग ७, २)।

किट्टिस न [किट्टिस] १ खली, सरसों, तिल आदि का तैल रहित चूर्ण (अणु)। २ एक प्रकार का सूत, सूता (अणु; आवम)।

किट्टिस न [किट्टिस] १ ऊन आदि का बाकी बचा हुआ अंश। २ उससे बना हुआ सूता। ३ ऊन, ऊँट के बाल आदि की मिलावट का सूता (अणु ३४)।

किट्टी देखो किट्ट = किट्ट।

किट्टीकय वि [किट्टीकृत] आपस में मिला हुआ, एकाकार, जैसे सुवर्ण आदि का किट्ट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसमें मिल जाता है उस तरह मिला हुआ (उव)।

किट्ठ वि [क्लिष्ट] क्लेश-युक्त (भग ३, २; जीव ३)।

किट्ठ वि [कृष्ट] जोता हुआ, हल-विदारित (सुर ११, ५६; भग ३, २)। २ न. देव-विमान विशेष; 'जे देवा सिरिवच्छं सिरिदाम-कंडं मल्लं किट्टं (? ट्टं) चावोएणयं अरु-एणवडिसगं विमाणं देवत्ताए उववएणा' (सम ३६)।

किट्टि स्त्री [कृष्टि] १ कर्षण। २ खींचाव, आकर्षण। ३ देवविमान-विशेष (सम ९)। °कूड न [°कूट] देवविमान-विशेष (सम ९)। °घोस न [°घोष] विमान-विशेष (सम ९)। °जुत्त न [°युक्त] विमान-विशेष (सम ९)। °ज्झय न [°ध्वज] विमान-विशेष (सम ९)। °प्पभ न [°प्रभ] देवविमान-विशेष (सम ९)। °वण्ण न [°वर्ण] विमान-विशेष (सम ९)। °सिंग न [°शृङ्ग] विमान-विशेष (सम ९)। °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देव-विमान (सम ९)।

किट्ठियावत्त न [कृष्ट्यावर्त्त] देवविमान-विशेष (सम ९)।

किट्ठुत्तरवडिंसग न [कृष्ट्युत्तरावतंसक] इस नाम एक देव-विमान, देव-भवन (सम ९)।

किडग वि [क्रीडक] क्रीड़ा करनेवाला (सूअ १, ४, १, २ टी)।

किडि पुं [किरि] सूकर, सूअर (हे १, २५१; षड्)।

किडिकिडिया स्त्री [किटिकिटिका] सूखी हड्डी की आवाज (णाया १, १—पत्र ७४)।

किडिभ पुं [किटिभ] रोग-विशेष, एक प्रकार का क्षुद्र कोढ़ (लहुअ १५; भग ७, ६)।

किडिया स्त्री [दे] खिड़की, छोटा द्वार (स ५८३)।

किड्ड अक [क्रीड्] खेलना, क्रीड़ा करना। वकृ. किड्डंत (पि ३९७)।

किड्डकर वि [क्रीडाकर] क्रीड़ा-कारक (औप)।

किड्डा स्त्री [क्रीडा] १ क्रीड़ा, खेल (विपा १, ७)। २ बाल्यावस्था (ठा १०—पत्र ५१९)।

किड्डाविया स्त्री [क्रीडिका] क्रीड़न-धात्री, बालक को खेल-कूद करानेवाली दाई (णाया १, १६—पत्र २११)।

किढि वि [दे] १ संभोग के लिए जिसको एकान्त स्थान में लाया जाय वह (वव ३)। २ स्थविर, वृद्ध (बृह १)।

किढिण न [किठिन] संन्यासियों का एक पात्र, जो बाँस का बना हुआ होता है (भग ७, ९)।

किण सक [क्री] खरीदना। किणइ (हे ४, ५२)। वकृ. 'से किणं किणावेमाणे हणं घायमाणे' (सूअ २, १)। किणंत (सुपा ३६६)। संकृ. किणित्ता (पि ५८२)। प्रयो. किणावेइ (पि ५५१)।

किण पुं [किण] १ घर्षण-चिह्न, घर्षण की निशानी (गउड)। २ मांस-ग्रंथि। ३ सूखा घाव (सुपा ३७०; वज्जा ३६)।

किणइअ वि [दे] शोभित, विभूषित (पउम ६२, ९)।

किणण न [क्रयण] कीनना, खरीद, क्रय (उप पृ २५८)।

किणा देखो किण्णा (प्राप्र; हे ३, ६९)

किणि वि [क्रयिन्] खरीदनेवाला (सम्बोध १६)।

किणिकिण अक [किणिकिणय्] किण-किण आवाज करना। वकृ. किणिकिणिंत (औप)।

किणिय वि [क्रीत] कीना हुआ, खरीदा हुआ (सुपा ४३४)।

किणिय पुं [किणिक] १ मनुष्य की एक जाति, जो बाजा बनाती और बजाती है (वव ३)। २ रस्सी बनाने का काम करने-वाली मनुष्य-जाति; 'किणिया उ बरत्ताओ वलिंति' (पंचू)।

किणिय न [किणित] वाद्य-विशेष (राय)।

किणिया स्त्री [किणिका] छोटा फोड़ा, फुनसी; 'अन्नेवि सइं महियलनिसीय-
णुप्पन्नकिणियपोंगिल्ला।
मलिणजरकप्पडोच्छइयविग्गहा
कहवि हिंडंति' (स १८०)।

किणिस सक [शाणय्] तीक्ष्ण करना, तेज करना। किणिसइ (पिंग)।

किणो अ [किमिति] क्यों, किसलिए? (दे २, ३१; हे २, २१६; पाअ; गा ६७; महा)।

किण्ण वि [कीर्ण] १ उत्कीर्ण, खुदा हुआ; 'उवलकिण्णव्व कट्ठघडियव्व' (सुपा ५७१)। २ क्षिप्त, फेंका हुआ (ठा ९)।

किण्ण पुं [किण्व] १ फलवाला वृक्ष-विशेष, जिससे दारू बनता है (गउड; आचा)। २ न. सुरा-बीज, किण्व-वृक्ष के बीज, जिसका दारू बनता है (उत्त २)। °सुरा स्त्री [°सुरा] किण्व-वृक्ष के फल से बनी हुई मदिरा (गउड)।

किण्ण वि [दे] शोभमान, राजमान (दे २, ३०)।

किण्णं अ [किंनम्] प्रश्नार्थक अव्यय (उवा)।

किण्णर देखो किंनर (जं १; राय; इक)।

किण्णा अ [कथम्] क्यों, क्यों कर, कैसे ?; 'किण्णा लद्धा किण्णा पत्ता' (विपा २, १—पत्र १०६)।

किण्णु अ [किंनु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रश्न। २ वितर्क। ३ सादृश्य। ४ स्थान, स्थल। ५ विकल्प (उवा; स्वप्न ३४)।

किण्ह देखो कण्ह (गा ६५; णाया १, १; उर ६, ५; पण्ण १७)।

किण्ह न [दे] १ बारीक कपड़ा। २ सफेद कपड़ा (दे २, ५९)।

किण्हग पुं [दे] वर्षाकाल में घड़ा आदि में होनेवाली एक तरह की काई (जीवस ३६)।

किण्हा देखो कण्हा (ठा ५, ३—पत्र ३५१; कम्म ४, १३)।

कितव पुं [कितव] द्यूतकर, जूआरी (दे ४, ८)।

कित्त देखो किच्च (संक्षि ५)।

कित्त देखो किट्ट = कीर्त्तय्। भवि. कित्तइस्सं (पडि)। संकृ. कित्तइत्ताण (पच ११६)।

कित्तण न [कीर्त्तन] १ श्लाघा, स्तुति; 'तव य जिणुत्तम संति कित्तणं' (अजि ४; से ११, १३३)। २ वर्णन, प्रतिपादन। ३ कथन, उक्ति (विसे ९४०; गउड; कुमा)।

कित्तणा स्त्री [कीर्तना] कीर्तन, वर्णन, प्रशंसा (चेइय ७४८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कित्तय वि [कीर्तक] कीर्तन-कर्ता (पव २१६ टी)।

कित्तवीरिअ देखो कत्तवीरिअ (ठा ८)।

कित्ता देखो किच्चा = कृत्या (प्राकृ ८)।

कित्ति स्त्री [कीर्त्ति] १ यश, कीर्त्ति, सुख्याति (औप; प्रासू ४३; ७४; ८२)। २ एक विद्या-देवी (पउम ७, १४१)। ३ केसरि-द्रह की अधिष्ठात्री देवी (ठा २, ३—पत्र ७२)। ४ देव-प्रतिमा-विशेष (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ५ श्लाघा, प्रशंसा (पंच ३)। ६ नीलवन्त पर्वत का एक शिखर (जं ४)। ७ सौधर्म देवलोक की एक देवी (निर)। ८ पुं. इस नाम का एक जैन मुनि, जिसके पास पाँचवें बलदेव ने दीक्षा ली थी (पउम २०, २०५)। °कर वि [°कर] १ यशस्कर, ख्याति-कारक (णाया १, १)। २ पुं. भगवान् आदिनाथ के एक पुत्र का नाम (राज)। °चंद पुं [°चन्द्र] नृप-विशेष (धम्म)। °धम्म पुं [°धर्म] इस नाम का एक राजा (दंस)। °धर पुं [°धर] १ नृप-विशेष (तंदु)। २ एक जैन मुनि, दूसरे बलदेव के गुरु (पउम २०, २०५)। पुरिस पुं [°पुरुष] कीर्त्ति-प्रधान पुरुष, वासुदेव वगैरह (ठा ६)। °म वि [°मत्] कीर्त्ति-युक्त। °मई स्त्री [°मती] १ एक जैन साध्वी, (आक)। २ ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक स्त्री (उत्त १३)। °य वि [°द] कीर्त्ति-कर, यशस्कर (औप)।

कित्ति स्त्री [कृत्ति] चर्म, चमड़ा; 'कुत्तो अम्हाए वग्घकित्ती य' (काप्र ८६३; गा ६४०; वज्जा ४४)।

कित्तिम वि [कृत्रिम] बनावटी, नकली (सुपा २४; ६१३)।

कित्तिय वि [कीर्त्तित] १ उक्त, कथित; 'कित्तियवंदियमहिया' (पडि)। २ प्रशंसित, श्लाघित (ठा २, ४)। ३ निरूपित, प्रति-पादित (तंदु)।

कित्तिय वि [कियत्] कितना (गउड)।

किन्न वि [क्लिन्न] आर्द्र, गीला (हे ४, ३२९)।

किन्ह देखो कण्ह (कप्प)।

किपाड वि [दे] स्खलित, गिरा हुआ (षड्)।

किब्बिस न [किल्बिष] १ पाप, पातक (पण्ह १, २)। २ मांस; 'निग्गयं च से बीयपासेएं किब्बिसं' (स २६३)। ३ पुं. चाण्डाल-स्थानीय देव-जाति (भग १२, ५)। ४ वि. मलिन। ५ अधम, नीच (उत्त ३)। ६ पापी, दुष्ट (धर्म ३)। ७ कर्बुर, चितकबरा (तंदु)।

किब्बिसिय पुं [किल्बिषिक] १ चाण्डाल-स्थानीय देव-जाति (ठा ३, ४—पत्र १६२)। २ केवल वेषधारी साधु (भग)। ३ वि. अधम, नीच (सूअ १, १, ३)। ४ पाप-फल को भोगनेवाला दरिद्र, पंगु वगैरह (णाया १, १)। ५ भाण्ड-चेष्टा करनेवाला (औप)।

किब्बिसिया स्त्री [कैल्बिषिकी] १ भावना-विशेष, धर्म-गुरु वगैरह की निन्दा करने की आदत (धर्म ३)। २ केवल वेष-धारी साधु की वृत्ति (भग)।

किम (अप) अ [कथम्] क्यों, कैसे? (हे ४, ४०१)।

किमण देखो किवण (आचा)।

किमस्स पुं [किमश्व] नृप-विशेष, जिसने इन्द्र को संग्राम में हराया था और शाप लगने से जो मरकर अजगर हुआ था (निचू १)।

किमी पुं [कृमि] १ क्षुद्र जीव, कीट-विशेष (पण्ह १, ३)। २ पेट में, फुनसी में और बवासीर में उत्पन्न होनेवला जन्तु-विशेष (जी १५)। ३ द्वीन्द्रिय कीट-विशेष (पण्ह १, १—पत्र २३)। °य न [°ज] कृमि-तन्तु से उत्पन्न वस्त्र; 'कोसेज्जपट्टमाई जं, किमियं तु पवुच्चइ' (पंचभा)। °राग, °राय पुं [°राग] किरमिजी का रंग (कम्म १, २०; दे २, ३२; पण्ह २, ४)। °रासि पुं [°राशि] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

किमिघरवसण [दे] देखो किमिहरवसण (षड्)।

किमिच्छय न [किमिच्छक] इच्छानुसार दान (णाया १, ८—पत्र १५०)।

किमिण वि [कृमिमत्] कृमि-युक्त; 'किमिणबहुदुरभिगंधेसु' (पण्ह २, ५)।

किमिराय वि [दे] लाक्षा से रक्त (दे ३, ३२)।

किमिहरवसण न [दे] कौशेय-वस्त्र, रेशमी वस्त्र (दे २, ३३)।

किमु अ [किमु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रश्न। २ वितर्क। ३ निन्दा। ४ निषेध (हे २, २१७, पिंग)।

किमुय अ [किमुत] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रश्न। २ विकल्प। ३ वितर्क। ४ अतिशय (हे २, २१८); 'अमरनररायमहियं ति पूइयं तेहिं, किमुय सेसेहिं' (विसे १०६१)।

किम्मिय न [दे. किम्मित] जड़ता, जाड्य (राज)।

किम्मीर वि [किर्मीर] १ कर्बुर, कवरा (पाअ)। २ पुं. राक्षस-विशेष, जिसको भीमसेन ने मारा था (वेणी ११७)। ३ वंश-विशेष; 'जाया किम्मीरवंसे' (रंभा)।

किय देखो कीय (पिंड ३०६)।

कियंत वि [कियत्] कितना (सम्मत्त २२८)।

कियत्थ देखो कयत्थ (भवि)।

कियव्व देखो कइअव (उप ७२८ टी)।

किया देखो किरिया; 'हयं नाणं कियाहीणं' (हे २, १०४); 'मग्गणुसारी सद्धो पन्न-वणिज्जो कियावरो चेव' (उप १९९; विसे ३५९३ टी; कप्पू)।

कियाडिया स्त्री [दे] कानबूट्टी, कान का ऊपरी भाग (वव १)।

कियाणं देखो कर = कृ।

कियाणग न [क्रयाणक] किराना, नमक, मसाला आदि बेचने योग्य चीजें (सुर १, ६०)।

किर पुं [दे] सूकर, सूअर (दे २, ३०; षड्)।

किर अ [किल] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ संभावना। २ निश्चय। ३ हेतु, निश्चित कारण। ४ वार्त्ता-प्रसिद्ध अर्थ। ५ अरुचि। ६ अलीक, असत्य। ७ संशय, संदेह (हे २, १८६; षड्; गा १२६; प्रासू १७; दस १)। ८ पाद-पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है (कम्म ४, ७६)।

किर सक [कृ] १ फेंकना। २ पसारना, फैलाना। ३ बिखेरना। वकृ. किरंत (से ४, ५८; १४, ५७)।

किरण पुंन [किरण] किरण, रश्मि, प्रभा (सुपा ३५१; गउड; प्रासू ८२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किरणिल्ल वि [किरणवत्] किरणवाला, तेजस्वी (सुर २, २४२)।

किराड } पुं [किरात] १ अनार्य देश-विदेश
किराय } (पव १४८)। २ भील, एक जंगली जाति (सुर २, २७; १८०; सुपा ३६१; हे १, १८३)।

किरात (शौ) देखो किराय (प्राकृ ८६)।

किरि देखो किर = किल (सिरि ८३२, ८३४)।

किरि पुं [किरि] भालू की आवाज; 'कत्थइ किरित्ति कत्थइ हिरित्ति कत्थइ छिरित्ति रिच्छाएं सद्दो' (पउम ६४, ४५)।

किरि पुं [किरि] सूकर, सूअर (गउड)।

किरिआण देखो कयाण 'जम्मंतरगहिअपुन्न-किरिआणो' (कुलक २१)।

किरिइरिया } स्त्री [दे] १ कर्णोपकर्णिका,
किरिकिरिआ } एक कान से दूसरे कान गई हुई बात, गप। २ कुतूहल, कौतुक (दे २, ६१)।

किरिकिरिया स्त्री [दे] वाद्य-विशेष, बाँस आदि की कम्बा—लकड़ी से बना हुआ एक प्रकार का बाजा (आचा २, ११, १)।

किरित्तण देखो कित्तण (नाट—माल ६७)।

किरिया स्त्री [क्रिया] १ क्रिया, कृति, व्यापार, प्रयत्न (सूअ २, १; ठा ३, ३)। २ शास्त्रोक्त अनुष्ठान, धर्मानुष्ठान (सूअ २, ४; पव १४६)। ३ सावद्य व्यापार (भग १७, १)। ४ °ट्ठाण न [°स्थान] कर्मबन्ध का कारण (सूअ २, २; आव ४)। °वर वि [°पर] अनुष्ठान-कुशल (षड्)। °वाइ वि [°वादिन्] १ आस्तिक, जीवादि का अस्तित्व माननेवाला (ठा ४, ४)। २ केवल क्रिया से ही मोक्ष होता है ऐसा माननेवाला (सम १०६)। °विसाल न [°विशाल] एक जैन ग्रन्थांश, तेरहवाँ पूर्व-ग्रन्थ (सम २६)।

किरीड पुं [किरीट] मुकुट, शिरो-भूषण (पाअ)।

किरीडि पुं [किरीटिन्] अर्जुन, मध्यम पाण्डव (वेणी १६२)।

किरीत वि [क्रीत] कीना हुआ, खरीदा हुआ (प्राप्र)।

किरीय पुं [किरीय] १ एक म्लेच्छ देश। २ उसमें उत्पन्न म्लेच्छ जाति (राज)।

किरोलय न [किरोलक] फल-विशेष, किरोलिका वल्ली का फल (उर ६, ५)।

किल देखो किर = किल (हे २, १८६; गउड; कुमा)।

किलंत वि [क्लान्त] खिन्न, श्रान्त (षड्)।

किलंज न [किलिञ्ज] बाँस का एक पात्र, जिसमें गैया वगैरह को खाना खिलाया जाता है (उवा)।

किलंज न [किलिञ्ज] तृण-विशेष (धर्मवि १३५; १३६)।

किलकिल अक [किलकिलाय्] 'किल-किल' आवाज करना, हँसना; 'किलकिलइ व्व सहरिसं मणिकंचीकिंकिणिरविएण' (कप्पू)।

किलकिलाइय न [किलकिलायित] 'किल-किल' ध्वनि, हर्ष-ध्वनि (आवम)।

किलणी स्त्री [दे] रथ्या, गली (दे २, ३१)।

किलम्म अक [क्लम्] क्लान्त होना, खिन्न होना। किलम्मइ (कप्पू)। किलम्मसि (वज्जा ६२)। वकृ. किलम्मंत (पि १३६)।

किलाचक्क न [क्रीडाचक्र] इस नाम का एक छन्द—वृत्त (पिंग)।

किलाड पुं [किलाट] दूध का विकार-विशेष, मलाई (दे २, २२)।

किलाम सक [क्लमय्] क्लान्त करना, खिन्न करना, ग्लानि उत्पन्न करना। किलामेज्ज (पि १३६)। वकृ. किलामेंत (भग ५, ६)। कवकृ. किलामीअमाण (मा ४६)।

किलाम पुं [क्लम] खेद, परिश्रम, ग्लानि; 'खमणिज्जो भे किलामो' (पडि; विसे २४०४)।

किलामणया स्त्री [क्लमना] खिन्न करना, उत्पन्न करना (भग ३, ३)।

किलामणा स्त्री [क्लमना] क्लम, क्लेश (महानि ४)।

किलामिअ देखो किलंत (अणु १३६)।

किलामिअ वि [क्लमित] खिन्न किया हुआ, हैरान किया हुआ, पीड़ित; 'तण्हाकिलामिअंगो' (पउम १०३, २२; सुर १०, ४८)।

किलिंच न [दे] छोटी लकड़ी, लकड़ी का टुकड़ा; दंतंतरसोहणयं किलिंचमित्तंपि अविदिन्नं' (भत्त १०२; पाअ; दे २, ११)।

किलिंचिअ न [दे] ऊपर देखो (गा ८०)।

किलिंत देखो किलंत (नाट—मृच्छ २५; पि १३६)।

किलिकिंच अक [रम्] रमण करना, क्रीड़ा करना। किलिकिंचइ (हे ४, १६८)।

किलिकिंचिअ न [रत] रमण, क्रीड़ा, संभोग (कुमा)।

किलिकिल अक [किलकिलाय्] 'किल-किल' आवाज करना। वकृ. किलिकिलंत (उप १०३१ टी)।

किलिकिलि न [किलिकिलि] इस नाम का एक विद्याधरनगर (इक)।

किलिकिलिकिल देखो किलकिल। वकृ. किलिकिलिकिलंत (पउम ३३, ८)।

किलिगिलिय न [किलिकिलित] 'किल-किल' आवाज करना, हर्ष-द्योतक ध्वनि-विशेष (स ३७०; ३८५)।

किलिट्ठ वि [क्लिष्ट] १ क्लेश-युक्त (उत्त ३२)। २ कठिन, विषम। ३ क्लेश-जनक (प्राप्र; हे २, १०६; उव)।

किलिण्ण देखो किलिन्न (स्वप्न ८५)।

किलित्त वि [क्लृप्त] कल्पित, रचित (प्राप्र; षड्; हे १, १४५)।

किलित्ति स्त्री [क्लृप्ति] रचना, कल्पना (पि ५६)।

किलिन्न वि [क्लिन्न] आर्द्र, गीला (हे १, १४५; २, १०६)।

किलिम्म देखो किलम्म। किलिम्मइ (पि १७७)। वकृ. किलिम्मंत (से ६, ८०; ११, ५०)।

किलिम्मिअ वि [दे] कथित, उक्त (दे २, ३२)।

किलिव देखो कीव (वव २; मै ४३)।

किलिस अक [क्लिश्] खेद पाना, थक जाना, दुःखी होना। वकृ. किलिसंत (पउम २१, ३८)।

किलिस देखो किलेस; 'मिच्छत्तमच्छभीयाण, किलिससलिलम्मि बुड्डाणं' (सुपा ६४)।

किलिसिअ वि [क्लेशित] आयासित, क्लेश-प्राप्त (स १४६)।

किलिस्स देखो किलिस = क्लिश्। किलिस्सइ (महा; उव)। वकृ. किलिस्संत (नाट—माल ३१)।

किलिस्सिअ वि [क्लिष्ट] क्लेश-प्राप्त, क्लेश-युक्त (उप पृ ११६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किलीण देखो किलिण्ण (भवि)।

किलीव देखो कीव (स ६०)।

किलेस अक [क्लिश्] क्लेश पाना, हैरान होना। किलेसइ (प्राकृ २७)।

किलेस पुं [क्लेश] १ खेद, थकावट (ओप)। २ दुःख, पीड़ा, बाधा (पउम २२, ७५; सुज २०)। ३ दुःख का कारण। ४ कर्म, शुभाशुभ-कर्म (बृह १)। °यर वि [°कर] क्लेशजनक (पउम २२, ७५)।

किलेसिय वि [क्लेशित] दुःखी किया हुआ (सुर ४, १६७; १६६)।

किड्ढा देखो किड्डा (मैं ६१)।

किव पुं [कृप] १ इस नाम का एक ऋषि, कृपाचार्य (हे १, १२८); 'भाइसयसमग्गं गंगेयं विदुरं दोणं जयद्दहं सउणीं कीवं (? सउणिं किवं) आसत्थामं' (णाया १, १६—पत्र २०८)।

किवँ (अप) देखो कहं (कुमा)।

किवण वि [कृपण] १ गरीब, रंक, दीन (सूअ १, १, ३; अच्चु ६७)। २ दरिद्र, निर्धन (पण्ह १, २)। ३ कंजूस, अदाता (दे २, ३१)। ४ क्लीब, कायर (सूअ २, २)।

किवा स्त्री [कृपा] दया, मेहरबानी (हे १, १२८)। °वन्न वि [°पन्न] कृपा-प्राप्त, दयालु (पउम ६५, ४७)।

किवाण पुंन [कृपाण] खड्ग, तलवार (सुपा १५८; हे १, १२८; गउड)।

किवालु वि [कृपालु] दयालु, दया करनेवाला (पउम ३४, ५०; ६७, २०)।

किविड न [दे] १ खलिहान, अन्न साफ करने का स्थान। २ वि. खलिहान में जो हुआ हो वह (दे २, ६०)।

किविडी स्त्री [दे] १ किवाड़, पार्श्व-द्वार। २ घर का पिछला आँगन (दे, २, ६०)।

किविण देखो किवण (हे १, ४६; १२८; गा १३६; सुर ३, ४४; प्रासू ५१; पण्ह १, १)।

किवीडजोणि पुं [कृपीटयोनि] अग्नि (सम्मत्त २२६)।

किस सक [कृशय्] ह्रसित करना, अपचित करना। किसए (सूअ १, २, १, १४)।

किस वि [कृश] १ दुर्बल, निर्बल (उवर ११३)। २ पतला (हे १, १२८; ठा ४, २)।

किसंग वि [कृशाङ्ग] दुर्बल शरीरवाला (गा ६५७)।

किसर पुं [कृशर] १ पक्वान्न-विशेष, तिल, चावल और दूध की बनी हुई एक खाद्य चीज। २ खिचड़ी, चावल और दाल का मिश्रित भोजन-विशेष (हे १, १२८)।

किसर देखो केसर 'महमहिअदसणकिसरं' (हे १, १४६)।

किसरा स्त्री [कृशरा] खिचड़ी, चावल-दाल का मिश्रित भोजन-विशेष (हे १, १२८; दे १, ८८)।

किसल देखो किसलय (हे १, २६९; कुमा)।

किसलइय वि [किसलयित] अंकुरित, नये अंकुरवाला (सुर ३, ३९)।

किसलय पुंन [किसलय] १ नूतन अंकुर (श्रा २०)। २ कोमल पत्ता (जी ६); 'सव्वोवि किसलओ खलु उग्गममाणो अणंतओ भणिओ' (पण्ण १)। °माला स्त्री [°माला] छन्द-विशेष (अजि १९)।

किसा देखो कासा (हे १, १२७)।

किसाणु पुं [कृशानु] १ अग्नि, वह्नि, आग। २ वृक्ष-विशेष, चित्रक वृक्ष। ३ तीन की संख्या (हे १, १२८; षड्)।

किसि स्त्री [कृषि] खेती, चास (विसे १६१५; सुर १५, २००; प्राप्र)।

किसिअ वि [कृशित] दुर्बलता-प्राप्त, कृशता-युक्त (गा ४०; वज्जा ४०)।

किसिअ वि [कृषित] १ विलखित, रेखा किया हुआ। २ जोता हुआ, कृष्ट। ३ खींचा हुआ (हे १, १२८)।

किसीवल पुं [कृषीवल] कर्षक, किसान; 'पायं परस्स धन्नं भक्खंति किसीवला पुव्वि' (श्रा १६)।

किसोर पुं [किशोर] बाल्यावस्था के बाद की अवस्थावाला बालक; 'सीहकिसोरोव्व गुहाओ निग्गओ' (सुपा ५४१)।

किसोरी स्त्री [किशोरी] कुमारी, अविवाहिता युवती (णाया १, ९)।

किस्स देखो किलिस = क्लिश्। संकृ. किस्सइत्ता (सूअ १, ३, २)।

किह } देखो कहं (आचा; कुमा; भाग ३, २;
किहं } णाया १, १७)।

कीअ देखो कीव (षड्; प्राप्र)।

कीइस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का (स १४०)।

कीकस पुं [कीकश] १ कृमि-जन्तु-विशेष। २ न. हड्डी, हाड़। ३ वि. कठिन, कठोर (राज)।

कीचअ देखो कीयग (वेणी १७७)।

कीड देखो किड्डु = क्रीड्। भवि. कीडिस्सं (पि २२६)।

कीड पुं [कीट] १ कीड़ा, क्षुद्र जन्तु (उव)। २ कीट-विशेष, चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त २)।

कीडइल्ल वि [कीटवत्] कीड़ावाला, कीटक-युक्त (गउड)।

कीडण न [क्रीडन] खेल, क्रीड़ा (सुर १, ११८)।

कीडय पुं [कीटक] देखो कीड = कीट (नाट; सुपा ३७०)।

कीडय न [कीटज] कीड़े के तन्तु से उत्पन्न होनेवला वस्त्र, वस्त्र-विशेष (अणु)।

कीडा देखो किड्डा (सुर ३, ११६; उवा)।

कीडाविया देखो किड्डाविया (राज)।

कीडिया स्त्री [कीटिका] पिपीलिका, चींटी (सुर १०, १७९)।

कीडी स्त्री [कीटी] ऊपर देखो (उप १४७ टी; दे २, ३)।

कीण सक [क्री] खरीदना, मोल लेना। कीणइ, कीणए (षड्)। भवि. कीणिस्सं (पि ५११; ५३४)।

कीणास पुं [कीनाश] यम, जम (पाअ; सुपा १८३)। °गिह [°गृह] मृत्यु, मौत (उप १३६ टी)।

कीदिस (शौ) देखो कीरिस (प्राकृ ८३)।

कीय वि [क्रीत] १ खरीदा हुआ, मोल लिया हुआ (सम ३९; पण्ह २, १; सुपा ३४५)। २ जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष (ठा ३, ४)। ३ न. क्रय, खरीद (दस ३; सूअ १, ९)। °कड, °गड वि [°कृत] १ मूल्य देकर लिया हुआ (बृह १)। २ साधु के लिए मोल से कीना हुआ, जैन साधु के लिए भिक्षा-दोष-युक्त वस्तु (पि ३३०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कीयग पुं [कीचक] विराट देश के राजा का साला, जिसको भीम ने मारा था (उप ६४८ टी); 'नवमं दूयं विराडनयरं, तत्थ णं तुमं कि (? की) यगं भाउसयसमग्गं' (णाया १, १६—पत्र २०६)।

कीया स्त्री [कीका] नयन-तारा, 'मरकतमसारकलितनयणकीयरासिवन्ने' (णाया १, १ टी—पत्र ६)।

कीर पुं [दे. कीर] शुक, तोता, सुग्गा (दे २, २१; उर १, १४)।

कीर पुं [कीर] १ देश-विशेष, काश्मीर देश। २ वि. काश्मीर देश संबन्धी। ३ वि. काश्मीर देश में उत्पन्न (विसे ४६४ टी)।

कीरंत, कीरमाण } देखो कर = कृ।

कीरल पुं [कीरल] देश-विशेष (पउम ६८, ६४)।

कीरिस देखो केरिस (गा ३७४; मा ४)।

कीरी स्त्री [कीरी] लिपि-विशेष, कीर देश की लिपि (विसे ४६४ टी)।

कील अक [क्रीड्] क्रीड़ा करना, खेलना। कीलइ (प्राप्र)। वकृ. कीलंत, कीलमाण (सुर १,१२१; पि २४०)। संकृ. कीलेत्ता, कीलिऊण (सुर १, ११७; पि २४०)।

कील वि [दे] स्तोक, अल्प, थोड़ा (दे २, २१)।

कील देखो खील (पाअ)।

कील पुंन [दे कील] कंठ, गला (सूअ १, ५, १, ९)।

कीलण न [कीलन] कील से बन्धन, खीले में नियन्त्रण: 'फणिमणिकीलणदुक्खं विम्हरियं पुहविदेवीए' (मोह २०)।

कीलण न [क्रीडन] क्रीड़ा, खेल (औप)। °धाई स्त्री [°धात्री] बालक को खेल-कूद करानेवाली दाई (णाया १, १)।

कीलणअ न [क्रीडनक] खिलौना (अभि २४२)।

कीलणिआ, कीलणी } स्त्री [दे] रथ्या, गली (दे २, ३१)।

कीला स्त्री [दे] १ नव-वधू, दुलहिन (दे २, ३३)।

कीला स्त्री [कीला] सुरत समय में किया जाता हृदय-ताड़न विशेष (दे २, ६४)।

कीला स्त्री [क्रीडा] खेल, क्रीडन (सुपा ३५८; सुर १, ११७)। °वास पुं [°वास] क्रीड़ा करने का स्थान (इक)।

कीलाल न [कीलाल] रुधिर, खून, रक्त (उप ८६; पाअ)।

कीलालिअ वि [कीलालित] रुधिर-युक्त, खूनवाला (गउड)।

कीलावण न [क्रीडन] खेल कराना (णाया १, २)।

कीलावणय न [क्रीडनक] खिलौना (निर १, १)।

कीलिअ न [क्रीडित] क्रीड़ा, रमण, क्रीड़न (सम १५; स २४१)।

कीलिअ वि [कीलित] खूँटा ठोका हुआ, 'लिहियव्व कीलियव्व' (महा; सुपा २५४)।

कीलिआ स्त्री [कीलिका] १ छोटा खूँटा, खूँटी (कम्म १, ३९)। २ शरीर-संहननविशेष, शरीर का एक प्रकार का बांधा, जिसमें हड्डियाँ केवल खूँटी से बँधी हुई हों ऐसा शरीर-बन्धन (सम १४९; कम्म १,३९)।

कीव पुं [क्लीब] १ नपुंसक (बृह ४)। २ वि. कातर, अधीर (सुर २, १४; णाया १, १)।

कीव पुं [दे. कीव] पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

कीस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का (भग; पएण ३४)।

कीस वि [किंस्व] कौन स्वभाववाला, कैसे स्वभाव का (भग)।

कीस अ [कस्मात्] क्यों, किस से, किस कारण से? (उव; हे ३, ६८)।

कीस देखो किलिस्स। कीसंति (उत्त १९, १५; वै ३३)। वकृ. कीसंत (वै ८३)।

कु अ [कु] १ अल्प, थोड़ा। २ निषिद्ध, निवारित। ३ कुत्सित, निन्दित (हे २, २१७; से १, २६; सम्म १)। ४ विशेष, ज्यादा (णाया १, १४)। °उरिस पुं [°पुरुष] खराब आदमी, दुर्जन (से १२, ३३)। °चर वि [°चर] खराब चाल-चलनवाला, सदाचार-रहित (आचा)। °डंड पुं [°दण्ड] पाश-विशेष, जिसका प्रान्त भाग काष्ठ का होता है ऐसा रज्जु-पास (पण्ह १, ३)। °डंडिम वि [°दण्डिम] दण्ड देकर छीना हुआ द्रव्य (विपा १, ३)। °तित्थ न [°तीर्थ] १ जलाशय में उतरने का खराब मार्ग (प्रासू ९०)। २ दूषित दर्शन (सूअ १, १, १)। ३ °तित्थि वि [°तीर्थिन्] दूषित मत का अनुयायी (कुमा)। °दंडिम देखो डंडिम (णाया १, १—पत्र ३७)। °दंसण न [°दर्शन] दुष्ट मत, दूषित धर्म (पएण २)। °दंसणि वि [°दर्शनिन्] १ दुष्ट दार्शनिक। २ दूषित मत का अनुयायी (श्रा ६)। °दिट्ठि स्त्री [°दृष्टि] १ कुत्सित दर्शन (उत्त २८)। २ दूषित मत का अनुयायी (धम २)। °दिट्ठिय वि [°दृष्टिक] दुष्ट दर्शन का अनुयायी, मिथ्यात्वी (पउम ३०, ४४)। °प्पवयण न [°प्रवचन] १ दूषित शास्त्र। २ वि. दूषित सिद्धान्त को माननेवाला (अणु)। °प्पावयणिय वि [°प्रावचनिक] १ दूषित सिद्धान्त का अनुसरण करनेवाला (सूअ १, २, २)। २ दूषित आगम-संबन्धी (अनुष्ठान) (अणु)। °भत्त न [°भक्त] खराब भोजन (पउम २०, १६६)। °मार पुं [°मार] १ कुत्सित मार (सूअ २, २)। २ अत्यन्त मार, मृत-प्राय करनेवाला ताड़न (णाया १, १४)। °रंडा स्त्री [°रण्डा] राँड़, विधवा (श्रा १६)। °रुव, °रूव न [°रूप] १ खराब रूप (उप ३६२ टी; पण्ह १, ४)। २ माया-विशेष (भग १२, ५)। °लिंग न [°लिङ्ग] १ कुत्सित भेष (दंस)। २ पुं. कीट वगैरह क्षुद्र जन्तु (विसे १७५४)। ३ वि. कुतीर्थिक, दूषित धर्म का अनुयायी (श्रावम)। °लिंगि पुं [°लिङ्गिन्] १ कीट वगैरह क्षुद्र जन्तु (ओघ ७४८)। २ वि. कुतीर्थिक, असत्य धर्म का अनुयायी (पण्ह १,२)। °वय न [°पद] खराब शब्द;

'सो सोहइ दूसंतो, कइयणरइयाइं विविहकव्वाइं।
जो भंजिऊण कुवयं, अन्नपयं सुंदरं देइ'
(वज्जा ६)।

°वियप्प पुं [°विकल्प] कुत्सित विचार (सुपा ४४)। °वुरिस देखो °उरिस (पउम ६५, ४५)। °संसग्ग पुं [°संसर्ग] खराब सोहबत, दुर्जन-संगति (धर्म ३)। °सत्थ पुंन [°शास्त्र] कुत्सित शास्त्र, अनाप्त-प्रणीत सिद्धान्त; 'ईसरमयाइया सव्वे कुसत्था' (निचू

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

११)। °समय पुं [°समय] १ अनाप्त-प्रणीत शास्त्र (सम्म १)। २ वि. कुतीर्थिक, कुशास्त्र का प्रणेता और अनुयायी (सम्म १)। °सल्लिय वि [°शल्यिक] जिसके भीतर खराब शल्य घुस गया हो वह (पण्ह २,४)। °सील न [°शील] १ खराब स्वभाव (आचा)। २ अब्रह्मचर्य, व्यभिचार (ठा ४, ४)। ३ वि. जिसका आचरण अच्छा न हो वह, दुराचारी (ओघ ७६३)। ४ अब्रह्मचारी, व्यभिचारी (ठा ५, ३)। °स्सुमिण पुंन [°स्वप्न] खराब स्वप्न (श्रा ६)। °हण वि [°धन] अल्प धनवाला, दरिद्र (पण्ह २, १—पत्र १००)।

कु स्त्री [कु] १ पृथिवी, भूमि; 'कुसमयविसासणं' (सम्म १ टी—पत्र ११४; से १, २६)। °त्तिअ न [°त्रिक] १ तीनों जगत्, स्वर्ग, मर्त्य और पाताल लोक। २ तीन जगत् में स्थित पदार्थ (औप)। °त्तिअ वि [°त्रिज] तीनों जगत् में उत्पन्न वस्तु (आवम)। °त्तिआवण पुंन [°त्रिकापण] तीनों जगत् के पदार्थ जहाँ मिल सके ऐसी दूकान (भग; णाया १,१—पत्र ५३)। °वलय न [°वलय] पृथ्वी-मण्डल (श्रा २७)।

कुअरी देखो कुआँरी (पि २५१)।

कुअलअ देखो कुवलय (प्राप्र)।

कुआँरी देखो कुमारी (गा २६८)।

कुइअ वि [कुचित] सकुचा हुआ (पव ६२)।

कुइमाण वि [दे] म्लान, शुष्क (दे २, ४०)।

कुइय वि [कुचित] अवस्यन्दित, क्षरित (ठा ६)।

कुइय वि [कुपित] क्रुद्ध, कोप-युक्त (भवि)।

कुइयण्ण पुं [कुविकर्ण] इस नाम का एक गृहपति, एक गृहस्थ (विसे ६३२)।

कुउअ पुंन [कुतुप] स्नेह पात्र, घी तैल वगैरह भरने का चमड़े का पात्र-विशेष; 'तुप्पाइं को (? कु) उआइं (पाअ) देखो कुतुव।

कुउआ स्त्री [दे] तुम्बी-पात्र, तुम्बा (दे २, १२)।

कुउव देखो कुउअ (पिंड ५५७)।

कुऊल न [दे] १ नीवी, नारा, इजारबन्द। २ पहने हुए कपड़े का प्रांत भाग, अञ्चल (दे २, ३८)।

कुऊहल न [कुतूहल] १ अपूर्व वस्तु देखने की लालसा—उत्सुकता। २ कौतुक, परिहास (हे १, ११७; कुमा)।

कुओ अ [कुतः] कहाँ से? (षड्)। °इ अ [°चित्] कहीं से, किसी से (स १८५)। °वि अ [°अपि] कहीं से भी (काल)।

कुंआरी स्त्री [कुमारी] वनस्पति-विशेष, कुवारपाठा, धीकुवार, घीगुवार (श्रा २०; जी १०)।

कुंकण न [दे] १ कोकनद, रक्त-कमल (पण्ण १—पत्र ४०)। २ पुं. क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीड़े की एक जाति (उत्त ३६)।

कुंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष (अणु; सार्ध ३४)।

कुंकुण देखो कुंकण (सिरि २८६)।

कुंकुम न [कुङ्कुम] केसर, सुगन्धी द्रव्य-विशेष (कुमा; श्रा १८)।

कुंग पुं [कुङ्ग] देश-विशेष (भवि)।

कुंच सक [कुञ्च्] १ जाना, चलना। २ अक. संकुचित होना। ३ टेढ़ा चलना (कुमा; गउड)।

कुंच पुं [क्रौञ्च] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १; उप पृ २०८; उर १, १४)। २ इस नाम का एक असुर (पाअ)। ३ इस नाम का एक अनार्य देश। ४ वि. उसके निवासी लोग (पव २७४)। °रवा स्त्री [°रवा] दण्डकारण्य की इस नाम की एक नदी (पउम ४२, १५)। °वीरग न [°वीरक] एक प्रकार का जहाज (निचू १६)। °रि पुं [°रि] कार्त्तिकेय, स्कन्द (पाअ)। देखो कोंच।

कुंचल न [दे] मुकुल, कली, बौर (दे २, ३६; पाअ)।

कुंचि वि [कुञ्चिन्] १ कुटिल, वक्र। २ मायावी, कपटी (वव १)।

कुंचिगा देखो कोंचिगा।

कुंचिय वि [कुञ्चित] १ संकुचित (सुपा ५८)। २ कुण्डल के आकारवाला, गोलाकृति (औप; जं २)। ३ कुटिल, वक्र (वव १)।

कुंचिय पुं [कुञ्चिक] इस नाम का एक जैन उपासक (भत्त १३३)।

कुंचिया देखो कोंचिगा। रूई से भरा हुआ पहनने का एक प्रकार का कपड़ा (जीत)।

कुंचिया स्त्री [कुञ्चिका] कुञ्जी, ताली (पिंड ३५६)।

कुंजर पुं [कुञ्जर] हस्ती, हाथी (हे १, ६६ पाअ)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष, हस्तिनापुर (पउम ६५, ३४)। °सेणा स्त्री [°सेना] ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक रानी (उत्त २६)। °वत्त न [°वर्त] नगर-विशेष (सुर ३, ८८)।

कुंट वि [कुण्ट] १ कुब्ज, वामन (आचा)। २ हाथ-रहित, हस्त-हीन (पव ११०; निचू ११; आचा)।

कुंटलविंटल न [दे] १ मंत्र-तंत्रादि का प्रयोग, पाखण्ड-विशेष (आवम)। २ वि. मंत्र-तंत्रादि से आजीविका चलानेवाला (आक)।

कुंटार वि [दे] म्लान, सूखा, मलिन (दे २, ४०)।

कुंटि स्त्री [दे] १ गठरी, गाँठ (दे २. ३४)। २ शस्त्र-विशेष, एक प्रकार का औजार; 'मुसलुक्खलहलदंतालकुंटिकुद्दालपमुहसत्थाणं' (सुपा ५२६)।

कुंठ वि [कुण्ठ] १ मन्द, आलसी (श्रा १६)। २ मूर्ख, बुद्धि-रहित (आचा)।

कुंठी स्त्री [दे] सँड़सी, चीमटा (वज्जा ११४)।

कुंड न [कुण्ड] १ कुंडा, पात्र-विशेष (षड्)। २ जलाशय-विशेष (णंदि)। ३ इस नाम का एक सरोवर (ती ३४)। ४ आज्ञा, आदेश; 'वेसमणकुंडधारिणोतिरियजंभगा देवा' (कप्प)। °कोलिय पुं [°कोलिक] एक जैन उपासक (उवा)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] मगध देश का एक गाँव (कप्प; पउम २, २१)। °धारि वि [°धारिन्] आज्ञाकारी (कप्प)। °पुर न [°पुर] ग्राम-विशेष (कप्प)।

कुंड न [दे] ऊख पेरने का जीर्ण काण्ड, जो बाँस का बना हुआ होता है (दे २, ३३; ४, ४५)।

कुंडग पुंन [कुण्डक] १ अन्न का छिलका (उत्त १, ५; आचा २, १, ८, ६)। २ चावल से मिश्रित भूसा (उत्त १, ५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुंडभी स्त्री [दे. कुडभी] छोटी पताका (ग्रावम)।

कुंडमोअ पुंन [कुण्डमोद] हाथी के पैर की आकृतिवाला मिट्टी का एक तरह का पात्र (दस ६, ५१)।

कुंडल पुंन [कुण्डल] १ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४५)। २ तप-विशेष; 'पुरिमड्ढ' या निर्विकृतिक तप (संबोध ५७)।

कुंडल पुंन [कुण्डल] १ कान का आभूषण (भग; औप)। २ पुं. विदर्भ देश के एक राजा का नाम (पउम ३०, ७७)। ३ द्वीप-विशेष। ४ समुद्र-विशेष। ५ देव-विशेष (जीव ३)। ६ पर्वत-विशेष (ठा १०)। ७ गोल आकार (सुपा ६२)। °भद्द पुं [°भद्र] कुण्डल द्वीप का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °मंडिअ वि [°मण्डित] १ कुण्डल से विभूषित। २ विदर्भ देश का इस नाम का एक राजा (पउम ३०, ७४)। °महाभद्द पुं [°महाभद्र] देव-विशेष (जीव ३)। °महावर पुं [°महावर] कुण्डलवर समुद्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १६)। °वर पुं [°वर] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष। ३ देव-विशेष (जीव ३)। ४ पर्वत-विशेष (ठा ३, ४)। °वरभद्द पुं [°वरभद्र] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] कुण्डलवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वरोभास पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °वरोभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] कुण्डलवरावभास द्वीप का अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वरोभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] देखो पूर्वोक्त अर्थ (जीव ३)। °वरोभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] कुण्डलवरावभास समुद्र का अधिष्ठायक देव-विशेष (जीव ३)। °वरोभासवर पुं [°वरावभासवर] समुद्र-विशेष का अधिपति देव-विशेष (जीव ३)।

कुंडला स्त्री [कुण्डला] विदेहवर्ष-स्थित नगरी विशेष (ठा २, ३)।

कुंडलि वि [कुण्डलिन्] कुण्डलवाला (भास ३३)।

कुंडलिअ वि [कुण्डलित] वर्त्तुल, गोल आकारवाला (सुपा ६२; कप्पू)।

कुंडलिआ वि [कुण्डलिका] छन्द-विशेष (पिंग)।

कुंडलोद पुं [कुण्डलोद] इस नाम का एक समुद्र (सुज्ज १६)।

कुंडाग पुं [कुण्डाक] संनिवेश-विशेष, ग्राम-विशेष (ग्रावम)।

कुंडि देखो कुडी (महा)।

कुंडिअ पु [द] ग्राम का अधिपति, गाँव का मुखिया (दे २, ३७)।

कुंडिअपेसण न [दे] ब्राह्मण विष्टि, ब्राह्मण की नौकरी, ब्राह्मण की सेवा (दे २, ४३)।

कुंडिगा } स्त्री [कुण्डिका] नीचे देखो
कुंडिया } (रंभा; अनु ५; भग; णाया २, ५)।

कुंडिण न [कुण्डिन] विदर्भ देश का एक नगर (कुप्र ४८)।

कुंडी स्त्री [कुण्डी] १ कुण्डा, पात्र-विशेष; 'तेसिमहोभूमीए ठविया कुंडी य तेल्लपडिपुन्ना' (सुपा २६६)। २ कमण्डल, संन्यासी का जल-पात्र (महा)।

कुंढ देखो कुंठ (सुपा ४२२)।

कुंढय न [दे] १ चुल्ली, चूल्हा। २ छोटा बरतन (दे २, ६३)।

कुंत पुं [दे] शुक, तोता, सुग्गा (दे २,२१)।

कुंत पुं [कुन्त] १ हथियार-विशेष, भाला (पण्ह १, १; औप)। २ राम के एक सुभट का नाम (पउम ५६, ३८)।

कुंतल पुं [कुन्तल] १ केश, बाल (सुर १, १; सुपा ६१; २००)। २ देश-विशेष (सुपा ६१; उव ४६५)। °हार पुं [°हार] धम्मिल्ल, संयत केश, बाँधे हुए बाल (पाग्र)।

कुंतल पुं [दे] सातवाहन, नृप-विशेष (दे २, ३६)।

कुंतला स्त्री [कुन्तला] इस नाम की एक रानी (दंस)।

कुंतला स्त्री [दे] करोटिका, परोसने का एक उपकरण (दे २, ३८)।

कुंतली स्त्री [कुन्तली] कुन्तल देश की रहनेवाली स्त्री (कप्पू)।

कुंताकुंति न [कुन्ताकुन्ति] बर्छे की लड़ाई (सिरि १०३२)।

कुंती स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ३४)।

कुंती स्त्री [कुन्ती] पाण्डवों की माता का नाम (उप ६४८)। °विहार पुं [°विहार] नासिक-नगर का एक जैन मन्दिर, जिसका जीर्णोद्धार कुन्तीजी ने किया था (ती २८)।

कुंतीपोट्टलय वि [दे] चतुष्कोण, चार कोनवाला, चौकोर (दे २, ४३)।

कुंथु पुं [कुन्थु] १ एक जिन-देव, इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न सत्तरहवाँ तीर्थंकर और छठवाँ चक्रवर्ती राजा (सम ४३; पडि)। २ हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ६८)। ३ चमरेन्द्र की हस्ति-सेना का अधिपति देव-विशेष (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ४ एक क्षुद्र जन्तु, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६; जी १७)।

कुंद पुं [कुन्द] १ पुष्प-वृक्ष विशेष (जं २)। २ न. पुष्प-विशेष, कुन्द का फूल (सुर २, ७६; णाया १, १)। ३ विद्याधरों का एक नगर (इक)। ४ पुंन. छन्द-विशेष (पिंग)।

कुंदय वि [दे] कृश, दुर्बल (दे २, ३७)।

कुंदा स्त्री [कुन्दा] एक इन्द्राणी, मानिभद्र इंद्र की पटरानी (इक)।

कुंदीर न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरुन का फल (दे २, ३६)।

कुंदुक्क पुं [कुन्दुक्क] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ४१)।

कुंदुरुक्क पुं [कुन्दुरुक्क] सुगन्धि पदार्थ-विशेष (णाया १, १—पत्र ४१; सम १३७)।

कुंदुल्लुअ पुं [दे] पक्षि-विशेष, उलूक, उल्लू (पाग्र)।

कुंधर पुं [दे] छोटी मछली (दे २, ३२)।

कुंपय पुंन [कूपक] तैल वगैरह रखने का पात्र-विशेष (रयण ३१)।

कुंपल पुंन [कुट्मल, कुड्मल] १ इस नाम का एक नरक। २ मुकुल, कली, कलिका (हे १, २६; कुमा; पड्)।

कुंबर [दे] देखो कुंधर (पाग्र)।

कुंभ पुं [कुम्भ] १-३ साठ, अस्सी और एक सौ आढक की नाप (अणु १५१; तंदु २६)। ४ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि (विचार १०६)। ५ एक राजा (राय ४६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुंभ पुं [कुम्भ] १ स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा, भगवान् मल्लिनाथ का पिता (सम १५१; पउम २०, ४५)। २ स्वनाम-ख्यात जैन महर्षि, अठारहवें तीर्थंकर के प्रथम शिष्य (सम १५२)। ३ कुम्भकर्ण का एक पुत्र (से १२, ६५)। ४ एक विद्याधर सुभट का नाम (पउम १०, १३)। ५ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २६)। ६ कलश, घड़ा (महा; कुमा)। ७ हाथी का गण्ड-स्थल (कुमा)। ८ धान्य मापने का एक परिमाण (अणु)। ९ तरने का उपकरण (निचू १)। १० ललाट, भाल-स्थल (पव २)। ११ °अण्ण पुं [°कर्ण] रावण के छोटे भाई का नाम (१५, ११)। °आर पुं [°कार] कुम्हार, घड़ा आदि मिट्टी का बरतन बनानेवाला (हे १, ८)। °उर न [°पुर] नगर-विशेष (दंस)। °गार देखो °आर (महा)। °ग्ग न [°ाग्र] मगध-देश-प्रसिद्ध एक परिमाण (णाया १, ८—पत्र १२५)। °सेण पुं [°सेन] उत्सर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर के प्रथम शिष्य का नाम (तित्थ)।

कुंभंड न [कूष्माण्ड] फल-विशेष, कोहँड़ा, कुम्हड़ा (कप्पू)।

कुंभार पुं [कुम्भकार] कुम्हार, घड़ा आदि मिट्टी का बरतन बनानेवाला (हे १, ८)। °वाय पुं [°पाक] कुम्हार का बरतन पकाने का स्थान (ठा ८)।

कुंभि पुं [कुम्भिन्] १ हस्ती, हाथी (सण)। २ नपुंसक-विशेष, एक प्रकार का पंड पुरुष (पुप्फ १२७)।

कुंभिक्क देखो कुंभिय (राय ३७)।

कुंभिणी स्त्री [दे] जल का गर्त (दे २, ३८)।

कुंभिय वि [कुम्भिक] कुम्भ-परिमाणवाला (ठा ४, २)।

कुंभिल पुं [दे. कुम्भिल] १ चोर, स्तेन (दे २, ६२; विक ५६)। २ पिशुन, दुर्जन (दे २, ६२)।

कुंभिल्ल वि [दे] खोदने योग्य (दे २, ३९)।

कुंभी स्त्री [कुम्भी] १ पात्र-विशेष, घड़े के आकारवाला छोटा कोष्ठ (सम १२५)। २ कुंभ, घड़ा (जं ३)। °पाग पुं [°पाक] १ कुंभी में पकना (पण्ह २, ५)। २ नरक की एक प्रकार की यातना (सूअ १, १, १)।

कुंभी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँड़ा का गाछ, 'चलिओ कुंभीफल दंतुरासु' (गउड)।

कुंभी स्त्री [दे] केश-रचना, केश-संयम (दे २ ३४)।

कुंभील पुं [कुम्भील] जलचर प्राणि-विशेष, नक्र, मगर (चारु ६४)।

कुंभुब्भव पुं [कुम्भोद्भव] ऋषि-विशेष, अगस्त्य ऋषि (कप्पू)।

कुकम्मि वि [कुकर्मिन्] खराब कर्म करनेवाला (सूअ १, ७, १८)।

कुकुला स्त्री [दे] नवोढ़ा, दुलहिन (दे २, ३३)।

कुकुस [दे] देखो कुक्कुस (दस ५, १३४)।

कुकुहाइय न [कुकुहायित] चलते समय का शब्द-विशेष (तंदु)।

कुकूल पुं [कुकूल] करीषाग्नि, कंडे की आग (पण्ह १, १)।

कुक्क देखो कोक्क। कुक्कइ (पि १६७; ४८८)।

कुक्क पुं [दे] कुत्ता, कुक्कुर; 'कुक्केहि कुक्काहि अ बुक्कअंते' (मृच्छ ३६)।

कुक्कयय न [दे] आभरण-विशेष; 'अदु अंजणि अलंकारं कुक्कययं मे पयच्छाहि' (सूअ १, ४, २, ७)। देखो कुक्कुडय।

कुक्की स्त्री [दे] कुत्ती, कुक्कुरी (मृच्छ ३६)।

कुक्कुअ वि [कुत्कुच] भांड की तरह शरीर के अवयवों की कुचेष्टा करनेवाला (धर्म २; पव ६)।

कुक्कुअ न [कौकुच्य] कुचेष्टा, कामोत्पादक अंग-विकार (पउम ११, ६७; आचा)।

कुक्कुअ वि [कुकूज] आक्रन्दन करनेवाला (उत्त २१)।

कुक्कुआ स्त्री [कुचकुचा] अवस्यन्दन, क्षरण, रस-रस कर चूना, रसना (बृह ६)।

कुक्कुइअ वि [कौकुचिक] भांड की तरह कुचेष्टा करनेवाला, काम-चेष्टा करनेवाला (भग; औप)।

कुक्कुइअ न [कौकुच्य] काम-कुचेष्टा, 'भंडाईण व नयणाइयाण सवियारकरणमिह भणियं। कुक्कुइयं' (सुपा ५०६; पडि)।

कुक्कुड पुं [कुर्कुट] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४८)।

कुक्कुड पुं [कुक्कुट] १ कुक्कुट, मुर्गा (गा ५८२; उवा)। २ वनस्पति-विशेष (भग १५)। ३ विद्या द्वारा किया जाता हस्त-प्रयोग-विशेष (वव १)। °मंसय न [°मांसक] १ मुर्गा का मांस। २ बीजपूरक वनस्पति का गुदा (भग १५)।

कुक्कुड वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे २, ३७)।

कुक्कुडय न [कुक्कुटक] देखो कुक्कयय (सूअ १, ४, २, ७ टी)।

कुक्कुडिया } स्त्री [कुक्कुटिका, °टी]
कुक्कुडी } कुक्कुटी, मुर्गी (णाया १, ३; विपा १, ३)।

कुक्कुडी स्त्री [कुक्कुटी] माया, कपट (पिंड २९७)।

कुक्कुडेसर न [कुक्कुटेश्वर] तीर्थ-विशेष (ती १६)।

कुक्कुर पुं [कुक्कुर] कुत्ता, श्वान (पउम ६४, ८०; सुपा २७७)।

कुक्कुरुड पुं [दे] निकर, समूह (दे २, १३)।

कुक्कुस पुं [दे] धान्य आदि का छिलका, भूसा (दे २, ३६; दस ५, १, ३४)।

कुक्कुह पुं [कुक्कुभ] पक्षि-विशेष (गउड)।

कुक्कुहाइअ न [दे] चलते समय का अश्व का शब्द-विशेष (तंदु ५३)।

कुक्खि [दे. कुक्षि] देखो कुच्छि (दे २, ३४; औप; स्वप्न ६१; करु ३३)।

कुक्खिंभरि देखो कुच्छिंभरि (धर्मवि १४९)।

कुक्खेअअ देखो कुच्छेअय (संक्षि ६)।

कुग्गाह पुं [कुग्राह] १ कदाग्रह, हठ (उप ८३३ टी)। २ जल-जन्तु विशेष; 'कुग्गाह-गाहाइयजंतुसंकुलो' (सुपा ६२६)।

कुच पु [कुच] स्तन, थन (कुमा)।

कुचोज्ज न [कुचोद्य] कुतर्क (धर्मसं ११७५)।

कुच्च पुं [कूर्च] कँघी, बाल सँवारने का उपकरण (उत्त २२, ३०)।

कुच्च न [कूर्च] १ दाढ़ी-मूँछ (पाअ; अभि २१२)। २ तृण-विशेष (पण्ह २, ३) देखो कुच्चग।

कुच्चंधरा स्त्री [कूर्चधरा] दाढ़ी-मूँछ, धारण करनेवाली (ओघ ८३ भा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुच्चग वि [कौर्चक] शर-नामक गाछ का बना हुआ (आचा २, २, ३, १४)।

कुच्चग } देखो कुच्च (आचा २, २, ३; काल)। ३ कूँची, तृण-निर्मित
कुच्चय } तूलिका, जिससे दीवाल में चूना लगाया जाता है (उप पृ ३४३; कुमा)।

कुच्चिय वि [कूर्चिक] दाढ़ी-मूँछवाला (बृह १)।

कुच्छ सक [कुत्स्] निन्दा करना, धिक्कारना। कृ. कुच्छ कुच्छणिज्ज (श्रा २७; पण्ह १, ३)।

कुच्छ पुं [कुत्स] १ ऋषि-विशेष। २ गोत्र-विशेष; 'थेरस्स णं अज्जसिवभूइस्स कुच्छसगुत्तस्स' (कप्प)।

कुच्छ देखो कुच्छ = कुत्स्।

कुच्छग पुं [कुत्सक] वनस्पति-विशेष (सूत्र २, २)।

कुच्छणिज्ज देखो कुच्छ = कुत्स्; 'अन्नेसि कुच्छणिज्जं साणाणं भक्खणिज्जं हिं' (श्रा २७)।

कुच्छा स्त्री [कुत्सा] निन्दा, घृणा, जुगुप्सा (ओघ ४४४; उप ३२० टी)।

कुच्छि पुंस्त्री [कुक्षि] १ उदर, पेट (हे १, ३५; उवा; महा)। २ अड़तालीस अंगुल का मान (जं २)। °किमि पुं [°कृमि] उदर में उत्पन्न होनेवाला कीड़ा, द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १)। °धार पुं [°धार] १ जहाज का काम करनेवाला नौकर; 'कुच्छिधारकन्नधारगब्भजसंजत्ताणावावाणियगा' (णाया १, ८—पत्र १३३)। २ एक प्रकार का जहाज का व्यापारी (णाया १, १६)। °पूर पुं [°पूर] उदर-पूर्त्ति (वव ४)। °वेयणा स्त्री [°वेदना] उदर का रोग-विशेष (जीव ३)। °सूल पुंन [°शूल] रोग-विशेष (णाया १, १३; विपा १, १)।

कुच्छिंभरि वि [कुक्षिम्भरि] अकेलपेट्ट, पेटू, स्वार्थी; 'हा तियचरित्तकुच्छि (? च्छिं) भरिए!' (रंभा)।

कुच्छिमई स्त्री [दे. कुक्षिमती] गर्भिणी, आपन्न-सत्त्वा (दे २, ४१; षड्)।

कुच्छिमदिका (मा) देखो कुच्छिमई (प्राकृ १०२)।

कुच्छिय वि [कुत्सित] खराब, निन्दित, गर्हित (पंचा ७; भवि)।

कुच्छिल्ल न [दे] १ वृति का विवर, बाड़ का छिद्र (दे २, २४)। २ छिद्र, विवर (पाअ)।

कुच्छेअअ पुं [कौक्षेयक] तलवार, खड्ग (दे १, १६१ षड्)।

कुज पुं [कुज] वृक्ष, पेड़ (जं २)।

कुजय पुं [कुजय] जूआरी, जूआखोर (सूत्र १, २, २)।

कुज्ज वि [कुब्ज] १ कुब्ज, कुबड़ा, वामन (सुपा २; कप्पू)। २ पुंन. पुष्प-विशेष (षड्)।

कुज्जय पुं [कुब्जक] १ वृक्ष-विशेष, शतपत्रिका (पउम ४२, ८; कुमा)। २ न. उस वृक्ष का पुष्प; 'बंधेउं कुज्जयपसूणं' (हे १, १८१)।

कुज्झ सक [क्रुध्] क्रोध करना, गुस्सा करना। कुज्झइ (हे ४, २१७; षड्)।

कुट्ट सक [कुट्ट्] १ कूटना, पीटना, ताड़न करना। २ काटना, छेदना। ३ गरम करना। ४ उपालम्भ देना। भवि. कुट्टइस्सं (पि ५२८)। वकृ. कुट्टिंत (सुर ११, १)। कवकृ. कुट्टिज्जंत, कुट्टिज्जमाण (सुपा ३४०; प्रासू ६६; राय)। संकृ. कुट्टिय (भग १४, ८)।

कुट्ट पुं [कुट] घड़ा, कुम्भ (सूत्र २, ७)।

कुट्ट पुंन [दे] १ कोट, किला; 'दिज्जंति कवाडाइं कुट्टुवरि भडा ठविज्जंति' (सुवा ५०३)। २ नगर, शहर (सुर १५, ८१)। °वाल पुं [°पाल] कोतवाल, नगर-रक्षक (सुर १५, ८१)।

कुट्टण न [कुट्टन] १ छेदन, चूर्णन, भेदन (औप)। २ कूटना, ताड़ना (हे ४, ४३८)।

कुट्टणा स्त्री [कुट्टना] शारीरिक पीड़ा (सूत्र १, १२)।

कुट्टणी स्त्री [कुट्टनी] १ मूसल, एक प्रकार की मोटी लकड़ी, जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं (बृह १)। २ दूती, कुट्नी, कुट्टिनी (रंभा)।

जल न [जल] १ पानी, उदक (सूअ १, ५, २; जी २)। २ पुं. जलकान्त-नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °कंत पुं [°कान्त] १ मणि-विशेष, रत्न की एक जाति (पण्ण १; कुम्मा १५)। २ इन्द्र-विशेष, उदधिकुमार-नामक देव-जाति का दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३)। ३ जलकान्त इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °करप्फाल पुं [°करास्फाल] हाथ से आहत पानी (पाअ)। °करि पुंस्त्री [°करिन्] पानी का हाथी, जल-जन्तु विशेष (महा)। °कलंब पुं [°कदम्ब] कदम्ब वृक्ष की एक जाति (गउड)। °कीडा, °कीला स्त्री [°क्रीडा] पानी में की जाती क्रीड़ा, जल-केलि (णाया १, २)। °केलि स्त्री [°केलि] जल-क्रीड़ा (कुमा)। °चर देखो °यर (कप्प; हे १, १७७)। °चार पुं [°चार] पानी में चलना (आचा २, ५, १)। °चारण पुं [°चारण] जिसके प्रभाव से पानी में भी भूमि की तरह चला जा सके ऐसी अलौकिक शक्ति रखने-वाला मुनि (गच्छ २)। °चारि पुं [°चारिन्] पानी में रहनेवाला जंतु (जी २०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°चारिया स्त्री [°चारिका] क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति (राज)। °जंत न [°यन्त्र] पानी का यन्त्र, पानी का फवारा (कुमा)। °णाह पुं [°नाथ] समुद्र, सागर (उप ७२८ टी)। °णिहि पुं [°निधि] समुद्र, सागर (गउड)। °णीली स्त्री [°नीली] शैवाल (दे ३, ४२)। °तुसार पुं [°तुषार] पानी का विन्दु (पाअ)। °थंभिणी स्त्री [°स्तम्भिनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३६)। °द पुं [°द] मेघ, अभ्र (मुद्रा २६२; पव १८)। °द्दा स्त्री [°द्रा] पानी से भींजाया हुआ पंखा (सुपा ४१३)। °निहि देखो °णिहि (प्रासू १२७)। °प्पभ पुं [°प्रभ] १ इन्द्र-विशेष, उदधिकुमार-नामक देव-जाति का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३)। २ जलकान्त नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °य न [°ज] कमल, पद्म (पउम १२, ३७; औप; पराण १)। °य देखो °द (काल; गउड; से १, २४)। °यर पुंस्त्री [°चर] जल में रहनेवाला ग्राहादि जन्तु (जी २०)। स्त्री. °री (जीव २)। °रंकु पुं [°रङ्क] पक्षि-विशेष, ढ़ेंक पक्षी (गा ५७८; गउड)। °रक्खस पुं [°राक्षस] राक्षस की जाति (पराण १)। °रमण न [°रमण] जल-क्रीड़ा, जल-केलि (णाया १, १३)। °रय पुं [°रय] जलप्रभ-नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र, सागर (सुपा १६५; उप २६४ टी)। °रुह पुंन [°रुह] पानी में पैदा होनेवाली वनस्पति (पराण १)। °रूव पुं [°रूप] जलकान्त-नामक इन्द्र का एक लोकपाल (भग ३, ८)। °ल्लिरि न [°लिल्लिर] पानी में उत्पन्न होनेवाली वस्तु-विशेष (दंस १)। °वायस पुंस्त्री [°वायस] जलकौआ, पक्षि-विशेष (कुमा)। °वासि वि [°वासिन्] १ पानी में रहनेवाला। २ पुं. तापसों की एक जाति, जो पानी में ही निमग्न रहते हैं (औप)। °वाह पुं [°वाह] १ मेघ, अभ्र (उप पृ ३२; सुपा ८६)। २ जन्तु-विशेष (पउम ८८, ७)। °विच्छुय पुं [°वृश्चिक] पानी का बिच्छू, चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष (पराण १)। °वीरिय पुं [°वीर्य] १ इक्ष्वाकु वंश का एक स्वनाम-ख्यात राजा (ठा ८)। २ क्षुद्र कीट-विशेष, चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (जीव १)। °सय न [°शय] कमल, पद्म (उप १०३१ टी)। °साला स्त्री [°शाला] प्रपा, पानी पिलाने का स्थान, प्याऊ (श्रा १२)। °सूग न [°शूक] १ शैवाल। २ जलकान्त-नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °सेल पुं [°शैल] समुद्र के भीतर का पर्वत (उप ५६७ टी)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] जल-हस्ती, पानी का एक जन्तु (पाअ)। °हर पुं [°धर] १ मेघ, अभ्र (सुर २, १०४; से १, ५६)। २ एक विद्याधर सुभट (पउम १२, ६५)। °हर पुं [°भर] जल-समूह (गउड)। °हर न [°गृह] समुद्र, सागर (से १, ५६)। °हरण न [°हरण] १ पानी की क्यारी (पाअ)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। °हि पुं [°धि] १ समुद्र, सागर (महा; सुपा २२३)। २ चार की संख्या (विवे १४४)। °ासय पुंन [°ाशय] सरोवर, तलाव (सुर ३, १)।

जलइय पुं [जलकित] जलकान्त-नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४; १—पत्र १६८)।

जलंजलि पुं [जलाञ्जलि] तर्पण, दोनों हाथों में लिया हुआ जल (सुर ३, ५१; कप्पू)।

जलग पुं [ज्वलक] अग्नि, आग (पिंड)।

जलजलिअ वि [जलजलित] 'जल-जल' शब्द से युक्त (सिरि ६६४)।

जलजलिंत वि [जाज्वल्यमान] देदीप्यमान, चमकता (कप्प)।

जलण पुं [ज्वलन] १ अग्नि, वह्नि (उप ६४८ टी)। २ देवों की एक जाति, अग्नि-कुमार-नामक देव-जाति (पराह १, ४)। ३ वि. जलता हुआ। ४ चमकता, देदीप्यमान; 'एईए जलणजलणोवमाए' (उव ६४८ टी। ५ जलानेवाला (सूअ १, १, ४)। ६ न. अग्नि सुलगाना (पराह १, ३)। ७ जलाना, भस्म करना (गच्छ २)। °जडि पुं [°जटिन्] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४६)। °मित्त पुं [°मित्र] स्वनाम-ख्यात एक प्राचीन कवि (गउड)।

जलावण न [ज्वालन] जलाना, दग्ध करना (पराह १, १)।

जलिअ वि [ज्वलित] १ जला हुआ, प्रदीप्त (सूअ १, ५, १)। २ उज्वल, कान्ति-युक्त (पराह २, ५)।

जलिर वि [ज्वलितृ] जलता, सुलगता (धर्मवि ३५; कुप्र ३७६)।

जलूगा } स्त्री [जलौकस्] १ जन्तु-
जलूया } विशेष, जोंक, जलिका, जल का कीड़ा (पउम १; २४; पराह १, १)। २ पक्षि-विशेष (जीव १)।

जलूसग पुं [दे] रोग-विशेष (उप पृ ३३२)।

जलोयर न [जलोदर] रोग-विशेष, जलन्धर, जठराम (सण)।

जलोयरि वि [जलोदरिन्] जलन्धर रोग से पीड़ित (राज)।

जलोया देखो जलूया (जी १५)।

जल्ल पुं [दे. जल्ल] १ शरीर का मैल, सुखा पसीना (सम १०; ४०; औप)। २ नट की एक जाति, रस्सी पर खेल करनेवाला नट (पराह २, ४; औप; णाया १, १)। ३ बन्दी, बिरुद-पाठक (णाया १, १)। ४ एक म्लेच्छ देश। ५ उस देश में रहनेवाली म्लेच्छ जाति (पराह १, १—पत्र १४)।

जल्लार पुं [जल्लार] १ स्वनाम-प्रसिद्ध एक अनार्य देश। २ जल्लार देश का निवासी (इक)।

जल्लिय न [दे. जल्लक] शरीर का मैल (उत्त २४)।

जल्लोसहि स्त्री [दे. जल्लौषधि] एक तरह की आध्यात्मिक शक्ति, जिसके प्रभाव से शरीर के मैल से रोग का नाश होता है (पराह २, १; विसे ७७६)।

जव सक [यापय्] १ गमन करवाना, भेजना। २ व्यवस्था करना। जवइ (हे ४, ४०)। हेकृ. जवित्तए (सूअ १, ३, २)। कृ जवणिज्ज, जवणीय (णाया १, ५; हे १, २४८)।

जव सक [यापय्] काल-यापन करना, पसार करना। जवेंति (पिंड ६१६)।

जव सक [जप्] जाप करना, बार-बार मन ही मन देवता का नाम स्मरण करना, पुनः पुनः मन्त्रोच्चारण करना। जवइ (रंभा); 'तप्पंति तवमणेगे जवंति मंते तहा सुविज्जाओ'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(सुपा २०२)। वक्र. जवंत (नाट)। कवक्र. जविज्जंत (सुर १३, १८६)।

जव पुं [जप] जाप, पुनः पुनः मन्त्रोच्चारण, बार-बार मन ही मन देवता का नाम-स्मरण (पण्ह २, २; सुपा १२०)।

जव पुं [यव] १ अन्न-विशेष, जव या जौ (णाया १,१; पण्ह १,४)। २ परिमाण-विशेष, आठ यूका की नाप (ठा ८)। °णाली स्त्री [°नाली] वह नाली जिसमें जौ बोए जाते हों (आचू १)। °मज्झ न [°मध्य] १ तप-विशेष (पउम २२, २४)। २ आठ यूका का एक नाप (पव २५)। °मज्झा स्त्री [°मध्या] व्रत-विशेष, प्रतिमा-विशेष (ठा ४, १) °राय पुं [°राज] नृप-विशेष (बृह १)। °वंसा स्त्री [°वंशा] वनस्पति-विशेष (पराग १)।

जव पुं [जव] वेग, दौड़, शीघ्र गति (कुमा)।

जव पुंन [यव] एक देवविमान (देवेन्द्र १४०)। °नालय पुं [°नालक] कन्या का कंचुक (गांदि ८८ टी)। °न्न न [°ान्न] यव-निष्पन्न परमान्न, भोज्य-विशेष, जव की खीर, जाउर (पव २५६)।

जवजव पुं [यवयव] अन्न-विशेष, एक तरह का यव-धान्य (ठा ३, १)।

जवण न [दे] हल की शिखा, हल की चोटी (दे ३, ४१)।

जवण न [जपन] जाप, पुनः पुनः मन्त्र का उच्चारण; 'अहिणा दट्ठस्स जए को कालो मंत-जवणम्मि' (पउम ८६, ६०; स ६)।

जवण वि [जवन] १ वेग से जानेवाला (उप ७६८ टी)। २ पुं. वेग, शीघ्र गति (आवम)।

जवण पुं [यवन] १ म्लेच्छ देश-विशेष (पउम ६८, ६४)। २ उस देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १)। ३ यवन देश का राजा (कुमा)।

जवण न [यापन] निर्वाह, गुजारा, (उत्त ८)।

जवणा स्त्री [यापना] ऊपर देखो (पव २)।

जवणाणिया स्त्री [यवनानिका] लिपि-विशेष (राज)।

जवणालिया स्त्री [यवनालिका] कन्या का कञ्चुक (आवम)।

जवणिआ स्त्री [यवनिका] परदा (दे ४, १; सण; कप्पू)।

जवणिज्ज देखो जव = यापय्।

जवणी स्त्री [यवनी] परदा, आच्छादक पट (दे २, २५)। २ संचारिका, दूती (अभि ५७)।

जवणी स्त्री [यावनी] १ यवन की स्त्री। २ यवन की लिपि (सम ३५; विसे ४६४ टी)।

जवणीअ देखो जव = यापय्।

जवपचमाण पुं [दे] जात्यश्व का वायु-विशेष, प्राण-वायु (गउड)।

जवय } पुं [दे] जव का अंकुर (दे ३,
जवरय } ४२)।

जवली स्त्री [दे] जव, वेग; 'गच्छंति गरुय-नेहेण पवरतुरयाहिरूढा जवलीए' (सुपा २७६)।

जववारय [दे] देखो जवरय (पंचा ८)।

जवस न [यवस] १ तृण, घास; 'गिट्ठिव्व जवसम्मि' (उप ७२८ टी; उप पृ ८४)। २ गेहूँ वगैरह धान्य (आचा २, ३, २)।

जवा स्त्री [जपा] १ वल्ली-विशेष, जवा-पुष्प का वृक्ष। २ गुड़हल का फूल, अड़हुल का पुष्प (कुमा)।

जवास पुं [यवास] वृक्ष-विशेष, रक्त पुष्प-वाला वृक्ष-विशेष; 'पाउसि जवासो '(श्रा २३; पगण १); 'जवासाकुसुमे इ वा' (पगण १७)।

जवि } वि [जविन्] १ वेगवाला, वेग-युक्त
जविण } सुपा ११२)। २ पुं. अश्व, घोड़ा (राज)।

जविअ वि [जपित] १ जिसका जाप किया गया हो वह (मन्त्र आदि) (सिरि ३६६)। २ न. अध्ययन, प्रकरण आदि ग्रंथांश (सुख २, १३)।

जविय वि [यापित] १ गमित, गुजरा हुआ। २ नाशित (कुमा)।

जस पुं [यशस्] १ कीर्त्ति, इज्जत, सु-ख्याति (औप; कुमा)। २ संयम, त्याग, विरति (वव १; दस ५, २)। ३ विनय (उत्त ३)। ४ भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम शिष्य (सम १५२)। ५ भगवान् पार्श्वनाथ का आठवाँ प्रधान शिष्य (कप्प)। °कित्ति स्त्री [°कीर्त्ति] सुख्याति, सुप्रसिद्धि (सूत्र १, ६; आचू १)। °भद्द पुं [°भद्र] स्वनाम-ख्यात एक जैन आचार्य (कप्प; सार्ध १३)। °म. मंत वि [°वत्] १ यशस्वी, इज्जतदार, कीर्त्तिवाला (पण्ह १, ४)। २ पुं. स्वनाम-प्रसिद्ध एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। °वई स्त्री [°वती] १ द्वितीय चक्रवर्त्ती सगर-राज की माता (सम १५२) २ तृतीया, अष्टमी और त्रयोदशी की रात्रि (चंद १०)। °वम्म पुं [°वर्मन्] स्वनाम-ख्यात नृप-विशेष (गउड)। °वाय पुं [°वाद] साधुवाद, यशो-गान, प्रशंसा (उप ६८६ टी)। °विजय पुं [°विजय] विक्रम की अठारहवीं शताब्दी का एक जैन सुप्रसिद्ध ग्रन्थकार, न्यायाचार्य श्रीमान् यशोविजय उपाध्याय (राज)। °हर पुं [°धर] १ भारतवर्ष का भूत कालिक अठारहवाँ जिन-देव (पव ८)। २ भारतवर्ष के एक भावी जिन-देव (पव ४६)। ३ एक राज-कुमार (धम्म)। ४ पक्ष का पाँचवाँ दिन (जं ७)। ५ वि. यश को धारण करनेवाला, यशस्वी (जीव ३)। देखो जसो°।

जसंसि पुं [यशस्विन्] भगवान् महावीर के पिता का एक नाम (आचा २, १५, ३; कप्प)।

जसद पुं [जसद] धातु-विशेष, जस्ता (राज)।

जसदेव पुं [यशोदेव] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (पव २७६)।

जसभद्द पुं [यशोभद्र] १ पक्ष का चतुर्थ दिवस (सुज्ज १०, १४)। २ एक राजर्षि, जो वागड देश के रत्नपुर नगर का राजा था और जिसने जैनी दीक्षा ली थी, जो आचार्य हेमचन्द्र के गुरु थे (कुप्र ७; १८)। ३ न. उड्डुवाटिक गण का एक कुल (कप्प)।

जसवई स्त्री [यशोमती] भगवान् महावीर की दौहित्री का नाम (आचा २ १५, ३)।

जसस्सि वि [यशस्विन्] यशस्वी, कीर्तिमान् (सूअ १, ६, ३, श्रु १४३)।

जसहर पुंन [यशोधर] एक देव-विमान (देवेन्द्र १४१)।

जसा स्त्री [यशा] कपिलमुनि की माता (उत्त ८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जसो° देखो जस। °आ स्त्री [°दा] १ नन्द नामक गोप की पत्नी (गा ११२; ६५७)। २ भगवान् महावीर की पत्नी (कप्प)। °कामि वि [°कामिन्] यश चाहनेवाला (दस २)। °कित्तिनाम न [°कीर्त्ति-नामन्] कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से सुयश फैलता है (सम ६७)। °धर पुं [°धर] १ धरणेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १)। २ न. ग्रैवेयक देवलोक का प्रस्तर (इक)। °हरा स्त्री [°धरा] १ दक्षिण रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिशाकुमारी देवी (ठा ८)। २ जम्बू-वृक्ष विशेष, सुदर्शना (जीव ३)। ३ पक्ष की चौथी रात्रि (जो ४)।

जसोधर देखो जस-हर (सुज्ज १०, १४)।

जसोधरा देखो जसो-हरा (सुज्ज १०, १४)।

जसोया स्त्री [यशोदा] भगवान् महावीर की पत्नी का नाम (आचा २, १५, ३)।

जह सक [हा] त्याग देना, छोड़ देना। जहइ (पि ६७)। वकृ. जहंत (वव ३)। कृ. जहणिज्ज (राज)। संकृ. जहित्ता (पि ५८२)।

जह अ [यत्र] जहाँ, जिसमें (हे २, १६१)।

जह अ [यथा] जिस तरह से, जैसे (ठा ३, १; स्वप्न २०)। °क्कम न [°क्रम] क्रम के अनुसार, अनुक्रम (पंचा ६)। °क्खाय देखो अह-क्खाय (आवम)। °ट्ठिय वि [°स्थित] वास्तविक, सत्य (सुर १, १६२; सुपा ५७)। °त्थ वि [°र्थ] वास्तविक, सत्य (पंचा १५)। °त्थनाम वि [°र्थनामन्] नाम के अनुसार गुणवाला, अन्वर्थ (श्रा १६)। °त्थवाइ वि [°र्थवादिन्] सत्य-वक्ता (सुर १४, १६)। °प्प न [याथात्म्य] वास्तविकता, सत्यता (राज)। °रिह न [°र्हं] उचितता के अनुसार (सुपा १६२)। °वट्टिय वि [°वृत्त] सत्य, यथार्थ (सुपा ५२६)। °विहि पुंस्त्री [°विधि] विधि के अनुसार; 'नहगामिणिपमुहाओ जहविहिणा साहियव्वाओ' (सुर ३, २८)। °संख न [°संख्य] संख्या के क्रम से, क्रमानुसार (नाट)। देखो जहा = यथा।

जहण न [जघन] कमर के नीचे का भाग (गा १९६; णाया १, ६)।

जहणरोह पुं [दे] ऊरु, जंघा, जाँघ (दे ३, ४४)।

जहणा स्त्री [हान] परित्याग (संबोध ५६)।

जहणूसव } न [दे] अर्धोरुक, जघनांशुक,
जहणूसुअ } स्त्री को पहनने का वस्त्र-विशेष (दे ३, ४५; षड्)।

जहण्ण } वि [जघन्य] निकृष्ट, हीन, अधम,
जहन्न } नीच (सम ८; भग; ठा १, १; जी ३८; दं ६)।

जहा = देखो जह = हा। (पि ३५०)। संकृ. जहाइत्ता, जहाय (सूअ १, २, १; पि ५६१)।

जहा देखो जह = यथा (हे १, ६७; कुमा)। °जुत्त वि [°युक्त] यथोचित, योग्य (सुर २, २०१)। जेट्ठ न [°ज्येष्ठ] ज्येष्ठता के क्रम से (अणु)। °णामय वि [°नामक] जिसका नाम न कहा गया हो, अनिर्दिष्ट-नामा, कोई (जीव ३)। °तच्च न [°तथ्य] सत्य, वास्तविक (आचा)। °तह न [°तथ] सत्य, वास्तविक (राज)। °तह न [याथातथ्य] वास्तविकता, सत्यता; 'जाणासि णं भिक्खु जहातहेणं' (सूअ १, ६)। २ 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का एक अध्ययन (सूअ १, १३)। °पवट्टकरण न [°प्रवृत्तकरण] आत्मा का परिणाम-विशेष (आचा)। °भूय वि [°भूत] सच्चा, वास्तविक (णाया १, १) °राइणिया स्त्री [°रात्निकता] ज्येष्ठता के क्रम से, बड़प्पन के अनुसार (कस)। °रुह देखो जह-रिह (स ४६३)। °वित्त न [°वृत्त] जैसा हुआ हो वैसा, यथार्थ (स २४)। °सत्ति स्त्रीन [°शक्ति] शक्ति के अनुसार (पंचा ३)।

जहाजाय वि [दे. यथाजात] जड़, मूर्ख, बेवकूफ (दे ३, ४१; पण्ह १, ३)।

जहि } देखो जह = यत्र (हे २, १६१; गा
जहिं } १३१; प्रासू ५६)।

जहियं देखो जहिं (पिंड ५८)।

जहिच्छ न [यथेच्छ] इच्छा के अनुसार (सुपा १६; पिंग)।

जहिच्छिय न [यथेप्सित] इच्छानुकूल, इच्छानुसार (पंचा १)।

जहिच्छिया स्त्री [यदृच्छा] मरजी, स्वेच्छा, स्वच्छन्दता (गा ४५३; विसे ३१६; स ३३२)।

जहिट्ठिल पुं [युधिष्ठिर] पाण्डु-राजा का ज्येष्ठ पुत्र, ज्येष्ठ पाण्डव (हे १, १०७; प्राप्र)।

जहिमा स्त्री [दे] विदग्ध पुरुष की बनाई हुई गाथा (दे ३, ४२)।

जहुट्ठिल देखो जहिट्ठिल (हे १, ९६; १०७)।

जहुत्त न [यथोक्त] कथनानुसार (पडि)।

जहेअ अ [यथैव] जैसे ही (से ६, १६)।

जहेच्छ देखो जहिच्छ (गा ८८२)।

जहोइय न [यथोदित] कथितानुसार (धर्म ३)।

जहोइय } न [यथोचित] योग्यता के अनु-
जहोचिय } सार (से ८, ५; सुपा ४७१)।

जा अक [जन्] उत्पन्न होना। जाअइ (हे ४, १३६)। वकृ. जायंत (कुमा)। संकृ 'एक्के च्चिय निव्विण्णा पुणो-पुणो जाइउं. च मरिउं च' (स १३०)।

जा सक [या] १ जाना, गमन करना। २ प्राप्त करना। ३ जानना। जाइ (सुपा ३०१)। जंति (महा)। वकृ. जंत (सुर ३, १४३; १०, ११७)। कवकृ. जाइज्जमाण (पण्ह १, ४)।

जा सक [या] सकना, समर्थ होना; 'किंतु मम एत्थ न जाइ पव्वइउं', 'बहिट्ठियाणं किं जायइ अज्झाइउं' (सुख २, १३)।

जा देखो जाव = यावत् (हे १, २७१; कुमा; सुर १५, १३८)।

जाअ देखो जाव = जाप (हास्य १३२)।

जाअ देखो जा = या। जाअइ (प्राकृ ६६)।

जाअर देखो जागर (मुद्रा १८७)।

जाआ स्त्री [यातृ] देवर-भार्या, देवर की पत्नी, देवरानी (प्राकृ ४३)।

जाइ स्त्री [जाति] १ पुष्प-विशेष, मालती (कुमा)। सामान्य नैयायिकों के मत से एक धर्म-विशेष, जो व्यापक हो, जैसे मनुष्य का मनुष्यत्व, गो का गोत्व (विसे १६०१)। ३ जात, कुल, गोत्र, वंश, ज्ञाति (ठा ४, २; सूअ ६, १३; कुमा)। ४ उत्पत्ति, जन्म (उत्त ३; पडि)। ५ क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति (उत्त ३)। ६ पुष्प-प्रधान वृक्ष, जाई का पेड़ (पण्ण १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७ मद्य-विशेष (विपा १, २)। °आजीव पुं [°आजीव] जाति की समानता बतला कर भिक्षा प्राप्त करनेवाला साधु (ठा ५, १)। °थेर पुं [स्थविर] साठ वर्ष की उम्र का मुनि (ठा ३, २)। °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष (सम ६७)। °प्पसण्णा स्त्री [°प्रसन्ना] जाति के पुष्पों से वासित मदिरा (जीव ३)। °फल न [°फल] १ वृक्ष-विशेष। २ फल-विशेष, जायफल, एक गर्म मसाला (सुर १३, ३३; सण)। °मंत वि [°मत्] उच्च जाति का (आचा २, ४, २)। °मय पुं [°मद] जाति का अभिमान (ठा १०)। °वत्तिया स्त्री [°पत्रिका] १ सुगन्धित फलवाला वृक्ष-विशेष। २ फल-विशेष, एक गर्म मसाला (सण)। °सर पुं [°स्मर] १ पूर्व जन्म की स्मृति। २ वि. पूर्व जन्म का स्मरण करनेवाला, पूर्व-जन्म का ज्ञान-वाला; 'जाइसराइं मन्ने इमाइं नयणाइं सयललोयस्स' (सुर ४, २०८)। °सरण न [°स्मरण] पूर्व जन्म की स्मृति (उत्त १६)। °स्सर देखो °सर (कप्प; विसे १६७१; उप २२० टी)।

जाइ स्त्री [जाति] १ न्याय-शास्त्र-प्रसिद्ध दूषणाभास—असत्य दूसण (धर्मसं २६०; स ७११)। २ माता का वंश (पिंड ४३८)।

जाइ देखो जाया (षड्)।

जाइ स्त्री [दे] १ मदिरा, सुरा, दारू (दे ३, ४५)। २ मदिरा-विशेष (विपा १, २)।

जाइ वि [याजिन्] यज्ञ-कर्ता (दसनि १, १४६))।

जाइ वि [यायिन्] जानेवाला (ठा ४, ३)।

जाइअ वि [याचित] प्रार्थित, माँगा हुआ (विसे २५०४; गा १६५)।

जाइअ देखो जाय = जात (वज्जा १४४)।

जाइच्छि° } वि [यादृच्छिक] १ इच्छा-
जाइच्छिय } नुसार, यथेच्छ (धर्मसं १२)। २ इच्छानुसारी (धर्मसं ६०२)।

जाइच्छिय वि [यादृच्छिक] स्वेच्छा-निर्मित (विसे २५)।

जाइज्जंत देखो जाय = यातय्।

जाइज्जंत } देखो जाय = याच्।
जाइज्जमाण }

जाइणी स्त्री [याकिनी] एक जैन साध्वी, जिसको सुप्रसिद्ध जैन ग्रन्थकार श्री हरिभद्र-सूरि अपनी धर्म-माता समझते थे (उप १०३९)।

जाइयव्वय न [यातव्य] गमन, गति (सुख २, १७)।

जाईअ वि [जातीय] जाति-सम्बन्धी (श्रावक ४०)।

जाउ न [जायु] क्षीरपेया, यवागू, मांड़ की कांजी, लपसी, खाद्य-विशेष (पिंड ६२५)।

जाउ अ [जातु] कदाचित्, कभी (उवकु ११)।

जाउ अ [जांतु] किसी तरह (उप ५४७)। °कण्ण पुं [°कर्ण] पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र का गोत्र (इक)।

जाउ स्त्री [यातृ] १ देवर-पत्नी, देवरानी। २ वि. जानेवाला (संक्षि ४)।

जाउया स्त्री [यातृका] देवर-पत्नी, पति के छोटे भाई की स्त्री, देवरानी (णाया १,१६)।

जाउर पुं [दे] कपित्थवृक्ष, कैथ का फल (दे ३, ४५)।

जाउल पुं [जातुल] वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२)।

जाउहाण पुं [यातुधान] राक्षस (उप १०३१ टी; पाअ)।

जाग पुं [याग] १ यज्ञ, अध्वर, होम, हवन (पउम १४, ४७; स १७१)। २ देव-पूजा (णाया १, १)।

जागर अक [जागृ] जागना, निद्रा-त्याग करना। जागरइ (षड्)। वकृ. जागरमाण (विसे २७१६)। हेकृ. जागरित्तए, जाग-रेत्तए (कप्प; कस)।

जागर वि [जागर] १ जागनेवाला, जागता (आचा; कप्प श्रा २५)। २ पुं. जागरण, निद्रा-त्याग (मुद्रा १८७; भग १२, २; सुर १३, ९७)।

जागरइत्तु वि [जागरितृ] जागनेवाला (श्रा २३)।

जागरिअ वि [जागृत] जागा हुआ, निद्रा-रहित, प्रबुद्ध (णाया १, १६; श्रा २५)।

जागरिअ वि [जागरिक] निद्रा-रहित (भग १२, २)।

जागरिया स्त्री [जागरिका, जागर्या] जागरण, निद्रा-त्याग (णाया १, १; औप)।

जागरुअ वि [जागरुक] जागता, जागा हुआ, जागने के स्वभाववाला (धर्मवि १३९)।

जाजावर वि [यायावर] गमनशील, विनश्वर (सम्मत्त १७४)।

जाडी स्त्री [दे] गुल्म, लता-प्रतान (दे ३, ४५)।

जाण सक [ज्ञा] जानना, ज्ञान प्राप्त करना, समझना। जाणइ (हे ४, ७)। वकृ. जाणंत, जाणमाण (कप्प; विपा १, १)। संकृ. जाणिऊण, जाणित्ता, जाणित्तु (पि ५८६; महा; भग)। हेकृ. जाणिउं (पि ५७६)। कृ. जाणियव्व (भग; अंत १२)।

जाण पुंन [यान] १ रथादि वाहन, सवारी (औप; पण्ह २, ५; ठा ४, ३)। २ यान-पात्र, नौका, जहाज; 'नाणं संसारसमुद्दतारणे बंधुरं जाणं' (पुप्फ ३७)। ३ गमन, गति (राज)। °पत्त, °वत्त न [°पात्र] जहाज, नौका (नमि ५; सुर १३,३१)। °साला स्त्री [°शाला] १ तबेला, अस्तबल। २ वाहन बनाने का कारखाना (औप; आचा २,२,२)।

जाण न [ज्ञान] ज्ञान, बोध, समझ (भग; कुमा)।

जाण° वि [जानत्] जानता हुआ, 'जाणं काएण णाउट्टी' (सूअ १, ५, १); 'आसु-पण्णेण जाणया' (आचा)।

जाणई स्त्री [जानकी] सीता, राम-पत्नी (पउम १०६, १८; से ६, ६)।

जाणग वि [ज्ञायक] जानकार, ज्ञानी, जाननेवाला (सूअ १, १, १; महा; सुर १०, ६५)।

जाणगी देखो जाणई (पउम ११७, १८)।

जाणण न [दे] बरात, गुजराती में 'जान'; 'जो तदवत्थाए समुचिओत्ति जाणणणाइओ' (उप ५९७ टी)।

जाणण न [ज्ञान] जानना, जानकारी, समझ, बोध (हे ४, ७; उप पृ २३; सुपा ४१६; सुर १०, ७१; रयण १४; महा)।

जाणणया } स्त्री. ऊपर देखो (उप ५१६;
जाणणा } विसे २१४८; अणु; आचू ३)।

जाणय देखो जाणग (भग; महा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाणय वि [ज्ञापक] जनानेवाला, समझानेवाला (औप)।

जाणया स्त्री [ज्ञान] ज्ञान, समझ, जानकारी; 'एएसि पयाणं जाणणाए सवणयाए' (भग)।

जाणवय वि [जानपद] १ देश में उत्पन्न, देश-संबन्धी (भग; णाया १, १—पत्र १)।

जाणाव सक [ज्ञापय्] ज्ञान कराना, जनाना। जाणावइ, जाणावेइ (कुमा; महा)। हेकृ. जाणाविउं, जाणावेउं (पि ५५१)। कृ. जाणावेयव्व (उप पृ २२)।

जाणावण न [ज्ञापन] ज्ञापन, बोधन (पउम ११, ८८; सुपा ६०६)।

जाणावणा, जाणावणी स्त्री [ज्ञापनी] विद्या-विशेष (उप पृ ४२; महा)।

जाणाविय वि [ज्ञापित] जनाया, विज्ञापित, मालूम कराया, निवेदित (सुपा ३५६; श्रावम)।

जाणि वि [ज्ञानिन्] ज्ञाता, जानकार (कुमा)।

जाणिअ वि [ज्ञात] जाना हुआ, विदित (सुर ४, २१४; ७, २६)।

जाणु न [जानु] १ घोंटू, घुटना। २ ऊरु और जंघा का मध्य भाग (तंदु; निर १, ३; णाया १, २)।

जाणु, जाणुअ वि [ज्ञायक] जाननेवाला, ज्ञाता, जानकार (ठा ३, ४; णाया १, १३)।

जाणे अ [जाने] उत्प्रेक्षा-सूचक अव्यय, मानो (अभि १५०)।

जाम सक [मृज्] मार्जन करना, सफा करना। जामइ (नाट—प्राप्र ८० टी)।

जाम पुं [याम] १ प्रहर, तीन घण्टा का समय (सम ४४; सुर ३, २४२)। २ यम, अहिंसा आदि पाँच व्रत। ३ उम्र-विशेष, आठ से बत्तीस, बत्तीस से साठ और साठ से अधिक वर्ष की उम्र (आचा)। ४ वि. यम-संबन्धी, जमराज का (सुपा ४०५)। °इल्ल वि [°वत्] १ प्रहरवाला (हे २, १५६)। २ पुं. प्राहरिक, पहरेदार, यामिक (सुपा ५)। °दिसा स्त्री [°दिश्] दक्षिण दिशा (सुपा ४०५)। °वई स्त्री [°वती] रात्रि, रात (गउड)।

जाम देखो जाव = यावत् (आरा ३३)।

जामाइ देखो जामाउ (पिंड ४२४)।

जामग्गहण न [यामग्रहण] प्राहरिकत्व, पहरेदारी (सुख २, ३१)।

जामाउ, जामाउय पुं [जामातृ, °क] जामाता, दामाद, लड़की का पति (पउम ८६, ४; हे १, १३१; गा ६८३)।

जामि स्त्री [जामि, यामि] बहिन, भगिनी (राज)।

जामिअ देखो जामिग (धर्मवि १३५)।

जामिग पुं [यामिक] प्राहरिक, पहरुआ, पहरू, पहरेदार (उप ८३३)।

जामिणी स्त्री [यामिनी] रात्रि, रात (उप ७२८ टी)।

जामिल्ल देखो जामिग (सुपा १४६; २६६)।

जामेअ पुं [यामेय] भानजा, भागिनेय, बहिन का पुत्र (धर्मवि २२)।

जाय सक [याच्] प्रार्थना करना, माँगना। वकृ. जायंत (वएह १; ३)। कवकृ. जाइज्जंत (पउम ५, ६८)।

जाय सक [यातय्] पीड़ना, यन्त्रणा करना। जाएइ (उव)। कवकृ. जाइज्जंत (पएह १, १)।

जाय देखो जाग (णाया १, १)।

जाय वि [जात] १ उत्पन्न, जो पैदा हुआ हो (ठा ६)। २ न. समूह, संघात, (दंस ४)। ३ भेद, प्रकार (ठा १०; निचू १६)। ४ वि. प्रवृत्त (औप)। ५ पुं. लड़का, पुत्र (भग ६, ३३; सुपा २७६)। ६ न. बच्चा, संतान; 'जायं तीए जइ कहवि जायए पुन्न-जोगेण' (सुपा ५६८)। ७ जन्म, उत्पत्ति (णाया १, १)। °कम्म न [°कर्मन्] १ प्रसूति-कर्म (णाया १; १)। २ संस्कार-विशेष (वसु)। °तेय पुं [°तेजस्] अग्नि, वह्नि (सम ५०)। °निद्दुया स्त्री [°निर्द्रुता] मृत-वत्सा स्त्री (विपा १, २)। वि °मूअ वि [°मूक] जन्म से मूक (विपा १, १)। °रूव न [°रूप] १ सुवर्ण, सोना (औप)। २ रूप्य, चाँदी (उत्त ३५)। ३ सुवर्ण-निर्मित (सम ६५)। °वेय पुं [°वेदस्] अग्नि, वह्नि (उत्त १२)।

जाय वि [यात] गत, गया हुआ (सूअ १, ३, १)। २ प्राप्त (सूअ १, १०)। ३ न. गमन, गति (आचा)।

जाय पु. [जात] गीतार्थ, विद्वान् जैन मुनि (पव—गाथा २४)।

जायग वि [याचक] १ माँगनेवाला। २ पुं. भिक्षुक (श्रा २३; सुपा ४१०)।

जायग वि [याजक] यज्ञ करानेवाला (उत्त २५, ६)।

जायण न [याचन] याचना, प्रार्थना (श्रा १४; प्रति ६१)।

जायण न [यातन] कदर्थन, पीड़न (पएह १, २)।

जायणया, जायणा स्त्री [याचना] याचना, प्रार्थना माँगना (उप पृ ३०२; सम ४०; स २६१)।

जायणा स्त्री [यातना] कदर्थना, पीड़ा (पएह १, १)।

जायणी स्त्री [याचनी] प्रार्थना की भाषा (ठा ४, १)।

जायव पुंस्त्री [यादव] यदुवंश में उत्पन्न, यदुवंशीय (णाया १, १६; पउम २०, ५६)।

जाया स्त्री [यात्रा] निर्वाह, गुजारा, वृत्ति। °माय वि [°मात्र] जितने से निर्वाह हो सके उतना; 'साहुस्स विति धीरा जाया मायं च ओमं च (पिंड ६४३)।

जाया स्त्री [जाया] स्त्री, औरत, (गा ६; सुपा ३८६)।

जाया देखो जत्ता (पएह २, ४; सूअ १, ७)।

जाया स्त्री [जाता] चमरेन्द्र आदि इन्द्रों की बाह्य परिषत् (भग; ठा ३, २)।

जायाइ पुं [यायाजिन्] यज्ञ-कर्ता, याजक, यज्ञ करानेवाला (उत्त २५, १)।

जार पुं [जार] १ उपपति, यार (हे १, १७७)। २ मणि का लक्षण-विशेष (जीव ३)।

जारिच्छ वि [यादृक्ष] ऊपर देखो (प्रामा)।

जारिस वि [यादृश] जैसा, जिस तरह का (हे १, १४२)।

जारेकण्ण न [जारेकृष्ण] गोत्र-विशेष, जो वाशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है (ठा ७)।

जाल सक [ज्वालय्] जलाना, दग्ध करना; 'तो जलियजलणजालावलीसु जालेमि नियदेहं' (महा)। संकृ. जालेवि (महा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाल न [जाल] १ समूह, संघात (सुर ४, १३५; स ४४३)। २ माला का समूह, दाम-निकर (राय)। ३ कारीगरीवाले छिद्रों से युक्त गृहांश, गवाक्ष-विशेष, झरोखा (औप; णाया १, १)। ४ मछली वगैरह पकड़ने का जाल, पाश-विशेष (पराह १,१)। ५ मछली वगैरह पकड़ने की जाल, पाश-विशेष (पराह १,१,४)। ५ पैर का आभूषण-विशेष, कड़ा (औप)। °कडग पुं [°कटक] १ सच्छिद्र गवाक्षों का समूह। २ सच्छिद्र गवाक्ष-समूह से अलंकृत प्रदेश (जीव ३)। °घरग न [°गृहक] सच्छिद्र गवाक्षवाला मकान (राय; णाया १, २)। °पंजर न [°पञ्जर] गवाक्ष (जीव ३)। °हरग देखो °घरग (औप)।

जाल पुं [ज्वाल] ज्वाला, अग्नि-शिखा, आग की लपट (सुर ३, १८८; जी ६)।

जालंतर न [जालान्तर] सच्छिद्र गवाक्ष का मध्यभाग (सम १३७)।

जालंधर पुं [जालन्धर] १ पंजाब का एक स्वनाम-ख्यात शहर (भवि)। २ न. गोत्र-विशेष (कप्प)।

जालंधरायण न [जालन्धरायण] गोत्र-विशेष (आचा २, १५)।

जालग देखो जाल = जाल (पराह १, १; ५; औप; णाया १, १)।

जालग पुं [जालक] द्वीन्द्रिय जीव की एक जाति, मकड़ी (उत्त ३६, १३०)।

जालघडिआ स्त्री [दे] चन्द्रशाला, अट्टालिका, अटारी (दे ३, ४६)।

जालय देखो जाल = जाल (गउड)।

जालवगी स्त्री [दे] संवाद, सम्हाल, खबर; गुजराती में 'जाळवणु' (सिरि ३८५)।

जाला स्त्री [ज्वाला] १ अग्नि की शिखा (आचा; सुर २, २४६)। २ नवम चक्रवर्त्ती की माता (सम १५२)। ३ भगवान् चन्द्रप्रभ की शासनदेवी (संति ६)।

जाला अ [यदा] जिस समय, जिस काल में; 'ताला जाअंति गुणा, जाला ते सहिअएहिं घेप्पंति' (हे ३, ६५)।

जालाउ पुं [जालायुष्] द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, मकड़ी (राज)।

जालाव सक [ज्वालय्] जलाना, दाह देना। वकृ. जालावंत (महानि ७)।

जालाविअ वि [ज्वालित] जलाया हुआ (सुपा १८६)।

जालि पुं [जालि] १ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु १)। २ श्रीकृष्ण का एक पुत्र, जिसने दीक्षा ले कर शत्रुञ्जय पर्वत पर मुक्ति पाई थी (अंत १४)।

जालिय पुं [जालिक] जाल-जीवि, वागुरिक, बहेलिया, चिड़ीमार (गउड)।

जालिय वि [ज्वालित] जलाया हुआ, सुल-गाया हुआ (उव; उप ५९७ टी)।

जालिया स्त्री [जालिका] १ कञ्चुक (पराह १, ३—पत्र ४४; गउड)। २ वृन्त (राज)।

जालुग्गाल पुं [जालोद्गाल] मछली पकड़ने का साधन-विशेष (अभि १८३)।

जाव देखो जावइअ (आचा २, २, ३, ३)।

जाव सक [यापय्] १ गमन करना, गुजा-रना। २ बरतना। ३ शरीर का प्रतिपालन करना। जावइ (आचा)। जावेइ (हे ४, ४०) जावए (सूअ १, १, ३)।

जाव अ [यावत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ परिमाण। २ मर्यादा। ३ अव-धारण, निश्चय; 'जावदयं परिमाणे मज्जाया-एवधारणे चेइ' (विसे ३५१६; णाया १, ७)। °ज्जीव स्त्री न [°ज्जीव] जीवन पर्यन्त (आचा)। स्त्री. °वा (विसे ३५१८; औप)। °ज्जीविय वि [°ज्जीविक] यावज्जीव-संबन्धी (स ४४१)। देखो जावं।

जाव पुं [जाप] मन ही मन बार बार देवता का स्मरण, मन्त्र का उच्चारण (सुर ६, १७४; सुपा १७१)।

जावइ पुं [दे] वृक्ष-विशेष (पराण १—पत्र ३४)।

जावइअ वि [यावत्] जितना; 'जावइया वयणपहा' (सम्म १४४; भत्त ९४)।

जावई स्त्री [जातिपत्री] १ कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८; सुख ३६, ९८)। २ गुच्छ वनस्पति की एक जाति (पराण १—पत्र ३४)।

जावईय पुं [जातिपत्रीक] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८)।

जावं देखो जाव (पउम ६८, ५०)। °ताव अ [°तावत्] १ गणित-विशेष। २ गुणाकार (ठा १०)।

जावंत देखो जावइअ (भग १, १)।

जावग देखो जावय = यापक (दसनि १)।

जावण न [यापन] १ बिताना, गुजारना। २ दूर करना, हटाना (उप ३२० टी)।

जावणा स्त्री [यापना] ऊपर देखो (उप ७२८ टी)।

जावणिज्ज वि [यापनीय] १ जो बीताया जाय, गुजारने योग्य। २ शक्ति-युक्त; 'जाव-णिज्जाए णिसीहिआए' (पडि)। °तंत न [°तन्त्र] ग्रन्थ-विशेष (धर्म २)।

जावय वि [यापक] १ बीतानेवाला। २ पुं. तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध काल-क्षेपक हेतु (ठा, ४, ३)।

जावय वि [जापक] जीतनेवाला, 'जिणाणं जावयाणं' (पडि)।

जावय पुं [यावक] अलक्तक, अलता, लाख का रंग (गउड; सुपा ६६)।

जावसिय वि [यावसिक] १ धान्य से गुजारा करनेवाला (वृह १)। २ घास-वाहक (ओघ २३८)।

जाविय वि [यापित] बीताया हुआ (णाया १, १७)।

जास पुं [जाष] पिशाच-विशेष (राज)।

जासुमण, जासुमिण, जासुयण पुं [जपासुमनस्] १ जपा का वृक्ष, पुष्पप्रधान (पराण १; णाया १, १)। २ न. जपा का फूल (णाया १, १; कप्प)।

जाहग पुं [जाहक] जन्तु-विशेष, जिसके शरीर में काटे होते हैं, साही या साहिल (पराह १, १; विसे १४५४)।

जाहत्थ न [याथार्थ्य] सत्यपन, वास्तविकता (विसे १२७९)।

जाहासंख देखो जहा-संख; 'जाहासंखमिमीणं नियकज्जं साहुवाओ य' (उप १७९)।

जाहे अ [यदा] जिस समय, जब, (हे ३, ६५; महा; गा ९८)।

जि (अप) देखो एव=एव (हे ४, ४२०; कुमा; वजा १४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिअ अक [जीव्] जीना, प्राण-धारण करना। जिअइ, जिअउ (हे १, १०१)। वकृ. जिअंत (गा ६१७)।

जिअ पुं [जीव] आत्मा, प्राणी, चेतन (सुर २, ११३; जी ६; प्रासू ११४, १३०)। °लोअ पुं [°लोक] संसार, दुनियाँ (सुर १२, १४३)।

जिअ न [जित] जीत, जय (प्राकृ ७०)। °गासि वि [°काशिन्] जीत से शोभनेवाला विजेता (सम्मत्त २१७)। °सत्तु पुं [°शत्रु] अंग-विद्या का जानकार दूसरा रुद्र-पुरुष (विचार ४७३)।

जिअ वि [जित] १ जीता हुआ, पराभूत, अभिभूत (कुमा; सुर ३, ३२)। २ परिचित (विसे १४७२)। °प्प वि [°त्मन्] जितेन्द्रिय, संयमी (सुपा २७६)। °भाणु पुं [°भानु] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २५६)। °सत्तु पुं [°शत्रु] १ भगवान् अजितनाथ का पिता (सम १५०)। २ नृप-विशेष (महा; विपा १, ५)। °सेण पुं [°सेन] १ जैन आचार्य-विशेष। २ नृप-विशेष। ३ एक चक्रवर्त्ती राजा। ४ स्वनामख्यात एक कुलकर (राज)। °ारि पुं [°ारि] भगवान् संभवनाथजी का पिता (सम १५०)।

जिअंती स्त्री [जीवन्ती] वल्ली-विशेष (पराण १)।

जिअव वि [जितवत्] जय-प्राप्त (पराह १, १)।

जिइंदिय } वि [जितेन्द्रिय] इन्द्रियों को जिएंदिय } वश में रखनेवाला, संयमी (पउम १४, ३६; हे ४, २८७)।

जिंघ सक [घ्रा] सूँघना, गन्ध लेना। कृ. जिंघणिज्ज (कप्प)।

जिंघण न [घ्राण] सूँघना, गन्ध-ग्रहण (स ५७७)।

जिंघणा स्त्री [घ्राण] ऊपर देखो (ओघ ३८६)।

जिंघिअ वि [घ्रात] सूँघा हुआ (पात्र)।

जिंडह पुंन [दे] कन्दुक, गेंद; 'जिडहगेड्डिआ-इरमणं' (पव ३८; धर्म २)।

जिंडुह पुं [दे] कन्दुक, गेंद (पव ३८)।

जिंभ } देखो जंभाय। जिंभ (अभि जिंभाअ } २४१)। वकृ. जिंभाअंत (से ११, ३०)।

जिंभिया स्त्री [जृम्भा] जम्भाई, जृम्भण, मुख विकाश (सुपा ५८३)।

जिगीसा स्त्री [जिगीषा] जय की इच्छा (कुप्र २७८)।

जिग्घ देखो जिंघ। जिग्घइ (निचू १)।

जिग्घिअ वि [दे] घ्रात, सूँघा हुआ (दे ३, ४६)।

जिच्च } देखो जिण = जि।
जिच्चमाण }

जिट्ठ वि [ज्येष्ठ] १ महान्, वृद्ध, बड़ा (सुपा २३४; कम्म ४, ८६)। २ श्रेष्ठ, उत्तम। ३ पुं. बड़ा भाई; 'जिट्ठं व कणिट्ठं पि हु' (धर्म २)। °भूइ पुं [°भूति] जैन साधु-विशेष (ती १७)। °मूली स्त्री [°मूली] ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा (इक)।

जिट्ठ पुं [ज्येष्ठ] मास-विशेष, जेठ (राज)।

जिट्ठा स्त्री [ज्येष्ठा] १ भगवान् महावीर की पुत्री। २ भगवान् महावीर की भगिनी (विसे २३०७)। ३ नक्षत्र-विशेष (जं १)। देखो जेट्ठा।

जिट्ठाणी स्त्री [ज्येष्ठा] बड़े भाई की पत्नी, जिठानी या जेठानी (सुपा ४८७)।

जिट्ठिणी स्त्री [ज्यैष्ठी] जेठ मास की अमावस (सट्ठि ७८ टी)।

जिण सक [जि] जीतना, वश करना। जिणइ (हे ४, २४१; महा)। कर्म. जिणिज्जइ, जिव्वइ (हे ४, २४२)। वकृ. जिणंत, जिणयंत (पि ४७३; पउम १११, १७)। कवकृ. जिव्वमाग (उत्त ७, २२)। संकृ. जिणित्ता, जिणिऊण, जिणेऊण, जेऊण, जेउआण (पि; हे ४, २४१; षड्; कुमा)। हेकृ. जिणिउं, जेउं (सुर १, १३०; रंभा)। कृ. जिच्च, जिणेयव्व, जेयव्व (उत्त ७, २२; पउम १६, १६; सुर १४, ७६)।

जिण पुं [जिन] १ राग आदि अन्तरंग शत्रुओं को जीतनेवाला, अर्हन् देव, तीर्थंकर (सम १; ठा ४, १; सम्म १)। २ बुद्ध देव, बुद्ध भगवान् (दे १, ५)। ३ केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ (पराण १)। ४ चौदह पूर्व ग्रन्थों का जानकार (उत्त ५)। ५ जैन साधु-विशेष, जिनकल्पी मुनि। ६ अवधि-ज्ञान आदि अतीन्द्रिय ज्ञानवाला (पंचा ४; ठा ३, ४)। ७ वि. जीतनेवाला (पंचा ३, २०)। °इंद पुं [°इन्द्र] अर्हन् देव (सुर ४, ८१)। °कप्प पुं [°कल्प] एक प्रकार के जैन मुनियों का आचार, चारित्र-विशेष (ठा ३, ४; बृह १)। °कप्पिय पुं [°कल्पिक] एक प्रकार का जैन मुनि (ओघ ६६६)। °किरिया स्त्री [°क्रिया] जिनदेव का बतलाया हुआ धर्मानुष्ठान (पंचव १)। °घर न [°गृह] जिन-मन्दिर (भग २, ८; णाया १, १६—पत्र २१०)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ जिनदेव, अर्हन् देव (कम्म ३, १; अजि २६)। २ स्वनाम-ख्यात जैन आचार्य विशेष (गु १२; सण)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] अर्हन् देव की पूजा के उपलक्ष में किया जाता उत्सव-विशेष, रथ-यात्रा (पंचा ७)। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष जिसके प्रभाव से जीव तीर्थंकर होता है (राज)। °दत्त पुं [°दत्त] १ स्वनाम-प्रसिद्ध जैनाचार्य-विशेष (गण २६; सार्ध १५०)। २ स्वनाम-ख्यात एक जैन श्रेष्ठी (पउम २०, ११६)। °दव्व न [°द्रव्य] जिन-मन्दिर-सम्बन्धी धनादि वस्तु; 'वड्ढंतो जिणदव्वं तित्थगरत्तं लहइ जीवो' (उप ४१८; दंस १)। °दास पुं [°दास] १ स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन उपासक (आचू ६)। २ स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि और ग्रन्थकार, निशीथ-सूत्र का चूर्णिकार (निचू २०)। °देव पुं [°देव] १ अर्हन् देव (गु ७)। २ स्वनाम-प्रसिद्ध जैनाचार्य (आक)। ३ एक जैन उपासक (आचू ४)। °धम्म पुं [°धर्म] जिनदेव का उपदिष्ट धर्म, जैन धर्म (ठा ५, २; हे १; १८७)। °नाह पुं [°नाथ] जिनदेव, अर्हन् देव (सुपा २३५)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] अर्हन् देव की मूर्त्ति (णाया १, १६—पत्र २१०; राय; जीव ३); 'जिणपडिमादंसणेण पडिबुद्धं' (दसचू २)। °पवयण न [°प्रवचन] जैन आगम, जिनदेव-प्रणीत शास्त्र (विसे १३५०)। °पसत्थ वि [°प्रशस्त] तीर्थंकर-भाषित, जिनदेव-कथित (पराह २,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५)। °पहु पुं [°प्रभु] जिन-देव, अर्हन् देव (उप ३२० टी)। °पाडिहेर न [°प्रातिहार्य] जिन-देव की अर्हत्ता-सूचक देव-कृत अशोक वृक्ष आदि आठ बाह्य विभूतियाँ, वे ये हैं—१ अशोक वृक्ष, २ सुर-कृत पुष्प-वृष्टि, ३ दिव्य-ध्वनि, ४ चामर, ५ सिंहासन, ६ भामण्डल, ७ दुन्दुभि-नाद, ८ छत्र (दंस १)। °पालिय पुं [°पालित] चम्पा नगरी का निवासी एक श्रेष्ठि-पुत्र (णाया १, ६)। °बिंब न [°बिम्ब] जिन-मूर्त्ति, जिन-देव की प्रतिमा (पडि; पंचा ७)। °भड पुं [°भट] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन आचार्य, जो सुप्रसिद्ध जैन ग्रन्थकार श्रीहरिभद्र सूरि के गुरु थे (सार्थ ५८)। °भद्द पुं [°भद्र] स्वनाम-प्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार (आव ४)। °भवण न [°भवन] अर्हन् मन्दिर (पंचव ४)। °मय न [°मत] जैन दर्शन (पंचा ४)। °माया स्त्री [°मातृ] जिन-देव की जननी (सम १५१)। °मुद्दा स्त्री [°मुद्रा] जिनदेव जिस तरह से कायोत्सर्ग में रहते हैं उस तरह शरीर का विन्यास, आसन-विशेष (पंचा ३)। °यंद देखो °चंद (सुर १, १०; सुपा ७६)। °रक्खिअ पुं [°रक्षित] स्वनाम-ख्यात एक सार्थवाह-पुत्र (णाया १, ९)। °वइ पुं [°पति] जिन-देव, अर्हन्-देव (सुपा ८६)। °वई स्त्री [°वाच्] जिन-देव की वाणी (बृह १)। °वयण न [°वचन] जिन-देव की वाणी (ठा ६)। °वयण न [°वदन] जिनदेव का मुख (औप)। °वर पुं [°वर] अर्हन् देव (पउम ११, ४; अजि १)। °वरिंद पुं [°वरेन्द्र] अर्हन् देव (उप ७७६)। °वल्लह पुं [°वल्लभ] स्वनाम-ख्यात एक जैन आचार्य और प्रसिद्ध स्तोत्र-कार (लहुअ १७)। °वसह पुं [°वृषभ] अर्हन् देव (राज)। °सकहा स्त्री [°सक्थि] जिन-देव की अस्थि (भग १०, ५)। °सासण न [°शासन] जैन दर्शन (उत्त १८; सूअ १, ३, ४)। °हंस पुं [°हंस] एक जैन आचार्य (दं ४७)। °हर देखो °घर (पउम ११, ३; सुपा ३६१; महा)। °हरिस पुं [°हर्ष] एक जैन मुनि (रयण ९४)। °ाययण न [°ायतन] जिन-देव का मन्दिर (पंचव ४)।

जिणंद देखो जिणिंद; 'सव्वे जिणंदा सुरविंद-वंदा' (पडि; जी ४८)।

जिणकप्पि पुं [जिनकल्पिन्] जैन मुनि का एक भेद (पंचा १८, ६)।

जिणण न [जयन] जय, जीत (सण)।

जिणपह पुं [जिनप्रभ] एक जैन आचार्य (ती ५)।

जिणिंद पुं [जिनेन्द्र] जिन भगवान्, अर्हन् देव (प्रासू ५२)। °गिह न [°गृह] जिन-मन्दिर (सुर ३, ७२)। °चंद पुं [°चन्द्र] जिन-देव (पउम ९५, ३९)।

जिणिय वि [जित] पराभूत, वशीकृत (सुपा ५२२; रयण २७)।

जिणिसर देखो जिणेसर (सम्मत्त ७६;७७)।

जिणिस्सर देखो जिणेसर (पंचा १९)।

जिणुत्तम पुं [जिनोत्तम] जिन-देव (अजि ४)।

जिणेंद देखो जिणिंद (चेइय ९०)।

जिणेस पुं [जिनेश] जिन भगवान्, अर्हन् देव (सुपा २६०)।

जिणेसर पुं [जिनेश्वर] १ जिन देव, अर्हन् देव (पउम २, २३)। २ विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी के स्वनाम-ख्यात एक प्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रन्थकार (सुर १६, २३९; सार्ध ७६; गु ११)।

जिण्ण वि [जीर्ण] १ पुराना, जर्जर (हे १, १०२; चारु ४९ प्रासू ७९)। २ पचा हुआ; 'जिण्णे भोअणमत्ते' (हे १, १०२)। ३ वृद्ध; बूढ़ा (बृह १)। °सेट्ठि पुं [°श्रेष्ठिन्] १ पुराना सेठ। २ श्रेष्ठि पद से च्युत (आव ४)।

जिण्ण (अप) देखो जिअ = जित (पिंग)।

जिण्णासा स्त्री [जिज्ञासा] जानने की इच्छा (पंचा ३)।

जिण्णिअ } (अप) देखो जिणिय (पिंग)।
जिण्णीअ }

जिण्णोब्भवा स्त्री [दे] दूर्वा, दूब (घास) (दे ३, ४६)।

जिण्हु वि [जिष्णु] १ जित्वर, जीतनेवाला, विजयी (प्रामा)। २ पुं. अर्जुन, मध्यम पांडव (गउड)। ३ विष्णु, श्रीकृष्ण। ४ सूर्य, रवि। ५ इन्द्र, देव-नायक (हे २, ७५)।

जित्त देखो जिअ = जित (महा; सुपा ३९५; ६४३)।

जित्तिअ } वि [यावत्] जितना (हे २,
जित्तिल } १५६; षड्)।

जित्तुल (अप) ऊपर देखो (कुमा)।

जिध (अप) अ [यथा] जैसे, जिस तरह से (हे ४, ४०१)।

जिन्न देखो जिण्ण (सुपा ६)।

जिन्नासिय वि [जिज्ञासित] जानने के लिए इष्ट, जानने के लिए चाहा हुआ (भास ७५)।

जिन्नुद्धार पुं [जीर्णोद्धार] पुराने और टूटे-फूटे मन्दिर आदि को सुधारना (सुपा ३०९)।

जिब्भ पुं [जिह्व] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ६; २९)।

जिब्भा स्त्री [जिह्वा] जीभ, रसना (पण्ह २, ५; उप ९८६ टी)।

जिब्भिंदिय न [जिह्वेन्द्रिय] रसनेन्द्रिय, जीभ (ठा ४, २)।

जिब्भिया स्त्री [जिह्विका] १ जीभ। २ जीभ के आकारवाली चीज (जं ४)।

जिम सक [जिम्, भुज्] जीमना, भोजन करना, खाना। जिमइ (हे ४, ११०; षड्)।

जिम (अप) देखो जिध (षड्; भवि)।

जिमण न [जेमन, भोजन] जीमन, भोजन (श्रा १६; चैत्य ५९)।

जिमण न [जेमन] जिमाना, भोज (धर्मवि ७०)।

जिमिअ वि [जिमित, भुक्त] १ जिसने भोजन किया हुआ हो वह (पउम २०, १२७; पुष्प ३५; महा)। २ जो खाया गया हो वह, भक्षित (दे ३, ४३)।

जिम्म देखो जिम = जिम्। जिम्मइ (हे ४, २३०)।

जिम्ह पुं [जिह्म] १ मेघ-विशेष, जिसके बरसने से प्रायः एक वर्ष तक जमीन में चिक-नापन रहती है (ठा ४, ४—पत्र २७०)। २ वि. कुटिल, कपटी, मायावी (सम ७१)। ३ मन्द, अलस (जं २)। ४ न. माया, कपट (वव ३)।

जिम्ह न [जैम्ह] कुटिलता, वक्रता, माया, कपट (सम ७१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिव देखो जीव; 'मायाइ ग्रहं भणिग्रो कायव्वा वच्छ जिवदया तुमए' (धर्मवि ५)।

जिवँ } (ग्रप) देखो जिध (कुमा; षड्; हे
जिह } ४, ३३७)।

जिहा देखो जीहा (षड्)।

जीअ देखो जीव = जीव्। जीग्रइ (गा १२४, हे १, १०१)। वकृ. जीअंत (से ३, १२; गा ८१६)।

जीअ देखो जीव = जीव (गउड)। ५ पानी, जल (से २, ७)।

जीअ देखो जीविअ (हे १, २७१; प्राप्र; सुर २, २३०)।

जीअ न [जीत] १ ग्राचार, रिवाज, प्रथा, रूढ़ि (ग्रौप; राय, सुपा ४३)। २ प्रायश्चित से सम्बन्ध रखनेवाला एक तरह का रिवाज, जैन सूत्रों में उक्त रीति से भिन्न तरह के प्रायश्चितों का परम्परागत ग्राचार (ठा ५, २)। ३ ग्राचार-विशेष का प्रतिपादक ग्रन्थ (ठा ५, २; वव १)। ४ मर्यादा, स्थिति, व्यवस्था (णंदि)। °कप्प पुं [°कल्प] १ परम्परा से ग्रागत ग्राचार। २ परम्परागत ग्राचार का प्रतिपादक ग्रन्थ (पंचा ६; जीत)। °कप्पिय वि [°कल्पिक] जीत कल्पवाला (ठा १०)। °धर वि [°धर] १ ग्राचार-विशेष का जानकार। २ स्वनाम-ख्यात एक जैनाचार्य (णंदि)। °ववहार पुं [व्यवहार] परम्परा के ग्रनुसार व्यवहार (धर्म २; पंचा १६)।

जीअण देखो जीवण (नाट—चैत २५८)।

जीअव वि [जीवितवत्] जीवितवाला; श्रेष्ठ जीवनवाला (पराह १, १)।

जीआ स्त्री [ज्या] १ धनुष की डोर (कुमा)। २ पृथिवी, भूमि। ३ माता, जननी (हे २, ११५; षड्)।

जीण न [दे. अजिन] जीन, ग्रश्व की पीठ पर बिछाया जाता चर्ममय ग्रासन (पव ८४)।

जीमूअ पुं [जीमूत] १ मेघ, वर्षा (पाग्र; गउड)। २ मेघ-विशेष, जिसके बरसने से जमीन दश वर्ष तक चिकनी रहती है (ठा ४, ४)।

जीर° देखो जर = जृ।

जीरण न [जीर्ण] १ ग्रन्न पाक। २ वि. पुराना, पचा हुग्रा; 'ग्रजीरणं' (पिंड २७)।

जीरय न [जीरक] जीरा, मसाला-विशेष (सुर १, २२)।

जीरव सक [जीरय्] पचाना। जीरवइ (कुप्र २६६)।

जीव ग्रक [जीव्] १ जीना, प्राण धारण करना। २ सक. ग्राश्रय करना। जीवइ (कुमा)। वकृ. जीवंत, जीवमाण (विपा १,५; उप ७२८ टी)। हेकृ. जीविउं (ग्राचा)। संकृ. जीविअ (नाट)। कृ. जीविअव्व, जीवणिज्ज (सूग्र १, ७)। प्रयो. जीवावेहि (पि ५५२)।

जीव पुंन [जीव] १ ग्रात्मा, चेतन, प्राणी (ठा १, १; जी १; सुपा २३५); 'जीवाइं' (पि ३६७)। २ जीवन, प्राण-धारण; 'जीवोत्ति जीवणं पाणधारणं जीवियंति पज्जाया' (विसे ३५०८; सम १)। ३ पुं. बृहस्पति, सुर-गुरु (सुपा १०८)। ४ बल, पराक्रम (भग २, १)। ५ देखो जीअ = जीव। °काय पुं [°काय] जीव-राशि, जीव-समूह (सूग्र १, ११)। °ग्गाह न [°ग्राह] जिन्दे को पकड़ना (णाया १, २)। °णिकाय पुं [°निकाय] जीव-राशि (ठा ६)। °त्थिकाय पुं [°ास्तिकाय] जीव-समूह, जीव-राशि (भग १३,४; ग्रणु)। °दय वि [°दय] जीवित देनेवाला (सम १)। °दया स्त्री [°दया] प्राणि-दया, दुःखी जीव का दुःख से रक्षण (महानि २)। °देव पुं [°देव] स्वनाम-ख्यात प्रसिद्ध जैन ग्राचार्य ग्रौर ग्रंथकार (सुपा १)। °पएस पुं [प्रदेशजीव] ग्रन्तिम प्रदेश में ही जीव की स्थिति को माननेवाला एक जैनाभास दार्शनिक (राज)। °पएसिय पुं [°प्रादेशिक] देखो पूर्वोक्त ग्रर्थ (ठा ७)। °लोग, °लोय पुं [°लोक] १ जीव-जाति, प्राणि-लोक, जीव-समूह (महा)। °विजय न [°विचय] जीव के स्वरूप का चिन्तन (राज)। °विभत्ति स्त्री [°विभक्ति] जीव का भेद (उत्त ३६)। °वुड्ढिय न [°वृद्धिक] ग्रनुज्ञा, संमति, ग्रनुमति (णंदि)।

जीव न [जीव] सात दिन का लगातार उपवास (संबोध ५८)। °विसिट्ठ न [°विशिष्ट] वही ग्रर्थ (संबोध ५८)।

जीवंजीव पुं [जीवजीव] १ जीव-बल, ग्रात्म-पराक्रम (भग २, १)। २ चकोर-पक्षी, चकवा (राज)।

जीवंत देखो जीव = जीव्। °मुक्क पुं [°मुक्त] जीवन्मुक्त, जीवन-दशा में ही संसार-बन्धन से मुक्त महात्मा (ग्रच्चु ४७)।

जीवग पुं [जीवक] १ पक्षि-विशेष (उप ५८०)। २ नृप-विशेष (तित्थ)।

जीवजीवग पुं [जीवजीवक] चकोर पक्षी, चकवा (पराह १, १—पत्र ८)।

जीवण न [जीवन] १ जीना, जिन्दगी (विसे ३५२१; पउम ८, २५०)। २ जीविका, ग्राजीविका (स २२७; ३१०)। ३ वि. जिलानेवाला (राज)। °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] ग्राजीविका (उप २६४ टी)।

जीवमजीव पुं [जीवाजीव] चेतन ग्रौर जड़ पदार्थ (ग्रावम)।

जीवम्मुत्त देखो जीवंत-मुक्क (उवर १६१)।

जीवयमई स्त्री [दे] मृगों के ग्राकर्षण के साधन-भूत व्याध-मृगी (दे ३, ४६)।

जीवा स्त्री [जीवा] १ धनुष की डोरी (स ३८४)। २ जीवन, जीना (विसे ३५२१)। ३ क्षेत्र का विभाग-विशेष (सम १०४)।

जीवाउ पुं [जीवातु] जिलानेवाला ग्रौषध, जीवनौषध (कुमा)।

जीवाविय वि [जीवित] जिलाया हुग्रा (उप ७६८ टी)।

जीवि वि [जीविन्] जीनेवाला (गा ८४७)।

जीविअ वि [जीवित] १ जो जिन्दा हो। २ न. जीवित, जीवन, जिन्दगी (हे १, २७१; प्राप्र)। °नाह पुं [°नाथ] प्राण-पति (सुपा ३१५)। °रिसिका स्त्री [°रिसिका] वनस्पति-विशेष (पराण १—पत्र ३६)।

जीविआ स्त्री [जीविका] १ ग्राजीविका, निर्वाह-साधक वृत्ति (ठा ४, २; स २१८; णाया १, १)।

जीविओसविय वि [जीवितोत्सविक] जीवन में उत्सव के तुल्य, जीवनोत्सव के समान (भग ६, ३३; राय)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीविओसासिय वि [जीवितोच्छ्वासिक] जीवन को बढ़ानेवाला (भग ६, ३३)।
जीविगा देखो जीविआ (स २१८)।
जीह अक [लस्ज्] लज्जा करना, शरमाना। जीहइ (हे ४, १०३; षड्)।
जीहा स्त्री [जिह्वा] जीभ, रसना (आचा; स्वप्न ७८)। °ल वि [वत्] लम्बी जीभवाला (पउम ७, १२०; नमि ८; सुर २, ६२)।
जीहाविअ वि [लज्जित] लज्जा-युक्त किया गया, लजाया गया (कुमा)।
जु देखो जुज (कुमा)। कवकृ. जुज्जंत (सम्म १०७; से १२, ८७)।
जु° स्त्री [युध्] लड़ाई, युद्ध; 'जुधि···वातिभए घेप्पइ' (विसे ३०१६)।
जु अ [दे] निश्चय-सूचक अव्यय (सा ४)।
जुअ देखो जुग (से १२, ६०; इक; पराह १, १)। ६ युग्म, जोड़ा, उभय (पिंग; सुर २, १०२; सुपा १६०)।
जुअ वि [युत] युक्त, संलग्न, सहित (दे १, ८१; सुर ४, ६४)।
जुअ देखो जुव (गा २२८; कुमा; सुर २, १७७)।
जुअइ स्त्री [युवति] तरुणी, जवान स्त्री (गउड; कुमा)।
जुअंजुअ (अप) अ [युतयुत] जुदा-जुदा, अलग-अलग, भिन्न-भिन्न (हे ४, ४२२)।
जुअण [दे] देखो जुअल=(दे) (षड्)।
जुअणद्ध पुं [युगनद्ध] ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग, जिसमें बैल के कंधे पर रखे हुए युग—जुआ या जुआठ की तरह चन्द्र और सूर्य तथा नक्षत्र अवस्थित होते हैं वह योग (सुज १२—पत्र २३३)।
जुअय न [युतक] जुदा, पृथक् (दे ७, ७३)।
जुअरज्ज न [यौवराज्य] युवराज का भाव या पद, युवरापन (स २६८)।
जुअल न [युगल] १ युग्म, जोड़ा, उभय (पाअ)। २ वे दो पद्य जिनका अर्थ एक दूसरे से सापेक्ष हो (श्रा १४)।
जुअल पुं [दे] युवा, तरुण, जवान (दे ३, ४७)।

जुअलिअ वि [दे] द्विगुणित (दे ३, ४७)।
जुअलिय देखो जुगलिय (णाया १, १)।
जुअली स्त्री [युगली] युग्म, जोड़ा (प्राकृ ३८)।
जुआण देखो जुवाण (गा ५७; २४६)।
जुआरि स्त्री [दे] जुआरि, अन्न-विशेष (सुपा ५४६; सुर १, ७१)।
जुइ स्त्री [द्युति] कान्ति, तेज, प्रकाश, चमक (औप; जीव ३)। °म, °मंत वि [°मत्] तेजस्वी, प्रकाशशाली (स ६४१; पउम १०२, १५६)।
जुइ स्त्री [युति] संयोग, युक्तता (ठा ३, ३)।
जुइ पुं [युगिन्] स्वनाम ख्यात एक जैन मुनि (पउम ३२, ५७)।
जुईम वि [द्युतिमत्] तेजस्वी (सूअ १, ६, ८)।
जुउच्छ सक [जुगुप्स्] घृणा करना, निन्दा करना। जुउच्छइ (हे ४, ४; षड्; से ५, ५)।
जुउच्छिअ वि [जुगुप्सित] निन्दित (निचू ४)।
जुंगिय वि [दे] जाति, कर्म या शरीर से हीन, जिसको संन्यास देने का जैन शास्त्रों में निषेध है (पुप्फ १२५)।
जुंगिय वि [दे] १ काटा हुआ (पिंड ४४६)। २ दूषित (सिरि २२३)।
जुंज सक [युज्] जोड़ना, युक्त करना। जुंजइ (हे ४, १०६)। वकृ. जुंजंत (ओघ ३२६)।
जुंजण न [योजन] जोड़ना, युक्त करना, किसी कार्य में लगाना (सम १०६)।
जुंजणया } जुंजणा } स्त्री [योजना] १ ऊपर देखो (औप; ठा ७)। २ करण-विशेष—मन, वचन और शरीर का व्यापार; 'मणवयणकायकिरिया पन्नरसविहाउ जुंजणाकरणं' (विसे ३३६०)।
जुंजम [दे] देखो जुंजुमय (उप ३१८)।
जुंजिअ वि [दे] बुभुक्षित, भूखा (णाया १, १—पत्र ६६; ६८ टी)।
जुंजुमय न [दे] हरा तृण-विशेष, एक प्रकार की हरी घास, जिसको पशु चाव से खाते हैं (स ४८७)।

जुंजुरुड वि [दे] परिग्रह-रहित (दे ३, ४७)।
जुग पुं [युग] १ काल-विशेष—सत्य, त्रेता, द्वापर और कलि ये चार युग (कुमा)। २ पाँच वर्ष का काल (ठा २, ४—पत्र ८६; सम ७५)। ३ न. चार हाथ का यूप (औप; पराह १, ४)। ४ शकट का एक अंग, धुर, गाड़ी या हल खींचने के समय जो बैलों के कन्धे पर रक्खे जाते हैं (उप पृ १३६; उत्त २)। ५ चार हाथ का परिमाण (अणु)। ६ देखो जुअ=युग। °प्पवर वि [°प्रवर] युग-श्रेष्ठ (भग)। °प्पहाण वि [°प्रधान] १ युग-श्रेष्ठ (रंभा)। २ पुं. युग-श्रेष्ठ जैन आचार्य की एक उपाधि (पव २६४, गुरु १)। °बाहु पुं [°बाहु] १ विदेह वर्ष में उत्पन्न स्वनाम-प्रसिद्ध एक जिनदेव (विपा २, १)। २ विदेह वर्ष का एक त्रिखण्डाधिपति राजा (आचू ४)। ३ मिथिला का एक राजा (तित्थ)। ४ वि. यूप या खंभा की तरह लम्बा हाथवाला, दीर्घ-बाहु (ठा ६)। °मच्छ पुं [°मत्स्य] की एक जाति (विपा १, ८—पत्र ८४ टी) °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (ठा ५, ३)।
जुगंतर न [युगान्तर] यूप-परिमित भूमि-भाग, चार हाथ जमीन (पराह २, १)। °पलोयणा स्त्री [°प्रलोकना] चलते समय चार हाथ जमीन तक दृष्टि रखना (भग)।
जुगंधर न [युगन्धर] १ गाड़ी का काष्ठ-विशेष, शकट का एक अवयव (जं १)। २ पुं. विदेह वर्ष में उत्पन्न एक जिन-देव (आचू १)। ३ एक जैन मुनि (पउम २०, १८)। ४ एक जैन आचार्य (आवम)।
जुगल न [युगल] युग्म, जोड़ा, उभय (अणु; राय)।
जुगलि वि [युगलिन्] स्त्री-पुरुष के युग्म रूप से उत्पन्न होनेवाला (रयण २२)।
जुगलिय वि [युगलित] १ युग्म-युक्त, द्वन्द्व-सहित (जीव ३)। २ युग्म रूप से स्थित (राज)।
जुगव वि [युगवन्] समय के उपद्रव से वर्जित (अणु; राय)।
जुगव } जुगवं } अ [युगपत्] एक ही साथ, एक ही समय में; 'कारणकज्ज-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विभागो दीवपगासाए जुगवजम्मेवि' (विसे ५३६ टी; औप)।

जुगुच्छ देखो जुउच्छ। जुगुच्छइ (हे ४, ४)।

जुगुच्छणया } स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, जुगुच्छा } तिरस्कार (स १६७; प्राप्र)।

जुगुच्छिय वि [जुगुप्सित] घृणित, निन्दित (कुमा)।

जुग्ग न [युग्य] १ वाहन, गाड़ी वगैरह यान (आचा)। २ शिविका, पुरुष-यान (सूअ २, २; जं २)। ३ गोल्ल देश में प्रसिद्ध दो हाथ का लम्बा-चौड़ा यान-विशेष, शिविका-विशेष (णाया १, १; औप)। ४ वि. यान-वाहक अश्व आदि। ५ भार-वाहक (ठा ४, ३)। °यरिया, °रिया स्त्री [°चर्या] वाहन की गति (ठा ४, ३—पत्र २३६)।

जुग्ग वि [योग्य] लायक, उचित (विसे २६६२; सं ३१; प्रासू ५६; कुमा)।

जुग्ग न [युग्म] युगल, द्वन्द्व, उभय (कुमा; प्राप्र; प्राप)।

जुज्ज देखो जुंज। जुज्जइ (हे ४, १०६, षड्)। जुज्जंत देखो जु।

जुज्झ अक [युध्] लड़ाई करना, लड़ना। जुज्झइ (हे ४, २१७; षड्)। वकृ. जुज्झंत, जुज्झमाण (सुर ६, २२२; २, ५१)। संकृ. जुज्झित्ता (ठा ३, २)। प्रयो. जुज्झावेइ (महा)। वकृ. जुज्झावेंत (महा)। कृ. जुज्झावेयव्व (उप पृ २२५)।

जुज्झ न [युद्ध] लड़ाई, संग्राम, समर (णाया १, ८; कुमा; कप्पू; गा ६८४)। °इजुद्ध न [°तियुद्ध] महायुद्ध, पुरुषों की बहत्तर कलाओं में एक कला (औप)।

जुज्झण न [योधन] युद्ध लड़ाई (सुपा ५२७)।

जुज्झिअ वि [युद्ध] १ लड़ा हुआ, जिसने संग्राम किया हो वह (से १५, ३७)। २ न. युद्ध, लड़ाई, संग्राम (स १२६)।

जुट्ठ वि [जुष्ट] सेवित (प्रामा)।

जुट्ठ न [दे] झूठ, असत्य; 'आ टुट्ठ तुमं जुट्ठं जंपसि' (धर्मवि १३३)।

जुडिअ वि [दे] आपस में जुटा हुआ, लड़ने के लिए एक दूसरे से भीड़ा हुआ; 'सुहडेहिं समं सुहडा जुडिया तह साइणावि साईहिं' (उप ७२८ टी)।

जुण्ण वि [दे] विदग्ध, निपुण, दक्ष (दे ३, ४७)।

जुण्ण वि [जीर्ण] जूना, पुराना (हे १, १०२; गा ५३४)।

जुण्णदुग्ग न [जीर्णदुर्ग] नगर-विशेष, जो आजकल भी 'जूनागढ' नाम से प्रसिद्ध है (ती २)।

जुण्ह देखो जोण्ह = ज्यौत्स्न (सुज १६)।

जुण्हा स्त्री [ज्योत्स्ना] चाँदनी, चन्द्रिका, चन्द्र का प्रकाश (सुपा १२१; सण)।

जुत्त सक [युक्तय्] जोतना। संकृ. जुत्तित्ता (ती १५)।

जुत्त वि [युक्त] १ संगत, उचित, योग्य (णाया १, १६; चंद २०)। २ संयुक्त, जोड़ा हुआ, मिला हुआ, संबद्ध (सूअ १, १, १; आचू)। ३ उद्युक्त, किसी कार्य में लगा हुआ (पव ६४)। ४ सहित, समन्वित (सूअ १, १, ३; आचा)। °संखिज्ज न [°संख्येय] संख्या-विशेष (कम्म ४, ७८)।

जुत्ताणंतय पुंन [युक्तानन्तक] गणना-विशेष (अणु २३४)।

जुत्तासंखेज्जय देखो जुत्तासंखिज्ज (अणु २३४)।

जुत्ति स्त्री [युक्ति] १ योग, योजन, जोड़, संयोग (औप; णाया १, १०)। २ न्याय, उपपत्ति (उप ६५०; प्रासू ६३)। ३ साधन, हेतु (सूअ १, ३, ३)। °ण्ण वि [°ज्ञ] युक्ति का जानकार (औप)। °सार वि [°सार] युक्ति-प्रधान, युक्त, न्याय-संगत, प्रमाण-युक्त (उप ७२८ टी)। °सुवण्ण न [°सुवर्ण] बनावटी सोना (दस १०, ३६)। °सेण पुं [°षेण] ऐरवत वर्ष के अष्टम जिन-देव (सम १५३)।

जुत्तिय वि [यौक्तिक] गाड़ी वगैरह में जो जोता जाय, 'जुत्तियतुरंगमाणं' (सुपा ७७)।

जुद्ध देखो जुज्झ = युद्ध (कुमा)।

जुन्न देखो जुण्ण (सुर १, २४४)

जुन्हा देखो जुण्हा (सुपा १५७)।

जुप्प देखो जुंज जुप्पइ (हे ४, १०६)। जुप्पसि (कुमा)।

जुम्म न [युग्म] १ युगल, दोनों, उभय (हे २, ६२; कुमा)। २ पुं. सम राशि (ओघ ४०७; ठा ४, ३—पत्र २३७)। °पएसिय वि [°प्रादेशिक] सम-संख्य प्रदेशों से निष्पन्न (भग २५, ४)।

जुम्म न [युग्म] परस्पर सापेक्ष दो पद्य (सिरि ३६१)।

जुम्ह° स [युष्मत्] द्वितीय पुरुष का वाचक सर्वनाम, 'जुम्हदम्हपयरणं' (हे १, २४६)।

जुरुमिल्ल वि [दे] गहन, निबिड़, सान्द्र; 'दुहजुरुमिल्लावत्थं' (दे ३, ४७)।

जुव पुं [युवन्] जवान, तरुण (कुमा)। °राअ पुं [°राज] गद्दी का वारिस (उत्तराधिकारी) राजकुमार, भावी राजा (सुर २, १७५; अभि ८२)।

जुवइ स्त्री [युवति] तरुणी, जवान स्त्री (हे १, ४; औप; गउड; प्रासू ६३; कुमा)।

जुवंगव पुं [युवगव] तरुण बैल (आचा २, ४, २)।

जुवरज्ज न [यौवराज्य] १ युवराजपन (उप २११ टी; सुर १६, १२७)। २ राजा के मरने पर जब तक युवराज का राज्याभिषेक न हुआ हो तबतक का राज्य (आचा २, ३, १)। ३ राजा के मरने पर और युवराज के राज्याभिषेक हो जाने पर भी जबतक दूसरे युवराज की नियुक्ति न हुई हो तबतक का राज्य (बृह १)।

जुवल देखो जुगल (स ४७८; पउम ६५, २३)।

जुवलिय देखो जुगलिय (भग; औप)।

जुवाण देखो जुव (पउम ३, १४६; णाया १, १; कुमा)।

जुवाणी देखो जुवई (पउम ८, १८४)।

जुव्वण } देखो जोव्वण (प्रासू ४६, जुव्वणत्त } ११६); 'पढमं चिय बालत्तं, 'तत्तो कुमरत्तजुव्वणत्ताइं' (सुपा २४३)।

जुसिअ वि [जुष्ट] सेवित; 'पाएण देइ लोगो उवगारिसु परिचिए व जुसिए वा' (ठा ४, ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जुहिट्ठिर } देखो जहिट्ठिल (पिंग; उप
जुहिट्ठिल } ६४८ टी; णाया १, १६—
जुहिट्ठिल्ल } पत्र २०८; २२६)।

जुहु सक [हु] १ देना, अर्पण करना। २ हवन करना, होम करना। जुहुणामि (ठा ७—पत्र ३८१; पि ५०१)।

जूअ न [द्यूत] जुआ, द्यूत (पाअ)। °कर वि [°कर] जुआरी, जुए का खिलाड़ी (सुपा ५२२)। °कार वि [°कार] वही पूर्वोक्त अर्थ (णाया १, १८)। °कारि वि [°कारिन्] जुआरी (महा)। °केलि स्त्री [°केलि] द्यूत-क्रीड़ा (रयण ४८)। °खलय न [°खलक] जुआ खेलने का स्थान (राज)। °केलि देखो °केलि (रयण ४७)।

जूअ पुं [यूप] १ जुआ, धुर, गाड़ी का अवयव-विशेष जो बैलों के कन्धे पर डाला जाता है, जुअड़ (उप पृ १३६)। २ स्तम्भ-विशेष; 'जूअसहस्सं मुसल सहस्सं च उस्सवेह' (कप्प)। ३ यज्ञ-स्तम्भ (जं ३)। ४ एक महापाताल-कलश (पव २७२)।

जूअअ पुं [दे] चातक पक्षी (दे ३, ४७)।

जूअग पुं [यूपक] देखो जूअ = यूप (सम ७१)।

जूअग पुं [यूपक] सन्ध्या की प्रभा और चन्द्र की प्रभा का मिश्रण (ठा १०)।

जूआ स्त्री [यूका] १ जूँ, चीलड़, खटमल, क्षुद्र कीट-विशेष (जी १६)। २ परिमाण-विशेष, आठ लिक्षा का एक नाप (ठा ६; इक)। °सेज्जायर वि [°शय्यातर] यूकाओं को स्थान देनेवाला (भग १५)।

जूआर वि [द्यूतकार] जुआरी, जुए का खेलाड़ी (रंभा; भवि, सुपा ४००)।

जूआरि } वि [द्यूतकारिन्] जुआ खेलने-
जूआरिअ } वाला, जुए का खेलाड़ी (द्र ४३, सुपा ४००; ४८८; स १५०)।

जूझ देखो जुज्झ = युध्। कृ. यूझियव्व (सिरि १०२५)।

जूड पुं [जूट] कुन्तल, केश-कलाप (दे ४, २४; भवि)।

जूय न [यूप] लगातार छः दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

जूयय } पुं [यूपक] शुक्ल पक्ष की द्वितीया
जूवय } आदि तीन दिनों में होती चन्द्र की कला और संध्या के प्रकाश का मिश्रण (अणु १२०; पव २६८)।

जूर सक [गर्ह] निंदा करना। जूरंति (सूअ २, २, ५५)।

जूर अक [क्रुध्] क्रोध करना, गुस्सा करना। जूरइ (हे ४, १३२; षड्)।

जूर अक [खिद्] खेद करना, अफसोस करना। जूरइ (हे ४, १३२; षड्)। जूर (कुमा)। भवि. जूरिहिइ (हे २, १९३)। वकृ. जूरंत (हे २, १९३)।

जूर अक [जूर्] १ झुरना, सूखना। २ सक. वध करना, हिंसा करना (राज)।

जूरण न [जूरण] १ सूखना, झुरना। २ निन्दा, गर्हण (राज)।

जूरव सक [वञ्च्] ठगना, वंचना। जूरवइ (हे ४, ९३)।

जूरवण वि [वञ्चन] ठगनेवाला (कुमा)।

जूरावण न [जूरण] झुराना, शोषण (भग ३, २)।

जूराविअ वि [क्रोधित] क्रुद्ध किया हुआ, कोपित (कुमा)।

जूरिअ वि [खिन्न] खेद-प्राप्त (पाअ)।

जूरुम्मिलय वि [दे] गहन, निबिड, सान्द्र (दे ३, ४७)।

जूल देखो जूर = क्रुध्। जूल (गा ३५४)।

जूव देखो जूअ = द्यूत (णाया १, २—पत्र ७९)।

जूव } देखो जूअ = यूप (इक; ठा ४,
जूवय } २)।

जूस देखो झूस (ठा २, १; कप्प)।

जूस पुंन [यूष] जूस, मूँग वगैरह का क्वाथ, कढी (ओघ १४७; ठा ३, १)।

जूसअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (षड्)।

जूसणा स्त्री [जोषणा] सेवा (कप्प)।

जूसिय वि [जुष्ट] १ सेवित (ठा २, १)। २ क्षपित, क्षीण (कप्प)।

जूह न [यूथ] समूह, जत्था (ठा १०; गा ५४८)। °वइ पुं [°पति] समूह का अधिपति, यूथ का नायक (से ६, ६८; णाया १, १; सुपा १३७)। °हिव पुं [°धिप] पूर्वोक्त ही अर्थ (गा ५४८)। °हिवइ पुं [°धिपति] यूथ-नायक (उत्त ११)।

जूह न [यूथ] युग्म, युगल, जोड़ा (आचा २, ११, २)। °काम न [°काम] लगातार चार दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

जूहिय वि [यूथिक] यूथ में उत्पन्न (आचा २, २)।

जूहियठाण न [यूथिकस्थान] विवाह-मण्डप वाली जगह (आचा २, ११, २)।

जूहिया स्त्री [यूथिका] लता-विशेष, जूही का पेड़ (पण्ण १; पउम ५३, ७९)।

जूही स्त्री [यूथी] लता-विशेष, माधवी लता (कुमा)।

जे अ. १ पाद-पूर्त्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (हे २, २१७)। २ अवधारण-सूचक अव्यय (उव)।

जेअ वि [जेय] जीतने योग्य (रुक्मि ५०)।

जेअ वि [जेतृ] जीतनेवाला (सूअ १, ३, १, १; १, ३, १, २)।

जेउ वि [जेतृ] जीतनेवाला, विजेता (भग २०, २)।

जेउआण }
जेउं } देखो जिण = जि।
जेऊण }

जेकार पुं [जयकार] 'जय-जय' आवाज स्तुति; 'हुंति देवाण जेक्कारो' (गा ३३२)।

जेट्ठ देखो जिट्ठ = ज्येष्ठ (हे २, १७२; महा; उवा)।

जेट्ठ देखो जिट्ठ = ज्यैष्ठ (महा)।

जेट्ठा देखो जिट्ठा (सम ८; आचू ४)। °मूल पुं [°मूल] जेठ मास (ओप; णाया १, १३)। °मूली स्त्री [°मूली] जेठ मास की पूर्णिमा (सुज १०)।

जेट्ठामूली स्त्री [ज्येष्ठामूली] १ जेठ मास की पूर्णिमा। २ जेठ मास की अमावस्या (सुज १०, ६)।

जेग देखो जइण = जैन (सम्मत्त ११७)।


दिप्पिर देखो दिप्प = दीप्र (कुमा)।

दियाव सक [दा] देना। दियावेइ (पंचा १३, १२)।

दिरय पुं [द्विरद] हस्ती, हाथी (हे १,९४)।

दिर्लंदिलिअ [दे] देखो दिड्डिदिलिअ (गा ७४१)।

दिलिदिल अक [दिलदिलाय्] 'दिल् दिल्' आवाज करना। वकृ. दिलिदिलंत (पउम १०२, २१)।

दिलिवेढय पुं [दिलिवेष्टक] एक प्रकार का ग्राह, जल-जन्तु की एक जाति (पण्ह १, १)।

दिड्डिदिलिअ पुं [दे] बालक, शिशु, लड़का (दे ५, ४०)। स्त्री. °आ; बाला, लड़की (गा ७४१)।

दिव उभ [दिव्] १ क्रीड़ा करना। २ जीतने की इच्छा करना। ३ लेन-देन करना। ४ चाहना, वांछना। ५ आज्ञा करना। दिवइ, दिवए (षड्)।

दिव न [दिव्] स्वर्ग, देवलोक (कुप्र ४३६; भवि)।

दिवड्ढ वि [द्व्यपार्ध] डेढ़, एक और आधा (विसे ६९३; स ५५; सुर १०, २०८; सुपा ५८०; भवि; सम ६६; सुज्ज १;१०, ठा ६)।

दिवस } देखो दिअस (हे १, २६३; उव;
दिवह } प्रासू १२; सुपा ३०७; वेणी ४७)। °पुहुत्त न [°पृथक्त्व] दो से लेकर नव दिन तक का समय (भग)।

दिवा देखो दिआ (णाया १, ४; प्रासू ९०)। °इत्ति पुं [°कीर्ति] चाण्डाल, भंगी (दे ५, ४१)। °कर पुं [°कर] सूर्य, सूरज (उत्त ११)। °कित्ति पुं [°कीर्ति] नापित, हजाम (कुप्र २८८)। °गर देखो °कर (णाया १, १; कुप्र ४१५)। °मुह न [°मुख] प्रभात (गउड)। °यर देखो °कर (सुपा ३९; ३१४)। °यरत्थ न [°कराम्र] प्रकाश-कारक अस्त्र-विशेष (पउम ६१, ४४)।

दिवायर पुं [दिवाकर] १ सिद्धसेन नामक विख्यात जैन कवि और तार्किक। २ पूर्वधर मुनि (सम्मत्त १४१)।

दिवि देखो देव; 'दिविणावि काणपुरिसे-णव्व एसा दासी अहं च विप्पवरो एगया दिट्ठीए दिस्सामो' (रंभा)।

दिविअ पुं [द्विविद] वानर-विशेष (से ४, ८; १३, ८२)।

दिविज वि [दिविज] १ स्वर्ग में उत्पन्न। २ पुं. देव, देवता (अजि ७)।

दिविट्ठ देखो दुविट्ठ (राज)।

दिवे (अप) देखो दिवा (हे ४, ४१९; कुमा)।

दिव्व वि [दिव्य] १ स्वर्ग-सम्बन्धी, स्वर्गीय (स २; ठा ३, ३)। २ उत्तम, सुन्दर, मनोहर (पउम ८, २६१; सुर २, २४२; प्रासू १२८)। ३ प्रधान, मुख्य (औप)। ४ देव-सम्बन्धी (ठा ४, ४; सूअ १, २, २)। ५ न. शपथ-विशेष, आरोप की शुद्धि के लिए किया जाता अग्नि-प्रवेश आदि (उप ८०४)। ६ प्राचीन काल में अपुत्रक राजा की मृत्यु हो जाने पर जिस चमत्कार-जनक घटना से राज-गद्दी के लिए किसी मनुष्य का निर्वाचन होता था वह हस्ति-गर्जन, अश्व-हेषा आदि अलौ-किक प्रमाण (उप १०३१ टी)। °माणुस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न [°मानुष] देव और मनुष्य संबन्धी हकीकतों का जिसमें वर्णन हो ऐसी कथा-वस्तु (स २)।

दिव्व न [दिव्य] १ तेला, तीन दिन का लगातार उपवास (संबोध ५८)। २ वि. देव-सम्बन्धी; 'तिरिया मणुया य दिव्वगा, उवसग्गा तिविहाहियासिया' (सूअ १, २, २, १५)।

दिव्व देखो दइव (सुपा १६१)।

दिव्व देखो देव; 'अमोहं दिव्वदंसणंति' (कुप्र ११२)।

दिव्वाग पुं [दिव्याक] सर्प की एक जाति (पएण १)।

दिव्वासा स्त्री [दे] चामुण्डा, देवी-विशेष (दे ५, ३६)।

दिस सक [दिश्] १ कहना। २ प्रतिपादन करना। दिसइ (भवि)। कवकृ. दिस्समाण (राज)।

दिस पुं [दिश] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)।

दिस वि [दिश्य] दिशा में उत्पन्न (से ६, ५०)।

दिसआ स्त्री [दृषद्] पत्थर, पाषाण (षड्)।

दिसाइ देखो दिसा-दि (सुज्ज ५ टी—पत्र ७८)।

दिसा, दिसि, दिसी° स्त्री [दिश्] १ दिशा, पूर्व आदि दस दिशाएँ (गउड; प्रासू ११३; महा; सुपा २६७; पएह १, ४; दं ३१; भग)। २ प्रौढ़ा स्त्री (से १, १६)। °अक्क न [°चक्र] दिशाओं का समूह (गा ५३०)। °कुमरी स्त्री [°कुमारी] देवी-विशेष (सुपा ४०)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (पएण २; औप)। °कुमारी देखो °कुमरी (महा; सुपा ४१)। °गअ पुं [°गज] दिग्-हस्ती (से २, ३; १०, ४६)। °गइद पुं [°गजेन्द्र] दिग्-हस्ती (पि १३६)। °चक्क देखो °अक्क (सुपा ५२३; महा)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] १ दिशाओं का समूह। २ तप-विशेष (निर १, ३)। °चर पुं [°चर] देशाटन करनेवाला भक्त (भग १५)। °जत्ता देखो °यत्ता (उप ७६८ टी)। °जत्तिय देखो °यत्तिय (उवा)। °डाह पुं [°दाह] दिशाओं में होनेवाला एक तरह का प्रकाश, जिसमें नीचे अन्धकार और ऊपर प्रकाश दीखता है; यह भावी उपद्रवों का सूचक है (भग ३, ७)। °णुवाय पुं [°अनुपात] दिशा का अनुसरण (पएण ३)। °दंति पुं [°दन्तिन्] दिग्-हस्ती (सुपा ४८)। °दाह देखो °डाह (भग ३,७)। °दि पुं [°आदि] मेरु पर्वत (सुज्ज ५)। °देवया स्त्री [°देवता] दिशा की अधिष्ठात्री देवी (रंभा)। °पोक्खि पुं [°प्रोक्षिन्] एक प्रकार का वानप्रस्थ (औप)। °भाअ पुं [°भाग] दिग्भाग (भग; औप; कप्पू; विपा १, १)। °मत्त न [°मात्र] अत्यल्प, संक्षिप्त (उप ७४६)। °मोह पुं [°मोह] दिशा का भ्रम (निचू १६)। °यत्ता स्त्री [°यात्रा] देशाटन, मुसाफिरी (स १६५)। °यत्तिय वि [°यात्रिक] दिशाओं में फिरनेवाला (उवा)। °लोय पुं [°आलोक] दिशा का प्रकाश (विपा १, ६)। °वह पुं [°पथ] दिशा-रूप मार्ग (पउम २, १००)। °वाल पुं [°पाल] दिक्पाल, दिशा का अधिपति (स ३६६)। °वेरमण न [°विरमण] जैन गृहस्थ को पालने का एक नियम—दिशा में जाने-आने का परिमाण करना (धर्म्म २)। °व्वय न [°व्रत] देखो °वेरमण (औप)। °सोत्थिय पुं [°स्वस्तिक] स्वस्तिक-विशेष (औप)। °सोवत्थिय पुं [°सौवस्तिक] १ स्वस्तिक-विशेष, दक्षिणावर्त्त स्वस्तिक (पएह १, ४)। २ न. एक देव-विमान (सम ३८)। ३ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] दिग्गज, दिशाओं में स्थित ऐरवत आदि आठ हस्ती। °हत्थिकूड पुंन [°हस्तिकूट] दिशा में स्थित हस्ती के आकारवाला शिखर-विशेष, वे आठ हैं—पद्मोत्तर, नीलवन्त, सुहस्ती, अञ्जनगिरि, कुमुद, पलाश, अवतंस और रोचनगिरि (जं ४)।

दिसेभ पुं [दिगिभ] दिग्गज, दिग्-हस्ती (गउड)।

दिस्स वि [दृश्य] देखने योग्य, प्रत्यक्ष ज्ञान का विषय (धर्मसं ४२८)।

दिस्स, दिस्सं, दिस्समाण } देखो दक्ख = दृश्।

दिस्समाण देखो दिस।

दिस्सा देखो दक्ख = दृश्।

दिहा अ [द्विधा] दो प्रकार (हे १, ६७)।

दिहि स्त्री [धृति] धैर्य, धीरज (हे २, १३१; कुमा)। °म वि [°मत्] धैर्य-शाली, धीर (कुमा)।

दीअ देखो दीव = दीप (गा १३५; ५४७)।

दीअअ देखो दीवय (गा १३५)।

दीअमाण देखो दा = दा।

दीण वि [दीन] १ रंक, गरीब (प्रासू २३)। २ दुःखित, दुःस्थ (णाया १, १)। ३ हीन, न्यून (ठा ४, २)। ४ शोक-ग्रस्त, शोकातुर (विपा १, २; भग)।

दीणार पुं [दीनार] सोने का एक सिक्का (कप्प; उप पृ ६४; ५६७ टी)।

दीपक्क, दीपक्क } (अप) पुंन [दीपक] छन्द-विशेष (पिंग)।

दीव देखो दिव = दिव्। वकृ. 'अक्खेहि कुसुलेहि दीवयं (सूअ १, २, २, २३)।

दीव सक [दीपय्] १ दीपाना, शोभाना। २ जलाना। ३ तेज करना। ४ प्रकट करना। ५ निवेदन करना। दीवइ (ओघ ४३४)। दीवेइ (महा)। वकृ. दीवयंत (कप्प)। संकृ. दीवेत्ता (ओघ ४३४; कस)। कृ. दीवणिज्ज (कप्प)।

दीव पुं [दीप] १ प्रदीप, दिया, चिराग, आलोक (चारु १६; णाया १, १)। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, प्रदीप का कार्य करनेवाला कल्पवृक्ष (सम १७)। °चंपय न [°चम्पक] दिया का ढकना, दीप-पिधान (भग ८, ६)। °ालि स्त्री [°ालि] १ दीप-पंक्ति। २ दीवाली, पर्व-विशेष, कार्तिक वदी अमावस (दे ३, ४३)। °ावली स्त्री [°ावली] पूर्वोक्त ही अर्थ (ती १६)।

दीव पुं [द्वीप] १ जिसके चारों ओर जल भरा हो ऐसा भूमि-भाग (सम ५१; ठा १०)। २ भवनपति देवों की एक जाति, द्वीपकुमार देव (पएह १,४; औप)। ३ व्याघ्र (जीव १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°कुमार पुं [°कुमार] एक देव-जाति (भग १६, १३)। °ण्णु वि [°ज्ञ] द्वीप के मार्ग का जानकार (उप ५६५)। °सागरपन्नत्ति स्त्री [°सागरप्रज्ञप्ति] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमें द्वीपों और समुद्रों का वर्णन है (ठा ३, २—पत्र १२६)।

दीव पुं [द्वीप] सौराष्ट्र का एक नगर, दीव (पव १११)।

दीवअ पुं [दे] कृकलास, गिरगिट (दे ५, ४१)।

दीवअ पुं [दीपक] १ प्रदीप, दिया, चिराग, आलोक (गा २२२; महा)। २ वि. दीपक, प्रकाशक, शोभा-कारक (कुमा)। ३ न. छन्द-विशेष (अजि २६)।

दीवंग पुं [दीपाङ्ग] प्रदीप का काम देनेवाले कल्पवृक्ष की एक जाति (ठा १०)।

दीवग देखो दीवअ = दीपक (श्रा ६; आवम)।

दीवड पुं [दे] जलजन्तु-विशेष, 'फुरंतसिप्पि-संपुडं भमंतभीमदीवडं' (सुर १०, १८८)।

दीवण न [दीपन] प्रकाशन (ओघ ७४)।

दीवणा स्त्री [दीपना] प्रकाश; 'धुओ संतगुण-दीवणाहिं' (स ६७५)।

दीवणिज्ज वि [दीपनीय] १ जठराग्नि को बढ़ानेवाला (णाया १, १—पत्र १६)। २ शोभायमान, देदीप्यमान (पण्ण १७)।

दीवय देखो दीव = दिव्।

दीवयंत देखो दीव = दीपय्।

दीवायण पुं [द्वीपायन, द्वैपायन] एक प्राचीन ऋषि, जिसने द्वारका नगरी जलाने का निदान किया था, और जो आगामी उत्सर्पिणी काल में भरत-क्षेत्र में एक तीर्थंकर होगा (अंत १५; सम १५४; कुप्र ६३)।

दीवि } पुं [द्वीपिन्] व्याघ्र की एक जाति,
दीविअ } चीता (गा ७६१; णाया १, १—पत्र ६५; पण्ह १, १)।

दीविअ वि [दीपित] १ जलाया हुआ (पउम २२, १७)। २ प्रकाशित (ओघ)।

दीविअंग पुं [दीपिकाङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो अन्धकार को दूर करता है (पउम १०२, १२५)।

दीविआ स्त्री [दे] १ उपदेहिका, क्षुद्र कीट-विशेष। २ व्याध की हरिणी, जो दूसरे हरिणों के आकर्षण करने के लिए रखी जाती है (दे ५, ५३)। ३ व्याध-संबन्धी पिंजड़े में रखा हुआ तितिर पक्षी (णाया १, १७—पत्र २३२)।

दीविआ स्त्री [दीपिका] छोटा दिया, लघु प्रदीप (जीव ३)।

दीविच्चग वि [द्वैप्य] द्वीप में उत्पन्न, द्वीप में पैदा हुआ (णाया १, ११—पत्र १७१)।

दीवी (अप) देखो देवी (रंभा)।

दीवी स्त्री [दीपिका] लघु प्रदीप, छोटा दिया; 'दीवि व्व तीइ बुद्धी' (श्रा १६)।

दीवूसव पुं [दीपोत्सव] कार्तिक बदी अमावस, दीवाली, दीपावली (ती १६)।

दीसंत } देखो दक्ख = दृश्।
दीसमाण }

दीह वि [दीर्घ] १ आयत, लम्बा (ठा ४, २; प्राप्र; कुमा)। २ पुं. दो मात्रावाला स्वर-(पिंग)। ३ कोशल देश का एक राजा (उप पृ ५८)। °काय [°काय] अग्निकाय (आचा०अध्य० १—१—४)। °कालिगी स्त्री [°कालिकी] संज्ञा-विशेष, बुद्धि-विशेष, जिससे सुदीर्घ भूतकाल की बातों का स्मरण और सुदीर्घ भविष्य का विचार किया जा सकता है (दं ३२; विसे ५०८)। °कालिय वि [°कालिक] १ दीर्घ काल से उत्पन्न, चिरंतन; 'दीहकालिएणं रोगातंकेणं' (ठा ३, १)। २ दीर्घकाल-सम्बन्धी (आवम)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] १ लम्बी सफर। २ मरण, मौत (स ७२६)। °डक्क वि [°दष्ट] जिसको साँप ने काटा हो वह (निचू १)। °णिद्दा स्त्री [°निद्रा] मरण, मौत (राज)। °दंत पुं [°दन्त] १ भारतवर्ष का एक भावी चक्र-वर्त्ती राजा (सम १५४)। २ एक जैनमुनि (अंत)। °दंसि वि [°दर्शिन्] दूरदर्शी, दूरन्देशी (सुर ३, ३; सं ३२)। °दसा स्त्री. ब. [°दशा] जैन ग्रंथ-विशेष (ठा १०)। °दिट्ठि वि [°दृष्टि] १ दूरदर्शी, दूरन्देशी। २ स्त्री. दीर्घ-दर्शिता (धर्म १)। °पट्ठ पुं [°पृष्ठ] १ सर्प, साँप (उप पृ २२)। २ यवराज का एक मन्त्री (बृह १)। °पास पुं [°पार्श्व] ऐरवत क्षेत्र के सोलहवें भावी जिन-देव (पव ७)। °पेहि वि [°प्रेक्षिन्] दूर-दर्शी (पउम २६, २२; ३१, १०६)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भरत-क्षेत्र में होनेवाला तीसरा वासुदेव (सम १५४)। २ भगवान् चन्द्रप्रभ का पूर्व जन्मीय नाम (सम १५१)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि (कप्प)। °मद्ध वि [°ध्व] लम्बा रास्तावाला (णाया १, १८; ठा २, १; ५, २—पत्र २४०)। °मद्ध वि [°द्ध] दीर्घकाल से गम्य (ठा ५, २—पत्र २४०)। °माउ न [°ायुष्] लम्बा आयुष्य (ठा १०)। °रत्त, °राय पुन [°रात्र] १ लम्बी रात। २ बहु रात्रिवाला, चिर-काल (संक्षि १७; राज)। °राय पुं [°राज] एक राजा (महा)। °लोग पुं [°लोक] वनस्पति का जीव (आचा)। °लोगसत्थ न [°लोक-शस्त्र] अग्नि, वह्नि (आचा)। °वेयड्ढ पुं [°वैताढ्य] स्वनाम-ख्यात पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६९)। °सुत्त न [°सूत्र] १ बड़ा सूता (निचू ५)। २ आलस्य; 'मा कुणसु दीहसुत्तं परकज्जं सीयलं परिगणंतो' (पउम ३०, ६)। °सेण पुं [°सेन] १ अनुत्तर-देवलोक-गामी मुनि-विशेष (अनु २)। २ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न ऐरवत क्षेत्र के आठवें जिन-देव (पव ७)। °ाउ, °ाउय वि [°ायुष्, °ायुष्क] लम्बी उम्रवाला, बड़ी आयुवाला, चिरंजीवी (हे १, २०; ठा ३, १; पउम १४, ३०) °ासण न [°ासन] शय्या (जं १)।

दीह देखो दिअह (कुमा)।

दीहंध वि [दिवसान्ध] दिन को देखने में असमर्थ; 'रत्तिधा दीहंधा' (प्रासू १७६)।

दीहजीह पुं [दे] शंख (दे ५, ४१)।

दीहपिट्ठ देखो दीह-पट्ठ (सिरि ६०५)।

दीहर देखो दीह = दीर्घ (हे २, १७१; सुर २, २१८; प्रासू ११३)। °च्छ वि [°क्ष] लम्बी आँखवाला, बड़े नेत्रवाला (सुपा १४७)।

दीहरिय वि [दीर्घित] लम्बा किया हुआ (गउड)।

दीहिया स्त्री [दीर्घिका] वापी, जलाशय-विशेष (सुर १, ६३; कप्पू)।

दीहीकर सक [दीर्घी + कृ] लम्बा करना। दीहीकरेंति (भग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दु देखो तु (दे २, ६४)।

दु देखो दव = द्रु। कर्म = दुयए (विसे २८)।

दु वि. व. [द्वि] दो, संख्या-विशेषवाला (हे १, ६४; कम्म १; उवा)।

दु पुं [द्रु] १ वृक्ष, पेड़, गाछ (उर ५)। २ सत्ता, सामान्य (विसे २८)।

दु अ [द्विस्] दो बार, दो दफा (सुर १६, ५५)।

दु अ [दुर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अभाव। २ दुष्टता, खराबी। ३ मुश्किल, कठिनाई। ४ निन्दा (हे २, २१७; प्रासू १५८; सुपा १४३; णाया १, १; उवा)।

दुअ न [द्रुत] अभिनय-विशेष (राय ५३)।

दुअ न [द्विक] युग्म, युगल, जोड़ा (से ६२१)।

दुअ त्रि [द्रुत] १ पीड़ित, हैरान किया हुआ (उप ३२० टी)। १ वेग-युक्त। ३ क्रिवि. शीघ्र, जल्दी (सुर १०,१०१; अणु)। °विलंबिअ न [विलम्बित] १ छन्द-विशेष। २ अभिनय-विशेष (राय)।

दुअक्खर पुं [दे] षण्ड, नपुंसक (दे ५, ४७)।

दुअक्खर वि [द्व्यक्षर] १ अज्ञान, मूर्ख, अल्पज्ञ (उप १२९ टी)। २ पुंस्त्री. दास, नौकर (पिंड)। स्त्री. °रिया (आवम)।

दुअणुअ पुं. [द्व्यणुक] दो परमाणुओं का स्कन्ध (विसे २१६२)।

दुअर वि [दुष्कर] मुश्किल, कठिनाई से जो किया जा सके वह (प्राकृ २६)।

दुअल्ल न [दुकूल] १ वस्त्र, कपड़ा। २ महिन वस्त्र, सूक्ष्मवस्त्र (हे १, ११९; प्राप्र)। देखो दुकूल।

दुआइ पुं [द्विजाति] ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य ये तीन वर्ण (हे १, ९४; २, ७९)।

दुआइक्ख वि [दुराख्येय] दुःख से कहने योग्य (ठा ५, १—पत्र २९६)।

दुआर न [द्वार] दरवाजा, प्रवेश-मार्ग (हे १, ७९)।

दुआराह वि [दुराराध] जिसका आराधन कठिनाई से हो सके वह (पराह १, ४)।

दुआरिआ स्त्री [द्वारिका] १ छोटा द्वार। २ गुप्त द्वार, अपद्वार (णाया १, २)।

दुआवत्त न [द्व्यावर्त] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १४७)।

दुइअ, दुइज्ज, दुईअ वि [द्वितीय] दूसरा (हे १, १०१; २०६; कुमा; कप्पू; रयण ४)।

दुइल्ल (अप) वि [द्विचतुर] दो-चार, दो या चार (प्राकृ १२०)।

दुउंछ, दुउच्छ सक [जुगुप्स्] निन्दा करना, घृणा करना। दुउंछइ, दुउच्छइ (हे ४, ४)।

दुउण वि [द्विगुण] दूना, दुगुना (दे ५, ५५; हे १, ६४)। °अर वि [°तर] दूने से भी विशेष, अत्यन्त (से ११, ४७)।

दुउणिअ वि [द्विगुणित] ऊपर देखो (कुमा)।

दुऊल देखो दुअल्ल (प्राप्र; गा ५६९; षड्)।

दुंदुह, दुंदुभ पुं [दुन्दुभ] १ सर्प की एक जाति (दे ७, ५१)। २ ज्योतिष्क-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)।

दुंदुभि देखो दुंदुहि (भग ९, ३३)।

दुंदुमिअ न [दे] गले की आवाज (दे ५, ४५; षड्)।

दुंदुमिणी स्त्री [दे] रूपवाली स्त्री (दे ५, ४५)।

दुंदुहि पुंस्त्री [दुन्दुभि] वाद्य-विशेष (कप्प; सुर ३, ६८; गउड; कुप्र ११८)।

दुंबवती स्त्री [दे] सरित्, नदी (दे ५, ४८)।

दुकड देखो दुक्कड (द्र ४७)।

दुकप्प देखो दुक्कप्प (पंचू)।

दुकम्म न [दुष्कर्मन्] पाप, निन्दित काज या काम (श्रा २७; भवि)।

दुकाल पुं [दुष्काल] अकाल, दुर्भिक्ष (सिरि ४१)।

दुकिय देखो दुक्कय (भवि)।

दुकूल पुं [दुकूल] १ वृक्ष-विशेष। २ वि. दुकूल वृक्ष की छाल से बना हुआ वस्त्र आदि (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

दुकंदिर वि [दुष्क्रन्दिन्] अत्यन्त आक्रन्द करनेवाला (भवि)।

दुक्कड न [दुष्कृत] पाप कर्म, निन्द्य आचरण (सम १२५; हे १, २०६; पडि)।

दुक्कडि, दुक्कडिय वि [दुष्कृतिन्, °क] दुष्कृत करनेवाला, पापी (सूअ १, ५, १; पि २१९)।

दुक्कप्प पुं [दुष्कल्प] शिथिल साधु का आचरण, पतित साधु का आचार (पंचभा)।

दुक्कम्म न [दुष्कर्मन्] दुष्ट कर्म, असदाचरण (सुपा २८; १२०; ५००)।

दुक्कय न [दुष्कृत] पाप-कर्म (पराह १, १; पि ४९)।

दुक्कर वि [दुष्कर] जो दुःख से किया जा सके, मुश्किल, कष्ट-साध्य (हे ४, ४१४; पंचा १३)। °आरअ वि [°कारक] मुश्किल कार्य को करनेवाला (गा १७९; हे २, १०४)। °करण न [°करण] कठिन कार्य को करना (द्र ५७)। °कारि वि [°कारिन्] देखो °आरअ (उप पृ १६०)।

दुक्कर न [दे] माघ मास में रात्रि के चारों प्रहर में किया जाता स्नान (दे ५, ४२)।

दुक्करकरण न [दुष्करकरण] पाँच दिन का लगातार उपवास (संबोध ५८)।

दुक्कह वि [दे] अरुचिवाला, अरोचकी (सुर १, ३६; जय २७)।

दुक्काल पुं [दुष्काल] अकाल, दुर्भिक्ष (सार्ध ३०)।

दुक्किय देखो दुक्कय (भवि)।

दुक्कुक्कणिआ स्त्री [दे] पीकदान, पीकदानी (दे ५, ४८)।

दुक्कुल न [दुष्कुल] निन्दित कुल (धर्म १)।

दुक्कुह वि [दे] १ असहन, असहिष्णु, चिड़-चिड़ा। २ रुचि-रहित (दे ५, ४४)।

दुक्ख पुंन [दुःख] १ असुख, कष्ट, पीड़ा, क्लेश, मन का क्षोभ (हे १, ३३), 'दुक्खा सारीरा माणसा व संसारे' (संथा १०१; आचा; भग; स्वप्न ५१; ५८; प्रासू ६६; १५२; १८२)। २ क्रिवि. कष्ट से, मुश्किल से, कठिनाई से (वसु)। ३ वि. दुःखवाला, दुःखित, दुःखयुक्त (वै ३३)। स्त्री. °क्खा (भग)। °कर वि [°कर] दुःख-जनक (सुपा १९५)। °त्त वि [°आर्त्त] दुःख से पीड़ित (सुपा १९१; स ६४२; प्रासू १४४)। °त्तगवेसण न [°आर्त्तगवेषण] दुःख से पीड़ित की सेवा, आर्त्त शुश्रूषा (पंचा १९)। °मज्जिय वि [अर्जितदुःख] जिसने दुःख उपार्जन किया हो वह (उत्त ६)। °राह वि [°राध्य] दुःख से आराधन-योग्य (वज्जा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

११२)। °विह वि [°विह] दुःख-प्रद (पउम १५, १००)। °ासिया स्त्री [°ासिका] वेदना, पीड़ा (ठा ३, ४)। देखो दुह = दुःख।

दुक्ख न [दे] जघन, स्त्री के कमर के पीछे का भाग चूतड़ (दे ५, ४२)।

दुक्ख अक [दुःखाय्] १ दुखना, दर्द होना। २ सक. दुःखी करना; 'सिरं में दुक्खेइ' (स ३०४)। दुक्खामि (से ११, १२७)। दुक्खंति (सूअ २, २, ५५)।

दुक्खड देखो दुक्कर (चास २३)।

दुक्खण न [दुःखन] दुखना, दर्द होना (उप ७५१; सूअ २, २, ५५)।

दुक्खम वि [दुःक्षम] १ असमर्थ। २ अशक्य (उत्त २०, ३१)।

दुक्खर देखो दुक्कर (स्वप्न ६६)।

दुक्खरिय पुं [दुष्करिक] दास, नौकर (निचू १६)।

दुक्खरिया स्त्री [दुष्करिका] १ दासी, नौकरानी (निचू १६)। २ वेश्या, वाराङ्गना (निचू १)।

दुक्खल्लिय (अप) वि [दुःखित] दुःख-युक्त (भवि)।

दुक्खविअ वि [दुःखित] दुःखी किया हुआ (उप ६३४; भवि)।

दुक्खाव सक [दुःखय्] दुःख उपजाना, दुःखी करना। दुक्खावेइ (पि ५५६)। वकृ. दुक्खावेंत (पउम ५८, १८)। कवकृ. दुक्खाविज्जंत (आवम)।

दुक्खावणया स्त्री [दुःखना] दुःखी करना, दर्द उपजाना (भग ३, ३)।

दुक्खि वि [दुःखिन्] दुःखी, दुःख-युक्त (आचा)।

दुक्खिअ वि [दुःखित] दुःख-युक्त, दुखिया (हे २, ७२; प्राप्र; प्रासू ६३; महा; सुर ३, १६१)।

दुक्खुत्तर वि [दुःखोत्तार] जो दुःख से पार किया जाय, जिसको पार करने में कठिनाई हो (पराह १, १)।

दुक्खुत्तो अ [द्विस्] दो बार, दो दफा (ठा ५, २—पत्र ३०८)।

दुक्खुर देखो दुखुर (पि ४३६)।

दुक्खुल देखो दुकुल (अवि २१)।

दुक्खोह पुं [दुःखौघ] दुःख-राशि (पउम १०३, १५५; सुपा १६१)।

दुक्खोह वि [दुःक्षोभ] कष्ट-क्षोभ्य, सुस्थिर (सुपा १६१; ६२६)।

दुखंड वि [द्विखण्ड] दो टुकड़ेवाला (उप ६८६ टी; भवि)।

दुखुत्तो देखो दुक्खुत्तो (कस)।

दुखुर पुं [द्विखुर] दो खुरवाला प्राणी, गौ, भैंस आदि (पराग १)।

दुग न [द्विक] दो, युग्म, युगल, जोड़ा (नव १०; सुर ३, १७; जी ३३)।

दुगंछ देखो दुगुंछ। वकृ. दुगंछमाण (उत्त ४, १३)। कृ. दुगंछणिज्ज (उत्त १३, १६; पि ७४)।

दुगंछणा स्त्री [जुगुप्सना] घृणा, निन्दा (पउम ६५, ६५)।

दुगंछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निन्दा (पाअ; कुप्र ४०७)। देखो दुगुंछा।

दुगंध देखो दुग्गंध (पउम ४१, १७)।

दुगच्छ } सक [जुगुप्स्] घृणा करना,
दुगुंछ } निन्दा करना। दुगच्छइ, दुगुंछइ (षड्; हे ४, ४)। वकृ. दुगुंछंत, दुगुंछमाण (कुमा; पि ७४; २१५)। संकृ. दुगुंछिउं (धर्मं २)। कृ. दुगुंछणीय (पउम ४६, ६२)।

दुगसंपुण्ण न [द्विगसंपूर्ण] लगातार बीस दिन का उपवास (संबोध ५८)।

दुगुंछग वि [जुगुप्सक] घृणा करनेवाला (श्राव ३)।

दुगुंछण न [जुगुप्सन] घृणा, निन्दा (पि ७४)।

दुगुंछणा देखो दुगंछणा (आचा)।

दुगुंछा देखो दुगंछा (भग)। °कम्म न [°कर्मन्] देखो पीछे का अर्थ (ठा १०)। °मोहणीय न [°मोहनीय] कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव को अशुभ वस्तु पर घृणा होती है (कम्म १)।

दुगुंछि वि [जुगुप्सिन्] घृणा करनेवाला, नफरत करनेवाला (उत्त २, ४; ६, ८)।

दुगुंछिय वि [जुगुप्सित] घृणित, निन्दित (ओघ ३०२)।

दुगुंदुग पुं [दौगुन्दुक] एक समृद्धि-शाली देव (सुपा ३२८)।

दुगुच्छ देखो दुगुंछ। दुगुच्छइ (हे ४, ४, षड्)। वकृ. दुगुच्छंत (पउम १०५, ७५)। कृ. दुगुच्छणीय (पउम ८०, २०)।

दुगुण देखो दुउण (ठा २, ४; णाया १, १; दं ६; सुर ३, २१६)।

दुगुण सक [द्विगुणय्] दुगुना करना। दुगुणेइ (कुप्र २८५)।

दुगुणिअ देखो दुउणिअ (कुमा)।

दुगुल्ल } देखो दुअल्ल (हे १, ११६; कुमा;
दुगूल } सुर २, ८०; जं २)।

दुगोत्ता स्त्री [द्विगोत्रा] वल्ली-विशेष (पराग १)।

दुग्ग न [दे] १ दुःख, कष्ट (दे ५, ५३; षड्; पराह १, ३)। २ कटी, कमर (दे ५, ५३)। ३ रण, संग्राम, युद्ध; 'आढत्तं च रणिणमं दुग्गं' (स ६३६)।

दुग्ग वि [दुर्ग] १ जहाँ दुःख से प्रवेश किया जा सके वह, दुर्गम स्थान (भग ७, ६ विपा १, ३)। २ जो दुःख से जाना जा सके (सूअ १, ५, १)। ३ पुंन. किला, गढ़, कोट (सुपा १४८)। °नायग पुं [°नायक] किले का मालिक (सुपा ४६०)।

दुग्गइ स्त्री [दुर्गति] १ कुगति, नरक आदि कुत्सित योनि (ठा ३, ३; ५, १; उत्त ७, १८; आचा)। २ विपत्ति, दुःख। ३ दुर्दशा, बुरी अवस्था। ४ कंगालियत, दरिद्रता (पराह १, १; महा; ठा ३, ४; गच्छ २)।

दुग्गंठि स्त्री [दुर्ग्रन्थि] दुष्टग्रन्थि, गिरह, कठिन गांठ (पि ३३३)।

दुग्गंध पुं [दुर्गन्ध] १ खराब गन्ध। २ वि. खराब गन्धवाला, दुर्गन्धि (ठा ८—पत्र ४१८; सुपा २१; महा)।

दुग्गंधि वि [दुर्गन्धिन्] दुर्गन्धवाला (सुपा ४८७)।

दुग्गम वि [दुर्गम] जो कठिनाई से जाना जा सके वह (धर्मवि ४)।

दुग्गम } वि [दुर्गम] १ जहाँ दुःख से
दुग्गम्म } प्रवेश किया जा सके वह (पउम ४०, १३; ओघ ७५ भा); 'पडिवक्खनरिंद-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुग्गम्मं' (सुर ६, १३५)। २ न. कठिनाई, मुश्किल (ठा ५, १)।

दुग्गय वि [दुर्गत] १ दरिद्र, धन-हीन (ठा ३, ३; गा १८)। २ दुःखी, विपत्ति-ग्रस्त (पाअ; ठा ४, १—पत्र २०२)।

दुग्गय न [दुर्गत] १ दरिद्रता। २ दुःख; 'दोहंतो जिणदव्वं दोहिच्चं दुग्गयं लहइ' (संबोध ४)।

दुग्गह वि [दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह (उप पृ ३६०)।

दुग्गा स्त्री [दुर्गा] १ पार्वती, गौरी, शिव-पत्नी (पाअ; सुपा १४८)। २ देवी-विशेष (चंड)। ३ पक्षि-विशेष (श्रा १६)।

दुग्गाई, दुग्गाएवी, दुग्गादेई, दुग्गावी स्त्री [दुर्गादेवी] १ पार्वती; शिव-पत्नी, गौरी। २ देवी-विशेष (षड्; हे १. २७०; कुमा)। °रमण पुं [°रमण] महादेव, शिव (षड्)।

दुग्गास न [दुर्ग्रास] दुर्भिक्ष, अकाल (पिंड-भा ३३)।

दुग्गिज्झ वि [दुर्ग्राह्य, दुर्ग्रह] जिसका ग्रहण दुःख से हो सके वह (सुपा २५५)।

दुग्गूढ वि [दुर्गूढ] अत्यन्त गुप्त, अति प्रच्छन्न (वव ७)।

दुग्गेज्झ देखो दुग्गिज्झ (से १, ३)।

दुग्घट्ट वि [दुर्घट्ट] जिसका आच्छादन दुःख से हो सके वह; 'पारद्धसीउण्हतण्हवेअणदुग्घ-ट्टघट्टिया' (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

दुग्घड वि [दुर्घट] जो दुःख से हो सके वह, कष्ट-साध्य (सुपा ६३; ३६५)।

दुग्घड वि [दुर्घट] असंगत (धर्मवि २७०)।

दुग्घडिअ वि [दुर्घटित] १ दुःख से संयुक्त। २ खराब रीति से बना हुआ; 'दुग्घडिअमंच-अस्स व खणे खणे पाअपडणेणं' (गा ६१०)।

दुग्घर न [दुर्गृह] दुष्ट घर (भवि)।

दुग्घास पुं [दुर्ग्रास] दुर्भिक्ष, अकाल (बृह ३)।

दुग्घट्ट, दुग्घोट्ट पुं [दे] हस्ती, हाथी, करी (दे ५, ४४; षड्; भवि)।

दुघण पुं [दुघण] एक प्रकार का मुद्‌गर, मोंगरी, मुंगरा (पण्ह १,३—पत्र ४४)।

दुचक्क न [द्विचक्र] गाड़ी, शकट (ओघ ३८३ भा)। °वइ पुं [°पति] गाड़ी का अधिपति या मालिक (ओघ ३८३ भा)।

दुचिण्ण देखो दुच्चिण्ण (पि ३४०; औप)।

दुच्च न [दौत्य] दूत-कर्म, समाचार पहुंचाने का कार्य (पाअ)।

दुच्च देखो दोच्च = द्वितीय, द्विस् (कप्प)।

दुच्चंडिअ वि [दे] १ दुर्ललित। दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित (दे ५, ५५; पाअ)।

दुच्चंबाल वि [दे] १ कलह-निरत, झगड़ाखोर। २ दुश्चरित, दुष्ट आचरणवाला। ३ परुष-भाषी, कड़ा बोलनेवाला (दे ५, ५४)।

दुच्चज्ज, दुच्चय वि [दुस्त्यज] दुःख से त्यागने योग्य (कुमा; उप ७६८ टी)।

दुच्चर, दुच्चरिअ वि [दुश्चर] १ जिसमें दुःख से जाया जाय वह (आचा)। २ दुःख से जो किया जाय वह (उप ६४८ टी; पउम २२, २०)। °लाढ पुं [°लाढ] ऐसा ग्राम या देश जिसमें दुःख से जाया जा सके (आचा)।

दुच्चरिअ न [दुश्चरित] १ खराब आचरण, दुष्ट वर्तन (पउम ३८, १२; उप पृ १११)। २ वि. दुराचारी (दे ५, ४५)।

दुच्चार वि [दुश्चार] दुराचारी (भवि)।

दुच्चारि वि [दुश्चारिन्] दुराचारी, दुष्ट आचरणवाला (स ५०३)। स्त्री. °णी (महा)।

दुच्चिंतिय वि [दुश्चिन्तित] १ दुष्ट चिन्तित (पउम ११८, ६७)। २ न खराब चिन्तन (पडि)।

दुच्चिगिच्छ वि [दुश्चिकित्स] जिसका प्रती-कार मुश्किल से हो वह (स ७६१)।

दुच्चिण्ण न [दुश्चीर्ण] १ दुष्ट आचरण, दुश्चरित। २ दुष्ट कर्म—हिंसा आदि। ३ वि. दुष्ट संचित, एकत्रित की हुई दुष्ट वस्तु (विपा १, १; णाया १, १६)।

दुच्चेट्ठिय न [दुश्चेष्टित] खराब चेष्टा, शारी-रिक दुष्ट आचरण (पडि; सुर ६, २३२)।

दुच्छक्क वि [द्विषट्क] बारह प्रकार का; 'मूलं दारं पइट्ठाणं, आहारो भायणं निही। दुच्छक्कस्सावि धम्मस्स, सम्मत्तं परिकित्तियं' (श्रा ६)।

दुच्छड्ड वि [दुश्छर्द] दुस्त्यज, दुःख से छोड़ने योग्य; 'दुच्छड्डा जीवियासा जं' (धर्मवि १२४)।

दुच्छेज्ज वि [दुश्छेद] जिसका छेदन दुःखसे हो सके वह (पउम ३१,५६)।

दुछक्क देखो दुच्छक्क (धर्म २)।

दुजडि पुं [द्विजटिन्] ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३)।

दुजय देखो दुज्जय (महा)।

दुजीह पुं [द्विजिह्व] १ सर्प, साँप। २ दुर्जन, खल पुरुष (सट्ठि ६३; कुमा)।

दुज्जंत देखो दुज्जिंत (राज)।

दुज्जण पुं [दुर्जन] खल, दुष्ट मनुष्य (प्रासू २०; ४०; कुमा)।

दुज्जय वि [दुर्जय] जो कष्ट से जीता जा सके (उप १०३१ टी; सुर १२, १३८; सुपा २६)।

दुज्जाय न [दे] व्यसन, कष्ट, दुःख, उपद्रव (दे ५, ४४; से १२, ६३; पाअ)।

दुज्जाय वि [दुर्जात] दुःख से निकलने योग्य (से १२, ६३)।

दुज्जाय न [दुर्यात] दुष्ट गमन, कुत्सित गति (आचा)।

दुज्जिंत पुं [दुर्यन्त] एक प्राचीन जैनमुनि (कप्प)।

दुज्जीव न [दुर्जीव] आजीविका का भय (विसे ३४५२)।

दुज्जीह देखो दुजीह (वज्जा १५०)।

दुज्जेअ वि [दुर्जेय] दुःख से जीतने योग्य (सुपा २४८; महा)।

दुज्जोहण पुं [दुर्योधन] धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र (ठा ४, २)।

दुज्झ वि [दोह्य] दोहने योग्य (दे १, ७)।

दुज्झाण न [दुर्ध्यान] दुष्ट चिन्तन (धर्म २)।

दुज्झाय वि [दुर्ध्यात] जिसके विषय में दुष्ट चिन्तन किया गया हो वह (धर्म २)।

दुज्झोसय वि [दुर्जोष] जिसकी सेवा कष्ट से हो सके ऐसा (आचा)।

दुज्झोसय वि [दुःक्षप] जिसका नाश कष्ट-साध्य हो वह (आचा)।

दुज्झोसिअ वि [दुर्जोषित] दुःख से सेवित (आचा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुज्झोसिअ वि [दुःक्षपित] कष्ट से नाशित (आचा)।

दुट्ठ वि [दुष्ट] दोष-युक्त, दूषित (ओघ १६२; पाअ; कुमा)। °प्प पुं [°ात्मन्] दुष्ट जीव, पापी प्राणी (पउम ६, १३६; ७५, १२)।

दुट्ठ वि [दे. द्विष्ट] द्वेष-युक्त (ओघ ७५७; कस); 'अरत्तदुट्ठस्स' (कुप्र ३७१)।

दुट्ठाण न [दुःस्थान] दुष्ट जगह (भग १६, २)।

दुट्ठु अ [दुष्ठु] खराब, असुन्दर (उप ३२० टी; निर १, १; सुपा ३१८; हे ४, ४०१)।

दुणय देखो दुन्नय (विक्र ३७; आवम)।

दुणाम न [दुर्नामन्] १ अपकीर्त्ति, अपयश। २ दुष्ट नाम, खराब आख्या। ३ एक प्रकार का गर्व (भग १२, ५)।

दुणिअ वि [दून] पीड़ित, दुःखित (गा ११)।

दुणिअ देखो दुन्निय (राज)।

दुणिअत्थ न [दे] १ जघन पर स्थित वस्त्र। २ जघन, स्त्री के कमर के नीचे का भाग (दे ५, ५३)।

दुणिक्क वि [दे] दुश्चरित, दुराचारी (दे ५, ४५)।

दुणिक्कम वि [दुर्निष्क्रम] जहाँ से निकलना कष्ट-साध्य हो वह (राज ७, ६)।

दुणिक्खित्त वि [दे] १ दुराचारी। २ कष्ट से जो देखा जा सके (दे ५, ४५)।

दुणिक्खेव वि [दुर्निक्षेप] दुःख से स्थापन करने योग्य (गा १५४)।

दुणिबोह देखो दुन्निबोह (राज)।

दुणिमिअ वि [दुर्नियोजित] दुःख से जोड़ा हुआ (से १२, १६)।

दुणिमित्त न [दुर्निमित्त] खराब शकुन, अपशकुन (पउम ७०, ५)।

दुणिविट्ठ वि [दुर्निविष्ट] दुराग्रही, हठी, जिद्दी (निचू ११)।

दुणिसीहिया स्त्री [दुर्निषद्या] कष्ट-जनक स्वाध्याय-स्थान (पण्ह २, ५)।

दुणेय वि [दुर्ज्ञेय] जिसका ज्ञान कष्ट-साध्य हो वह (उवर १२८; उप ३२८)।

दुतितिक्ख वि [दुस्तितिक्ष] दुस्सह, जो दुःख से सहन किया जा सके वह (ठा ५, १)।

दुत्तर वि [दुस्तर] दुस्तरणीय, दुर्लंघ्य (सुपा ४७; ११५; सार्ध ६१)।

दुत्तडी स्त्री [दुस्तटी] १ नदी। २ खराब किनारा वाली नदी (धम्म १२ टी)।

दुत्तव वि [दुस्तप] कष्ट से तपने योग्य; दुःख से करने योग्य (तप) (धर्मा १७)।

दुत्तार वि [दुस्तार] दुःख से पार करने योग्य, दुस्तर (से ३, २५; ६, १०)।

दुत्ति अ [दे] शीघ्र, जल्दी (दे ५, ४१; पाअ)।

दुत्तिइक्ख } देखो दुतितिक्ख (आचा; दुत्तितिक्ख } राज)।

दुत्तुंड पुं [दुस्तुण्ड] दुर्मुख, दुर्जन, (सुपा २७८)।

दुत्तोस वि [दुस्तोष] जिसको संतुष्ट करना कठिन हो वह (दस ५)।

दुत्थ न [दे] जघन, स्त्री की कमर के नीचे का भाग (दे ५, ४२)।

दुत्थ वि [दुःस्थ] दुर्गत, दुःस्थित (ठा ३, ३; भवि)।

दुत्थ न [दौःस्थ्य] दुर्गति, दुःस्थता (सुपा २४४); 'नहि विधुरसहावा हुंति दुत्थेवि धीरा' (कुप्रा ५४)।

दुत्थिअ वि [दुःस्थित] १ दुर्गत, विपत्ति-ग्रस्त (रयण ७५; भवि; सण)। २ निर्धन, गरीब (कुप्र १४६)।

दुत्थुरुहंड पुंस्त्री [दे] झगड़ाखोर, कलह-शील (दे ५, ४७)। स्त्री. °डा (दे ५, ४७)।

दुत्थोअ पुं [दे] दुर्भग, अभागा (दे ५, ४३)।

दुद्दंत वि [दुर्दान्त] उद्धत, दमन करने को अशक्य, दुर्दम; 'विसयपसत्ता दुद्दंतइंदिया देहिणो बहवे' (सुर ८, १३८; गाया १, ५; सुपा ३८०; महा)।

दुद्दंस वि [दुर्दर्श] दुरालोक, जो कठिनाई से देखा जा सके (उत्तर १४१)।

दुद्दंसण वि [दुर्दर्शन] जिसका दर्शन दुर्लभ हो वह (गा ३०)।

दुद्दम वि [दुर्दम] १ दुर्जय, दुर्निवार (सुपा २४); 'दुद्दमकद्दमे' (श्रा १२)। २ पुं. राजा अश्वग्रीव का एक दूत (आक)।

दुद्दम पुं [दे] देवर, पति का छोटा भाई (दे ५, ४४)।

दुद्दिट्ठ वि [दुर्दृष्ट] १ बुरी तरह से देखा हुआ। २ वि. दुष्ट दर्शनवाला (पण्ह १, २—पत्र २६)।

दुद्दिण न [दुर्दिन] बादलों से व्याप्त दिवस (ओघ ३६०)।

दुद्देय वि [दुर्देय] दुःख से देने योग्य (उप ६२४)।

दुद्दोलना स्त्री [दे] गौ, गैया (षड्)।

दुद्दोली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति, पेड़ों की कतार (दे ५, ४३; पाअ)।

दुद्ध न [दुग्ध] दूध, क्षीर (विपा १, ७)। °जाइ स्त्री [°जाति] मदिरा-विशेष, जिसका स्वाद दूध के जैसा होता है (जीव ३)। °समुद्द पुं [°समुद्र] क्षीर-समुद्र, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है (गा ३८८)।

दुद्धंस वि [दुर्ध्वंस] जिसका नाश मुश्किल से हो (सुर १, १२)।

दुद्धगंधिअमुह पुं [दे] बाल, शिशु, छोटा लड़का (दे ५, ४०)।

दुद्धगंधिअमुही स्त्री [दे] छोटी लड़की (पाअ)।

दुद्धट्टी } स्त्री [दे] १ प्रसूति के बाद तीन दुद्धट्ठी } दिन तक का गो-दुग्ध (पभा ३२)। २ खट्टी छाछ से मिश्रित दूध (पव ४—गा २२८)।

दुद्धर वि [दुर्धर] १ दुर्वह, जिसका निर्वाह मुश्किल से हो सके वह (पण्ण १—पत्र ४; सुर १२, ५१)। २ गहन, विषम (ठा ६; भवि)। ३ दुर्जय (कुमा)। ४ पुं. रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)।

दुद्धरिस वि [दुर्धर्ष] १ जिसका सामना कठिनता से हो सके, जीतने को अशक्य (पण्ह २, ५; कप्प)।

दुद्धवलेही स्त्री [दे] चावल का आटा डालकर पकाया जाता दूध (पव ४—गाया २२८)।

दुद्धसाडी स्त्री [दे] द्राक्षा मिलाकर पकाया जाता दूध (पव ४—गाथा २२८)।

दुद्धिअ न [दे] कद्दू, लौकी; गुजराती में 'दूधी'; (पाअ)।

दुद्धिणिआ } स्त्री [दे] १ तैल आदि रखने दुद्धिणी } का भाजन। २ तुम्बी (दे ५, ५४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुद्धोअहि, दुद्धोदहि } पुं [दुग्धोदधि] समुद्र-विशेष, जिसका पानी दूध की तरह स्वादिष्ट है, क्षीरसमुद्र (गा ४७५; उप २११ टी)।

दुद्धोलणी स्त्री [दे] गो-विशेष, जिसको एक बार दोहने पर फिर भी दोहन किया जा सके ऐसी गाय, कामधेनु (दे ५, ४६)।

दुधा देखो दुहा (अभि १६१)।

दुनिमित्त देखो दुण्णिमित्त (श्रा २७)।

दुन्नय पुं [दुर्नय] १ दुष्ट नीति, कुनीति। २ अनेक धर्मवाली वस्तु में किसी एक ही धर्म को मानकर अन्य धर्मों का प्रतिवाद करनेवाला पक्ष (सम्म १५)। ३ वि. दुष्ट नीति, अन्याय-कारी (उप ७६८ टी)। °कारि वि °कारिन्] अन्याय करनेवाला (सुपा ३४६)।

दुन्निक्कम देखो दोनिक्कम (भग ७, ६ टी—पत्र ३०७)।

दुन्निग्गह वि [दुर्निग्रह] जिसका निग्रह दुःख से हो सके वह, अनिवार्य (उप पृ १५३)।

दुन्निबोह वि [दुर्निबोध] १ दुःख से जानने योग्य। २ दुर्लभ (सूत्र १, १५, २५)।

दुन्निमित्त देखो दुण्णिमित्त (श्रा २७)।

दुन्निय न [दुर्नीत] दुष्ट कर्म, दुष्कृत; 'वंचंति वेदंति य दुन्नियाणि' (सूत्र १, ७, ४)।

दुन्नियत्थ वि [दे] विट का भेषवाला, निन्दनीय वेष को धारण करनेवाला, केवल जघन पर ही वस्त्र-पहिना हुआ; 'लोए वि कुसंसग्गीपियं जणं दुन्नियत्थमइवसणं निंदइ' (उव)।

दुन्निरिक्ख वि [दुर्निरीक्ष्य] जो कठिनाई से देखा जा सके वह (कप्प; भवि)।

दुन्निवार वि [दुर्निवार] रोकने के लिए अशक्य, जिसका निवारण मुश्किल से हो सके वह (सुपा १२३; महा)।

दुन्निवारणीअ वि [दुर्निवारणीय, दुर्निवार] ऊपर देखो (स ३४३; ७४१)।

दुन्निसण्ण वि [दुर्निषण्ण] खराब रीति से बैठा हुआ (ठा ५, २—पत्र ३१२)।

दुप देखो दिअ=द्विप (राज)।

दुपएस वि [द्विप्रदेश] १ दो अवयववाला। २ पुं. द्व्यणुक (उत्त १)।

दुपएसिय वि [द्विप्रदेशिक] दो प्रदेशवाला (भग ५, ७)।

दुपक्ख पुं [दुष्पक्ष] दुष्ट पक्ष (सूत्र १, ३, ३)।

दुपक्ख न. [द्विपक्ष] १ दो पक्ष (सूत्र १, २, ३)। २ वि. दो पक्षवाला (सूत्र १, १२, ५)।

दुपडिग्गह न [द्विप्रतिग्रह] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १५७)।

दुपडोआर वि [द्विपदावतार] दो स्थानों में जिसका समावेश हो सके वह (ठा २, १)।

दुपडोआर वि [द्विप्रत्यवतार] ऊपर देखो (ठा २, १)।

दुपमज्जिय देखो दुप्पमज्जिय (सुपा ६२०)।

दुपय वि [द्विपद] १ दो पैरवाला। २ पुं. मनुष्य (णाया १, ८; सुपा ४०६)। ३ न. गाड़ी, शकट (ओघ २०५ भा)।

दुपय पुं [द्रुपद] कांपिल्यपुर का एक राजा (णाया १, १६)।

दुपरिच्चय वि [दुष्परित्यज] दुस्त्यज, दुःख से छोड़ने योग्य (उप ७६८ टी; रयण ३४)।

दुपरिच्चयणीय वि [दुष्परित्यजनीय, दुष्परित्यज] ऊपर देखो (काल)।

दुपस्स देखो दुप्पस्स (ठा ५, १—पत्र २९६)।

दुपुत्त पुं [दुष्पुत्र] कुपुत्र, कपूत (पउम २६, २३)।

दुपेच्छ वि [दुष्प्रेक्ष] दुर्दर्श, अदर्शनीय (भवि)।

दुप्पइ पुं [दुष्पति] दुष्ट स्वामी (भवि)।

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] १ दुरुपयोग करनेवाला (ठा २, १—पत्र ३६)। २ जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह (भग ३, १)।

दुप्पउलिय, दुप्पउल्ल } वि [दुष्प्रज्वलित] ठीक-ठीक नहीं पका हुआ, अधपका (उवा, पंचा १)।

दुप्पओग पुं [दुष्प्रयोग] दुरुपयोग (दस ४)।

दुप्पओगि वि [दुष्प्रयोगिन्] दुरुपयोग करनेवाला (पण्ह १, १—पत्र ७)।

दुप्पक्क वि [दुष्पक्व] देखो दुप्पउल्ल (सुपा ४७२)।

दुप्पक्खाल वि [दुष्प्रक्षाल] जिसका प्रक्षालन कष्टसाध्य हो वह (सुपा ६०८)।

दुप्पच्चुप्पेक्खिय वि [दुष्प्रत्युत्प्रेक्षित] ठीक-ठीक नहीं देखा हुआ (पव ६)।

दुप्पजीवि वि [दुष्प्रजीविन्] दुःख से जीनेवाला (दसचू १)।

दुप्पडिक्कंत वि [दुष्प्रतिक्रान्त] जिसका प्रायश्चित ठीक-ठीक न किया गया हो वह (विपा १, १)।

दुप्पडिगर वि [दुष्प्रतिकर] जिसका प्रतीकार दुःख से किया जा सके (बृह ३)।

दुप्पडिपूर वि [दुष्प्रतिपूर] पूरने के लिए अशक्य (तंदु)।

दुप्पडियाणंद वि [दुष्प्रत्यानन्द] १ जो किसी तरह संतुष्ट न किया जा सके। २ अति कष्ट से तोषणीय (विपा १, १—पत्र ११; ठा ४, ३)।

दुप्पडियार वि [दुष्प्रतिकार] जिसका प्रतीकार दुःख से हो सके वह (ठा ३, १—पत्र ११७; ११९; स १८४; उव)।

दुप्पडिलेह वि [दुष्प्रतिलेख] जो ठीक-ठीक न देखा जा सके वह (पव ८४)।

दुप्पडिलेहण न [दुष्प्रतिलेखन] ठीक-ठीक नहीं देखना (आव ४)।

दुप्पडिलेहिय वि [दुष्प्रतिलेखित] ठीक से नहीं देखा हुआ (सुपा ६१७)।

दुप्पडिवूह वि [दुष्प्रतिबृंह] १ बढ़ाने को अशक्य। २ पालने को अशक्य (आचा)।

दुप्पडिवूहण वि [दुष्प्रतिबृंहण] ऊपर देखो (आचा)।

दुप्पणिहाण न [दुष्प्रणिधान] दुष्प्रयोग, अशुभ प्रयोग, दुरुपयोग (ठा ३, १, सुपा ५४०)।

दुप्पणिहिय वि [दुष्प्रणिहित] दुष्प्रयुक्त, जिसका दुरुपयोग किया गया हो वह (सुपा ५५८)।

दुप्पणीहाण देखो दुप्पणिहाण; 'कयसामइओवि दुप्पणीहाणं' (सुपा ५५३)।

दुप्पणोल्लिय वि [दुष्प्रणोद्य] दुस्त्यज, छोड़ने को अयोग्य (सूत्र १, ३, १)।

दुप्पण्णवणिज्ज वि [दुष्प्रज्ञापनीय] कष्ट से प्रबोधनीय (आचा २, ३, १)।

दुप्पतर वि [दुष्प्रतर] दुस्तर (सूत्र १, ५, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुप्पधंस वि [दुष्प्रधर्ष] दुर्धर्ष, दुर्जय (उत्त ६; पि ३०५)।

दुप्पमज्जण न [दुष्प्रमार्जन] ठीक-ठीक सफा नहीं करना (धर्म ३)।

दुप्पमज्जिय वि [दुष्प्रमार्जित] अच्छी तरह से सफा नहीं किया हुआ (सुपा ६१७)।

दुप्पय देखो दुपय = द्विपद (सम ६०)।

दुप्पयार वि [दुष्प्रचार] जिसका प्रचार दुष्ट माना जाता है वह, अन्याय-युक्त (कप्प)।

दुप्परक्कंत वि [दुष्पराक्रान्त] बुरी तरह से आक्रान्त (आचा)।

दुप्परिअल्ल वि [दे] १ अशक्य (दे ५, ५५; पाअ; से ४, २६; ६, १८; गा १२२)। २ द्विगुण, दुगुना। ३ अनभ्यस्त, अभ्यास-रहित (दे ५, ५५)।

दुप्परिइअ वि [दुष्परिचित] अपरिचित (से १३, १३)।

दुप्परिच्चिय देखो दुपरिच्चय (उत्त ८)।

दुप्परिणाम वि [दुष्परिणाम] जिसका परिणाम खराब हो, दुर्विपाक (भवि)।

दुप्परिमास वि [दुष्परिमर्ष] कष्ट-साध्य स्पर्शवाला (से ६, २४)।

दुप्परियत्तण देखो दुप्परिवत्तण (तंदु)।

दुप्परिल्ल वि [दे] दुराकर्ष, 'आलिहिअ दुप्परिल्लंपि ऐइ रएणं धणु' वाहो' (गा १२२)।

दुप्परिवत्तण वि [दुष्परिवर्त्तन] १ जिसका परिवर्तन दुःख से हो सके वह। २ न. दुःख से पीछे लौटना (तंदु)।

दुप्पवंच पुं [दुष्प्रपञ्च] दुष्ट प्रपंच (भवि)।

दुप्पवण पुं [दुष्पवन] दुष्ट वायु (भवि)।

दुप्पवेस वि [दुष्प्रवेश] जहाँ कष्ट से प्रवेश हो सके वह (एाया १, १; पउम ४३, १२; स २५३; सुपा ४५५)। °तर वि [°तर] प्रवेश करने को अशक्य (पएह १, ३—पत्र ४५)।

दुप्पसह पुं [दुष्प्रसह] पंचम आरे के अन्त में होनेवाला एक जैन आचार्य, एक भावी जैन सूरि (उप ८०६)।

दुप्पस्स वि [दुर्दर्श] जो मुश्किल से दिखलाया जा सके वह (ठा ५, १ टी—पत्र २६६)।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रध्वंस्य] जिसका नाश कठिनाई से हो सके वह (एाया १, १८—पत्र २३६)।

दुप्पहंस वि [दुष्प्रधृष्य] अजेय, दुर्जय (एाया १, १८)।

दुप्पह वि [दुष्प्रभ] जो दुःख से सूझ सके वह; दुर्गम (मोह ७२)।

दुप्पाय न [दुष्प्राप] तप-विशेष, आयंबिल तप (संबोध ५८)।

दुप्पिउ पुं [दुष्पितृ] दुष्ट पिता (सुपा ३८७; भवि)।

दुप्पिच्छ देखो दुपेच्छ (सुर २, ५; सुपा ६२)।

दुप्पिय वि [दुष्प्रिय] अप्रिय। °भासि वि [°भाषिन्] अप्रिय-वक्ता (सुपा ३१४)।

दुप्पुत्त देखो दुपुत्त (पउम १०५, ७२; भवि; कुप्र ४०५)।

दुप्पूर वि [दुष्पूर] जो कठिनाई से पूरा किया जा सके (स १२३)।

दुप्पेक्ख देखो दुपेच्छ (सण)।

दुप्पेक्खणिज्ज वि [दुष्प्रेक्षणीय] कष्ट से दर्शनीय (नाट—वेणी २५)।

दुप्पेच्छ देखो दुपेच्छ (महा)।

दुप्पोलिय देखो दुप्पउलिअ (श्रा २१)।

दुप्फड वि [दुष्फट्] मुश्किल से फटने योग्य (त्रि ८३)।

दुप्फरिस, दुप्फास, दुफास वि [दुःस्पर्श] जिसका स्पर्श खराब हो वह (पउम २६, ४६; १०१, ७१; ठा ८; भग)।

दुफास वि [द्विस्पर्श] स्निग्ध और शीत आदि अविरुद्ध दो स्पर्शों से युक्त (भग)।

दुब्बद्ध वि [दुर्बद्ध] खराब रीति से बँधा हुआ (आचा २, ६, ३)।

दुब्बल वि [दुर्बल] निर्बल, बल-हीन (विपा १, ७; सुपा ६०३; प्रासू २३)। °पच्चवमित्त पुंन [°प्रत्यवमित्र] दुर्बल को मदद करनेवाला (ठा ६)।

दुब्बलिय वि [दुर्बलिक] दुर्बल, निर्बल (भय १२, २)। °पूसमित्त पुं [°पुष्यमित्र] स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन आचार्य (ठा ७; ती ७)।

दुब्बलिय न [दौर्बल्य] श्रम, थाक, थकावट (आचा २, ३, २, ३)।

दुब्बुद्धि वि [दुर्बुद्धि] १ दुष्ट बुद्धिवाला, खराब नियतवाला (उप ७२८; सुपा ४४; ३७६)। २ स्त्री. खराब बुद्धि, दुष्ट नियत (श्रा १४)।

दुब्बोल्ल पुं [दे] उपालम्भ, उलहना या उलाहना (दे ५, ४२)।

दुब्भ वि [दुग्ध] दोहा हुआ। २ न. दोहन (प्राकृ ७७)।

दुब्भ° देखो दुह = दुह्।

दुब्भग वि [दुर्भग] १ कमनसीब, अभागा। २ अप्रिय, अनिष्ट (पएह १, २; प्रासू १४३)। °णाम, °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष जिसके उदय से उपकार करनेवाला भी लोगों को अप्रिय होता है (कम्म १; सम ६७)। °करा स्त्री [°करा] दुर्भग बनानेवाली विद्या-विशेष (सूअ २, २)।

दुब्भग्ग न [दौर्भाग्य] दुर्भगता, लोक में अप्रियता (पिंड ५०२)।

दुब्भरणि स्त्री [दुर्भरणि] दुःख से निर्वाह, 'होउ अजरणी तेसिं दुब्भरणी पडउ तद्दु-दरस्साावि' (सुपा ३७०)।

दुब्भाव पुं [दुर्भाव] १ हेय पदार्थ (पउम ८६, ६६)। २ असद्-भाव, खराब-असर; 'पिसुणेण व जेण कओ दुब्भावो' (सुर ३, १६)।

दुब्भाव पुं [द्विर्भाव] विभाग, जुदाई (सुर ३, १६)।

दुब्भाव पुं [द्विर्भाव] द्वित्व, दुगुनापन (चेइय ६६०)।

दुब्भासिय न [दुर्भाषित] खराब वचन (पउम ११८, ६७; पडि)।

दुब्भि पुंन [दुरभि] १ खराब गन्ध (सम ४१)। २ वि. अशुभ, खराब, असुन्दर (ठा १)। ३ वि. खराब गन्धवाला, दुर्गन्धि (आचा)। °गंध [°गन्ध] पूर्वोक्त ही अर्थ (ठा १; आचा; एाया १, १२)। °सद्द पुंन. [°शब्द] खराब शब्द (एाया १, १२)।

दुब्भिक्ख पुंन [दुर्भिक्ष] १ दुष्काल, अकाल, वृष्टि का अभाव (सम ६०; सुपा ३५८); 'आसन्ने रणरंगे, मूढे खंते तहेव दुब्भिक्खे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जस्स मुहं जोइज्जइ, सो पुरिसो महीयले विरलो' (रयण ३२)। २ भिक्षा का अभाव (ठा ५, २)। ३ वि. जहाँ पर भिक्षा न मिल सके वह देश आदि (ठा ३, १—पत्र ११८)।

दुब्भिज्ज देखो दुब्भेज्ज (पउम ८०, ६)।

दुब्भूइ स्त्री [दुर्भूति] अशिव, अमंगल (बृह ३)।

दुब्भूय पुंन [दुर्भूत] १ नुकशान करनेवाला जन्तु—टिड्डी वगैरह (भग ३, २)। २ न. अशिव, अमंगल (जीव ३)।

दुब्भूय वि [दुर्भूत] दुराचारी (उत्त १७, १७)।

दुब्भेज्ज त्रि [दुर्भेद्य] तोड़ने को अशक्य (पि ८४; २८७; नाट—मृच्छ १३३)।

दुब्भेय वि [दुर्भेद] ऊपर देखो (राय)।

दुभग देखो दुब्भग (नव १५)।

दुभव न [द्विभव] वर्तमान और आगामी जन्म, 'दुभवहइसज्जो' (श्रा २७)।

दुभाग पुं [द्विभाग] आधा, अर्ध (भग ७, १)।

दुम सक [धवलय्] १ सफेद करना। २ चूना आदि से पोतना। दुमइ (हे ४, २४)। दुमसु (गा ७४७)। वकृ. दुमंत (कुमा)।

दुम पुं [द्रुम] १ वृक्ष, पेड़, गाछ (कुमा; प्रासू ६; १४६)। २ चमरेन्द्र के पदाति-सैन्य का एक अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक की गति प्राप्त की थी (अनु २)। ४ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °कंत न [°कान्त] एक विद्याधर-नगर (इक)। °पत्त न [°पत्र] १ वृक्ष का पत्ता। २ 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन (उत्त १०)। °पुप्फिया स्त्री [°पुष्पिका] 'दशवैकालिक' सूत्र का पहला अध्ययन (दस १)। °राय पुं [°राज] उत्तम वृक्ष (ठा ४, ४)। °सेण पुं [°सेन] १ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने भगवान महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में गति प्राप्त की थी (अनु २)। २ नववें बलदेव और वासुदेव के पूर्व-जन्म के धर्म-गुरु (सम १५३, पउम २०, १७७)।

दुमंतय पुं [दे] केश-बन्ध, धम्मिल्ल—बँधी चोटी, जूड़ा (दे ५, ४७)।

दुमण न [धवलन] चूना आदि से लेपन, सफेद करना (पण्ह २, ३)।

दुमणी स्त्री [दे] सुधा, मकान आदि पोतने का श्वेत द्रव्य-विशेष, चूना (दे ५, ४४)।

दुमत्त वि [द्विमात्र] दो मात्रावाला स्वर-वर्ण (हे १, ९४)।

दुमासिय वि [द्वैमासिक] दो मास का, दो मास-सम्बन्धी (सण)।

दुमिअ वि [धवलित] चूना आदि से पोता हुआ, सफेद किया हुआ (गा ७४७; सुज्ज २०)।

दुमिल देखो दुम्मिल (पिंग)।

दुमुह पुं [द्विमुख] एक राजर्षि (उत्त ९)।

दुमुह देखो दुम्मुह = दुर्मुख (पि ३४०)।

दुमुहुत्त पुंन [दुर्मुहूर्त] खराब मुहूर्त, दुष्ट समय (सुपा २३७)।

दुमोक्ख वि [दुर्मोक्ष] जो दुःख से छोड़ा जा सके (सूअ १, १२)।

दुम्म देखो दूम = दावय्। दुम्मइ (भवि)। दुम्मेंति, दुम्मेसि (गा १७७; ३४०)। कर्म. दुम्मिज्जइ (गा ३२०)।

दुम्मइ वि [दुर्मति] दुर्बुद्धि, दुष्ट बुद्धिवाला (श्रा २७; सुपा २५१)।

दुम्मइणी स्त्री [दे] झगड़ाखोर स्त्री (दे ५, ४७; षड्)।

दुम्मण वि [दुर्मनस्] १ दुर्मना, खिन्न-मनस्क, उद्विग्न-चित्त, उदास (विपा १, १; सुर ३, १४७)। २ दीन, दोनतायुक्त। ३ द्विष्ट, द्वेष-युक्त (ठा ३, २—पत्र १३०)।

दुम्मण अक [दुर्मनाय्] उद्विग्न होना, उदास होना। वकृ. दुम्मणाअंत, दुम्मणा-यमाण (नाट—महावी ९९, मालती १२८; रयण ७९)।

दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] उदासी, उद्वेग, चिन्ता, बेचैनी (दस ९, ३)।

दुम्मणिअ न [दौर्मनस्य] दुष्ट मनो-भाव, मन का दुष्ट विकार, दुर्जनता (दस ९, ३, ८)।

दुम्मय पुं [द्रमक] भिखारी, भीखमंगा (दस ७, १४)।

दुम्महिला स्त्री [दुर्महिला] दुष्ट स्त्री (ओघ ४६४ टी)।

दुम्माण पुं [दुर्मान] झूठा अभिमान, निन्दित गर्व (अच्चु ५४)।

दुम्मार पुं [दुर्मार] विषम मार, भयंकर ताड़न; 'दुम्मारेण मओ सोवि' (श्रा १२)।

दुम्मारि स्त्री [दुर्मारि] उत्कट मारी-रोग (संबोध २)।

दुम्मारुय पुं [दुर्मारुत] दुष्ट पवन (भवि)।

दुम्मिअ वि [दून] उपतापित, पीड़ित (गा ७४; २२४; ४३३; भवि; काप्र ३०)।

दुम्मिल स्त्रीन [दुर्मिल] छन्द-विशेष। स्त्री. °ला (पिंग)।

दुम्मुह देखो दुमुह = द्विमुख (महा)।

दुम्मुह पुं [दुर्मुख] बलदेव का धारणी-देवी से उत्पन्न एक पुत्र, जिसने भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अंत ३, पण्ह १, ४)।

दुम्मुह पुं [दे] मर्कट, वानर, बन्दर (दे ५, ४४)।

दुम्मेह वि [दुर्मेधस्] दुर्बुद्धि, दुर्मति (पण्ह १, ३)।

दुम्मोअ वि [दुर्मोक] दुःख से छोड़ाने योग्य (अभि २४४)।

दुयणु देखो दुअणुअ (धर्मसं ६४०)।

दुरइक्कम वि [दुरतिक्रम] दुर्लंध्य, जिसका उल्लंघन दुःख-साध्य हो वह (आचा)।

दुरइक्कमणिज्ज त्रि [दुरतिक्रमणीय] ऊपर देखो (णाया १, ५)।

दुरंत वि [दुरन्त] १ जिसका परिणाम—विपाक खराब हो वह, जिसका पर्यन्त दुष्ट हो वह (णाया १, ८; पण्ह १, ४—पत्र ६५; स ७५०, उवा)। २ जिसका विनाश कष्ट-साध्य हो वह (तंदु)।

दुरंदर वि [दे] दुःख से उत्तीर्ण (दे ५, ४६)।

दुरक्ख वि [दरक्ष] जिसकी रक्षा करना कठिन हो वह (सुपा १४३)।

दुरक्खर वि [दुरक्षर] पुरुष, कठोर, कड़ा (वचन) (भवि)।

दुरग्गह पुं [दुराग्रह] कदाग्रह (कुप्र ३७९)।

दुरज्झवसिय न [दुरध्यवसित] दुष्ट चिन्तन (सुपा ३७७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुरणुचर वि [दुरनुचर] जिसका अनुष्ठान कठिनता से हो सके वह, दुष्कर; 'एसो जईण धम्मो दुरणुचरो मंदसत्ताण' (सुर १४, ७५; ठा ५, १—पत्र २९६; णाया १, १)।

दुरणुपाल वि [दुरनुपाल] जिसका पालन कष्ट-साध्य हो (उत्त २३)।

दुरप्प पुं [दुरात्मन्] दुष्ट आत्मा, दुर्जन (उव; महा)।

दुरब्भास पुं [दुरभ्यास] खराब आदत (सुपा १६७)।

दुरभि देखो दुब्भि (अणु; पउग २६, ५०, १०२, ४४; पराह २, ५; आचा)।

दुरभिगम वि [दुरभिगम] १ जहाँ दुःख से गमन हो सके वह, कष्ट-गम्य (ठा ३, ४)। २ दुर्बोध, कष्ट से जो जाना जा सके (राज)।

दुरमच्च पुं [दुरमात्य] दुष्ट मंत्री (कुप्र २९१)।

दुरवगम वि [दुरवगम] दुर्बोध (कुप्र ४८)।

दुरवगम्म देखो दुरवगम (चेइय २५९)।

दुरवगाह वि [दुरवगाह] दुष्प्रवेश, जहाँ प्रवेश करना कठिन हो वह (हे १, २६; सम १४५)।

दुरस वि [दूरस] खराब स्वादवाला (भग; णाया १, १२; ठा ८)।

दुरसण पुं [द्विरसन] १ सर्प, साँप। २ दुर्जन, दुष्ट मनुष्य (सुपा ५९७)।

दुरहि देखो दुरभि (उप ७२८ टी; तंदु)।

दुरहिगम देखो दुरभिगम (सम १४५; विसे ९०९)।

दुरहिगम्म वि [दुरभिगम्य] दुःख से जानने योग्य, दुर्बोध; 'अत्थगई वि अ नयवायगहण-लीणा दुरहिगम्मा' (सम्म १६१)।

दुरहियास वि [दुरध्यास, दुरधिसह] दुस्सह, जो कष्ट से सहन किया जा सके (णाया १, १; आचा; उप १०३१ टी, स ६५७)।

दुराणण पुं [दुरानन] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४५)।

दुराणुवत्त वि [दुरनुवर्त] जिसका अनुवर्तन कष्ट-साध्य हो वह (वव ३)।

दुराय न [द्विरात्र] दो रात (ठा ५, २; कस)।

दुरायार वि [दुराचार] १ दुराचारी, दुष्ट आचरणवाला (सुर २, १९३, १२, २२९; वेणी १७१)। २ पुं. दुष्ट आचरण (भवि)।

दुरायारि वि [दुराचारिन्] ऊपर देखो (भवि)।

दुराराह वि [दुराराध] जिसका आराधन दुःख से हो सके वह (कप्प)।

दुरारोह वि [दुरारोह] जिस पर दुःख से चढ़ा जा सके वह, दुरध्यास (उत्त २३, गा ४६८)।

दुरालोअ पुं [दे] तिमिर, अन्धकार (दे ५, ४६)।

दुरालोअ वि [दुरालोक] जो दुःख से देखा जा सके, देखने को अशक्य (से ४, ८; कुमा)।

दुरालोयण वि [दुरालोकन] ऊपर देखो, 'दुरालोयणो दुम्मुहो रत्तनेत्तो' (भवि)।

दुरावह वि [दुरावह] दुर्धर, दुर्वह (पउम ९८, ९)।

दुरास वि [दुराश] १ दुष्ट आशावाला। २ खराब इच्छावाला (भवि; संक्षि १९)।

दुरासय वि [दुराशय] दुष्ट आशयवाला (सुपा १३१)।

दुरासय वि [दुराश्रय] दुःख से जिसका आश्रय किया जा सके वह, आश्रय करने को अशक्य (पराह १, ३, उत्त १)।

दुरासय वि [दुरासद] १ दुष्प्राप्य, दुर्लभ। २ दुर्जय। ३ दुःसह (दस २, ६; राज)

दुरिअ न [दुरित] पाप (पाअ; सुपा २४३)।

दुरिअ न [दे] द्रुत, शीघ्र, जल्दी (षड्)।

दुरिआरि स्त्री [दुरितारि] भगवान् संभवनाथ की शासनदेवी (संति ९)।

दुरिक्ख वि [दुरीक्ष] देखने को अशक्य (कुमा)।

दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब नक्षत्र (दसनि १, १०५)।

दुरिट्ठ न [दुरिष्ट] खराब यजन—याग (दसनि १, १०५)।

दुरुक्क वि [दे] थोड़ा पीसा हुआ, ठीक ठीक नहीं पीसा हुआ (आचा २, १, ८)।

दुरुदुल्ल सक [भ्रम्] १ भ्रमण करना, घूमना। २ गँवाई हुई चीज की खोज में घूमना। वकृ. दुरुदुल्लंत (सुर १५, २१२)।

दुरुत्त न [दुरुक्त] दुष्टोक्ति, दुष्ट वचन (सार्ध १०१)।

दुरुत्त वि [द्विरुक्त] १ दो वार कहा हुआ, पुनरुक्त। २ दो वार कहने योग्य (रंभा)।

दुरुत्तर वि [दुरुत्तर] १ दुस्तर, दुर्लंघ्य (सूअ १, ३, २)। २ न. दुष्ट उत्तर, अयोग्य जवाब (हे १, १४)।

दुरुत्तर वि [द्वि-उत्तर] दो से अधिक। °सय वि [°शततम] एक सौ दो वाँ, १०२ वाँ (पउम १०२, २०४)।

दुरुत्तार वि [दुरुत्तार] दुःख से पार करने योग्य (सुपा २६७)।

दुरुद्धर वि [दुरुद्धर] जिसका उद्धार कठिनाई से हो वह (सूअ १, २, २)।

दुरुवणीय वि [दुरुपनीत] जिसका उपनय दूषित हो ऐसा (उदाहरण) (दसनि १)।

दुरुवयार वि [दुरुपचार] जिसका उपचार कष्ट-साध्य हो वह (तंदु)।

दुरुव्वा स्त्री [दूर्वा] तृण-विशेष, दूब (स १२४; उप ३१८)।

दुरुह सक [आ + रुह्] आरूढ होना, चढ़ना। दुरुहइ (पि ११८; १३९)। वकृ. दुरुहमाण (आचा २, ३, १)। संकृ. दुरुहित्ता, दुरुहित्ताणं, दुरुहेत्ता (भग; महा; पि ५८३; ४८२)।

दुरूढ वि [आरूढ] अधिरूढ, ऊपर चढ़ा हुआ (णाया १, १; २, १; औप)।

दुरूव वि [दूरूप] १ खराब रूपवाला, कुरूप, कुडौल (ठा ८; श्रा १६)। २ मलमूत्र का कर्दम (सूत्रकृ० चूर्णी गा० ३१७)।

दुरूव वि [दूरूप] अशुचि आदि खराब वस्तु (सूअ १, ५, १, २०)।

दुरूह देखो दुरुह। संकृ. दुरूहित्तु, दुरूहिया (सूअ १, ५, २, १५); 'जहा आसा-विणि नावं जाइअंधो दुरूहिया' (सूअ १, ११, ३०)।

दुरूहण न [आरोहण] अधिरोहण, ऊपर चढ़ बैठना (स ५१)।

दुरेह पुं [द्विरेफ] भ्रमर, भौंरा (पाअ; हे १, ९४)।

दुरोअर न [दुरोदर] जुआ, द्यूत (पाअ)।

दुरोदर देखो दुरोअर (कर्पूर २५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुलंघ देखो दुल्लंघ (भवि)।

दुलंभ देखो दुल्लंभ (भवि)।

दुलह वि [दुर्लभ] १ जिसकी प्राप्ति दुःख से हो सके वह (कुमा; गउड; प्रासू १३४)। २ पुं. एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)। देखो दुल्लह।

दुलि पुंस्त्री [दे] कच्छप, कछुआ (दे ५, ४२; उप पृ १३५)।

दुल्ल न [दे] वस्त्र, कपड़ा (दे ५, ४१)।

दुल्लंघ वि [दुर्लङ्घ] जिसका उल्लंघन कठिनाई से हो सके वह, अलंघनीय (पउम १२, ३८; ४१; हेका ३१; सुर २, ७८)।

दुल्लंभ वि [दुर्लभ] दुराप, दुष्प्राप्य (उप पृ १३६; सुपा १९३; सण)।

दुल्लक्ख वि [दुर्लक्ष] १ दुर्विज्ञेय, जो दुःख से जाना जा सके, अलक्ष्य (से ८, ५; स ९६; वज्जा १३६; श्रा २८)। २ जो कठिनाई से देखा जा सके (कप्पू)।

दुल्लग्ग वि [दे] अघटमान, अयुक्त (दे ५, ४३)।

दुल्लग्ग न [दुर्लग्न] दुष्ट लग्न, दुष्ट मुहूर्त (मुद्रा २१५)।

दुल्लब्भ } देखो दुल्लह, 'किं दुल्लब्भं जणो
दुल्लभ } गुणग्गाही' (गा ९७५; निचू ११)।

दुल्ललिअ वि [दुर्ललित] १ दुष्ट आदतवाला। २ दुष्ट इच्छावाला; 'विलसइ वेसाण गिहे विविहविलासेहिं दुल्ललिओ', 'कीलइ दुल्ललियबालकोलाए' (सुपा ४८५; ३२८)। ३ व्यसनी, आदतवाला;

'धन्ना सा पुन्नुकरिसनिम्मिया
तिहुयणेवि तुह जणणी।
जीइ पसूओ सि तुमं दीणुद्धरणेक्क-
दुल्ललिओ' (सुपा २१९)।

४ दुर्विदग्ध, दुःशिक्षित (पाअ)। ५ न. दुराशा; दुर्लभ वस्तु की अभिलाषा (महानि ६)।

दुल्लसिआ स्त्री [दे] दासी, नौकरानी (दे ५, ४६)।

दुल्लह वि [दुर्लभ] १ दुराप, जिसकी प्राप्ति कठिनाई से हो वह (स्वप्न ४६; कुमा; जी ५०; प्रासू ११; ४६; ४७)। २ विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा (गु १०)। °राय पुं [°राज] वही अर्थ (सार्ध ६६; कुप्र ४)। °लंभ वि [°लम्भ] जिसकी प्राप्ति दुःख से हो सके वह (पउम ३५, ४७; सुर ४, २२६; वै ६८)।

दुवई स्त्री [द्रुपदी] छन्द-विशेष (स ७१)।

दुवण न [दावन] उपताप, पीड़न (पण्ह १, २)।

दुवण्ण } वि [दुर्वर्ण] खराब रूपवाला (भग;
दुवन्न } ठा ८)।

दुवय पुं [द्रुपद] एक राजा, द्रौपदी का पिता (णाया १, १६; उप ६४८ टी)। °सुया स्त्री [°सुता] पाण्डव-पत्नी, द्रौपदी (उप ६४८ टी)।

दुवयंगया स्त्री [द्रुपदाङ्गजा] राजा द्रुपद की लड़की, द्रौपदी, पाण्डवों की पत्नी (उप ६४८ टी)।

दुवयंगरुहा स्त्री [द्रुपदाङ्गरुहा] ऊपर देखो (उप ६४८ टी)।

दुवयण न [दुर्वचन] खराब वचन, दुष्ट उक्ति (पउम ३५, ११)।

दुवयण न [द्विवचन] दो का बोधक व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय, दो संख्या की वाचक विभक्ति (हे १, ९४; ठा ३, ४—पत्र १५८)।

दुवार } देखो दुआर (हे २, ११२; प्रति
दुवाराय } ४१; सुपा ४८७); 'एगदुवाराए' (कस)। °पाल पुं [°पाल] दरवान, प्रतीहार (सुर १, १३४; २, १४८)। °वाहा स्त्री [°वाहा] द्वार-भाग (आचा २, १, ५)।

दुवारि वि [द्वारिन्] १ द्वारवाला। २ पुं. दरवान, प्रतीहार; 'बहुपरिवारो पत्तो रायदुवारी तहिं वरुणो' (सुपा २९५)।

दुवारिअ वि [द्वारिक] दरवाजावाला, 'अवंगुयदुवारिए' (कस)।

दुवारिअ पुं [दौवारिक] दरवान, द्वारपाल (हे १, १६०; संक्षि ६; सुपा २९०)।

दुवालस त्रि.ब. [द्वादशन्] बारह, १२ (कप्प; कुमा)। °मुहुत्तअ वि [°मौहूर्तिक] बारह मुहूर्तों का परिमाणवाला (सम २२)। °विह वि [°विध] बारह प्रकार का (सम २१)। °हा अ [°धा] बारह प्रकार (सुर १४, ९१)। °वत्त न [°वर्त] बारह आवर्तवाला वन्दन, प्रणाम-विशेष (सम २१)।

दुवालसंग स्त्रीन [द्वादशाङ्गी] बारह जैन आगम-ग्रन्थ, 'आचारांग' आदि बारह सूत्र-ग्रन्थ (सम १; हे १, २५४)। स्त्री. °गी (राज)।

दुवालसंगि वि [द्वादशाङ्गिन्] बारह अंग-ग्रन्थों का जानकार (कप्प)।

दुवालसम वि [द्वादश] १ बारहवाँ। २ न. लगातार पाँच दिनों का उपवास (आचा; णाया १, १; ठा ६; सण)। स्त्री. °मी (णाया १, ९)।

दुविट्ठ } पुं [द्विपृष्ठ, द्विविष्टप] १ भरत-
दुविट्ठु } क्षेत्र में इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न द्वितीय अर्ध-चक्री राजा (सम १५८ टी; पउम ५, १५५)। २ भरत-क्षेत्र में उत्पन्न होनेवाला आठवाँ अर्ध-चक्री राजा, एक वासुदेव (सम १५४)।

दुविभज्ज वि [दुर्विभाज्य] जिसका विभाग करना कठिन हो वह—परमाणु (ठा ५, १—पत्र २९६)।

दुविभव्व देखो दुव्विभव्व (ठा ५, १ टी)।

दुवियड्ढ वि [दुर्विदग्ध] दुश्शिक्षित, जानकारी का झूठा अभिमान करनेवाला (उप ८३३ टी)।

दुवियप्प पुं [दुर्विकल्प] दुष्ट वितर्क (भवि)।

दुविलय पुं [दुविलक] एक अनार्य देश, 'दुं (? दु) विलय-लउसबुक्कस—' (पव २७४)।

दुविह वि [द्विविध] दो प्रकार का (हे १; ९४; नव ३)।

दुवीस स्त्रीन [द्वाविंशति] बाईस, २२ (नव २०; षड्)।

दुव्वण्ण } देखो दुवण्ण (पउम ४१, १७;
दुव्वन्न } पण्ह १, ४)।

दुव्वय न [दुर्व्रत] १ दुष्ट नियम। २ वि. दुष्ट व्रत करनेवाला। ३ व्रत-रहित, नियम-वर्जित (ठा ४, ३; विपा १, १)।

दुव्वयण न [दुर्वचन] दुष्ट उक्ति, खराब वचन (पउम ३३, १०६; विसे ५२०; उवा २९०)।

दुव्वल देखो दुब्बल (महा)।

दुव्वसण न [दुर्व्यसन] खराब आदत, बुरी आदत (सुपा १८४; ४८९; भवि)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुव्वसु वि [दुर्वसु] अभव्य, खराब द्रव्य (आचा)। °मुणि पुं [°मुनि] मुक्ति के लिए अयोग्य साधु (आचा)।

दुव्वह वि [दुर्वह] दुर्धर, जिसका वहन कठिनाई से हो सके वह (स १६१; सुर १, १४)।

दुव्वा देखो दुरुव्वा (कुमा; सुर १, १३८)।

दुव्वाइ वि [दुर्वादिन्] अप्रियवक्ता (दस ६, २)।

दुव्वाय पुं [दुर्वाक्] दुर्वचन, दुष्ट उक्ति; 'वयणेणावि दुव्वाओ न य कायव्वो परस्स पीडयरो' (पउम १०३, १४३)।

दुव्वाय पुं [दुर्वात] दुष्ट पवन (णमि ४)।

दुव्वार वि [दुर्वार] दुःख से रोकने योग्य, अवार्य (से १२, ६३; उप ९८६ टी; सुपा १९७; ४७१; अभि ११६)।

दुव्वारिअ देखो दुवारिअ = दौवारिक (प्राप्र)।

दुव्वाली स्त्री [दे] वृक्ष-पंक्ति (पाअ)।

दुव्वास पुं [दुर्वासस्] एक ऋषि (अभि ११८)।

दुव्विअड वि [दुर्विवृत] परिधान-वर्जित, नग्न, नंगा (ठा ५, २—पत्र ३१२)।

दुव्विअड्ढ, दुव्विअद्ध } वि [दुर्विदग्ध] ज्ञान का झूठा अभिमान करनेवाला, दुश्शिक्षित (पाअ; गा ६५)।

दुव्विजाणय वि [दुर्विज्ञेय] दुःख से जानने योग्य, जानने को अशक्य; 'अकुसलपरिणाममंदबुद्धिजणदुव्विजाणए' (पएह १, १)।

दुव्विढप्प वि [दुरर्ज] दुःख से अर्जन करने योग्य, कठिनाई से कमाने योग्य (कुप्र २३८)।

दुव्विणीअ वि [दुर्विनीत] अविनीत, उद्धत (पउम ६६, ३५; काल)।

दुव्विण्णाय वि [दुर्विज्ञात] असत्य रीति से जाना हुआ (आचा)।

दुव्विभज देखो दुविभज्ज (राज)।

दुव्विभव्व वि [दुर्विभाव्य] दुर्लक्ष्य, दुःख से जिसकी आलोचना हो सके वह (ठा ५, १ टी—पत्र २९६)।

दुव्विभाव वि [दुर्विभाव] ऊपर देखो (विसे)।

दुव्विलसिय न [दुर्विलसित] १ स्वच्छन्दी विलास। २ निकृष्ट कार्य्य, जघन्य काम, नीच काम (उप १३९ टी)।

दुव्विसह वि [दुर्विषह] अत्यन्त दुःसह, असह्य (गा १४८; सुर ३, १४४; १४, २१०)।

दुव्विसोज्झ वि [दुर्विशोध्य] शुद्ध करने को अशक्य (पंचा १७)।

दुव्विहिअ न [दुर्विहित] दुष्ट अनुष्ठान (दसचू १, १२)।

दुव्विहिय वि [दुर्विहित] १ खराब रीति से किया हुआ, 'दुव्विहियविलासियं विहिणो' (सुर ४, १५; ११, १४३)। २ असुविहित, अयशस्वी (आव ३)।

दुव्वोज्झ वि [दुर्वाह्य] दुर्वह, दुःख से ढोने योग्य (से ३, ५; ४, ४४; १३, ६३; वज्जा ३८)।

दुव्वोज्झ वि [दे] दुर्घात्य, दुःख से मारने योग्य (से ३, ५)।

दुसंकड न [दुःसंकट] विषम विपत्ति (भवि)।

दुसंचर देखो दुस्संचर (भवि)।

दुसंथ वि [द्विसंस्थ] दो बार सुनने से ही उसे अच्छी तरह याद कर लेने की शक्तिवाला (धर्मसं १२०७)।

दुसन्नप्प वि [दुस्संज्ञाप्य] दुर्बोध्य (ठा ३, ४—पत्र १६५)।

दुसमदुसमा देखो दुस्समदुस्समा (भग ६, ७)।

दुसमसुसमा देखो दुस्समसुसमा (ठा १)।

दुसमा देखो दुस्समा (भग ६, ७; भवि)।

दुसह देखो दुस्सह (हे १, ११५, सुर १२, १३७; १३९)।

पूइआलुग न [दे. पूत्यालुक] जल में होने-वाली वनस्पति-विशेष (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)।

पूइज्जंत देखो पूअ = पूजय्।

पूइम वि [पूज्य] पूजा योग्य, सम्माननीय; 'जया य पूइमो होइ पच्छा होइ अपूइमो' (दसचू १, ४)।

पूइय वि [पूजित] अर्चित, सेवित (ग्रौप; उव)।

पूइय वि [पूतिक] १ अपवित्र, अशुद्ध, दूषित (पण्ह २, ५, उप पृ २१०)। २ दुर्गन्धी, दुष्ट गन्धवाला (णाया १, ८; तंदु ४१)। ३ पूति नामक भिक्षा-दोष से युक्त (पिंड २६८)।

पूइय देखो पोइय = (दे); 'बलो गओ पूइया-वणं (सुख २, २६; उप)।

पूएअव्व देखो पूअ = पूजय्।

पूंडरिअ न [दे] कार्य, काम, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७)।

पूग पुं [पूग] १ समूह, संघात (मोह २८)। २ देखो पूअ = पूग (स ७०; ७१)।

पूगी स्त्री [पूगी] सुपारी का पेड़। °फल न [°फल] सुपारी, कसैली (रयण ५५)।

पूज देखो पूअ = पूजय्। कर्म. पूज्जए (उव)। वकृ. पूजयंत (विसे २८८८)। कृ. पूज्ज, पूज (पउम ११, ६७; सुपा १८०; सुर १, १७; उवर १६६; उव; उप ५६८)।

पूजग देखो पूअय (पंचा ४, ४४)।

पूजण देखो पूअण (पंचा ६, ३८)।

पूजा देखो पूआ = पूजा (उप १०१६)।

पूजिय देखो पूइय = पूजित (ग्रौप)।

पूण पुं [दे] हस्ती, हाथी (दे ६, ५६)।

पूणिआ } स्त्री [दे] पूणी, पूनी, रुई की
पूणी } पहल (दे ६, ७८; ६, ५६)।

पूप देखो पूअल (पिंड ५५७)।

पूयइ पुं [पूपकिन्] हलवाई (णंदि १६४)।

पूयंत देखो पूअ = पजय्।

पूयली स्त्री [दे] रोटी (आचा २, १, ८, ६)।

पूयावणा स्त्री [पूजना] पूजा कराना (संबोध १५)।

पूर सक [पूरय्] पूर्ति करना, भरना। पूरइ, पूरए (हे ४, १६९, ग्रौप; भग; महा; पि ४६२)। वकृ. पूरंत, पूरयंत (कुमा, कप्प; ग्रौप)। कवकृ. पुज्जंत, पुज्जमाण, पूरिज्जंत, पूरंत, पूरमाण (उप पृ १५४; सुपा ६८; उप १३९ टी; भवि; गा ११६; से ११, ६३; ६, ६७)। संकृ पूरित्ता (भग), पूरि (अप), (पिंग)। हेकृ. पूरिइत्तए (पि ५७८)। कृ. पूरिअव्व (से ११, ४४)।

पूर पुं [पूर] १ जल-समूह, जल-प्रवाह, जल-धारा (कुमा)। २ खाद्य-विशेष; 'कप्पूरपूरसहिए तंबोले' (सुर २, ६०)। ३ वि. पूरा, पूर्ण; 'पुराणि य से समं पणइमणोरहेहिं अज्जेव सत्त राइंदियाइं, भविस्सइ य सुए सामिणी विज्जासिद्धी' (स ३६३)।

पूरइत्तअ (शौ) वि [पूरयितृ] पूर्ण करनेवाला (मा ४३)।

पूरंतिया स्त्री [पूरयन्तिका] राजा की एक परिषत्—परिवार (राज)।

पूरग वि [पूरक] पूर्त्ति करनेवाला (कप्प; ग्रौप; रयण ७७)।

पूरण न [पूरण] शूर्प, सूप, सिरकी का बना एक पात्र जिससे अन्न पछोरा जाता है (दे ६, ५६)।

पूरण न [पूरण] १ पूर्त्ति, 'समस्सापूरणं' (सिरि ८६८)। २ पालन (आचू ५)। ३ पुं. यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक गृह-पति का नाम (उवा)। ५ वि. पूर्ति करनेवाला (राज)।

पूरमाण देखो पूर = पूरय्।

पूरय देखो पूरग; 'बत्तीसं किर कवला आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ' (पिंड ६४२)।

पूरयंत } देखो पूर = पूरय्।
पूरिअव्व }

पूरिगा स्त्री [पूरिका] मोटा कपड़ा (राज)।

पूरिम वि [पूरिम] पूरने से—भरने से होनेवाला (णाया १, १३, पण्ह २, ५; ग्रौप)।

पूरिमा स्त्री [पूरिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

पूरिय वि [पूरित] भरा हुआ (गउड; सण; भवि)।

पूरी स्त्री [पूरी] तन्तुवाय का एक उपकरण (दे ६ ५६)।

पूरेंत देखो पूर = पूरय्।

पूरोट्टी स्त्री [दे] अवकर, कतवार, कूड़ा (दे ६, ५७)।

पूल पुंन [पूल] पूला, घास की आँटिया (उप ३२० टी; कुप्र २१५)।

पूव } देखो पूअल (कस; दे ६, ११७;
पूवल } निचू १)।

पूवलिआ } देखो पूअलिया (बृह १; निचू
पूविगा } १६)।

पूस अक [पुष्] पुष्ट होना। पूसइ (हे ४, २३६; प्राकृ ६८)।

पूस देखो पुस्स = पूष्य (णाया १, ८; हे १, ४३)। °गिरि पुं [°गिरि] एक जैन मुनि (कप्प)। °फली स्त्री [°फली] वल्ली-विशेष (पण्ण १)। °माण, °माणग पुं [°माण, °मानव] मागध, मङ्गल-पाठक; '—वद्धमाण-पूसमाणघंटियगणेहिं' (कप्प; ग्रौप)। °माणग पुं [°मानक] ज्योतिर्देवता-विशेष, ग्रहाधि-ष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °माणय देखो °माण (ग्रौप)। °मित्त पुं [°मित्र] १ स्वनाम-प्रसिद्ध जैन मुनि-त्रय—१ घृत-पुष्यमित्र, २ वस्त्रपुष्यमित्र, ३ दुर्बलिका-पुष्यमित्र, जो आर्य रक्षितसूरि के शिष्य थे (विसे २५१०; २२८९)। २ एक राजा (विचार ४९३)। °मित्तिय न [°मित्रीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पूस पुं [दे] १ राजा सातवाहन (दे ६, ८०)। २ शुक, तोता (दे ६, ८०; गा २६३; वज्जा १३४; पाअ)।

पूस पुं [पूषन्] १ सूर्य, रवि (हे ३, ५६)। २ मणि-विशेष (पउम ६, ३६)।

पूसा स्त्री [पुष्या] व्यक्ति-वाचक नाम, कुण्ड-कोलिक श्रावक की पत्नी (उवा)।

पूसाण देखो पूस = पूषन् (हे ३, ५६)।

°पूह पुं [अपोह] विचार, मीमांसा; 'ईहापूह-मग्गणगवेसणं करेमाणस्स' (औप; पि १४२; २८६)। देखो अपोह = अपोह।

पृथुम (पै) देखो पढम; 'पृथुमसिनेहो' (प्राकृ १२४)।

पेअ पुं [प्रेत] १ व्यन्तर-भेद, एक देव-जाति (सुपा ४६१; ४६२; जय २६)। २ मृतक (पउम ५, ९०)। °कम्म न [°कर्मन्] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत का दाहादि कार्य (पउम २३, २४)। °करणिज्ज न [°करणीय] अन्त्येष्टि क्रिया (पउम ७५, १)। °काइय वि [°कायिक] प्रेत-योनि में उत्पन्न, व्यन्तर-विशेष (भग ३, ७)। °देवयकाइय वि [°देवताकायिक] प्रेत-देवता का, प्रेत-सम्बन्धी (भग ३, ७)। °नाह पुं [°नाथ] यमराज, जम (स ३१६)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, °मी] श्मशान (सुपा २६५)। °लोय पुं [°लोक] श्मशान (पउम ८६, ४३)। °वइ पुं [°पति] यम (उप ७२८ टी)। °वण न [°वन] श्मशान (पाअ; सुर १६, २०४; वज्जा २; सुपा ५१२)। °हिव पुं [°धिप] यम, जमराज (पाअ)।

पेअ वि [प्रेयस] अतिशय प्रिय। स्त्री. °सी (सम्मत्त १७५)।

पेअ
पेअव्व } देखो पा = पा।

पेआ स्त्री [पेया] यवागू, पीने की वस्तु-विशेष (हे १, २४८)।

पेआल न [दे] १ प्रमाण (दे ६, ५७; विसे १६६ टी; णंदि; उव)। २ विचार (विसे १३६१)। ३ सार, रहस्य (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; उप पृ २०७। ४ प्रधान, मुख्य (उवा)।

पेआलणा स्त्री [दे] प्रमाण-करण, 'पज्जव-पेयालणा पिंडो' (पिंड ६५)।

पेआलुय वि [दे] विचारित (विसे १४८२)।

पेइअ वि [पैतृक] १ पिता से आया हुआ, पितृ-क्रम-प्राप्त; 'पेइओ धम्मो' (पउम ८२, ३३; सिरि ३४८; स ५६६)। २ न. स्त्री के पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका; 'ता जा कुले कलंकं नो पयडइ ताव पेइए एयं पेसेमि', 'विमलेण तओ भणियं गच्छ पिए पेइयमियाणिं' (सुपा ६००)।

पेईहर न [पितृगृह, पैतृकगृह] पीहर, स्त्री के पिता का घर; 'इय चिंतिऊण सिग्घं धणसिरिपेईहरम्मि संचलिओ' (सुपा ६०३)।

पेऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (हे १, १०५; गा ६५; कप्पू)। °ासण पुं [°ाशन] देव, सुर (कुमा)।

पेंखिअ वि [प्रेङ्खित] कम्पित (कप्पू)।

पेंखोल अक [प्रेङ्खोलय्] झूलना, हिलना। वकृ. पेंखोलमाण (णाया १, १—पत्र ३१)।

पेंड देखो पिंड = पिण्ड (हे १, ८५; प्राकृ ५; प्राप्र; कुमा)।

पेंड न [दे] १ खण्ड, टुकड़ा। २ वलय (दे ६, ८)।

पेंडधव पुं [दे] खड्ग, तलवार (दे ६, ५६)।

पेंडबाल वि [दे] देखो पेंडलिअ (दे ६, ५४)।

पेंडय पुं [दे] १ तरुण, युवा। २ षण्ढ, नपुंसक (दे ६, ५३)।

पेंडल पुं [दे] रस (दे ६, ५८)।

पेंडलिअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पेंडव सक [प्र + स्थापय्] १ रखना, स्थापन करना। २ प्रस्थान कराना। पेंडवइ (हे ४, ३७)।

पेंडविर वि [प्रस्थापयितृ] प्रस्थापन करने-वाला (कुमा)।

पेंडार पुं [दे] १ गोप, गो-पाल, ग्वाला। २ महिषी-पाल (दे ६, ५८)।

पेंडोली स्त्री [दे] क्रीड़ा (दे ६, ५६)।

पेंढा स्त्री [दे] कलुष सुरा, पंकवाली मदिरा (दे ६, ५०)।

पेंत देखो पा = पा।

पेक्ख सक [प्र + ईक्ष्] देखना, अवलोकन करना। पेक्खइ, पेक्खए (सण; पिंग)। वकृ. पेक्खंत (पि ३६७)। कवकृ. पेक्खिज्जंत (से १५, ६३)। संकृ. पेक्खिअ, पेक्खिऊण (अभि ४२; काप्र १५८)। कृ. पेक्खणिज्ज (नाट—वेणी ७३)।

पेक्खअ
पेक्खग } वि [प्रेक्षक] देखनेवाला, निरीक्षक, द्रष्टा (सुर ७, ८०; स ३७६; महा)।

पेक्खग न [प्रेक्षण] निरीक्षण, अवलोकन (सुपा १६६; अभि ५३)।

पेक्खणग
पेक्खणय } न [प्रेक्षणक] खेल, तमाशा, नाटक (सुर ७, १८२; कुप्र ३०)।

पेक्खणा स्त्री [प्रेक्षणा] निरीक्षण, अवलोकन (ओघ ३)।

पेक्खा स्त्री [प्रेक्षा] ऊपर देखो (पउम ७२, २६)। देखो पेच्छा।

पेक्खिय देखो पेच्छिअ (राज)।

पेखिल (अप) वि [प्रेक्षित] दृष्ट (रंभा)।

पेच्च
पेच्चा } अ [प्रेत्य] परलोक, आगामी जन्म (भग; औप); 'संबोही खलु पेच्च दुल्लहा' (वै ७३)। °भव पुं [°भव] आगामी जन्म, परलोक (औप)। °भाविअ वि [°भाविक] जन्मांतर-संबन्धी (पण्ह २, २)।

पेच्चा देखो पिअ = पा।

पेच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना। पेच्छइ, पेच्छए (हे ४, १८१, उव; महा; पि ४५७)। भवि. पेच्छिहिसि (पि ५२५)। वकृ. पेच्छंत (गा ३७३; महा)। संकृ. पेच्छिऊण (पि ५८५)। हेकृ. पेच्छिउं, पेच्छित्तए (उप ७२८ टी; औप)। कृ. पेच्छणिज्ज, पेच्छिअव्व (गा ९६; औप; पण्ह १, ४; से ३, ३३)।

पेच्छ वि [प्रेक्ष] द्रष्टा, दर्शक; 'अपरमत्थपेच्छो' (स ७१५)।

पेच्छग देखो पेक्खग (भास ४७; धर्मसं ७४३)।

पेच्छण देखो पेक्खण (सुपा ३७)।

पेच्छणग
पेच्छणय } देखो पेक्खणग (पंचा ६, ११; महा)।

पेच्छय वि [प्रेक्षक] द्रष्टा, निरीक्षक (पउम ८६, ७१, स ३६१; गा ४६८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पेच्छय वि [दे] जो देखे उसी को चाहनेवाला, दृष्ट-मात्र का अभिलाषी (दे ६, ५८)।

पेच्छा स्त्री [प्रेक्षा] प्रेक्षणक, तमाशा, खेल, नाटक; 'पेच्छाछणो सिणाविलोअणाए जहा सुचोक्खोवि न किंचिदेव' (उपपं ३७; सुर १३, ३७; औप)। देखो पेक्खा। °घर न [°गृह] देखो °हर (ठा ४, २)। °मंडव पुं [°मण्डप] नाट्य-गृह, खेल आदि में प्रेक्षकों के बैठने का स्थान (पव २६६)। °हर न [°गृह] नाटक-गृह, खेल-तमाशा का स्थान (पउम ८०, ५)।

पेच्छि वि [प्रेक्षिन्] प्रेक्षक, द्रष्टा (चेइय १०६; गा २१४)।

पेच्छिअ वि [प्रेक्षित] १ निरीक्षित, अवलोकित (कुमा)। २ न. निरीक्षण, अवलोकन (सुर १२, १८३; गा २२५)।

पेच्छिर वि [प्रेक्षितृ] निरीक्षक, द्रष्टा (गा १७४; ३७१)।

पेज्ज देखो पा = पा।

पेज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम अनुराग (सूअ २, ५, २२; आचा; भग; ठा १; चेइय ६३४)। °दंसि वि [°दर्शिन्] अनुरागी (आचा)।

पेज्ज वि [प्रेयस्] अत्यन्त प्रिय (औप)।

पेज्ज वि [प्रेज्य] पूज्य, पूजनीय (राज)।

पेज्ज देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेज्जल न [दे] प्रमाण (दे ६, ५७)।

पेज्जलिअ वि [दे] संघटित (षड्)।

पेज्जा देखो पेआ (ओघ १४६; हे १, २४८)।

पेज्जाल वि [दे] विपुल, विशाल (दे ६, ७)।

पेट } न [दे] पेट, उदर (पिंग; पव १)।
पेट्ट }

पेट्ठ देखो पिट्ठ = पिष्ट (संक्षि ३; प्राकृ ५; प्राप्र)।

पेड देखो पेडय; 'नडपेडनिहा' (संबोध १८)।

पेडइअ पुं [दे] धान्य आदि बेचनेवाला वणिक् (दे ६, ५६)।

पेडक } न [पेटक] समूह, यूथ; 'नडपेडक-
पेडय } संनिहा जाण' (संबोध १५; सुपा ५४६; सिरि १६३; महा)।

पेडा स्त्री [पेटा] १ मञ्जूषा, पेटी (दे ५, ३८; महा)। २ पेटाकार चतुष्कोण गृह-पंक्ति में भिक्षार्थ-भ्रमण (उत्त ३०, १९)।

पेडाल पुं [दे. पेटाल] बड़ी मञ्जूषा, बड़ी पेटी (मुद्रा ११०)।

पेडावइ पुं [पेटकपति] यूथ का नायक (सुपा ५४६)।

पेडिआ स्त्री [पेटिका] मञ्जूषा (मुद्रा २४०)।

पेड्डु स्त्री पुं [दे] महिष, भैंसा (दे ६, ८०)।

पेड्डा स्त्री [दे] १ भित्ति, भींत। २ द्वार, दरवाजा। ३ महिषी, भैंस (दे ६, ८०)।

पेढ देखो पीढ = पीठ (हे १, १०६; कुमा); 'काऊण पेढं टविया तत्थ एसा पडिमा' (कुप्र ११७)।

पेढाल वि [दे] १ विपुल (दे ६, ७; गउड)। २ वर्तुल, गोलाकार (दे ६, ७; गउड; पाअ)।

पेढाल वि [पीठवत्] पीठ-युक्त (गउड)।

पेढाल पुं [पेढाल] १ भारत वर्ष का आठवाँ भावी जिनदेव, 'पेढालं अट्ठमयं आणंदजियं नमंसामि' (पव ४६)। २ ग्यारह रुद्र पुरुषों में दसवाँ (विचार ४७३)। ३ एक ग्राम, जहाँ भगवान् महावीर का विचरण हुआ था; 'पेढालग्गाममागओ भयवं' (आवम)। ४ न. एक उद्यान; 'तओ सामी दढभूमिं गओ, तीसे बाहिं पेढालं नाम उज्जाणं' (आव १)। °पुत्त पुं [°पुत्र] १ भारतवर्ष का आठवाँ भावी जिन-देव; 'उदए पेढालपुत्ते य' (सम १५३)। २ भगवान् पार्श्वनाथ के संतान में उत्पन्न एक जैन मुनि; 'अहे णं उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिज्जे नियंठे मेयज्जे गोत्तेणं' (सूअ २, ७, ५; ८; ९)। ३ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेढिया देखो पीढिआ; 'चत्तारि मणिपीढियाओ' (ठा ४, २—पत्र २३०)। २ ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना (वसु)।

पेढी देखो पीढी (जीव ३)।

पेणी स्त्री [प्रैणी] हरिणी का एक भेद (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

पेदंड वि [दे] लुप्त-दण्डक, जुए में जो हार गया हो वह, जिसका दाव चला गया हो वह (मृच्छ ४९)।

पेम पुंन [प्रेमन्] प्रेम, अनुराग, प्रीति, स्नेह (उवा; औप; सं ५; सुपा २०४; रयण ४२)।

पेमालुअ वि [प्रेमिन्] प्रेमी, अनुरागी (उप ६८६ टी)।

पेम्म देखो पेम (हे २, ९८; ३, २५; कुमा; गा १२६; प्रासू ११९)।

पेम्मा स्त्री [प्रेमा] छन्द-विशेष (पिंग)।

पेया स्त्री [पेया] वाद्य-विशेष, बड़ी काहला (राय ४५)।

पेर सक [प्र + ईरय्] १ पठाना, भेजना, प्रेषण करना। २ धक्का लगाना, आघात करना। ३ आदेश करना। ४ किसी कार्य में जोड़ना—लगाना। ५ पूर्वपक्ष करना, प्रश्न करना, सिद्धान्त का विरोध करना। ६ गिराना। पेरइ (धर्मसं ५६०; भवि)। वकृ. पेरंत (कुप्र ७०; पिंग)। कवकृ. पेरिज्जंत (सुपा २५१; महा)। कृ. पेज्ज (राज)।

पेरंत देखो पज्जंत (हे १, ५८; ६३; प्राप्र; औप; गउड)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] बाह्य परिधि, बाहर का घेराव (पण्ह १, ३)। °वच्च न [°वर्चस्] मण्डप, तृणादि-निर्मित गृह (राज)।

पेरग वि [प्रेरक] प्रेरणा करनेवाला, पूर्वपक्षी (धर्मसं ५८७)।

पेरण न [दे] १ ऊर्ध्व स्थान (दे ६, ५९)। २ खेल, तमाशा (स ७२३; ७२५)।

पेरण न [प्रेरण] प्रेरणा (कुप्र ७०)।

पेरणा स्त्री [प्रेरणा] ऊपर देखो (सम्मत्त १५७)।

पेरिअ वि [प्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह (दे ८, १२; भवि)।

पेरिज्ज न [दे] साहाय्य, सहायता, मदद (दे ६, ५८)।

पेरिज्जंत देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेरुल्लि वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया (दे ६, ५४)।

पेलव वि [पेलव] १ कोमल, सुकुमार, मृदु (पाअ; से २, २७; अभि २६; औप)। २ पतला, कृश। ३ सूक्ष्म, लघु (णाया १, १—पत्र २५; हे १, २३८)।

पेलु स्त्री [पेलु] पूणी, रुई की पहल; 'कंतामि ताव पेलु' (पिंडभा ३५)। °करण न [°करण] पूणी—पूनी बनाने का उपकरण, शलाका आदि (विसे ३३०५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पेल्ल सक [क्षिप्] फेंकना। पेल्लइ (हे ४, १४३)। कर्म. पेल्लिज्जइ (उव)। वकृ. पेल्लंत (कुमा)। संकृ. पेल्लिऊण (महा)।

पेल्ल देखो पेर = प्र + ईरय्। पेल्लेइ (प्राकृ ६०)। कवकृ. पेल्लिज्जंत (से ६, २५)। संकृ. पेल्लि (अप), पेल्लिअ (पिंग)। कृ. पेल्लेयव्व (ओघभा १८ टी)।

पेल्ल सक [पीडय्] पीलना, दबाना, पीड़ना। पेल्लेसि, पेल्लिसि (स ५७४ टि)।

पेल्ल सक [पूरय्] पूरना, भरना। कवकृ. पेल्लिज्जंत (से ६, २५)।

पेल्ल } पुंन [दे] बच्चा, शिशु, बालक (उप पेल्लग } २१६); 'बीयम्मि पेल्लगाइं' (उप २२० टी)।

पेल्लग देखो पेरग (निचू १६)।

पेल्लण देखो पेरण (पण्ह १, ३; गउड)।

पेल्लण न [क्षेपण] फेंकना (धर्म २)।

पेल्लय पुं [दे] देखो पेल्ल = (दे) (विपा १,२—पत्र ३६); 'सपेल्लियं सियालिं' (सुख २, ३३)।

पेल्लय देखो पेरग (बृह १)।

पेल्लय पुं [पेल्लक] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेल्लव } देखो पेर। पेल्लवइ, पेल्लावइ (प्राकृ पेल्लाव } ६०)।

पेल्लिअ वि [दे. पीडित] पीड़ित (दे ६, ५७); 'बलियदाइयपेल्लिओ' (महा)।

पेल्लिअ देखो पेरिअ (गा २२१; विपा १, १)।

पेल्लेयव्व देखो पेल्ल = प्र + ईरय्।

पेव्वे अ. आमन्त्रण-सूचक अव्यय (षड्)।

पेस सक [प्र + एषय्] भेजना, पठाना। पेसइ, पेसेइ (भवि; महा)। वकृ. पेसअंत (पि ४९०; रंभा)। संकृ. पेसिअ, पेसिउं (मा ४०; महा)। कृ. पेसइयव्व, पेसिअव्व; पेसेयव्व (सुपा ३००; २७८; ६३०; उप १३६ टी)।

पेस देखो पीस। वकृ. पेसयंत (राज)।

पेस पुंस्त्री [प्रेष्य] १ कर्मकर, नौकर, दास, चाकर (सम १९; सूअ १, २, २, ३; उवा)। २ वि. भेजने योग्य (हे २, ९२)।

पेस पुं [दे. पेश] १ सिन्ध देश में होनेवाली एक पशु-जाति (आचा २, ५, १, ८)।

पेस वि [दे. पैश] पेश नामक जानवर के चमड़े का बना हुआ (वस्त्र) (आचा २, ५, १, ८)।

पेसण न [दे] कार्य, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७; भवि; णाया १, ७—पत्र ११७; पउम १०३, २९)।

पेसण न [प्रेषण] १ पठाना, भेजना। २ नियोजन, व्यापारण (कुमा; गउड)। ३ आज्ञा, आदेश (से ३, ५४)।

पेसणआरी } स्त्री [दे] दूती, दूत-कर्म करने-पेसणआली } वाली स्त्री (दे ६, ५९; षड्)।

पेसणा स्त्री [पेषण] पीसना, पेषण; 'सिलाए जवगोहूमपेसणाए हेऊए' (उप ५९७ टी)।

पेसल वि [पेशल] १ सुन्दर, मनोज्ञ (आचा; गउड)। २ मधुर, मञ्जु (पाअ)। ३ कोमल (गउड)।

पेसल } न [दे] सिन्ध देश के पेश नामक पेसलेस } पशु के चर्म के सूक्ष्म पक्ष्म से निष्पन्न वस्त्र, 'पेसाणि वा पेसलाणि वा' (२ आचा २, ५, १—सूत्र १४५), 'पेसाणि वा पेसलेसाणि वा' (३ आचा २, ५, १, ८; (राज)।

पेसव सक [प्र + एषय्] भेजवाना। कृ. पेसवेयव्व (उप १३६ टी)।

पेसवण न [प्रेषण] भेजवाना, दूसरे के द्वारा प्रेषण (उवा; पडि)।

पेसविअ वि [प्रेषित] भेजवाया हुआ, प्रस्थापित (पाअ; उप पृ ५८)।

पेसाय वि [पैशाच] पिशाच-संबन्धी (बृह २)।

पेसि स्त्री [पेशि] देखो पेसी (सुपा ४८७)।

पेसिअ वि [प्रेषित] १ भेजा हुआ, प्रहित (गा ११२; भवि; काल)। २ प्रेषण (पउम ९, ३५)।

पेसिआ स्त्री [पेशिका] खण्ड, टुकड़ा; 'अंब-पेसिया ति वा अंबाडगपेसिया ति वा' (अनु ६; आचा २, ७, २, ७; ८; ९)।

पेसिआर पुं [प्रेषितकार] नौकर, भृत्य, कर्मकर (पउम ९, ३५)।

पेसिदवंत (शौ) वि [प्रेषितवत्] जिसने भेजा हो वह (पि ५६९)।

पेसी स्त्री [पेशी] मांस-खण्ड, मांस-पिण्ड (तंदु ७)। देखो पेसिआ।

पेसुण्ण } न [पैशुन्य] परोक्ष में दोष-पेसुन्न } कीर्तन, चुगली (औप; सूअ १, १६, २; णाया १, १; भग; सुपा ४२१)।

पेसेयव्व देखो पेस = प्र + एषय्।

पेस्सिदवंत देखो पेसिदवंत (पि ५६९)।

पेह सक [प्र + ईक्ष्] १ देखना, निरीक्षण करना, ध्यान-पूर्वक देखना। २ चिन्तन करना। पेहइ, पेहए (पि ८७; उव), पेहंति (कुप्र १९२)। भवि. पेहिस्सामि (पि ५३०)। वकृ. पेहंत, पेहमाण (उपपृ १५४; चेइय २५०; पि ३२३)। संकृ. पेहाए, पेहिया (कस; पि ३२३)।

पेह सक [प्र + ईह्] १ इच्छा करना, चाहना। २ प्रार्थना करना। पेहेइ (दस ६, ४, २)।

पेहण न [प्रेक्षण] निरीक्षण (पंचा ४, ११)।

पेहा स्त्री [प्रेक्षण] १ निरीक्षण (उव; सम ३२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में बन्दर की तरह ओष्ठ-पुट को हिलाते रहना (पव ५)। ३ पर्यालोचन, चिन्तन (आव ४)। ४ बुद्धि, मति (उत्त १, २७)।

पेहाविय वि [प्रेक्षित] दर्शित, दिखलाया हुआ (उप पृ ३८८)।

पेहि वि [प्रेक्षिन्] निरीक्षक (आचा; उव)। स्त्री. °णी (पि ३२३)।

पेहिय वि [प्रेक्षित] निरीक्षित (महा)।

पेहुण न [दे] १ पिच्छ, पँख (दे ६, ५८; पाअ; गा १७३; ७६५; वज्जा ४४; भत्त १४१; गउड)। २ मयूर-पिच्छ, मयूर-पंख, शिखण्ड (पण्ह १, १; २, ५; जं १; णाया १, ३) देखो पिहुण।

पोअ सक [प्र + वे] पिरोना, गूँथना। पोअंति (गच्छ ३, १८; सूअनि ७४)। वकृ. पोयमाण (स ५१२)। संकृ. पोइऊण (धर्मवि ६७)।

पोअ वि [प्रोत] पिराया हुआ (दे १, ७६)।

पोअ पुं [पोत] १ जहाज, प्रवहण, नौका (पाअ; सुपा ८८; ३६९)। २ बालक, शिशु, बच्चा (दे ६, ८१; पाअ; सुपा ३६९)। ३ न. वस्त्र, कपड़ा (ठा ३, १—पत्र ११४)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पोअ पुं [दे] १ धव वृक्ष, धाय, धौं का पेड़। २ छोटा साँप (दे ६, ८१)।

पोअइआ स्त्री [दे] निद्राकारी लता, लता-विशेष (दे ६, ६३; पात्र)।

पोअंड वि [दे] १ भय-रहित, निडर। २ षण्ढ, नामर्द (दे ६, ६१)।

पोअंत पुं [दे] शपथ, सौगन (दे ६, ६२)।

पोअण न [प्रवयन, प्रोतन] पिरोना, गुम्फन, गूँथना (आवम)।

पोअणपुर न [पोतनपुर] नगर-विशेष (सुपा ५०६; भवि)।

पोअणा स्त्री [प्रवयना, प्रोतना] पिरोना (उप ३५६)।

पोअय वि [पोतज] पोत से उत्पन्न होनेवाला प्राणी—हस्ती आदि (ठा ३, १)।

पोअय पुं [पोतक] देखो पोअ = पोत (उवा; औप)।

पोअलय पुं [दे] १ आश्विन मास का एक उत्सव; जिसमें पत्नी के हाथ से लेकर पति अपूप को खाता है। २ एक प्रकार का अपूप—खाद्य-विशेष, पूआ। ३ बाल वसन्त (दे ६, ८१)।

पोआई स्त्री [पोताकी] १ शकुनि को उत्पन्न करनेवाली विद्या-विशेष २ शकुनिका, पक्षि-विशेष (विसे २४५३)।

पोआउय वि [पोतायुज, पोतज] देखो पोअय (पउम १०२, ६७)।

पोआय पुं [दे] ग्राम-प्रधान, गाँव का मुखिया (दे ६, ६०)।

पोआल पुं [दे] वृषभ, बलीवर्द (दे ६, ६२)।

पोआल [दे. पोतक] बच्चा; शिशु, बालक (ओघ ४४७)।

पोइअ पुं [दे] १ हलवाई, मिठाई बेचनेवाला। २ खद्योत (दे ६, ६३)। ३ निमग्न, डूबा हुआ (ओघ १३६)। ४ स्पन्दित (बृह १)।

पोइअ वि [प्रोत] पिरोया हुआ (दे ७, ४४; उप पृ १०६; पात्र)।

पोइअल्लय देखो पोइअ = प्रोत (ओघ ५३६ टी)।

पोइआ } **पोई** } स्त्री [दे] निद्राकारी लता, वल्ली-विशेष (दे ६, ६३; पराण १—पत्र ३४)।

पोउआ स्त्री [दे] करीष—सूखा गोबर (गोइँठा) का अग्नि (दे ६, ६१)।

पोंग पुं [दे] पाक, पकना (स १८०)।

पोंगिल्ल वि [दे] पका हुआ, परिपक्व, परि-पाक-युक्त; कच्छी भाषा में 'पोंगेल';

'अन्नेवि सइंमहियलनिसीय-
गुप्पन्नकिरिणयपोंगिल्ला।
मलिणजरकप्पडोच्छइय-
विग्गहा कहवि हिंडंति ॥'
(स १८०)।

पोंड न [दे] फूल, पुष्प; 'एगं सालियपोंडं बद्धो आमेलगो होइ' (उत्तनि ३)।

पोंड देखो पुंड। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (महा)। °वद्धणिया स्त्री [°वर्धनिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

पोंड } **पोंडय** } पुं [दे] यूथ का अधिपति (दे ६, ६०)। २ फल (पराह १, ४—पत्र ७८)। ३ अविकसित अवस्थावाला कमल (विसे १४२५)। ४ कपास का सूता; 'दव्वं तु पोंडयादी भावे सुत्तमिह सूयगं नाणं' (सूअनि ३)।

पोंडरिगिणी देखो पुंडरिगिणी (ठा २, ३)।

पोंडरिय देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (स ४३६)।

पोंडरी स्त्री [पौण्ड्री, पुण्डरीका] जम्बूद्वीप के मेरु के उत्तर रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

पोंडरीअ देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (औप, णाया १, ५; १६; सम ३३; देवेन्द्र ३१८; सूअनि १४६)।

पोंडरीअ } **पोंडरीग** } न [पौण्डरीक] १ गणित-विशेष, रज्जु-गणित (सूअनि १५४)। २ देखो पुंडरीअ = पौण्डरीक (सूअ २, १, १; सूअनि १४६; १५१)।

पोक्क सक [व्या + हृ, पत् + कृ] पुका-रना, आह्वान करना। पोक्कइ (हे ४, ७६)।

पोक्क वि [दे] आगे स्थूल और उन्नत तथा बीच में निम्न (नासिका); 'पोक्कनासे' (उत्त १२, ६)।

पोक्कण पुं [पोक्कण] १ अनार्य देश-विशेष। २ उस देश में बसनेवाली म्लेच्छ जाति (पराह १, १)।

पोक्कण न [व्याहरण, पूत्करण] १ पुकार, आह्वान। २ वि. पुकारनेवाला (कुमा)।

पोक्कर देखो पुक्कर। पोक्करंति (महा)। वकृ. **पोक्करंत** (सुपा ३८०)।

पोक्करिय वि [पूत्कृत] १ पुकारा हुआ (सुर ६, १६४)। २ न. पुकार (दंस ३)।

पोक्कार देखो पुक्कार = पूत्कार (उप पृ १८५)।

पोक्किअ देखो पोक्करिय (उप १०३१ टी)।

पोक्खर न [पुष्कर] १ जल, पानी। २ पद्म, कमल। ३ पद्म-कोष। ४ एक तीर्थ, अजमेर-नगर के पास का एक जलाशय—तीर्थ। ५ हाथी की सूँढ़ का अग्र भाग। ६ वाद्य-भाण्ड। ७ आपण, दूकान। ८ असि-कोष, तलवार की म्यान। ९ मुख, मुँह। १० कुष्ठ रोग की औषधि। ११ द्वीप-विशेष। १२ युद्ध, लड़ाई। १३ शर, बाण। १४ आकाश; 'पोक्खरं' (हे १, ११६; २, ४; संक्षि ४)। १५ पुं. नाग-विशेष। १६ रोग-विशेष। १७ सारस पक्षी। १८ एक राजा का नाम। १९ पर्वत-विशेष। २० वरुण-पुत्र; 'पोक्खरो' (प्राप्र)। देखो **पुक्खर**।

पोक्खर वि [पौष्कर] १ पुष्कर-सम्बन्धी। २ पद्माकार रचनावाला; 'पोक्खरं पवहणं' (चारु ७०)।

पोक्खरिणी स्त्री [पुष्करिणी] १ जलाशय-विशेष, वर्तुल वापी (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पद्मिनी, कमलिनी, पद्म-लता; 'जलेण वा पोक्खरिणीपलासं' (उत्त ३२, ६०)। ३ वापी (कुमा)। ४ पद्म-समूह। ५ पुष्कर-मूल (हे २, ४)। ६ चौकोना जला-शय, पोखरी, वापी (पराह १, १; हे २,४)।

पोक्खल देखो पुक्खल (पराण १—पत्र ३५; आचा २, १, ८, ११)।

पोक्खलच्छिल्लय } **पोक्खलच्छिल्लय** } देखो पुक्खलच्छि-भय (पराण १—पत्र ३५; राज)।

पोक्खलि पुंन [पुष्कलिन्] एक जैन उपा-सक, जिसका दूसरा नाम शतक था (राज)।

पोग्गर } **पोग्गल** } पुंन [पुद्गल] १ रूपादि-विशिष्ट द्रव्य, मूर्त्त द्रव्य, रूपवाला पदार्थ; 'पोग्गला' (भग ८, १; ठा २, ४; ४, ४;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५, ३; ८), 'पोग्गलाइं' (सुज्ज ६; पंच ३, ४६)। २ न. मांस (पव २६८; हे १, ११६)। °त्थिआय पुं [°ास्तिकाय] पुद्गल-स्कन्ध, पुद्गल-राशि (भग; ठा ५, ३)। °परट्ट, °परियट्ट पुं [°परिवर्त] १ समस्त पुद्गल-द्रव्यों के साथ एक-एक परमाणु का संयोग-वियोग। २ समय का उत्कृष्टतम परिमाण-विशेष, अनन्त कालचक्र-परिमित समय (कम्म ५, ८६; भग १२, ४; ठा ३, ४)।

पोग्गलि वि [पुद्गलिन्] पुद्गलवाला, पुद्गल-युक्त (भग ८, १०—पत्र ४२३)।

पोग्गलिय वि [पौद्गलिक] पुद्गल-मय, पुद्गल-संबन्धी, पुद्गल का (पिंडभा ३२४)।

पोच्च वि [दे] सुकुमार, कोमल; गुजराती में 'पोचुं' (दे ६, ६०)।

पोच्चड वि [दे] १ असार, निस्सार (णाया १, ३—पत्र ६४)। २ अतिनिबिड (पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ मलिन (निचू ११)।

पोच्छल अक [प्रोत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना। वकृ. पोच्छलंत (सुर १३, ४१)।

पोच्छाहण न [प्रोत्साहन] उत्तेजन (वेणी १०५)।

पोच्छाहिअ वि [प्रोत्साहित] विशेष उत्साहित किया हुआ, उत्तेजित (सुर १३, २६)।

पोट्ट पुं [पुत्र] लड़का, 'एक्केण चारभड-पोट्टेण' (वव १, टी)।

पोट्ट न [दे] पेट, उदर, मराठी में 'पोट' (दे ६, ६०; णाया १, १—पत्र ६१; ओघभा ७६; गा ८३; १७१; २८५; स ११६; ७३८; उवा; सुख २, १५; सुपा ५४३; प्राकृ ३७; पव १३५; जं २)। °साल पुं [°शाल] एक परिव्राजक का नाम (विसे २४५२; ५५)। °सारणी स्त्री [°सारणी] अतीसार रोग (आव ४)।

पोट्ट } न [दे] पोटला, गट्ठर, गठरी; पोट्टल } 'कामिणिणियंबबिंबं कंदप्पविलासराय-हाणित्ति। न मुणइ अमेज्झपोट्ट' (सुपा ३५५; दे २, २४; स १००)।

पोट्टलिगा स्त्री [दे] पोटली, गठरी (सुख २, १७)।

पोट्टलिय वि [दे] पोटली उठानेवाला, गठरी-वाहक (निचू १६)।

पोट्टलिया [दे] देखो पोट्टलिगा (उप पृ ३८७; सुर १२, ११; सुख २, १७)।

पोट्टि स्त्री [दे] उदर-पेशी (मृच्छ २००)।

पोट्टिल पुं [पोट्टिल] १ भारतवर्ष का भावी नववाँ तीर्थंकर—जिन-देव (सम १५३)। २ भारतवर्ष के चौथे भावी जिन-देव का पूर्वभवीय नाम (सम १५४)। ३ भगवान् महावीर का व्युत्क्रम से छठवें भव का नाम (सम १०५)। ४ एक जैन मुनि, जिसने भगवान् महावीर के समय में तीर्थकर-नाम-कर्म बँधा था (ठा ६)। ५ एक जैन मुनि (पउम २०, २१)। ६ देव-विशेष (णाया १, १४)। ७ देखो पोट्टिल (राज)।

पोट्टिला स्त्री [पोट्टिला] व्यक्ति-वाचक नाम, एक स्त्री का नाम (णाया १, १४)।

पोट्टिस पुं [पोट्टिस] एक कवि का नाम (कप्पू)।

पोट्ठवई स्त्री [प्रौष्ठपदी] १ भाद्रपद मास की पूर्णिमा। २ भादों की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)।

पोट्ठिल पुं [पुष्टिल] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु)।

पोडइल न [दे] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

पोढ वि [प्रौढ] १ समर्थ (पाअ)। २ निपुण, चतुर। २ प्रगल्भ। ४ प्रवृद्ध, यौवन के बाद की अवस्थावाला (उप पृ ८६; सुपा २२४; रंभा; नाट—मालती १३६)। °वाय पुं [°वाद] प्रतिज्ञा-पूर्वक प्रत्याख्यान (गा ५२२)।

पोढा स्त्री [प्रौढा] १ तीस से पचपन वर्ष तक की स्त्री (कुप्र १८५)। २ नायिका का एक भेद, शृङ्गार रस में काम-कला आदि अच्छी तरह जाननेवाली (प्राकृ १०)।

पोढिम पुंस्त्री [प्रौढमन्] प्रौढता, प्रौढपन (मोह २)।

पोढी स्त्री [प्रौढी] ऊपर देखो (कुप्र ४०७)।

पोणिअ वि [दे] पूर्ण (दे ६, २८)।

पोणिआ स्त्री [दे] सूते से भरा हुआ तकुवा (दे ६, ६१)।

पोत देखो पोअ = पोत (औप; बृह १; णाया १, ८)।

पोतणया देखो पोअणा (उप पृ ४१२)।

पोत्त पुं [पौत्र] पुत्र का पुत्र, पोता (दे २, ७२; श्रा १४)।

पोत्त न [पोत्र] प्रवहण, नौका; 'वेलाउलम्मि ओयारियाणि सव्वाणि तेण पोत्ताणि' (उप ५९७ टी)।

पोत्त } न [पोत] १ वस्त्र, कपड़ा (श्रा पोत्तग } १२; ओघ १६८; कप्पू; स ३३२)। २ धोती, कटी-वस्त्र (गच्छ ३, १८; कस; वव ८४; श्रावक ९३ टी; महा)। ३ वस्त्र-खण्ड (पिंड ३०८)।

पोत्तय पुं [दे] फोता, वृषण, अण्डकोश (दे ६, ६२)।

पोत्तिअ न [पौतिक] वस्त्र, सूती कपड़ा (ठा ५, ३—पत्र ३३८; कस २, २६ टि)।

पोत्तिअ वि [पोतिक] १ वस्त्र-धारी। २ पुं. वानप्रस्थों का एक भेद (औप)।

पोत्तिआ स्त्री [पौत्रिका] पुत्र की लड़की (रंभा)।

पोत्तिआ स्त्री [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

पोत्तिआ } स्त्री [पोतिका, पोती] १ धोती, पोत्ती } पहनने का वस्त्र, साड़ी (विसे २६०१)। २ छोटा वस्त्र, वस्त्र-खण्ड; 'चउ-प्फालयाए पोत्तीए मुहं बंधेत्ता' (णाया १, १—पत्र ५३; पिंडभा ६), 'मुहपोत्तियाए' (विपा १, १)।

पोत्ती स्त्री [दे] काच, शीशा (दे ६, ६०)।

पोत्तुल्लया देखो पोत्तिआ (णाया १, १८—पत्र २३५)।

पोत्थ } पुंन [पुस्त, °क] १ वस्त्र, कपड़ा पोत्थग } (णाया १, १३—पत्र १७९)। २-पोत्थय } ३ देखो पुत्थ; 'पोत्थकम्मजक्खा विव निच्चिट्ठा' (वसु; श्रा १२; सुपा २८६; विसे १४२५, बृह ३; प्राप्र; औप)।

पोत्था स्त्री [प्रोत्था] प्रोत्थान, मूलोत्पत्ति (उत्त २०, १६)।

पोत्थार पुं [पुस्तककार] पोथी लिखनेवाला, पोथी बनाने का काम करनेवाला शिल्पी, दफ्तरी, जिल्दसाज (जीव ३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पोत्थिया स्त्री [पुस्तिका] पोथी, पुस्तक; 'सरस्सइ व्व पोत्थियावलग्गहत्था' (काल)।

पोप्पय पुंन [दे] हस्त-परिमर्षण, हाथ फिराना (उप पृ ३५३)।

पोप्फल न [पूगफल] सुपारी (हे १, १७०; कुमा)।

पोप्फली स्त्री [पूगफली] सुपारी का पेड़ (हे १, १७०; कुमा)।

पोम देखो पउम; 'जहा पोमं जले जायं' (उत्त २५, २७; सुत्त २५, २७; पउम ५३, ७६)।

पोमर न [दे] कुसुम्भ-रक्त वस्त्र (दे ६, ६३)।

पोमाड पुं [दे. पद्माट] पमाड, पमार, चकवड़ का पेड़ (स १४४)। देखो पउमाड।

पोमावई स्त्री [पद्मावती] छन्द-विशेष (पिंग)।

पोमिणी देखो पउमिणी (सुपा ६४६; सम्मत्त १७१)।

पोम्म देखो पउम (हे १, ६१; १, २, ११२; गा ७५; कुमा; प्राकृ २८; कप्पू; पि १६६)।

पोम्मा देखो पउमा (प्राकृ २८; गा ४७१; पि १६६)।

पोम्ह देखो पम्ह=पक्ष्मन्; 'जह उ किर णालिगाए वणियं मिदुरूयपोम्हभरियाए' (धर्मसं ६८०)।

पोर पुं [पूतर] जल में होनेवाला क्षुद्र जन्तु (हे १, १७०; कुमा)।

पोर वि [पौर] पुर में—नगर में उत्पन्न, नागरिक (प्राकृ ३५)।

पोर देखो पुर=पुरस्। °कव्व न [°काव्य] शीघ्रकवित्व (राज)।

पोर पुंन [दे. पर्वन्] ग्रंथि, गाँठ (ठा ४, १; अनु)। °बीय वि [°बीज] पर्व-बीज से उगनेवाली वनस्पति, इक्षु आदि (ठा ४, १)।

पोरग पुंन [पर्वक] वनस्पति का एक भेद, पर्ववाली वनस्पति (पराण १—पत्र ३३)।

पोरच्छ पुं [दे] दुर्जन, खल (दे ६, ६२ पात्र)।

पोरच्छिम देखो पुरच्छिम (सुपा ४१)।

पोरत्थ वि [दे] मत्सरी, ईर्ष्यालु, द्वेषी (पड्)।

पोरय न [दे] क्षेत्र (दे ६, २६)।

पोरव पुं [पौरव] राजा पुरु की संतान (अभि ६५)।

पोरवाड पुं [पौरवाट] एक जैन श्रावक-कुल (ती २)।

पोराण देखो पुराण (पराण २८; औप; भग; हे ४, २८७; उव; गा ३४)।

पोराण वि [पौराण] १ पुराण-सम्बन्धी (राय)। २ पुराण शास्त्र का ज्ञाता (राज)।

पोराणिय वि [पौराणिक] पुराण-शास्त्र-संबन्धी (स ३४४)।

पोरिस न [पौरुष] १ पुरुषत्व, पुरुषार्थ (प्रासू १७)। २ पराक्रम (कुमा)।

पोरिस वि [पौरुषेय] पुरुष-जन्य, पुरुष-प्रणीत (धर्मसं ८६२ टी)।

पोरिसिमंडल न [पौरुषीमण्डल] एक जैन शास्त्र (णंदि २०२)।

पोरिसिय देखो पोरिसीय; 'अत्थाहमतारम-पोरिसियंसि उदगंसि अप्पाणं मुयति' (णाया १, १४—पत्र १६०)।

पोरिसी स्त्री [पौरुषी] १ पुरुष-शरीर-प्रमाण छाया। २ जो समय में पुरुष-परिमाण छाया हो वह काल, प्रहर (उवा; विपा २, १; आचा; कप्प, पव ४)। ३ प्रथम प्रहर तक भोजन आदि का त्याग, प्रत्याख्यान-विशेष, तप-विशेष (पव ४; संबोध ५७)।

पोरिसीय वि [पौरुषिक] पुरुष-प्रमाण, पुरुष-परिमित; 'कुंभी महंताहियपोरिसीया' (सूत्र १, ५, १, २४)।

पोरुस पुं [पुरुष] अत्यन्त वृद्ध पुरुष (सूत्र १, ७, १०)।

पोरुस देखो पोरिस (स २०४; उप ७२८ टी; महा)।

पोरेकच्च } **पोरेगच्च** } न [पौरस्कृत्य] पुरस्कार, कला-विशेष (औप; राय; औप १०७ टि)।

पोरेवच्च न [पौरोवृत्य] पुरोवर्त्तित्व, अग्रेसरता (औप; सम ८६; विपा १, १; कप्प)।

पोलंड सक [प्रोत+लङ्घ्] विशेष उल्लंघन करना। पोलंडेइ (णाया १, १—पत्र ६१)।

पोलच्चा स्त्री [दे] खेटित भूमि, कृष्ट जमीन (दे ६, ६३)।

पोलास न [पोलास] १ नगर-विशेष, पोलासपुर (उवा)। २ उद्यान-विशेष (राज)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (उवा; अंत)।

पोलासाढ न [पोलाषाढ] श्वेतविका नगरी का एक चैत्य (विसे २३५७)।

पोलिअ पुं [दे] सौनिक, कसाई (दे ६, ६२)।

पोलिआ स्त्री [दे. पौलिका] खाद्य-विशेष, पूरी (?); 'सुणओ इव पोलियासत्तो' (उप ७२८ टी; राज)।

पोली देखो पओली; 'बद्धेसु पोलिदारेसु, गवेसंतो अ धुत्तयं' (श्रा १२; उप पृ ८४; धर्मवि ७७)।

पोल्ल वि [दे] पोला, शुषिर, खाली, रिक्त; 'पोल्लो व्व मुट्ठी जह से असारे' (उत्त २०, ४२; णाया १, १—पत्र ६३; पव ८१), 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लया य दड्ढा य' (महा)।

पोल्लड वि [दे] ऊपर देखो, 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लडा य दड्ढा य' (ओघ ७३५; विचार ३३६)।

पोल्लर न [दे] तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५८)।

पोस अक [पुष्] पुष्ट होना। पोसइ (धात्वा १४५; भवि)।

पोस सक [पोषय्] १ पुष्ट करना। २ पालन करना। पोसेइ (पंचा १०, १४); 'मायरं पियरं पोस' (सूत्र १, ३, २, ४), पोसाहि (सूत्र १, २, १, १६)। कवकृ. पोसिज्जंत (गा १३५)।

पोस वि [पोष] १ पोषक, पुष्टि-कारक; 'अभिक्खणं पोसवत्थं परिहिंति' (सूत्र १, ४, १, ३)। २ पुं. पोषण, पुष्टि (संबोध ३६)।

पोस पुं [पोस] १ अपान-देश, गुदा (पएह १, ४—पत्र ७८; ओघ ५५६; औप)। २ योनि (निचू ६)। ३ लिंग, उपस्थ; 'णवसो-तपरिस्सवा बोंदी पराणत्ता, तं जहा; दो सोत्ता, दो णेत्ता, दो घाणा, मुहं, पोसे, पाऊ' (ठा ६—पत्र ४५०)।

पोस पुं [पौष] पौष मास (सम ३५)।

पोसग वि [पोषक] १ पुष्टि-कारक। २ पालन-कर्ता (पएह १, २)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पोसण न [पोषण] १ पुष्टि (पण्ह १, २)। २ पालन। ३ वि. पोषण-कर्ता, 'लोग परं पि जहासिपोसणो' (सूअ १, २, १, १६)।

पोसण न [पोसन] अपान, गुदा (जं ३)।

पोसणया स्त्री [पोषणा] १ पोषण, पुष्टि। २ भरण, पालन (उवा)।

पोसय देखो **पोस** = पोस; 'पोसए त्ति' (ठा ६ टी—पत्र ४५०; बृह ४)।

पोसय देखो **पोसग** (राज)।

पोसह पुं [पोषध, पौषध] १ अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वतिथि में करने योग्य जैन श्रावक का व्रत-विशेष, आहार-आदि के त्याग-पूर्वक किया जाता अनुष्ठान-विशेष (सम १६; उवा; औप; महा, सुपा ६१६; ६२०)। २ पर्व-दिवस—अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्व-तिथि; 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१६)। °**पडिमा** स्त्री [°प्रतिमा] जैन श्रावक को करने योग्य अनुष्ठान-विशेष, व्रत-विशेष (पंचा १०, ३)। °**वय** न [°व्रत] वही पूर्वोक्त अर्थ (पडि)। °**साला** स्त्री [°शाला] पौषध-व्रत करने का स्थान (णाया १, १—पत्र ३१; अंत; महा)। °**ोववास** पुं [°ोपवास] पर्वदिन में उप-वास-पूर्वक किया जाता जैन श्रावक का अनु-ष्ठान-विशेष, जैन श्रावक का ग्यारहवाँ व्रत (औप; सुपा ६१६)।

पोसहिय वि [पौषधिक] जिसने पोषध-व्रत किया हो वह, पौषध करनेवाला (णाया १, १—पत्र ३०; सुपा ६१६; धर्मवि २७)।

पोसिअ वि [दे] दुःस्थ, दरिद्र, दुःखी (दे ६, ६१)।

पोसिअ वि [पुष्ट] पोषण-युक्त (भवि)।

पोसिअ वि [पोषित] १ पुष्ट किया हुआ। २ पालित (उत्त २७, १४)।

पोसिद (शौ) वि [प्रोषित] प्रवास—विदेश में गया हुआ। °**भत्तुआ** स्त्री [°भर्तृका] जिसका पति प्रवास—परदेश में गया हो वह स्त्री (स्वप्न १३४)।

पोसी स्त्री [पौषी] १ पौष मास की पूर्णिमा। २ पौष मास की अमावस (सुज १०, ६; इक)।

पोह पुं [दे] बैल आदि की विष्ठा का ढेर, कच्छी भाषा में 'पोह' (पिंड २४५)।

पोह पुं [प्रोथ] अश्व के मुख का प्रान्त भाग (गउड)।

पोहण पुं [दे] छोटी मछली (दे ६, ६२)।

पोहत्त न [पृथुत्व] चौड़ाई (भग)।

पोहत्त देखो **पुहत्त** (पि ७८)।

पोहत्तिय वि [पार्थक्त्विक] पृथक्त्व-संबन्धी (पण्ण २२—पत्र ६३६; ६४०; २३—पत्र ६६४)।

पोह्ल देखो **पोप्फल** (षड्)।

°**प्प** देखो **प** = प्र; 'विप्पोसहिपत्ताणं' (संति २; गउड)।

°**प्पआस** देखो **पयास** = प्रयास (अभि ११७)।

°**प्पउत्त** देखो **पउत्त** = प्रवृत्त (मा ३)।

°**प्पच्चअ** देखो **पच्चय** (अभि १७६)।

°**प्पडव** (मा) अक [प्र + तप्] गरम होना। प्पडवदि (पि २१६)।

°**प्पडिआर** देखो **पडिआर** = प्रतिकार (मा ४३)।

°**प्पडिहा** देखो **पडिहा** = प्रतिभा (कुमा)।

°**प्पणइ** देखो **पणइ** = प्रणयिन् (कुमा)।

°**प्पणाम** देखो **पणाम** = प्रणाम (हे ३, १०५)।

°**प्पणास** देखो **पणास** = प्रणाश (सुपा ६५७)।

°**प्पण्णा** देखो **पण्णा** = प्रज्ञा (कुमा)।

°**प्पत्थाण** देखो **पत्थाण** (अभि ८१)।

°**प्पदेस** देखो **पदेस** (नाट—विक्र ४)।

°**प्पफुरिद** (शौ) देखो **पप्फुरिअ** (नाट—मालती ५४)।

°**प्पबंध** देखो **पबंध** (रंभा)।

°**प्पभिदि** देखो °**पभिइ** (रंभा)।

°**प्पभूद** (शौ) देखो **पभूय** (नाट—वेणी ३६)।

°**प्पमत्त** देखो **पमत्त** (अभि १८५)।

°**प्पमाण** देखो **पमाण** (पि ३६६ ए)।

°**प्पमुक्क** देखो **पमुक्क** (नाट—उत्तर ५६)।

°**प्पमुह** देखो **पमुह** (गउड)।

°**प्पयर** देखो **पयर** (कुमा)।

°**प्पयाव** देखो **पयाव** (कुमा)।

°**प्पयास** देखो **पयास**=प्रकाश (सुपा ६५७)।

°**प्पलावि** देखो **पलावि** (अभि ४६)।

°**प्पवत्तण** देखो **पवत्तण**; 'अजिअजिण सुह-प्पवत्तणं' (अजि ४)।

°**प्पवह** देखो **पवह** (कुमा)।

°**प्पवेस** देखो **पवेस** (रंभा)।

°**प्पवेसि** देखो **पवेसि** (अभि १७५)।

°**प्पसर** देखो **पसर** = प्र + सृ। वकृ. °**प्पसरंत** (रंभा)।

°**प्पसर** देखो **पसर** = प्रसर।

°**प्पसव** देखो **पसव** = (नाट—मालवि ३७)।

°**प्पसाय** देखो **पसाय** = प्रसाद (रंभा)।

°**प्पसुत्त** देखो **पसुत्त** (रंभा)।

°**प्पसूद** (शौ) देखो **पसूअ** = प्रसूत (अभि १४०)।

°**प्पहर** देखो **पहर** = प्रहार (से २, ४; पि २६७ ए)।

°**प्पहा** देखो **पहा** (कुमा)।

°**प्पहाण** देखो **पहाण** (रंभा)।

°**प्पहाय** देखो **पहाय** = प्रभाव; 'प्पहाउ' (रंभा)।

°**प्पहार** देखो **पहार** (रंभा)।

°**प्पहाव** देखो **पहाव** (अभि ११६)।

°**प्पहु** देखो **पहु** (रंभा)।

°**प्पारंभ** देखो **पारंभ** (रंभा)।

°**प्पिअ** देखो **पिअ** = प्रिय (अभि ११८; मा १८)।

°**प्पिआ** देखो **पिआ** (कुमा)।

°**प्पिव** देखो **इव** (प्राकृ २६)।

°**प्पेम** देखो **पेम** (पि ४०४)।

°**प्पेम्म** देखो **पेम्म** (कुमा)।

°**प्पोढ** देखो **पोढ** (रंभा)।

°**प्फंस** देखो **फंस** = स्पर्श (काप्र ७४३; गा ४६२; ५५६)।

°**प्फणा** देखो **फणा** (सुपा ५३५)।

°**प्फद्धा** देखो **फद्धा** (कुमा)।

°**प्फल** देखो **फल** (पि२००)।

°**प्फाल** सक [स्फालय्] १ आघात करना। २ पछाड़ना। प्फालउ (पिंग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°प्फालण न [स्फालन] आघात (गउड; गा ५४६)।

°प्फुड देखो फुड (कुमा; रंभा)।

°प्फोडण देखो फोडण (गा ३८१)।

प्रस्स (अप) देखो पस्स = दृश्। प्रस्सदि (हे ४, ३९३)।

प्राइम्व, प्राइव, प्राउ (अप) देखो पाय = प्रायस् (हे ४, ४१४; कुमा)।

प्रिय (अप) देखो पिअ = प्रिय (हे ४, ३९८; कुमा)।

प्रेक्किअ न [दे] वृष रटित, बैल की चिल्लाहट (षड्)।

प्रेयंड वि [दे] धूर्त्त, ठग (दे १, ४)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि पआराइसद्दसंकलणो सत्तावीसइमो तरंगो परिसमत्तो ॥

फ

फ पुं [फ] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप्र)।

फंद अक [स्पन्द्] थोड़ा हिलना, फरकना। फंदइ, फंदंति (हे ४, १२७; उत्त १४, ४५)। वकृ. फंदंत, फंदमाण (सूअ १, ४, १, ६; ठा ७—पत्र ३८३; कप्प)।

फंद पुं [स्पन्द] किञ्चित् चलन (षड्; सण)।

फंदण न [स्पन्दन] ऊपर देखो (विसे १८४७; हे २, ५३; प्राप्र)।

फंदणा स्त्री [स्पन्दना] ऊपर देखो (सूअनि ८ टी)।

फंदिअ वि [स्पन्दित] १ कुछ हिला हुआ, फरका हुआ (पाअ)। २ हिलाया हुआ, ईषत् चालित (जीव ३)।

फंफ (अप) अक [उद् + गम्] उछलना। फंफाइ (पिंग १८४, ५)।

फंफसय पुं [दे] लता-भेद, वल्ली-विशेष (दे ६, ८३)।

फंफाइ (अप) वि [कम्पायित, कम्पित] कँपाया हुआ, कम्प-प्राप्त (पिंग)।

फंस अक [विसम् + वद्] असत्य प्रमाणित होना, प्रमाण-विरुद्ध होना, अप्रमाण साबित होना। फंसइ (हे ४, १२९)। प्रयो., भूका. फंसाविही (कुमा)।

फंस सक [स्पृश्] छूना। फंसइ, फंसेइ (हे ४, १८२; प्राकृ २७)। कर्म. फंसिज्जइ (कुमा)।

फंस पुं [स्पर्श] स्पर्श, छूना (पाअ; प्राप्र; प्राकृ २७; गा २६९)।

फंसण न [स्पर्शन] छूना, स्पर्श करना (उप ३३० टी; धर्मवि ४३, मोह २९)।

फंसण वि [पांसन] अपसद, अधम; 'कुल-फंसणो' (सुख २, ६; स १९८; भवि)।

फंसण वि [दे] १ युक्त, संयत। २ मलिन, मैला (दे ६, ८७)।

फंसुल वि [दे] मुक्त, त्यक्त (दे ६, ८२)।

फंसुली स्त्री [दे] नवमालिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (दे ६, ८२)।

फक्किया स्त्री [फक्किका] ग्रन्थ का विषम स्थान, कठिन स्थान (सुर १६, २४७)।

फग्गु वि [फल्गु] १ असार, निरर्थक, तुच्छ (सुर ८, ३; संबोध १६; गा ३६९ अ)। २ स्त्री. भगवान् अजितनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)। °मित्त पुं [°मित्र] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि (कप्प)। °रक्खिय पुं [°रक्षित] एक जैन मुनि (आव १)। °सिरी स्त्री [°श्री] इस अवसर्पिणी काल के पंचम आरे में होनेवाली अन्तिम जैन साध्वी (विचार ५३४)।

फग्गु पुं [दे. फल्गु] वसन्त का उत्सव, फगुआ (दे ६, ८२)।

फग्गुण पुं [फाल्गुन] १ मास-विशेष, फागुन का महिना (पाअ; कप्प)। २ अर्जुन, मध्यम पाण्डुपुत्र (वजा १३०)।

फागुणी स्त्री [फाल्गुनी] १ फागुन मास की पूर्णिमा (इक; सुज १०, ६)। २ फागुन मास की अमावस्या (सुज १०, ६)। ३ एक गृह-पति की स्त्री (उवा)।

फग्गुणी स्त्री [फल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (ठा २, ३)।

फट्ट अक [स्फट्] फटना, टूटना। फट्टइ (भवि)।

फड सक [स्फट्] १ खोदना। २ शोधना। वकृ. 'गतं फडमाणीओ' (सुपा ६१३)। हेकृ. फडिउं (सुपा ६१३)।

फड न [दे] साँप का सर्व शरीर (दे ६, ८६)।

फड पुंन [दे. फट] साँप की फणा (दे ६, ८६; कुप्र ४७२)।

फडही [दे] देखो फलही (गा ५५० अ)।

फडा स्त्री [फटा] साँप की फन, सर्प-फणा (णाया १, ६; पउम ५२, ५; पाअ; औप)। °ल वि [°वत्] फनवाला (हे २, १५६; चंड)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फडिअ वि [स्फटित] खोदा हुआ, 'तो थोवे-सघरेहिं नरेहिं फडिया भडत्ति सा गत्ता' (सुपा ६१३)।

फडिअ } देखो फलिह=स्फटिक (नाट—
फडिग } रत्ना ८३); 'फडिगपाहाणनिभा' (निचू ७)।

फडिल्ल देखो फडा-ल (चंड)।

फडिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल (से १३, ३८)। २ कुठार (से ५, ५४)।

फडिहा देखो फलिहा=परिखा (से १२, ७५)।

फड्ड } पुंन [दे. स्पर्ध, °क] १ अंश,
फड्डग } भाग, निस्सा, गुजराती में 'फाडिउं';
फड्ड } 'कम्मियकद्दमिस्सा चुल्ली उक्खा य
फड्डुग } फड्डगजुया उ' (पिंड २५३)। २ संपूर्ण गण के अधिष्ठाता के वशवर्त्ती गण का एक लघुतर हिस्सा, समुदाय का एक अति छोटा विभाग जो संपूर्ण समुदाय के अध्यक्ष के अधीन हो; 'गच्छागच्छिं गुम्मागुम्मि फड्डाफड्डि' (औप; बृह १)। ३ द्वार आदि का छोटा छिद्र, विवर। ४ अवधिज्ञान का निर्गम-स्थान; 'फड्डा य असंखेज्जा', 'फड्डा य आणुगामी' (विसे ७३८; ७३६)। ५ समुदाय; 'तत्थ पव्वइयगा फड्डगेहिं एंति' (आवम; आचू १)। ६ समुदाय-विशेष, वर्गणा-समुदाय; 'नेहप्पच्चय-फड्डगमेगं अविभागवग्गणा णंता' (कम्मप २८; ४४; पंच ३, २८; ५, १८३; १८४; जीवस ७६); 'तं इगिफड्डुं संते', 'तासि खलु फड्डुगाइं तु' (पंच ५, १७६; १७१)। °वइ पुं [°पति] गण के अवान्तर विभाग का नायक (बृह १)।

फण पुं [फण] फन, साँप की फणा (से ६, ५५; पाअ; गा २४०; सुपा १; प्रासू ५१)।

फणग पुं [दे. फनक] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (उत्त २२, ३०)।

फणज्जुय पुं [दे] वनस्पति-विशेष, 'तुलसी कण्ह-ओराले फणज्जुए अज्जए य भूयणए' (पण्ण १—पत्र ३४)।

फणस पुं [पनस] कटहर का पेड़ (पण्ण १; हे १, २३२; प्राप्र)।

फणा स्त्री [फणा] फन (सुर २, २३६)।

फणि पुं [फणिन्] १ साँप, सर्प, नाग (उप ३५७ टी; पाअ; सुपा ५५६; महा; कुमा)। २ दो कला या एक गुरु अक्षर की संज्ञा (पिंग)। ३ प्राकृत-पिंगल का कर्ता, पिंगलाचार्य (पिंग)। °चिंध पुं [°चिह्न] भगवान् पार्श्वनाथ (कुमा)। °पहु पुं [°प्रभु] १ नागकुमार देवों का एक स्वामी, धरणेन्द्र (ती ३)। २ शेष नाग (धर्मवि ५७)। °राय पुं [°राज] १ शेष नाग (कुप्र २७२)। २ पिंगल-कर्ता (पिंग)। °लआ स्त्री [°लता] नागलता, वल्ली-विशेष, (कप्पू)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र-विशेष, धरणेन्द्र (सुपा ३१)। २ नाग-राज (मोह २६)। ३ पिंगलकार (पिंग)। °सेहर पुं [°शेखर] प्राकृत-पिंगल का कर्ता (पिंग)।

फणिंद पुं [फणीन्द्र] १ नाग-राज, शेष नाग (प्रासू ११३)। २ पिंगलकार (पिंग)।

फणिल्ल सक [चोरय्] चोरी करना। फणिल्लइ (धात्वा १४६)।

फणिह पुं [दे. फणिह] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (सूअ १, ४, २, ११)।

फणीसर पुं [फणीश्वर] देखो फणि-वइ (पिंग)।

फणुज्जय देखो फणज्जुय (राज)।

फद्ध पुं [स्पर्ध] स्पर्धा, हिर्स (कुमा)।

फद्धा स्त्री [स्पर्धा] ऊपर देखो (दे ८, १३; कुमा ३, १८)।

फद्धि वि [स्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला (प्राकृ २३)।

फर } पुं [दे. फल, °क] १ काष्ठ आदि
फरअ } का तख्ता। २ ढाल। (दे १,७६;६, ८२; कप्पू; सुर २, ३१)। देखो फल, फलग।

फरअ पुंन [दे. स्फरक] अस्त्र-विशेष, 'फरएहिं छाइऊणं तेवि हु गिण्हंति जीवंतं' (धर्मवि ८०)।

फरक्किद वि [दे] फरका हुआ, हिला हुआ, कम्पित (कप्पू)।

फरस देखो फरिस=स्पर्श (रंभा; नाट)।

फरसु पुं [परशु] कुठार, कुल्हाड़ा, फरसा (भवि; पि २०४)। °राम पुं [°राम] ब्राह्मण-विशेष, जमदग्नि ऋषि का पुत्र (भत्त १५३)।

फरहर अक [फरफराय्] फरफर आवाज करना। वकृ. फरहरंत (भवि)।

फरिह देखो फलिह=स्फटिक (इक)।

फरिस सक [स्पृश्] छूना। फरिसइ (षड्); फरिसइ (प्राकृ २७)। कर्म. फरिसिज्जइ (कुमा)। कवकृ. फरिसिज्जंत (धर्मवि १३६)।

फरिस } पुंन [स्पर्श, °क] स्पर्श, छूना
फरिसग } (आचा; पण्ह १, १; गा १३२; प्राप्र; पाअ; कप्प); 'न य कीरइ तणुफरिसं' (गच्छ २, ४४)।

फरिसण न [स्पर्शन] इन्द्रिय-विशेष, त्वगिन्द्रिय (कुप्र २२४)।

फरिसिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (कुप्र १६; ४२)।

फरिहा देखो फलिहा=परिखा (णाया १, १२)।

फरुस वि [परुष] १ कर्कश, कठिन (उवा; पाअ; हे १, २३२; प्राप्र)। २ न. कुवचन, निष्ठुर वाक्य, 'ण यावि किंची फरुसं वदेज्जा' (सूअ १, १४, ७; २१)।

फरुस } पुं [दे. परुष, °क] कुम्भकार,
फरुसग } कुम्हार, कोहाँर, कुंभार; 'पोग्गलमोयगफरुसगदंते' (बृह ४)। °साला स्त्री [°शाला] कुंभकार-गृह (बृह ३)।

फरुसिया स्त्री [परुषता, पारुष्य] कर्कशता, निष्ठुरता (आचा)।

फल अक [फल्] फलना, फलान्वित होना। फलइ (गा १७; ८६४), फलंति (सिरि १२८२)। वकृ. फलंत (से ७, ५६)।

फल पुंन [फल] १ वृक्षादि का शस्य (आचा; कप्प; कुमा; ठा ६; जी १०)। २ लाभ; 'पुच्छइ ते सुमिणाणं एएसि किमिह मह फलो होइ' (उप ६८६ टी)। ३ कार्य; 'हेउफलभावओ होंति' (पंचव १; धर्म १)। ४ इष्टानिष्ट-कृत कर्म का शुभ या अशुभ फल—परिणाम (सम ७२; हे ४, ३३५)। ५ उद्देश्य। ६ प्रयोजन। ७ त्रिफला। ८ जायफल। ९ बाण का अग्र भाग। १० फाल। ११ दान। १२ मुष्क, अण्डकोष। १३ ढाल। १४ कक्कोल, गन्ध-द्रव्य-विशेष (हे १, २३)। १५ अग्र भाग; 'अदु वा मुट्ठिणा अदु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुंताइफलेणं' (आचा १, ६, ३, १०)। °मंत, °व वि [°वत्] फलवाला (णाया १, ४; पंचा ४)। °वड्ढिय, वद्धिय न [°वर्द्धिक] १ नगर-विशेष, फलोधि-नामक मरुदेशीय नगर। २ वहाँ का एक जैन मन्दिर (ती ५२)।

फलअ } पुंन [फलक] १ काष्ठ आदि का फलग } तख्ता (आचा; गा ६५६; तंदु २६; सुर १०, १६१; औप)। २ जुए का एक उपकरण (औप; धरण ३२)। ३ ढाल; 'भरिएहिं फलएहिं' (विपा १, ३; कुमा; सार्ध १०१)। ४ देखो फल (आचा)। °सज्जा स्त्री [°शय्या] काष्ठ का तख्ता जिसपर सोया जाय (भग)।

फलण न [फलन] फलना (सुपा ६)।

फलह } पुंन [फलह, °क] फलक, काठ फलहग } आदि का तख्ता; 'अस्संजए भिक्खुपडियाए पीढं वा फलहगं वा णिस्सेणिं वा उदूहलं वा आहट्टु उस्सविय दुरुहेज्जा' (आचा २, १, ६, १), 'भूमिसेज्जा फलहसेज्जा' (औप), 'घरफलहे' (दे १, ८; पि २०६), 'पेक्खइ मन्दिराइँ फलहद्धुग्घाडियजालगवक्खाइं', 'अह फलहंतरेण दरिसियगुज्झंतरदेसइं' (भवि);

'पिहुपत्तासयमयलं गुणनियरनिबद्धफलहसंघायं।
संजमियसयलजोगं बोहित्थं मुणिवरसरिच्छं'
(सुर १३, ३६)।

फलहिआ } स्त्री [फलहिका, फलही] काठ फलही } आदि का तख्ता; 'सूरिए अत्थमिए फलहिअं घडेउमाढवइ', 'इत्थ पहाणफलहो चिट्ठइ' (ती ११), 'कलावईए रूवं सिग्घं आलिहमु चित्तफलहीए' (सुर १, १५१)।

फलही स्त्री [दे] १ कर्पास, कपास (दे ६, ८२; गा १६५, ३५६)। २ कपास की लता; 'दरफुडिअवेंटभारोणआइ हसिअं व फलहीए' (गा ३६०)।

फलाव सक [फलाय्] फलवान् बनाना, सफल करना; 'तत्तोवि अ धणणतमा निम्मयफलेणं फलावंति' (रत्न २६)।

फलावह वि [फलावह] फलप्रद, फल को धारण करनेवाला (पउम १४, ४४)।

फलासव पुं [फलासव] मद्य-विशेष (पणण १७)।

फलि पुं [दे] १ लिंग, चिह्न। २ वृषभ, बैल (दे ६, ८६)।

फलिअ वि [फलित] १ विकसित, 'फुडिअं फलिअं च दलिअमुद्दरिअं' (पाअ)। २ फलयुक्त, जिसको फल हुआ हो वह (णाया १, ११)।

फलिअ न [दे] वायन, बायन, भोजन आदि का बाँटा जाता उपहार (ठा ३, ३—पत्र १४७)।

फलिआरी स्त्री [दे] दूर्वा, कुश तृण (दे ६, ८३)।

फलिणी स्त्री [फलिनी] प्रियंगु-वृक्ष (दे १, ३२; ६, ४६; पाअ, कुमा; गा ६६३)।

फलिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल; 'अग्गला फलिहो' (पाअ; औप), 'ऊसियफलिहा' (भग २, ५—पत्र १३४)। २ अस्त्र-विशेष, लोहे का मुद्गर आदि अस्त्र। ३ गृह, घर। ४ काच-घट। ५ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग (हे १, २३२; प्राप्र)।

फलिह पुं [स्फटिक] १ मणि-विशेष, स्फटिक मणि (जी ३; हे १, १९७; कप्पू)। २ एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३२; इक)। ३ रत्नप्रभा पृथिवी का एक स्फटिकमय काण्ड (ठा १०)। ४ गन्धमादन पर्वत का एक कूट (इक)। ५ कुण्डल पर्वत का एक कूट। ६ रुचक पर्वत का एक शिखर (राज)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत (पाअ)।

फलिह पुं [फलिह] फलक, काठ आदि का तख्ता; 'अवेसिणो फलिहा' (पाअ), 'नाणोवगरणभूयाएं कवलियाफलिहपुत्थियाईणं' (आप ८)।

फलिह पुंन [स्फटिक] आकाश (भग २०, २)।

फलिह न [दे] कपास का टेंटा, टेंट या ढेढ़ी (अणु ३५ टी)।

फलिहंस पुं [फलिहंसक] वृक्ष-विशेष (दे ४, १२)।

फलिहा स्त्री [परिखा] खाई, किले या नगर के चारों ओर की नहर (औप; हे १, २३२; कुमा)।

फलिहि देखो परिहि (प्राकृ १५)।

फलिही देखो फलही = दे (अणु ३५ टी)।

फली स्त्री [फली] काठ आदि की छोटी तख्ती; 'तत्तो चंदणफलीउ वणियहट्टम्मि विक्किउं कहवि (सुपा ३८५)।

फलोवय } वि [फलोपग] फल-प्राप्त, फलफलोवा° } सहित (ठा ३, १ पत्र—११३)।

फल्ल वि [फल्य] सूते का वस्त्र, सूती कपड़ा (बृह १)।

फव्वीह सक [लभ्] यथेष्ट लाभ प्राप्त करना, गुजराती में 'फाववु''। फव्वीहामो (बृह १)। फव्व (दश० अगस्त्य० सू० ३०३)।

फसल वि [दे] १ सार, चितकबरा; 'फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं' (पाअ; दे ६, ८७। २ स्थासक (दे ६, ८७)।

फसलाणिअ } वि [दे] कृत-विभूष, जिसने फसलिअ } विभूषा की हो वह, शृङ्गारित (दे ६, ८३); 'फसलियाणि कुंकुमराएण' (स ३६०)।

फसुल वि [दे] मुक्त (दे ६, ८२)।

फाइ स्त्री [स्फाति] वृद्धि (ओघ ४७)।

फाईकय वि [स्फीतीकृत] १ फैलाया हुआ। २ प्रसिद्ध किया हुआ; 'वइसेसियं पणीयं फाईकयमण्णमण्णेहिं' (विसे २५०७)।

फागुण देखो फग्गुण (पि ६२)।

फाड सक [पाटय्, स्फाटय्] फाड़ना। फाडेइ (हे १, १९८; २३२)। वकृ. फाडंत (कुमा)।

फाडिय वि [फाटित, स्फाटित] विदारित (भवि)।

फाणिअ पुंन [फाणित] १ गुड़; 'फाणिओ गुडो भण्णति' (निचू ४)। २ गुड़ का विकार-विशेष, आर्द्र गुड़, पानी से द्रावित गुड़ (औप; कस; पिंड २३६; ६२५; पव ४)। ३ क्वाथ (पणण १७—पत्र ५३०)।

फाय वि [स्फीत] १ वृद्ध। २ विस्तीर्ण। ३ ख्यात (विसे २५०७)।

फार वि [स्फार] १ प्रचुर, बहुत; 'फारफलभारभज्जिरसाहासयसंकुलो महासाही' (धर्मवि ५५)। २ विशाल, विपुल। ३ विस्तृत,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फैला हुआ (सुर २, २३६; काप्र १७०; सुपा १६४; कुप्र ५१)।

फारक्क वि [दे. स्फारक] स्फरकास्त्र को धारण करनेवाला, 'तं नासंतं दट्ठुं फारक्का नमुइवयणाओ ढुक्का' (धर्मवि ८०)।

फारुसिय न [पारुष्य] परुषता, कठोरता, कर्कशता; 'फारुसियं समाइयंति' (आचा)।

फाल देखो °प्फाल।

फाल देखो फाड। फालेइ (हे १, १९८; २३२)। कवकृ. फालिज्जंत, फालिज्जमाण (गा १५३; सम्मत्त १७४)। संकृ. फालेऊण (गा ४८९)।

फाल पुंन [फाल] १ लोहमय कुश, एक प्रकार की लोहे की लम्बी कील (उवा)। २ फाल से की जाती एक प्रकार की दिव्य-परीक्षा, शपथ-विशेष (सुपा १८९)। ३ फलांग, लाँफ; 'दीवि व्व विहलफालो' (कुप्र १२)।

फालण न [पाटन, स्फाटन] विदारण, "खोणी किं न सहेदि सीरमुहओ तं तारिसं फालणं" (रंभा; सम १२५)।

फालण देखो °प्फालण।

फाला स्त्री [फाला] फलाङ्ग, लाँफ (कुप्र २७८; कुलक ३२)।

फालि स्त्री [दे. फालि] १ फली, छीमी, फलियाँ २ शाखा "सिंबलिफालिव्व अग्गिणा दड्ढो" (संथा ८५)। ३ फाँक, टुकडा "—नागवल्लीदलपूगीफलफालिपमुह—" (रयण ५५)।

फालिअ वि [पाटित, स्फाटित] विदारित (कुमा; पराह १, १—पत्र; पउम ८२, ३१; औप)।

फालिअ न [दे. फालिक] देश-विशेष में होता वस्त्र-विशेष, "अमिलाणि वा गजलाणि वा फालियाणि वा कायहाणि वा (आचा २, ५, १, ७)।

फालिअ } फालिग } फालिह } पुं [स्फाटिक] १ रत्न-विशेष (कप्प)। २ वि. स्फटिक-रत्न का (पि २२६; उप ९८६; सुपा ८८)।

फालिहद्द पुं [पारिभद्र] १ फरहद का पेड़। २ देवदारु का पेड़। ३ निम्ब का पेड़ (१; २३२)।

फास सक [स्पृश्, स्पर्शय्] १ स्पर्श करना, छूना। २ पालन करना। फासइ, फासेइ (हे ४, १८२; भग)। कर्म. फासिज्जइ (कुमा)। वकृ. फासंत, फासयंत (पंचा १०, ३५ पराह २, ३—पत्र १२३)। कवकृ. फासाइज्जमाण (भग—अ°)। संकृ. फासइत्ता, फासित्ता (उत्त २९, १; सुख २९, १; कप्प; भग)।

फास पुंन [स्पर्श] १ स्पर्श, छूना (भग; प्रासू १०४)। २ ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ दुःख-विशेष, "एयाइं फासाइं फुसंति बालं" (सूअ १, ५, २, २२)। ४ शब्द आदि विषय (उत्त ४, ११)। ५ स्पर्श इन्द्रिय, त्वचा (भग)। ६ रोग। ७ ग्रहण। ८ युद्ध, लड़ाई। ९ गुप्त चर, जासूस। १० वायु, पवन। ११ दान। १२ 'क' से लेकर 'म' तक के अक्षर। १३ वि. स्पर्श करनेवाला (हे २, ९२)। °कीव पुं [°क्लीब] क्लीव का एक भेद (निचू ४)। °णाम, °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, कर्कश आदि स्पर्श का कारणभूत कर्म (राज; सम ६७)। °मंत वि [°मत्] स्पर्शवाला (ठा ५, ३; भग)। °मय वि [°मय] स्पर्श-मय, स्पर्श से निर्वृत्त; 'फासामयाओ सोक्खाओ' (ठा १०)।

फासग वि [स्पर्शक] स्पर्श करनेवाला (अज्झ १०४)।

फासण न [स्पर्शन] १ स्पर्श-क्रिया (श्रा १६)। २ स्पर्शेन्द्रिय, त्वचा (पव ६७)।

फासणया } फासणा } स्त्री [स्पर्शना] १ स्पर्श-क्रिया (ठा ६; स १५९; जीवस १८१)। २ प्राप्ति (राज)।

फासिअ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ (नव ४१; विसे २७८३)। २ प्राप्त; 'उचिए काले विहिणा पत्तं जं फासियं तयं भणियं' (पव ४)।

फासिअ वि [स्पर्शिक] स्पर्श करनेवाला (विसे १००१)।

फासिअ वि [स्पर्शित] १ स्पर्श-युक्त, स्पृष्ट। २ प्राप्त (पव ४—गाथा २१२)।

फासिंदिय न [स्पर्शेन्द्रिय] त्वगिन्द्रिय (भग; णाया १, १७)।

फासु } फासुअ } फासुग } वि [प्रासु, °क] अचेतन, जीव-रहित, निर्जीव, अचित्त वस्तु (भग; पंचा १०, ६; औप; उवा; णाया १, ५; पउम ८२, ५)।

फिक्कर अक [फित् + कृ] प्रेत—पिशाच का चिल्लाना; 'तह फिक्करंति पेया' (सुपा ४९२)।

फिक्कि पुंस्त्री [दे] हर्ष, खुशी (दे ६, ८३)।

फिज न [दे. स्फिच्] नितम्ब, चूतर, जंघा का उपरि-भाग (सुख ८, १३)।

फिट्ट अक [भ्रंश्] १ नीचे गिरना। २ टूटना, भाँगना। ३ ध्वस्त होना। ४ पलायन करना, भागना। फिट्टइ (हे ४, १७७; प्राकृ ७६; गा १८३; चेइय ५८७), फिट्टई (उत्त २०, ३०), फिट्टंति (सिरि १२९३)। भवि. फिट्टिहिइ, फिट्टिहिसि (कुप्र १६५; गा ७६८)।

फिट्ट वि [भ्रष्ट] विनष्ट; 'पाणिएण तगह व्विअ न फिट्टा' (गा ९३; भवि)।

फिट्टा स्त्री [दे] १ मार्ग, रास्ता; 'ता फिट्टाए मिलियं कुट्टियनरपेडियं एगं' (सिरि २९९)। २ प्रणाम-विशेष, मार्ग में किया जाता प्रणाम (गुभा १)। °मित्त पुंन [°मित्र] मार्ग में मिलने पर प्रणाम करने तक की अवधिवाली मित्रतावाला (सुपा १८९)।

फिड देखो फिट्ट। फिडइ (हे ४, १७७)।

फिडिअ वि [भ्रष्ट, स्फिटित] १ भ्रंश-प्राप्त, नष्ट, च्युत (ओघ ७, १११; ११२; से ४, ५४; ६४)। २ अतिक्रान्त, उल्लंघित (ओघभा १७४; औप)।

फिड्डु वि [दे] वामन (दे ६, ८४)।

फिप्प वि [दे] कृत्रिम, बनावटी (दे ६, ८३)।

फिप्फिस न [दे] अन्त्र—आँत स्थित मांस-विशेष, फेफड़ा (सूअनि ७२; पराह १, १)।

फिर सक [गम्] फिरना, चलना। वकृ. फिरंत (धर्मवि ८१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिरक्क पुंन [दे] खाली गाड़ी, भार ढोनेवाली खाली गाड़ी; 'समचित्ता दुवि वसहा सगडं कड्ढंति उवलभरियंपि। अट्ठवि विभिन्नचित्ता फिरक्कजुत्तावि तम्मंति' (सुपा ४२४)।

फिरिय वि [गत] गया हुआ,
'गोधणवालणहेउं पुरिसा इह
केवि अग्गओ फिरिया।
जं सुम्मइ आसन्नो
सुन्नेवि हु एस संखरवो'
(धर्मवि १३६)।

फिलिअ देखो फिडिअ (से ८, ६८)।

फिल्लुस अक [दे] फिसलना, खिसकना, गिरना। वकृ. 'सेवालियभूमितले फिल्लुसमाणा य थामथामम्मि' (सुर २, १०५)। देखो फेल्लुस।

फीअ देखो फाय (सूअ २, ७, १)।

फीणिया स्त्री [दे] एक जात की मीठाई, गुजराती में 'फेणी'; (सम्मत्त ५७)।

फुंका स्त्री [दे] फूँक, मुँह से हवा निकालना (मोह ६७)।

फुंकार पुं [फुङ्कार] फुफकार, कुपित सर्प आदि की आवाज (सुर २, २३७)।

फुंटा स्त्री [दे] केश-बन्ध (दे ६, ८४)।

फुंद देखो फंद = स्पन्द। फुंदइ (से १५, ७७)।

फुंफमा, फुंफुआ, फुंफुगा स्त्री [दे] करीषाग्नि, वनकण्डे की आग (पाअ; दे ६, ८४; तंदु ४५; जीव २; बृह १; कम्म १, २२)।

फुंफुमा स्त्री [दे] १ करीषाग्नि, 'अहवा डज्झउ निहुयं निद्धूमं फुंफुम व्व चिरमेसो' (उप ७२८ टी)। २ कचवर-वह्नि, कूड़ा-करकट की आग (सुख १, ८)।

फुंफुल, फुंफुल्ल सक [दे] १ उत्पाटन करना। २ कहना। फुंफुल्लइ (हे २, १७४)।

फुंस सक [मृज्, प्र + उञ्छ्] पोंछना; साफ करना। फुंसदि (प्राकृ ९३)।

फुंसण देखो फासण (उप पृ ३४)।

फुक्क अक [फूत् + कृ] १ फुफकारना, फूँ फूँ आवाज करना। २ सक. मुँह से हवा निकालना, फूँकना। फुक्कइ (पिंग)। वकृ. फुक्कंत (गा १७६), फुक्किज्जंत (अ) (हे ४, ४२२)।

फुक्का स्त्री [दे] १ मिथ्या (दे ६, ८३)। २ फूँक (कुप्र १५०)।

फुक्कार पुं [फूत्कार] फुफकार, फूँ फूँ की आवाज (कुप्र ५८; सण)।

फुक्किय वि [फूत्कृत] फुफकारा हुआ (आव ४)।

फुक्की स्त्री [दे] रजकी, धोबिन (दे ६, ८४)।

फुग्ग स्त्रीन [दे. स्फिच्] शरीर का अवयव-विशेष, कटि-प्रोथ (सूअनि ७६)।

फुग्गफुग्ग वि [दे] विकीर्ण रोमवाला, परस्पर असंबद्ध—बिखरे हुए केशवाला; 'तस्स भुमगाओ फुग्गफुग्गाओ' (उवा)।

फुट, फुट्ट अक [स्फुट्, भ्रंश्] १ विकसना, खीलना। २ प्रकट होना। ३ फूटना, फटना, टूटना। ४ नष्ट होना। फुटइ, फुट्टई, फुट्टेइ, फुट्टउ (संक्षि ३६; प्राकृ ६६; हे ४, १७७; २३१; उव; भवि; पिंग; गा २२८)। भवि. 'फुट्टिस्सइ बोहित्थं महिलाजणकहियमंतं वा' (धर्मवि १३), फुट्टिहिइ (पि ५२६)। वकृ. फुट्टंत, फुट्टमाण (पएह १, ३; गा २०४; सुर ४, १५१; णाया १, १—पत्र ३६)।

फुट्ट वि [स्फुटित, भ्रष्ट] १ फूटा हुआ, टूटा हुआ, विदीर्ण (उप ७२८ टी; सम्मत्त १४५; सुर २, ६०; ३, २४३; १३; २१०)। २ भ्रष्ट, पतित (कुमा)। ३ विनष्ट; 'फुट्टहडाहडसीसं' (णाया १, १६; विपा १, १)।

फुट्टण न [स्फुटन] १ फूटना, टूटना (कुप्र ४१७)। २ वि. फूटनेवाला, विदीर्ण होनेवाला (हे ४, ४२२)।

फुट्टिअ वि [स्फुटित] विदारित, 'फुट्टिअमोहो' (कुमा ७, ६४)।

फुट्टिर वि [स्फुटितृ] फूटनेवाला (सण)।

फुट्ठ देखो पुट्ठ = स्पृष्ट (पि ३११)।

मंख पुं [मङ्ख] एक भिक्षुक-जाति जो चित्र-पट दिखाकर जीवन-निर्वाह करता है (णाया १, १ टी; औप; पण्ह २, ४; पिंड ३८९; कप्प)। °फलय न [°फलक] १ मंख का तख्ता। २ निर्वाह-हेतुक चैत्य (पंचा ६, ४५ टी)।

मंखण न [म्रक्षण] १ मक्खन; 'मंखणं व सुकुमालकरचरणा' (उप ६४८ टी)। २ अभ्यंग, मालिश (सुर १२, ८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंखलि पुं [मङ्खलि] एक मंख-भिक्षु, गोशालक का पिता। °पुत्त पुं [°पुत्र] गोशालक, आजीवक मत का प्रवर्तक एक भिक्षु जो पहले भगवान् महावीर का शिष्य था (ठा १०; उवा)।

मंग सक [मङ्ग्] १ जाना। २ साधना। ३ जानना। कर्म. मंगिज्जए (विसे २२)।

मंग पुं [मङ्ग] १ धर्म (विसे २२)। २ रंजन-द्रव्य-विशेष, रंग के काम में आता एक द्रव्य (सिरि १०५७)।

मंगइय देखो मगइय (निर १, १)।

मंगरिया स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राय)।

मंगल पुं [मङ्गल] १ ग्रह-विशेष, अंगारक ग्रह (इक)। २ न. कल्याण, शुभ, क्षेम, श्रेय (कुमा)। ३ विवाह सूत्र-बन्धन (स्वप्न ४९)। ४ विघ्न-क्षय (ठा ३, १)। ५ विघ्न-क्षय के लिए किया जाता इष्टदेव-नमस्कार आदि शुभ कार्य। ६ विघ्न-क्षय का कारण, दुरित-नाश का निमित्त (विसे १२; १३; २२; २३; २४; औप; कुमा)। ७ प्रशंसावाक्य, खुशामद (सूअ १, ७, २५)। ८ इष्टार्थ-सिद्धि, वाञ्छित-प्राप्ति (कप्प)। ९ तप-विशेष, आयंबिल (संबोध ५८)। १० लगातार आठ दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ११ वि. इष्टार्थ-साधक, मंगल-कारक (आव ४)। °ज्झय पुं [°ध्वज] मांगलिक ध्वज (भग)। °तूर न [°तूर्य] मंगल-वाद्य (महा)। °दीव पुं [°दीप] मांगलिक दीप, देव-मन्दिर में आरती के बाद किया जाता दीपक (धर्मवि १२३; पंचा ८, २३)। °पाढय पुं [°पाठक] मागध, चारण (पाअ)। °पाढिया स्त्री [°पाठिका] वीणा-विशेष, देवता के आगे सुबह और सन्ध्या में बजाई जाती वीणा (राज)।

मंगल वि [दे] १ सदृश, समान (दे ६, ११८)। २ न. अग्नि, आग। ३ डोरा बूनने का एक साधन। ४ बन्दनमाला (विसे २७)।

मंगलग पुंन [मङ्गलक] स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक पदार्थ (सुपा ७७)।

मंगलसज्झ न [दे] वह खेत जिसमें बीज बोना बाकी हो (दे ६, १२६)।

मंगला स्त्री [मङ्गला] भगवान् श्रीसुमतिनाथ की माता का नाम (सम १५१)।

मंगलालया स्त्री [मङ्गलालया] एक नगरी का नाम (आचू १)।

मंगलावइ पुं [मङ्गलापातिन्] सौमनस-पर्वत का एक कूट (इक; जं ४)।

मंगलावई स्त्री [मङ्गलावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इक)।

मंगलावत्त पुं [मङ्गलावर्त] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इअ)। २ देव-विशेष (जं ४)। ३ न. एक देव-विमान (सम १७)। ४ पर्वत-विशेष का एक शिखर (इक)।

मंगलिअ } वि [माङ्गलिक] १ मंगल-
मंगलीअ } जनक; 'सअलजीवलोअमंगलिअ-जम्मलाहस्स' (उत्तर ९०; अच्चु ३६; सुपा ७८)। २ प्रशंसा-वाक्य बोलनेवाला; 'सुहमंगलीए' (सूअ १, ७, २५)।

मंगल्ल वि [मङ्गल्य, माङ्गल्य] मंगल-कारी, मंगल-जनक, मांगलिक; 'पढमाणो जिणगुण-गणनिबद्धमंगल्लवित्ताइं' (चेइय १९०; णाया १, १; सम १२२; कप्प; औप; सुर १, २३८; १५, १७३; सुपा ५५)।

मंगी स्त्री [मङ्गी] षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७— पत्र ३९३)।

मंगु पुं [मङ्गु] एक सुप्रसिद्ध जैन आचार्य, आर्यमंगु (णंदि; ती ७; आत्म २३)।

मंगुल न [दे] १ अनिष्ट (दे ६, १४५; सुपा ३३८; सूक्त ८०)। २ पाप (दे ६, १४५; वज्जा ८; गउड; सूक्त ८०)। ३ पुं. चोर, तस्कर (दे ६, १४५)। ४ वि. असुन्दर, खराब (पाअ, ठा ४, ४—पत्र २७१; स ७१३; दंस ३)। स्त्री. °ली; 'मंगुली णं समणस्स भगवओ महावीरस्स धम्मपण्णत्ती' (उवा)।

मंगुस पुं [दे] नकुल, न्यौला, भुजपरिसर्प-विशेष (दे ६, ११८; सूअ २, ३, २५)।

मंच्र पुं [दे] बन्ध (दे ६, १११)।

मंच पुं [मञ्च] १ मचान, उच्चासन (कप्प; गउड)। २ गणितशास्त्र प्रसिद्ध दश योगों में तीसरा योग, जिसमें चन्द्रादि मंचाकार से रहते हैं (सुज १२—पत्र २३३)। °इमंच पुं [°ातिमञ्च] १ मचान के ऊपर का मञ्च, ऊपर ऊपर रखा हुआ मंच (औप)। २ गणित-प्रसिद्ध एक योग जिसमें चन्द्र, सूर्य आदि नक्षत्र एक दूसरे के ऊपर रक्खे हुए मंचों के आकार से अपस्थित होते हैं (सुज १२)।

मंची स्त्री [मञ्ची] खटिया, खाट; 'ता आरुह मंचीए' (सुर १०, १६८; १६९)।

मंछुडु (अप) अ [मङ्क्षु] शीघ्र, जल्दी (भवि)।

मंजर पुं [मार्जार] मंजार, बिल्ला, बिलाव (हे २, १३२; कुमा)। देखो मज्जर, मज्जार।

मंजरि स्त्री [मञ्जरि] देखो मंजरी (औप)।

मंजरिअ वि [मञ्जरित] मञ्जरी-युक्त; 'मंजरिओ चूयनिकरो' (स ७१९)।

मंजरिआ } स्त्री [मञ्जरिका, °री] नवोत्पन्न
मंजरी } सुकुमार पल्लवाकार लता, बौर (कुमा, गउड)। °गुंडी स्त्री [°गुण्डी] वल्ली-विशेष; 'तोमरिगुंडी य मंजरीगुंडी' (पाअ)।

मंजार देखो मंजर (हे १, २६)।

मंजिआ स्त्री [दे] तुलसी (दे ६, ११६)।

मंजिट्ठ वि [माञ्जिष्ठ] मजीठ रंगवाला, लाल। स्त्री. °ट्ठी (कप्पू)।

मंजिट्ठा स्त्री [मञ्जिष्ठा] मजीठ, रंग-विशेष (कप्पू; हे ४, ४३८)।

मंजीर न [मञ्जीर] १ नूपुर; 'हंसयं नेउरं च मंजीरं' (पाअ, स ७०४; सुपा ६६)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मंजीर न [दे] शृङ्खलक, साँकल, जंजीर, सिकड़ (दे ६, ११६)।

मंजु वि [मञ्जु] १ सुन्दर, मनोहर (पाअ)। २ कोमल, सुकुमार (औप; कप्प)। ३ प्रिय, इष्ट (राय; जं १)।

मंजुआ स्त्री [दे] तुलसी (दे ६, ११६; पाअ)।

मंजुल वि [मञ्जुल] १ सुन्दर, रमणीय, मधुर (सम १५२, कप्प; विपा १, ७; पाअ; पिंग)। २ कोमल (णाया १; १)।

मंजुसा } स्त्री [मञ्जूषा] १ विदेह वर्ष की
मंजूसा } एक नगरी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। २ पिटारी, छोटी संदूक (सुपा ३२१; कप्पू)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंठ वि [दे] १ शठ, लुच्चा, बदमाश। २ पुं. बन्ध (दे ६, १११)।

मंड सक [मण्ड्] भूषित करना, सजाना। मंडइ (षड्), मंडंति (पि ५५७)।

मंड सक [दे] १ आगे धरना। २ प्रारम्भ करना, गुजराती में 'मांडवुं'; 'जो मंडइ रण-भरधुरहो खंधुं' (भवि)।

मंड पुंन [मण्ड] रस; 'तयाणंतरं च णं घयविहिपरिमाणं करेइ, नन्नत्थ सारइएणं गोघयमंडेणं' (उवा)।

मंडअ देखो मंडव = मण्डप (नाट—शकु ९८)।

मंडअ } पुं [मण्डक] खाद्य-विशेष, माँडा, मडग } एक प्रकार की रोटी (उप पृ ११५, पव ४ टी; कुप्र ४३; धर्मवि ११९)।

मंडग वि [मण्डक] विभूषक, शोभा बढ़ाने-वाला; 'ससि च.........जोइसमुहमंडगं'। (कप्प)।

मंडण न [मण्डन] १ भूषण, भूषा (गउड; प्रासू १३२)। २ वि. विभूषक, शोभा बढ़ाने-वाला (गउड; कुमा)। स्त्री. °णी (प्रासू ९४)। °धाई स्त्री [°धात्री] आभूषण पहनानेवाली दासी (णाया १, १—पत्र ३७)।

मंडल पुं [दे. मण्डल] श्वान, कुत्ता (दे ६, ११४; पाअ; स ३९८; कुप्र २८०; सम्मत्त १९०)।

मंडल न [मण्डल] १ समूह, यूथ (कुमा; गउड; सम्मत्त १९०)। २ देश (उप १४२ टी; कुप्र ४६; २८०)। ३ गोल, वृत्ताकार पदार्थ (कुमा; गउड)। ४ गोल आकार से वेष्टन (ठा ३, ४—पत्र १९६; गउड)। ५ चन्द्र-सूर्य आदि का चार-क्षेत्र (सम ६९; गउड)। ६ संसार, जगत् (उत्त ३१, ३; ४; ५; ६)। ७ एक प्रकार का कुष्ठ रोग। ८ एक प्रकार की वृत्ताकार दाद—दद्रु (पिंड ६००)। ९ बिम्ब; 'डज्झइ ससिमंडलकलस-दिण्णकंठग्गहं मयणो' (गउड)। १० सुभटों का स्थान-विशेष (राज)। ११ मण्डलाकार परिभ्रमण (सुज्ज १, ७; स ३४९)। १२ इंगित क्षेत्र (ठा ७—पत्र ३९८)। १३ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २९)। °व वि [°वत्] मण्डल में परिभ्रमण करनेवाला (सुज्ज १, ७)। °हिव पुं [°धिप] मण्डलाधीश (भवि)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही अर्थ (भवि)।

मंडल पुंन [मण्डल] योद्धा का युद्ध समय का आसन (वव १)। °पवेस पुं [°प्रवेश] एक प्राचीन जैन शास्त्र (णंदि २०२)।

मंडलग्ग पुंन [मण्डलाग्र] तलवार, खड्ग (हे ३, ३४; भवि)।

मंडलय पुं [मण्डलक] एक माप, बारह कर्म-माषकों का एक बाँट (अणु १५५)।

मंडलि पुं [मण्डलिन्] १ मण्डलाकार चलता वायु, चक्र-वात, ववंडर (जी ७)। २ माण्ड-लिक राजा; 'तेवीसं तित्थंकरा पुव्वभवे मंडलिरायाणो हात्था' (सम ४२)। ३ सर्प की एक जाति (पण्ह १—पत्र ५१)। ४ न. गोत्र-विशेष, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा है। ५ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)। °पुरी स्त्री [°पुरी] नगर-विशेष, गुजरात का एक नगर, जो आजकल भी 'मांडल' नाम से प्रसिद्ध है (सुपा ६५९)।

मंडलिअ वि [मण्डलित] मण्डलाकार बना हुआ; 'मंडलियचंडकोदंडमुक्ककंडोलिखंडिय-सिरेहिं' (सुपा ४; वज्जा ६२; गउड)।

मंडलिअ वि [मण्डलिक, माण्डलिक] १ मण्डलाकारवाला। २ पुं. मंडल रूप से स्थित पर्वत-विशेष (ठा ३, ४—पत्र १९६; पण्ह २, ४)। ३ मण्डलाधीश, सामान्य राजा (णाया १, १; पण्ह १, ४; कुमा; कुप्र १२०; महा)।

मंडली स्त्री [मण्डली] १ पंक्ति, श्रेणी, समूह (से ५, ७९; गच्छ २, ५६)। २ अश्व की एक प्रकार की गति (से १३, ६९; महा)। ३ वृत्ताकार मंडल—समूह (संबोध १७; उव)।

मंडलीअ देखो मंडलिअ = मण्डलिक; 'तह तलवरसेणाहिवकोसाहिवमंडलीयसामंते' (सुपा ७३; ठा ३, १—पत्र १२६)।

मंडव पुं [मण्डप] १ विश्राम-स्थान। २ वल्ली आदि से वेष्टित स्थान (जीव ३; स्वप्न ३९; महा; कुमा)। ३ स्नान आदि करने का गृह; 'ण्हाणमंडवंसि', 'भोयणमंडवंसि' (कप्प; औप)।

मंडव न [माण्डव्य] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

मंडविआ स्त्री [मण्डपिका] छोटा मण्डप (कुमा)।

मंडव्वायण न [माण्डव्यायन] गोत्र-विशेष (सुज १०, १६; इक)।

मंडावण न [मण्डन] सजाना, विभूषित कराना। °धाई स्त्री [°धात्री] सजानेवाली दासी (आचा २, १५, ११)।

मंडावय वि [मण्डक] सजानेवाला (निचू ९)।

मंडि° } वि [मण्डित] १ भूषित (कप्प; मंडिअ } कुमा)। २ पुं. भगवान् महावीर के षष्ठ गणधर का नाम (सम १९; विसे १८०२)। ३ एक चोर का नाम (धर्मंत्रि ७२; ७३)। °कुच्छि पुंन [°कुक्षि] चैत्य-विशेष (उत २०, २)। °पुत्त पुं [°पुत्र] भगवान् महावीर का छठवाँ गणधर (कप्प)।

मंडिअ वि [दे] रचित, बनाया हुआ। २ बिछाया हुआ;

'संसारे हयविहिणा महिलारूवेण मंडिए पासे।
वज्झंति जाणमाणा अयाणमाणावि वज्झंति॥'
(रयण ८)।

३ आगे धरा हुआ; 'मइ मंडिउ रणभरधुरहो खंधु' (भवि)। ४ आरब्ध; 'रणु मंडिउ कच्छाहिवेण ताम' (भवि; सण)।

मंडिल्ल पुं [दे] अपूप, पूआ, पक्वान्न-विशेष (दे ६, ११७)।

मंडी स्त्री [दे] १ पिधानिका, ढकनी (दे ६, १११; पाअ)। २ अन्न का अग्र रस, माँड़। ३ माँड़ी, कलप, लेई (आव ४)। °पाहुडिया स्त्री [°प्राभृतिका] एक भिक्षा-दोष, अन्न के माँड़ अथवा माँड़ी को दूसरे पात्र में रखकर दी जाती भिक्षा का ग्रहण (आव ४)।

मंडुक } देखो मंडूअ (श्रा २८; पण्ह १, १; मंडुक्क } हे २, ९८; षड्; पाअ)।

मंडुकलिया } स्त्री [मण्डूकिका, °की] १ स्त्री मंडुक्किया } मेंढक, भेकी, दादुरी (उप १४७ मंडुक्की } टी; १३७ टी)। २ शाक-विशेष, वनस्पति-विशेष (उवा; पण्ण १—पत्र ३४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंडुग, मंडूअ, मंडूक, मंडूर पुं [मण्डूक] १ मेंढक, दादुर; 'मंडुगगइसरिसो खलु अहिगारो होइ सुत्तस्स' (वव ७; कुमा)। २ वृक्ष-विशेष, श्योनाक, सोनापाठा। ३ बन्ध विशेष (संक्षि १७); 'मंडूरो' (प्राप्र)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °प्पुअ न [°प्लुत] भेक की चाल। २ पुं. ज्योषि-प्रसिद्ध योग-विशेष, भेक की गति की तरह होनेवाला योग (सुज्ज १२—पत्र २३३)।

मंडोवर न [मण्डोवर] नगर-विशेष (ती १५)।

मंत सक [मन्त्रय्] १ गुप्त परामर्श करना, मसलहत करना। २ आमंत्रण करना। मंतइ (महा; भवि)। भवि. मंतही (अप) (पिंग)। वकृ. मंतंत, मंतयंत (सुपा ५३५; ३०७; अभि १२०)। संकृ. मंतिअ, मंतिऊण, मंतेऊण (अभि १२४; महा)।

मंत पुंन [मन्त्र] १ गुप्त बात, गुप्त आलोचना; 'न कहिज्जइ एसिमेरिसं मंतं' (सिरि ६२५); 'फुट्टिस्सइ बोहित्थं महिलाजणकहियमंतं व' (धर्मवि १३; कुमा)। २ जप्य, जाप करने योग्य प्रणवादिक अक्षर-पद्धति (णाया १, १४; ठा ३, ४ टी—पत्र १५६; कुमा; प्रासू १४)। °जंभग पुं [°जृम्भक] एक देव-जाति (भग १४, ८ टी—पत्र ६५४)। °देवया स्त्री [°देवता] मन्त्राधिष्ठायक देव (श्रा १)। °न्नु वि [°ज्ञ] मन्त्र का जानकार (सुपा ६०३)। °वाइ वि [°वादिन्] मान्त्रिक, मन्त्र को ही श्रेष्ठ माननेवाला (सुपा ५६७)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ सब मन्त्र जिसके स्वाधीन हों वह। २ बहु-मन्त्र। ३ प्रधान मन्त्रवाला; 'साहोणसव्वमंतो बहुमंतो वा पहाणमंतो वा, नेओ स मंतसिद्धो' (आवम)।

मंत वि [मान्त्र] मन्त्र-सम्बन्धी, मान्त्रिक। स्त्री 'मंती ठक्कारपंतिव्व' (धर्मवि २०)।

मंत देखो मा = मा।

मंतक्ख न [दे] १ लज्जा, शरम। २ दुःख (दे ६, १४१)। ३ अपराध; 'न लेइ गरुयंपि णाम-मंतक्खं' (गउड)।

मंतण न [मन्त्रण] १ गुप्त आलोचना, गुप्त मसलहत (पउम ५, ६६; ८२, ४६)। २ मसलहत, परामर्श, सलाह; 'मंतणत्थं हक्कारिओ अणेण जिणदत्तसेट्ठी' (कुप्र ११६)। ३ जाप; 'पुणो पुणो मंतमंतणं सुहयं (चेइय ७६३)।

मंतर देखो वंतर (कप्प)।

मंता अ [मत्वा] जानकार (सूअ १, १०, ६; आचा १, १, ५, १; १, ३, १, ३; पि ५८२)।

मंति पुं [मन्त्रिन्] १ मन्त्री, अमात्य, दीवान (कप्प; औप; पाअ)। २ वि मन्त्रों का जानकार (गु १२)।

मंति पुं [दे] विवाह-गणक, जोशी, ज्योतिर्वित् (दे ६, १११)।

मंतिअ वि [मन्त्रित] गुप्त रीति से आलोचित (महा)।

मंतिअ देखो मंत = मन्त्रय्।

मंतिअ वि [मान्त्रिक] मन्त्र का ज्ञाता; 'मंतेण मंतियस्स व वाणीए ताडिओ तुज्झ' (धर्मवि ६; मन ११)।

मंतिण देखो मंति = मन्त्रिन्; निगूहिओ मंतिणेहि कुसलेहिं' (पउम २१, ९०; ६५, ८; भवि)।

मंतु वि [मन्तृ] १ ज्ञाता, जानकार। २ पुं. जीव, प्राणी (विसे ३५२५)।

मंतु देखो मण्णु (हे २, ४४; षड्; निचू २)। °म वि [°मत्] क्रोधवाला, कोप-युक्त। स्त्री. °मई (कुमा)।

मंतु पुंन [°मन्तु] अपराध; 'मंतुं विलियं विप्पियं' (पाअ)।

मंतुआ स्त्री [दे] लज्जा, शरम (दे ६, ११६; भवि)।

मंतेल्लि स्त्री [दे] सारिका, मैना (दे ६, ११६)।

मंथ सक [मन्थ्] १ विलोडन करना। २ मारना, हिंसा करना। ३ अक. क्लेश पाना। मंथइ (हे ४, १२१; प्राकृ. ३३; षड्)। कवकृ. मंथिज्जत, मंथिज्जमाण, मच्छंत (पउम ११३, ३३; सुपा २५१; १६५; पण्ह १, ३—पत्र ५३)। संकृ. मंथित्तु (सम्मत्त २२६)।

मंथ पुं [मन्थ] १ दही विलोने—महने का दण्ड, मथनी (पिसे ३८४)। २ केवलि-समुद्घात के समय मन्थाकार किया जाता जीव-प्रदेश-समूह (ठा ६; औप)।

मंथ (अप) देखो मत्थ = मस्त (पिंग)।

मंथण न [मन्थन] १ विलोडन, विलोने की क्रिया; 'खीरोअमंथणुच्छलिअदुद्धसित्तो व्व महुमहणो' (गा ११७)। २ घर्षण; 'मंथणजोए अग्गो' (संबोध १)। ३ पुंन. मथनी, दही आदि मथने की लकड़ी (प्राकृ १४)।

मंथणिआ स्त्री [मन्थनिका] १ मंथनी, महानी, दही मथने की छोटी लकड़ी (राज)। २ मथानी, दधि-कलशी, दही महने की हँड़िया (दे २, ९५)।

मंथणी स्त्री [मन्थनी] ऊपर देखो (दे २, ५५)।

मंथर वि [मन्थर] १ मन्द, धीमा (से १, ३८; गउड; पाअ; सुपा १)। २ विलम्ब से होनेवाला (पंचा ६, २२)। ३ पुं. मन्थन-दण्ड; 'वीसाममंथरायमाणसेलवोच्छिएणदूरवडणाओ' (गउड)।

मंथर वि [दे. मन्थर] १ कुटिल, वक्र, टेढ़ा (दे ६, १४५; भवि)। २ स्त्रीन. कुसुम्भ, वृक्ष-विशेष, कुसुम का पेड़ (दे ६, १४५)। स्त्री. °रा; 'मंथरा कुसुंभी' (पाअ)।

मंथर वि [दे] बहु, प्रचुर, प्रभूत (दे ६, १४५; भवि)।

मंथरिय वि [मन्थरित] मन्थर किया हुआ (गउड)।

मंथाण पुं [मन्थान] १ विलोडन-दण्ड; 'तत्तो विसुद्धपरिणाममेरुमंथाणमहियभवजलही' (धर्मवि १०७; दे ६, १४१; वज्जा ४; पाअ; सम्मु १५०)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मंथिअ वि [मथित] विलोडित (दे २, ८८; पाअ)।

मंथु पुंन [दे] १ बदरादि-चूर्ण (पण्ह २, ५; उत्त ८, १२; सुख ८, १२; दस ५, १, ९८; ५, २, २४; आचा)। २ चूर्ण, चूर, बुकनी (आचा २, १, ८, ८)। ३ दूध का विकार-विशेष, मट्ठा और माखन के बीच की अवस्था वाला पदार्थ (पिंड २८२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंद पु [मन्द] १ ग्रह-विशेष, शनिश्चर (सुर १०, २२४)। २ हाथी की एक जाति (ठा ४, २—पत्र २०८)। ३ वि. अलस, धीमा, मृदु (पाअ; प्रासू १३२)। ४ अल्प, थोड़ा (प्रासू ७१)। ५ मूर्ख, जड़, अज्ञानी (सूअ १, ४, १, ३१; पाअ)। ६ नीच, खल, 'मुहमेव अहीणं तह य मंदस्स' (प्रासू १९)। ७ रोग ग्रस्त, रोगी (उत्त ८,७)। °उण्णिया स्त्री [°पुण्यका] देवी-विशेष (पंचा १९, २४)। °भग्ग वि [°भाग्य] कमनसीब (सुपा ३७६; महा)। °भाअ वि [°भाग, °भाग्य] वही अर्थ (स्वप्न २२; कुमा)। °भाइ वि [°भागिन्] वही अर्थ (स ७५६; सुपा २२९)। °भाग देखो °भाअ (सुर १०, ३८)।

मंद न [मान्द्य] १ बीमारी, रोग; 'न य मंदेणं मरई कोइ तिरिओ अहव मणुओ वा' (सुपा २२९)। २ मूर्खता, बेवकूफी; 'बालस्स मंदयं बीय' (सूअ १, ४, १, २९)।

मंदक्ख न [मन्दाक्ष] लज्जा, शरम (राज)।

मंदग } न [मन्दक] गेय-विशेष; एक प्रकार
मंदय } का गान (राज; ठा ४, ४—पत्र २८५)।

मंदर पुं [मन्दर] १ पर्वत-विशेष, मेरु पर्वत (सुज्ज ५; सम १२; हे २, १७४; कप्प; सुपा ४७)। २ भगवान् विमलनाथ का प्रथम गणधर (सम १५२)। ३ वानरद्वीप का एक राजा, मरुयकुमार का पुत्र (पउम ६, ६७)। ४ छन्द का एक भेद (पिंग)। ५ मन्दर-पर्वत का अधिष्ठायक देव (जं ४)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष, (इक)।

मंदा स्त्री [मन्दा] १ मन्द-स्त्री (वज्जा १०६)। २ मनुष्य की दश अवस्थाओं में तीसरी अवस्था २१ से ३० वर्ष तक की दशा (तंदु १६)।

मंदाइणी स्त्री [मन्दाकिनी] १ गंगा नदी, भागीरथी (पउम १०, ५०; पाअ)। २ रामचन्द्र के पुत्र लव की स्त्री का नाम (पउम १०६, १२)।

मंदाय क्रिवि [मन्द] शनैः, धीमे से; 'मंदायं मंदायं पव्वइयाए' (जीव ३)।

मंदाय न [मन्दाय] गेय-विशेष (जं १)।

मंदार पुं [मन्दार] १ कल्पवृक्ष-विशेष (सुपा १)। २ पारिभद्र वृक्ष। ३ न. मन्दार वृक्ष का फूल; 'मंदारदामरमणिज्जभूयं' (कप्प; गउड)। ४ परिभद्र वृक्ष का फूल (वज्जा १०६)।

मंदिअ वि [मान्दिक] मन्दता वाला, मन्द; 'बाले य मंदिए मूढे' (उत्त ८, ५)।

मंदिर न [मन्दिर] १ गृह, घर (गउड; भवि)। २ नगर-विशेष (इक; आचू १)।

मंदिर वि [मान्दिर] मन्दिर-नगर का; 'सीहपुरा सोहा वि य गीयपुरा मंदिरा य बहुणाया' (पउम ५५, ५३)।

मंदीर न [दे] १ शृंखल, सांकल। २ मन्थान-दण्ड (दे ६, १४१)।

मंदुय पुं [दे. मन्दुक] जलजन्तु-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ७)।

मंदुरा स्त्री [मन्दुरा] अश्व-शाला (सुपा ६७)।

मंदोदरी } स्त्री [मन्दोदरी] १ रावण-पत्नी
मंदोयरी } (से १३, ९७)। २ एक वणिक्-पत्नी (उप ५९७ टी)।

मंदोशण (मा)। वि [मन्दोष्ण] अल्प गरम (प्राकृ १०२)।

मंधाउ पुं [मान्धातृ] हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९७)।

मंधादण पुं [मन्धादन] मेष, गाडर; 'जहा मंधादए (? णे) नाम थिमिअं भुंजती दगं' (सूअ १, ३, ४, ११)।

मधाय पुं [दे] आढ्य, श्रीमंत (दे ६, ११९)।

मंभीस (अप)। सक [मा + भी] डरने का निषेध करना, अभय देना। संकृ. मंभीसिवि (भवि)।

मंभीसिय देखो माभीसिअ (भवि)।

मंस पुंन [मांस] मांस, गोश्त, पिशित; 'अयमाउसो मंसे अयं अट्ठी' (सूअ २, १, १६; आचा; ओघभा २४६; कुमा; हे १, २९)। °इत्त वि [°वत्] मांस-लोलुप (सुख १, १५)। °खल न [°खल] मांस सुखाने का स्थान (आचा २, १, ४, १)। °चक्खु पुंन [°चक्षुस्] १ मांस-मय चक्षु। २ वि. मांस-मय चक्षुवाला, ज्ञान-चक्षु-रहित; 'अदिस्से मंसचक्खुणा' (सम ६०); °ासण वि [°ाशन] मांस-भक्षक (कुमा)। °ासि, °ासिण वि [°ाशिन्] वही अर्थ (पउम १०५, ४४; महा)। 'मंसासिणस्स' (पउम २६, ३७)।

मंस न [मांस] फल का गर्भ, फल का गुद्दा (आचा २, १, १०, ५; ६)।

मंसल वि [मांसल] पीन, पुष्ट, उपचित (पाअ; हे १, २९; पण्ह १, ४)।

मंसी स्त्री [मांसी] गन्ध-द्रव्य-विशेष जटामांसी (पण्ह २, ५—पत्र १५०)।

मंसु पुंन [श्मश्रु] दाढ़ी-मूँछ—पुरुष के मुख पर का बाल (सम ६०; औप; कुमा), 'मंसू' (हे १, २६; प्राप्र), 'मंसूइं' (उवा)।

मंसु देखो मंस; 'मंसूणि छिन्नपुव्वाइं' (आचा)।

मंसुडग न [दे, मांसोन्दुक] मांस-खण्ड (पिंड ५८६)।

मंसुल्ल वि [मांसवत्] मांसवाला (हे २, १५९)।

मक्कंडेअ पुं [मार्कण्डेय] ऋषि-विशेष (अभि २४३)।

मक्कड पुं [मर्कट] १ वानर, बनरा, बन्दर (गा १७१; उप पृ १८८; सुपा ६०६; दे २, ७२; कुप्र ९०; कुमा)। २ मकड़ा, जाल बनानेवाला कीड़ा (आचा; कस; गा ६३; दे ६, ११९)। ३ छन्द का एक भेद (पिंग)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, नाराच-बन्ध (कम्म १, ३९)। °संताण पुं [°संतान] मकड़ा का जाल (पडि)।

मक्कडबंध न [दे] शृंखलाकार ग्रीवा-भूषण (दे ६, १२७)।

मक्कडी स्त्री [मर्कटी] वानरी बनरी (कुप्र ३०३)।

मक्कल (अप) देखो मक्कड (पिंग)।

मकार पुं [माकार] १ 'मा' वर्ण। २ 'मा' के प्रयोगवाली दण्डनीति, निषेध-सूचक एक प्राचीन दण्ड-नीति (ठा ७—पत्र ३९८)।

मक्कुण देखो मंकुण (पव २६२; दे १, ९६)।

मक्कोड पुं [दे] १ यन्त्र-गुम्फनार्थ राशि, जन्तर गठने के लिए बनाई जाती राशि (दे ६, १४२)। २ पुंस्त्री. कीट-विशेष; चींटा, गुजराती में 'मकोडो', 'मंकोडो' (निचू १; आवम; जी १६)। स्त्री. °डा (दे ६,१४२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मक्ख सक [म्रक्ष्] १ चुपड़ना, स्नेहान्वित करना। २ घी, तेल आदि स्निग्ध द्रव्य से मालिश करना। मक्खइ (षड्), मक्खंति (उप १४७ टी), मक्खिज्ज, मक्खेज्ज; (आचा २, १३, २; ३)। हेकृ. **मक्खेत्तए** (कस)। कृ. **मक्खियव्व** (ओघ ३८५ टी)।

मक्खण न [म्रक्षण] १ मक्खन, नवनीत (स २५८; पभा २२)। २ मालिश, अभ्यंग (निचू ३)।

मक्खर पुं [मस्कर] १ गति। २ ज्ञान। ३ वंश बांस। ४ छिद्रवाला बाँस (संक्षि १५; पि ३०६)।

मक्खिअ वि [म्रक्षित] चुपड़ा हुआ (पाअ; दे ८, ६२; ओघ ३८५ टी)।

मक्खिअ न [माक्षिक] मक्षिका-संचित मधु (राज)।

मक्खिआ स्त्री [मक्षिका] मक्खी (दे ६, १२३)।

मगइअ वि [दे] हस्त-पाशित, हाथ में बाँधा हुआ (विपा १, ३—पत्र ४८; ४९)।

मगण पुं [मगण] छन्दःशास्त्र-प्रसिद्ध तीन गुरु अक्षरों की संज्ञा (पिंग)।

मगदंतिआ स्त्री [दे] १ मालती का फूल। २ मोगरा का फूल; 'कुमुअं वा मगदंतिअं' (दस ५, २, १४; १६)।

मगदंतिआ स्त्री [दे. मगदन्तिका] १ मेंदी या मेहँदी का गाछ। २ मेंदी की पत्ती (दस ५, २, १४; १६)।

मगर पुं [मकर] १ मगर-मच्छ, जलजन्तु-विशेष (पण्ह १, २; औप; उव; सुर १३, ४२; णाया १, ४)। २ राहु (सुज्ज २०)। देखो मयर।

मगरिया स्त्री [मकरिका] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

मगसिर स्त्रीन [मृगशिरस्] नक्षत्र विशेष 'कत्तिय रोहिणी मगसिर अद्दा य' (ठा २, ३—पत्र ७७)। स्त्री. °रा; 'दो मगसिराओ' (ठा २, ३—पत्र ७७)।

मगह देखो मागह। °**तित्थ** न [°तीर्थ] तीर्थ-विशेष (इक)।

मगह } पुं. व. [मगध] देश-विशेष (कुमा)।
मगहग } °**वरच्छ** [°वराक्ष] आभरण-विशेष (औप पृ ४८ टि)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (महा)। देखो मयह।

मगा अ [दे] पश्चात्, पीछे; मराठी में 'मग' (दे १, ४, टी)।

मगुंद देखो मउंद = मुकुन्द (उत्तनि ३)।

मग्ग सक [मार्गय्] १ मागना। २ खोजना। मग्गइ, मग्गंति (उव; षड्; हे १, ३४)। वकृ. **मग्गंत, मग्गमाण** (गा २०२; उप ६४८ टी; महा; सुपा ३०८)। संकृ. **मग्गेविणु** (अप) (भवि)। हेकृ. **मग्गिउं** (महा)। कृ. **मग्गिअव्व मग्गेयव्व** (से १४, २७; सुपा ५१८)।

मग्ग सक [मग्] गमन करना, चलना। मग्गइ (हे ४, २३०)।

मग्ग पुं [मार्ग] १ रास्ता, पथ (ओघ ३४; कुमा; प्रासू ५०; ११७; भग)। २ अन्वेषण, खोज (विसे १३८१)। °**ओ** अ [°तस्] रास्ते से (हे १, ३७)। °**ण्णु** वि [°ज्ञ] मार्ग का जानकार (उप ६४४)। °**त्थ** वि [°स्थ] १ मार्ग में स्थित। २ सोलह से ज्यादा वर्ष की उम्रवाला (सूअ २, १, ६)। °**दय** वि [°दय] मार्ग-दर्शक (भग; पडि)। °**विउ** वि [°वित्] मार्ग का जानकार (ओघ ८०२)। °**ह** वि [°घ्न] मार्ग-नाशक (श्रु ७४)। °**णुसारि** वि [°ानुसारिन्] मार्ग का अनुयायी (धर्म २)।

मग्ग पुं [मार्ग] १ आकाश (भग २०, २—पत्र ७७५)। २ आवश्यक-कर्म, सामयिक आदि षट्-कर्म (अणु ३१)।

मग्ग } पुं [दे] पश्चात्, पीछे (दे ६,
मग्गअ } १११; से १, ५१; सुर २, ५६; पाअ; भग)।

मग्गअ वि [मार्गक] मांगनेवाला (पउम ६९, ७३)।

मग्गण पुं [मार्गण] १ याचक (सुपा २४)। २ बाण, शर (पाअ)। ३ न. अन्वेषण, खोज (विसे १३८१)। ४ मार्गणा, विचारणा, पर्यालोचन (औप; विसे १८०)।

मग्गण° }
मग्गणया } स्त्री [मार्गणा] १ अन्वेषण, खोज (उप पृ २७९; उप ९९२; ओघ ३)। २ अन्वय-धर्म के पर्यालोचन द्वारा अन्वेषण, विचारणा, पर्यालोचना (कम्म ४, १; २३; जीवस २)।
मग्गणा }

मग्गणया स्त्री [मार्गणा] ईहा-ज्ञान, ऊहापोह (णंदि १७५)।

मग्गण्णिर वि [दे] अनुगमन करने की आदतवाला (दे ६, १२४)।

मग्गसिर पुं [मार्गशिर] मास-विशेष, मगसिर मास, अगहन (कप्प; हे ४, ३५७)।

मग्गसिरी स्त्री [मार्गशिरी] १ मगसिर मास की पूर्णिमा। २ मगसिर की अमावस (सुज्ज १०, ६)।

मग्गिअ वि [मार्गित] १ अन्वेषित, गवेषित (से ६, ३९)। २ मांगा हुआ, याचित (महा)।

मग्गिर त्रि [मार्गयितृ] खोज करनेवाला (सुपा ५८)।

मग्गिल्ल वि [दे] पाश्चात्य, पीछे का (विसे १३२९)।

मग्गु पुं [मद्गु] पक्षि-विशेष, जल-काक (सूअ १, ७, १५; हे २, ७७)।

मघ पुं [मघ] मेघ (भग ३, २; पण्ण २)।

मघमघ अक [प्र + सृ] फैलना, गन्ध का पसरना; गुजराती में 'मघमघवु', मराठी में 'मघमघणें'। वकृ. **मघमघंत, मघमघिंत, मघमघेंत** (सम १३७; कप्प; औप)।

मघव पुं [मघवन्] १ इन्द्र, देव-राज (कप्प; कुमा ७, ९४)। २ तृतीय चक्रवर्त्ती राजा (सम १५२; पउम २०, १११)।

मघवा स्त्री [मघवा] छठवीं नरक-भूमि, 'मघव त्ति माघवत्ति य पुढवीणं नामधेयाइं' (जीवस १२)।

मघा स्त्री [मघा] १ ऊपर देखो (ठा ७—पत्र ३८८; इक)। २ देखो मह = मघा (राज)।

मघोण पुं [दे. मघवन्] देखो मघव (षड्; पि ४०३)।

मच्च अक [मद्] गर्व करना। मच्चइ (षड; हे ४, २२५)।

मच्च (अप) देखो मंच; 'मंकुणमच्चइ सुत्त वराइं' (भवि)।

मच्च न [दे] मल, मैल (दे ६, १११)।

मच्च } पुं [मर्त्य] मनुष्य, मानुष (स
मच्चिअ } २०८; रंभा; पाअ; सूअ १, ८, २; आचा)। °**लोअ** पुं [°लोक] मनुष्य-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लोक (कुप्र ४११)। °लोईय वि [°लोकीय] मनुष्य-लोक से सम्बन्ध रखनेवाला (सुपा ५१६)।

मच्चिअ वि [दे] मल-युक्त (दे ६, १११ टी)।

मच्चिर वि [मदितृ] गर्व करनेवाला (कुमा)।

मच्चु पुं [मृत्यु] १ मौत, मरण (आचा; सुर २, १३८; प्रासू १०६; महा)। २ यम, यमराज (षड्)। ३ रावण का एक सैनिक (पउम ५६, ३१)।

मच्छ पुं [मत्स्य] १ मछली (णाया १, १; पाअ; जी २०; प्रासू ५०)। २ राहु (सुज्ज २०)। ३ देश-विशेष (इक, सत्ति)। ४ छन्द का एक भेद (पिंग)। °खल न [°खल] मत्स्यों को सुखाने का स्थान (आचा २, १, ४, १)। °बंध पुं [°बन्ध] मच्छीमार, धीवर (पण्ह १, १; महा)।

मच्छ पुंन [मत्स्य] मत्स्य के आकार की एक वनस्पति (आचा २, १, १०, ५; ६)।

मच्छंडिआ स्त्री [मत्स्यण्डिका] खण्डशर्करा, एक प्रकार की शक्कर (पण्ह २, ४, णाया १, १७; पण्ण १७, पिंड २८३; मा ४३)।

मच्छंडी स्त्री [मत्स्यण्डी] शक्कर (अणु १४७)।

मच्छंत देखो मंथ = मन्थ्।

मच्छंध देखो मच्छ-बंध (विपा १, ८—पत्र ८२)।

मच्छर पुं [मत्सर] १ ईर्ष्या, द्वेष, डाह, पर-संपत्ति की असहिष्णुता (उव)। २ कोप, क्रोध। ३ वि. ईर्ष्यालु, द्वेषी। ४ क्रोधी। कृपण (हे २, २१)।

मच्छर न [मात्सर्य] ईर्ष्या, द्वेष (से ३, १६)।

मच्छरि वि [मत्सरिन्] मत्सरवाला (पण्ह २, ३; उवा; पाअ)। स्त्री. °णी (गा ८४; महा)।

मच्छरिअ वि [मत्सरित, मत्सरिक] ऊपर देखो (पउम ८, ४६; पंचा १, ३२; भवि)।

मच्छल देखो मच्छर = मत्सर (हे २, २१; षड्)।

मच्छिअ देखो मक्खिअ = माक्षिक (पव ४—गाथा २२०)।

मच्छिअ वि [मात्स्यिक] मच्छीमार (श्रा १२; अभि १८७; विपा १, ६; पिंड ६३१)।

मच्छिका (मा) देखो माउ = मातृ (प्राकृ १०२)।

मच्छिगा देखो मच्छिया (पि ३२०)।

मच्छिया } स्त्री [मक्षिका] मक्खी (णाया
मच्छी } १, १६; जी १८; उत्त ३६, ६०; प्राप्र; सुपा २८१)।

मज्ज सक [मद्] अभिमान करना। मज्जइ, मज्जई, मज्जेज्ज (उव; सूअ १, २, २, १; धर्मसं ७८)।

मज्ज अक [मस्ज्] १ स्नान करना। २ डूबना। मज्जइ (हे ४, १०१), मज्जामा (महा ५७, ७; धर्मसं ८६४)। वकृ. मज्जमाण (गा २४६; णाया १, १)। संकृ. मज्जिऊण (महा)। प्रयो., संकृ. मज्जावित्ता (ठा ३, १—पत्र ११७)।

मज्ज सक [मृज्] साफ करना, मार्जन करना। मज्जइ (षड् प्राकृ ६६; हे ४, १०५)।

मज्ज न [मद्य] दारू, मदिरा (औप; उवा; हे २, २४; भवि)। °इत्त वि [°वत्] मदिरा-लोलुप (सुख १, १५)। °व वि [°प] मद्य-पान करनेवाला (पाअ)। °वीअ वि [°पीत] जिसमें मद्य-पान किया हो वह (विपा १, ६—पत्र ६७)।

मज्जग वि [माद्यक] मद्य-सम्बन्धी; 'अन्नं वा मज्जगं रसं' (दस ५, २, ३६)।

मज्जण न [मज्जन] १ स्नान। २ डूबना (सुर ३, ७६; कप्पू; गउड; कुमा)। °घर न [°गृह] स्नान-गृह (णाया १, १—पत्र १६)। °धाई स्त्री [°धात्री] स्नान करानेवाली दासी (णाया १, १—पत्र ३७)। °पाली स्त्री [°पाली] वही अर्थ (कप्प)।

मज्जण न [मार्जन] १ साफ करना, शुद्धि (कप्प)। २ वि. मार्जन करनेवाला (कुमा)। °घर न [°गृह] शुद्धि-गृह (कप्प; औप)।

मज्जर देखो मंजर (प्राकृ ५)। स्त्री. °री; 'को जुन्नमज्जरिं कंजिएण पवियारिउं तरइ' (सुर ३, १३३)।

मज्जविअ वि [मज्जित] १ स्नपित। २ स्नात; 'एत्थ सरे रे पंथिअ गयवइवहुयाउ मज्जविया' (वज्जा ६०)।

मज्जा स्त्री [दे. मर्या] मर्यादा (दे ६, ११३; भवि)।

मज्जा स्त्री [मज्जा] धातु-विशेष, चर्बी, हड्डी के भीतर का गूदा (सण)।

मज्जाइल्ल वि [मर्यादिन्] मर्यादावाला (निचू ४)।

मज्जाया स्त्री [मर्यादा] १ न्याय्य-पथ-स्थिति, व्यवस्था; 'रयणायरस्स मज्जाया' (प्रासू ६८; आवम)। २ सीमा, हद, अवधि। ३ कूल, किनारा (हे २, २४)।

मज्जार पुंस्त्री [मार्जार] १ बिल्ला, बिलाव (कुमा; भवि)। २ वनस्पति-विशेष; 'वत्थुल-पोरगमज्जारपोइवल्ली य पालक्का' (पण्ण १—पत्र ३४)। स्त्री. °रिआ, °री (कप्पू; पाअ)।

मज्जार पुं [मार्जार] वायु-विशेष (भग १५—पत्र ६८६)।

मज्जाविअ वि [मज्जित] स्नपित (महा)।

मज्जिअ वि [दे] १ अवलोकित, निरीक्षित। २ पीत (दे ६, १४४)।

मज्जिअ वि [मज्जित] स्नात; (पिंड ४२३; महा; पाअ)।

मज्जिअ वि [मार्जित] साफ किया हुआ (पउम २०, १२७; कप्प; औप)।

मज्जिआ स्त्री [मार्जिता] रसाला, भक्ष्य-विशेष—दही, शक्कर आदि का बना हुआ और सुगन्ध से वासित एक प्रकार का खाद्य, श्रीखण्ड (पाअ, दे ७, २; पव २५९)।

मज्जिर वि [मज्जितृ] मज्जन करने की आदत-वाला (गा ४७३; सण)।

मज्जोक्क वि [दे] अभिनव, नूतन (दे ६, ११८)।

मज्झ न [मध्य] १ अन्तराल, मझार, बीच (पाअ; कुमा; दं ३६; प्रासू ५०; १६७)। २ शरीर का अवयव-विशेष (कप्पू)। ३ संख्या-विशेष, अन्त्य और परार्ध्य के बीच की संख्या (हे २, ९०; प्राप्र)। ४ वि. मध्यवर्ती, बीच का (प्रासू १२५)। °एस पुं [°देश] देश-विशेष, गंगा और यमुना के बीच का प्रदेश, मध्य प्रान्त (गउड)। °गय वि [°गत] १ बीच का, मध्य में स्थित (आचा; कप्प)। २ पुं. अवधिज्ञान का एक भेद (णंदि)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°गेवेज्जय न [°ग्रैवेयक] देवलोक-विशेष (इक)। °ट्ठिअ वि [°स्थित] तटस्थ, मध्यस्थ (रयण ४८)। °ण्ण, °ण्ह पुं [°ाह्न] दिन का मध्य भाग, दोपहर (प्राप्र; प्राकृ १८, कुमा; अभि ५५; हे २, ८४; महा)। २ न. तप-विशेष, पूर्वार्ध तप (संबोध ५८)। °ण्हतरु पुं [°ाह्नतरु] वृक्ष-विशेष, मध्याह्न समय में अत्यन्त फूलनेवाले लाल रँग के फूलवाला वृक्ष (कुमा)। °त्थ वि [°स्थ] तटस्थ (उव; उप ६४८ टी; सुर १६, ६५)। २ बीच में रहा हुआ (सुपा २५७)। °देस देखो °एस (सुर ३, १६)। °न्न देखो °ण्ण (हे २, ८४; सण)। °म वि [°म] मध्य का, मझला, बीच का (भग; नाट—विक्र ५)। °रत्त पुं [°रात्र] निशीथ (उप १३६; ७२८ टी)। °रयणि स्त्री [°रजनि] मध्य रात्रि (स ६३६)। °लोग पुं [°लोक] मेरु पर्वत (राज)। °वत्ति वि [°वर्तिन्] अन्तर्गत (मोह ६४)। °वलिअ वि [°वलित] १ बीच में मुड़ा हुआ। २ चित्त में कुटिल (वज्जा १२)।

मज्झअ पुं [दे] नापित, नाई, हज्जाम (दे ६, ११५)।

मज्झआर न [दे] मझार, मध्य, अन्तराल (दे ६, १२१; विक्र २८; उव; गा ३; विसे २६६१; सुर १, ४५; सुपा ४६; १०३; खा १); 'असोगवणिआइ मज्झयारम्मि' (भाव ७)।

मज्झंतिअ न [दे] मध्यन्दिन, मध्याह्न (दे ६, १२४)।

मज्झंदिण न [मध्यन्दिन] मध्याह्न (दे ६, १२४)।

मज्झंमज्झ न [मध्यमध्य] ठीक बीच (भग; विपा १, १; सुर १, २४४)।

मज्झगार देखो मज्झआर (राज)।

मज्झण्हिय वि [माध्याह्निक] मध्याह्न-संबन्धी (धर्मवि १०५)।

मज्झत्थ न [माध्यस्थ्य] तटस्थता, मध्यस्थता (उप ६१५; संबोध ४५)।

मज्झिम वि [मध्यम] १ मध्य-वर्त्ती बीच का (हे १, ४८; सम ४३; उवा; कप्प; औप; कुमा)। २ पुं. स्वर-विशेष (ठा ७—पत्र ३६३)। °रत्त पुं [°रात्र] निशीथ, मध्य-रात्रि (उप ७२८ टी)।

मज्झिमगंड न [दे] उदर, पेट (दे ६, १२५)।

मज्झिमा स्त्री [मध्यमा] १ बीच की उंगली (श्रोघ ३६०)। २ एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

मज्झिमिल्ल वि [मध्यम] मध्य-वर्ती, बीच का (अणु)।

मज्झिमिल्ला देखो मज्झिमा (कप्प)।

मज्झिल्ल वि [माध्यिक, मध्यम] मझला, बीच का (पव ३६; देवेन्द्र २३८)।

मट्ट वि [दे] शृङ्ग-रहित (दे ६, ११२)।

मट्टिआ स्त्री [मृत्तिका] मट्टी, मिट्टी, माटी (णाया १, १; औप; कुमा; महा)।

मट्टी स्त्री [मृत्, मृत्तिका] ऊपर देखो (जी ४; पडि; दे)।

मट्टुहिअ न [दे] १ परिणीत स्त्री का कोप। २ वि. कलुष। ३ अशुचि, मैला (दे ६, १४६)।

मट्ठ वि [दे] अलस, आलसी, मन्द, जड़ (दे ६, ११२; पाअ)।

मट्ठ वि [मृष्ट] १ मार्जित, शुद्ध (सूअ १, ६, १२; औप)। २ मसृण, चिकना (सम १३७; दे ८, ७)। ३ घिसा हुआ (औप; हे २, १७४)। ४ न. मिरच, मरिच (हे १, १२८)।

मड वि [दे. मृत] १ मरा हुआ, निर्जीव (दे ६, १४१); 'मडोव्व अप्पाणं' (वज्जा १४८), 'मडे' (मा) (प्राकृ १०३)। °इ वि [°दिन्] निर्जीव वस्तु को खानेवाला (भग)। °ासय पुं [°ाश्रय] श्मशान (निचू ३)।

मड पुं [दे] कंठ, गला (दे ६, १४१)।

मडंब पुंन [दे. मडम्ब] ग्राम-विशेष, जिसके चारों ओर एक योजन तक कोई गाँव न हो ऐसा गाँव (णाया १, १; भग; कप्प; औप; पण्ह १, ३; भवि)।

मडक्क पुं [दे] १ गर्व, अभिमान; 'न किउ वयणु संचलिय मडक्कइ' (भवि)। २ मटका, कलश, घड़ा; मराठी में 'मडकें' (भवि)।

मडकिया स्त्री [दे] छोटा मटका, कलशी (कुप्र ११६)।

मडप्प, मडप्पर, मडप्फर पुं [दे] गर्व, अभिमान, अहंकार; 'पज्जवि कंदप्पमडप्पखंडणे वहइ पंडिचं' (सुपा २६; कुप्र २२१; २८४; षड्; दे ६, १२०; पाअ; सुपा ६; प्रासू ८५; कुप्र २५५; सम्मत्त १८६; धम्म ८ टी; भवि; सण)।

मडभ वि [मडभ] कुब्ज, वामन (राज)।

मडमड, मडमडमड अक [मडमडाय] १ मड मड आवाज करना। २ सक. मड मड आवाज हो उस तरह मारना। मडमडमडंति (पउम २६, ५३)। भवि. मडमडइस्सं, मडमडाइस्सं (मा); (पि ५२८; चारु ३५)।

मडमडाइअ वि [मडमडायित] 'मड' 'मड' आवाज हो उस तरह मारा हुआ (उत्तर १०३)।

मडय न [मृतक] मुड़दा, मुर्दा, शव (पाअ; हे १, २०६; सुपा २१६)। °गिह न [°गृह] कब्र (निचू ३)। °चेइअ न [°चैत्य] मृतक के दाह होने पर या गाड़ने पर बनाया गया चैत्य—स्मारक-मन्दिर (आचा २, १०, १६)। °डाह पुं [°दाह] चिता, जहाँ पर शव फूँके जाते हों (आचा २, १०, १६)। °थूभिया स्त्री [°स्तूपिका] मृतक के स्थान पर बनाया गया छोटा स्तूप (आचा २, १०, १६)।

मडय पुं [दे] आराम, बगीचा (दे ६, ११५)।

मडवोज्झा स्त्री [दे] शिबिका, पालकी (दे ६, १२२)।

मडह वि [दे] १ लघु, छोटा (दे ६, ११७; पाअ; सण)। २ स्वल्प, थोड़ा (गा १०५; स ८; गउड; वज्जा ४२)।

मडहर पुं [दे] गर्व, अभिमान (दे ६, १२०)।

मडहिय वि [दे] अल्पीकृत, न्यून किया हुआ (गउड)।

मडहुल्ल वि [दे] लघु, छोटा; 'मडहुल्लियाए किं तुह इमीए किं वा दलेहिं तलिणेहिं' (वज्जा ४८)।

मडिआ स्त्री [दे] समाहत स्त्री, आहत महिला (दे ६, ११४)।

मडुवइअ वि [दे] १ हत, विध्वस्त। २ तीक्ष्ण (दे ६, १४६)।

मड्ड सक [मृद्] मर्दन करना। मड्डइ (हे ४, १२६; प्राकृ ६८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मड्डुय पुं [दे. मड्डुक] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

मड्डा स्त्री [दे] १ बलात्कार, हठ, जबरदस्ती (दे ६, १४०, पाग्र; सुर ३, १३६; सुख २, १५)। २ आज्ञा, हुकुम (दे ६, १४०, सुपा २७६)।

मड्डिअ वि [मर्दित] जिसका मर्दन किया गया हो वह (हे २, ३६; षड्; पि २६१)।

मड्डुअ देखो मद्दुअ (राज)।

मढ देखो मड्ड। मढइ (हे ४, १२६)।

मढ पुंन [मठ] संन्यासियों का आश्रय, व्रतियों का निवासस्थान; 'मढो' (हे १, १९९; सुपा २३४; वज्जा ३४; भवि); 'मढं' (प्राप्र)।

मढिअ देखो मड्डिअ (कुमा)।

मढिअ वि [दे] १ खचित; गुजराती में 'मढेलु', 'एयाउ ओसहीओ तिधाउमढियाउ धारिज्जा' (सिरि ३७०)। २ परिवेष्टित (दे २, ७५; पाग्र)।

मढी स्त्री [मठिका] छोटा मठ (सुपा ११३)।

मण सक [मन्] १ मानना। २ जानना। ३ चिन्तन करना। मणइ, मणसि (षड्; कुमा)। कवकृ. मणिज्जमाण (भग १३, ७; विसे ८१३)।

मण पुंन [मनस्] मन, अन्तःकरण, चित्त (भग १३, ७; विसे ३५२५; स्वप्न ४५; दं २२; कुमा, प्रासू ४४; ४८; १२१)। °अगुत्ति स्त्री [°अगुप्ति] मन का असंयम (पि १५६)। °करण न [°करण] चिन्तन, पर्यालोचन (श्रावक ३३७)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन को संयम में रखनेवाला (भग)। °गुत्ति स्त्री [°गुप्ति] मन का संयम (उत्त २४, २)। °जाणुअ वि [°ज्ञ] १ मन को जाननेवाला, मन का जानकार। २ सुन्दर, मनोहर (प्राकृ १८)। °जीविअ वि [°जीविक] मन को आत्मा माननेवाला (पण्ह १, २—पत्र २८)। °जोअ पुं [°योग] मन की चेष्टा, मनो-व्यापार (भग)। °ज्ज, °ण्णु, °ण्णुअ देखो °जाणुअ (प्राकृ १८; षड्)। °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] विद्या-विशेष, मन को स्तब्ध करनेवाली दिव्य शक्ति (पउम ७, १३७)। °नाण न [°ज्ञान] मन का साक्षात्कार करनेवाला ज्ञान, मनः-पर्यव ज्ञान (कम्म ३, १८; ४, ११; १७; २१)। °नाणि वि [°ज्ञानिन्] मनः-पर्यव नामक ज्ञानवाला (कम्म ४, ४०)। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] पुद्गलों को मन के रूप में परिणत करने की शक्ति (भग ६, ४)। °पज्जव पुं [°पर्यव] ज्ञान-विशेष, दूसरे के मन की अवस्था को जाननेवाला ज्ञान (भग; औप; विसे ८३)। °पज्जवि वि [°पर्यविन्] मनःपर्यव ज्ञानवाला (पव २१)। °पसिण-विज्जा स्त्री [°प्रश्नविद्या] मन के प्रश्नों का उत्तर देनेवाली विद्या (सम १२३)। °बलिअ वि [°बलिन्, °क] मनो-बलवाला, दृढ़ मनवाला (पण्ह २, १; औप)। °मोहण वि [°मोहन] मन को मुग्ध करनेवाला, चित्ताकर्षक (गा १२८)। °योगि वि [°योगिन्] मन की चेष्टावाला (भग)। °वग्गणा स्त्री [°वर्गणा] मन के रूप में परिणत होनेवाला पुद्गल-समूह (राज)। °वज्ज न [°वज्र] एक विद्याधर-नगर (इक)। °समिइ स्त्री [°समिति] मन का संयम (ठा ८—पत्र ४२२)। °समिय वि [°समित] मन को संयम में रखनेवाला (भग)। °हंस पुं [°हंस] छन्द-विशेष (पिंग)। °हर वि [°हर] मनोहर, सुन्दर, चित्ताकर्षक (हे १, १५६; औप; कुमा)। °हरण पुंन [°हरण] पिंगल-प्रसिद्ध एक मात्रा-पद्धति (पिंग)। °भिराम, °भिरा-मेल्ल वि [°अभिराम] मनोहर (सम १४९; औप, उप पृ ३२२; उप २२० टी)। °म वि [°आप] सुन्दर, मनोहर (सम १४९; विपा १, १; औप; कप्प)। देखो मणो°।

मणं देखो मणयं (प्राकृ ३८)।

मणंसि वि [मनस्विन्] प्रशस्त मनवाला (हे १, २६)। स्त्री. °णी (हे १, २६)।

मणंसिल° } स्त्री [मनःशिला] लाल वर्ण
मणंसिला } की एक उपधातु, मनशिल, मैनशिल (कुमा; हे १, २६)।

मणग पुं [मनक] एक जैन बाल-मुनि, महर्षि शय्यंभवसूरि का पुत्र और शिष्य (कप्प; धर्मवि ३८)। देखो मणय।

मणगुलिया स्त्री [दे] पीठिका (राय)।

मणण न [मनन] १ ज्ञान, जानना। २ समझना (विसे ३५२५)। ३ चिन्तन (श्रावक ३३७)।

मणय पुं [मनक] द्वितीय नरक-भूमि का तीसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ६)। देखो मणग।

मणयं अ [मनाग्] अल्प, थोड़ा (हे २, १६९, पाग्र; षड्)।

मणस देखो मण = मनस्; 'पसन्नमणसो करिस्सामि' (पउम ६, ५६), 'लाभो चेव तवस्सिस्स होइ अद्दीणमणसस्स' (ओघ ५३७)।

मणसिल° } देखो मणंसिला (कुमा; हे १,
मणसिला } २६; जी ३; स्वप्न ६४)।

मणसीकय वि [मनसिकृत] चिन्तित (पण्ण ३४—पत्र ७८२; सुपा २४७)।

मणसीकर सक [मनसि + कृ] चिन्तन करना, मन में रखना। मणसीकरे (उत्त २, २५)।

मणस्सि देखो मणंसि (धर्मवि १४६)।

मणा- देखो मणयं (हे २, १६९; कुमा)।

मणाउ } (अप) ऊपर देखो (कुमा; भवि; पि
मणाउं } ११४; हे ४, ४१८; ४२६)।

मणागं ऊपर देखो (उप १३२; महा)।

मणाल देखो मुणाल (राज)।

मणालिया स्त्री [मृणालिका] पद्म-कन्द का मूल (तंदु २०)। देखो मुणालिआ।

मणासिला देखो मणंसिला (हे १, २६; पि ६४)।

मणि पुंस्त्री [मणि] पत्थर-विशेष, मुक्ता आदि रत्न (कप्प; औप; कुमा; जी ३; प्रासू ४)। °अंग पुं [°अङ्ग] कल्प-वृक्ष की एक जाति जो आभूषण देती है (सम १७)। °आर पुं [°कार] जौहरी, रत्नों के गहनों का व्यापारी (दे ७, ७७; मुद्रा ७९; णाया १, १३; धर्मवि ३६)। °कंचण न [°काञ्चन] रुक्मि-पर्वत का एक शिखर (ठा २, ३—पत्र ७०)। °कूड न [°कूट] रुचक पर्वत का एक शिखर (दीव)। °क्खइअ वि [°खचित] रत्न-जटित (पि १९६)। °चइया स्त्री [°चयिता] नगरी-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेष (विपा २, ६)। °चूड पुं [°चूड] एक विद्या-धर नृप (महा)। °जाल न [°जाल] भूषण-विशेष, मणि-माला (औप)। °तोरण न [°तोरण] नगर-विशेष (महा)। °प देखो °व (से ६, ४३)। °पेढिया स्त्री [°पीठिका] मणि-मय पीठिका (महा)। °प्पभ पुं [°प्रभ] एक विद्याधर (महा)। °भद्द पुं [°भद्र] एक जैन मुनि (कप्प)। °भूमि स्त्री [°भूमि] मणि खचित जमीन (स्वप्न ५४)। °मइय, °मय वि [°मय] मणि-मय, रत्न निर्वृत्त (सुपा ६२; महा)। °रह पुं [°रथ] एक राजा का नाम (महा)। °व पुं [°प] १ यक्ष। २ सर्प, नाग (से २, २३)। ३ समुद्र (से ६, ५०)। °वई स्त्री [°मती] नगरी-विशेष (विपा २, ६—पत्र ११४ टि)। °वंध पुं [°बन्ध] हाथ और प्रकोष्ठ के बीच का अवयव (सण)। °वालय पुं [°पालक, °वालक] समुद्र (से २, २३)। °सलागा स्त्री [°शलाका] मद्य-विशेष (राज)। °हियय पुं [°हृदय] देव-विशेष (दीव)।

मणिअ न [मणित] संभोग-समय का स्त्री का अव्यक्त शब्द (गा ३६२; रंभा)।

मणिअं देखो मणयं (षड्; हे २, १६६; कुमा)।

मणिअड (अप) पुं [मणि] माला का सुमेर (हे ४, ४१४)।

मणिच्छिअ वि [मनईप्सित] मनोऽभीष्ट (सुपा ३८४)।

मणिज्जमाण देखो मण = मन्।

मणिट्ठ वि [मनइष्ट] मन को प्रिय (भवि)।

मणिणायहर न [दे. मणिनागगृह] समुद्र, सागर (दे ६, १२८)।

मणिरइआ स्त्री [दे] कटीसूत्र (दे ६, १२६)।

मणीसा स्त्री [मनीषा] बुद्धि, मेधा, प्रज्ञा (पाअ)।

मणीसि वि [मनीषिन्] बुद्धिमान्, पण्डित (कप्पू)।

मणीसिद वि [मनीषित] वाञ्छित (नाट—मृच्छ ५७)।

मणु पुं [मनु] १ स्मृति-कर्ता मुनि-विशेष (विसे १५०८; उप १५० टी)। २ प्रजापति-विशेष; 'चोद्दहमणुचोग्गुणओ' (कुमा; राज)। ३ मनुज, मनुष्य; 'देवत्ताओ मणुत्तं' (पउम २१, ६३; कम्म १, १६; २ १६)। ४ न. एक देव-विमान (सम २)।

मणुअ पुं [मनुज] १ मनुष्य, मानव (उवा; भग; हे १, ८; पाअ; कुमा; स ८२; प्रासू ४५)। २ भगवान् श्रेयांसनाथ का शासन-यक्ष (संति ७)। ३ वि. मनुष्य-सम्बन्धी; 'तिरिया मणुया य दिव्वगा उवसग्गा तिविहाहियासिया' (सूअ १, २, २, १५)।

मणुइंद पुं [मनुजेन्द्र] राजा, नरपति (पउम ८५, २२; सुर १, ३२)।

मणुई स्त्री [मनुजी] मनुष्य-स्त्री, नारी, महिला (णंदि १२६ टी)।

मणुएसर पुं [मनुजेश्वर] ऊपर देखो (सुपा २०४)।

मणुज्ज, **मणुण्ण** } वि [मनोज्ञ] सुन्दर, मनोहर (पाअ; उप १४२ टी; सम १४६; भग)।

मणुस, **मणुस्स** } पुंस्त्री [मनुष्य] १ मानव, मर्त्य (आचा; पि ३००; आचा; ठा ४, २; भग; श्रा २८; सुपा २०३; जी १६; प्रासू २८)। स्त्री. °स्सी (भग; पण्ण १८; पत्र २४१)। °खेत्त न [°क्षेत्र] मनुष्य-लोक (जीव ३)। °सेणियापरिकम्म पुं [°श्रेणिकापरिकर्मन्] दृष्टिवाद का एक सूत्र (सम १२८)।

मणुस्स वि [मानुष्य] मनुष्य-सम्बन्धी, 'दिव्वं व मणुस्सं वा तेरिच्छं वा सरागहियएणं' (आप २१)।

मणुस्सिंद पुं [मनुष्येन्द्र] राजा, नर-पति (उत्त १८, ३७; उप पृ १४२)।

मणूस देखो मणुस्स (हे १, ४३; औप; उवर १२२; पि ६३)।

मणे अ [मन्ये] विमर्श-सूचक अव्यय (हे २, २०७; षड्; प्राकृ २६; गा १११; कुमा)।

मणो° देखो मण = मनस्। °गम न [°गम] देवविमान-विशेष, 'पालगपुप्फगसोमणससिरिवच्छनंदियावत्तकामगमपीतिगममणोगमविमलसव्वओभद्दसरिसनामधेज्जेहिं विमाणेहिं ओइण्णा' (अप)। °ज्ज वि [°ज्ञ] १ सुन्दर, मनोहर (हे २, ८३; उप २६४ टी)। २ पुं. गुल्म-विशेष; 'सरियए णोमालियकोरिंटयवत्थुजीवगमणोज्जे' (पण्ण १—पत्र ३२)। °ण्ण, °न्न वि [°ज्ञ] सुन्दर, मनोहर (हे २, ८३; पि २७६)। °भव पुं [°भव] कामदेव, कन्दर्प (सुपा ६८; पिंग)। °भिरमणिज्ज वि [°भिरमणीय] सुन्दर, चित्ताकर्षक (पउम ८, १४३)। °भू पुं [°भू] कामदेव, कन्दर्प (कप्पू)। °मय वि [°मय] मानसिक; 'सारीरमणोमयाणि दुक्खाणि' (पण्ह १, ३—पत्र ५५)। °माणसिय वि [°मानसिक] मन में ही रहनेवाला—वचन से अप्रकटित—मानसिक दुःख आदि (णाया १, १,—पत्र २६)। °रम वि [°रम] १ सुन्दर, रमणीय (पाअ)। २ पुं. एक विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३६)। ३ मेरु पर्वत (सुज्ज ५)। ४ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)। ५ किन्नर-देवों की एक जाति। रुचक द्वीप का अधिष्ठायक देव (राज)। ७ तृतीय ग्रैवेयक-विमान (पव १६४)। ८ आठवें देवलोक के इन्द्र का पारियानिक विमान (इक)। ९ एक देव-विमान (सम १७)। १० मिथिला का एक चैत्य (उत्त ९, ८; ९)। ११ उपवन-विशेष (उप ९८६ टी)। °रमा स्त्री [°रमा] चतुर्थ वासुदेव की पटरानी का नाम (पउम २०, १८६)। २ भगवान् सुपार्श्वनाथ की दीक्षा-शिविका (सुपा ७५; विचार १२९)। ३ शक्र की अञ्जुका नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °रह पुं [°रथ] १ मन का अभिलाष (औप; कुमा; हे ४, ४१४)। २ पक्ष का तृतीय दिवस (सुज्ज १०, १४—पत्र १४७)। °हंस पुं [°हंस] छन्द-विशेष (पिंग)। °हर पुं [°हर] १ पक्ष का तृतीय दिवस (सुज्ज १०, १४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ वि. रमणीय, सुन्दर (हे १, १५६; षड्; स्वप्न ५२; कुमा)। °हरा स्त्री [°हरा] भगवान् पद्मप्रभ की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। °हव देखो °भव (स ८१; कप्पू)। °हिराम वि [°भिराम] सुन्दर (भवि)।

मणोसिला देखो मणंसिला (हे १, २६; कुमा)।

मण्ण देखो मण = मन्। मण्णइ (पि ४८८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्म. मण्णिज्जइ (कुप्र १०६)। वकृ. मण्णमाण (नाट. चैत १३३)।

मण्णण न [मानन] मानना, आदर (उप १५४)।

मण्णा देखो मन्ना (राज)।

मण्णिय देखो मन्निय (राज)।

मण्णु देखो मन्नु (गा ११; ५०८; दे ६, ७१; वेणी १७)।

मण्णे देखो मणे (कप्प)।

मत्त वि [मत्त] १ मद-युक्त, मतवाला (उवा; प्रासू ६४; ६८; भवि)। २ न. मद्य, दारू (ठा ७)। ३ मद, नशा (पव १७१)। °जला स्त्री [°जला] नदी-विशेष (ठा २, ३; इक)।

मत्त देखो मेत्त = मात्र, 'वयणमत्तमिट्ठाणं' (रंभा)।

मत्त न [अमत्र, मात्र] पात्र, भाजन (आचा २, १, ६, ३; ओघ २५१)। देखो मत्तय।

मत्त (अप) देखो मच्च = मर्त्य (भवि)।

मत्तंगय पुं [मत्ताङ्गक, °द] कल्पवृक्ष की एक जाति, मद्य देनेवाला कल्पतरु (सम १७; पव १७१)।

मत्तंड पुं [मार्तण्ड] सूर्य, रवि (सम्मत्त १४५, सिरि १००८)।

मत्तग न [दे] पेशाब, मूत्र (कुलक ६)।

मत्तग, मत्तय पुंन [अमत्र, मात्रक] १ पात्र, भाजन। २ छोटा पात्र; 'बिइज्जओ मत्तओ होइ' (बृह ३; कप्प)।

मत्तय देखो मत्तग = दे (कुलक १३)।

मत्तल्ली स्त्री [दे] बलात्कार (दे ६, ११३)।

मत्तवारण पुंन [मत्तवारण] बरंडा, बरामदा, दालान (दे ६, १२३; सुर ३, १००; भवि)।

मत्तवाल पुं [दे] मतवाला, मदोन्मत्त (दे ६, १२२, षड्; सुख २, १७; सुखा ४८६)।

मत्ता स्त्री [मात्रा] १ परिमाण (पिंड ६५१)। २ अंश, भाग, हिस्सा (स ४८३)। ३ समय का सूक्ष्म नाप। ४ सूक्ष्म उच्चारण-कालवाला वर्णविन्यस (पिंग)। ५ अल्प, लेश, लव (पाअ)।

मत्ता अ [मत्वा] जानकर (सूअ १, २, २, ३२)।

मत्तालंब पुं [दे. मत्तालम्ब] बरंडा, बरामदा (दे ६, १२३; सुर १, ५७)।

मत्तिया स्त्री [मृत्तिका] मिट्टी (पएण १—पत्र २५)। °वई स्त्री [°वती] नारी-विशेष, दशार्णदेश की राजधानी (पव २७५)।

मत्थ, मत्थग, मत्थय पुंन [मस्त, °क] माथा, सिर (से १. १; स ३८५; औप)। °त्थ वि [°स्थ] सिर में स्थित (गउड)। °मणि पुं [°मणि] शिरोमणि, प्रधान, मुख्य (उप ६४८ टी)।

मत्थय पुंन [मस्तक] गर्भ, फल आदि का मध्यभाग—अन्तःसार (आचा २, १, ८, ६)।

मत्थयधोय वि [दे. धौतमस्तक] दासत्व से मुक्त, गुलामी से मुक्त किया हुआ (णाया १, १—पत्र ३७)।

मत्थुलुंग, मत्थुलुय न [मस्तुलुङ्ग] १ मस्तक-स्नेह, सिर में से निकलता एक प्रकार का चिकना पदार्थ (पण्ह १, १; तंदु १०)। २ मेद का फिप्फिस आदि (ठा ३, ४—पत्र १७०; भग; तंदु १०)।

मथिय देखो महिअ = मथित (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

मद देखो मय = मद (कुमा; प्रयौ १६, पि २०२)।

मद (मा) देखो मय = मृत (प्राकृ १०३)।

मदण देखो मयण (स्वप्न ६३; नाट—मृच्छ २३१)।

मदणसला(गा) देखो मयणसलागा (पएण १—पत्र ५४)।

मदणा देखो मयणा = मदना (णाया २—पत्र २५१)।

मदणिज्ज वि [मदनीय] कामोद्दीपक, मदन-वर्धक (णाया १, १—पत्र १६; औप)।

मदि देखो मइ = मति (मा ३२; कुमा; पि १६२)।

मदीअ देखो मईअ (स २३२)।

मदुवी देखो मउई (चंड)।

मदोली स्त्री [दे] दूती, दूत कर्म करनेवाली स्त्री (षड्)।

मद्द सक [मृद्] १ चूर्ण करना। मालिश करना, मसलना, मलना। मद्दाहि (कप्प)। कर्म. मद्दीअदि (नाट—मृच्छ १३५)। हेकृ. मद्दिउं (पि ५८५)।

मद्दण न [मर्दन] १ अंग-चप्पी, मालिश (सुपा २४)। २ हिंसा करना; 'तसथावरभूय-मद्दणं विविहं' (उव)। ३ वि. मर्दन करने-वाला (ती ३)।

मद्दल पुं [मर्दल] वाद्य-विशेष, मुरज, मृदंग (दे ६, ११६; सुर ३, ६८; सिरि १५७)।

मद्दलिअ वि [मार्दलिक] मृदंग बजानेवाला (सुपा २६४; ५५३)।

मद्दव न [मार्दव] मृदुता, नम्रता, विनय, अहंकार-निग्रह (औप; कप्प)।

मद्दवि वि [मार्दविन्] नम्र, विनीत; 'अञ्ज-वियं मद्दवियं लाघवियं' (सूअ २, १, ५७; आचा)।

मद्दविअ वि [मार्दविक, °त] ऊपर देखो (बृह ४; वव १)।

मद्दिअ देखो मड्डिअ (पाअ)।

मद्दी स्त्री [माद्री] १ राजा शिशुपाल की मा का नाम (सूअ १, ३, १, १ टी)। २ राजा पाण्डु की एक स्त्री का नाम (वेणी १७१)।

मद्दुअ पुं [मद्दुक] भगवान् महावीर का राजगृह-निवासी एक उपासक (भग १८, ७—पत्र ७५०)।

मद्दुग पुं [मद्गु, °क] पक्षि-विशेष, जल-वायस (भग ७, ६—पत्र ३०८)। देखो मग्गु।

मद्दुग देखो मुदुग (राज)।

मधु देखो महु (षड्; रंभा; पिंग)।

मधुघाद पुं [मधुघात] एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

मधुर देखो महुर (निचू १, प्राकृ ८५)।

मधुसित्थ देखो महुसित्थ (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

मधूला स्त्री [दे. मधूला] पाद-गण्ड (राज)।

मन अ [दे] निषेधार्थक अव्यय, मत, नहीं (कुमा)।

मनुस्स देखो मणुस्स (चंड; भग)।

मन्न देखो मण्ण मन्नइ, मन्नसि (आचा; महा), मन्नंते, मन्नेसि (रंभा)। कर्म. मन्निज्जउ (महा)। वकृ. मन्नंत, मन्नमाण (सुर १४, १७१; आचा; महा; सुपा ३०७; सुर ३, १७४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन्न देखो माण = मानय्। कृ. **मन्न, मन्नाय मन्नणिज्ज, मन्नियव्व, मन्निय** (उप १०३६; धर्मवि ७६; भवि; सुर १०; ३८; सुपा ३६८; ठा १ टी—पत्र २१; सं ३५)।

मन्ना स्त्री [मनन] १ मति, बुद्धि (ठा १—पत्र १६)। २ आलोचन, चिन्तन (सूअ २ १, ४१; ठा १)।

मन्ना स्त्री [मान्या] अभ्युपगम, स्वीकार (ठा १—पत्र १६)।

मन्नाय देखो मन्न = मानय्।

मन्नाविय वि [मानित] मनाया हुआ (सुपा १५६)।

मन्निय वि [मत] माना हुआ (सुपा ६०५; कुमा)।

मन्नु पुं [मन्यु] १ क्रोध, गुस्सा (सुपा ६०४)। २ दैन्य, दीनता; 'सोयसमुब्भूयगरुय-मन्नुवसा' (सुर ११, १४४)। ३ अहंकार। ४ शोक, अफसोस। ५ क्रतु, यज्ञ (हे २, २५; ४४)।

मन्नुइय वि [मन्यवित] मन्यु-युक्त, कुपित (सुख ४, १)।

मन्नुसिय वि [दे] उद्विग्न (स ५६६)।

मन्ने देखो मण्णे (हे १, १७१; रंभा)।

मप्प न [दे] माप, बाँट; 'तेण य सह वरुणेणं आणेवि य तस्स हट्टमप्पाणि' (सुपा ३६२)।

मब्भीसडी } (अप) स्त्री [मा भैषीः] अभय-
मब्भीसा } वचन (हे ४, ४२२)।

ममकार पुं [ममकार] ममत्व, मोह, प्रेम, स्नेह (गच्छ २, ४२)।

ममच्चय वि [मदीय] मेरा (सुख २, १५)।

ममत्त न [ममत्व] ममता, मोह, स्नेह (सुपा २६)।

ममया स्त्री [ममता] ऊपर देखो (पंचा १५, ३२)।

ममा सक [ममाय्] ममता करना। ममाइ, ममायए (सूअ २, १, ४२, उव)। वकृ. **ममायमाण, ममायमीण** (आचा; सूअ २, ६, २१)।

ममाइ वि [ममत्विन्] ममतावाला (सूअ १, १, १, ४)।

ममाइय वि [ममायित] जिसपर ममता की गई हो वह (आचा)।

ममाय वि [दे] ग्रहण करना। ममायंति (दस ६, ४६)।

ममाय वि [ममाय] ममत्व करनेवाला (निचू १३)।

ममि वि [मामक] मेरा, मदीय; 'ममं वा ममि वा' (सूअ २, २, ६)।

ममूर सक [चूर्णय्] चूरना। ममूरइ (धात्वा १४८)।

मम्म पुंन [मर्मन्] १ जीवन-स्थान। २ सन्धि-स्थान (गा ४४६; उप ६६१; हे १, ३२)। ३ मरण का कारण-भूत वचन आदि (णाया १, ८)। ४ गुप्त बात (प्रासू ११; सुपा ३०७)। ५ रहस्य, तात्पर्य (श्रु २८)। °य वि [°ग] मर्म-वाचक (शब्द) (उत्त १, २५; सुख १, २५)।

मम्मक पुं [दे] गर्व, अहंकार (षड्)।

मम्मक्का स्त्री [दे] १ उत्कण्ठा। २ गर्व (दे ६, १४३)।

मम्मण न [मन्मन] १ अव्यक्त वचन (हे २, ६१; दे ६, १४१; विपा १, ७; वा २६)। २ वि. अव्यक्त वचन बोलनेवाला (श्रा १२)।

मम्मण पुं [दे] १ मदन, कन्दर्प। २ रोष, गुस्सा (दे ६, १४१)।

मम्मणिआ स्त्री [दे] नील मक्षिका (दे ६, १२३)।

मम्मर पुं [मर्मर] शुष्क पत्तों की आवाज (गा ३६५)।

मम्मह पुं [मन्मथ] कामदेव, कन्दर्प (गा ४३०; अभि ६५)।

मम्मी स्त्री [दे] मामी, मातुल-पत्नी (दे ६, ११२)।

मय न [मत] मनन, ज्ञान (सूअ २, १, ५०)। २ अभिप्राय, आशय (ओघनि १६०; सूअनि १२०)। ३ समय, दर्शन, धर्म; 'समओ मयं' (पाअ; सम्मत्त २२८)। ४ वि. माना हुआ (कम्म ४, ४६)। ५ इष्ट, अभीष्ट (सुपा ३७१)। °न्नु वि [°ज्ञ] दार्शनिक (सुपा ५८२)।

मय पुं [मय] १ उष्ट्र, ऊँट (सुख ६, १)। २ अश्वतर, खचर; 'मयमहिससरहकेसरि—' (पउम ६, ५६)। ३ एक विद्याधर-नरेश (पउम ८, १)। °हर पुं [°धर] ऊँटवाला (सुख ६, १)।

मय वि [मृत] मरा हुआ, जीव-रहित (णाया १, १; उव; सुर २, १८; प्रासू १७; प्राप्र)। °किच्च न [°कृत्य] मरण के उपलक्ष में किया जाता श्राद्ध आदि कर्म (विपा १, २)।

मय पुंन [मद] १ गर्व, अभिमान; 'एयाइं मयाइं विगिंच धीरा' (सूअ १, १३, १६; सम १३; उप ७२८ टी; कुमा; कम्म २, २६)। २ हाथी के गण्ड-स्थल से झरता प्रवाही पदार्थ (णाया १, १—पत्र ६५; कुमा)। ३ आमोद, हर्ष। ४ कस्तूरी। ५ मत्तता, नशा। ६ नद, बड़ी नदी। ७ वीर्य, शुक्र (प्राप्र)। °करि पुं [°करिन्] मदवाला हाथी (महा)। °गल वि [°कल] १ मद से उत्कट, नशे में चूर; 'मअगलकुंजरगमणी' (पिंग)। २ पुं. हाथी (सुपा ६०; हे १, १८२; पाअ; दे ६, १२५)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °णासणी स्त्री [°नाशनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४०)। °धम्म पुं [°धर्म] विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४३)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री का नाम (महा)। °वारण पुं [°वारण] मदवाला हाथी; 'मयवारणो उ मत्तो निवाडियालाणवरखंभो' (महा)।

मय पुं [मृग] १ हरिण (कुमा; उप ७२८ टी)। २ पशु, जानवर। ३ हाथी की एक जाति। ४ नक्षत्र-विशेष। ५ कस्तूरी। ६ मकर राशि। ७ अन्वेषण। ८ याचन, माँग। ९ यज्ञ-विशेष (हे १, १२६)। °च्छी स्त्री [°ाक्षी] हरिण के नेत्रों के समान नेत्र-वाली (सुर ४, १६; सुपा ३५५; कुमा)। °णाह पुं [°नाथ] सिंह (स १११)। °णाहि पुंस्त्री [°नाभि] कस्तूरी (पाअ; सुपा २००; गउड)। °तण्हा स्त्री [°तृष्णा] धूप में जल-भ्रान्ति (दे; से ६, ३५)। °तण्हिआ स्त्री [°तृष्णिका] वही अर्थ (पि ३७५)। °तिण्हा देखो °तण्हा (पि ५४)। °तिण्हिआ देखो °तण्हिआ (पि ५४)। °धुत्त पुं [°धूर्त] शृगाल, सियार (दे ६, १२५)। °नाभि देखो °णाहि (कुमा)। °राय पुं [°राज]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सिंह, केसरी (पउम २, १७; उप पृ ३०)। °लंछण पुं [°लाञ्छन] चन्द्रमा (पाअ; कुमा; सुर १३, ५३)। °लोअणा स्त्री [°लोचना] गोरोचन, गोरोचना, पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष (अभि १२७)। °ारि पुं [°ारि] सिंह (पाअ)। °ारिदमण पुं [°ारिदमन] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)। °ाहिव पुं [°ाधिप] सिंह, केसरी (पाअ; स ६)। देखो मिअ, मिग = मृग।

मयंक, मयंग } देखो मिअंक (हे १, १७७; १८०; कुमा; षड्; गा ३६६; रंभा)।

मयंग देखो मायंग = मातंग; 'कूबर वरुणो भिउडी गोमेहो वामण मयंगो' (पव २६)।

मयंग पुं [मृदङ्ग] वाद्य-विशेष (प्राकृ ८)।

मयंगय पुं [मतङ्गज] हाथी, हस्ती (पउम ८०, ६६; उप पृ २६०)।

मयंगा स्त्री [मृतगङ्गा] जहाँ पर गंगा का प्रवाह रुक गया हो वह स्थान (णाया १, ४—पत्र ६६)।

मयंतर न [मतान्तर] भिन्न मत, अन्य मत (भग)।

मयंद देखो मइंद = मृगेन्द्र (सुपा ६२)।

मयंध वि [मदान्ध] मद के कारण अन्धा बना हुआ, मदोन्मत्त (सुर २, ६६)।

मयग वि [मृतक] १ मरा हुआ। २ न. मुर्दा (णाया १, ११; कुप्र २६; औप)। °किच्च न [°कृत्य] श्राद्ध आदि कर्म (णाया १, २)।

मयड पुं [दे] आराम, बगीचा (दे ६, ११५)।

मयण पुं [मदन] १ कन्दर्प, कामदेव (पाअ; घण २५; कुमा; रंभा)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र (पउम ६१, २०)। ३ एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)। ४ छन्द का एक भेद (पिंग)। ५ वि. मद-कारक, मादक; 'मयणा दरनिव्वलिया निव्वलिया जह कोद्दवा तिविहा' (विसे १२२०)। ६ न. मीन, मोम; 'मयणो मयणं विअ विलीणो' (घण २५; पाअ; सुर २, २४६)। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] काम-प्रिया, रति (कुप्र १०६)। °तालंक पुं [°तालङ्क] छन्द-विशेष (पिंग)। °तेरसी स्त्री [°त्रयोदशी] चैत्र मास की शुक्ल त्रयोदशी तिथि (कुप्र ३७८)। °दुम पुं [°द्रुम] वृक्ष-विशेष (से ७, ६६)। °फल न [°फल] फल-विशेष, मैनफल; 'तओ तेणुप्फलं मयणफलेण भावियं मणुस्सहत्थे दिन्नं, एयं वररुइस्स देज्जाहि' (सुख २, १७)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] १ राजा चण्डप्रद्योत की एक स्त्री का नाम। २ एक श्रेष्ठि-कन्या (महा)। °रेहा स्त्री [°रेखा] एक युवराज की पत्नी (महा)। °वेय पुं [°वेग] पुरुष-विशेष का नाम (भवि)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] राजा श्रीपाल की एक पत्नी (सिरि ५३)। °हरा स्त्री [°गृह] छन्द-विशेष (पिंग)। °हल देखो °फल; 'मयणहलगंधओ ता उव्वमिया चंदहाससुरा' (धर्मवि ६४)।

मयणंकुस पुं [मदनाङ्कुश] श्रीरामचन्द्र का एक पुत्र, कुश (पउम ६७, ६)।

मयणसलागा, मयणसलाया } स्त्री [दे. मदनशलाका] मैना, सारिका (जीव १ टी—पत्र ४१; दे ६, ११६)।

मयणसाला स्त्री [दे. मदनशाला] सारिका-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)।

मयणा स्त्री [दे. मदना] मैना, सारिका (उप १२६ टी; आव १)।

मयणा स्त्री [मदना] १ वैरोचन बलीन्द्र की एक पटरानी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। २ शक्र के लोकपाल की एक स्त्री (ठा ४, १—पत्र २०४)।

मयणाय पुं [मैनाक] १ द्वीप-विशेष। २ पर्वत-विशेष (भवि)।

मयणिज्ज देखो मदणिज्ज (कप्प; पण्ण १७)।

मयणिवास पुं [दे] कन्दर्प, कामदेव (दे ६, १२६)।

मयर पुं [मकर] १ जलजन्तु-विशेष, मगरमच्छ (औप; सुर १३, ४६)। २ राशि-विशेष, मकर राशि (सुर १३, ४६; विचार १०६)। ३ रावण का एक सुभट (पउम ५६; २६)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °केउ पुं [°केतु] कामदेव, कन्दर्प (कप्पू)। °द्धय पुं [°ध्वज] वही (पाअ; कुमा; रंभा)। °लंछण पुं [°लाञ्छन] वही (कप्पू; पि ५४)। °हर पुंन [°गृह] वही (पाअ; से १, १८; ४, ४८; वजा १५४; भवि)।

मयरंद पुं [दे. मकरन्द] पुष्प-रज, पुष्प-पराग (दे ६, १२३; पाअ; कुमा ३, ५४)।

मयरंद पुं [मकरन्द] पुष्प-रस, पुष्प-मधु (दे ६, १२३; सुर ३, १०; प्रासू ११३; कुमा)।

मयल देखो मइल = मलिन (सुपा २६२)।

मयलणा देखो मइलणा (सुपा १२४; २०६)।

मयलवुत्ती [दे] देखो मइलपुत्ती (दे ६, १२५)।

मयलिअ देखो मलिणिअ (उप ७२८ टी)।

मयल्लिगा स्त्री [मतल्लिका] प्रधान, श्रेष्ठ, 'कूडक्खरविओ(?उ)मयल्लिगाओ' (रंभा १७)।

मयह देखो मगह। °सामिय पुं [°स्वामिन्] मगध देश का राजा (पउम ६१, ११)। °पुर न [°पुर] राज-गृह नगर (वसु)। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] मगध देश का राजा (पउम २०, ४७)।

मयहर पुं [दे] १ ग्राम-प्रधान, ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया (पव २६८; महा; पउम ६३; १६)। २ वि. वडील, मुखिया, नायक; 'सयलहत्थारोहपहाणमयहरेण' (स २८०; महानि ४; पउम ६३, १७)। स्त्री. °रिगा, °रिया, °री (उप १०३१ टी; सुर १, ४१; महा; सुपा ७६; १२६)।

मयाई स्त्री [दे] शिरो-माला (दे ६, ११५)।

मयार पुं [मकार] १ 'म' अक्षर। २ मकारादि अश्लील—अवाच्य शब्द; 'जत्थ जयारमयारं समणी जंपइ गिहत्थपच्चक्खं' (गच्छ ३, ४)।

मयाल (अप) देखो मराल (पिंग)।

मयालि पुं [मयालि] जैन महर्षि-विशेष—१ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि (अनु १)।

मयाली स्त्री [दे] लता-विशेष, निद्राकरी लता (दे ६, ११६; पाअ)।

मर अक [मृ] मरना। मरइ, मरए (हे ४, २३४; भग; उव; महा; षड्), मरं (हे ३, १४१)। मरिजइ, मरिजउ (भवि; पि ४७७)। भूका. मरही, मरीअ (आचा; पि ४६६)। भवि. मरिस्ससि (पि ५२२)। वकृ. मरंत.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मायंद पुं [दे. माकन्द] आम्र, आम का पेड़ (हे २, १७४; प्राप्र; दे ६, १२८; कुप्र ७१; १०६)।

मायंदिअ देखो मागंदिअ (भग १८, १)।

मायंदी स्त्री [माकन्दी] नगरी-विशेष (स ६; कुप्र १०६)।

मायंदी स्त्री [दे] श्वेताम्बर साध्वी (दे ६, १२६)।

मायण्हिया स्त्री [मृगतृष्णिका] किरण में जल की भ्रान्ति, मरु-मरीचिका;

'जह मुद्धमओ मायण्हियाए
तिसिओ करेइ जल-बुद्धिं।
तह निव्विवेयपुरिसो
कुणइ अधम्मेवि धम्ममइं'
(सुपा ५००)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मायह्यि (अप) देखो मागह्यिा (भवि)।

माया = देखो माइ = मातृ; 'मायाइ अहं भणिओ' (धर्मवि ५; पाअ; विपा १,६; षड्)। °पिइ, °पिति पुंन [°पितृ] माँ-बाप (पि ३६१; स १८४)। °मह पुं [°मह] माँ का बाप (सुर ११, ४६; सुपा ३८४)। °वित्त देखो °पिइ; 'दुहियाए होइ सरणं मायावित्तं महिलियाएं' (पउम १७, २१); 'तेणेव देवेण तहिं मायावित्ताइं रोवमाणाइं' (सुर ६, २३५; १, २३६; धर्मवि २१, महा)।

माया देखो मत्ता = मात्रा; 'नो अइमायाए पाणभोयणं आहारेत्ता (उत्त १६, ८; औप; उवः कस)।

माया स्त्री [माया] १ कपट, छल, शाठ्य, धोखा (भग; कुमा; ठा ३, ४; पाअ; प्रासू १७५)। २ इन्द्रजाल (दे ३, ५३; उप ८२३)। ३ मन्त्राक्षर-विशेष; 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि १९७)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °णर पुं [°नर] पुरुष-वेश-धारी स्त्री-आदि (धर्मसं १२७८)। °बीय न [°बीज] 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि ४०१)। °मोस पुंन [°मृषा] कपट-पूर्वक असत्य वचन (णाया १, १; पएह १, २; भग; औप)। °वत्तिअ, °वत्तीय वि [°प्रत्ययिक] कपट से होनेवाला, छल-मूलक (भग; ठा २, १; नव १७)। °वि वि [°विन्] मायायुक्त (पउम ८८, ११)। स्त्री. °विणी (सुपा ६२७)।

मायि वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी (उवा; पि ४०५)।

मार सक [मारय्] १ ताड़न करना। २ हिंसा करना। मारइ, मारेइ (आचा; कुमा; भग)। भवि. मारेहिसि (पि ५२८)। कर्म. मारिज्जइ (उव)। वकृ. मारंत, मारेंत (भत्त ६२; पउम १०५, ७६)। कवकृ. मारिज्जंत (सुपा १५७)। संकृ. मारेत्ता (महा), मारि (अप) (हे ४, ४३९)। हेकृ. मारेउं (महा)। कृ. मारियव्व, मारेयव्व (पउम ११, ४२), मारणिज्ज (उप ३५७ टी)।

मार पुं [मार] १ ताड़न (सुपा २२६)। २ मरण, मौत (आचा; सूअ २, २, १७; उप पृ ३०८)। ३ यम, जम (सूअ १, १, ३, ७)। ४ कामदेव, कंदर्प (उप ७६८ टी)। ५ चौथा नरक का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५; देवेन्द्र १०)। ६ वि. मारने-वाला (णाया १, १६—पत्र २०२)। °वहू स्त्री [°वधू] रति (सुपा ३०४)।

मार पुं [मार] मणि का एक लक्षण (राय ३०)।

मारग वि [मारक] मारनेवाला। स्त्री. °रिगा (कुप्र २३५)।

मारण न [मारण] १ ताड़न। २ हिंसा (भग; स १२१)।

मारणअ (अप) वि [मारयितृ] मारनेवाला (हे ४, ४४३)।

मारणंतिअ वि [मारणान्तिक] मरण के अन्त समय का (सम ११; ११६; औप; उवा; कप्प)।

मारणया, मारणा } स्त्री [मारणा] मारना (भग; पएह १, १; विपा १, १)।

मारय देखो मारग (उव; संबोध ४३)।

मारा स्त्री [मारा] प्राणि-वध का स्थान, सूना (णाया १, १६—पत्र २०२)।

मारि स्त्री [मारि] १ रोग-विशेष, मृत्यु-दायक रोग (स २४२)। २ मारण (आवम)। ३ मौत, मृत्यु (उप ३२९)।

मारि हेखो मार = मारय्।

मारि वि [मारिन्] मारनेवाला (महा)।

मारिज्ज पुं [मारीच] रावण का एक सुभट (पउम ५९, ७)। देखो मारीअ।

मारिज्जि देखो मारिइ (पउम ८२, २६)।

मारिय वि [मारित] मारा हुआ (महा)।

मारिलग्गा स्त्री [दे] कुत्सित स्त्री (दे ६, १३१)।

मारिव पुंन [दे] गौरव, 'गौरवे मारिवे' (संक्षि ४७)।

मारिस वि [मादृश] मेरे जैसा (कुमा)।

मारी स्त्री [मारि] देखो मारि (स २४२)।

मारीअ पुं [मारीच] ऋषि-विशेष (अभि २४९)। देखो मारिज्ज।

मारीइ, मारीजि } पुं [मारीचि] एक विद्याधर सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, २७)।

मारुअ पुं [मारुत] १ पवन, वायु (पाअ; सुपा २०४; सुर ३, ४०; १३, १९४; अाप १४; महा)। २ हनूमान का पिता (से २, ४४)। °तणय पुं [°तनय] हनूमान (से ४४; हे ३, ८७)। °त्थ न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष, वातास्त्र (पउम ५९, ६१)।

मारुअ पि [मारुक] मरु देश का, मरु-संबन्धी; 'णो अमयवल्लरी मारुयम्मि कत्थइ थले होइ' (उप ९८६ टी)।

मारुइ पुं [मारुति] हनूमान (से १, ३७)।

माल अक [माल्] १ शोभना। २ वेष्टित होना। कृ 'अच्चिसहस्समालणीयं' (णाया १, १—पत्र ३८)।

माल पुं [दे] १ आराम, बगीचा (दे ६, १४६)। २ मञ्च, आसन-विशेष (दे ६, १४६; णाया १, १—पत्र ६३; पंचा १३, १४)। ३ वि. मञ्जु (दे ६, १४६)।

माल पुं [दे. माल] १ देश-विशेष (पउम ९८, ६५)। २ घर का उपरि-भाग, तला, मंजिल; गुजराती में 'माळो' (णाया १, ९—पत्र ५७; चेइय ४८१; पंचा १३, १४; ठा ३, ४—पत्र १५९)। ३ वनस्पति-विशेष (जं १)।

माल° देखो माला। °गार वि [°कार] माली (उप पृ १६६)।

मालइ°, मालई } स्त्री [मालती] १ लता-विशेष। २ पुष्प-विशेष (पउम ५३, ७९; पाअ; कुमा)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

मालंकार पुं [मालङ्कार] वैरोचन बलीन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

मालणीय देखो माल = माल्।

मालय देखो माल = दे. माल (ठा ३, १—पत्र १२३)।

मालव पुं [मालव] १ भारतीय देश-विशेष (इक; उप १४२ टी)। २ मालव देश का निवासी मनुष्य (पएह १, १—पत्र १४)।

मालव पुं [मालव] म्लेच्छ-विशेष, आदमी को उठा ले जानेवाली एक चोर जाति (वव ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मालवंत पुं [माल्यवत्] १ पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६६; ८०; सम १०२)। २ एक रामकुमार (पउम ६, २२०)। °परियाग, °परियाय पुं [°पर्याय] पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; ६६)।

मालविणी स्त्री [मालविनी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

माला स्त्री [माला] १ फूल आदि का हार, 'मल्लं माला दामं' (पाअ; स्वप्न ७२; सुपा ३१६; प्रासू ३०; कुमा)। २ पंक्ति, श्रेणी (पाअ)। ३ समूह; 'जलमालकद्दमालं' (सूअनि १६१)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °इल्ल वि [°वत्] माला वाला (प्राप्र)। °कारि वि [°कारिन्] माली, पुष्प-व्यवसायी। स्त्री. °णी (सुपा ५१०)। °गार वि [°कार] वही अर्थ (उप १४२; टी; अंत १८, सुपा ५६२; उप पृ १५६)। °धर पुं [°धर] प्रतिमा के ऊपर के भाग की रचना-विशेष (चेइय ६३)। °यार, °र देखो °कार (अंत १८; उप पृ १५७; गा ५६६)। स्त्री. °री (कुमा; गा ५६७)। °हरा स्त्री [°धरा] छन्द-विशेष (पिंग)।

माला स्त्री [दे] ज्योत्स्ना, चन्द्रिका (दे ६, १२८)।

मालाकुंकुम न [दे] प्रधान कुंकुम (दे ६, १३२)।

मालि पुंस्त्री [मालि] वृक्ष-विशेष (सम १५२)।

मालि पुं [मालिन्] १ पाताल-लंका का एक राजा (पउम ६, २२०)। २ देश-विशेष (इक)। ३ वि. माली, पुष्प-व्यवसायी (कुमा)। ४ शोभनेवाला (कुमा)।

मालिअ पुं [मालिक] ऊपर देखो (दे २, ८; पएह १, २; सुपा २७३; उप पृ १५७)।

मालिअ वि [मालित] शोभित, विभूषित; 'परलोए पुरए कल्लाणमालिआमालिआ कमेरगेव' (सा २३; पाअ; उप २६४ टी)।

मालिआ स्त्री [मालिका, माला] देखो माला = माला (सा २३; स्वप्न ५३; औप; उवा)।

मालिज्ज न [मालीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

मालिणी स्त्री [मालिनी] १ माली की स्त्री (कुमा)। २ शोभनेवाली (औप)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ मालावाली (गउड)।

मालिण्ण } न [मालिन्य] मलिनता (उप
मालिन्न } पृ २२; सुपा ३५२; ५८६)।

मालुग } पुं [मालुक] १ त्रीन्द्रिय जन्तु-
मालुय } विशेष (सुख ३६, १३८)। २ वृक्ष-विशेष (पएए १—पत्र ३१; णाया १, २—पत्र ७८)।

मालुया स्त्री [मालुका] १ वल्ली, लता (सूअ १, ३, २, १०)। २ वल्ली-विशेष (पएए १—पत्र ३३)।

मालुहाणी स्त्री [मालुधानी] लता-विशेष (गउड)।

मालूर पुं [दे. मालर] कपित्थ, कैथ का गाछ (दे ६, १३०)।

मालूर पुं [मालूर] १ बिल्व वृक्ष, बेल का गाछ (दे ३, १६; गा ५७६; गउड, कुमा)। २ न. बेल का फल (पाअ; गउड)।

माहव } पुं [मातुल] मामा (पुष्पमाला
माम्वह } ३२ श्लो० ८ भवभावना)।

माविअ वि [मापित] मापा हुआ (से ६, ६०; दे ८, ४८)।

मास देखो मंस = मांस (हे १, २६; ७०; कुमा; उप ७२८ टी)।

मास पुं [मास] १ महिना, तीस दिन का समय (ठा २, ४; उप ७६८ टी; जी ३५)। २ समय, काल; 'कालमासे कालं किच्चा' (विपा १, १; २; कुप्र ३५), 'पसवमासे' (कुप्र ४०४)। ३ पर्व—वनस्पति-विशेष; 'वीरुणा- (? णी) तह इक्कडे य मासे य' (पएए १—पत्र ३३)। °उस देखो °तुस (राज)। °कप्प पुं [°कल्प] एक स्थान में महिना तक रहने का आचार (बृह ६)। °खमण न [°क्षपण] लगातार एक मास का उपवास (णाया १, १; विपा २, १; भग)। °गुरु न [°गुरु] तप-विशेष, एकाशन तप (संबोध ५७)। °तुस पुं [°तुष] एक जैन मुनि (विवे ५१)। °पुरी स्त्री [°पुरी] १ नगरी-विशेष, भृंगी देश की राजधानी (इक)। २ 'वर्त' देश की राजधानी; 'पावा भंगी य, मासपुरी वट्टा' (पव २७५)। °पूरिया स्त्री [°पूरिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °लहु न [°लघु] तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५७)।

मास पुं [माष] १ अनार्य देश-विशेष। २ देश-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पएह १, १—पत्र १४)। ३ धान्य-विशेष, उड़द (दे १, ९८)। ४ परिमाण विशेष, मासा (वज्जा १३०)। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति विशेष (पएए १—पत्र ३६)।

मासल देखो मंसल (हे १, २६; कुमा)।

मासलिय वि [मांसलित] पुष्ट किया हुआ (गउड; सुपा ४७४)।

मासाहस पुं [मासाहस] पक्षि-विशेष, 'मासाहससउणिसमो किं वा चिट्ठामि घंघलिओ' (संवे ६; उव; उर ३, ३)।

मासिअ पुं [दे] पिशुन, खल, दुर्जन (दे ६, १२२)।

मासिअ वि [मासिक] मास-सम्बन्धी (उवा; औप)।

मासिआ स्त्री [मातृष्वसृ] माँ की बहिन (धर्मवि २२)।

मासु देखो मंसु = श्मश्रु (हे २, ८६)।

मासुरी स्त्री [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ (दे ६, १३०; पाअ)।

माह पुं [माघ] १ मास-विशेष, माघ का महिना (पाअ; हे ४, ३५७)। २ संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि। ३ एक संस्कृत काव्य-ग्रंथ, शिशुपाल-वध काव्य (हे १, १८७)।

माह न [दे] कुन्द का फूल (दे ६, १२८)।

माहण पुंस्त्री [माहन, ब्राह्मण] हिंसा से निवृत्त, अहिंसक—१ मुनि, साधु, ऋषि। २ श्रावक, जैन उपासक। ३ ब्राह्मण (आचा; सूअ २, २, ४८; ५४; भग १, ७; २, ५; प्रासू ८०; महा)। स्त्री. °णी (कप्प)। °कुंड न [°कुण्ड] मगध देश का एक ग्राम (आचू १)।

माहप्प पुंन [माहात्म्य] १ महत्व, गौरव। २ महिमा, प्रभाव (हे १, ३३; गउड; कुमा; सुर ३, ५३; प्रासू १७)।

माहप्पया स्त्री. ऊपर देखो (उप ७६८ टी)।

माहय पुं [दे] चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष (उत्त ३६, १४९)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माहव पुं [माधव] १ श्रीकृष्ण, नारायण (गा ४४३; वज्जा १३०)। २ वसन्त ऋतु। ३ वैशाख मास (गा ७७७; रुक्मि ५३)। °पणइणी स्त्री [°प्रणयिनी] लक्ष्मी (स ५२३)।

माहविआ स्त्री [माधविका] नीचे देखो (पात्र)।

माहवी स्त्री [माधवी] १ लता-विशेष (गा ३२२; अभि १९९; स्वप्न ३९)। २ एक राज-पत्नी (पउम ६, १२६; २०, १८४)।

माहारयण न [दे] १ वस्त्र, कपड़ा। २ वस्त्र-विशेष (दे ६, १३२)।

माहिंद पुं [माहेन्द्र] १ एक देव-लोक (सम ८)। २ एक इन्द्र, माहेन्द्र देवलोक का स्वामी (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ ज्वर-विशेष; 'माहिंदजरो जाओ' (सुपा ६०६)। ४ दिन का एक मुहूर्त्त (सम ५१)। ५ वि. महेन्द्र-सम्बन्धी (पउम ५५, १६)।

माहिंदफल न [माहेन्द्रफल] इन्द्रयव, कौरैया का बीज (उत्तनि ३)।

माहिल पुं [दे] महिषी-पाल, भैंस चरानेवाला (दे ६, १३०)।

माहिवाय पुं [दे] १ शिशिर पवन (दे ६, १३१)। २ माघ का पवन (षड्)।

माहिसी देखो महिसी (कप्प)।

माही स्त्री [माघी] १ माघ मास की पूर्णिमा। २ माघ की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)।

माहुर वि [माथुर] मथुरा का (भत्त १४५)।

माहुर न [दे] शाक, तरकारी (दे ६, १३०)।

माहुर, माहुरय वि [माधुर, °क] १ मधुर रस-वाला। २ आम्ल रस से भिन्न रसवाला (उवा)।

माहुरिअ न [माधुर्य] मधुरता (प्राकृ १९)।

माहुलिंग पुं [मातुलिङ्ग] १ बीजपूर वृक्ष; बीजौरानीबू का पेड़ (हे १, २४४; चंड)। २ न. बीजौरे का फल (षड्; कुमा)।

माहेसर वि [माहेश्वर] १ महेश्वर-भक्त (सिरि ४८)। २ न. नगर-विशेष (पउम १०, ३४)।

माहेसरी स्त्री [माहेश्वरी] १ लिपि-विशेष (सम ३५)। २ नगरी-विशेष (राज)।

मिं (अप) देखो अवि—अपि (भवि)।

मि° स्त्री [मृत्] मिट्टी, मट्टी; 'जह मिल्ले-वावगमादलाबुणोवस्समेव गइभावो' (विसे ३१४२)। °पिंड पुं [°पिण्ड] मिट्टी का पिंडा (अभि २००)। °म्मय वि [°मय] मिट्टी का बना हुआ (उप २४२; पिंड ३३४; सुपा २७०)।

मिअ देखो मय=मृग; 'सव्वेणिदियदोसेणं मिओ मओ वाहबाणेणं' (सुर ८, १४२; उत्त १, ५; पण्ह १, १; सम ६०; रंभा; ठा ४, २; पि ५४)। °चक्क न [°चक्र] विद्या-विशेष, ग्राम-प्रवेश आदि में मृगों के दर्शन आदि से शुभाशुभ फल जानने की विद्या (सूअ २, २, २७)। °णअणी, °नयणा स्त्री [°नयना] देखो मय-च्छी (नाट; सुर ६; १५३)। °मय पुं [°मद] कस्तूरी (रंभा ३५)। °रिउ पुं [°रिपु] सिंह (सुपा ५७?)। °वाहण पुं [°वाहन] भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर (सम १५३)।

मिअ पुं [मृग] हरिण के आकार का पशु-विशेष, जो हरिण से छोटा और जिसका पुच्छ लम्बा होता है। °लोमिअ वि [°लोमिक] उसके बालों से बना हुआ (अणु ३५)।

मिअ देखो मित्त=मित्र (प्राप्र)।

मिअ वि [दे] अलंकृत, विभूषित (षड्)।

मिअ वि [मित] मानोपेत, परिमित (उत्त १६, ८; सम १५२; कप्प)। २ थोड़ा, अल्प; 'मिअं तुच्छं' (पात्र)। °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा आदि पदार्थों को परिमित माननेवाला (ठा ८—पत्र ४२७)।

मिअ देखो मिव=इव (गा २०६ अ; नाट)।

मिअ° देखो मिआ। °ग्गाम पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष (विपा १, १)।

मिअआ स्त्री [मृगया] शिकार (नाट—शकु २७)।

मिअंक पुं [मृगाङ्क] १ चन्द्र, चाँद (हे १, १३०; प्राप्र; कुमा; काप्र १९४)। २ चन्द्र का विमान (सुज्ज २०)। ३ इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ७)। °मणि पुं [°मणि] चन्द्रकान्त मणि (कप्पू)।

मिअंग देखो मयंग=मृदंग (कप्पू)।

मिअसिर देखो मगसिर (पि ५४)।

मिआ स्त्री [मृगा] १ राजा विजय की पत्नी (विपा १, १)। २ राजा बलभद्र की पत्नी (उत्त १९, १)। °उत्त, °पुत्त पुं [°पुत्र] १ राजा विजय का एक पुत्र (विपा १, १; कर्म १५)। २ राजा बलभद्र का एक पुत्र, जिसका दूसरा नाम बलश्री था (उत्त १९, २)। °वई स्त्री [°वती] १ प्रथम वासुदेव की माता का नाम (सम १५२)। २ राजा शतानीक की पटरानी का नाम (विपा १, ५)।

मिइ स्त्री [मिति] १ मान, परिमाण। २ हद, अवधि; 'किं दुक्करमुवायाणं न मिई जमुवायसत्तीए' (धर्मवि १४३)।

मिइ देखो मिउ=मृत् (धर्मसं ५५८)।

मिइंग देखो मयंग=मृदंग (हे १, १३७; कुमा)।

मिइंद देखो मइंद=मृगेन्द्र (अभि २४२)।

मिउ स्त्री [मृद्] मिट्टी, मट्टी; 'मिउदंडचक्क-चीवरसामग्गीवसा कुलालुव्व' (सम्मत्त २२४), 'मिउपिंडो दव्वघडो सुसावगो तह य दव्वसाहु त्ति' (उप २५५ टी)।

मिउ वि [मृदु] कोमल, सुकुमार (औप; कुमा; सण)।

मिउ वि [मृदु] मनोज्ञ, सुन्दर; 'मिउमद्दव-संपन्ने' (णंदि ५२)।

मिंचण न [दे] मीचना, निमीलन (दे ३, ३०)।

मिंज°, मिंजा, मिंजिय स्त्री [मज्जा] १ शरीर-स्थित धातु-विशेष, हाड़ के बीच का अवयव-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८; महा; उवा; औप)। २ मध्यवर्त्ती अवयव; 'पेहुण-मिंजिया इवा' (पण्ण १७—पत्र ५२९)।

मिंठ, मिंठिल पुं [दे] हस्तिपक, हाथी का महावत (उप १२८ टी; कुप्र ३६८; महा; भत्त ७६; धर्मवि ८१; १३५; मन १०; उप १३०)। देखो मेंठ।

मिंढ, मिंढय पुंस्त्री [मेढ्र] १ मेंढा, भेड़, मेष, गाडर (विसे ३०४ टी; उप पृ २०५; कुप्र १९२), 'ते य दरा मिंढया ते य' (धर्मवि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१४०)। स्त्री. °ढिया (पाअ)। २ न. पुरुष-लिंग, पुरुष-चिह्न (राज)। °मुह पुं [°मुख] १ अनार्य देश-विशेष (पव २७४)। २ न. नगर-विशेष (राज)। देखो मेंढ।

मिंढिय पुं [मेण्ढिक] ग्राम-विशेष (कर्म १)।

मिग देखो मय=मृग (विपा १, ७; सुर २, २२७; सुपा १९८; उव), 'सीहो मिगाणं सलिलाण गंगा' (सूअ १, ६, २१)। °गंध पुं [°गन्ध] युगलिक मनुष्य की एक जाति (इक)। °नाह पुं [°नाथ] सिंह (सुपा ६३२)। °वइ पुं [°पति] सिंह (पण्ह १, १; सुपा ६३६)। °वालुंकी स्त्री [°वालुङ्की] वनस्पति-विशेष (पण्ण १७—पत्र ५३०)। °ारि पुं [°ारि] सिंह (उव; सुर ६, २७०)। °ाहिव पुं [°ाधिप] सिंह (पण्ह २, ५)।

मिगया स्त्री [मृगया] शिकार (सुपा २१४; कुप्र २३; मोह ६२)।

मिगव्व न [मृगव्य] ऊपर देखो (उत्त १८, १)।

मिगसिर देखो मगसिर (सम ८; इक; पि ४३६)।

मिगावई देखो मिआ-वई (पउम २०, १८४ २२, ५५; उव; अंत; कुप्र १८३; पडि)।

मिगी स्त्री [मृगी] १ हरिणी (महा)। २ विद्या-विशेष (राज)। °पद न [°पद] स्त्री का गुह्य स्थान, योनि (राज)।

मिच्चु देखो मच्चु (षड्; कुमा)।

मिच्छ (अप) देखो इच्छ=इष्; 'न उ देइ कप्पु मिच्छइ न न दंडु' (भवि)।

मिच्छ पुं [म्लेच्छ] यवन, अनार्य मनुष्य (पउम २७, १८; ३४, ४१; ती १५; संबोध १६)। °पहु पुं [°प्रभु] म्लेच्छों का राजा (रंभा)। °पिय न [°प्रिय] पलाण्डु, प्याज, लशुन; 'मिच्छप्पियं तु भुत्तं जा गंधो ता न हिंडंति' (बृह ५)। °ाहिव पुं [°ाधिप] यवनों का राजा (पउम १२, १४)।

मिच्छ न [मिथ्य] १ असत्य वचन, झूठ। २ वि. असत्य, झूठा; 'मिच्छं ते एवमाहंसु' (भग), 'तं तहा, नेव मिच्छं' (पउम २३, २६)। ३ मिथ्यादृष्टि, सत्य पर विश्वास नहीं रखनेवाला, तत्त्व का अश्रद्धालु; 'मिच्छो हियाहियविभागनाणसण्णासमन्निओ कोई' (विसे ५१९)।

मिच्छ° देखो मिच्छा (कम्म ३, २; ४)। °कार पुं [°कार] मिथ्या-करण (आवम)। °त्त न [°त्व] सत्य तत्त्व पर अश्रद्धा, सत्य धर्म का अविश्वास (ठा ३, ३; आचू ६; भग; औप; उप ५३१; कुमा)। °त्ति वि [°त्विन्] सत्य धर्म पर विश्वास नहीं करनेवाला, परमार्थ का अश्रद्धालु (दं १८)। °दिट्ठि, °दिट्ठीय, °द्दिट्ठि, °द्दिट्ठिय वि [°दृष्टि, °क] सत्य धर्म पर श्रद्धा नहीं रखनेवाला, जिन-धर्म से भिन्न धर्म को माननेवाला (सम २६; कुमा; ठा २, २; औप; ठा १)।

मिच्छा अ [मिथ्या] १ असत्य, झूठा (पाअ)। २ कर्म-विशेष, मिथ्यात्व-मोहनीय कर्म (कम्म २, ४; १४)। ३ गुण-स्थानक विशेष, प्रथम गुण-स्थानक (कम्म २, २; ३; १३)। °दंसण न [°दर्शन] १ सत्य तत्त्व पर अश्रद्धा (सम ८; भग; औप)। २ असत्य धर्म (कुमा)। °नाण न [°ज्ञान] असत्य ज्ञान, विपरीत ज्ञान, अज्ञान (भग)। °सुअ न [°श्रुत] असत्य शास्त्र, मिथ्यादृष्टि-प्रणीत शास्त्र (णंदि)।

मिज्ज अक [मृ] मरना। मिज्जंति (सूअ १, ७, ९)। वकृ. मिज्जमाण (भग)।

मिज्जंत
मिज्जमाण } देखो मा=मा।

मिज्झ वि [मेध्य] शुचि, पवित्र (उप ७२८ टी)।

मिट सक [दे] मिटाना, लोप करना। मिटिज्जसु (पिंग)। प्रयो. मिटावह (पिंग)।

मिट्ठ वि [मिष्ट, मृष्ट] मीठा, मधुर; 'मुहमिट्ठा मणदुट्ठा वेसा सिट्ठाण कहमिट्ठा' (धर्मवि ६५; कप्पू; सुर १२, १७; हे १, १२८, रंभा)।

मिण सक [मा, मी] १ परिमाण करना, नापना, तोलना। २ जानना, निश्चय करना। मिणइ (विसे २१८६), मिणसु (पव २५४)।

मिणण न [मान] मान, माप, परिमाण (उप पृ ६७)।

मिणाय न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे ६, ११३)।

मिणाल देखो मुणाल (प्राकृ ८; रंभा)।

मित्त पुं [मित्र] १ सूर्य, रवि (सुपा ६४५; सुख ४, ६; पाअ; वज्जा १४४)। २ नक्षत्रदेव-विशेष, अनुराधा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ३ अहोरात्र का तीसरा मुहूर्त्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३)। ४ एक राजा का नाम (विपा १, २)। ५ पुंन. दोस्त, वयस्य सखा; 'मित्तो सही वयंसो' (पाअ), 'पहाणमित्ता' (स ७०७), 'तिविहो मित्तो हवइ' (स ७१५; सुपा ६४५; प्रासू ७६)। °केसी स्त्री [°केशी] रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी; 'अलंबुसा मित (?त्त) केसी' (ठा ८—पत्र ४३७; इक)। °गा स्त्री [°गा] वैरोचन बलीन्द्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी (ठा ४, १—पत्र २०४)। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम (विपा २, १०)। °दाम पुं [°दाम] एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। °देवा स्त्री स्त्री [°देवा] अनुराधा नक्षत्र (राज)। °व वि [°वत्] मित्रवाला (उत्त ३, १८)। °सेण पुं [°सेन] एक पुरोहित-पुत्र (सुपा ५०७)।

मित्त देखो मेत्त=मात्र (कप्प; जी ३१; प्रासू १४५)।

मित्तल पुं [दे] कन्दर्प, काम (दे ६, १२६; सुर १३, ११८)।

मित्ति स्त्री [मति] १ मान, परिमाण। २ सापेक्षता;
'उस्सग्गववायाणं मित्तीए अह ण भोयणं दुट्ठं।
उस्सग्गववायाणं मित्तीइ तहेव उवगरणं'
(अज्झ ३७)।

मित्तिआ स्त्री [मृत्तिका] मिट्टी, मट्टी (अभि २४३)। °वई स्त्री [°वती] दशार्ण देश की प्राचीन राजधानी (विचार ४८)।

मित्तिज्ज अक [मित्रीय्] मित्र को चाहना। वकृ. मित्तिज्जमाण (उत्त ११, ७)।

मित्तिय न [मैत्रेय] १ गोत्र-विशेष, जो वत्स गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मित्तिवय पुं [दे] ज्येष्ठ, पति का बड़ा भाई (दे ६, १३२)।

मित्ती स्त्री [मैत्री] मित्रता, दोस्ती (सूअ २, ७, ३६; श्रा १४; प्रासू ८)।

मिथुण देखो मिहुण (पउम ६६, ३१)।

मिदु देखो मिउ (अभि १८३; नाट—रत्ना ८०)।

मिरिअ पुंन [मिरिच] १ मरिच का गाछ। २ मिरच, मिर्चा (पण्ण १७—पत्र ५३१; हे १, ४६; ठा ३, १ टी; पव २५६)।

मिरिआ स्त्री [दे] कुटी, झोंपड़ी (दे ६, १३२)।

मिरिइ, मिरी, मिरीइ, मिरीय पुंस्त्री [मरीचि] किरण, प्रभा, तेज; 'चंचलमिरिइकवयं' (औप); 'सप्पहा समिरि (?री) या' (औप), 'निक्कंकडच्छाया समिरीया' (औप; ठा ४, १—पत्र २२६), 'विज्जुघणमिरीइसूर-दिप्पंततेय—' (औप), 'सूरमिरीयकवयं विणिम्मुयंतेहिं' (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

मिल अक [मिल्] मिलना। मिलइ (हे ४, ३३२; रंभा; महा)। कर्म. मिलिज्जइ (हे ४, ४३४)। वकृ. मिलंत (से १०, १६)।

मिलक्खु पुंन. देखो मिच्छ = म्लेच्छ (ओघ ४४०; धर्मसं ५०८; ती १५; उत्त १०, १६), 'मिलक्खूणि' (पि ३८१)।

मिलण न [मिलन] मेल, मिलना, एकत्रित होना; 'लोगमिलणम्मि' (उप ५७८; सुपा २५०)।

मिलणा स्त्री. ऊपर देखो (उप १२८ टी; उप ७०६)।

मिला, मिलाअ अक [म्लै] म्लान होना, निस्तेज होना। मिलाइ, मिलाअइ (दे २, १०६; ४, १८; २४०; षड्)। वकृ. मिलाअंत, मिलाअमाण (पि १३६; ठा ३, ३; णाया १, ११)।

मिलाअ, मिलाण वि [म्लान] निस्तेज, विच्छाय (णाया १, १—पत्र ३७; स ४२५; हे २, १०६; कुमा; महा)।

मिलाण न [दे] पर्याण (?) '—थासगमिलाणचमरोगंडपरिमंडियकडीणं' (औप)।

मिलाणि स्त्री [म्लानि] विच्छायता (उप १४२ टी)।

मिलिअ वि [मिलित] मिला हुआ (गा ४४३; कुमा)।

मिलिअ वि [मेलित] मिलाया हुआ (कुमा)।

मिलिच्छ देखो मिच्छ = म्लेच्छ (हे १, ८४; हम्मीर ३४)।

मिलिट्ठ वि [म्लिष्ट] १ अस्पष्ट वाक्यवाला। २ म्लान। ३ न. अस्पष्ट वाक्य (प्राकृ २७)।

मिलिमिलिमिल अक [दे] चमकना। वकृ. मिलिमिलिमिलिमिलंत (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

मिलीण देखो मिलिअ (ओघभा २२ टी)।

मिल्ल सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना। मिल्लइ (भवि)। वकृ. मिल्लंत (सुपा ३१७)। कृ. मिल्लेव्व (अप) (कुमा)। प्रयो., कवकृ. मिल्लाविज्जंत (कुप्र १९२)।

मिल्लाविअ वि [मोचित] छुड़ाया हुआ (सुपा ३८८; हम्मीर १८; कुप्र ४०१)।

मिल्लिअ (अप) देखो मिलिअ (पिंग)।

मिल्लिर वि [मोक्तृ] छोड़नेवाला (कुमा)।

मिल्ह देखो मिल्ल। मिल्हइ (आत्मानु २२), मिल्हंति (कुप्र १७)। भवि. मिल्हिस्सं (कुप्र १०)। कृ. मिल्हियव्व (सिरि ३५७)।

मिल्हिय वि [मुक्त] छोड़ा हुआ (श्रा २७)।

मिव देखो इव (हे २, १८२; प्राप्र; कुमा)।

मिस सक [मिस्] शब्द करना। वकृ. मिसंत (तंदु ४४)।

मिस न [मिष] बहाना, छल, व्याज (चेइय ८३१; सिक्खा २६; रंभा; कुमा)।

मिसमिस अक [दे] १ अत्यन्त चमकना। २ खूब जलना। वकृ. मिसमिसंत (णाया १, १—पत्र १६; तंदु २६; उप ६४८ टी)।

मिसल (अप) सक [मिश्रय्] मिश्रण करना, मिलाना। मराठी में 'मिसलणें'। मिसलइ (भवि)।

मिसल (अप) देखो मीस, मीसालिअ (भवि)।

मिसिमिस देखो मिसमिस वकृ. मिसिमिसंत, मिसिमिसिंत, मिसिमिसिमाण, मिसिमिसीयमाण, मिसिमिसेंत मिसिमिसेमाण (औप, कप्प; पि ५५८; उवा; पि ५५८; णाया १, १—पत्र ६४)।

मिसिमिसिय वि [दे] उद्दीप्त, उत्तेजित (सुर ३, ५०)।

मिस्स सक [मिश्रय्] मिश्रण करना, मिलाना। मिस्सइ (हे ४, २८)।

मिस्स देखो मीस = मिश्र (भग)।

°मिस्स पुं [°मिश्र] पूज्य, पूजनीय; 'वसिट्ठ-मिस्सेसु' (उत्तर १०३)।

मिस्साकूर पुंन [मिश्राकूर] खाद्य-विशेष, 'अणुराहाहिं मिस्साकूरं भोच्चा कज्जं साधेंति' (सुज्ज १०, १७)।

मिह अक [मिध्] स्नेह करना। मिहसि (सुर ४, २१)।

मिह देखो मिस = मिष; 'निग्गओ अलियगामंतरगमणमिहेण' (महा)।

मिह देखो मिहो (आचा)।

मिहिआ स्त्री [दे] मेघ-समूह (दे ६, १३२)। देखो महिआ।

मिहिआ स्त्री [मेघिका] अल्प मेघ (से ४, १७)। देखो महिआ।

मिहिर पुं [मिहिर] सूर्य, रवि (उप पृ ३५०; सुपा ४१६; धर्मा ५),

'सायरनिसायराणं मेहसिहडीण मिहिरनलिणीणं।
दूरेवि वसंताणं पडिवन्नं नन्नहा होइ'
(उप ७२८ टी)।

मिहिला स्त्री [मिथिला] नगरी-विशेष (ठा १०; पउम २०, ४५; णाया १, ८—पत्र १२४; इक)।

मिहु, मिहुं देखो मिहो (उप ९४७; आचा)।

मिहुण न [मिथुन] १ स्त्री-पुरुष का युग्म, दंपती (हे १, १८७; पाअ; कुमा)। २ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक राशि (विचार १०६)।

मिहो अ [मिथस्] परस्पर, आपस में (उप ९७६; स ५३६; पि ३४७)।

मीअ न [दे] समकाल, उसी समय (दे ६, १३३)।

मीण पुं [मीन] १ मत्स्य, मछली (पाअ; गउड; ओघ ११६; सुर ३, ५३; १३, ४६)। २ ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष (सुर ३, ५३; विचार १०६; संबोध ५४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मीत देखो मित्त = मित्र (संक्षि १७)।

मीमंस सक [मीमांस्] विचार करना। कृ. 'अ-मीमंसा गुरू' (स ७३०)।

मीमंसा स्त्री [मीमांसा] जैमिनीय दर्शन, पूर्वमीमांसा (सुख ३, १; धर्मवि ३८)।

मीमंसिय वि [मीमांसित] विचारित (उप ६८६ टी)।

मीरा स्त्री [दे] दीर्घ चुल्ली, बड़ा चुल्हा (सूअनि ७६)।

मील अक [मील्] मीचाना, बन्द होना, सकुचाना। मीलइ (हे ४, २३२; षड्)।

मील देखो मिल (वि ११)।

मीलच्छीकार पुं [मीलच्छीकार] १ यवन देश-विशेष, 'मीलच्छीकारदेसोवरि चलिदो खप्परखाणराया' (हम्मीर ३५)। २ एक यवन राजा (हम्मीर ३५)।

मीलण न [मीलन] संकोच (कुमा)।

मीलण देखो मिलण; 'खणजणमणमीलणोवमा विसया' (वि ११; राज)।

मीलिअ देखो मिलिअ = मिलित (पिंग)।

मीस सक [मिश्रय्] मिलाना, मिश्रण करना। कर्म. मीसिजइ (पि ६४)।

मीस वि [मिश्र] १ संयुक्त, मिला हुआ, मिश्रित (हे १, ४३; २, १७०; कुमा; कम्म २, १३, १५; ४, १३; १७; २४; भग; औप; दं २२)। २ न. लगातार तीन दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

मीसालिअ वि [मिश्र] संयुक्त, मिला हुआ (हे २, १७०; कुमा)।

मीसिय वि [मिश्रित] ऊपर देखो (कुमा; कप्प; भवि)।

मुअ सक [मोदय्] खुश करना। कवकृ. मुइज्जंत (से ७, ३७)।

मुअ सक [मुच्] छोड़ना। मुअइ (हे ४, ९१), मुअंति (गा ३१९)। वकृ. मुअंत, मुयमाण (गा ६४१; से ३, ३९; पि ४८५)। संकृ. मुइत्ता (भग)।

मुअ वि [मृत] मरा हुआ (से ३, १२; गा १४२; वजा १५८; प्रासू ५७; पउम १८; १६; उप ६४८ टी)। °वहण न [°वहन] शव-यान, ठठरी, अरथी (दे २, २०)।

मुअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (सूअ २, ७, ३८; आचा)।

मुअंक देखो मिअंक (प्राकृ ८)।

मुअंग देखो मिअंग (षड्; सम्मत्त २१८)।

मुअंगी स्त्री [दे] कीटिका, चींटी (दे ६, १३४)।

मुअग्ग पुं [दे] 'आत्मा बाह्य और अभ्यन्तर पुद्गलों से बना हुआ है' ऐसा मिथ्या ज्ञान (ठा ७ टी—पत्र ३८३)।

मुअण न [मोचन] छुटकारा, छोड़ना (सम्मत्त ७८; विसे ३३१६; उप ५२०)।

मुअल (अप) देखो मुअ = मृत (पिंग)।

मुआ स्त्री [मृत्] मिट्टी (संक्षि ४)।

मुआ स्त्री [मुद्] हर्ष, खुशी, आनन्द; 'सुरयरसाओवि मुयं अहियं उवजणइ तस्स सा एसा' (रंभा)।

मुआइणी स्त्री [दे] डुम्बी, डोमिन, चाण्डालिन (दे ६, १३५)।

मुआविअ वि [मोचित] छुड़वाया हुआ (स ४४६)।

मुइ वि [मोचिन्] छोड़नेवाला (विसे ३४०२)।

मुइअ वि [मुदित] १ हर्षित, मोद-प्राप्त (सुर ७, २२३; प्रासू १०५; उव; औप)। २ पुं. रावण का एक सुभट; (पउम ५६, ३२)।

मुइअ वि [दे] योनि-शुद्ध, निर्दोष मातावाला; 'मुइओ जो होई जोणिसुद्धो' (औप—टी)।

मुइअंगा देखो मुअंगी; 'उवलिप्पंते काया मुइअंगाई नवरि छट्ठे' (पिंड ३५१)।

मुइंग देखो मिअंग (हे १, ४६; १३७; प्राप्र; उवा; कप्प; सुपा ३९२; पाअ)। °पुक्खर पुंन [°पुष्कर] मृदंग का ऊपरवाला भाग (भग)।

मुइंगलिया, मुइंगा } स्त्री [दे] कीटिका, चींटी (उप १३४ टी; संथा ८६; विसे १२०८; पिंड ३५१ टी)।

मुइंगि वि [मृदङ्गिन्] मृदंग बजानेवाला (कुमा)।

मुइंद देखो मइंद = मृगेन्द्र (प्राकृ ८)।

मुइज्जंत देखो मुअ = मोदय्।

मुइर वि [मोक्तृ] छोड़नेवाला (सण)।

मुउ देखो मिउ (काल)।

मुउउंद पुं [मुचुकुन्द] १ नृप-विशेष (अच्चु ६६)। २ पुष्पवृक्ष-विशेष (कप्पू)।

मुउंद पुं [मुकुन्द] विष्णु, नारायण (नाट—चैत १२९)।

मुउर देखो मउर = मुकुर (षड्)।

मुउल देखो मउल = मुकुल (षड्; मुद्रा ८४)।

मुंगायण न [मृङ्गायण] गोत्र-विशेष, विशाखा नक्षत्र का गोत्र (इक)।

मुंच देखो मुअ = मुच्। मुंचइ, मुंचए (षड्; कुमा)। भूका. मुंची (भत्त ७६)। भवि. मोच्छं, मोच्छिहि, मुंचिहिइ (हे ३, १७१; पि ५२६)। कर्म. मुच्चइ, मुचए, मुचंति (आचा; हे ४, २०६, महा; भग)। भवि. मुचिहिति (भग)। वकृ. मुंचंत (कुमा)। कवकृ. मुच्चंत (पि ५४२)। संकृ. मोत्तुं, मोत्तुआण, मोत्तूण (कुमा; षड्; प्राकृ ३४)। हेकृ. मोत्तं (कुमा), मुंचणहिं (अप) (कुमा)। कृ. मोत्तव्व, मुत्तव्व (हे ४, २१२; गा ६७२; सुपा ५८९)।

मुंज पुंन [मुञ्ज] मूँज, तृण-विशेष, जिसकी रस्सी बनाई जाती है (सूअ २, १, १६; गच्छ २, ३६; उप ६४८ टी)। °मेहला स्त्री [°मेखला] मूँज का कटिसूत्र (णाया १; १६—पत्र २१३)।

मुंजइ न [मौञ्जकिन्] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री, गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

मुंजकार पुं [मुञ्जकार] मूँज की रस्सी बनानेवाला शिल्पी (अणु १४९)।

मुंजायण पुं [मौञ्जायन] ऋषि-विशेष (हे १, १६०; प्राप्र)।

मुंजि पुं [मौञ्जिन्] ऊपर देखो (प्राकृ १०)।

मुंट वि [दे] हीन शरीरवाला,
'जे बंभचेरभट्ठा पाए पाडंति बंभयारीणं।
ते हुंति टुंटमुंटा बोहीवि सुदुल्लहा तेसिं'
(संबोध १४)।

मुंड सक [मुण्डय्] १ मूँडना, बाल उखाड़ना। २ दीक्षा देना, संन्यास देना। मुंडइ (भवि), मुंडेह (सूअ २, २, ६३)। प्रयो., वकृ. मुंडावेंत (पंचा १०, ४८ टी)। हेकृ. मुंडावेउं, मुंडावित्तए, मुंडावेत्तए (पंचा १०, ४८; ठा २, १; कस)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुंड पुंन [मुण्ड] १ मस्तक, सिर (हे ४, ४४६; पिंग)। २ वि. मुण्डित, दीक्षित, प्रव्रजित (कप्प; उवा; पिंड ३१४)। °परसु पुं [°परशु] नंगा कुल्हाड़ा, तीक्ष्ण कुठार (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

मुंडण न [मुण्डन] केशों का अपनयन (पंचा २, २; स २७१; सुर १२, ४५)।

मुंडा स्त्री [दे] मृगी, हरिणी (दे ६, १३३)।

मुंडाविअ वि [मुण्डित] मूँड़ाया हुआ (भग; महा; पउमा १; १)।

मुंडि वि [मुण्डिन्] मुण्डन करनेवाला (उव; औप; भत्त १००)।

मुंडिअ वि [मुण्डित] मुण्डन-युक्त (भग; उप ६३४; महा)।

मुंडी स्त्री [दे] नीरङ्गी, शिरो-वस्त्र, घूँघट (दे ६, १३३)।

मुंढ } पुं [मूर्धन्] मूर्धा, मस्तक, सिर
मुंढाण } (हे १, २६; २, ४१; षड्)। देखो मुद्ध = मूर्धन्।

मुकलाव सक [दे] भेजवाना, गुजराती में 'मोकलाववुं'। संकृ. मुकलाविऊण (सिरि ४७४)।

मुकुर पुं [मुकुर] दर्पण, आईना (दे १, १४)।

मुक्क (अप) सक [मुच्] छोड़ना; गुजराती में 'मूकवु'। मुक्कइ (प्राकृ ११९)। संकृ. मुक्किअ (नाट—चैत ७६)।

मुक्क वि [मूक] वाक्-शक्ति से रहित, गूँगा (हे २, ९९; सुपा ५५२; षड्)।

मुक्क देखो मुकुल (विसे ५५०)।

मुक्क वि [मुक्त] १ छोड़ा हुआ, त्यक्त (उवा; सुपा ४७५; महा; पात्र)। २ मुक्ति-प्राप्त, मोक्ष-प्राप्त (हे २, २)। ३ लगतार पाँच दिन का उपवास (संबोध ५८)। देखो मुत्त = मुक्त।

मुक्कय न [दे] दुलहिन के अतिरिक्त अन्य निमन्त्रित कन्याओं का विवाह (दे १, १३५)।

मुक्कल वि [दे] १ उचित, योग्य (दे ६, १४७)। २ स्वैर, स्वतन्त्र, बन्धन-मुक्त (दे ६, १४७; सुर १, २३३; विवे १८; गउड; सिरि ३५३; पात्र; सुपा १९८)।

मुक्कलिअ वि [दे] बन्धन-मुक्त किया हुआ; अनियन्त्रित (दे १, १५६ टी)।

मुक्कुंडी स्त्री [दे] जूट (दे ६, ११७)।

मुक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर (दे ६, १३६)।

मुक्केल्लय देखो मुक्क = मुक्त (अणु १९८)।

मुक्ख पुं [मोक्ष] १ मुक्ति, निर्वाण (सुर १४, ६५; हे २, ८९; सार्ध ८६)। २ छुटकारा; 'रिणमुक्खं' (रयण ६५; धर्मवि २१)।

मुक्ख वि [मूर्ख] अज्ञानी, बेवकूफ (हे २, ११२; कुमा; गा ८२; सुपा २३१)।

मुक्ख वि [मुख्य] प्रधान, नायक (हास्य १२५)।

मुक्ख पुंन [मुष्क] १ अण्डकोष। २ वृक्ष-विशेष। ३ चोर, तस्कर। ४ वि. मांसल पुष्ट (प्राप्र)।

मुक्खण देखो मोक्खण (सिक्खा ४५)।

मुक्खणी स्त्री [मोक्षणी] स्तम्भन से छुटकारा करनेवाली विद्या-विशेष (धर्मवि १२४)।

मुख देखो मुह = मुख (प्रासू ६; राज)।

मुख पुं [मुख] १ एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)। २ गाड़ी के ऊपर का ढक्कन (अणु १५१)।

मुग देखो मुग्ग; 'एगमुगभरुव्वहणे असमत्थो कि गिरिं वहइ' (सुपा ४६१)।

मुगुंद देखो मउंद = मुकुन्द (आचा २, १, २, ४; विसे ७८ टी)।

मुगुंस पुंस्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति, भुजपरिसर्प-जातीय एक प्राणी (पण्ह १, १—पत्र ८)। स्त्री. °सा (उवा)। देखो मंगुस, मुग्गस।

मुग्ग पुं [मुद्ग] १ धान्य-विशेष, मूँग (उवा)। २ रोग-विशेष (ति १३)। ३ पक्षि-विशेष, जल-काक (प्राप्र)। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)। °सेल पुं [°शैल] पर्वत-विशेष, कभी नहीं भींगनेवाला एक पर्वत (उप ७२८ टी)।

मुग्गड पुं [दे] मोगल, म्लेच्छ-जाति विशेष (हे ४, ४०९)। देखो मोग्गड।

मुग्गर न [मुद्गर] १ पुष्प-विशेष (वज्जा १०६)। २ देखो मोग्गर (आप्र; आप ३६; कप्प)।

मुग्गरय न [दे. मुग्धारत] मुग्धा के साथ रमण (वज्जा १०६)।

मुग्गल्ल देखो मुग्गड (ती १५)।

मुग्गस पुं [दे] नकुल, न्यौला (दे ६, ११८)।

मुग्गाह अक [प्र + सृ] फैलना। मुग्गाहइ (?) (धात्वा १४८)।

मुग्गिल } पुं [दे] पर्वत-विशेष (ती ७; भत्त
मुग्गिल्ल } १६१)।

मुग्गुसु देखो मुग्गस (दे ६, ११८)।

मुग्घड देखो मुग्गड (हे ४, ४०९)।

मुग्घुरुड देखो मुक्कुरुड (दे ६, १३६)।

मुचकुंद } देखो मुउंउंद (सुर २, ७६;
मुचुकुंद } कुमा)।

मुच्छ अक [मूर्च्छ्] १ मूर्छित होना। २ आसक्त होना। ३ बढ़ना। मुच्छइ, मुच्छए (कस; सूअ १, १, ४, २)। वकृ. मुच्छंत, मुच्छमाण (गा ५४६; आचा)।

मुच्छणा स्त्री [मूर्च्छना] गान का एक अंग (ठा ७—पत्र ३९५)।

मुच्छा स्त्री [मूर्च्छा] १ मोह (ठा २, ४; प्रासू १७९)। २ अचेतनावस्था, बेहोशी (उव; पडि)। ३ गृद्धि, आसक्ति (सम ७१)। ४ मूर्च्छना, गीत का एक अंग (ठा ७—पत्र ३९३)।

मुच्छाविअ वि [मूर्छित] मूर्छा-युक्त किया हुआ (से १२, ३८)।

मुच्छिअ वि [मूर्छित] १ मूर्च्छा-युक्त (प्रासू ५७; उवा)। २ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २७)।

मुच्छिज्जंत वि [मूर्च्छायमान] मूर्च्छा को प्राप्त होता (से १३, ४३)।

मुच्छिम पुं [मूर्च्छिम] मत्स्य-विशेष, 'वायाए काएणं मणरहिआणं न दारुणं कम्मं। जोअणसहस्समाणो मुच्छिममच्छो उआहरणं' (मन ३)।

मुच्छिर वि [मूर्च्छितृ] १ बढ़नेवाला। २ बेहोशीवाला (कुमा)।

मुज्झ अक [मुह्] १ मोह करना। २ घबड़ाना। मुज्झइ (आचा; उव; महा)। भवि. मुज्झिहिति (औप)। कृ. मुज्झियव्व (पण्ह २, ५—पत्र १४९; उव)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुट्टिम पुंस्त्री [दे] गर्व, अहंकार, गुजराती में 'मोटाई'; 'कयमुट्टिमंगीकारो' (हम्मीर ३५)। देखो मोट्टिम।

मुट्ठ वि [मुष्ट, मुषित] जिसकी चोरी हुई हो वह (पिंड ४६६; सुर २, ११२; सुपा ३६१; महा)।

मुट्ठि पुंस्त्री [मुष्टि] मुट्ठी, मूठी, घूँसा, मुक्का; 'मुट्ठिणा', 'मुट्ठीअ' (पि३७९; ३८५; पाअ; रंभा; भवि)। °जुज्झ न [°युद्ध] मुष्टि से की जाती लड़ाई, मूकामूकी (आचा)। °पुत्थय न [°पुस्तक] १ चार अंगुल लम्बा वृत्ताकार पुस्तक। २ चार अंगुल लम्बा चतुष्कोण पुस्तक (पव ८०)।

मुट्ठिअ पुं [मौष्टिक] १ अनार्य देश-विशेष। २ एक अनार्य मनुष्य-जाति (पराह १, १—पत्र १४)। ३ मुट्ठी से लड़नेवाला मल्ल (पराह २, ५—पत्र १४९)। ४ वि. मुष्टि-सम्बन्धी (कप्प)।

मुट्ठिअ पुं [मुष्टिक] १ मल्ल-विशेष, जिसको बलदेव ने मारा था (पराह १, ४—पत्र ७२; पिंग)। २ अनार्य देश-विशेष। ३ एक अनार्य मनुष्य जाति (इक)।

मुट्ठिका स्त्री [दे] हिक्का, हिचकी (दे ६, १३४)।

मुड्ढ देखो मुंढ (कुमा)।

मुड्ढ वि [मुग्ध, मूढ] मूर्ख, बेवकूफ (हम्मीर ५१)।

मुण सक [ज्ञा, मुण्] जानना। मुणइ, मुणंति, मुणिमो (हे ४, ७; कुमा)। कर्म. मुणिज्जइ (हे ४, २५२), मुणिज्जामि (हास्य १३८)। वकृ. मुणंत, मुणिंत (महा; पउम ४८, ६)। कवकृ. मुणिज्जमाण (से २, ३६)। संकृ. मुणिय, मुणिउं, मुणिऊण, मुणेऊणं (औप; महा)। कृ. मुणिअव्व, मुणेअव्व (कुमा; से ४, २४; नव ४२; कप्प; उव; जी ३२)।

मुणण न [ज्ञान मुणन] ज्ञान, जानकारी (कुप्र १८४; संबोध २५; धर्मवि १२५; सण)।

मुणमुण सक [मुणमुणाय्] अव्यक्त शब्द करना, बड़बड़ाना। वकृ. मुणमुणंत, मुणमुणिंत (महा)।

मुणाल पुंन [मृणाल] १ पद्मकन्द के ऊपर की बेल—लता (आचा २, १, ८, ११)। २ बिस, पद्मनाल। ३ पद्म आदि के नाल का तन्तु—सूत्र (पाअ; णाया १, १३; औप)। ४ वीरण का मूल। ५ पद्म, कमल; 'मुणालो', 'मुणालं' (प्राप्र; हें १, १३१)।

मुणालि पुं [मृणालिन्] १ पद्म-समूह। २ पद्म-युक्त प्रदेश, कमलवाला स्थान; 'मुणाली बाणाली' (सुपा ४१३)।

मुणालिआ } स्त्री [मृणालिका, °ली] १
मुणाली } बिस-तन्तु, कमल-नाल का सूता (नाट—रत्ना २६)। २ बिस का अंकुर (गउड)। ३ कमलिनी (राज)। देखो मणालिया।

मुणि पुं [मुनि] १ राग-द्वेष-रहित मनुष्य, संत, साधु, ऋषि, यति (आचा; पाअ; कुमा; गउड)। २ अगस्त्य ऋषि; 'जलहिजलं व मुणिणा' (सुपा ४८९)। ३ सात की संख्या। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ एक प्रसिद्ध जैन आचार्य और ग्रंथकार, जो वादी देवसूरि के गुरु थे (धम्मो २५)। २ एक राज-पुत्र (महा)। °नाह पुं [°नाथ] साधुओं का नायक (सुपा १९०; २५०)। °पुंगव पुं [°पुङ्गव] श्रेष्ठ मुनि (सुपा ६७; श्रु ४१)। °राय पुं [°राज] मुनि-नायक (सुपा १९०)। °वइ पुं [°पति] वही अर्थ (सुपा १८१, २०६)। °वर पुं [°वर] श्रेष्ठ मुनि (सुर ४, ५६, सुपा २४४)। °वेजयंत पुं [°वैजयन्त] मुनि-प्रधान, श्रेष्ठ मुनि (सूअ १, ६, २०)। °सीह पुं [°सिंह] श्रेष्ठ मुनि (पि ४३६)। °सुव्वय पुं [°सुव्रत] १ वर्तमान काल में उत्पन्न भारतवर्ष के बीसवें तीर्थंकर (सम ४३)। २ भारतवर्ष के एक भावी तीर्थंकर (सम १५३)।

मुणि पुं [दे. मुनि] वृक्ष-विशेष, अगस्ति-द्रुम (दे ६, १३३; कुमा)।

मुणिअ वि [ज्ञात, मुणित] जाना हुआ (हे २, १९९; पाअ; कुमा; अवि १६; पराह १, २; उप १४३ टी)।

मुणिअ वि [दे. मुणिक] ग्रह-गृहीत, भूताविष्ट, पागल (भग १५—पत्र ६६५)।

मुणिंद पुं [मुनीन्द्र] श्रेष्ठ मुनि (हे १, ८४; भग)।

मुणिर वि [ज्ञातृ, मुणितृ] जाननेवाला (सण)।

मुणीश पुं [मुनीश] मुनि-नायक (उप १४१ टी; भवि)।

मुणीसर पुं [मुनीश्वर] ऊपर देखो (सुपा ३६६)।

मुणीसिम (अप) पुंन [मनुष्यत्व] १ मनुष्यपन। २ पुरुषार्थ (हे ४, ३३०)।

मुत्त सक [मूत्रय्] मूतना, पेशाब करना। मुत्तंति (कुप्र ९२)।

मुत्त न [मूत्र] प्रस्रवण, पेशाब (सुपा ६१९)।

मुत्त देखो मुक्क = मुक्त (सम १; से २, ३०; जी २)। °लय पुंस्त्री [°लय] मुक्त जीवों का स्थान, ईषत्प्राग्भारा नामक पृथिवी (इक)। स्त्री. °या (ठा ८,—पत्र ४४०; सम २२)।

मुत्त वि [मूर्त] १ मूर्तिवाला, रूपवाला, आकारवाला (चैत्य ६१)। २ कठिन। ३ मूढ़। ४ मूर्च्छा-युक्त (हे २, ३०)। ५ पुं. उपवास, एक दिन का उपवास (संबोध ५८)। ६ एक प्राण का नाम (कप्प)।

मुत्त° देखो मुत्ता (औप; पि ९७, चैत्य १४)।

मुत्तव्व देखो मुंच।

मुत्ता स्त्री [मुक्ता] मोती, मौक्तिक (कुमा)। °जाल न [°जाल] मुक्ता-समूह, मोतियों की माला (औप; पि ९७)। °दाम न [°दामन्] मोतियों की माला (ठा ४, २)। °वलि, °वली स्त्री [°वलि, °ली] १ मोती की माला, मोती का हार (सम ४४; पाअ)। २ तप-विशेष (अंत ३१)। ३ द्वीप-विशेष। ४ समुद्र-विशेष (राज)। °सुत्ति स्त्री [°शुक्ति] १ मोती की शीप। २ मुद्रा-विशेष (चेइय २४०; पंचा ३, २१)। °हल न [°फल] मोती (हे १, २३६; कुमा; प्रासू २)। °हलिल्ल वि [°फलवत्] मोतीवाला (कप्पू)।

मुत्ति स्त्री [मूर्त्ति] १ रूप, आकार; 'मुत्ति-विमुत्तेसु' (पिंड ५६; विसे ३१८२)। २ प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्त्ति, प्रतिमा; 'चउमुहमुत्ति-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चउक्कं' (संबोध २)। ३ शरीर, देह (सुर १, ३; पाअ)। ४ काठिन्य, कठिनत्व (हे २, ३०; प्राप्र)। °मंत वि [°मत्] मूर्त्तिवाला, मूर्त, रूपी (धर्मवि ६; सुपा ३८६; श्रु ६७)।

मुत्ति स्त्री [मुक्ति] १ मोक्ष, निर्वाण (आचा; पाअ; प्रासू १५५)। २ निर्लोभता, संतोष (श्रा ३१)। ३ मुक्त जीवों का स्थान, ईषत्प्राग्भारा पृथिवी (ठा ८—पत्र ४४०)। ४ निस्संगता (आचा)।

मुत्ति वि [मूत्रिन्] बहु-मूत्र रोगवाला; 'उयरिं च पास मुत्तिं च सूणियं च गिलासिणं' (आचा)।

मुत्ति वि [मौक्तिन्, मौक्तिक] मोती पिरोने या गूँथने वाला (उप पृ २१०)।

मुत्तिअ न [मौक्तिक] मुक्ता, मोती (से ५, ४६; कुप्र ३; कुमा, सुपा २४; २४६; प्रासू ३६; १७१)। देखो मोत्तिअ।

मुत्तोली स्त्री [दे] १ मूत्राशय (तंदु ४१)। २ वह छोटा कोठा जो ऊपर नीचे संकीर्ण और मध्य में विशाल हो (राज)।

मुत्थ त्रि [मुस्त] मोथा, नागरमोथा (गउड)। स्त्री. °त्था (संबोध ४४; कुमा)।

मुदग्ग देखो मुअग्ग (ठा ७—पत्र ३८२)।

मुदा स्त्री [मुद्] हर्ष, खुशी। °गर वि [°कर] हर्षजनक (सूअ १, ६, ६)।

मुदुग पुं [दे] ग्राह-विशेष, जल-जन्तु की एक जाति (जीव १ टी—पत्र ३६)।

मुद्द सक [मुद्रय्] १ मोहर लगाना। २ बन्द करना। ३ अंकन करना। मुद्देह (धम्म ११ टी)।

मुद्दंग पुं [दे] १ उत्सव। २ सम्मान (?) (स ४६३; ४६४)।

मुद्दग } पुं [मुद्रिका] अँगूठी (उवा); 'लद्धो मुद्दय } भद्द! तुमे किं अह अंगुलिमुद्दओ एसो' (पउम ५३, २४)।

मुद्दा स्त्री [मुद्रा] १ मोहर, छाप (सुपा ३२१; वज्जा १५६)। १ अँगूठी (उवा)। ३ अंग-विन्यास-विशेष (चैत्य १४)।

मुद्दिअ वि [मुद्रित] १ जिस पर मोहर लगाई गई हो वह। २ बंद किया हुआ (णाया १, २—पत्र ८६; ठा ३, १—पत्र १२३, कप्पू; सुपा १४४; कुप्र ३१)।

मुद्दिअ° } स्त्री [मुद्रिका] अँगूठी (पण्ह १, मुद्दिआ } ४; कप्प; औप; तंदु २६)। °बंध पुं [°बन्ध] ग्रन्थि-बन्ध, बन्ध-विशेष (ओघ ४०२; ४०५)।

मुद्दिआ स्त्री [मृद्वीका] १ द्राक्षा की लता (पण्ण १—पत्र ३३)। २ द्राक्षा, दाख (ठा ४, ३—पत्र २३६; उत्त ३४, १५; पव १५५)।

मुद्दी स्त्री [दे] चुम्बन (दे ६, १३३)।

मुद्दुय देखो मुदुग (पण्ण १—पत्र ४८)।

मुद्ध देखो मुंढ (औप; कप्प; ओघभा १६; कुमा)। °न्न वि [°न्य] १ मस्तक में उत्पन्न। २ मस्तक-स्थ, अग्रेसर। ३ मूर्धस्थानीय रकार आदि वर्ण (कुमा)। °य पुं [°ज] केश, बाल (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। °सूल न [°शूल] मस्तक-पीड़ा, रोग-विशेष (णाया १, १३)।

मुद्ध वि [मुग्ध] १ मूढ, मोह-युक्त। २ सुन्दर, मनोहर, मोह-जनक (हे २, ७७; प्राप्र; कुमा; विपा १, ७—पत्र ७७)।

मुद्धा स्त्री [मुग्धा] मुग्धा स्त्री, नायिका का एक भेद, काम-चेष्टा-रहित अंकुरित यौवना (कुमा)।

मुद्धा (अप) देखो मुहा (कुमा)।

मुद्धाण देखो मुंढ (उवा; कप्प; पि ४०२)।

मुब्भ पुं [दे] घर के ऊपर का तिर्यक् काष्ठ, गुजराती में 'मोभ' (दे ६, १३३)। देखो मोब्भ।

मुमुक्खु वि [मुमुक्षु] मुक्त होने की चाह-वाला (सम्मत्त १४०)।

मुम्मुइ } वि [मूकमूक] १ अत्यन्त मूक। मुम्मुय } २ अव्यक्तभाषी (सूअ १, १२, ५; राज)।

मुम्मुर सक [चूर्णय्] चूरना, चूर्ण करना। मुम्मुरइ (प्राकृ ७५)।

मुम्मुर पुं [दे] करीष, गोइंठा (दे ६, १४७)।

मुम्मुर पुं [दे. मुर्मुर] १ करीषाग्नि, गोइंठा की आग (दे ६, १४७; जी ६)। २ तुषाग्नि (सुर ३, १८७)। ३ भस्म-च्छन्न अग्नि, भस्म-मिश्रित अग्नि-कण (उप ६४८ टी; जी ६; जीव १)।

मुम्मुही स्त्री [मुन्मुखी] मनुष्य की दश दशाओं में नववीं दशा—८० से ९० वर्ष तक की अवस्था (ठा १०—पत्र ५१६; तंदु १६)।

मुर अक [लड्] १ विलास करना। २ सक. उत्पीड़न करना। ३ जीभ चलाना। ४ उपक्षेप करना। ५ व्याप्त करना। ६ बोलना। ७ फेंकना। मुरइ (प्राकृ ७३)।

मुर अक [स्फुट्] खीलना। मुरइ (हे ४, ११४; षड्)।

मुर पुं [मुर] दैत्य-विशेष। °रिउ पुं [°रिपु] श्रीकृष्ण (ती ३)। °वेरिय पुं [°वैरिन्] वही अर्थ (कुमा)। °ारि पुं [°ारि] वही अर्थ (वज्जा १५४)।

मुरई स्त्री [दे] असती, कुलटा (दे ६, १३५)।

मुरज } पुं [मुरज] मृदंग, वाद्य-विशेष (कप्प; मुरय } पाअ; गा २५३, सुपा ३९३; अंत; धर्मवि ११२; कुप्र २८८; औप; उप पृ २३६)। देखो मुरव।

मुरल पुं.ब. [मुरल] एक भारतीय दक्षिण देश, केरल देश; 'दिअर ण दिट्ठा नुए मुरला' (गा ८७६)।

मुरव देखो मुरय (औप, उप पृ २३६)। २ अंग-विशेष, गल-घण्टिका (औप)।

मुरवि स्त्री [दे. मुरजिन्] आभरण-विशेष (औप)।

मुरिअ वि [स्फुटित] खीला हुआ (कुमा)।

मुरिअ वि [दे] १ त्रुटित, टूटा हुआ (दे ६, १३५)। २ मुड़ा हुआ, वक्र बना हुआ (सुपा ५४७)।

मुरिअ पुं [मौर्य] १ प्रसिद्ध क्षत्रिय-वंश (उप २११ टी)। २ मौर्य वंश में उत्पन्न; 'रायगिहे मू(? मु)रियबलभद्दे' (विसे २३५७)।

मुरुंड पुं [मुरुण्ड] १ अनार्य देश-विशेष (इक; पव २७४)। २ पादलिप्तसूरि के समय का एक राजा (पिंड ४६४; ४६८)। ३ पुंस्त्री. मुरुण्ड देश का निवासी मनुष्य (पण्ह १, १—पत्र १४)। स्त्री. °डी (इक)।

मुरुक्कि स्त्री [दे] पक्वान्न-विशेष (सण)।

मुरुक्ख देखो मुक्ख = मूर्ख (हे २, ११२; कुमा, सुपा ६११; प्राकृ ६७)।

मुरुमुंड पुं [दे] जूट, केशों की लट (दे ६, ११७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मुरुमुरिअ न [दे] रणरणक, उत्सुकता (दे ६, १३६; पाअ)।

मुरुह देखो मुरुक्ख (षड्)।

मुलासिअ पुं [दे] स्फुलिंग, अग्नि-कण (दे ६, १३५)।

मुल्ल (अप) देखो मुंच। मुल्लइ (प्राकृ ११६)।

मुल्ल } पुंन [मूल्य] कीमत; 'को मुल्लो'
मुल्लिअ } (वजा १५२; औप; पाअ; कुमा; प्रयौ ७७)।

मुव (अप) देखो मुअ = मुच्। मुवइ (भवि)।

मुव्वह देखो उव्वह = उद् + वह्। मुव्वहइ (हे २, १४७)।

मुस सक [मुष्] चोरी करना। मुसइ (हे ४, २३९; सार्ध ९२)। भवि. मुसिस्सइ (धर्मवि ४)। कर्म. मुसिज्जामो (पि ४५५)। वकृ. मुसंत (महा)। कवकृ. मुसिज्जंत, मुसिज्जमाण (सुपा ४५०; कुप्र २४७)। संकृ. मुसिऊण (स ६९३)।

मुसंढि देखो मुसुंढि (सम १३७; पराह १, १—पत्र ८; उत्त ३६, १००; पराण १—पत्र ३५)।

मुसण न [मोषण] चोरी (सार्ध ९०; धर्मवि ५६)।

मुसल पुंन [मुसल] १ मूसल या मूसर, एक प्रकार की मोटी लकड़ी जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं (औप; उवा; षड्; हे १,११३)। २ मान-विशेष (सम ९८)। °धर पुं [°धर] बलदेव (कुमा)। °उह पुं [°युध] बलदेव (पाअ)।

मुसल वि [दे] मांसल, पुष्ट (षड्)।

मुसलि पुं [मुसलिन्] बलदेव (दे १, ११८; सण)।

मुसली देखो मोसली (ओघभा १६१)।

मुसह न [दे] मन की आकुलता (दे ६, १३४)।

मुसा अ. स्त्री [मृषा] मिथ्या, अनृत, झूठ, असत्य भाषण (उवा; षड्; हे १, १३६; कस); 'अयाणंता मुसं वए' (सूअ १, १, ३, ८; उव)। °वाद देखो °वाय (सूअ १, ३, ४, ८)। °वादि वि [°वादिन्] झूठ बोलनेवाला (पराह १, २; आचा २, ४, १, ८)। °वाय पुं [°वाद] झूठ बोलना, असत्य भाषण (सम १०; भग; कस)।

मुसाविअ वि [मोषित] चुरवाया हुआ, चोरी कराया हुआ (ओघ २६० टी)।

मुसिय वि [मुषित] चुराया हुआ (सुपा २२०)।

मुसुंढि पुंस्त्री [दे] १ प्रहरण-विशेष, शस्त्र-विशेष (औप)। २ वनस्पति-विशेष (उत्त ३६, १००, सुख ३६, १००)।

मुसुमूर सक [भञ्ज्] भांगना, तोड़ना। मुसुमूरइ (हे ४, १०६)। हेकृ. 'तेसिं च केसमवि मुसुमु[? सुमू]रिउमसमत्थो' (सम्मत्त १२३)।

मुसुमूरण न [भञ्जन] तोड़ना, खण्डन (सम्मत्त १८७)।

मुसुमूराविअ वि [भञ्जित] भँगाया हुआ (सम्मत्त ३०)।

मुसुमूरिअ वि [भग्न] भाँगा हुआ (पाअ; कुमा; सण)।

मुह देखो मुज्झ; 'इय मा मुहसु मणेणं' (जीवा १०)। संकृ. मुहिअ (पिंग)। कवकृ मुहिज्जंत (से ११; १००)।

मुह न [मुख] १ मुँह, वदन (पाअ; हे ३, १३४; कुमा; प्रासू १६)। २ अग्र भाग (सुज ४)। ३ उपाय (उत्त २५, १६; सुख २५, १६)। ४ द्वार, दरवाजा। ५ आरम्भ। ६ नाटक आदि का सन्धि-विशेष। ७ नाटक आदि का शब्द-विशेष। ८ आद्य, प्रथम। ९ प्रधान, मुख्य। १० शब्द, आवाज। ११ नाटक। १२ वेद-शास्त्र (प्राप्र; हे १, १८७)। १३ प्रवेश (निचू ११)। १४ पुं. वृक्ष-विशेष, बड़हल का गाछ (सुज १०, ८)। °णंतग, °णंतय न [°नन्तक] मुख-वस्त्रिका (ओघभा १५८; पव २)। °तूरय न [°तूर्य] मुह से बजाया जाता वाद्य (भग)। °धोवणिया स्त्री [°धावनिका] मुँह धोने की सामग्री, दतवन आदि; 'मुहधोवणियं खिप्पं उवणमेहि' (उप ६४८ टी)। °पत्ती स्त्री [°पत्री] मुख-वस्त्रिका (उवा; ओघ ६६९; द्र ५८)। °पुत्तिया, °पोत्तिया, °पोत्ती स्त्री [°पोतिका] मुख-वस्त्रिका, बोलते समय मुँह के आगे रखने का वस्त्र-खण्ड (संबोध ५; विपा १, १; पव १२७)। °फुल्ल न [°फुल्ल] १ बड़हल का फूल। २ चित्रा-नक्षत्र का संस्थान (सुज १०, ८)। °भंडग न [°भाण्डक] मुखाभरण (औप)। °मंगलिय, °मंगलीअ वि [°माङ्गलिक] मुँह से पर-प्रशंसा करनेवाला, खुशामदी (कप्प; औप; सूअ १, ७, २५)। °मक्कडा, °मक्कडिया स्त्री [°मर्कटा, °टिका] गला पकड़ कर मुँह को मोड़ना, मुख-वक्रीकरण (सुर १२, ६७; णाया १, ८—पत्र १४४)। °वंत वि [°वत्] मुँहवाला (भवि)। °वड पुं [°पट] मुँह के आगे रखने का वस्त्र (से २, २२; १३, ५९)। °वडण न [°पतन] मुँह से गिरना (दे ६, १३६)। °वण्ण पुं [°वर्ण] प्रशंसा, खुशामद (निचू ११)। °वास पुं [°वास] भोजन के अनन्तर खाया जाता पान, चूर्ण आदि मुँह को सुगन्धी बनानेवाला पदार्थ (उवा ४२; उर ८, ५)। °वीणिया स्त्री [°वीणिका] मुँह से विकृत शब्द करना, मुँह से वाद्य का शब्द करना (निचू ५)। मुहड देखो मुहल। °सिय न [°शिय] एक नगर (ती १५)।

मुहत्थडी स्त्री [दे] मुँह से गिरना (दे ६, १३६)।

मुहर देखो मुहल = मुखर (सुपा २२८)।

मुहरिय वि [मुखरित] वाचाल बना हुआ, आवाज करता (सुर ३, ५४)।

मुहरोमराइ स्त्री [दे] भ्रू, भौं (दे ६, १३६; षड्; १७३)।

मुहल न [दे] मुख, मुँह (दे ६,१३४; षड्)।

मुहल वि [मुखर] १ वाचाट, बकवादी (गा ५७८; सुर ३, १८; सुपा ४)। २ पुं. काक, कौआ। ३ शंख (हे १, २५४; प्राप्र)। °रव पुं [°रव] तुमुल, कोलाहल (पाअ)।

मुहा अ. स्त्री [मुधा] व्यर्थ, निरर्थक (पाअ; सुर ३, १; धर्मसं ११३२; श्रा २८; प्रासू ९); 'मुहाइ हारिति अप्पाणं' (संबोध ४६)। °जीवि वि [°जीविन्] भिक्षा पर निर्वाह करनेवाला (उत्त २५, २८)।

मुहिअ न [दे] मुफत, बिना मूल्य; मुफत में करना (दे ६, १३४)।

मुहिआ स्त्री [दे. मुधिका] ऊपर देखो (दे ६, १३४; कुमा; पाअ); 'ते सव्वेवि हु कुमरस्स

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तस्स मुहिआइ सेवगा जाया' (सिरि ४५७); 'जिणसासणंपि कहमवि लद्धुं हारेसि मुहियाए' (सुपा १२४); 'मुह (? हि) याइ गिएह लक्खं' (कुप्र २३७)।

मुहु } अ [मुहुस्] बार बार (प्रासू २६;
मुहुं } हे ४, ४४४; पि १८१)।

मुहुत्त } पुंन [मुहूर्त्त] दो घड़ी का काल,
मुहुत्ताग } अड़तालीस मिनिट का समय (ठा २, ४; हे २, ३०; औप; भग; कप्प; प्रासू १०५; इक; स्वप्न ६४; आचा; ओघ ५२१)।

मुहुमुह देखो महुमुह (पाअ)।

मुहुल देखो मुहल = मुखर (पाअ)।

मुहुल्ल देखो मुह = मुख (हे २, १६४; षड्; भवि)।

मूअ देखो मुक्क = मूक (हे २, ६६; आचा; गउड; विपा १, १)।

मूअ देखो मुअ = मृत; 'लज्जाइ कह ण मूओ सेवंतो गामवाहलियं' (वज्जा ५४)।

मूअल } वि [दे. मूक] मूक, वाक्-शक्ति
मूअल्ल } से हीन (दे ६; १३७; सुर ११, १५४)।

मूअल्लइअ } वि [दे. मूकायित] मूक बना
मूअल्लिअ } हुआ (से ५, ४१; गउड; पि ५६५)।

मइंगलिया } देखो मुइंगलिया (उप १३४
मूइंगा } टी; ओघ ५५८)।

मूइल्लअ } वि [मृत] मरा हुआ;
मूयल्लिअ }

'एएहिं वारेइ जणो तइआ
मूइल्लओ, कहिं व गओ।
जाहे विसं व जाअं
सव्वंगपहोलिरं पेम्मं'
(गा ६६६ अ)।

मूड } पुं [दे] अन्न का एक दीर्घ परिमाण;
मढ } 'इगमूडलक्खसमहियमवि धन्नं अत्थि तायगिहे' (सुपा ४२७); 'तो तेहि ताडिओ सो गाढं कणमूढउव्व लउडेहिं' (धर्मवि १४०)।

मूढ वि [मूढ] मूर्ख, मुग्ध (प्राप्र; कस; पउम १, २८; महा; प्रासू २६)। °नइय न [°नयिक] श्रुत-विशेष, शास्त्र-विशेष (आवम)। °विसूइया स्त्री [°विसूचिका] रोग-विशेष (सुपा १३)।

मूण न [मौन] चुप्पी (स ४७७; पएह २, ४—पत्र १३१)।

मूयग पुं [दे. मूयक] मेवाड़ देश में प्रसिद्ध एक प्रकार का तृण (पएह २, ३—पत्र १२३)।

मूर सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना। मूरइ (हे ४, १०६)। भूका. मूरीअ (कुमा)।

मूरग वि [भञ्जक] भाँगनेवाला, चूरनेवाला (पएह १, ४—पत्र ७२)।

मूल न [मूल] १ जड़ (ठा ६; गउड; कुमा; गा २३२)। २ निबन्धन, कारण (पएह १, ३—पत्र ४२)। ३ आदि, आरम्भ (पएह २, ४)। ४ आद्य कारण (आचानि १, २, १—गाथा १७३; १७४)। ५ समीप, पास, निकट (ओघ ३८४; सुर १०, ६)। ६ नक्षत्र-विशेष (सुर १०, २२३)। ७ व्रतों का पुनः स्थापन (औप; पंचा १६, २१)। ८ पिप्पली-मूल (आचानि १, २, १)। ६ वशीकरण आदि के लिए किया जाता ओषधि-प्रयोग, 'अमंतमूलं वसीकरणं' (प्रासू १४)। १० आद्य, प्रथम, पहला। ११ मुख्य (संबोध ३; आवम; सुपा ३६४)। १२ मूलधन, पुंजी (उत्त ७, १४; १५)। १३ चरण, पैर। १४ सूरण, कन्द-विशेष, ओल। १५ टीका आदि से व्याख्येय ग्रन्थ (संक्षि २१)। १६ प्रायश्चित-विशेष (विसे १२४६)। १७ पुंन. कन्द-विशेष, मूली (अनु ६; श्रा २०)। °च्छेज्ज वि [°छेद्य] मूल नामक प्रायश्चित्त से नाश-योग्य (विसे १२४६)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] कृष्ण-पुत्र शाम्ब की एक पत्नी (अंत १५)। °देव पुं [°देव] व्यक्ति-वाचक नाम; (महा; सुपा ५२६)। °देवी स्त्री [°देवी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)। °नायग पुं [°नायक] मन्दिर की अनेक प्रतिमाओं में मुख्य प्रतिमा (संबोध ३)। °प्पाडि वि [°उत्पाटिन्] मूल को उखाड़नेवाला (संक्षि २१)। °बिंब न [°बिम्ब] मुख्य प्रतिमा (संबोध ३)। °राय पुं [°राज] गुजरात का चौलुक्य-वंशीय एक प्रसिद्ध राजा (कुप्र ४)। °वंत वि [°वत्] मूलवाला (औप; णाया १, १)। °सिरि स्त्री [°श्री] शाम्ब-कुमार की एक पत्नी (अंत १५)।

मूलग } न [मूलक] १ कन्द-विशेष, मूली,
मूलय } मुरई (पएण १; जी १३)। २ शाक-विशेष (पव १५४; कुमा)।

मूलगत्तिआ स्त्री [मूलगर्तिका] मूले—मूली की पतली फाँक (दस ५, २, २३)।

मूलवेलि स्त्री [दे. मूलवेलि] घर के छप्पर का आधार-भूत-स्तम्भ-विशेष (आचा २, २, ३, १ टी; पव १३३)।

मूलिगा स्त्री [मूलिका] ओषधि-विशेष (उप ६०३)।

मूलिय न [मौलिक] मूलधन, पुंजी (उत्त ७, १६; २१)।

मूलिल्ल वि [मूल, मौलिक] प्रधान, मुख्य: 'मूलिल्लवाहणे' (सिरि ४२३)।

मूलिल्ल वि [मूलवत्] मूलधनवाला, पुंजी-वाला; 'अत्थि य देवदत्ताए गाढाणुरत्तो मूलिल्लो मित्तसेणो अयलनामा सत्थवाहपुत्तो' (महा)।

मूली स्त्री [मूली] ओषधि-विशेष, वशीकरण आदि के कार्य में लगती ओषधि (महा)।

मूस देखो मुस = मुष्। मूसइ (संक्षि ३६)।

मूसग } पुं [मूषक, मूषिक] मूसा, चूहा
मूसय } (उव; सुर १, १८; हे १, ८८; षड्; कुमा)।

मूसरि वि [दे] भग्न, भाँगा हुआ (दे ६, १३७)।

मूसल वि [दे] उपचित (दे ६, १३७)।

मूसल देखो मुसल = मुसल (हे १, ११३; कुमा)।

मूसा देखो मुसा (हे १, १३६)।

मूसा स्त्री [मूषा] मूस, धातु गालने—गलाने का पात्र (कप्प; आरा १००; सुर १३, १८०)।

मूसा स्त्री [दे] लघु द्वार, छोटा दरवाजा (दे ६, १३७)।

मूसाअ न [दे] ऊपर देखो (दे ६, १३७)।

मूसिय देखो मूसय (आचा)। °रि पुं [°रि] मार्जार, बिल्ला (आचा)।

मे अ [मे] १ मेरा। २ मुझसे (स्वप्न १५; ठा १)।

मेअ पुं [मेद] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ एक अनार्य मनुष्य-जाति (पएह १, १—पत्र १४)। ३ पुंस्त्री. चाण्डाल (सम्मत्त १७२)। स्त्री. मेई (सम्मत्त १७२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेअ वि [मेय] १ जानने योग्य, प्रमेय, पदार्थ, वस्तु (उत्त १८; २३)। २ नापने योग्य (षड्)। °न्न वि [°ज्ञ] पदार्थ-ज्ञाता (उत्त १८, २३; सुख १८, २३)।

मेअ पुंन [मेदस्] शरीर-स्थित धातु-विशेष, चर्बी (तंदु ३८; णाया १, १२—पत्र १७३; गउड)।

मेअज्ज न [दे] धान्य, अन्न (दे ६, १३८)।

मेअज्ज पुं [मेदार्य] मेदार्य गोत्र में उत्पन्न (सूत्र २, ७, ५)।

मेअज्ज पुं [मेतार्य] १ भगवान् महावीर का दसवाँ गणधर (सम १९)। २ एक जैन महर्षि (उव; सुपा ४०९; विवे ४३)।

मेअय वि [मेचक] काला, कृष्ण-वर्ण (गउड ३३९)।

मेअर वि [दे] असहन, असहिष्णु (दे ६, १३८)।

मेअल पुं [मेकल] पर्वत-विशेष। °कन्ना स्त्री [°कन्या] नर्मदा नदी (पाअ)।

मेअवाडय पुंन [मेदपाटक] एक भारतीय देश, मेवाड़; 'णाव दाहविग्रं सम्रलंपि मेअ-वाडयं हम्मीरवीरेहिं' (हम्मीर २७)।

मेइणि° } स्त्री [मेदिनी] १ पृथिवी, धरती
मेइणी } (सुपा ३२; कुमा; प्रासू ५२)। २ चाण्डालिन (सुपा १६; सम्मत्त १७२)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (उप पृ १८६; सुपा १०८)। °पइ पुं [°पति] १ राजा। २ चाण्डाल; 'जो विवुहपणयचरणोवि गोत्तभेई न, मेइणिपईवि न हु मायंगो' (सुपा ३२)। °सामि पुं [°स्वामिन्] राजा (उप ७२८ टी)।

मेइणीसर पुं [मेदनीश्वर] राजा (उप ७२८ टी)।

मेंठ पुं [दे] हस्तिपक, महावत (दे ६, १३८)। देखो मिंठ।

मेंठी स्त्री [दे] मेंढी, मेषी गड़रिया (दे ६, १३८)।

मेंढ पुंस्त्री [मेढ्र] मेंढा, मेष, भेड़, गाड़र (ठा ४; २)। स्त्री. °ढी (दे ६, १३८)। °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप। २ अन्तर्द्वीप-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °विसाणा स्त्री [°विषाणा] वनस्पति-विशेष, मेढाशिंगी (ठा ४, १—पत्र १८५)। देखो मिंढ।

मेखला देखो मेहला (राज)।

मेज्ज न [मेय] मान, तौल, बाट, बटखरा, जिससे मापा जाय वह (अणु १५४)।

मेघ देखो मेह (कुमा; सुपा २०१)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] नन्दन वन के शिखर पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °वई स्त्री [°वती] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °वाहण पुं [°वाहन] एक विद्याधर राज-कुमार (पउम ५, ६५)।

मेघंकरा स्त्री [मेघङ्करा] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)।

मेच्छ देखो मिच्छ = म्लेच्छ (ओघ २४; औप; उप ७२८ टी; मुद्रा २६७)।

मेज्ज देखो मेअ = मेय (षड्; णाय १, ८—पत्र १३२; श्रा १८)।

मेज्झ देखो मिज्झ (महा ४, ११; ४०, २४)।

मेट देखो मिट। प्रयो. मेटाव (पिंग)।

मेडंभ पुं [दे] मृग-तन्तु (दे ६, १३९)।

मेडय पुं [दे] मजला, तला, गुजराती में 'मेडो'; 'तस्स य सयणट्ठाणं संचारिमकट्ठमेड-यस्सुवरिं' (सुपा ३५१)।

मेड्ढ देखो मेंढ (उप पृ २२४)।

मेढ पुं [दे] वणिक्-सहाय, वणिक् को मदद करनेवाला (दे ६, १३८)।

मेढक पुं [दे] काष्ठ-विशेष, काष्ठ का छोटा डंडा (पण्ह १, १—पत्र ८)।

मेढि पुं [मेथि] पशुबन्धन-काष्ठ; खले के बीच का काष्ठ, जहाँ पशु को बाँध कर धान्य-मर्दन किया जाता है (हे १, २१५; गच्छ १, ८; णाया १, १—पत्र ११)। २ आधार, स्तम्भ; 'सयस्स वि य णं कुडुंबस्स मेढी पमाणं आहारे आलंबणं चक्खू मेढीभूए' (उवा), 'सुत्तत्थविऊ लक्खणजुत्तो गच्छस्स मेढिभूओ अ' (श्रा १; कुप्र २६९; संबोध २४)। °भूअ वि [°भूत] १ आधार-सदृश, आधार-भूत (भग)। २ नाभि-भूत, मध्य में स्थित (कुमा)।

मेणआ } स्त्री [मेनका] १ हिमालय की पत्नी।
मेणका } २ स्वर्ग की एक वेश्या (अभि ४२; नाट—विक्र ४७; पिंग)।

मेत्त न [मात्र] १ साकल्य, संपूर्णता। २ अवधारण; 'भोअणमेत्तं' (हे १, ८१)।

मेत्तल [दे] देखो मित्तल (सुर १२, १५२)।

मेत्ती स्त्री [मैत्री] मित्रता, दोस्ती (से १, ६; गा २७२; स ७१६; उव)।

मेधुणिया देखो मेहुणिआ (निचू १)।

मेर (अप) वि [मदीय] मेरा (प्राकृ १२०; भवि)।

मेरग पुं [मेरक, मैरेयक] १ तृतीय प्रति-वासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। २ पुंन. मद्य-विशेष (उवा; विपा १, २—पत्र २७)। ३ वनस्पति का त्वचा-रहित टुकड़ा; 'उच्छु-मेरगं' (आचा २, १, ८, १०)।

मेरा स्त्री [दे. मिरा] मर्यादा (दे ६, ११३; पाअ; कुप्र ३३५; अज्झ ६७; सण; हे १, ८७; कुमा; औप)।

मेरा स्त्री [मेरा] १ तृण-विशेष, मुञ्ज की सलाई (पण्ह २, ३—पत्र १२३)। २ दशवें चक्रवर्ती की माता (सम १५२)।

मेरु पुं [मेरु] १ पर्वत-विशेष (उव; प्रासू १५४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

मेरु पुं [मेरु] पर्वत, कोई भी पहाड़ (आचा २, १०, २)।

मेल सक [मेलय्] १ मिलाना। २ इकट्ठा करना। मेलइ, मेलंति (भवि; पि ४८६)। संकृ. मेलित्ता, मेलिय (पि ४८६; महा)।

मेल पुं [मेल] मेल, मिलाप, संगम, संयोग, मिलन (सूअनि १५; दे ६, ५२; सार्ध १०६), 'दिट्ठो पियमेलगो मए सुविणो' (कुप्र २१०)।

मेलण न [मेलन] ऊपर देखो (प्रासू ३५)।

मेलय पुं [मेलक] १ संबन्ध, संयोग (कुमा)। २ मेला, जन-समूह का एकत्रित होना (दे ७, ८९; त्रि ८९)।

मेलव सक [मेलय्, मिश्रय्] मिलाना, मिश्रण करना। मेलवइ (हे ४, २८)। भवि. मेलवेहिसि (पि ५२२)। संकृ. मेलवि (अप) (हे ४, ४२९)।

मेलाइयव्व नीचे देखो।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेलाय अक [मिल्] एकत्रित होना; 'पडिनिक्खमित्ता एगयओ मेलायंति' (भग)। संकृ. मेलावित्ता (भग)। कृ. मेलाइयव्व (ओघभा २२ टी)।

मेलाव देखो मेलव। मेलावद (भवि)।

मेलाव पुंन [मेल] १ मिलाप, संगम, मिलन (सुपा ४६६); 'निच्चं चिय मेलावं सुमग्गनिरयाण अइदुलहं' (सट्ठि १४३)।

मेलावग देखो मेलग (आत्महि १६)।

मेलावड (अप) देखो मेलय; 'मणवल्लहमेलावडउ पुन्निहि लब्भइ एहु' (सिरि ७३)।

मेलावय देखो मेलावग (सुपा ३६१; भवि)।

मेलाविअ वि [मेलित] मिलाया हुआ, इकट्ठा किया हुआ (से १०, २८)।

मेलिअ वि [मिलित] मिला हुआ (ठा ३, १ टी—पत्र ११६; महा; उव);
'एवं सुलीलवंतो असीलवंतेहिं मेलिओ संतो।
पावेइ गुणपरिहाणी मेलणदोसाणुसंगेणं'
(प्रासू ३५)।

मेली स्त्री [दे] संहति, जन-समूह का एकत्रित होना, मेला (दे ६, १३८)।

मेलीण देखो मिलीण (पउम २, ६); 'अण्णोण्णएकक्खंतरपेसिअमेलीणदिट्ठिपसराइं' (गा ६६६; ७०२ अ)।

मेल्ल देखो मिल्ल। मेल्लइ (हे ४, ९१), मेल्लेमि (कुप्र १६)। वकृ. मेल्लंत (महा)। संकृ. मेल्लेवि, मेल्लेप्पिणु (अप) (हे ४, ३५३; पि ५८८)। कृ. मेल्लियव्व (उप ५५५)।

मेल्लण न [मोचन] छोड़ना, परित्याग (प्रासू १०२)।

मेल्लाविय वि [मोचित] छुड़वाया हुआ (सुर ८, ६८; महा)।

मेव देखो एव (पि ३३६)।

मेवाड } देखो मेअवाडय (ती १५; मोह
मेवाढ } ८८)।

मेस पुं [मेष] १ मेंढा, भेड़, गाड़र (सुर ३, ५३)। २ राशि-विशेष (विचार १०६; सुर ३, ५३)।

मेह पुं [मेघ] १ अभ्र, जलधर (औप)। २ कालागुरु, सुगंधी धूप-द्रव्य-विशेष (से ६, ४६)। ३ भगवान् सुमतिनाथ का पिता (सम १५०)। ४ एक जैन महर्षि (अंत १८)। ५ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (णाया १, १—पत्र ३७)। ६ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)। ७ छन्द-विशेष (पिंग)। ८ एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)। ९ एक जैनमुनि (कप्प)। १० देव-विशेष (राज)। ११ मुस्तक, ओषधि-विशेष, मोथा। १२ एक राक्षस। १३ राग-विशेष (प्राप्र; हे १, १८७)। १४ एक विद्याधर-नगर (इक)। °कुमार पुं [°कुमार] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (णाया १, १; उव)। °ज्झाण पुं [°ध्यान] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकापति (पउम ५, २६६)। °णाअ पुं [°नाद] रावण का एक पुत्र (से १३, ९८)। °पुर न [°पुर] वैताढ्य पर्वत के दक्षिण श्रेणी का एक नगर (पउम ६, २)। °मुह पुं [°मुख] १ देव-विशेष (राज)। २ एक अन्तर्द्वीप। ३ अन्तर्द्वीप-विशेष का निवासी मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °रव न [°रव] विन्ध्यस्थली का एक जैन तीर्थ (पउम ७७, ६१)। °वाहण पुं [°वाहन] १ राक्षस-वंश का आदि पुरुष, जो लंका का राजा था (पउम ५, २५१)। २ रावण का एक पुत्र (पउम ८, ६४)। °सीह पुं [°सिंह] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४३)। देखो मेघ।

मेह पुं [मेह] १ सेचन (सूअ १, ४, २, १२)। २ रोग-विशेष, प्रमेह (श्रा २०; सुख १, १५)।

मेहंकरा देखो मेघंकरा (इक)।

मेहच्छीर न [दे] जल, पानी (दे ६, १३९)।

मेहण न [मेहन] १ झरन, टपकना। २ प्रस्रवण, मूत्र; 'महुमेहणं' (आचा १, ६, १, २)। ३ पुरुष-लिंग (राज)।

मेहणि वि [मेहनिन्] झरनेवाला (आचा)।

मेहर पुं [दे] ग्राम-प्रवर, गाँव का मुखिया (दे ६, १२१; सुर १५, १९८)।

मेहरि पुंस्त्री [दे] काष्ठ-कीट, घुन (जी १५)।

मेहरिया } स्त्री [दे] गानेवाली स्त्री (सुपा
मेहरी } ३९४)।

मेहलय पुं ब. [मेखलक] देश-विशेष (पउम ९८, ६६)।

मेहला स्त्री [मेखला] काञ्ची, करधनी (पात्र; पण्ह १, ४; औप; गा ४६३)।

मेहलिज्जिया स्त्री [मेखलिया] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

मेहा स्त्री [मेघा] एक इंद्राणी, चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

मेहा स्त्री [मेधा] बुद्धि, मनीषा, प्रज्ञा (सम १२५; से १, १६; हास्य १२५)। °अर वि [°कर] १ बुद्धि-वर्धक। २ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)।

मेहा स्त्री [मेधा] अवग्रह-ज्ञान (णंदि १७४)।

मेहावई देखो मेघ-वई (इक)।

मेहावण्ण न [मेघावर्ण] एक विद्याधर-नगर (इक)।

मेहावि वि [मेधाविन्] बुद्धिमान्, प्राज्ञ (ठा ५, ३; णाया १, १; आचा; कप्प; औप; उप १४२ टी; कुप्र १४०; धर्मवि ९८)। स्त्री. °णी (नाट—शकु ११६)।

मेहि देखो मेढि (से ९, ४२)।

मेहि वि [मेहिन्] प्रस्रवण करनेवाला, 'महुमेहिणं' (आचा)।

मेहिय न [मेधिक] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

मेहिल पुं [मेधिल] भगवान् पार्श्वनाथ के वंश का एक जैन मुनि (भग)।

मेहुण } न [मैथुन] रति-क्रिया, संभोग
मेहुणय } (सम १०; पण्ह १, ४; उवा; औप; प्रासू १७६; महा)।

मेहुणय पुं [दे] फूफा का लड़का (दे ६, १४८)।

मेहुणिअ पुं [दे] मामा का लड़का (बृह ४)।

मेहुणिआ स्त्री [दे] १ साली, भार्या की बहिन (दे ६, १४८)। २ मामा की लड़की (दे ६, १४८; बृह ४)।

मेहुन्न देखो मेहुण; 'हिंसालियचोरिक्के मेहुन्नपरिग्गहे य निसिभत्ते' (ओघ ७८७)।

मेरेअ न [मैरेय] मद्य-विशेष (माल १७७)।

मो अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अवधारण, निश्चय (सूअनि ८९; श्रावक १२५)। २ पाद-पूर्ति (पउम १०२, ८९; धर्मसं ६४५; श्रावक ९०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मोअ सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना। मोअइ (प्राकृ ७०; ११६)। वकृ. मोअंत (से ८, ६१)।

मोअ सक [मोचय्] छुड़वाना, त्याग कराना। मोअअदि (शौ) (नाट—मालवि ४१)। कवकृ. मोइज्जंत (गा ६७२)।

मोअ पुं [मोद] हर्ष, खुशी (रयण १५; महा; भवि)।

मोअ वि [दे] १ अधिगत। २ पुं. चिर्भट आदि का बीजकोश (दे ६, १४८)। ३ मूत्र, पेशाब (सूअ १, ४, २, १२; पिंड ४६८; कस; पभा १५)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] प्रस्रवण-विषयक नियम-विशेष (ठा ४, २—पत्र ६४; औप; वव ६)।

मोअइ पुं [मोचकि] वृक्ष-विशेष; 'सल्लइ-मोयइमालुयबउलपलासे करंजे य' (पएण १—पत्र ३१)।

मोअग वि [मोचक] मुक्त करनेवाला (सम १; पडि; सुपा २३४)।

मोअग पुं [मोदक] लड्डू, मिष्टान्न-विशेष (अंत ६; सुपा ४०६)। देखो मोदअ।

मोअण न [मोचन] नीचे देखो (स ५७५; गउड)।

मोअणा स्त्री [मोचना] १ परित्याग (श्रावक ११५)। २ मुक्ति, छुटकारा (सूअ १, १४, १८)। ३ छुड़वाना, मुक्त कराना (उप ५१०)।

मोअय देखो मोअग (भग; पउम ११५, ६; सुपा ४०६; नाट—विक २१)।

मोआ स्त्री [मोचा] कदली वृक्ष, केला का गाछ (राज)।

मोआव सक [मोचय्] छुड़वाना। मोआ-वेमि, मोआवेहि (नाट—शकु २५; मृच्छ ३१६)। भवि. मोआवइस्ससि (पि ५२८)। कर्म. मोयाविज्जइ (कुप्र २६१)। वकृ. मोयावंत (सुपा १८६)।

मोआवण न [मोचन] छुटकारा कराना (सिरि ६१८; स ४७)।

मोआविअ } वि [मोचित] छुड़वाया हुआ
मोइअ } (पि ५५२; नाट—मृच्छ ८६; सुर १०, ६; सुपा ४७७; महा; सुर २, ३६; ६, ७८; सुपा २३२; भवि)।

मोइल पुं [दे] मत्स्य-विशेष (नाट)।

मोंड देखो मुंड = मुण्ड (हे १, ११६; २०२)।

मोक पुं [मोक] सर्प-कंचुक, साँप का केंचुल।

मोकल्ल सक [दे] भेजना; गुजराती में 'मोकलवुं', मराठी में 'मोकलणें'। मोकल्लइ (भवि)।

मोक्क देखो मुक्क = मुक्त (षड्)।

मोक्कणिआ } स्त्री [दे] कृष्ण कर्णिका, कमल
मोक्कणी } का काला मध्य भाग (दे ६, १४०)।

मोक्कल देखो मोकल्ल; 'नियपियरं भणसु तुमं मोक्कलइ जेण सिग्घंपि' (सुपा ६१२)।

मोक्कल देखो मुक्कल (सुपा ५८०; हे ४; ३६६)।

मोक्कलिय वि [दे] १ प्रेषित, भेजा हुआ (सुपा ५२१)। २ विसृष्ट (सुपा १४०)।

मोक्ख देखो मुक्ख = मोक्ष (औप; कुमा; हे २, १७६; उप २६४ टी; भग; वसु)।

मोक्ख देखो मुक्ख = मूर्ख (उप ५५५)।

मोक्ख न [दे] वनस्पति-विशेष (सूअ २, २, ७)।

मोक्खण न [मोक्षण] मुक्ति, छुटकारा (स ४१८, सुर २, १७)।

मोग्गड पुं [दे] व्यन्तर-विशेष (सुपा ४०८)। देखो मुग्गड।

मोग्गर पुं [दे] मुकुल, कलिका, बौर (दे ६, १३६)।

मोग्गर पुं [मुद्गर] मुगरा, मोगरी। २ कमरख का पेड़ (हे १, ११६; २, ७७)। ३ पुष्पवृक्ष-विशेष, मोगरा का गाछ (पएण १—पत्र ३२)। ४ देखो मुग्गर। °पाणि पुं [°पाणि] एक जैन महर्षि (अंत १८)।

मोग्गरिअ वि [दे] संकुचित, मुकुलित (दे ६, १३६ टी)।

मोग्गलायण } न [मौद्गलायन, °ल्या°]
मोग्गल्लायण } १ गोत्र-विशेष (इक; ठा ७; सुज्ज १०, १६)। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)।

मोग्गाह देखो मुग्गाह। मोग्गाहइ (?) (धात्वा १४६)।

मोघ देखो मोह = मोघ; 'मोघमणोरहा' (पएह १, ३—पत्र ५५)।

मोच देखो मोअ = मोचय्। संकृ. मोचिअ (अभि ४७)।

मोच न [दे] अर्धजंघी, एक प्रकार का जूता (दे ६, १३६)।

मोच देखो मोअ = (दे) (सूअ १, ४, २, १२)।

मोचग देखो मोअग = मोचक (वसु)।

मोट्टाय अक [रम्] क्रीड़ा करना। मोट्टायइ (हे ४, १६८)।

मोट्टाइअ न [रत] रति-क्रीड़ा, रत, मैथुन (कुमा)।

मोट्टाइअ न [मोट्टायित] चेष्टा-विशेष, प्रिय-कथा आदि में भावना से उत्पन्न चेष्टा (कुमा)।

मोट्टिम न [दे] बलात्कार (पि २३७)। देखो मुट्टिम।

मोड सक [मोटय्] १ मोड़ना, टेढ़ा करना। २ भाँगना। मोडसि (सुर ७, ६)। वकृ. मोडंत, मोडिंत, मोडयंत (भवि; महा; स २५७)। कवकृ. मोडिज्जमाण (उप पृ ३४)। संकृ. मोडेउं (सुपा १३८)।

मोड पुं [दे] जूट, लट (दे ६, ११७)।

मोडग वि [मोटक] मोड़नेवाला (पएह १, ४—पत्र ७२)।

मोडण न [मोटन] मोड़न, मोड़ना (वज्जा ३८)।

मोडणा स्त्री [मोटना] ऊपर देखो (पएह १, ३—पत्र ५३)।

मोडिअ वि [मोटित] १ भग्न, भाँगा हुआ (गा ५४६; णाया १, ६—पत्र १५७; पएह १, ३—पत्र ५३)। २ आम्रेडित, मोड़ा हुआ (विपा १, ६—पत्र ६८; स ३३५)।

मोढ पुं [मोढ] एक वणिक्-कुल (कुप्र २०)।

मोढेरय न [मोढेरक] नगर-विशेष (दे ६, १०२; ती ७)।

मोण न [मौन] मुनिपन, वाणी का संयम, चुप्पी (औप; सुपा २३७; महा)। °चर वि [°चर] मौन व्रतवाला, वाणी का संयम-वाला, वाचंयम (ठा ५, १—पत्र २६६;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पण्ह २, १—पत्र १००)। °पय न [°पद] संयम, चारित्र (सूअ १, १३, ६)।

मोणावणा स्त्री [दे] प्रथम प्रसूति के समय पिता की ओर से किया जाता उत्सव-पूर्वक निमन्त्रण (उप ७६८ टी)।

मोणि वि [मौनिन्] मौनवाला (उव; सुपा १४; संबोध २१)।

मोत्त देखो मुत्त = मुक्त (धर्मसं ७५)।

मोत्तव्व देखो मुंच।

मोत्ता देखो मुत्ता (से ७, २५; संक्षि ४; प्राकृ ६; षड् ८०)।

मोत्ति देखो मुत्ति = मुक्ति (पण्ह १, ५—पत्र ६४)।

मोत्तिअ देखो मुत्तिअ (गा ३१०; स्वप्न ६३; औप; सुपा २३१; महा; गउड)। °दाम न [°दाम] छन्द-विशेष (पिंग)।

मोत्तुआण, मोत्तुं, मोत्तूण } देखो मुंच = मुच्।

मोत्थ देखो मुत्थ (जी ६; संक्षि ४; पि १२५; प्रामा)।

मोदअ देखो मोअग = मोदक (स्वप्न ६०)। २ न. छन्द-विशेष (पिंग)।

मोब्भ [दे] देखो मुब्भ (दे ८, ४)।

मोर पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, १४०)।

मोर पुं [मोर] १ पक्षि-विशेष, मयूर (हे १, १७१; कुमा)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। °बंध पुं [°बन्ध] एक प्रकार का बन्धन (सुपा ३४५)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक महौषधि (ती ५)।

मोरउल्ला, मोरकुल्ला } अ. मुधा, व्यर्थ (हे २, २१४; कुमा; चउप्पन्न० पत्र—७७, सुमतिजिन-चरित्र)।

मोरंड पुं [दे] तिल आदि का मोदक, खाद्य-विशेष (राज)।

मोरग वि [मायूरक] मयूर के पिच्छों से निष्पन्न (आचा २, २, ३, १८)।

मोरत्तय पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, १४०)।

मोरिय पुं [मौर्य] १ एक क्षत्रिय-वंश। २ मौर्य वंश में उत्पन्न (पि १३४)। °पुत्त पुं [°पुत्र] भगवान् महावीर का एक गणधर—प्रधान शिष्य (सम १६)।

मोरी स्त्री [मोरी] १ मयूर पक्षी की मादा, मोरनी (पि १६६; नाट—मृच्छ १८)। २ विद्या-विशेष (सुपा ४०१)।

मोलग पुं [दे. मौलक] बाँधने के लिए गाड़ा हुआ खूँटा (उव)।

मोलि देखो मउलि (काल; सम १६)।

मोल्ल देखो मुल्ल (हे १, १२४; उव; उप पृ १०४; णाया १, १—पत्र ६०; भग)।

मोस पुं [मोष] १ चोरी। २ चोरी का माल; 'राया जंपइ मोसं एसि अप्पसु' (सुपा २२१; महा)।

मोस पुंन [मृषा] झूठ, असत्य भाषण; 'चउव्विहे मोसे पण्णत्ते', 'दसवि मोसे पण्णत्ते' (ठा ४, १; १०; औप, कप्प)।

मोसण वि [मोषण] चोरी करनेवाला (कुप्र ४७)।

मोसलि, मोसली } स्त्री [दे. मुशली, मौशली] वस्त्रादि-निरीक्षण का एक दोष, वस्त्र आदि की प्रतिलेखना करते समय मुसल की तरह ऊँचे या नीचे भीत आदि का स्पर्श करना, प्रतिलेखना का एक दोष; 'वज्जेयव्वा य मोसली तइया' (उत्त २६, २६; २५; ओघ २६५, २६६)।

मोसा देखो मुसा (उवा, हे १, १३६)।

मोह सक [मोहय्] १ भ्रम में डालना। २ मुग्ध करना। मोहइ (भवि)। वकृ. मोहंत, मोहेंत (पउम ४, ८६; ११, ६६)। कृ. देखो मोहणिज्ज।

मोह देखो मऊह (हे १, १७१; कुमा; कुप्र ४३७)।

मोह वि [मोघ] १ निष्फल, निरर्थक (से १०, ७०; गा ४८२), 'मोहाइ पत्थणाए सो पुण सोएइ अप्पाणं' (अज्झ १७५; आत्म १)। क्रिवि. 'मोहं कओ पयासो' (चेइय ७५०)। २ असत्य, मिथ्या; 'मिच्छा मोहं विहलं अलिअं असच्चं असब्भूअं' (पाअ)।

मोह पुं [मोह] १ मूढता, अज्ञता, अज्ञान (आचा; कुमा; पण्ह १, १)। २ विपरीत ज्ञान (कुमा २, ५३)। ३ चित्त की व्याकुलता (कुमा ५, ५)। ४ राग, प्रेम। ५ काम-क्रीड़ा; 'मोहाउरा मणुस्सा तह कामदुहं सुहं बिंति' (प्रासू २८; पण्ह १, ४)। ६ मूर्छा, बेहोशी (स्वप्न ३१; स ६६६)। ७ कर्म-विशेष, मोहनीय कर्म (कम्म ४, ६०; ६६)। ८ छन्द-विशेष (पिंग)।

मोहण न [मोहन] १ मुग्ध करना। २ मन्त्र आदि से वश करना (सुपा ५६६)। ३ मूर्छा, बेहोशी (निसा ६)। ४ वशीकरण, मुग्ध करनेवाला मन्त्रादि-कर्म (सुपा ५६६)। ५ काम का एक बाण। ६ प्रेम, अनुराग (कप्पू)। ७ मैथुन, रति-क्रिया (स ७६०; णाया १, ८; जीव ३)। ८ वि. व्याकुल बनानेवाला (स ५५७; ७४४)। ६ मोहक, मुग्ध करने-वाला; 'मोहणं पसूणंपि' (धर्मवि ६५; सुर ३; २६; कर्पूर २५)।

मोहणिज्ज वि [मोहनीय] १ मोह-जनक। २ न. कर्म-विशेष, मोह का कारण-भूत कर्म (सम ६६; भग; अंत; औप)।

मोहणी स्त्री [मोहनी] एक महौषधि (ती ५)।

मोहर न [मौखर्य] वाचाटता, बकवाद (पण्ह २, ५—पत्र १४८; पुप्फ १८०)।

मोहर वि [मौखर] वाचाट, बकवादी (ठा १०—पत्र ५१६)।

मोहरिअ वि [मौखरिक] ऊपर देखो (ठा ६—पत्र ३७१; औप; सुपा ५२०)।

मोहरिअ न [मौखर्य] वाचालता, बकवाद (उवा; सुपा ५१४)।

मोहि वि [मोहिन्] मुग्ध करनेवाला (भवि)।

मोहिणी स्त्री [मोहिनी] छन्द-विशेष (पिंग)।

मोहिय वि [मोहित] १ मुग्ध किया हुआ (पण्ह १, ४; द्र १४)। २ न. निधुवन, मैथुन, रति-क्रीड़ा (णाया १; ६—पत्र १६५)।

मोहुत्तिय वि [मौहूर्त्तिक] ज्योतिष-शास्त्र का जानकार (कुप्र ५)।

मौलिअ देखो मोरिय; 'णिवेदेह दाव णंदकुल-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

णगकुलिसस्स मौलिअकुलपडिट्ठावकस्स अज-चाणक्कस्स' (मुद्रा ३०६)।

म्मि अ. पाद-पूर्त्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (पिंग)।

म्मिव देखो इव (प्राकृ २६)।

म्हस देखो भंस = भ्रंश्। म्हसइ (प्राकृ ७६)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि मयाराइसद्दसंकलणो एगतीसइमो तरंगो समत्तो ॥

य

य पुं [य] तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष, अन्तस्थ यकार (प्राप्र; प्रामा)।

य अ [च] १ हेतु-सूचक अव्यय (धर्मसं ३८५)। २ देखो च = अ (ठा ३, १; ८; पउम ६, ८४; १५, २; श्रा १२; आचा; रंभा; कम्म २, ३३; ४, ६; १०; देवेन्द्र ११; प्रासू २७)।

°य देखो °ज (आचा)।

°य वि [°द] देनेवाला (औप; राय; जीव ३)।

यउणा देखो जँउणा (संक्षि ७)।

°यंच सक [अञ्च्] १ गमन करना। २ पूजा करना। संकृ. °यंचिय (ठा ५, १—पत्र ३००)।

°यंत वि [यत] प्रयत्नशील, उद्योगी; 'अ-यंते' (सूअ २, २, ६३)।

°यंद देखो चंद (सुपा २२६)।

°यक्क देखो चक्क; 'दिसा-यक्कं' (पउम ६, ७१)।

°यड देखो तड = तट (गउड)।

°यण देखो जण = जन (सुर १, १२१)।

यणद्दण (अप) देखो जणद्दण; 'तो वि ण देउ यणद्दणाउ गोअरीहोइ मणस्सु' (पि १४ टि)।

°यण्ण देखो कण्ण = कर्ण (पउम ६६, २८)।

°यत्तिअ वि [यात्रिक] यात्रा करनेवाला, भ्रमण करनेवाला; 'सगडसएहिं दिसायत्तिएहिं' (उवा; बृह १)।

यदावि अ [यद्यपि] अभ्युपगम-सूचक अव्यय, स्वीकार-द्योतक निपात (पंचा १४, ३६)।

यन्नोवइय देखो जण्णोवईय (उप ६४८ टी)।

यम देखो जम = यम; 'दो असणा दो यमा' (ठा २, ३—पत्र ७७)।

°यर देखो कर = कर (गउड)।

°यल देखो तल = तल (उवा)।

या देखो जा = या; 'सुरनारगा य सम्मद्दिट्ठी जं यंति सुरमणुएसु' (विसे ४३१; कुमा ८, ८)।

याण सक [ज्ञा] जानना। याणइ, याणाइ, याणेइ, याणंति, याणामो, याणिमो (पि ५१०; उवा; भग; धर्मवि १७; वै ६३; प्रासू १०२)।

याण देखो जाण = यान (सम २)।

°याल देखो काल (पउम ६, २४३)।

याव (अप) देखो जाव = यावत् (कुमा)।

°यावदत्थ वि [यावदर्थ] यथेष्ट, जितने की आवश्यकता हो उतना (दस ५, २, २)।

°युत्त देखो जुत्त = युक्त; 'एयम् अयुत्तं जम्हा' (अज्भ १६७; रंभा)।

येव } (पै. मा) देखो एव (पि ६०; ६५)।
येव्व }

यूचिश (मा) } देखो चिट्ठ = स्था। यूचि-
यूचिश्त (पै) } शदि (शाकारी भाषा) (प्राकृ १०५)। यूचिश्तदि (पै) (प्राकृ १२६)।

य्येव (शौ) देखो एव (हे ४, २८०)।

य्येव्व देखो येव (पि ६५)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि यआराइसद्दसंकलणो बत्तीसइमो तरंगो समत्तो ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

र

र पुं [र] मूर्धं-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (सिरि १६६; पिंग)। °गण पुं [°गण] छन्दःशास्त्र-प्रसिद्ध मध्य-लघु अक्षरवाले तीन स्वरों का समुदाय (पिंग)।

र अ. पाद-पूरक अव्यय (हे २, २१७; कुमा)।

र अ [दे] निश्चय-सूचक अव्यय (दसनि १, १५२)।

रइ स्त्री [रति] १ काम-क्रीड़ा, सुरत, मैथुन (से १, ३२; कुमा)। २ कामदेव की स्त्री (कुमा)। ३ प्रीति, प्रेम, अनुराग (कुमा; सुपा ५११)। ४ कर्म-विशेष (कम्म २, १०)। ५ भगवान् पद्मप्रभ की मुख्य शिष्या (पव ८)। ६ पुं. भूतानन्द नामक इन्द्र का एक सेनापति (इक)। °अर, °कर वि [°कर] १ रति-जनक (गा ३२६)। २ पुं. पर्वत-विशेष (पण्ह १, ५; ठा १०; महा)। °कीला स्त्री [°क्रीडा] काम-क्रीडा (महा)। °केलि स्त्री [°केलि] वही अर्थ (काप्र २०१)। °घर न [°गृह] सुरत-मन्दिर, विलास-गृह (पि ३६६ ए)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] कामदेव (कुमा; सुर ६, ३१)। °पहु पुं [°प्रभु] वही अर्थ (कुमा)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] किन्नर नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक; ठा ४, १—पत्र २०४)। °प्पिय पुं [°प्रिय] १ कामदेव (सुपा ७५)। २ एक इन्द्र। ३ किन्नर देवों की एक जाति (राज)। °प्पिया स्त्री [°प्रिया] वानव्यन्तरों के इन्द्र-विशेष की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। °भवण न [°भवन] कामक्रीडा-गृह (महा)। °मंत वि [°मत्] १ राग-जनक। २ पुं. कामदेव, कन्दर्प (तंदु ४६)। °मंदिर न [°मन्दिर] शयन-गृह (पाअ)। °रमण पुं [°रमण] कामदेव (सुपा ४; २८९; कप्पू)। °लंभ पुं [°लम्भ] १ सुरत की प्राप्ति। २ कामदेव (से ११, ८)। °वइ पुं [°पति] कामदेव (कुमा; सुपा २९२)। °विद्धि स्त्री [°वृद्धि] विद्या-विशेष (पउम ७, १४४)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक राज-कन्या (उप ७२८ टी)। °सुहव पुं [°सुभग] कामदेव (कुमा)। °सेणा स्त्री [°सेना] किन्नरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक; ठा ४, १—पत्र २०४)। °हर न [°गृह] शयन-गृह, सुरतमन्दिर (उप ६४८ टी, महा)।

रइ पुं [रवि] सूर्य, सूरज (गा ३४; से १, १४; ३२; कप्पू)।

रइअ वि [रचित] बनाया हुआ, निर्मित (सुर ४, २४४; कुमा; औप; कप्प)।

रइअ वि [रचित] महल आदि की पीठ-भित्ति (अणु १५४)।

रइआव सक [रचय्] बनवाना। संकृ. रइआविअ (ती ३)।

रइगेल्ल वि [दे] अभिलषित (दे ७, ३)।

रइगेल्ली स्त्री [दे] रति-तृष्णा (दे ७, ३)।

रइज्जंत देखो रय = रचय्।

रइलक्ख न [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १३; षड्)।

रइलक्ख न [दे. रतिलक्ष] रति-संयोग, मैथुन (दे ७, १३)।

रइल्लिय वि [रजस्वल] रज से युक्त, रजवाला (पि ५९५)।

रइवाडिया देखो राय-वाडिआ; 'सामिय रइवाडियासमओ' (सिरि १०९)।

रईसर पुं [रतीश्वर] कामदेव, कन्दर्प (कुमा)।

रउताणिया स्त्री [दे] रोग-विशेष, पामा, खुजली (सिरि ३०६)।

रउद्द देखो रोद्द = रौद्र; 'रउद्दखुद्देहिं अखोह-णिज्जो' (यति ४२; भवि)।

रउरव वि [रौरव] भयंकर, घोर। °काल पुं [°काल] माता के उदर में पसार किया जाता समय-विशेष; 'नवमासहिं नियकुक्खहिं धरियउ पुणु रउरवकालहो नीसरियउ' (भवि)।

रउस्सल वि [रजस्वल] रजो-युक्त, धूलि-युक्त (भग ७, ७—पत्र ३०५)।

रओ° देखो रय = रजस् (पिंड ६ टी; सण)।

रंक वि [रङ्क] गरीब, दीन (पिंग)।

रंखोल अक [दोलय्] १ झूलना। २ हिलना, चलना, काँपना। रंखोलइ (हे ४, ४८; वज्जा ६४)।

रंखोलिय वि [दोलित] कम्पित (गउड)।

रंखोलिर वि [दोलितृ] झूलनेवाला (गउड; कुमा; पाअ)।

रंग अक [रङ्ग्] इधर-उधर चलना। वकृ. रंगंत (कप्प; पउम १०, ३१; पण्ह १, ३—पत्र ५५)।

रंग सक [रङ्गय्] रँगना। कर्म. रंगिज्जइ (संबोध १७)। वकृ. 'रायगिहं वरनयरं वर-नय-रंगत-मंदिरं अत्थि' (कुम्मा १८)।

रंग वि [राङ्ग] रँगा हुआ, रंग कर बनाया हुआ (दसनि २, १७)।

रंग न [दे] राँग, राँगा, धातु-विशेष, सीसा (दे ७, १; से २, २९)।

रंग पुं [रङ्ग] १ राग, प्रेम (सिरि ५१५)। २ नाट्यशाला, प्रेक्षा-भूमि (पाअ; सुपा १, कुमा)। ३ युद्ध-मण्डप, जय-भूमि (धर्मसं ७८३)। ४ संग्राम, लड़ाई (पिंग)। ५ रक्त वर्ण, लाली (से २, २९)। ६ वर्ण, रँग (भवि)। ७ रँगना, रंजन, रंग चढाना (गउड)। °अ वि [°द] कुतूहल-जनक (से ९, ४२)। °वलि स्त्री [°आवलि] रंगोली (चउप्पन्न० पत्र ३२९ गा ७१४)।

रंगण न [रङ्गन] १ राग, रँगना। २ पुं. जीव, आत्मा (भग २०, २—पत्र ७७६)।

रंगिर वि [रङ्गितृ] चलनेवाला (सुपा ३)।

रंगिल्ल वि [रङ्गवत्] रँगवाला (उर ६, २)।

रंज सक [रञ्जय्] १ रँग लगाना। २ खुशी करना। रंजए, रंजेइ (वज्जा १३६; हे ४, ४९)। कर्म. रंजिज्जइ (महा)। वकृ. रंजंत (संवे ३)। संकृ. रंजिऊण (पि ५८६)। कृ. रंजियव्व (आत्महि ६)।

रंजग वि [रञ्जक] रञ्जन करनेवाला (रंभा)।

रंजण न [रञ्जन] १ रँगना (विसे २९६१)। २ खुशी करना; 'परचित्तरंजणे' (उप ९८६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टी; संवे ५)। ३ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)। ४ वि. खुशी करनेवाला, रागजनक (कुमा)।

रंजण पुं [दे] १ घड़ा, कुम्भ (दे ७, ३)। २ कुण्डा, पात्र-विशेष (दे ७, ३, पाअ)।

रंजविय } वि [रञ्जित] राग-युक्त किया
रंजिअ } हुआ (सण; से ६; ४८; गउड; महा; हेका २७२)।

रंडा स्त्री [रण्डा] राँड़, विधवा (उप पृ ३१३, वज्जा ४४, कप्पू; पिंग)।

रंढुअ न [दे] रज्जु, रस्सी; गुजराती में 'राढवु' (दे ७, ३)।

रंध सक [रध्, राधय्] राँधना, पकाना। 'रंधो राधयतेः स्मृतः' रंधइ (प्राकृ ७०), रंधेहि (स २४६)। वकृ. रंधंत (णाया १, ७—पत्र ११७)। संकृ. रंधिऊण (कुप्र २०५)।

रंध न [रन्ध्र] छिद्र, विवर (गा ६५२; रंभा; भवि)।

रंधण न [रन्धन, राधन] राँधना; पचन, पाक (गा १४; पव ३८; सूअनि १२१ टीं, सुपा १२; ४०१)। °घर न [°गृह] पाक-गृह (रयण ३१)।

रंधण न [रन्धन] पाक-गृह, रसोईघर (आचा २, १०, १४)।

रंप सक [तक्ष्] छिलना, पतला करना। रंपइ (हे ४, १६४; प्राकृ ६५; षड्)।

रंपण न [तक्षण] तनू-करण, पतला करना (कुमा)।

रंफ देखो रंप। रंफइ, रंफए (हे ४, १६४; षड्)।

रंफण देखो रंपण (कुमा)।

रंभ सक [गम्] जाना, गति करना। रंभइ (हे ४, १६२), रंभंति (कुमा)।

रंभ देखो रंफ। रंभइ (धात्वा १४६)।

रंभ सक [आ + रभ्] आरम्भ करना। रंभइ (षड्)।

रंभ पुं [दे] अन्दोलन-फलक, हिंडोले का तख्ता (दे ७, १)।

रंभा स्त्री [रम्भा] १ कदली, केला का गाछ (सुपा २५४; ६०५; कुप्र ११७; पाअ)। २ देवांगना-विशेष, एक अप्सरा (सुपा २५४; रयण ५)। ३ वैरोचन नामक बलीन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२; णाया २—पत्र २५१)। ४ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ८)।

रक्ख सक [रक्ष्] रक्षण करना, पालन करना। रक्खइ (उव; महा)। भूका. रक्खीअ (कुमा)। वकृ. रक्खंत (गा ३८; औप; मा ३७)। कवकृ. रक्खीअमाण (नाट—मालती २८)। कृ. रक्ख, रक्खणिज्ज, रक्खियव्व, रक्खेयव्व (से ३, ५; सार्ध १००; गउड; सुपा २४०)।

रक्ख पुंन [रक्षस्] राक्षस (पाअ; कुप्र ११३; सुपा १३०, सट्ठि ६ टी; संबोध ४४)।

रक्ख वि [रक्ष] १ रक्षक, रक्षा करनेवाला (उप पृ ३६८; कप्प)। २ पुं. एक जैन मुनि (कप्प)।

रक्ख देखो रक्ख = रक्ष्।

रक्खअ } वि [रक्षक] रक्षण-कर्ता (नाट—
रक्खग } मालवि ५३; रंभा; कुप्र २३३; सार्ध ६६)।

रक्खण न [रक्षण] रक्षा, पालन (सुर १३, १६७; गउड; प्रासू २३)।

रक्खणा स्त्री [रक्षणा] ऊपर देखो (उप ८५०; स ६६)।

रक्खणिया स्त्री [दे] रखी हुई स्त्री, रखेलिन, रखनी, रखात (सुपा ३८३)।

रक्खवाल वि [दे] रखवाला, रक्षा करनेवाला (महा)।

रक्खस पुं [राक्षस] १ देवों की एक जाति (पण्ह १,४—पत्र ६८)। २ विद्याधर-मनुष्यों का एक वंश (पउम ५, २५२)। ३ वंश-विशेष में उत्पन्न मनुष्य, एक विद्याधरजाति; 'तेणं चिय खयराणं रक्खसनामं कयं लोए' (पउम ५, २५७)। ४ निशाचर, क्रव्याद (से १५, १७; नाट—मृच्छ १३२)। ५ अहोरात्र की तीसवाँ मुहूर्त (सम ५१; सुज १०, १३)। °उरी स्त्री [°पुरी] लंका नगरी (से १२, ८४)। °णअरी स्त्री [°नगरी] वही अर्थ (से १२, ७८)। °णाह पुं [°नाथ] राक्षसों का राजा (से ८, १०४)। °त्थ न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष (पउम ७१, ६३)। °दीव पुं [°द्वीप] सिहल द्वीप (पउम ५, १२६)। °नाह देखो °णाह (पउम ६, ३६)। °वइ पुं [°पति] राक्षसों का मुखिया (पउम ५, १२३; मे ११, १)। °ाहिव पुं [°ाधिप] वही अर्थ (से १५, ८७; ६१)।

रक्खसिंद पुं [राक्षसेन्द्र] राक्षसों का राजा (पउम १२, ४)।

रक्खसी स्त्री [राक्षसी] १ राक्षस की स्त्री (नाट—मृच्छ २३८)। २ लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

रक्खसेंद देखो रक्खसिंद (से १२, ७७)।

रक्खा स्त्री [रक्षा] १ रक्षण, पालन (श्रा १०; सुपा १०३; ११३)। २ राख, भस्म; 'सो चंदणं रक्खकए दहिज्जा' (सत्त २८; सुपा ६५७)।

रक्खिअ वि [रक्षित] १ पालित (गउड; गा ३३३)। २ पुं. एक प्रसिद्ध जैन महर्षि (कप्प; विसे २२८८)।

रक्खिआ देखो रक्खसी (रंभा १७)।

रक्खी स्त्री [रक्षी] भगवान् अरनाथ की मुख्य साध्वी (सम १५२; पव ८)।

रक्खोवग वि [रक्षोपग] रक्षण में तत्पर (राय ११३)।

रगिल्ल [दे] देखो रइगेल्ल (षड्)।

रग्ग देखो रत्त = रक्त (हे २, १०; ८६; षड्)।

रग्गय न [दे] कुसुम्भ-वस्त्र (दे ७, ३, पाअ; गउड)।

रघुस पुं [रघुष] हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ६६)।

रच्च अक [दे. रञ्ज्] राचना, आसक्त होना, अनुराग करना। रच्चइ, रच्चंति, रच्चेह (कुमा; वजा ११२)। कर्म. 'रत्ते रच्चिजए जम्हा' (कुप्र १३२)। वकृ. रच्चंत (भवि)। प्रयो. रच्चावंति (वजा ११२)।

रच्चण न [दे. रञ्जन] २ अनुराग। २ वि. अनुराग करनेवाला, राचनेवाला (कुमा)।

रच्चिर वि [दे. रञ्जितृ] राचनेवाला (कुमा)।

रच्छा देखो रक्खा (रंभा १६)।

रच्छा स्त्री [रथ्या] मुहल्ला (गा ११६; औप; कस)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रच्छामय पु [दे. रथ्यासृग] श्वान, कुत्ता (दे ७, ४)।

रज देखो रय = रजस् (कुमा)।

रजक } पुंस्त्री [रजक] धोबी, कपड़ा धोने
रजग } का धन्धा करनेवाला (श्रा १२; दे ५, ३२)। स्त्री. °की (दे १, ११४)।

रजय देखो रयय = रजत (इक)।

रज्ज अक [रञ्ज्] १ अनुराग करना, आसक्त होना। २ रँगाना, रँग-युक्त होना। रज्जइ (आचाः उव), रज्जह (णाया १, ८—पत्र १४८)। भवि. रज्जिहिति (औप)। वकृ. रज्जंत, रज्जमाण (से १०, २०; णाया १, १७; उत्त २६, ३)। कृ. रज्जियव्व (पराह २, ५—पत्र १४६)।

रज्ज न [राज्य] १ राज, राजा का अधिकृत देश। २ शासन, हुकूमत (णाया १, ८; कुमा; दं ४७; भग, प्राप्र)। °पालिया स्त्री [°पालिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °वइ पुं [°पति] राजा (कप्प)। °सिरी स्त्री [°श्री] राज्य-लक्ष्मी (महा)। °ाहिसेय पुं [°ाभिषेक] राजगद्दी पर बैठाने का उत्सव (पउम ७७, ३६)।

रज्जव पुंन. नीचे देखो; 'खररज्जवेसु बद्धा' (पउम ३६, ११६)।

रज्जु स्त्री [रज्जु] १ रस्सी (पाअ; उवा)। २ एक प्रकार की नाप; 'चउदसरज्जू लोगो' (पव १४३)।

रज्जु वि [दे] लेखक, लिखने का काम करनेवाला (कप्प)। °सभा स्त्री [°सभा] १ लेखक-गृह। २ शुल्क-गृह, चूँगी-घर; 'हत्थिपालस्स रन्नो रज्जुसभाए' (कप्प)।

रज्झिय देखो रहिअ = रहित; 'अरज्झिया-भिताबा तहवी तविति' (सूअ १,५,१,१७)।

रट्ठ न [राष्ट्र] देश, जनपद (सुपा ३०७; महा)। °उड, °कूड पुं [°कूट] राज-नियुक्त प्रतिनिधि, सूबेदार (विपा १, १ टी—पत्र ११; विपा १, १—पत्र ११)।

रट्ठिअ वि [राष्ट्रिय] १ देश-सम्बन्धी। २ पुं. नाटक की भाषा में राजा का साला (अभि १९४)।

रट्ठिअ पुं [राष्ट्रिक] देश की चिन्ता के लिए नियुक्त राज-प्रतिनिधि, सूबेदार (पराह १, ५—पत्र ९४)।

रड अक [रट्] १ रोना। २ चिल्लाना। रडइ (भवि)। वकृ. रडंत (हे ४, ४४५; भवि)।

रडण न [रटन] चिल्लाहट, चीख (पिंड २२५)।

रडिय न [रटित] १ रुदन, रोना (पराह २, ५)। २ आवाज करना, शब्द-करण; 'परहुयवहूय रडियं कुहूकुहूमहुरसद्देण' (रंभा)। ३ चिल्लाना, चीख (णाया १, १-पत्र ६३)। ४ वि. कलहायित, झगड़ालू, झगड़ाखोर; 'कलहाइअं रडिअं' (पाअ)।

रडरडिय न [रटरटित] शब्द-विशेष, वाद्य-विशेष की आवाज (सुपा ५०)।

रड्डु वि [दे] खिसक कर गिरा हुआ, गुजराती में 'रडेलु' (कुप्र ४५६)।

रड्डा स्त्री [रड्डा] छन्द-विशेष (पिंग)।

रण पुंन [रण] १ संग्राम, लड़ाई (कुमा; पाअ)। २ पुं. शब्द, आवाज (पाअ)। °खंभउर न [°स्तम्भपुर] अजमेर के समीप का एक प्राचीन नगर; 'रणखंभउरजिणहरे चडाविया कणयमयकलसा' (मुणि १०९०१)।

रणकार पुं [रणत्कार] शब्द-विशेष (गउड)।

रणझण अक [रणझणाय्] 'रन् झन्' आवाज करना। रणझणइ (वज्जा १२८)। वकृ. रणझणंत (भवि)।

रणझणिर वि [रणझणायितृ] 'रन् झन्' आवाज करनेवाला (सुपा ६४१; धर्मवि ८८)।

रणरण अक [रणरणाय्] 'रन् रन्' आवाज करना। वकृ. रणरणंत (पिंग)।

रणरण } पुं [दे. रणरणक] १ निःश्वास,
रणरणय } नीसास; 'अइउण्हा रणरणया दुप्पेच्छा दूसहा दुरालोया' (वज्जा ७८)। २ उद्वेग, पीड़ा, अधृति; 'गरुयपियसंगमासाभंससमुच्छलियरणरणाइन्नं' (सुर ४, २३०; पाअ)। ३ उत्कण्ठा, औत्सुक्य (दे १, १३६; गउड; रुक्मि ४८; संवे २)।

रणरणाय देखो रणरण = रणरणाय्। वकृ. रणरणायंत (पउम ९४, ३९)।

रणिअ न [रणित] शब्द, आवाज (सुर १, २४८)।

रणिर वि [रणितृ] आवाज करनेवाला (सुपा ३२७; गउड)।

रण्ण न [अरण्य] जंगल, अटवी (हे १, ६६; प्राप्र; औप)।

रत्त पुं [रक्त] १ लाल वर्ण, लाल रंग। २ कुसुंभ। ३ वृक्ष-विशेष, हिज्जल का पेड़ (हे २, १०)। ४ न. कुंकुम। ५ ताम्र, ताँबा। ६ सिंदूर। ७ हिंगुल। ८ खून, रुधिर। ९ राग (प्राप्र)। १० वि. रँगा हुआ (हेका २७२)। ११ लाल रँगवाला (पाअ)। १२ अनुराग-युक्त (ओघ ७५७; प्रासू १५५; १६०)। °कंबला स्त्री [°कम्बला] मेरु पर्वत के पण्डक वन में स्थित एक शिला, जिसपर जिनदेवों का अभिषेक किया जाता है (ठा २, ३—पत्र ८०)। °कूड न [°कूट] शिखर-विशेष (राज)। °कोरिंटय पुं [°कुरण्टक] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७९)। °क्ख, °च्छ वि [°क्ष] १ लाल आँखवाला (राज; सुर २, ६)। स्त्री. °च्छी (ओघभा २२ टी)। २ पुं. महिष, भैंसा (दे ७, १३)। °ट्ठ पुं [°र्थ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °धाउ पुं [°धातु] कुण्डल पर्वत का एक शिखर (दीव)। °पड पुं [°पट] परिव्राजक, संन्यासी (णाया १, १५—पत्र १९३)। °प्पवाय पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)। °प्पह पुं [°प्रभ] कुण्डल-पर्वत का एक शिखर (दीव)। °रयण न [°रत्न] रत्न की एक जाति, पद्म-राग मणि (औप)। °वई स्त्री [°वती] एक नदी (सम २७; ४३; इक)। °वड देखो °पड (सुख ८, १३)। °सुभद्दा स्त्री [°सुभद्रा] श्रीकृष्ण की एक भगिनी (पराह १, ४—पत्र ८५)। °ासोग, °ासोय पुं [°ाशोक] लाल अशोक का पेड़ (णाया १, १; महा)।

°रत्त पुं [°रात्र] रात, निशा (जी ३४)।

रत्तग देखो रत्त = रक्त (महा)।

रत्तंदण न [रक्तचन्दन] लाल चन्दन (सुपा १८१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रत्तक्खर न [दे] सीधु, मद्य-विशेष (दे ७, ४)।

रत्तच्छ पुं [दे] १ हंस। २ व्याघ्र (७, १३)।

रत्तडि (अप) देखो रत्ति = रात्रि (पि ५९९)।

रत्तय न [दे. रक्तक] बन्धूक वृक्ष का फूल (दे ७, ३)।

रत्ता स्त्री [रक्ता] एक नदी (सम २७; ४३, इक)। °वइप्पवाय पुं [°वतीप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)।

रत्ति स्त्री [दे] आज्ञा, हुकुम (दे ७, १)।

रत्ति स्त्री [रात्रि] रात, निशा (हे २, ७९; कुमा; प्रासू ९०)। °अंधय वि [°अन्धक] रात को नहीं देख सकनेवाला (गा ६६७; हेका २६)। °अर वि [°चर] १ रात में विहरनेवाला। २ पुं. राक्षस (षड्)। °दिवह न [°दिवस] रात-दिन, अहर्निश (पि ८८)। देखो राइ = रात्रि।

रत्तिचर देखो रत्ति = अर (धर्मवि ७२)।

रत्तिदिअह न [रात्रिदिवस] रात-दिन, अहर्निश, निरन्तर (अच्चु ७८)।

रत्तिंदिय } न [रात्रिन्दिव] ऊपर देखो
रत्तिंदिव } (पउम ८, १६४; ७५, ८५)।

रत्तिंध वि [रात्र्यन्ध] जो रात में न देख सकता हो वह (प्रासू १७५)।

रत्तीअ पुं [दे] नापित, हजाम (दे ७, २; पाअ)।

रत्तुप्पल न [रक्तोत्पाल] लाल कमल (पण्ह १, ४)।

रत्तोआ स्त्री [रक्तोदा] एक नदी (इक)।

रत्तोप्पल देखो रत्तुप्पल (नाट—मृच्छ १४५)।

रत्था देखो रच्छा (गा ४०; अंत १२; सुर १, ६६)।

रद्ध वि [रद्ध, राद्ध] राँधा हुआ, पक्व (पिंड १६५; सुपा ६३६)।

रद्धि वि [दे] प्रधान, श्रेष्ठ (दे ७, २)।

रन्न वि रण्ण (सुपा ४०१; कुमा)।

रप्प सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना। रप्पइ (प्राकृ ७३)।

रप्फ पुं [दे] वल्मीक, गुजराती में 'राफडो' (दे ७, १; पाअ)। २ रोग-विशेष; 'करि कंपु पायमूलिसु रप्फय' (सण)।

रप्फडिआ स्त्री [दे] गोधा, गोह (दे ७, ४)।

रब्बा वि [दे] राब, यवागू (श्रा १४; उर २, १२; धर्मवि ४२)।

रभस देखो रहस = रभस (गा ८७२; ८९४; ९३४)।

रम अक [रम्] १ क्रीड़ा करना। २ संभोग करना। रमइ, रमए, रमंते, रमिज्ज, रमेज्जा (कुमा)। भवि. रमिस्सदि, रमिहिइ (कुमा)। कर्म. रमिज्जइ (कुमा)। वकृ. रमंत, रममाण (गा ४४; कुमा)। संकृ. रमिअ, रमिउं, रमिऊण, रंतूण (हे २, १४६, ३, १३६; महा; पि ३१२), रमेप्पि, रम्मेप्पिणु, रमेवि (अप) (पि ५८८)। हेकृ. रमिउं (उप पृ ३८)। कृ. रमिअव्व (गा ४६१), देखो रमणिज्ज, रमणीअ, रम्म। प्रयो. रमावेंति (पि ५५२)।

रमण न [रमण] १ क्रीडा, क्रीडन। २ सुरत, संभोग, रति-क्रीड़ा (पव ३८; कुमा; उप पृ १८७)। ३ स्मर-कूपिका, योनि (कुमा)। ४ पुं. जघन, नितम्ब (पाअ)। ५ पति, वर, स्वामी (पउम ५१, १६; पिंग)। ६ छन्द-विशेष (पिंग)।

रमणिज्ज वि [रमणीय] १ सुन्दर; मनोहर, रम्य (प्राप्र; पाअ; अभि २००)। २ न. एक देव-विमान (सम १७)। ३ पुं. नन्दीश्वर द्वीप के मध्य में उत्तर दिशा की ओर स्थित एक अञ्जन-गिरि (पव २६९ टी)। ४ एक विजय, प्रान्त-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)।

रमणी स्त्री [रमणी] १ नारी, स्त्री (पाअ; उप पृ १८७; प्रासू १५५; १८०)। २ एक पुष्करिणी (इक)।

रमणीअ वि [रमणीय] रम्य, मनोरम (प्राप्र; स्वप्न ४०; गउड; सुपा २५५; भवि)।

रमा स्त्री [रमा] लक्ष्मी; श्री (कुम्मा ३)।

रमिअ देखो रम।

रमिअ वि [रत] १ क्रीडित, जिसने क्रीडा की हो वह (कुमा ४, ५०)। २ न. रमण, क्रीड़ा (णाया १, ९—पत्र १६५; कुमा; सुपा ३७६; प्रासू ६५)।

रमिअ वि [रमित] रमाया हुआ (कुमा ३, ८९)।

रमिर वि [रन्तृ] रमण करनेवाला (कुमा)।

रम्म वि [रम्य] १ मनोरम, रमणीय, सुन्दर (पाअ; से ९, ४७; सुर १, ६९; प्रासू ७१)। २ पुं. विजय-विशेष, एक प्रान्त (ठा २, ३—पत्र ८०)। ३ चम्पक का गाछ (से ९, ४७)। ४ न. एक देव-विमान (सम १७)।

रम्मग } पुं [रम्यक] १ एक विजय, प्रान्त-
रम्मय } विशेष (ठा २. ३—पत्र ८०)। २ एक युगलिक-क्षेत्र, जंबू-द्वीप का वर्ष-विशेष (सम १२; ठा २, ३—पत्र ६७; इक)। ३ न. एक देव-विमान (सम १७)। ४ पर्वत-विशेष का एक कूट (जं ४)।

रम्ह देखो रंफ। रम्हइ (प्राकृ ६५)।

रय सक [रज्] रँगना, 'नो धोएज्जा, नो रएज्जा, नो धोयरत्ताइं वत्थाइं धारेज्जा' (आचा)।

रय सक [रचय्] बनाना, निर्माण करना। रयइ, रएइ (हे ४,९४; षड्; महा)। कवकृ. रइज्जंत (से ८, ८७)।

रय पुंन [रजस्] १ रेणु, धूल (ओप; पाअ; कुप्र २१)। २ पराग, पुष्प-रज (से ३, ४८)। ३ सांख्य-दर्शन में उक्त प्रकृति का एक गुण (कुप्र २१)। ४ बध्यमान कर्म (कुमा ७, ५८; चेइय ६२२; उव)। °त्ताण न [°त्राण] जैन मुनि का एक उपकरण (ओघ ६६८; पण्ह २, ५—पत्र १४८)। °स्सला स्त्री [°स्वला] ऋतुमती स्त्री (दे १, १२५)। °हर पुंन [°हर] जैन मुनि का एक उपकरण (संबोध १५)। °हरण न [°हरण] वही अर्थ (णाया १, १; कस)।

रय वि [रत] १ अनुरक्त, आसक्त (ओप; उव; सुर १, १२; सुपा ३०६; प्रासू १६६)। २ स्थित (से ९, ४२)। ३ न. रति-कर्म, मैथुन (सम १५; उव; गा १५५; स १८०; वज्जा १००; सुपा ४०३)।

रय पुं [रय] वेग (कुमा; से २, ७; सण)।

रय देखो रव (पउम ११४, १७)।

रयग देखो रयय = रजक (श्रा १२; सुपा ५८८)।

रयण न [रजन] रँगना; रँग-युक्त करना (सूअ १, ९, १२)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रयण वि [रचन] करनेवाला, निर्माता; 'चेडीसर्चितारयणु' (सण)।

रयण पुं [रदन] दाँत, दशन (उप ९८६ टी; पाग्र; काप्र १७२; नाट. शकु १३)।

रयण पुंन [रत्न] १ माणिक्य आदि बहुमूल्य पत्थर, मणि; 'दुवे रयणा समुप्पन्ना' (निर १, १; उप ५६३; णाया १, १; सुपा १४७; जी ३; कुमा; हे २, १०१)। २ श्रेष्ठ, स्वजाति में उत्तम (सुर २६; कुमा ३, ४७); 'तहवि हु चंद-सरिच्छा विरला रयणायरे रयणा' (वज्जा १५६)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ द्वीप-विशेष (णाया १, ६; पउम ५५, १७)। ५ पर्वत-विशेष का एक कूट (ठा ४, २; ८)। ६ पुं. ब. रत्न-द्वीप का निवासी (पउम ५५, १७)। °उर न [°पुर] नगर-विशेष (सण)। °चित्त पुं [°चित्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १५)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (णाया १, ९—पत्र १६५)। °निहि पुं [°निधि] समुद्र, सागर (सुपा ७, १२१)। °पुढवी स्त्री [°पृथिवी] पहली नरक-भूमि, रत्नप्रभा नामक नरक-पृथिवी (स १३२)। °पुर देखो °उर (कुप्र ६; महा; सण)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] १ पहली नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८; श्रौप; भग)। २ भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ रत्न का तेज (स १३३)। °मय वि [°मय] रत्नों का बना हुआ (महा)। °माला स्त्री [°माला] छन्द-विशेष (अजि २४)। °मालि पुं [°मालिन्] विद्याधर-वंश में उत्पन्न नमि-राज का एक पुत्र (पउम ५, १४)। °मुस वि [°मुष्] रत्नों को चुरानेवाला (षड्)। °रह पुं [°रथ] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, १४)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र (प्रासू)। °वइ पुं [°पति] रत्नों का मालिक, धनी, श्रीमंत (सुपा २९९)। °वई स्त्री [°वती] एक रानी (रयण ३)। °वज्ज पुं [°वज्र] विद्याधर-वंशीय एक राजा (पउम ५, १४)। °वह वि [°वह] रत्न-धारक (गउड १०७१)। °संचय न [°संचय] १ रुचक पर्वत का कूट (इक)। २ एक नगर (इक; सुर ३, २०)। °संचया स्त्री [°संचया] १ मंगलावती नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ ईशानेन्द्र की वसुन्धरा-नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। °समया स्त्री [°समया] मंगलावती नामक विजय को एक राजधानी (इक)। °सार पुं [°सार] १ एक राजा (राज)। २ एक शेठ का नाम (उप ७२८ टी)। °सिंह पुं [°सिंह] एक जैन आचार्य, संवेगचूलिकाकुलक कर्त्ता (संवे १२)। °सिंह पुं [°शिख] एक राजा (उप १०३१ टी)। °सेहर पुं [°शेखर] १ एक राजा (रयण ३)। २ विक्रम की पनरहवीं शताब्दी में विद्यमान एक जैन आचार्य और ग्रंथकार (सिरि १३४०)। °ाअर, °ागर पुं [°ाकर] १ रत्न की खान (षड्)। २ समुद्र (पाग्र; सुपा ३७; प्रासू ६७; णाया १, १७—पत्र २२८)। °ाभा स्त्री [°ाभा] देखो °प्पभा (उत्त ३६, १५७)। °ामय देखो °मय (महा; श्रौप) °ायरसुअ पुं [°ाकरसुत] १ चन्द्रमा। २ एक वणिक्-पुत्र (श्रा १६)। °ावलि, °ावली स्त्री [°ावलि, °ावली] १ रत्नों का हार (सम्म २२)। २ तप-विशेष (अंत २५)। ३ ग्रन्थ-विशेष (दे ८, ७७)। ४ एक विद्याधर-राजकन्या (पउम ६, ५२)। °ावह न [°ावह] नगर-विशेष (महा)। °ासव पुं [°ास्रव] रावण का पिता (पउम ७, ५९; ७१) °ासवसुअ पुं [°ास्रवसुत] रावण (पउम ८, २२१)। °ाहिय वि [°ाधिक] ज्येष्ठ, अवस्था में बड़ा (राज)।

रयणप्पभिय वि [रात्नप्रभिक] रत्नप्रभा-संवन्धी (पंच २, ६९)।

रयणा स्त्री [रचना] निर्माण, कृति (उत्त १५, १८; चेइय ८६६; सुपा ३०४; रंभा)।

रयणा स्त्री [रत्ना] रत्नप्रभा नामक नरक-भूमि (पव १७५)।

रयणि पुंस्त्री [रत्नि] एक हाथ की नाप, बद्ध-मुष्टि हाथ का परिमाण (कस; पव ५८; १७६)।

रयणि स्त्री [रजनि] देखो रयणी = रजनी (णाया १, २—पत्र ७९; कप्प)। °अर पुं [°चर] १ राक्षस (से १०, ६६; पाग्र)। °अर, °कर पुं [°कर] चन्द्रमा (हे १, ८ टि; कप्प)। °णाह, °नाह पुं [°नाथ] चन्द्रमा (पाग्र; सुपा ३३)। °भत्त न [°भक्त] रात्रि में खाना (सुपा ४९५)। °रमण पुं [°रमण] चन्द्रमा (सण)। °वल्लह पुं [°वल्लभ] चन्द्रमा (कप्पू)। °विराम पुं [°विराम] प्रातःकाल, सुबह (पाग्र)।

रयणिंद पुं [रजनीन्द्र] चन्द्रमा (सण)।

रयणिद्धय न [दे] कुमुद, कमल (दे ७, ४; षड्)।

रयणी स्त्री [रत्नी] देखो रयणि = रत्नि (ठा १; सम १२; जीवस १७७; जी ३३; श्रौप)।

रयणी स्त्री [रजनी] १ रात्रि, रात (पाग्र; प्रासू १३६; कुमा)। २ ईशानेन्द्र के लोकपाल की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ४ मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। ५ षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना; 'मंगी कोरव्वीया हरी य रयतणी(? यणी) सारकंता य' (ठा ७—पत्र ३९३)। °भोअण न [°भोजन] रात में खाना (श्रा २०)। °सार न [°सार] सुरत, मैथुन (से ३, ४८)। देखो रयणि = रजनि (हे १, ८)।

रयणी स्त्री [रजनी] श्रोषधि-विशेष—१ पिंडदारु। २ हरिद्रा, हलदी (उत्तनि ३)।

रयणुच्चय, **रयणोच्चय** } पुं [रत्नोच्चय] १ मेरु-पर्वत (सुज ५ टी—पत्र ७७; इक)। २ कूट-विशेष (इक)।

रयणोच्चया स्त्री [रत्नोच्चया] वसुगुप्ता नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)।

रयत, **रयद**, **रयय** } न [रजत] १ रूप्य, चाँदी (णाया १, १—पत्र ६६; प्राकृ १२; प्राप्र; पाग्र; उवा; श्रौप)। २ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। ३ हाथी का दाँत। ४ हार, माला। ५ सुवर्ण, सोना। ६ रुधिर, खून। ७ शैल, पर्वत। ८ धवल वर्ण। ९ शिखर-विशेष। १० वि. सफेद वर्णवाला, श्वेत (प्राकृ १२; प्राप्र; हे १; १७७; १८०; २०९)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष (णाया १, १; श्रौप)। °वत्त न [°पात्र]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाँदी का बरतन (गउड)। °मय वि [°मय] चाँदी का बना हुआ (णाया १, १—पत्र ५४; पि ७०)।

रयय पुं [रजक] धोबी (स २८६; पाअ)।

रयवली स्त्री [दे] शिशुत्व, बाल्य (दे ७, ३)।

रयवाडी देखो राय-वाडिआ (सिरि ७५८)।

रयाव सक [रचय्] बनवाना, निर्माण कराना। रयावेइ, रयाविंति, रयावेह (कप्प)। संकृ. रयावेत्ता (कप्प)।

रयाविय वि [रचित] बनवाया हुआ (स ४३५)।

रल्ला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

रल्लि पुंस्त्री [दे] लम्बा मधुर शब्द (माल ६०)।

रव सक [रु] १ कहना, बोलना। २ वध करना। ३ गति करना। ४ अक. रोना। ५ शब्द करना; 'सुद्धं रवति परिसाए' (सूअ १, ४, १, १८), रवइ (हे ४, २३३; संक्षि ३३)। वकृ. रवंत, रवेंत (णाया १, १—पत्र ६५; पिंग; औप)।

रव सक [रावय्] बुलवाना, आह्वान करना। वकृ. रवेंत (औप)।

रव सक [दे] आर्द्र करना। भवि—रवेहिइ (णंदि)।

रव पुं [रव] १ शब्द, आवाज (कप्प; महा; सण; भवि)। २ वि. मधुर शब्दवाला; 'रवं अलसं कलमंजुलं' (पाअ)।

रव (अप) देखो रय = रजस् (भवि)।

रवँण } रवण } (अप) देखो रमण (भवि)।

रवण न [रवण] आवाज करना, 'पचासन्ने य करेणुया सया रवणसीला आसी' (महा)।

रवण्ण } रवन्न } (अप) देखो रम्म = रम्य (हे ४, ४२२; भवि)।

रवय पुं [दे] मन्थान-दण्ड, विलोने की लकड़ी, गुजराती में 'रवैयो' (दे ७, ३)।

रवरव अक [रोरूय्] १ खूब आवाज करना। २ बारंबार आवाज करना। वकृ. रवरवंत (औप)।

रवि वि [रविन्] आवाज करनेवाला (से २, २६)।

रवि न [रवि] १ सूर्य, सूरज (से २, २६; गउड; सण)। २ राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६२)। ३ अर्क वृक्ष, आक का पेड़ (हे १, १७२)। °तेअ पुं [°तेजस्] १ इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ४)। २ राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश (पउम ५, २६५)। °तेया स्त्री [°तेजा] एक विद्या (पउम ७, १४१)। °नंदण पु [°नन्दन] शनि-ग्रह (श्रा १२)। °प्पभ पुं [°प्रभ] वानरद्वीप का एक राजा (पउम ६, ६८)। °भत्ता स्त्री [°भक्ता] एक महौषधि (ती ५)। °भास पुं [°भास] खड्ग-विशेष, सूर्यहास खड्ग (पउम ५५, २६)। °वार पुं [°वार] दिन-विशेष, रविवार (कुप्र ४११)। °सुअ पुं [°सुत] १ शनिश्चर ग्रह (से ८, २८; सुपा ३६)। २ रामचन्द्र का एक सेनापति, सुग्रीव (से १५, ५६)। °हास पुं [°हास] सूर्यहास खड्ग (पउम ५३, २७)।

रविगय न [रविगत] जिसपर सूर्य हो वह नक्षत्र (वव १)।

रविय वि [दे] आर्द्र किया हुआ, भिजाया हुआ (विसे १४५६)।

रव्वारिअ पुं [दे] दूत, संदेश-हारक, 'जेण अवज्झो रव्वारिओ त्ति' (सुपा ४२८)।

रस सक [रस्] चिल्लाना, आवाज करना। रसइ (गा ४३६)। वकृ. रसंत (सुर २, ७४; सुपा २७३)।

रस पुंन [रस] १ जिह्वा का विषय—मधुर, तिक्त आदि; 'एगे रसे', 'एवं गंधाइं रसाइं फासाइं' (ठा १०—पत्र ४७१; प्रासू १७४)। २ स्वभाव, प्रकृति (से ४,३२)। ३ साहित्य-शास्त्र-प्रसिद्ध शृंगार आदि नव रस (उत्त १४, ३२; धर्मवि १३; सिरि ३६)। ४ जल, पानी (से २, २७; धर्मवि १३)। ५ सुख (उत्त १४, ३१)। ६ आसक्ति, दिलचस्पी (सत्त ५३; गउड)। ७ अनुराग, प्रेम (पाअ)। ८ मद्य आदि द्रव पदार्थ (पण्ह १, १; कुमा)। ९ पारद, पारा (निचू १३)। १० भुक्त अन्न का प्रथम परिणाम, शरीरस्थ धातु-विशेष (गउड)। ११ कर्म-विशेष (कम्म २, ३१)। १२ छन्दःशास्त्र-प्रसिद्ध प्रस्तार-विशेष (पिंग)। १३ माधुर्य आदि रसवाला पदार्थ (सम ११; नव २८)। °नाम न [°नामन्] कर्म-विशेष (सम ६७)। °न्न वि [°ज्ञ] रस का जानकार (सुपा २६१)। °भेइ वि [°भेदिन्] रसवाली चीजों का भेल-सेल करनेवाला (पउम ७५, ५२)। °मंत वि [°वत्] रस-युक्त (भग, ठा ५, ३—पत्र ३३३)। °वई स्त्री [°वती] रसोई (सुपा ११)। °ल, °लु वि [°वत्] रसवाला (हे २, १५९; सुख ३, १)। °वण पुं [°पण] मद्य की दूकान (पव ११२)।

रस पुंन [रस] निष्यन्द, निचोड़, सार (दसनि ३, १६)।

रसण न [रसन] जिह्वा, जीभ (पण्ह १, १—पत्र २३; आचा)।

रसणा स्त्री [रसना] १ मेखला, कांची (पाअ; गउड; से १, १८)। २ जिह्वा, जीभ (पाअ)। °ल वि [°वत्] रसनावाला (सुपा ५५६)।

रसद्द न [दे] चुल्ली-मूल, चूल्हे का मूल भाग (दे ७, २)।

रसा स्त्री [रसा] पृथिवी, धरती (हे १, १७७; १८०; कुमा)।

रसाउ पुं [दे. रसायुष्] भ्रमर, भौंरा (दे ७, २; पाअ)।

रसाय पुं [दे] ऊपर देखो (दे ७, २)।

रसायण न [रसायन] वैद्यक-प्रसिद्ध औषध-विशेष (विपा १, ७; प्रासू १६२; भवि)।

रसाल पुं [रसाल] आम्र-वृक्ष, आम का गाछ (सम्मत्त १७३)।

रसाला स्त्री [दे. रसाला] मार्जिता, पेय-विशेष (दे ७, २; पाअ)।

रसालु पुं [दे. रसालु] मज्जिका, राज-योग्य पाक-विशेष—दो पल घी, एक पल मधु, आधा आढक दही, बीस मिरचा तथा दस पल चीनी या गुड़ से बनता पाक (ठा ३, १—पत्र ११८; सुज २० टी; पव २५९)।

रसि देखो रस्सि (प्राकृ २६)।

रसिअ वि [रसिक] १ रसज्ञ, रसिया, शौकीन (से १, ६)। २ रस-युक्त, रसवाला (सुपा २६; २१७; पउम ३१, ४६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसिअ वि [रसित] १ रस-युक्त, रसवाला (पव २)। २ न. शब्द, आवाज (गउड; पराह १, १)।

रसिआ स्त्री [दे. रसिका] १ पूय, पीब, व्रण से निकलता गंदा सफेद खून, गुजराती में 'रसी' (श्रा १२; विपा १, ७; पराह १, १)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

रसिंद पुं [रसेन्द्र] पारद, पारा (जी ३; श्रु १५८)।

रसिग देखो रसिअ = रसिक (पंचा २, ३४)।

रसिर वि [रसितृ] आवाज करनेवाला (सण)।

रसोइ (अप) देखो रस-वई (भवि)।

रस्सि पुंस्त्री [रश्मि] १ किरण, 'भरहं समासियाओ आइच्चं चेव रस्सीओ' (पउम ८०, ६४; पाअ; प्राप्र)। २ रस्सी, रज्जु (प्रासू ११७)।

रह अक [दे] रहना। रहइ, रहए, रहेइ (पिंग; महा; सिरि ८९३), रहसु, रहह (सिरि ३५५; ३५३)।

रह सक [रह्] त्यागना, छोड़ना (कप्पू; पिंग)।

रह पुं [रभस] उत्साह, 'पुणो पुणो ते स-रहं दुहेंति' (सूअ १, ५, १, १८)। देखो रहस = रभस।

रह पुंन [रहस्] १ एकान्त, निर्जन; 'तत्थ रहो त्ति आगच्छं' (कुप्र ८२), 'लहु मे रहं देसु' (सुपा १७४; वज्जा १५२)। २ प्रच्छन्न, गोप्य (ठा ३, ४)।

रह पुंन [रथ] १ यान-विशेष, स्यन्दन; 'धम्मस्स निव्वाणपहे रहाणि' (सत्त १८, पाअ; कुमा)। २ पुं. एक जैन महर्षि (कप्प)। °कार पुं [°कार] रथ-निर्माता, वर्धकि, बढ़ई (सुपा ४४४; कुप्र १०४; उत्र)। °चरिया स्त्री [°चर्या] रथ को हाँकना; 'ईसत्थसत्थरहचरियाकुसलो' (महा)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] उत्सव-विशेष (सुपा ५४१; सुर १६, १९; सिरि ११७५)। °णेउर न [°नूपुर] नगर-विशेष (पउम २८, ७; इक)। °णेउरचक्कवाल न [°नूपुरचक्रवाल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित एक नगर (पउम ५, ६४; इक)। °नेमि पुं [°नेमि] भगवान् नेमिनाथ का भाई (उत्त २२, ३६)। °नेमिज्ज न [°नेमीय] उत्तराध्ययन सूत्र का बाइसवाँ अध्ययन (उत्त २२)। °मुसल पुं [°मुसल] भारतवर्ष की एक प्राचीन लड़ाई, राजा कोणिक और राजा चेटक का संग्राम (भग ७, ९)। °यार देखो °कार (पाअ)। °रेणु पुं [°रेणु] एक नाप, आठ त्रसरेणु का एक परिमाण (इक)। °वीरउर, °वीरपुर न [°वीरपुर] एक नगर (राज; विसे २५५०)।

रहइं अ [रभसा] वेग से (स ७६२)।

रहंग पुंस्त्री [रथाङ्ग] १ चक्रवाक पक्षी, चकवा (पाअ; सुर ३, २४७, कुमा)। स्त्री. °गी (सुपा ४६८; सुर १०, १८५, कुमा)। २ न. चक्र, पहिया (पाअ)।

रहट्ट देखो अरहट्ट (गा ४९०; पि १४२)।

रहण न [दे] रहना, स्थिति, निवास (धर्मवि २१; रयण ६)।

रहण न [रहन] १ त्याग। २ विरति, विराम; 'रसरहणं' (पिंग)।

रहमाण पुं [दे] १ यवन मत का एक तत्त्व-वेत्ता (मोह १००)। २ खुदा, अल्ला, परमेश्वर (ती १५)।

रहस पुं [रभस] १ औत्सुक्य, उत्कण्ठा (कुमा)। २ वेग। ३ हर्ष। ४ पूर्वापर का अविचार (संक्षि ७; गउड)।

रहस देखो रहस्स = रहस्य; 'रहसाभक्खाणे' (उवा, संबोध ४२; सुपा ४५४)।

रहसा अ [रभसा] वेग से (गउड)।

रहस्स वि [रहस्य] १ गुह्य, गोपनीय (पाअ; सुपा ३१८)। २ एकान्त में उत्पन्न, एकान्त का (हे २, २०४)। ३ न. तत्त्व, तात्पर्य, भावार्थ (ओघ ७६०; रंभा १९)। ४ अपवाद-स्थान (बृह ६)।

रहस्स वि [ह्रस्व] १ लघु, छोटा (विपा १, ८—पत्र ८३)। २ एक मात्रावाला स्वर (उत्त २९, ७२)।

रहस्स न [ह्रास्व] १ लाघव, छोटाई। °मंत वि [°वत्] लघु, छोटा (सूअ २, १, १३)।

रहस्सिय वि [राहसिक] प्रच्छन्न, गुप्त (विपा १, १—पत्र ५)।

रहाविअ वि [दे] स्थापित, रखवाया हुआ (हम्मीर १३)।

रहि वि [रथिन्] १ रथ से लड़नेवाला योद्धा (उप ७२८ टी)। २ रथ को हाँकनेवाला (कुप्र २८७; ४६०; धर्मवि १११)।

रहिअ वि [रथिक] ऊपर देखो, 'रहिएहिं महारहिणो' (उप ७२८ टी; पराह २, ४—पत्र १३०; धर्मवि २०)।

रहिअ वि [रहित] परित्यक्त, वर्जित, शून्य (उवा, दं ३२)।

रहिअ वि [रहित] एकाकी, अकेला (वव १)।

रहिअ वि [दे] रहा हुआ, स्थित (धर्मवि २२)।

रहु पुं [रघु] १ सूर्य वंश का एक स्वनाम-ख्यात राजा (उत्तर ५०)। २ पुं. ब. रघु-वंश में उत्पन्न क्षत्रिय (से ४, १६)। ३ पुं. श्रीरामचन्द्र; 'ताहे कयंतसरिसी देइ रहु रिवुबले दिट्ठी' (पउम ११३, २१)। ४ कालिदास-प्रणीत एक संस्कृत काव्य-ग्रन्थ (गउड)। °आर पुं [°कार] रघुवंश नामक संस्कृत काव्य-ग्रन्थ का कर्त्ता, कवि कालिदास (गउड)। °णाह पुं [°नाथ] १ श्रीरामचन्द्र (से १४, १६; पउम ११३, ५५)। २ लक्ष्मण (से १४, ६२)। °तणय पुं [°तनय] वही अर्थ (से २, १; १४, २६)। °तिलय पुं [°तिलक] श्रीरामचन्द्र (सुपा २०४)। °त्तम पुं [°उत्तम] वही अर्थ (पउम १०२, १७९)। °पुंगव पुं [°पुङ्गव] वही (से ३, ५; हे २, १८८; ३, ७०)। °सुअ पुं [°सुत] वही (से ५, १६)।

रहो° देखो रह = रहस् (कप्प; औप)। °कम्म न [°कर्मन्] एकान्त-व्यापार (ठा ६—पत्र ४६०)।

रा सक [रा] देना, दान करना। राइ (धात्वा १४९)।

रा अक [रै] शब्द करना, आवाज करना। राइ (प्राकृ ६६)।

रा अक [ली] श्लेष करना, चिपकना। राइ (षड्)।

राअला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राइ देखो रत्ति (हे २, ८८; काप्र १८९; महा; षड्)। २ चमरेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ३ ईशानेन्द्र के सोम लोकपाल की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। °भत्त न [°भक्त] रात्रि-भोजन, रात में खाना (सुपा ४८५)। °भोअण न [°भोजन] वही अर्थ (सम ३९; कस)। देखो राई = रात्रि।

राइ स्त्री [राजि] पंक्ति, श्रेणी (पाअ; औप)। २ रेखा, लकीर (कम्म १, १९, सुपा १९७)। ३ राई, राज-सर्षप, एक प्रकार का मसाला (दे ६, ८८)।

राइ वि [रागिन्] राग-युक्त, रागवाला (दसा ६)। स्त्री. °णी (महा)।

राइ वि [राजिन्] शोभनेवाला (निचू १६)।

राइ° देखो राय = राजन् (हे २, १४८; ३, ५२; ५३; कुमा)।

राइअ वि [राजित] शोभित (से १, ५६; कुमा, ६, ६३)।

राइअ वि [रात्रिक] रात्रि-सम्बन्धी (उत्त २६, ४६; औप; पडि)।

राइआ स्त्री [राजिका] राई का गाछ, 'गोलाणईअ कच्छे चक्खंतो राइआइ पत्ताइं' (गा १७१ अ)। देखो राइगा।

राइंद पुं [राजेन्द्र] बड़ा राजा (कुमा)।

राइंदिअ पुं [रात्रिन्दिव] रात-दिन, अहोरात्र (भग; आचा; कप्प; पव ७८; सम २१)।

राइक्क वि [राजकीय] राज-सम्बन्धी (हे २, १४८; कुमा)।

राइगा स्त्री [राजिका] राई, राज-सरसों (कुप्र ४५)।

राइणिअ वि [रात्निक] १ चारित्रवाला, संयमी (पंचा १२, ६)। २ पर्याय से ज्येष्ठ, साधुत्व-प्राप्ति की अवस्था से बड़ा (सम ३७; ५८; कप्प)।

राइणिअ वि [राजकल्प] राजा के समान वैभववाला, श्रीमन्त (सूअ १, २, ३, ३)।

राइण्ण } राइन्न } पुं [राजन्य] राजवंशीय, क्षत्रिय (सम १५१; कप्प; औप; भग)।

राइलेऊण संकृ. चीरकर (नंदीटिप्पनक ग्रंथिम पादलिप्तकथा वैनयिकी बुद्धि विषयक)।

राइल्ल वि [रागिन्] राग-युक्त (देवेन्द्र २७८)।

राई स्त्री [राजी] देखो राइ = राजि (गउड; सुपा ३४; प्रासू ६२; पव २५९)।

राई स्त्री [रात्रि] देखो राइ = रात्रि (पाअ; णाया २—पत्र १५०; औप; सुपा ४६१; कस)। °दिवस न [°दिवस] रात्रिदिवस, अहर्निश (सुपा १२७)।

राईमई स्त्री [राजीमती] राजा उग्रसेन की पुत्री और भगवान् नेमिनाथ की पत्नी (पडि)।

राईव न [राजीव] कमल, पद्म (पाअ; हे १, १८०)।

राईसर पुं [राजेश्वर] १ राजाओं के मालिक, महाराज। २ युवराज (औप; उवा; कप्प)।

राउत्त पुं [राजपुत्र] राजपूत, क्षत्रिय (प्राकृ ३०)।

राउल पुं [राजकुल] १ राजाओं का यूथ, राज-समूह (कुमा; हे १, २६७; प्राप्र)। २ राजा का वंश (षड्)। ३ राज-गृह, दरबार; 'एं ईदिसस्स राउलस्स दूरेण पणामो कीरदि, जत्थ बंभणावि एवं विडंबिज्जंति' (मोह ११)। देखो राओल।

राउलिय वि [राजकुलिक] राजकुल-सम्बन्धी (सुख २, [illegible])।

राउल्ल देखो राइक्क (प्राकृ ३५)।

राएसि पुं [राजर्षि] १ श्रेष्ठ राजा। २ ऋषि-तुल्य राजा, संयतात्मा भूपति (अभि ३९; विक्र ६८; मोह ३)।

राओ अ [रात्रौ] रात में (णाया १, १—पत्र ६१; सुपा ४६७; कप्प)।

राओल देखो राउल;

'तो किंपि धणं सयणेहिं
विलसियं किंपि वाणिपुत्तेहिं।
किंपि गयं राओले एस
अपुत्तत्ति भणिऊण॥
(धर्मवि १४०)।

राग देखो राय = राग (कप्प; सुपा २४१)।

रागि देखो राइ = रागिन् (पउम ११७, ४१)।

राघव देखो राहव। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] सीता, जानकी (पउम ४६, ५७)।

राच } राचि° } [चूपै. पै] देखो राय = राजन् (हे ४, ३२५; ३०४; प्राप्र)।

राज देखो राय = राजन् (हे ४, २६७; पि १६८)।

राजस वि [राजस] रजो-गुण-प्रधान, 'राज-सचित्तस्स पुरस्स' (कुप्र ४२८)।

राडि स्त्री [राटि] बूम, चिल्लाहट (सुख २, १५)।

राडि स्त्री [दे. राटि] संग्राम, लड़ाई (दे ७, ४)।

राढा स्त्री [राढा] १ विभूषा (धर्मसं १०१८; कप्पू)। २ भव्यता (वज्जा १८)। ३ बंगाल का एक प्रान्त। ४ बंगाल देश का एक नगरी (कप्पू)। °इत्त वि [°वत्] भव्य आत्मा; 'गंजणरहिओ धम्मो राढाइत्ताण संपडइ' (वज्जा १८)। °मणि पुं [°मणि] काच-मणि (उत्त २०, ४२)।

राग सक [वि + नम्] विशेष नमना। राणइ (?) (धात्वा १४९)।

राण पुं [राजन्] राणा, राजा (चंड; सिरि ११४)।

राणय पुं [राजक] १ राणा, राजा (ती १५; सिरि १२३; १२५)। २ छोटा राजा (सिरि ९९६; १०४०)।

राणिआ } राणी } स्त्री [राज्ञिका, °ज्ञी] रानी, राज-पत्नी (कुमा ३; श्रावक ९३ टी; सिरि १२५; २६७)।

राम सक [रमय्] रमण कराना। कृ. रामेयव्व (भत्त ८५)।

राम पुं [राम] १ श्री रामचन्द्र, राजा दशरथ का बड़ा पुत्र (गा ३५; उप पृ ३७५; कुमा)। २ परशुराम (कुमा १, ३१)। ३ क्षत्रिय परिव्राजक-विशेष (औप)। ४ बलदेव, बलभद्र, वासुदेव का बड़ा भाई (पाअ)। ५ वि. रमने-वाला (उप पृ ३७५)। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (राज)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष (पउम ४०, १६)। °गुत्त पुं [°गुप्त] एक राजर्षि (सूअ १, ३, ४, २)। °देव पुं [°देव] श्रीरामचन्द्र (पउम ४५, २६)। °पुत्त पुं [°पुत्र] एक जैन मुनि (अनु २)। °पुरी स्त्री [°पुरी] अयोध्या नगरी (ती ११)। °रक्खिआ स्त्री [रक्षिता]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६; इक)।

रामणिज्जअ न [रामणीयक] रमणीयता, सौन्दर्य (विक्र २८)।

रामा स्त्री [रामा] १ स्त्री, महिला, नारी (तंदु ५०; कुमा; पात्र; वजा १०६; उप ३५७ टी)। २ नववें जिनदेव की माता (सम १५१)। ३ ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६; इक)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)।

रामायण न [रामायण] १ वाल्मीकि-कृत एक संस्कृत काव्यग्रन्थ (पउम २, ११६; महा)। २ रामचन्द्र तथा रावण की लड़ाई (पउम १०५, १६)।

रामिअ वि [रमित] रमण कराया हुआ (गा ५६; पउम ८०, १६)।

रामेसर पुं [रामेश्वर] दक्षिण भारत का एक हिन्दू-तीर्थ (सम्मत्त ८४)।

राय अक [राज्] चमकना, शोभना। रायइ (हे ४, १००)। वकृ. **राय°, रायमाण** (कप्प)।

राय देखो **रा** = रै। राअइ (प्राकृ ६६)।

राय पुं [राग] १ प्रेम, प्रीति (प्रासू १८०)। २ मत्सर, द्वेष; 'न पेमराइल्ला' (देवेन्द्र २७८)। ३ रँगना, रंजन। ४ वर्णन। ५ अनुराग। ६ राजा, नरपति। ७ चन्द्र, चाँद। ८ लाल वर्ण। ९ लाल रँगवाली वस्तु। १० वसन्त आदि स्वर (हे १, ६८)।

राय पुं [राजन्] १ राजा, नर-पति, नरेश (आचा; उवा; श्रा २७; सुपा १०३)। २ चन्द्र, चन्द्रमा (श्रा २७, हम्मीर ३; धर्मवि ३)। ३ एक महाग्रह (सुज २०)। ४ इन्द्र। ५ क्षत्रिय। ६ यक्ष। ७ शुचि, पवित्र। ८ श्रेष्ठ, उत्तम (हे ३, ४९; ५०)। ९ इच्छा, अभिलाषा (से १, ६)। १० छन्द-विशेष (पिंग)। °**इअ** वि [°कीय] राज-संबन्धी (प्राकृ ३५)। °**उत्त** पुं [°पुत्र] राज-पुत, राजकुमार (सुर ३; १६५)। °**उल** देखो राउल (हे १, २६७; कुमा; षड्; प्राप्र; अभि १८४)। °**कीअ** देखो °**ईअ** (नाट—शकु १०४)। °**कुल** देखो °**उल** (महा)। °**केर, °क्क** वि [°कीय] राज-संबन्धी (हे २, १४८; कुमा; षड्)। °**गिह** न [°गृह] मगध देश की प्राचीन राजधानी, जो आजकल 'राजगीर' नाम से प्रसिद्ध है (ठा १०—पत्र ४७७; उवा; अंत)। °**गिहि** स्त्री [°गृही] वही अर्थ (ती ३)। °**चंपय** पुं [°चम्पक] वृक्ष-विशेष, उत्तम चम्पक-वृक्ष (श्रा १२)। °**धम्म** पुं [°धर्म] राजा का कर्तव्य (नाट—उत्तर ४१)। °**धाणी** स्त्री [°धानी] राज-नगर, राजा का मुख्य नगर, जहां राजा रहता हो (नाट—चैत १३२)। °**पत्ती** स्त्री [°पत्नी] रानी (सुर १३, ५; सुपा ३७५)। °**पसेणीय** वि [°प्रश्नीय] एक जैन आगम-ग्रन्थ (राय)। °**पह** पुं [°पथ] राज-मार्ग (महा; नाट—चैत १३०)। °**पिंड** पुं [°पिण्ड] राजा के घर की भिक्षा—आहार (सम ३९)। °**पुत्त** देखो °**उत्त** (गउड)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (पउम १,८)। °**पुरिस** पुं [°पुरुष] राजा का आदमी, राज-कर्मचारी (पउम २८, ४)। °**मग्ग** पुं [°मार्ग] राजपथ, सड़क (औप; महा)। °**मास** पुं [°माष] धान्य-विशेष, बरबटी (श्रा १८, संबोध ४३)। °**राय** पुं [°राज] राजाओं का राजा, राजेश्वर (सुपा १०७)। °**रिसि** देखो राएसि (णाया १, ५—पत्र १११; उप ७२८ टी; कुमा; सण)। °**रुक्ख** पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष (औप)। °**लच्छी** स्त्री [°लक्ष्मी] राज-वैभव (अभि १३१; महा)। °**ललिय** पुं [°ललित] आठवें बलदेव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५३)। °**वट्टय** न [°वार्तक] राज-संबंधी वार्त्ता-समूह (हे २, ३०)। °**वल्ली** स्त्री [°वल्ली] लता-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)। °**वाडिआ, °वाडी** स्त्री [°पाटिका, °पाटी] चतुरंग सैन्य-श्रम-करण, राजा की चतुर्विध सेना के साथ सवारी (कुमा; कुप्र ११६; १२०; सुपा २२२)। °**सद्दूल** पुं [°शार्दूल] चक्रवर्ती राजा, श्रेष्ठ राजा (सम १५२)। °**सिट्ठि** पुं [°श्रेष्ठिन्] नगर-सेठ (भवि)। °**सिरी** स्त्री [°श्री] राज-लक्ष्मी (से १, १३)। °**सुअ** पुं [°सुत] राजकुमार (कप्पू; उप ७२८ टी)। °**सुअ** पुं [°शुक] उत्तम तोता (उप ७२८ टी)। °**सुअ** पुं [°सूय] यज्ञ-विशेष; 'पिइमे-हमाइमेहे रायसुए आसमेहपसुमेहे' (पउम ११, ४२)। °**सेण** पुं [°सेन] छन्द-विशेष (पिंग)। °**सेहर** पुं [°शेखर] १ महादेव, शिव। २ एक राजा (सुपा ५२९)। ३ एक कवि, कर्पूरमंजरी का कर्त्ता (कप्पू)। °**हंस** पुंस्त्री [°हंस] १ उत्तम हंस पक्षी। २ श्रेष्ठ राजा (सुर १२, ३४; गा ६२४; गउड; सुपा १३६; रंभा; भवि)। स्त्री. °**सी** (सुपा ३३४, नाट—रत्ना २३)। °**हर** न [°गृह] राजा का महल (पउम ८२, ८९; हे २, १४४)। °**हाणी** देखो °**धाणी**; (सम ८०, पउम २०, ८)। °**हिराय, °ाहिराय** पुं [°अधिराज] राजाओं का राजा, चक्रवर्त्ती राजा (काल; सुपा १०५)। °**ाहिव** पुं [°ाधिप] वही अर्थ (सुपा १०५)।

राय देखो **राव** = राव (से ६, ७२)।

राय पुं [दे] चटक, गौरैया पक्षी (दे ७, ४)।

राय पुं [रात्र] रात्रि, रात (आचा)।

राय° देखो **राय** = राज्।

रायंब्रुअ, रायंबु पुंन [दे] १ वेतस या बेंत का पेड़ (पाअ; दे ७, १४)। २ पुं. शरभ (दे ७, १४)।

रायंस पुं [राजांस] राज-यक्ष्मा, क्षय का व्याधि (आचा)।

रायंसि वि [राजांसिन्] राजयक्ष्मावाला, क्षय का रोगी (आचा)।

रायगइ स्त्री [दे] जलौका, जोंक (दे ७, ५)।

रायग्गल पुं [राजार्गल] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)।

रायणिअ देखो **राइणिअ** = रात्निक (उव; ओघभा २२३)।

रायणी स्त्री [राजादनी] खिन्नी, खिरनी का पेड़ (पउम ५३, ७९)।

रायण्ण देखो **राइण्ण** (ठा ३, १—पत्र ११४; उप ३५६ टी)।

रायनीइ स्त्री [राजनीति] राजा की शासन करने की रीति (राय ११७)।

रायमइया स्त्री [राजीमतिका] देखो **राई-मई** (कुप्र १)।

रायस देखो **राजस** (स ३; से ३, १५)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रायाण देखो राय = राजन्; (हे ३, ५६; षड्)।

राल, रालग, रालय पुंन [राल, °क] धान्य-विशेष, एक प्रकार की कंगु (सूत्र २, २, ११; ठा ७—पत्र ४०५; पिंड १६२; वज्जा ३४)।

राला स्त्री [दे] प्रियंगु, मालकाँगनी (दे ७, १)।

राव सक [दे] आर्द्र करना। भवि. रावेहिति (विसे २४९ टी)।

राव देखो रंज = रञ्जय्। रावेइ (हे ४, ४९)। हेकृ. राविउं (कुमा)।

राव सक [रावय्] पुकारना, आह्वान करना। वकृ. रावेंत (औप)।

राव पुं [राव] १ रोला, कलकल (पात्र)। २ पुकार, आवाज (सुपा ३४८; कुमा)।

रावण पुं [रावण] १ एक स्वनाम-प्रसिद्ध लंका-पति (पि ३६०)। २ गुल्म-विशेष (पण्ण १—पत्र १२)।

राविअ वि [रञ्जित] रँगा हुआ (दे ७, ५)।

राविअ वि [दे] आस्वादित (दे ७, ५)।

रास, रासग पुं [रास, °क] एक प्रकार का नृत्य, जिसमें एक दूसरे का हाथ पकड़कर नाचते-नाचते और गान करते-करते मंडलाकार फिरना होता है (दे २, ३८; पात्र; वज्जा १२२; सम्मत्त १४१; धर्मवि ८१)।

रासभ देखो रासह (सुर २, १०२)।

रासय देखो रासग (सुर १, ४९; सुपा ५०; ४३३)।

रासह पुंस्त्री [रासभ] गर्दभ, गदहा (पात्र; प्राप्र; रंभा)। स्त्री. °ही (काल)।

रासाणंदिअय न [रासानन्दितक] छन्द-विशेष (अजि १२)।

रासालुद्धय पुं [रासालुब्धक] छन्द-विशेष (अजि १०)।

रासि देखो रस्सि (संक्षि १७)।

रासि पुंस्त्री [राशि] १ समूह, ढग, ढेर (ओघ ४०७; औप; सुर २, ५; कुमा)। २ ज्योतिष्क-प्रसिद्ध मेष आदि बारह राशि (विचार १०६)। ३ गणित-विशेष (ठा ४, ३)।

राह पुं [राध] १ वैशाख मास। २ वसन्त ऋतु (से १, १३)। ३ एक जैन आचार्य (उप २८५; सुख २, १५)।

राह पुं [दे] १ दयित, प्रिय। २ वि. निरन्तर। ३ शोभित। ४ सनाथ। ५ पलित, सफेद केशवाला (दे ७, १३)। ६ रुचिर, सुन्दर (पात्र)।

राहअ, राहव पुं [राघव] १ रघुवंश में उत्पन्न (उत्तर २०)। २ श्रीरामचन्द्र (से १२, २२; १, १३; ४७)।

राहा स्त्री [राधा] १ वृन्दावन की एक प्रधान गोपी, श्रीकृष्ण की पत्नी (वज्जा १२२; पिंग)। २ राधावेध में रखी जाती पुतली (उप पृ १३०)। ३ शक्ति-विशेष। ४ कर्ण का पालन करनेवाली माता (प्राकृ ४२)। °मंडव पुं [°मण्डप] जहाँ पर राधावेध किया जाय वह स्थान (सुपा २६९)। °वेह पुं [°वेध] एक तरह की वेध-क्रिया, जिसमें चक्राकार घूमती पुतली की वाम चक्षु बींधी जाती है (उप ९३५; सुपा २५५)।

राहिआ, राही स्त्री [राधिका] ऊपर देखो (गा ८९; हे ४, ४४२; प्राकृ ४२)।

राहु पुं [राहु] १ ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८; पात्र)। २ कृष्ण पुद्गल-विशेष (सुज्ज २०)। ३ विक्रम की पहली शताब्दी के एक जैन आचार्य (पउम ११८, ११७)।

राहुहय न [राहुहत] जिसमें सूर्य और चन्द्र का ग्रहण हो वह नक्षत्र (वव १)।

राहेअ पुं [राधेय] राधा-पुत्र, कर्ण (गउड)।

रि अ [रे] संभाषण-सूचक अव्यय (तंदु ५०; ५२ टी)।

रि सक [ऋ] गमन करना। कर्म. अज्जए (विसे १३६९)।

रिअ सक [री] गमन करना। रियइ, रियंति, रिए (सूत्र २, २, २०; सुपा ४४५; उत्त २४, ४)। वकृ. रियंत (पउम २८, ४)।

रिअ सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, पैठना। रिअइ (हे ४, १८३; कुमा)।

रिअ न [ऋत] १ गमन, 'पुरओ रियं सोहमाणे' (भग)। २ सत्य (भग ८, ७)।

रिअ वि [दे] लून, काटा हुआ (षड्)।

रिउ देखो उउ (हे १, १४१; कुमा; पव १४१)।

रिउ वि [ऋजु] १ सरल, सीधा (सुपा ३४६)। २ न. विशेष पदार्थ, सामान्य-भिन्न वस्तु (पव २७०)। °सुत्त पुं [°सूत्र] नय-विशेष (विसे २२३१; २६०८)। देखो उज्जु।

रिउ पुं [रिपु] शत्रु, वैरी, दुश्मन (सुर २, ६९; कुमा)। °महण पुं [°मथन] राक्षस-वंश का एक राजा (पउम ५, २६३)।

रिउ स्त्री [ऋच्] वेद का नियत अक्षर-पादवाला अंश। °व्वेय पुं [°वेद] एक वेद-ग्रंथ (णाया १, ५; कप्प)।

रिंखण न [रिङ्खण] सर्पण, गति, चाल (पउम २५, १२)।

रिंखि वि [रिङ्खिन्] चलनेवाला, 'गिद्धावरिंखि हद्दन्नए (?गिद्धु व्व रिंखो हदन्नए)' (पिंड ४७१)।

रिंग देखो रिग। रिंगइ, रिंगए (हे ४, २५९ टि; षड्; पिंग)। वकृ. रिंगत (हास्य १४६)।

रिंगण न [रिङ्गण] चलना, सर्पण (पव २)।

रिंगणी स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कण्टकारिका, गुजराती में 'रिंगणी' (दे २, ४; उर २, ८)।

रिंगिअ न [दे] भ्रमण (दे ७, ६)।

रिंगिअ न [रिङ्गित] १ रेंगना, कच्छप की तरह हाथ के बल चलना। २ गुरु-वन्दन का एक दोष (गुभा २४)।

रिंगिसिया स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राज)।

रिंछ (अप) देखो रिच्छ = ऋक्ष (भवि)।

रिंछोली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणी (दे ७, ७; सुर ३, ३१; विसे १४३९ टी; पात्र; चेइय ४४; सम्मत्त १८८; धर्मवि ३७; भवि)।

रिंडी स्त्री [दे] कन्थाप्राया, कन्था की तरह का फटा-टूटा आच्छादन-वस्त्र (दे ७, ५)।

रिक्क वि [दे] स्तोक, थोड़ा (दे ७, ६)।

रिक्क देखो रित्त = रिक्त (आचा; पात्र; पउम ८, ११८; सुपा ४२२; चउ ३९)।

रिक्किअ वि [दे] शटित, सड़ा हुआ (दे ७, ७)।

रिक्ख अक [रिङ्ख्] चलना। वकृ. 'गिरिव्व अच्छिन्नपक्खो अंतरिक्खे रिक्खंतो लक्खिज्जइ' (कुप्र ६७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रिक्ख वि [दे] १ वृद्ध, बूढ़ा। २ पुं. वयः-परिणाम, वृद्धता (दे ७, ६)।

रिक्ख पुं [ऋक्ष] १ भालू, श्वापद प्राणि-विशेष (हे २, १९)। २ न. नक्षत्र (पाअ; सुर ३, २६; ८, ११९)। °पह पुं [°पथ] आकाश (सुर ११, १७१)। °राय पुं [°राज] वानर-वंश का एक राजा (पउम ८, २३४)।

रिक्खण न [दे] १ उपलम्भ, अधिगम। २ कथन (दे ७, १४)।

रिक्खा देखो रेहा = रेखा (ओघ १७९)।

रिग } अक [रिङ्ग्] १ रेंगना, धीरे-धीरे
रिग्ग } और जमीन से रगड़ खाते हुए चलना। २ प्रवेश करना। रिगइ, रिग्गइ (हे ४, २५९; टि)।

रिग्ग पुं [दे] प्रवेश (दे ७, ५)।

रिच स्त्रीन. देखो रिउ = ऋच् (पि ५६; ३१८)। स्त्री. °चा (नाट—रत्ना ३८)।

रिच्छ वि [दे] वृद्ध, बूढ़ा (दे ७, ६)।

रिच्छ देखो रिक्ख = ऋक्ष (हे १, १४०; २, १९; पाअ)। °ाहिव पुं [°ाधिप] जाम्बवान्, राम का एक सेनापति (से ४, १८; ४५)।

रिच्छभल्ल पुं [दे] भालू, रीछ (दे ७, ७)।

रिजु देखो रिउ = ऋच् (भग)।

रिजु देखो रिउ = ऋजु (विसे ७८४)।

रिज्ज देखो रिअ = री। रिज्जइ (आचा)।

रिज्जु देखो रिउ = ऋजु (हे १, १४१; संक्षि १७; कुमा)।

रिज्झ अक [ऋध्] १ बढ़ना। २ रीझना, खुशी होना। रिज्झइ (भवि)।

रिट्ठ पुं [दे. अरिष्ट] १ अरिष्ट, दुरित (षड्; पि १४२)। २ दैत्य-विशेष (षड्; से १, ३)। ३ काक, कौआ (दे ७, ६; णाया १, १—पत्र ६३; षड्; पाअ)। °नेमि पुं [°नेमि] बाईसवें जिनदेव (पि १४२)।

रिट्ठ पुं [रिष्ट] १ देव-विशेष, रिष्ट नामक विमान का निवासी देव (णाया १, ८—पत्र १५१। २ वेलम्ब और प्रभञ्जन नामक इन्द्रों के लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। ३ एक दृप्त साँढ, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। ४ पक्षि-विशेष (पउम ७, १७)। ५ न. रत्न-विशेष (चेइय ६१५; औप; णाया १, १ टी)। ६ एक देव-विमान (सम ३५)। ७ पुंन. फल-विशेष, रीठा (उत्त ३४, ४; सुख ३४, ४)। °पुरी स्त्री [°पुरी] कच्छावती-विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °मणि पुं [°मणि] श्याम रत्न-विशेष (सिरि ११६०)।

रिट्ठा स्त्री [रिष्टा] १ महाकच्छ विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। २ पाँचवीं नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८)। ३ मदिरा, दारू (राज)।

रिट्ठाभ न [रिष्टाभ] १ एक देव-विमान (सम १४)। २ लोकान्तिक देवों का एक विमान (पव २६७)।

रिट्ठि स्त्री [रिष्टि] १ खड्ग, तलवार (दे ७, ६)। २ अशुभ। ३ पुं. रन्ध्र, विवर (संक्षि ३)।

रिड सक [मण्डय्] विभूषित करना। रिडइ (षड्)।

रिण न [ऋण] १ करजा या कर्ज, उधार लिया हुआ धन (गा ११३; कुमा; प्रासू ७७)। २ जल, पानी। ३ दुर्ग, किला। ४ दुर्ग भूमि। ५ आवश्यक कार्य, फरज। ६ कर्म (हे १, १४१; प्राप्र)। देखो अण = ऋण।

रिणिअ वि [ऋणित] करजदार, अधमर्ण (कुप्र ४३६)।

रिते अ [ऋते] सिवाय, बिना (पिंड ३७०)।

रित्त वि [रिक्त] १ खाली, शून्य (से ७, ११; गा ४९०; धर्मवि ६; ओघभा १६६)। २ न. विरेक, अभाव (उत्त २८, ३३)।

रित्तूडिअ वि [दे] शातित, झड़वाया हुआ (दे ७, ८)।

रित्थ न [रिक्थ] धन, द्रव्य (उप ५२०; पाअ; स ६०; सुख ४, ६; महा)।

रिद्ध वि [ऋद्ध] ऋद्धि-संपन्न (णाया १, १; उवा; औप)।

रिद्ध वि [दे] पक्व, पक्का (दे ७, ६)।

रिद्धि पुंस्त्री [दे] समूह, राशि (दे ७, ६)।

रिद्धि स्त्री [ऋद्धि] १ संपत्ति, समृद्धि, वैभव (पाअ; विपा २, १; कुमा; सुर २, १९८; प्रासू १२; ६२)। २ वृद्धि। ३ देव-विशेष। ४ ओषधि-विशेष (हे १, १२८; २, ४१; पंचा ८)। ५ छन्द-विशेष (पिंग)। °म, °ल्ल वि [°मत्] समृद्ध, ऋद्धि-सम्पन्न (ओघ ६८४; पउम ५, ५६; सुर २, ६८; सुपा २२३)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक वणिक्-कन्या (उप ७२८ टी)।

रिपु देखो रिवु (कप्प)।

रिप्प न [दे] पृष्ठ, पीठ (दे ७, ५)।

रिभिय न [रिभित] १ एक प्रकार का नाट्य (ठा ४, ४—पत्र २८५)। २ स्वर का घोलन। ३ वि. स्वर-घोलना से युक्त (राज; णाया १, १—पत्र १३)।

रिमिण वि [दे] रोने की आदतवाला (दे ७, ७; षड्)।

रिरंसा स्त्री [रिरंसा] रमण की चाह, मैथुनेच्छा (अज्झ ७९)।

रिरिअ वि [दे] लीन (दे ७, ७)।

रिल्ल अक [दे] शोभना। वकृ. रिल्लंत (भवि)।

रिवु देखो रिउ = रिपु (पउम १२, ४१; ४४, ५०; स १३८; उप पृ ३२१)।

रिसभ } पुं [ऋषभ] १ स्वर-विशेष (ठा
रिसह } ७—पत्र ३९३)। २ अहोरात्र का अठाइसवाँ मुहूर्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३)। ३ संहत अस्थि-द्वय के ऊपर का वलयाकार वेष्टन-पट्ट; 'रिसहो य होइ पट्टो' (जीवस ४९)। देखो उसभ (औप; हे १, १४१; सम १४९; कम्म २, १९; सुपा २६०)।

°रिसह पुं [°ऋषभ] श्रेष्ठ, उत्तम (कुमा)।

रिसि पुं [ऋषि] मुनि, संत, साधु (औप; कुमा; सुपा ३१; अवि १०१; उप ७६८ टी)। °घाय पुं [°घात] मुनि-हत्या (उप ४६६)।

रिह सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, पैठना। रिहइ (षड्)।

री } अक [री] जाना, चलना। रीयइ,
रीअ } रीयए, रीयंते, रीइज्जा (आचा; सूअ १, २, २, ५; उत्त २४, ७)। भूका. रीइत्था (आचा)। वकृ. रीयंत, रीयमाण (आचा)।

रीइ स्त्री [रीति] प्रकार, ढंग, पद्धति; 'तं जणं विडंबंति निच्चं नवनवरीईइ' (धर्मवि ३२; कप्पू)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रीड सक [मण्डय्] अलंकृत करना। रीडइ (हे ४, ११५)।

रीडण न [मण्डन] अलंकरण (कुमा)।

रीढ स्त्रीन [दे] अवगणन, अनादर (दे ७, ८)। स्त्री. °ढा (पाअ; धम्म ११ टी; पंचा २, ८; बृह १)।

रीण वि [रीण] १ क्षरित, स्नुत। २ पीडित (भत्त २)।

रीर अक [राज्] शोभना, चमकना, दीपना। रीरइ (हे ४, १००)।

रीरिअ वि [राजित] शोभित (कुमा)।

रीरी स्त्री [रीरी] धातु-विशेष, पीतल (कुप्र ११; सुपा १४२)।

रु स्त्री [रुज्] रोग, बीमारी; 'अरु (? रु) उवसग्गो' (तंदु ४६)।

रुअ अक [रुद्] रोना। रुअइ (षड्; संक्षि ३६; प्राकृ ६८; महा)। भवि. रोच्छं (हे ३, १७१)। वकृ. रुअ°, रुअंत, रुयमाण (गा २१६; ३७६; ४००; सुर २, ६६; ११२; ४, १२६)। संकृ. रोत्तूण (कुमा; प्राकृ ३४)। हेकृ. रोत्तुं (प्राकृ ३४)। कृ. रोत्तव्व (हे ४, २१२; से ११, ६२)। प्रयो. रुयावेइ (महा), रुआवंति (पुप्फ ४४७)।

रुअ न [रुत] शब्द, आवाज (से १, २८; णाया १, १३; पव ७३ टी)।

रुअ देखो रूअ = रूप (इक)।

रुअ देखो रूअ = (दे) (औप)।

रुअंती स्त्री [रुदती] वल्ली-विशेष (संबोध ४७)।

रुअंस देखो रूअंस (इक)।

रुअग पुं [रुचक] १ कान्ति, प्रभा (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप)। २ पर्वत-विशेष; 'नगुत्तमो होइ पव्वओ रुयगो' (दीव)। ३ द्वीप-विशेष (दीव)। ४ एक समुद्र (सुज १६)। ५ एक विमानावास—देव-विमान (देवेन्द्र १३२)। ६ न. इन्द्रों का एक आभाव्य विमान (देवेन्द्र २६३)। ७ रत्न-विशेष (उत्त ३६, ७६, सुख ३६, ७६)। ८ रुचक पर्वत का पाँचवाँ कूट (दीव)। ९ निषध पर्वत का आठवाँ कूट (इक)। °प्पभ न [°प्रभ] महाहिमवंत पर्वत का एक कूट (ठा २, ३)। °वर पुं [°वर] १ द्वीप-विशेष (सुज १६)। २ पर्वत-विशेष (पण्ह २, ४—पत्र १३०)। ३ समुद्र-विशेष। ४ रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३—पत्र ३६७)। °वरभद्द पुं [°वरभद्र] रुचकवर द्वीप का अधिष्ठायक एक देव (जीव ३—पत्र ३६६)। °वरमहाभद्द पुं [°वर-महाभद्र] वही अर्थ (जीव ३)। °वरमहावर पुं [°वरमहावर] रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वरावभास पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °वरावभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] रुचकवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वरावभास-महाभद्द पुं [°वरारभासमहाभद्र] वही अर्थ (जीव ३)। °वरावभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] रुचकवरावभास नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वरावभासवर पुं [°वरावभासवर] वही अर्थ (जीव ३—पत्र ३६७)। °वरोद पुं [°वरोद] समुद्र-विशेष (सुज १६)। °वरोभास देखो °वरावभास (सुज १६)। °वई स्त्री [°वती] एक इन्द्राणी (णाया २—पत्र २५२)। °ोद पुं [°ोद] समुद्र-विशेष (जीव ३—पत्र ३६६)।

रुअगिंद पुं [रुचकेन्द्र] पर्वत-विशेष (सम ३३)।

रुअगुत्तम न [रुचकोत्तम] कूट-विशेष (इक)।

रुअण न [रोदन] रुदन, रोना (संबोध ४)।

रुअय देखो रुअग (सम ६२)।

रुअरुइआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा (दे ७, ८)।

रुआ स्त्री [रुज्] रोग, बीमारी (उव, धर्मसं ५६८)।

रुआविअ वि [रोदित] रुलाया हुआ (गा ३८६)।

रुइ स्त्री [रुचि] १ कान्ति, प्रभा, तेज (सुर ७, ४; कुमा)। २ अनुराग, प्रेम (जो ५१)। ३ आसक्ति (प्रासु १६६)। ४ स्पृहा, अभि-लाष। ५ शोभा। ६ बुभुक्षा, खाने की इच्छा। ७ गोरोचना (षड्)।

रुइअ वि [रुचित] १ अभीष्ट, पसंद (सुर ७, २४३; महा)। २ पुंन. विमानावास-विशेष, एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२)।

रुइअ देखो रुण्ण = रुदित (स १२०)।

रुइर वि [रुचिर] १ सुन्दर, मनोरम (पाअ)। २ दीप्र, कान्ति-युक्त (तंदु २०)। ३ पुंन. एक विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३१)।

रुइर वि [रोदितृ] रोनेवाला। स्त्री. °री (पि ५६६, गा २१६ अ)।

रुइल वि [°रुचिर, °ल] १ शोभन, सुन्दर (औप; णाया १, १ टी; तंदु २०)। २ दीप्त, चमकता हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ७८; सूअ २, १, ३)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम ३८)।

रुइल्ल न [रुचिर, रुचिमत्] एक देव-विमान (सम १५)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान (सम १५)। °कूड न [°कूट] एक देव-विमान (सम १५)। °ज्झय न [°ध्वज] देवविमान-विशेष (सम १५)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देवविमान (सम १५)। °लेस न [°लेश्य] एक देवविमान (सम १५)। °वण्ण न [°वर्ण] देवविमान-विशेष (सम १५)। °सिंग न [°श्रृङ्ग] एक देवविमान (सम १५)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देवविमान (सम १५)। °ावत्त न [°ावर्त्त] एक देवविमान (सम १५)।

रुइल्लुत्तरवडिंसग न [रुचिरोत्तरावतंसक] एक देवविमान (सम १५)।

रुंच सक [रुञ्च्] रुई से उसके बीज को अलग करने की क्रिया करना। वकृ. रुंचंत (पिंड ५७४)।

रुंचण न [रुञ्चन] रुई से कपास को अलग करने की क्रिया (पिंड ५८८)।

रुंचणी स्त्री [दे] घरट्टी, दलने का पत्थर-यन्त्र (दे ७, ८)।

रुंज अक [रु] आवाज करना। रुंजइ (हे ४, ५७; षड्)।

रुंजग पुं [दे. रुञ्जक] वृक्ष, पेड़, गाछ; 'कुहा महीरुहा वच्छा रोवगा रुंजगाई अ' (दसनि १)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुंजिय न [रवण] शब्द, आवाज, गर्जना (स ४२०)।

रुंट देखो रुंज। रुंटइ (हे ४, ५७; षड्)। वकृ. रुंटंत (स ६२; पउम १०५, ५५; गउड)।

रुंटणया स्त्री [दे] अवज्ञा, अनादर (पिंड २१०)।

रुंटणिया स्त्री [दे रवणिका] रोदन-क्रिया (णाया १, १६—पत्र २०२)।

रुंटिअ न [रुत] गुञ्जारव, आवाज; 'रुंटिअं अलिविरुअं' (पाअ; कुमा)।

रुंड पुंन [रुण्ड] बिना सिर का धड़, कबन्ध; 'पडिया य मुंडरुंडा' (कुप्र १३५; गउड; भवि; सण)।

रुंढ पुं [दे] आक्षिक, कितव, जूआड़ी (दे ७, ८)।

रुंढिअ वि [दे] सफल (दे ७, ८)।

रुंद वि [दे] १ विपुल, प्रचुर (दे ७, १४; गा ४०२; सुपा २६३; वज्जा १२८; १६२)। २ विशाल, विस्तीर्ण (विसे ७१०; स ७०२; पव ६१; औप)। ३ स्थूल, मोटा, पीन (पाअ)। ४ मुखर, वाचाल (दे ७, १४)।

रुंदी स्त्री [दे] विस्तीर्णता, लम्बाई (वज्जा १६४)।

रुंध सक [रुध्] रोकना, अटकाना। रुंधइ (हे ४, १३३; २१८)। कर्म. रुंधिज्जइ, रुब्भइ, रुब्भए (हे ४, २४५; कुमा)। वकृ. रुंधंत (कुमा)। कवकृ. रुब्भंत, रुब्भमाण, रुज्झंत (पउम ७३, २६; से ४, १७; भवि)। कृ. रुंधिअव्व (अभि ५०)।

रुंधिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुंप पुंन [दे] १ त्वचा, सूक्ष्म छाल (गा ११६; १२०; वज्जा ४२)। २ उल्लिखन (वज्जा ४२)।

रुंपण न [रोपण] रोपाना, वपन कराना, वापन (पिंड १६२)।

रुंफ देखो रुंप (पि २०८)।

रुंभ देखो रुंध। रुंभइ (हे ४, २१८; प्राप्र)। वकृ. रुंभंत (पि ५३५)। कृ. रुंभिअव्व (से ६, ३)।

रुंभण न [रोधन] रोक, अटकाव, अवरोध (पण्ह १, १; कुप्र ३७७; गा ६९०)।

रुंभय वि [रोधक] रोकनेवाला (स ३८१)।

रुंभाविअ वि [रोधित] रुकवाया हुआ, बँद किया हुआ (श्रा २७)।

रुंभिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (हेका ९९; सुपा १२७)।

रुक्क न [दे] बैल आदि की तरह शब्द करना (अणु २९)।

रुक्किणी देखो रुप्पिणी (पि २७७)।

रुक्ख पुंन [वृक्ष] पेड़, गाछ, पादप (णाया १, १; हे २, १२७; प्राप्र; उव; कुमा; जी २७; प्रति ६; प्रासू १६८); 'रुक्खाइं, रुक्खाणि' (पि ३५८)। २ संयम, विरति (सूअ १, ४, १, २५)। °मूल न [°मूल] पेड़ की जड़ (कस)। °मूलिय पुं [°मूलिक] वृक्ष के मूल में रहनेवाला वानप्रस्थ (औप)। °सत्थ न [°शास्त्र] वनस्पति-शास्त्र (स ३११)। °ाउवेद पुं [°ायुर्वेद] वही अर्थ (विसे १७७५)।

रुक्खल्ल ऊपर देखो (षड्)।

रुक्खिम पुंस्त्री [वृक्षत्व] वृक्षपन (षड्)।

रुग्ग वि [रुग्ण] भग्न, भाँगा हुआ (पाअ; गउड; ५६१)।

रुच } सक [दे] पीसना। रुचंति, रुच्चंति; रुच्च } भूका. रुचिंसु, रुच्चिंसु; भवि. रुचिस्संति, रुच्चिस्संति (आचा २, १, ६, ५)।

रुचिर देखो रुइर (दे १, १४९)।

रुच्च अक [रुच्] रुचना, पसन्द पड़ना। रुच्चइ, रुच्चए (वज्जा १०६; महा; सिरि १०६; भवि। वकृ. रुच्चंत, रुच्चमाण (भवि; उप १४३ टी)।

रुच्च सक [दे] व्रीहि आदि को यन्त्र में निस्तुष करना। वकृ. रुच्चंत (णाया १, ७—पत्र ११७)।

रुच्चिच देखो रुइ = रुचि (कप्पू)।

रुच्छ देखो रुक्ख (संक्षि १५)।

रुच्मि देखो रुप्पि (हे २, ५२; कुमा)।

रुज्ज न [रोदन] रुदन, रोना; 'दीहुण्हा णीसासा, रणरणओ, रुज्जगग्गिरं गेअं' (गा ८४३)।

रुज्झ देखो रुंध। रुज्झइ (हे ४, २१८)।

रुज्झ° देखो रुह = रुह्।

रुज्झंत देखो रुंध।

रुज्झिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुट्टिया स्त्री [दे] रोटी (सट्ठि ३९)।

रुट्ठ वि [रुष्ट] रोष-युक्त (उवा; सुर २, १२१)। २ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २८)।

रुणरुण न [दे] करुण क्रन्दन (भवि)।

रुणरुण अक [दे] करुण क्रन्दन करना। रुणरुणइ (वज्जा ५०; भवि)। वकृ. रुणरुणंत (भवि)।

रुणुरुण देखो रुणरुण (पउम १०५, ५८)।

रुणुरुणिय वि [दे] करुण क्रन्दनवाला (पउम १०५, ५८)।

रुण्ण न [रुदित] रोदन, रोना (हे १, २०९; प्राप्र; गा १८)।

रुते देखो रिते (वव ४)।

रुत्थिणी देखो रुप्पिणी (षड्)।

रुदिअ देखो रुण्ण (नाट—मालती १०६)।

रुद्द पुं [रुद्र] १ महादेव, शिव (सम्मत्त १४५; हेका ५६)। २ शिव-मूर्त्ति-विशेष (णाया १, १—पत्र ३९)। ३ जिन देव, जिन भगवान् (पउम १०६, १२)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ नृप-विशेष, एक वासुदेव का पिता (पउम २०, १८२; सम १५२)। ६ ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ७ अंग-विद्या का जानकार पुरुष (विचार ४८४)। ८ वि. भयंकर, भय-जनक (सम्मत्त १४५)। देखो रोद्द = रुद्र।

रुद्द देखो रोद्द = रौद्र (सम ९)।

रुद्दक्ख पुं [रुद्राक्ष] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७९)।

रुद्दाणी स्त्री [रुद्राणी] शिव-पत्नी, दुर्गा (समु १५४)।

रुद्ध वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।

रुद्र देखो रुद्द (हे २, ८०)।

रुन्न देखो रुण्ण (सुर २, १२६)।

रुप्प सक [रोपय्] रोपना, बोना; 'सहयारभरियदेसे रुप्पसि धत्तूरयं तुमं वच्छे' (धर्मवि ६७)।

रुप्प न [रुक्म] १ काञ्चन, सोना। २ लोहा। ३ धत्तूरा। ४ नागकेसर (प्राप्र)। ५ चांदी, रजत (जं ४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुप्प न [रूप्य] चाँदी, रजत (औप; सुर ३, ६; कप्पू)। °कूड पुं [°कूट] रुक्मि पर्वत का एक कूट (राज)। °कूलप्पवाय पुं [°कूलप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)। °कूला स्त्री [°कूला] १ एक महानदी (ठा २, ३—पत्र ७२; ८०; सम २७; इक)। २ एक देवी। ३ रुक्मि पर्वत का एक कूट (जं ४)। °मय वि [°मय] चाँदी का बना हुआ (णाया १, १—पत्र ५२; कुमा)। °ाभास पुं [°ाभास] एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)।

रुप्प वि [रौप्य] रूपा का, चाँदी का (णाया १, १—पत्र २४; उर ८, ४)।

रुप्पय देखो रुप्प = रूप्य; 'रुप्पयं रययं' (पाअ; महा)।

रुप्पि पुं [रुक्मिन्] १ कौण्डिन्य नगर का एक राजा, रुक्मिणी का भाई (णाया १, १६—पत्र २०६; कुमा; रुक्मि ४२)। २ कुणाल देश का एक राजा (णाया १, ८—पत्र १४०)। ३ एक वर्षधर-पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६९; सम १२; ७२)। ४ एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)। ५ देव-विशेष (जं ४)। ६ रुक्मि पर्वत का एक कूट (जं ४)। ७ वि. सुवर्णवाला। ८ चाँदी वाला (हे २, ५२; ८९)। °कूड पुंन [°कूट] रुक्मि पर्वत का एक कूट (ठा २, ३; सम ९३)।

रुप्पिणी स्त्री [रुक्मिणी] १ द्वितीय वासुदेव की एक पटरानी (पउम २०, १८६)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव की एक अग्र-महिषी (पउम २०, १८७; पडि)। ३ एक श्रेष्ठि-पत्नी (सुपा ३३४)।

रुप्पोभास पुं [रूप्यावभास] १ एक महाग्रह (सुज्ज २०)। २ वि. रजत की तरह चमकता (जं ४)।

रुब्भंत } रुब्भमाण } देखो रुंध।

रुम्मिणी देखो रुप्पिणी (षड्)।

रुम्ह सक [म्लापय्] म्लान करना, मलिन करना। 'प-रुम्हाइ जसं' (से ३, ४)।

रुरु पुं [रुरु] १ मृग-विशेष (पउम ६, ५६; पण्ह १, १—पत्र ७)। २ वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३५)। ३ एक अनार्य देश। ४ एक अनार्य मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)।

रुरुव अक [रोरूय्] १ खूब आवाज करना। २ बारंबार चिल्लाना। वकृ. रुरुवेंत (स २१३)।

रुल अक [लुठ्] लेटना। वकृ. रुलंत, रुलिंत (पण्ह १, ३—पत्र ४५, 'पडियगय-घडतुरयं रुलंतवरसुहडधडसयाइन्नं' (धर्मवि ८०)।

रुलुघुल अक [दे] नीचे साँस लेना, निःश्वास डालना। वकृ. रुलुघुलंत (भवि)।

रुव देखो रुअ = रुद्। रुवइ (हे ४, २२६; प्राकृ ६८; संक्षि ३६; भवि; महा), रुवामि (कुप्र ६९)। कर्म. रुव्वइ, रुविज्जइ (हे ४, २४९)।

रुवण न [रोदन] रोना (उप ३३५)।

रुवणा स्त्री. ऊपर देखो (ओघभा ३०)।

रुवणा स्त्री [रोवणा] आरोपणा, प्रायश्चित्त का एक भेद (वव १)।

रुविल देखो रुइल (औप)।

रुव्व देखो रुअ = रुद्। रुव्वइ (संक्षि ३६; प्राकृ ६८)।

रुसा स्त्री [रोष] रोष, गुस्सा (कुमा)।

रुसिय देखो रूसिअ (पउम ५५, १५)।

रुह अक [रुह्] १ उत्पन्न होना। २ सक. घाव को सुखाना। रुहइ (नाट)। कर्म. 'जेण विदारियट्ठीवि खग्गाइपहारो इमीए पक्खालणोयएणंपि पणट्ठवेयणं तक्खणा चेव रुज्झइ त्ति' (स ४१३)।

रुह वि [रुह] उत्पन्न होनेवाला (आचा)।

रुहण न [रोधन] निवारण (वव १)।

रुहरुह अक [दे] मन्द मन्द बहना, 'वामंगि सुत्ति रुहरुहइ वाउ' (भवि)।

रुहुरुहय पुं [दे] उत्कण्ठा (भवि)।

रूअ न [दे. रुत] रुई, तूल (दे ७, ९, कप्प; पव ८४; देवेन्द्र ३३२; धर्मसं ९८०; भग; संबोध ३१)।

रूअ पुं [रूप] १-२ पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७)। ३ आकृति, आकार (गा १३२)। ४ वि. सदृश, तुल्य (दे ६; ४६)। °कंत पुं [°कान्त] १-२ पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °कंता स्त्री [°कान्ता] १ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी-महत्तरिका (राज)। °प्पभ पुं [°प्रभ] पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी [णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ६—पत्र ३६१)। देखो रूव = रूप (गउड)।

रूअंस पुं [रूपांश] १-२ पूर्णभद्र और विशिष्ट इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८)।

रूअंसा स्त्री [रूपांशा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ६—पत्र ३६१)।

रूअग } रूअय } पुंन [रूपक] १ रुपया (हे ४, ४२२)। २ पुं. एक गृहस्थ (णाया २—पत्र २५२)। ३ रूपा देवी का सिंहासन (णाया २—पत्र २५२)। °वडिंसय न [°ावतंसक] रूपा देवी का भवन (णाया २)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक गृहस्थ स्त्री (णाया २)। °ावई स्त्री [°वती] भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २)। देखो रूवय = रूपक।

रूअरुइआ [दे] देखो रुअरुइआ (षड्)।

रूआ स्त्री [रूपा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८)।

रूआमाला स्त्री [रूपमाला] छन्द-विशेष (पिंग)।

रूआर वि [रूपकार] मूर्त्ति बनानेवाला, 'मोत्तुमजोग्गं जोग्गे दलिए रूवं करेइ रूआरो' (विसे ११९०)।

रूआवई स्त्री [रूपवती] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८)।

रूढ वि [रूढ] १ परंपरागत, रूढि-सिद्ध। २ प्रसिद्ध; 'रूढक्कमेण सव्वे नराहिवा तत्थ उवविट्ठा' (उप ६४८ टी)। ३ प्रगुण, तंदुरुस्त (पाअ)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूढ वि [रूढ] उगा हुआ, उत्पन्न (दस ७, ३५)।

रूढि स्त्री [रूढि] परम्परा से चली आती प्रसिद्धि, 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१६; कप्पू)।

रूप पुं [रूप] पशु, जानवर (मृच्छ २००)। रूअ = रूप (ठा ६—पत्र ३६१)।

रूपि पुं [रूपिन्] सौनिक, कसाई (मृच्छ २००)।

रूरुइय न [दे] उत्सुकता, रणरणक (पाअ)।

रूव पुंन [रूप] १ आकृति, आकार (णाया १, १; पाअ)। २ सौन्दर्य, सुन्दरता (कुमा; ठा ४, २; प्रासू ४७; ७१)। ३ वर्ण, शुक्ल आदि रँग (औप; ठा १; २, ३)। ४ मूर्ति (विसे १११०)। ५ स्वभाव (ठा ६)। ६ शब्द, नाम। ७ श्लोक। ८ नाटक आदि दृश्य काव्य (हे १, १४२)। ९ एक की संख्या, एक (कम्म ४, ७७; ७८; ७९; ८०; ८१)। १०-११ रूपवाला, वर्णवाला (हे १, १४२)। १२—देखो रूअ, रूप = रूप। °कंता देखो रूअ-कंता (ठा ६—पत्र ३६१; इक)। °जक्ख पुं [°यक्ष] धर्मपाठक (व्यव० भा० गा० ६१४)। °धार वि [°धार] रूप-धारी; 'जलयरमज्झगएणं अणेगमच्छाइरूवधारेणं' (सा ६)। °प्पभा देखो रूअ-प्पभा (इक)। °मंत देखो °वंत (पउम १२, ५७; ६१, २६)। °वई स्त्री [°वती] १ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ६—पत्र ३६१)। २ सुरूप नामक भूतेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ एक दिक्कुमारी महत्तरिका (ठा ६)। °वंत, °स्सि वि [°वत्] रूपवाला, सुरूप (श्रा १०; उवा; उप पृ ३३२; सुपा ४७४; उव)।

रूवग पुंन [रूपक] १ रुपया (उप पृ २८०; धम्म ८ टी; कुप्र ४१४) २ साहित्य-प्रसिद्ध एक अलंकार (सुर १, २६; विसे ९९९ टी)। देखो रूअग = रूपक।

रूवमिणी स्त्री [दे] रूपवती स्त्री (दे ७, ९)।

रूवय देखो रूवग (कुप्र १२३; ४१३; भास ३४)।

रूवसिणी देखो रूवमिणी (षड्)।

रूवा देखो रूआ (इक)।

रूवि वि [रूपिन्] रूपवाला (आचा; भग; स ८३)।

रूवि पुंस्त्री [दे] गुच्छ-विशेष, अर्क-वृक्ष, आक का पेड़ (पण्ण १—पत्र ३२; दे ७, ९)।

रूस अक [रुष्] गुस्सा करना। रूसइ, रूसए (उव; कुमा; हे ४, २३६; प्राकृ ६८; षड्)। कर्म. रूसिज्जइ (हे ४, ४१८)। हेकृ. रूसिउं, रूसेउं (हे ३, १४१; पि ५७३)। कृ. रूसिअव्व, रूसेयव्व (गा ४६६; पण्ह २, ५—पत्र १५०; सुर १६, ६४)। प्रयो., संकृ. रूसविअ (कुमा)।

रूसण न [रोषण] १ रोष, गुस्सा (गा ६७५; हे ४, ४१८)। २ वि. गुस्साखोर, रोष करनेवाला (सुख १, १४; संबोध ४८)।

रूसिअ वि [रुष्ट] रोष-युक्त (सुख १, १३; १६)।

रे अ [रे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ परिहास। २ अधिक्षेप (संक्षि ४७)। ३ संभाषण (हे २, २०१; कुमा)। ४ आक्षेप (संक्षि ३८)। ५ तिरस्कार (पव ३८)।

रेअ पुं [रेतस्] वीर्य, शुक्र (राज)।

रेअव सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना। रेअवइ (हे ४, ९१)।

रेअविअ वि [मुक्त] छोड़ा हुआ, त्यक्त (कुमा; दे ७, ११)।

रेअविअ वि [दे. रेचित] क्षणीकृत, शून्य किया हुआ, खाली किया हुआ (दे ७, ११; पाअ; से ११, २)।

रेआ स्त्री [रै] १ धन। २ सुवर्ण, सोना (षड्)।

रेइअ वि [रेचित] रिक्त किया हुआ (से ७, ३१)।

रेंकिअ वि [दे] १ आक्षिप्त। २ लीन। ३ व्रीडित, लज्जित (दे ७, १४)।

रेकार पुं [रेकार] 'रे' शब्द, 'रे' की आवाज (पव ३८)।

रेट्ठि देखो रिट्ठि (संक्षि ३)।

रेणा स्त्री [रेणा] महर्षि स्थूलभद्र की एक भगिनी, एक जैन साध्वी (कप्प; पडि)।

रेणि पुंस्त्री [दे] पङ्क, कर्दम (दे ७, ९)।

रेणु पुंस्त्री [रेणु] १ रज, धूली (कुमा)। २ पराग (स्वप्न ७६)।

रेणुया स्त्री [रेणुका] ओषधि-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

रेभ पुं [रेफ] १ 'र' अक्षर, रकार (कुमा)। २ वि. दुष्ट। ३ अधम, नीच। ४ क्रूर, निर्दय। ५ कृपण, गरीब (हे १, २३६; षड्)।

रेरिज्ज अक [राराज्य्] अतिशय शोभना। वकृ. रेरिज्जमाण (णाया १, २—पत्र ७८; १, ११—पत्र १७१)।

रेल्ल सक [प्लावय्] सराबोर करना। वकृ. रेल्लंत (कुमा)।

रेल्लि स्त्री [दे] रेल, स्रोत, प्रवाह (राज)।

रेवइनक्खत्त पुं [रेवतीनक्षत्र] आर्य नागहस्ती के शिष्य एक जैन मुनि (णंदि ५१)।

रेवइय पुं [रैवतिक] स्वर-विशेष, रैवत स्वर (अणु १२८)।

रेवइय न [रैवतिक] एक उद्यान का नाम (कप्प)।

रेवइआ स्त्री [रेवतिका] भूत-ग्रह विशेष (सुख २, १६)।

रेवई स्त्री [रेवती] १ बलदेव की स्त्री (कुमा)। २ एक श्राविका का नाम (ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४)। ३ एक नक्षत्र (सम ५७)।

रेवई स्त्री [दे. रेवती] मातृका, देवी (दे ७, १०)।

रेवंत पुं [रेवन्त] सूर्य का एक पुत्र, देव-विशेष; 'रेवंततणुभवा इव अस्सकिसोरा सुलक्खणिणो' (धर्मवि १४२; सुपा ५६)।

रेवज्जिअ वि [दे] उपालब्ध (दे ७, १०)।

रेवण पुं [रेवण] व्यक्ति-वाचक नाम, एक साधारण काव्य-ग्रंथ का कर्त्ता (धर्मवि १४२)।

रेवय न [दे] प्रणाम, नमस्कार (दे ७, ६)।

रेवय पुं [रैवत] गिरनार पर्वत (णाया १, ५—पत्र ९९; अंत; कुप्र १८)।

रेवय पुं [रैवत] स्वर-विशेष (अणु १२७)।

रेवलिआ स्त्री [दे] वालुकावर्त्त, धूल का आवर्त (दे ७, १०)।

रेवा स्त्री [रेवा] नदी-विशेष, नर्मदा (गा ५७८; पाअ; कुमा; प्रासू ६७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेसणिआ } स्त्री [दे] १ करोटिका, एक प्रकार का कांस्य-भाजन (पाग्र; रेसणी } दे ७, १५)। २ अक्षि-निकोच (दे ७, १५)।

रेसम्मि देखो रेसम्मि, 'जो उण सद्धा-रहिग्रो दीणं देइ जसकित्तिरेसम्मि' (स १५७)।

रेसि (ग्रप) देखो रेसिं (हे ४, ४२५; सण)।

रेसिअ वि [दे] छिन्न, काटा हुआ (दे ७, ६)।

रेसिं (ग्रप) नीचे देखो (हे ४, ४२५)।

रेसिम्मि ग्र. निमित्त, लिए, वास्ते; 'दंसण-नाणचरित्ताण एस रेसिम्मि सुपसत्थो' (पंचा १६, ४०)।

रेह ग्रक [राज्] दीपना, शोभना, चमकना। रेहइ, रेहए (हे ४, १००; धात्वा १५०; महा)। वकृ. रेहंत (कप्प)।

रेहा स्त्री [रेखा] १ चिह्न-विशेष, लकीर (ग्रोघ ४८६; गउड; सुपा ४१; वज्जा ६४)। २ पंक्ति, श्रेणि (कप्पू)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

रेहा स्त्री [राजना] शोभा, दीप्ति (कप्पू)।

रेहिअ न [दे] छिन्न पुच्छ, कटी हुई पूँछ (दे ७, १०)।

रेहिअ वि [राजित] शोभित (सुर १०, १८६)।

रेहिर वि [रेखावत्] रेखावाला (हे २, १५६)।

रेहिर } त्रि [राजितृ] शोभनेवाला (सुर रेहिल्ल } १, ५०; सुपा ५६), 'नयरे नयरे-हिल्ले' (उप ७२८ टी)।

रेहिल्ल देखो रेहिर = रेखावत् (उप ७२८ टी)।

रोअ देखो रुअ = रुद्। रोग्रइ (संक्षि ३६; प्राकृ ३८)। वकृ. रोअंत, रोयमाण (गा ५४६; उप पृ १२८; सुर २, २२६)। हेकृ. रोउं (संक्षि ३७)। कृ रोअत्तअ, रोइअव्व (से ३, ४८; गा ३४८; हेका ३३)।

रोअ देखो रुच्च = रुच्। रोयइ, रोयए (भग; उव), 'रोएइ जं पहूणं तं चेव कुणंति सेवगा निच्चं' (रंभा)। वकृ. रोयंत (श्रा ६)।

रोअ सक [रोचय्] १ रुचि करना। २ पसन्द करना, चाहना। रोयइ, रोएमि, रोएहि (उत्त १८, ३३; भग)। संकृ. रोयइत्ता (उत्त २६, १)।

रोअ सक [रोचय्] निर्णय करना। रोग्रए (दस ५, १, ७७)।

रोअ पुं [रोच] रुचि,

'दुक्कररोया विउसा बाला
भणियेपि नेव बुज्झंति।
तो मज्झिमबुद्धीणं हियत्थमेसो
पयासो मे' (चेइय २६०)।

रोअ पुं [रोग] ग्रामय, बीमारी (पाग्र)।

रोअग वि [रोचक] १ रुचि-जनक। २ न. सम्यक्त्व का एक भेद (संबोध ३५; सुपा ५५१)।

रोअण न [रोदन] रोना, रुदन (दे ५, १०; कुप्र २३५; २८६)।

रोअण पुं [रोचन] १ एक दिग्हस्ति-कूट (इक)। २ न. गोरोचन (गउड)।

रोअणा स्त्री [रोचना] गोरोचन (से ११, ४५; गउड)।

रोअणिआ स्त्री [दे] डाकिनी, डाइन (दे ७, १२; पाग्र)।

रोअत्तअ देखो रोअ = रुद।

रोआविअ वि [रोदित] रुलाया हुआ (गा ३५७; सुपा ३१७)।

रोइ वि [रोगिन्] रोगवाला, बीमार (गउड)।

रोइ देखो रुइ = रुचि; 'ग्रवि सुंदरेवि दिण्णे दुक्कररोई कलहमाई' (पिंड ३२१)।

रोइअ वि [रोचित] १ पसंद ग्राया हुआ (भग)। २ चिकीर्षित (ठा ६—पत्र ३५५)।

रोइर वि [रोदितृ] रोनेवाला (गा ३८६; षड्)।

रोंकण वि [दे] रंक, गरीब (दे ७, ११)।

रोंच सक [पिष्] पीसना। रोंचइ, (हे ४, १८५)।

रोक्कअ वि [दे] प्रोक्षित, ग्रति सिक्त (षड्)

रोक्कणि } वि [दे] १ शृंगी, शृंगवाला। रोक्कणिअ } २ नृशंस, निर्दय (दे ७, १६)।

रोग पुं [रोग] १ बीमारी, व्याधि (उवा; पण्ह १, ४)। २ एक ब्राह्मण-जातीय श्रावक (उप ५३६)।

रोगि वि [रोगिन्] बीमार (सुपा ५७६)।

रोगिअ वि [रोगिक, °त] ऊपर देखो (सुख १, १४)।

रोगिणिआ स्त्री [रोगिणिका] रोग के कारण ली जाती दीक्षा (ठा १०—पत्र ४७३)।

रोगिल्ल देखो रोगि (प्रामा)।

रोघस वि [दे] रंक, गरीब (दे ७, ११)।

रोच्च देखो रोंच। रोच्चइ (षड्)।

रोज्झ पुं [दे] ऋश्य, पशु-विशेष; गुजराती में 'रोझ' (दे ७, १२; विपा १, ४; पाग्र)।

रोट्ट पुंन [दे] १ तंदुल-पिष्ट, चावल ग्रादि का ग्राटा, पिसान, गुजराती में 'लोट' (दे ७, ११; ग्रोघ ३६३; ३७४; पिंड ४४; बृह १)।

रोट्टग पुं [दे] रोटी, रोट (महा)।

रोड सक [दे] १ रोकना, ग्रटकाना। २ ग्रनादर करना। ३ हैरान करना। रोडिसि (स ५७५)। कवकृ. रोडिज्जंत (उप पृ १३३)।

रोड न [दे] घर का मान, गृह-प्रमाण (दे ७, ११)।

रोडी स्त्री [दे] १ इच्छा, ग्रभिलाषा। २ व्रणी की शिबिका (दे ७, १५)।

रोत्तव्व देखो रुअ = रुद्।

रोद पुं [रौद्र] १ ग्रहोरात्र का पहला मुहूर्त (सम ५१)। २ एक नृपति, तृतीय बलदेव ग्रौर वासुदेव का पिता (ठा ६—पत्र ४४७)। ३ ग्रलंकार-शास्त्र-प्रसिद्ध नव रसों में एक रस (ग्रणु)। ४ वि. दारुण, भयंकर, भीषण (ठा ४, ४; महा)। ५ न. ध्यान-विशेष, हिंसा ग्रादि क्रूर कर्म का चिन्तन (ग्रौप)।

रोद पुं [रुद्र] ग्रहोरात्र का पहला मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)। देखो रुद्द = रुद्र।

रोद्ध वि [दे] १ कूणिताक्ष। २ न. मल (दे ७, १५)।

रोम पुंन [रोमन्] लोम, बाल, रोंग्रा (ग्रौप; पाग्र; गउड)। °कूव पुं [°कूप] लोम का छिद्र (णाया १, १—पत्र १३; सुर २, १०१)।

रोम न [रोम] खान में होता लवण (दस ३, ८)।

रोमंच पुं [रोमाञ्च] रोंग्रों का खड़ा होना, भय या हर्ष से रोंग्रों का उठ जाना, पुलक (कुमा; काल, भवि; सण)।

रोमंचइअ } वि [रोमाञ्चित] पुलकित, रोमंचिअ } जिसके रोम खड़े हुए हों वह (पउम ३, १०४; १०२, २०३; पाग्र; भवि)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोमंथ पुं [रोमन्थ] पगुराना, चबाई हुई वस्तु का पुनः चबाना, पागुर (से ६, ८७; पाअ; सरण)।

रोमंथ } अक [रोमन्थय्] चबाई हुई चीज का फिर से चबाना, पगुराना, जुगाली करना। रोमंथइ (हे ४,४३)। वकृ. रोमंथाअमाण (चारु ७)।
रोमंथाअ }

रोमग } पुं [रोमक] १ अनार्य देश-विशेष, रोम देश (पव २७४)। २ रोम देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पराह १, १—पत्र १४)।
रोमय }

रोमय पुं [रोमज] पक्षि-विशेष, रोम की पाँखवाला पक्षी (जी २२)।

रोमराइ स्त्री [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १२)।

रोमलयासय न [दे] पेट, उदर (दे ७, १२)।

रोमस वि [रोमश] रोम-युक्त, रोमवाला (दे ३, ११, पाअ)।

रोमूसल न [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १२)।

रोर पुं [रोर] चौथी नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

रोर वि [दे] रंक, गरीब, निर्धन (दे ७, ११; पाअ; सुर २, १०५; सुपा २६६)।

रोरु पुं [रोरु] सातवीं नरक-पृथिवी का एक नरकावास (देवेन्द्र २४; इक)।

रोरुअ पुं [रोरुक, रौरव] १ रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का दूसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ३)। २ रत्नप्रभा का तेरहवाँ नरकेन्द्रक (देवेन्द्र ५)। ३ सातवीं नरकपृथिवी का एक नरकावास—नरक-स्थान (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८; इक)। ५ चौथी नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

रोल पुं [दे] १ कलह, झगड़ा (दे ७, १५)। २ रव, कोलाहल, कलकल आवाज (दे ७, १५; पाअ, कुमा; सुपा ५७६; चेइय १८४; मोह ५)।

रोलंब पुं [दे. रोलम्ब] भ्रमर; मधुकर (दे ७, २; कुप्र ५८)।

रोला स्त्री [रोला] छन्द-विदेष (पिंग)।

रोव देखो रुअ=रुद्। रोवइ (हे ४, २२६; संक्षि ३६; प्राकृ ६८; षड्; महा; सुर १०, १७१; भवि)। वकृ. रोवंत, रोवमाण (पउम १७, ३७; सुर २, १२४; ६, २३५; पउम ११०, ३५)। संकृ. रोविऊण (पि ५८६)। हेकृ. रोविउं (स १००)।

रोव पुं [दे. रोप] पौधा, गुजराती में 'रोपो' (सम्मत्त १४४)।

रोवण न [रोदन] रोना (सुर ६, ७६)।

रोवण न [रोपण] वपन, बीज बोना (वव १)।

रोवाविअ देखो रोआविअ (वज्जा ६२)।

रोविअ वि [रोपित] १ बोया हुआ। २ स्थापित (से १३, ३०)।

रोविंदय न [दे] गेय-विशेष, एक प्रकार का गान (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

रोविर देखो रोइर (दे ७, ७, कुमा; हे २, १४५)।

रोविर वि [रोपयितृ] बोनेवाला (हे २, १४५)।

रोस देखो रूस। रोसइ (?) (धात्वा १५०)।

रोस पुं [रोष] गुस्सा, क्रोध (हे २, १६०; १६१)। °इत्त, °इंत वि [°वत्] रोष- (संक्षि २०; प्राप्र)।

रोसण वि [रोषण] रोष करनेवाला, गुस्साखोर (उप १४७ टी; सुख १, १३)।

रोसविअ वि [रोषित] कोपित, कुपित किया हुआ (पउम ११०, १३)।

रोसाण सक [मृज्] मार्जन करना, शुद्ध करना। रोसाणइ (हे १, १०५; प्राकृ ६६; षड्)।

रोसाणिअ वि [मृष्ट] शुद्ध किया हुआ, मार्जित (पाअ; कुमा; पिंग)।

रोसिअ देखो रोसविअ (पउम ६६, ११; भवि)।

रोह अक [रुह्] उत्पन्न होना। रोहंति (गउड)।

रोह देखो रुंध। संकृ. रोहिऊण, रोहेउं (काल; बृह ३)।

रोह पुं [रोध] १ घेरा, नगर आदि का सैन्य से वेष्टन (णाया १, ८—पत्र १४६; उप पृ ८४; कुप्र १५८)। २ रुकावट, रोक, अटकाव (कुप्र १; द्रव्य ४६)। ३ कैद (पुप्फ १८६)।

रोह पुं [रोधस्] तट, किनारा (पाअ)।

रोह पुं [रोह] १ एक जैन मुनि (भग)। २ प्ररोह, व्रण आदि का सूख जाना (दे ६, ६५)। ३ वि. रोहक, रोहण-कर्त्ता (भवि)।

रोह पुं [दे] १ प्रमाण। २ नमन। ३ मार्गण (दे ७, १६)।

रोहग वि [रोधक] घेरा डालनेवाला, अटकाव करनेवाला; 'रोहगसंजुत्तीए रोहिओ कुमारेण' (स ६३५); 'रोहगसंजुत्ती उरण कीरउ' (सुर १२, १०१)।

रोहग देखो रोह=रोध (स ६३५; सुर १२, १०१)।

रोहग पुं [रोहक] एक नट-कुमार (उप पृ २१५)।

रोहगुत्त पुं [रोहगुप्त] १ एक जैन मुनि (कप्प)। २ त्रैराशिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य (विसे २४५२)।

रोहण न [रोधन] १ अटकाव (आरा ७२)। २ वि. रोकनेवाला (द्रव्य ३४)।

रोहण व [रोहण] १ चढ़ना, आरोहण (सुपा ४३८; कुप्र ३६६)। २ उत्पत्ति (विसे १७५३)। ३ पुं. पर्वत-विशेष (सुपा ३२; कुप्र, ६)। ४ एक दिग्हस्ति-कूट; (इक)।

रोहिअ [दे] देखो रोज्झ (दे ७, १२; पाअ; पराह १, १—पत्र ७)।

रोहिअ वि [रोधित] घेरा हुआ, 'रोहियं पाडलिपुरं तेरण' (धर्मवि ४२; कुप्र ३६६; स ६३५)।

रोहिअ वि [रोहित] १ सुखाया हुआ (घाव) (उप पृ ७६)। २ पुं. द्वीप-विशेष (जं ४)। ३ पुं. मत्स्य-विशेष (स २५७)। ४ न. तृण-विशेष (पराण १—पत्र ३३)। ५ कूट-विशेष (ठा २, ३; ८)।

रोहिअंस पुं [रोहितांश] एक द्वीप (जं ४)।

रोहिअंस° } स्त्री [रोहितांशा] एक नदी (सम २७; इक)। °पवाय पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३; जं ४)।
रोहिअंसा }

रोहिअप्पवाय पुं [रोहिताप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७२)।

रोहिआ स्त्री [रोहित, रोहिता] एक नदी (सम २७; इक; ठा २, ३—पत्र ७२; ८०)।

रोहिंसा स्त्री [रोहिदंशा] एक नदी (इक)।

रोहिणिअ पुं [रौहिणेय] एक प्रसिद्ध चोर का नाम (श्रा २७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोहिणी स्त्री [रोहिणी] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०)। २ चन्द्र की पत्नी (श्रा १६)। ३ ओषधि-विशेष (उत्त ३४, १०; सुर १०, २२३)। ४ भविष्य में भारतवर्ष में तीर्थंकर होनेवाली एक श्राविका (सम १५४)। ५ नववें बलदेव का माता का नाम (सम १५२)। ६ एक विद्या देवी (संति ५)। ७ शक्रेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६)। ८ सत्पुरुष नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ९ शक्रेन्द्र के एक लोकपाल की पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। १० सप-विशेष (पव २७१, पंचा १६ २३)। ११ गो, गैया (पाअ)। °रमण पुं [°रमण] चन्द्रमा (पाअ)। रोहीडग न [रोहीतक] नगर-विशेष (संथा ६८)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि रआराइसद्दसंकलणो
तेत्तीसइमो तरंगो समत्तो ॥

ल

ल पुं [ल] मूर्ध-स्थानीय अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप्र)।

लइ अ. ले, अच्छा, ठीक (भवि)।

लइ देखो लय = ला।

लइअ वि [दे. लगित] १ परिहित, पहना हुआ। २ अंग में पिनद्ध (दे ७, १८; पिंड ५६१; भवि)।

लइअल्ल पुं [दे] वृषभ, बैल (दे ७, १९)।

लइआ स्त्री [लतिका, लता] देखो लया (नाट—रत्ना ७; गउड; उप ७६८ टी)।

लइणा } स्त्री [दे] लता, वल्ली (षड्; दे
लइणी } ७, १८)।

लउअ पुं [लकुच] वृक्ष-विशेष, बड़हल का गाछ (औप; पि ३६८)।

लउड } पुं [लकुट] लकड़ी, लाठी, डंडा, लउर,
लउल } यष्टि (दे ७, १६; सुर २, ८; औप)।

लउस } पुं [लकुश] १ अनार्य देश-विशेष
लउसय } (पव २७४; इक)। २ पुंस्त्री. लकुश देश का निवासी मनुष्य। स्त्री. °सिया (णाया १, १—पत्र ३७; औप; इक)।

लंका स्त्री [लङ्का] नगरी-विशेष, सिंहलद्वीप की राजधानी (से ३, ६२; पउम ४६, १६; कप्पू)। °लय वि [°लय] लंका-निवासी (वज्जा १३०)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] हनूमान की एक पत्नी (पउम ५२, २१)। °सोग पुं [°शोक] राक्षस वंश का एक राजा (पउम ५, २६५)। °हिव पुं [°धिप] लंका का राजा (उप पृ ३७५)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही अर्थ (पउम ४६, १७)।

लंका स्त्री [दे] शाखा (वज्जा १३०)।

लंख } पुंस्त्री [लङ्ख] बड़े बाँस के ऊपर खेल
लंखग } करनेवाली एक नट-जाति (णाया १, १—पत्र २, पराह २, ५—पत्र १३२; औप; कप्प)। स्त्री. °खिगा (उप १०१४)।

लंगल न [लाङ्गल] हल, 'खित्तेसु वहंति लंगलाए सया' (धर्मवि २४; हे १, २५६, षड् ८०)।

लंगलि पुं [लाङ्गलिन्] बलभद्र, बलदेव (कुमा)।

लंगलि° } स्त्री [लाङ्गली] वल्ली-विशेष,
लंगली } शारदी लता (कुमा)।

लंगिम पुंस्त्री [दे] १ जवानी, यौवन। २ ताजापन, नवीनता; 'पिसुणइ तणुलट्ठी लंगिमं चंगिमं च' (कप्पू)।

लंगूल न [लाङ्गूल] पुच्छ, पूँछ (हे १, २५६; पाअ; कप्प; कुमा)।

लंगूलि वि [लाङ्गूलिन्] पुच्छवाला, पशु (कुमा)।

लंगोल देखो लंगूल (सुज्ज १०, ८)।

लंघ सक [लङ्घ्, लङ्घय्] १ लाँघना, अतिक्रमण करना। २ भोजन नहीं करना। लंघइ, लंघेइ (महा; भवि)। कर्म. लंघिज्जइ (कुमा)। वकृ. लंघंत, लंघयंत (सुपा २७१; पउम ६७, २१)। संकृ. लंघित्ता, लंघिऊण (महा)। हेकृ. लंघेउं (पि ५७३)। कृ. लंघणिज्ज (से २, ४४), लंघ (कुमा १, १७)।

लंघण न [लङ्घन] १ अतिक्रमण (सुर ५, १६२)। २ अ-भोजन (उप १३५ टी)।

लंघि वि [लङ्घिन्] लंघन करनेवाला (कप्पू)।

लंघिअ वि [लङ्घित] जिसका लंघन किया गया हो वह (गउड)।

लंच पुं [दे] कुक्कुट, मुर्गा (दे ७, १७)।

लंचा स्त्री [लञ्चा] घूस, रिश्वत, उत्कोच (पाअ; पराह १, ३—पत्र ५३; दे १, ६२; ७, १७; सुपा ३०८)।

लंचिल्ल त्रि [लाञ्चिक] घूसखोर, रिश्वत ले कर काम करनेवाला (वव १)।

लंछ सक [लञ्छ] १ भाँगना, तोड़ना। २ कलंकित करना। कर्म. लंछिज्जइ (दसनि ८, १४)।

लंछ पुं [लञ्छ] चोरों की एक जाति (विपा १, १—पत्र ११)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लंछण न [लाञ्छन] १ चिह्न, निशानी (पाअ)। २ नाम। ३ अंकन, चिह्न करना (हे १, २५; ३०)।

लंछणा स्त्री [लाञ्छना] चिह्न करना (उप ५२२)।

लंछिअ वि [लाञ्छित] चिह्नित, कृत-चिह्न (पव १५४; णाया १, २—पत्र ८६; ठा ३, १; कस; कप्पू)।

लंडुअ वि [दे. लण्डित] उत्क्षिप्त, 'चंडप्प-वादलंडुओ विअ वरंडो पव्वदादो दूरं आरो-विअ पाडिदो म्हि' (चारु ३)।

लंतक, लंतग, लंतय पुं [लान्तक] १ एक देवलोक, छठवाँ देवलोक (भग; औप; अंत; इक)। २ एक देवविमान (सम २७; देवेन्द्र १३४)। ३ षष्ठ देवलोक के निवासी देव। ४ षष्ठ देवलोक का इन्द्र (राज; ठा २, ३—पत्र ८५)।

लंद पुंन [लन्द] काल, समय (कप्प; पव ७०)।

लंदय पुंन [दे] कलिन्दक, गो आदि का खादन-पात्र (पव २)।

लंपड वि [लम्पट] लोलुप, लालची, लुब्ध (पाअ; सुपा १०७; ५६६; सुर ३, १०)।

लंपाग पुं [लम्पाक] देश-विशेष (पउम ९८, ५६)।

लंपिक्ख पुं [दे] चोर, तस्कर (दे ७, १९)।

लंब सक [लम्ब्] १ सहारा लेना, आलम्बन करना। २ अक. लटकना। लंबेइ (महा)। वकृ. लंबंत, लंबमाण (औप; सुर ३,७१;४, २४२; कप्प; वसु)। संकृ. लंबिऊण (महा)।

लंब वि [लम्ब] लम्बा, दीर्घ; 'उट्ठा उट्टस्स चेव लंबा' (उवा; णाया १, ८—पत्र १३३)।

लंब पुं [दे] गोवाट, गो-वाड़ा (दे ७, २६)।

लंबअ न [लम्बक] ललन्तिका, नाभि-पर्यन्त लटकती माला आदि (स्वप्न ६३)।

लंबणा स्त्री [लम्बना] रज्जु, रस्सी (स १०१)।

लंबा स्त्री [दे] १ वल्लरी, लता (षड्)। २ केश, बाल (षड्; दे ७, २६)।

लंबाली स्त्री [दे] पुष्प-विशेष (दे ७, १९)।

लंबि वि [लम्बिन्] लटकता (गउड)।

लंबिअ, लंबिअय वि [लम्बित] १ लटकता हुआ (गा ५३२; सुर ३, ७०)। २ पुं वानप्रस्थ का एक भेद (औप)।

लंबिर वि [लम्बितृ] लटकनेवाला (कुमा; गउड)।

लंबुअ वि [लम्बुक] १ लम्बी लकड़ी के अन्त भाग में बँधा हुआ मिट्टी का ढेला। २ भींत में लगा हुआ ईंटों का समूह (मृच्छ ६)।

लंबुत्तर पुंन [लम्बोत्तर] कायोत्सर्ग का एक दोष, चोलपट्ट को नाभि-मंडल से ऊपर रख-कर और जानु को चोलपट्ट से नीचे रख कर कायोत्सर्ग करना (चेइय ४८४)।

लंबूस पुंन [दे. लम्बूष] कन्दुक के आकार का एक आभरण, 'छत्तं चमर-पडाया दप्पण-लंबूसया वियाणं च' (पउम ३२, ७६; ६६, १२)।

लंबोदर, लंबोयर वि [लम्बोदर] १ बड़ा पेटवाला (सुख १, १४; उवा)। २ पुं. गणपति, गणेश (श्रा १२; कुप्र ६७)।

लंभ सक [लभ्] प्राप्त करना, 'अज्जेवाहं न लंभामि अवि लाभो सुए सिया' (उत्त २, ३१)। भवि. लंभिस्सं (पि ५२५)। कर्म. लंभीअदि, लंभीआमो (शौ) (पि ५४१)। संकृ. लंभिअ, लंभित्ता (मा १६; नाट—चैत ९१; ठा ३, २)।

लंभ सक [लम्भय्] प्राप्त करना। संकृ. लंभिअ (नाट—चैत ४४)। कृ लंभइदव्व (शौ), लंभणिज्ज, लंभणीअ (मा ५१; नाट—मालती ३६, चैत १२५)।

लंभ पुं [लाभ] प्राप्ति (पउम १००, ४३; से ११, ३१; गउड; सिरि ८२२; सुपा ३६४)। देखो लाह = लाभ।

लंभण पुं [लम्भन] मत्स्य की एक जाति (विपा १, ८ टी—पत्र ८४)।

लंभिअ देखो लंभ = लभ्, लम्भय्।

लंभिअ वि [लब्ध] प्राप्त (नाट—चैत १२५)।

लंभिअ वि [लम्भित] प्राप्त कराया हुआ, प्रापित (सूअ २, ७, ३७; स ३१०; अच्चु ७१)।

लक्कुड न [दे. लकुट] लकड़ी, यष्टि, छड़ी, लाठी (दे ७, १६, पाअ)।

लक्ख सक [लक्षय्] १ जानना। २ पहचानना। ३ देखना। लक्खइ (महा)। कर्म. लक्खिज्जए, लक्खीयसि (विसे २१४६; महा; काल)। कवकृ. लक्खिज्जंत (से ११, ४५)। कृ. लक्खणीअ (नाट—शकु २४), देखो लक्ख = लक्ष्य।

लक्ख पुंन [दे] काय, शरीर, देह (दे ७, १७)।

लक्ख पुंन [लक्ष] संख्या-विशेष, लाख, सौ हजार (जी ४५; सुपा १०३; २४८; कुमा; प्रासू ९९)। °पाग पुं [°पाक] लाख रुपयों के व्यय से बनता एक तरह का पाक (ठा ६)।

लक्ख वि [लक्ष्य] १ पहचानने योग्य; 'चिर-लक्खणो' (पउम ८२, ८४)। २ जिससे जाना जाय वह, लक्षण, प्रकाशक; 'भुअदप्पबी-अलक्खं चावं' (से ५, ६७)। ३ वेध्य, निशाना; 'लक्खविंधण—' (धर्मवि ५२; दे २, २६; कुमा)।

लक्ख° देखो लक्खा (पडि)।

लक्खग वि [लक्षक] पहचाननेवाला (पउम ८२, ८४; कुप्र ३००)।

लक्खण पुंन [लक्षण] १ इतर से भेद का बोधक चिह्न। २ वस्तु-स्वरूप (ठा ३, ३; ४, १; जी ११; विसे २१४६; २१४७; २१४८)। ३ चिह्न; 'लक्खणपुराणं' (कुमा)। ४ व्याकरण-शास्त्र; 'लक्खणसाहित्तपमाण-जोइसाईणि सा पढइ' (सुपा १४१; ६५७)। ५ व्याकरण आदि का सूत्र। ६ प्रतिपाद्य, विषय (हे २, ३)। ७ पुं. लक्ष्मण। ८ सारस पक्षी; 'लक्खणो' (प्राकृ २२)। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (सुज १०, २०)।

लक्खण पुं [लक्ष्मण] श्रीराम का छोटा भाई (से १, ४८)। देखो लखमण।

लक्खण न [लक्षण] कारण, हेतु (दसनि १, १४)।

लक्खणा स्त्री [लक्षणा] १ शब्द-वृत्ति विशेष, शब्द की एक शक्ति, जिससे मुख्य अर्थ के बाध होने पर भिन्न अर्थ की प्रतीति होती है (दे १, ३)। २ एक महौषधि (ती ५)।

लक्खणा स्त्री [लक्ष्मणा] १ आठवें जिनदेव की माता (सम १५१)। २ उसी जन्म में मुक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पानेवाली श्रीकृष्ण की एक पत्नी (अंत १५)। ३ एक अमात्य की स्त्री (उप ७२८ टी)।

लक्खणिअ वि [लाक्षणिक, लाक्षण्य] १ लक्षणों का जानकार। २ लक्षण-युक्त (सुपा १३६)।

लक्खमण } पुं [लक्ष्मण] विक्रम की बार-
लखमण } हवीं शताब्दी का एक जैन मुनि और ग्रंथाकार (सुपा ६५८)।

लक्खा स्त्री [लाक्षा] लाख, लाह, जतु, चपड़ा (णाया १, १—पत्र २४; पराह २, ५)। °रुणिय वि [°रुणित] लाख से रँगा हुआ (पाअ)।

लक्खिअ वि [लक्षित] १ जाना हुआ। २ पहचाना हुआ। ३ देखा हुआ (गउड; नाट—रत्ना १४)।

लग्ग न [दे] निकट, पास (पिंग)।

लगंड न [लगण्ड] वक्र काष्ठ (पंचा १८, १६; स ५९९)। °साइ वि [°शायिन्] वक्र काष्ठ की तरह सोनेवाला (पराह २, १—पत्र १००; औप; कस; पंचा १८, १६; ठा ५, १—पत्र २९६)। °ासण न [°ासन] आसन-विशेष (सुपा ८५)।

लगुड देखो लउड (कुप्र ३८९)।

लग्ग सक [लग्] लगना, संग करना, संबंध करना। लग्गइ (हे ४, २३०; ४२०; ४२२; प्राकृ ६८; प्राप्र; उव)। भवि. लग्गिस्सं, लग्गिहिइ (पि ५२७)। लग्गंत, लग्गमाण (चेइय ११२; उप ६६६; गा १०५)। संकृ. लग्गूण (कुप्र ६६), लग्गिवि (अप) (हे ४, ३३९)। कृ. लग्गिअव्व (सुर १०, ११२)।

लग्ग न [दे] १ चिह्न। २ वि. अघटमान, असम्बद्ध (दे ७, १७)।

लग्ग न [लग्न] १ मेष आदि राशि का उदय (सुर २, १७०; मोह १०१)। २ वि. संसक्त, संबद्ध (पाअ; कुमा; सुर २, ५६)। ३ पुं. स्तुति-पाठक (हे २, ७८)।

लगण न [लगन] संग, संबन्ध; 'वडपाय-वसाहालग्गणेण' (सुर १५, १४; उप १३४; ५३८)।

लग्गणय पुं [लग्नक] प्रतिभू, जमानत करनेवाला, जामीन (पाअ)।

लग्गूण देखो लग्ग = लग्।

लघिम पुंस्त्री [लघिमन्] १ लघुता, लाघव। २ योग की एक सिद्धि, जिसके प्रभाव से मनुष्य छोटा बन सकता है; 'लंघिज्ज लघिमगुणओ अनिलस्सवि लाघवं साहू' (कुप्र २७७)। ३ विद्या-विशेष (पउम ७, १३६)।

लचय न [दे] तृण-विशेष, गण्डुत् तृण (दे ७, १७)।

लच्छ देखो लक्ख = लक्ष्य (नाट)।

लच्छ° देखो लभ।

लच्छण देखो लक्खण = लक्षण (सुपा ६४; प्राकृ २२; नाट—चैत ५५)।

लच्छि° } स्त्री [लक्ष्मी] १ संपत्ति, वैभव। २
लच्छी } धन, द्रव्य। ३ कान्ति। ४ औषध-विशेष। ५ फलिनी वृक्ष। ६ स्थल-पद्मिनी। ७ हरिद्रा। ८ मुक्ता, मोती। ९ शटी नामक ओषधि (कुमा; प्राकृ ३०; हे २, १७)। १० शोभा (से २, ११)। ११ विष्णु-पत्नी (पाअ; से २, ११)। १२ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, १०)। १३ षष्ठ वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)। १४ पुंडरीक द्रह की अधिष्ठात्री देवी (ठा २, ३—पत्र ७२)। १५ देव-प्रतिमा विशेष (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। १६ छन्द-विशेष (पिंग)। १७ एक वणिक्-पत्नी (७२८ टी)। १८ शिखरी पर्वत का एक कूट (इक)। °निलय पुं [°निलय] वासुदेव (पउम ३७, ३७)। °मई स्त्री [°मती] १ छटवें वासुदेव की माता (सम १५२)। २ ग्यारहवें चक्रवर्ती का स्त्री-रत्न (सम १५२)। °मंदिर न [°मन्दिर] नगर-विशेष (सुपा ६३२)। °वइ पुं [°पति] लक्ष्मी का स्वामी, श्रीकृष्ण (प्राकृ ३०)। °वई स्त्री [°वती] दक्षिण रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। °हर पुं [°धर] १ वासुदेव (पउम ३८, ३४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ न. नगर-विशेष (इक)।

लजुक (अशो) देखो रज्जु = (दे) (कप्प—रज्जु)।

लज्ज अक [लस्ज्] शरमाना। लज्जइ (उव; महा)। कर्म. लज्जिज्जइ (हे ४, ४१९)। वकृ. लज्जंत, लज्जमाण (उप पृ ५५; महा; आचा)। कृ. लज्जणिज्ज (से ११, २९; णाया १, ८—पत्र १४३)।

लज्जण } न [लज्जन] १ शरम, लाज
लज्जणय } (सा ८; राज)। २ वि. लज्जा-कारक; 'किं एत्तो लज्जणयं ...... जं पह-रिज्जइ दीणे पलायमाणे पमत्ते वा' (सुपा २१५; भवि)।

लज्जा स्त्री [लज्जा] १ लाज, शरम (औप; कुमा; प्रासू ६६; गा ६१०)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ संयम (भग २, ५; औप)।

लज्जापइत्तअ (शौ) वि [लज्जयितृ] लजाने-वाला; 'जुवइवेसलज्जापइत्तअं' (मा ४२)।

लज्जालु वि [लज्जालु] लज्जावान्, शरमिंदा (उप १७९ टी)।

लज्जालु } स्त्री [लज्जालु] १ लता-विशेष,
लज्जालुआ } लाजवंती, लजवनी, छुईमुई
लज्जालुइणी } (षड्; हे २, १५९; १७४)। २ लज्जावाली स्त्री (षड्; हे २, १५९, १७४; सुर २, १५९; गा १२७, प्राकृ ३५)।

लज्जालुइणी स्त्री [दे] कलह-कारिणी स्त्री (षड्)।

लज्जालुइर } वि [लज्जालु] लज्जाशील,
लज्जालुर } शरमिंदा। स्त्री. °री (गा ४८२; ६१२ अ)।

लज्जाव सक [लज्जय्] शरमिंदा बनाना, लजवाना। लज्जावेदि (शौ) नाट—मृच्छ ११०)। कृ. लज्जावणिज्ज (स ३६८; भवि)।

लज्जावण वि [लज्जन] शरमिन्दा करनेवाला (पराह १, ३—पत्र ५४)।

लज्जाविय वि [लज्जित] लजवाया हुआ (पराह १; ३—पत्र ५४)।

लज्जिअ वि [लज्जित] १ लज्जा-युक्त (पाअ)। २ न. लज्जा, शरम; 'न लज्जिअं अप्पणोवि पलिआणं' (श्रा १४)।

लज्जिर वि [लज्जितृ] लज्जा-शील (हें २, १४५; गा १५०; कुमा; वज्जा ८; भवि)। स्त्री. °री (पि ५९६)।

लज्जु स्त्री [रज्जु] १ रस्सी, लजुरी, लेजुरी या लेजुर। २ वि. रस्सी की तरह सरल, सीधा; 'चाई लज्जू धन्ने तवस्सी' (पराह २, ५—पत्र १४९; भग)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लज्जु वि [लज्जावत्] लज्जावाला; 'एसणा-समिओ लज्जू गामे अनियओ चरे' (उत्त ६, १७)।

लज्जु देखो रिज्जु = ऋजु (भग)।

लज्झ° देखो लभ।

लट्ट } न [दे] १ खसखस आदि का तेल
लट्टय } (पभा ३१)। २ कुसुम्भ; 'लट्टयवसणा' (दे ७, १७)।

लट्टा स्त्री [दे. लट्टा] धान्य-विशेष, कुसुम्भ धान्य (पव १५४)।

लट्टा स्त्री [लट्वा] १ वृक्ष-विशेष (कुमा)। २ कुसुम्भ (बृह १)। ३ गौरैया, पक्षि-विशेष। ४ भ्रमर, भौंरा। ५ वाद्य-विशेष (दे २, ५५)।

लट्ठ वि [दे] १ अन्यासक्त (दे ७, २६)। २ मनोहर, सुन्दर, रम्य (दे ७, २६; पाअ; णाया १, १; पण्ह १, ४; सुर १, २६; कुप्र ११, श्रु ६; पुप्फ ३४; सार्ध २१; धण ५; सुपा १५६)। ३ प्रियंवद, प्रिय-भाषी (दे ७, २६)। ४ प्रवान, मुख्य; 'खमियव्वो प्रवराहो ममावि पाविट्ठलट्ठस्स' (उप ७२८ टी)। °दंत पुं [°दन्त] १ जैन मुनि (अनु १)। २ द्वीप-विशेष, एक अन्तर्द्वीप। ३ द्वीप-विशेष में रहनेवाला मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)।

लट्ठुरी स्त्री [दे] सुन्दर, रमणीय (कुप्र २१०)।

लट्ठि स्त्री [यष्टि] लाठी, छड़ी (औप; कुमा)।

लट्ठिअ न [दे] खाद्य-विशेष; 'जेट्ठाहि लट्ठिएणं भोचा कज्जं साहिति' (सुज्ज १०, १७)।

लडह वि [दे] १ रम्य, सुन्दर (७, १७; सुपा ६; सिरि ४७; ८७५; गउड; औप; कप्प; कुमा, हेका २६५; सण; भवि)। २ सुकुमार, कोमल (काप्र ७६५; भवि)। ३ विदग्ध, चतुर (दे ७,१७)। ४ प्रधान, मुख्य (कुमा)।

लडहक्खमिअ वि [दे] विघटित, वियुक्त (दे ७, २०)।

लडहा स्त्री [दे] विलासवती स्त्री (षड्)।

लडाल देखो णडाल (प्राकृ ३७; पि २६०)।

लड्डिय न [दे] लाड़, छोह, प्यार (भवि)।

लड्डुअ } पुं [लड्डुक] लड्डू, मोदक
लड्डुग } (गा ६४१; प्रयौ ८३; कुप्र २०६; भवि; पउम ८४, ४; पिंड ३७७)।

लड्डुयार वि [लड्डुककार] लड्डू बनानेवाला, हलवाई (कुप्र २०६)।

लढ सक [स्मृ] स्मरण करना, याद करना। लढइ (हें ४, ७४)। वकृ. लढंत (कुमा)।

लढिअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (पाअ)।

लण्ह वि [श्लक्ष्ण] १ चिकना, मसृण (सम १३७; ठा ४, २; औप; कप्पू)। २ अल्प, थोड़ा। ३ न. लोहा, धातु-विशेष (हे २, ७७; प्राकृ १८)।

लत्त वि [लप्त, लपित] उक्त, कथित (सुपा २३४)।

लत्ता } स्त्री [दे] १ लात, पार्ष्णि-प्रहार
लत्तिआ } (सुपा २३८; ठा २, ३—पत्र ६३)। २ आतोद्य-विशेष (ठा २, ३; आचा २, ११, ३)।

लदण } (मा) देखो रयण = रत्न (अभि
लदन } १८४; प्राकृ १०२)।

लद्द सक [दे] भार भरना, बोझ डालना, लादना, गुजराती में 'लादवु'। हेकृ. लद्देउं (सुपा २७५)।

लद्दण न [दे] भार-क्षेप लादना (स ५३७)।

लद्दी स्त्री [दे] हाथी आदि की विष्ठा, गुजराती में 'लीद' (सुपा १३७)।

लद्ध वि [लब्ध] प्राप्त (भग; उवा; औप, हे ३, २३)।

लद्धि स्त्री [लब्धि] १ क्षयोपशम, ज्ञान आदि के आवारक कर्मों का विनाश और उपशान्ति (विसे २९९७)। २ सामर्थ्य-विशेष, योग आदि से प्राप्त होती विशिष्ट शक्ति (पव २७०; संबोध २८)। ३ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ९९)। ४ प्राप्ति, लाभ (भग ८, २)। ५ इन्द्रिय और मन से होनेवाला विज्ञान, श्रुत ज्ञान का उपयोग (विसे ४६६)। ६ योग्यता (अणु)। °पुलाअ पुं [°पुलाक] लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि; 'संघाइयाण कज्जे चुण्णिज्जा चक्कवट्टिमवि जीए। तीए लद्धीइ जुओ लद्धिपुलाओ' (संबोध २८)।

लद्धिअ वि [लब्ध] प्राप्त (वै ६९)।

लद्धिल्ल वि [लब्धिमत्] लब्धि-युक्त (पंच १, ७)।

लद्धुं } देखो लभ।
लद्धूण }

लप्पसिया स्त्री [दे] लपसी, एक प्रकार का पक्वान्न (पव ४)।

लब्भ नीचे देखो।

लभ सक [लभ्] प्राप्त करना। लभइ, लभए (आचा; कस, विसे १२१५)। भवि. लच्छिसि, लभिस्सं, लभिस्सामि (उव; महा; पि ५२५)। कर्म. लज्झइ, लब्भइ (महा ६०, १६; हे १, १८७; ४, २४६; कुमा)। संकृ. लभिय, लद्धुं, लद्धूण (पंच ५, १६४; आचा; काल)। हेकृ. लद्धुं (काल)। कृ. लब्भ (पण्ह २, १; विसे २८३७; सुपा ११; २३३; स १७५; सण)।

लय सक [ला] ग्रहण करना। लएइ, लयंति (उव)। कर्म—लइज्जइ, लिज्जइ (भवि; सिरि ६६३)। वकृ. लयंत (वज्जा २८; महा; सिरि ३७५)। संकृ. लइ, लएवि, लएविणु (अप) (पिंग; भवि)। देखो ले = ला।

लय न [दे] नव-दम्पति का आपस में नाम लेने का उत्सव (दे ७, १६)।

लय देखो लव = लव (गउड; से ५, १४)।

लय पुं [लय] १ श्लेष। २ मन की साम्यावस्था (कुमा)। ३ लीनता, तल्लीनता। ४ तिरोभाव (विसे २६६६)। ५ संगीत का एक अंग, स्वर-विशेष (स ७०४; हास्य १२३)।

लय° देखो लया। °हरय न [°गृहक] लता-गृह (सुपा ३८१)।

लय पुं [लय] तन्त्री का स्वन—ध्वनि-विशेष। °सम न [°सम] गेय काव्य का एक भेद (दसनि २, २३)।

लयंग न [लताङ्ग] संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व; 'पुव्वाण सयसहस्सं चुलसीइगुणं लयंगमिह होइ' (जो २)।

लयण वि [दे] १ तनु, कृश, क्षाम (दे ७, २७; पाअ)। २ मृदु, कोमल। ३ न वल्ली, लता (दे ७, २७)।

लयण न [लयन] १ तिरोभाव, छिपना (विसे २८१७; दे ७, २४) २ अवस्थान (सुर ३, २०६)। ३ देखो लेण (राज)।

लयणी स्त्री [दे] लता, वल्ली (पाअ; षड्)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लया स्त्री [लता] १ वल्ली, वल्लरी (पराण १; गा २८; काप्र ७२३; कुमा; कप्प)। २ प्रकार, भेद; 'संघाडो त्ति वा लय त्ति वा पगारो त्ति वा एगट्ठा' (वृह १)। ३ तप-विशेष (पव २७१)। ४ संख्या-विशेष, चौरासी लाख लतांग-परिमित संख्या (जो २)। ५ कम्बा, छड़ी, यष्टि; 'कसप्पहारे य लयप्पहारे य छिवापहारे य' (णाया १, २—पत्र ८६; विपा १, ६—पत्र ६६)। °जुद्ध न [°युद्ध] लड़ने की एक कला, एक तरह का युद्ध (औप)।

लयापुरिस पुं [दे] वह स्थान, जहाँ पद्म-हस्त स्त्री का चित्रण किया जाय; 'पउमकरा जत्थ वहू लिहिज्जए सो लयापुरिसो' (दे ७, २०)।

लल अक [लल्, लड्] १ विलास करना, मौज करना। २ भूलना। ललइ, ललेइ (प्राकृ ७३; सण; महा; सुपा ४०३)। वकृ. ललंत, ललमाण (गा ४४६; सुर २, २३७; भवि; औप; सुपा १८१; १८७)।

ललणा स्त्री [ललना] स्त्री, महिला, नारी (तंदु ५०; सुपा ४;७)।

ललाड देखो णडाल (औप; पि २६०)।

ललाम न [ललामन्] प्रधान, नायक (अभि ६५)।

ललिअ न [ललित] १ विलास, मौज, लीला (पात्र; पव १६६; औप)। २ अंग-विन्यास-विशेष (पएह १, ४)। ३ प्रसन्नता, प्रसाद (विपा १, २ टी—पत्र २२)। ४ वि. क्रीडा-प्रधान, मौजी (णाया १, १६—पत्र २०५)। ५ शोभा-युक्त, सुन्दर, मनोहर (णाया १, १; औप; राय)। ६ मंजु, मधुर (पाअ)। ७ ईप्सित, अभिलषित (णाया १, ६)। °मित्त पुं [°मित्र] सातवें वासुदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५३; पउम २०, १७१)। °वित्थरा स्त्री [°विस्तरा] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि का बनाया हुआ एक जैन ग्रन्थ (चेइय २५६)।

ललिअंग पुं [ललिताङ्ग] एक राज-कुमार (उप ६८६ टी)।

ललिअय न [ललितक] छन्द-विशेष (अजि १८)।

२४; सुर ३, ७६; नाट—चैत १३०)। कृ. **संचरणिज्ज, संचरिअव्व** (नाट—वेणी १४; से १४, २८)।

संचरण न [संचरण] १ चलना, गति। २ सम्यग् गति (गउड; पि १०२; कप्पू)।

संचरिअ वि [संचरित] चला हुआ, जिसने संचरण किया हो वह (उप पृ ३५८; रुक्मि ५६; भवि)।

संचलण न [संचलन] संचार, गति (गउड)।

संचलिअ वि [संचलित] चला हुआ (सुर ३, १४०; महा)।

संचल्ल सक [सं + चल्] चलना, गति करना। संचल्लइ (भवि)।

संचल्ल (अप) देखो संचलिय (भवि)।

संचल्लिअ देखो संचलिअ (महा)।

संचाइय वि [संशकित] जो समर्थ हुआ हो वह (भग ३, २ टी—पत्र १७८)।

संचाय अक [सं + शक्] समर्थ होना। संचाएइ (भग, उवा; कप्प), संचाएमो (सूत्र २, ७, १०; णाया १, १८—पत्र २४०)।

संचाय पुं [संत्याग] परित्याग (पंचा १३, ३४)।

संचार सक [सं + चारय्] संचार कराना। संचारइ (भवि)। संकृ. संचारि (अप) (पिंग)।

संचार पुं [संचार] संचरण, गति (गउड; महा; भवि)।

संचारि वि [संचारिन्] गति करनेवाला (कप्पू)।

संचारिअ वि [संचारित] जिसका संचार कराया गया हो वह (भवि)।

संचारिम वि [संचारिम] संचार-योग्य, जो एक स्थान से उठा कर दूसरे स्थान में रखा जा सके वह (पिंड ३००; सुपा ३५१)।

संचारी स्त्री [दे] दूत-कर्म करनेवाली स्त्री (पाअ; षड्)।

संचाल सक [सं + चालय्] चलाना। संचालइ (भवि)। कवकृ. संचालिज्जंत, संचालिज्जमाण (से ६, ३६; णाया १, ६—पत्र १५६)।

संचालिअ वि [संचालित] चलाया हुआ (से ४, २७)।

संचिअ वि [संचित] संगृहीत (ओघ ३२६ भवि; नाट—वेणी ३७, सुपा ३५२)।

संचिंतण न [संचिन्तन] चिन्तन, विचार (हि २२)।

संचिंतणया स्त्री [संचिन्तना] ऊपर देखो (उत्त ३२, ३)।

संचिक्ख अक [सं + स्था] रहना, ठहरना, अच्छी तरह रहना, समाधि से रहना। संचिक्खइ (आचा १, ६, २, २)। संचिक्खे (उत्त २, ३३; ओघ ६६)।

संचिज्जमाण देखो संचिण।

संचिट्ठ देखो संचिक्ख। संचिट्ठइ (भग; उवा; महा)।

संचिट्ठण न [संस्थान] अवस्थान (पि ४८३)।

संचिण सक [सं + चि] १ संग्रह करना, इकट्ठा करना। २ उपचय करना। संचिणेइ, संचिणइ, संचिणंति (श्रु १०७; पि ५०२)। संकृ. संचिणित्ता (सूत्र २, २, ६५; भग)। कवकृ. संचिज्जमाण (आचा २, १, ३, २)।

संचिणिय वि [संचित] संगृहीत (स ४०३)।

संचिन्न वि [संचीर्ण] आचरित (सण)।

संचुण्ण सक [सं + चूर्णय्] चूर-चूर करना, खंड-खंड करना, टुकड़ा-टुकड़ा करना। कवकृ. संचुण्णिज्जंत (पउम ५६, ४४)।

संचुण्णिअ, **संचुन्निअ** } वि [संचूर्णित] चूर-चूर किया हुआ (महा; भवि; णाया १, १—पत्र ४७; सुर १२, २४१)।

संचेयणा स्त्री [संचेतना] अच्छी तरह सूध, भान; 'लद्धसचेयणाउ' (सिरि ६५७)।

संचोइय वि [संचोदित] प्रेरित (ठा ४, ३ टी—पत्र २३८)।

संछइय, **संछण्ण**, **संछन्न** } वि [संछन्न] ढका हुआ (उप पृ १२३; सुर २, २४७; सुपा ५६२; महा; सण)।

संछाइय वि [संछादित] ढका हुआ (सुपा ५६२)।

संछाय सक [सं + छादय्] ढकना। वकृ. संछायंत (पउम ५६, ४७)।

संछुह सक [सं + क्षिप्] एकत्रित कर छोड़ना, इकट्ठा करना; 'संछुहई एगगेहम्मि' (पिंड ३११)।

संछोभ पुं [संक्षेप] अच्छी तरह फेंकना, क्षेपण (पंच ५, १५६; १८०)।

संछोभग वि [संक्षेपक] प्रक्षेपक (राज)।

संछोभण न [संक्षेपण] परावर्तन (राज)।

संजइ पुंस्त्री [संयति] उत्तम साधु, मुनि; 'संजईए दव्वलिंगीणमंतरं मेरुसरिसवसरिच्छं' (संबोध ३६)।

संजई स्त्री [संयती] साध्वी (ओघ १६; महा; द्र २७)।

संजणग वि [संजनक] उत्पन्न करनेवाला (सुर ११, १६६)।

संजणण न [संजनन] १ उत्पत्ति। २ वि. उत्पन्न करनेवाला (सुर ६, १४२; सुपा ३८२)। स्त्री. °णी (रत्न २८)।

संजणय देखो संजणग (चेइय ६१५, सुपा ३८; सिक्खा २६)।

संजणिय वि [संजनित] उत्पादित (प्रासू १४६; सण)।

संजत्त सक [दे] तैयार करना। संजत्तेह (स २२)।

संजत्ता स्त्री [संयात्रा] जहाज की मुसाफिरी (णाया १, ८—पत्र १३२)।

संजत्ति स्त्री [दे] तैयारी; 'आणत्ता नियपुरिसा संजत्ति कुणह गमणत्थं' (सुर ७, १३०; स ६३५; ७३५; महा)। देखो संजुत्ति।

संजत्तिअ वि [दे] तैयार किया हुआ (स ४४३)।

संजत्तिअ, **संजत्तिग** } वि [सांयात्रिक] जहाज से यात्रा करनेवाला, समुद्र-मार्ग का मुसाफिर (सुपा ६५५; ती ६; सिरि ४३१; पव २७६; हे १, ७०; महा; णाया १, ८—पत्र १३५)।

संजत्थ वि [दे] १ कुपित, क्रुद्ध। २ पुं. क्रोध (दे ८, १०)।

संजद देखो संजय = संयत (प्राप्र; प्राकृ १२; संक्षि ६)।

संजम अक [सं + यम्] १ निवृत्त होना। २ प्रयत्न करना। ३ व्रत-नियम करना। ४ सक. बाँधना। ५ काबू में करना। कर्म.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संजमिज्जंति (गउड २८९)। वकृ. संजमेंत, संजमयंत, संजममाण (गउड ८४०; दसनि १, १४८; उत्त १८, २६)। कवकृ. संजमीअमाण (नाट—विक्र ११२)। संकृ. संजमित्ता (सूअ १, १०, २)। हेकृ. संजमिउं (गउड ४८७)। कृ. संजमिअव्व, संजमितव्व (भग; णाया १, १—पत्र ६०)।

संजम सक [दे] छिपाना। संजमेसि (दे ८, १५ टी)।

संजम पुं [संयम] १ चारित्र, व्रत, विरति, हिंसादि पाप-कर्मों से निवृत्ति (भग; ठा ७; औप; कुमा; महा)। २ शुभ अनुष्ठान (कुमा ७, २२)। ३ रक्षा, अहिंसा (णाया १, १—पत्र ६०)। ४ इन्द्रिय-निग्रह। ५ बन्धन। ६ नियन्त्रण, काबू (हे १, २४५)। °ासंजम पुं [°ासंयम] श्रावक-व्रत (औप)।

संजमण न [संयमन] ऊपर देखो (धर्मवि १७; गा २९१; सुपा ५५३)।

संजमिअ वि [दे] संगोपित, छिपाया हुआ (दे ८, १५)।

संजमिअ वि [संयमित] बाँधा हुआ, बद्ध (गा ६४६; सुर ७, ५; कुप्र १८७)।

संजय अक [सं + यत्] १ सम्यक् प्रयत्न करना। २ सक. अच्छी तरह प्रवृत्त करना। संजयए, संजए (पव ७२; उत्त २, ४)।

संजय वि [संयत] साधु, मुनि, व्रती (भग; ओघभा १७; काल); 'ममावि मायावित्ताणि संजयाणि' (महा)। °पंता स्त्री [°प्रान्ता] साधु को उपद्रव करनेवाली देवी आदि (ओघभा ३७ टी)। °भद्दिगा स्त्री [°भद्रिका] साधु को अनुकूल रहनेवाली देवी आदि (ओघभा १७ टी)। °ासंजय वि [°ासंयत] किसी अंश में व्रती और किसी अंश में अव्रती, श्रावक (भग)।

संजय पुं [संजय] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेनेवाला एक राजा (ठा ८—पत्र ४३०)।

संजयंत पुं [संजयन्त] एक जैन मुनि (पउम ५, २१)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (इक)।

संजर पुं [संज्वर] ज्वर, बुखार (अच्चु ९७)।

संजल अक [सं + ज्वल्] १ जलना। २ आक्रोश करना। ३ क्रुद्ध होना। संजले (सूअ १, ९, ३१; उत्त २, २४)।

संजलण वि [संज्वलन] १ प्रतिक्षण क्रोध करनेवाला (सम ३७)। २ पुं. कषाय-विशेष (कम्म १, १७)।

संजलिअ पुं [संज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ९)।

संजल्लिअ (अप) वि [संज्वलित] आक्रोश-युक्त (भवि)।

संजव देखो संजम = सं + यम्। संजवहु (अप) (भवि)।

संजव देखो संजम = (दे)। संजवइ (प्राकृ ६६)।

संजविअ देखो संजमिअ = (दे) (पाअ; भवि)।

संजविअ देखो संजमिअ = संयमित (भवि)।

संजा देखो संणा (हे २, ८३)।

संजाणय वि [संज्ञायक] विज्ञ, विद्वान्, जानकार (राज)।

संजात } देखो संजाय = संजात (सुर २,
संजाद } ११४; ४, १९०; प्राप्र; पि २०४)।

संजाय अक [सं + जन्] उत्पन्न होना। संजायइ (सण)।

संजाय वि [संजात] उत्पन्न (भग; उवा; महा; सण; पि ३३३)।

संजीवणी स्त्री [संजीवनी] १ मरते हुए को जीवित करनेवाली औषधि (प्रासू ८३)। २ जीवित-दात्री नरक-भूमि (सूअ १, ५, २, ९)।

संजीवि वि [संजीविन्] जिलानेवाला, जीवित करनेवाला (कप्पू)।

संजुअ वि [संयुत] सहित, संयुक्त (द्र २२; सिक्खा ४८; सुर ३, ११७; महा)। देखो संजुत।

संजुअ न [संयुग] १ लड़ाई, युद्ध, संग्राम (पाअ)। २ नगर-विशेष (राज)।

संजुंज सक [सं + युज्] जोड़ना। कर्म. 'अविसिट्ठे सब्भावे जलेण संजुअ(? ज्ज)ती जहा वत्थं' (धर्मसं १८०)। कवकृ. संजुज्जंत (सम्म ५३)।

संजुत न [संयुत] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो संजुअ = संयुत।

संजुता स्त्री [संयुता] छन्द-विशेष (पिंग)।

संजुत्त वि [संयुक्त] संयोगवाला, जुड़ा हुआ (महा; सण; पि ४०४; पिंग)।

संजुत्ति स्त्री [दे] तैयारी (सुर ४, १०२; १२, १०१; स १०३; कुप्र २००)। देखो संजत्ति।

संजुद्ध वि [दे] स्पन्द-युक्त, थोड़ा हिलने-चलनेवाला, फरकनेवाला (दे ८, ९)।

संजूह पुंन [संयूथ] १ उचित समूह (ठा १०—पत्र ४९५)। २ सामान्य, साधारणता। ३ संक्षेप, समास (सूअ २, २, १)। ४ ग्रन्थ-रचना, पुस्तक-निर्माण (अणु १४९)। ५ दृष्टिवाद के अठासी सूत्रों में एक सूत्र का नाम (सम १२८)।

संजोअ सक [सं + योजय्] संयुक्त करना, संबद्ध करना, मिश्रण करना। संजोएइ, संजोयइ (पिंड ६३८; भग; उव; भवि)। वकृ. संजोयंत (पिंड ६३६)। संकृ. संजोएऊण (पिंड ६३९)। कृ. संजोएअव्व (भग)।

संजोअ सक [सं + दृश्] निरीक्षण करना, देखना। संकृ. संजोइऊण (श्रु ३२)।

संजोअ पुं [संयोग] संबन्ध, मेल-मिलाप, मिश्रण (षड्; महा)।

संजोअण न [संयोजन] १ जोड़ना, मिलाना (ठा २, १—पत्र २९)। २ वि. जोड़नेवाला। ३ कषाय-विशेष, अनन्तानुबन्धि नामक क्रोधादि-चतुष्क (विसे १२२९; कम्म ५, ११ टी)। °धिकरणिया स्त्री [°धिकरणिकी] खड्ग आदि को उसकी मूठ आदि से जोड़ने की क्रिया (ठा २, १—पत्र ३९)।

संजोअणा स्त्री [संयोजना] १ मिलान, मिश्रण (पिंड ६३६)। २ भिक्षा का एक दोष, स्वाद के लिए भिक्षा-प्राप्त चीजों को आपस में मिलाना (पिंड १)।

संजोइय वि [संयोजित] मिलाया हुआ, जोड़ा हुआ (भग; महा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संजोइय वि [संदृष्ट] दृष्ट, निरीक्षित (भवि)।

संजोग देखो संजोअ = संयोग (हे १, २४५)।

संजोगि वि [संयोगिन्] संयोग-युक्त, संबन्धी (संबोध ४६)।

संजोगेत्तु वि [संयोजयितृ] जोड़नेवाला (ठा ८—पत्र ४२६)।

संजोत्त (अप) देखो संजोअ = स + योजय्। संकृ. संजोत्तिवि (भवि)।

संझ° नीचे देखो (णाया १, १—पत्र ४८)। °च्छेयावरण वि [°च्छेदावरण] १ सन्ध्या-विभाग का आवारक। २ पुं. चन्द्र, चाँद (अणु १२० टी)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] शक्र के सोम-लोकपाल का विमान (भग ३, ७—पत्र १७५)।

संझा स्त्री [सन्ध्या] १ साँझ, साम, सायंकाल (कुमा; गउड; महा)। २ दिन और रात्रि का संधि-काल। ३ युगों का संधि-काल। ४ नदी-विशेष। ५ ब्रह्मा की एक पत्नी (हे १, ३०)। ६ मध्याह्न काल; 'तिसंझं' (महा)। °गय न [°गत] १ जिस नक्षत्र में सूर्य अनन्तर काल में रहनेवाला हो वह नक्षत्र। २ सूर्य जिसमें हो उससे चौदहवाँ या पनरहवाँ नक्षत्र। ३ जिसके उदय होने पर सूर्य उदित हो वह नक्षत्र। ४ सूर्य के पीछे के या आगे के नक्षत्र के बाद का नक्षत्र (वव १)। °छेयावरण देखो संझ-च्छेयावरण (पव २६८)। °णुराग पुं [°नुराग] साँझ के बादल का रँग (पएण २—पत्र १०६)। °वली स्त्री [°वली] एक विद्याधर-कन्या का नाम (महा)। °विगम पुं [°विगम] रात्रि, रात (निच्च १६)। °विराग पुं [°विराग] साँझ का समय (जीव ३, ४)।

संझाअ सक [सं + ध्यै] ख्याल करना, चिन्तन करना. ध्यान करना। संझाअदि (शौ) (पि ४७६; ५५८)। वकृ. संझायंत (सुपा ३८६)।

संझाअ अक [संध्याय] संध्या की तरह आचरण करना। संझायइ (गउड ६३२)।

संटंक पुं [संटङ्क] अन्वय, संबन्ध (चेइइ ३६६)।

संठ वि [शठ] धूर्त, मायावी (कुमा; दे ६, १११)।

संठ (चूपै) देखो संढ (हे ४, ३२५)।

संठप्प देखो संठव।

संठव सक [सं + स्थापय्] १ रखना, स्थापना करना। २ आश्वासन देना, उद्वेग-रहित करना, सान्त्वना करना। संठवइ, संठवेइ (भवि; महा)। वकृ. संठवंत (गा ३६)। कवकृ. संठविज्जंत (सुर १२, ४१)। संकृ. संठवेऊण (महा), संठप्प (उव), संठविअ (पिंग)।

संठवण देखो संठावण (मृच्छ १५४)।

संठविअ वि [संस्थापित] १ रखा हुआ (हे १, ६७; प्राप्र; कुमा)। २ आश्वासित। ३ उद्वेग-रहित किया हुआ (महा)।

संठा अक [सं + स्था] रहना, अवस्थान करना, स्थिति करना। संठाइ (पि ३०६; ४८३)।

संठाण न [संस्थान] १ आकृति, आकार (भग; औप; पव २७६; गउड; महा; दं ३)। २ कर्म-विशेष, जिसके उदय से शरीर के शुभ या अशुभ आकार होता है वह कर्म (सम ६७; कम्म १, २४; ४०)। ३ संनिवेश, रचना (प्रासू ८७)।

संठाव देखो संठव। संकृ. संठाविअ (नाट—चैत ७५)।

संठावण न [संस्थापन] रखना; 'तेरिच्छ-संठावणं' (पव ३८)। देखो संथावण।

संठावणा स्त्री [संस्थापना] आश्वासन, सान्त्वना (से ११, १२१)। देखो संथावणा।

संठाविअ देखो संठविअ (हे १, ६७; कुमा; प्राप्र)।

संठिअ वि [संस्थित] १ रहा हुआ, सम्यक् स्थित (भग; उवा; महा; भवि)। २ न. आकार (राय)।

संठिइ स्त्री [संस्थिति] १ व्यवस्था (सुज्ज १, १)। २ अवस्था, दशा, स्थिति (उप १३६ टी)।

संड पुं [शण्ड, षण्ड] १ वृष, बैल, साँढ; 'मत्तसंडुव्व भमेइ विलसेइ अ' (श्रा १२; सुर १५, १४०)। २ पुंन. पद्म आदि का समूह, वृक्ष आदि की निबिड़ता (णाया १, १—पत्र १६; भग; कप्प; औप; गा ८; सुर ३, ३०; महा; प्रासू १४५); 'तियसतरुसंडो' (गउड)। ३ पुं. नपुंसक (हे १, २६०)।

संडास पुंन [संदंश] १ यन्त्र-विशेष, सँड़सी, चिमटा (सूअ १, ४, २, ११; विपा १, ६—पत्र ६८; स ६६६)। २ ऊरु-संधि, जाँघ और ऊरु के बीच का भाग (ओघ २०६; ओघभा १५५)। °तोंड पुं [°तुण्ड] पक्षि-विशेष, सँड़सी की तरह मुखवाला पाँखी (पएह १, १—पत्र १४)।

संडिज्झ } न [दे] बालकों का क्रीड़ा-स्थान
संडिब्भ } (राज; दस ५, १, १२)।

संडिल्ल पुं [शाण्डिल्य] १ देश-विशेष (उप १०३१ टी; सत्त ६७ टी)। २ एक जैन मुनि का नाम (कप्प; णंदि ४६)। ३ एक ब्राह्मण का नाम (महा)। देखो संडेल्ल।

संडी स्त्री [दे] वल्गा, लगाम (दे ८, २)।

संढेय पुं [षाण्डेय] षंढ-पुत्र, षंढ, नपुंसक; 'कुक्कुडसंडेयगामपउरा' (औप; णाया; १, १ टी—पत्र १)।

संडेल्ल न [शाण्डिल्य] १ गोत्र-विशेष। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)। देखो संडिल्ल।

संडेव पुं [दे] पानी में पैर रखने के लिए रखा जाता पाषाण आदि (ओघ ३१)।

संडेवय (अप) देखो संडेय; 'गामइं कुक्कुड-संडेवयाइं' (भवि)।

संडोलिअ वि [दे] अनुगत, अनुयात (दे ८, १७)।

संढ पुं [षण्ढ] नपुंसक (प्राप्र; हे १, ३०; संबोध १६)।

संढो स्त्री [दे] साँढ़नी, ऊँटनी (सुपा ५८०)।

संढोइय वि [संढौकित] उपस्थापित (सुपा ३२३)।

संण वि [संज्ञ] जानकार, ज्ञाता (आचा १, ५, ६, १०)।

संणक्खर देखो संनक्खर (राज)।

संणज्ज न [सांनाय्य] मन्त्र आदि से संस्कारा जाता घी वगैरह (प्राकृ १६)।

संणज्झ अक [सं + नह्] १ कवच धारण करना, बखतर पहनना। २ तैयार होना। संणज्झइ (पि ३३१)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संणडिअ वि [संनटित] व्याकुल किया हुआ, विडम्बित (वज्जा ७०)।

संणद्ध वि [संनद्ध] संनाह-युक्त, कवचित (विपा १, २—पत्र २३; गउड)।

संणय देखो संनय (राज)।

संणवणा स्त्री [संज्ञापना] संज्ञप्ति, विज्ञापन (उवा)।

संणा स्त्री [संज्ञा] १ आहार आदि का अभिलाष (सम ६; भग; पराण १, ३—पत्र ५५; प्रासू १७६)। २ मति, बुद्धि (भग)। ३ संकेत, इशारा (से ११, १३४ टी)। ४ आख्या, नाम। ५ सूर्य की पत्नी। ६ गायत्री (हे २, ४२)। ७ विष्ठा, पुरीष (उप १४२ टी)। ८ सम्यग् दर्शन (भग)। ९ सम्यग् ज्ञान। (राय १३३)। °इअ वि [°कृत] टट्टी फिरा हुआ, फरागत गया हुआ (दस १. १ टी)। °भूमि स्त्री [°भूमि] पुरीषोत्सर्जन की जगह (उप १४२ टी; दस १, १ टी)।

संणामिय वि [संनामित] अवनत किया हुआ (पंचा १६, ३६)।

संणाय वि [संज्ञात] १ ज्ञात, नात का आदमी (पंच १०, ३६)। २ स्वजन, सगा (उप ६५३)। देखो संनाय।

संणास पुं [संन्यास] संसार-त्याग, चतुर्थ आश्रम (नाट—चैत ६०)।

संणासि वि [संन्यासिन्] संसार-त्यागी, चतुर्थ-आश्रमी, यति, व्रती (नाट—चैत ८८)।

संणाह सक [सं+नाहय्] लड़ाई के लिए तैयार करना, युद्ध-सज्ज करना। संणाहेहि (औप ४०)।

संणाह पुं [संनाह] १ युद्ध की तैयारी (से ११, १३४)। २ कवच, बखतर (नाट—वेणी ६२)। °पट्ट पुं [°पट्ट] शरीर पर बाँधने का वस्त्र-विशेष (बृह ३)।

संणाहिय वि [सांनाहिक] युद्ध की तैयारी से सम्बन्ध रखनेवाला; 'संणाहियाए भेरीए सद्दं सोच्चा' (णाया १, १६—पत्र २१७)।

संणि वि [संज्ञिन्] १ संज्ञावाला, संज्ञा-युक्त। २ मनवाला प्राणी (सम २; भग; औप)। ३ श्रावक, जैन गृहस्थ (ओघ ८)। ४ सम्यग् दर्शनवाला, सम्यक्त्वी, जैन (भग)। ५ न. गोत्र-विशेष, जो वासिष्ठ गोत्र की शाखा है। ६ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

संणिक्खित्त देखो संनिक्खित्त (राज)।

संणिगास देखो संगियास (णाया १, १—पत्र ३२)।

संणिगास देखो संनिगास = संनिकर्ष (राज)।

संणिचय देखो संनिचय (राज)।

संणिचिय देखो संनिचिय (आचा २, १, २, ४)।

संणिज्झ देखो संनिज्झ (गउड)।

संणिणाय देखो संनिनाय (राज)।

संणिधाइ देखो संणिहाइ (नाट—मालती २९)।

संणिधाण देखो संनिहाण (नाट—उत्तर ४४)।

संणिपडिअ वि [संनिपतित] गिरा हुआ (विपा १, ६—पत्र ६८)।

संणिभ देखो संनिभ (राज)।

संणिय वि [संज्ञित] जिसको इशारा किया गया हो वह (सुपा ८८)।

संणियास पुं [संनिकाश] समान, सदृश (पउम २०, १८८)। देखो संनियास।

संणिरुद्ध वि [संनिरुद्ध] रुका हुआ, नियन्त्रित (आचा २, १, ४, ४)।

संणिरोह पुं [संनिरोध] अटकाव, रुकावट (से ५, ६४)।

संणिवय अक [संनि+पत्] पड़ना, गिरना। वकृ. संणिवयमाण (आचा २, १, ३, १०)।

संणिवाय पुं [संनिपात] सम्बन्ध (पंचा ७, १८)।

संणिविट्ठ देखो संनिविट्ठ (णाया १, १ टी—पत्र २)।

संणिवेस देखो संनिवेस (आचा १, ८, ६, ३; भग; गउड; नाट—मालती ५६)।

संणिसिज्जा
संणिसेज्जा } देखो संनिसिज्जा (राज)।

संणिह देखो संनिह (गा २५८; नाट—मृच्छ ६१)।

संणिहाइ वि [संनिधायिन्] समीप-स्थायी (माल ५२)।

संणिहाण देखो संनिहाण (राज)।

संणिहि देखो संनिहि (आचा २, १, २, ४)।

संणिहिअ वि [संनिहित] सहायता के लिए समीप-स्थित, निकट-वर्ती (महा)। देखो संनिहिअ।

संणेज्झ देखो संनेज्झ (गउड)।

संत देखो स = सत् (उवा; कप्प; महा)।

संत वि [शान्त] १ शम-युक्त, क्रोध-रहित (कप्प; आचा १, ८, ५, ४)। २ पुं. रस-विशेष; 'विणयंता चेव गुणा संततरसा किया उ भावंता' (सिरि ८८२)।

संत वि [श्रान्त] थका हुआ (णाया १, ४; उवा १०१; ११२; विपा १, १; कप्प; दे ८, ३६)।

संतइ स्त्री [संतति] १ संतान, अपत्य, लड़कावाला; 'दुट्ठसीला खु इत्थिया विणासेइ संतइं' (स ५०५; सुपा १०४)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह (उत्त ३६, ९; उप पृ १८१)।

संतच्छण न [संतक्षण] छिलना (सूअ १, ५, १; १४)।

संतच्छिअ वि [संतक्षित] छिला हुआ (पराह १, १—पत्र १८)।

संतट्ठ वि [संत्रस्त] डरा हुआ, भय-भीत (सुर ६, २०५)।

संतति देखो संतइ (स ६८४)।

संतत्त वि [संतत] १ निरन्तर, अविच्छिन्न। २ विस्तीर्ण;

'अच्छिनिमीलियमित्तं नत्थि सुहं
दुक्खमेव संततं।
नरए नेरइयाणं अहोनिसि
पच्चमाणाणं।'
(सुर १४, ४६)।

संतत्त वि [संतप्त] संताप-युक्त (सुर १४, ५६; गा १३६; सुपा १६; महा)।

संतत्थ देखो संतट्ठ (उव; श्रा १८)।

संतप्प अक [सं+तप्] १ तपना, गरम होना। २ पीड़ित होना। संतप्पइ (हे ४, १४०; स २०)। भवि. संतप्पिस्सइ (स

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६८१)। कृ. संतप्पियव्व (स ६८१)। वकृ. संतप्पमाण (सुज्ज ६)।

संतप्पिअ वि [संतप्त] १ संताप-युक्त (कुमा ६, १४)। २ न. संताप (स २०)।

संतमस न [संतमस] १ अन्धकार, अँधेरा (पाअ; सुपा २०५)। २ अन्ध-कूप, अँधेरा कुँआ (सुर १०, १५८)।

संतय देखो संतत्त = संतत (पाअ; भग)।

संतर सक [सं + तॄ] तैरना, तैर कर पार करना। हेकृ. संतरित्तए (कस)।

संतरण न [संतरण] तैरना, तैर कर पार करना (ओघ ३८; चेइय ७४३; कुप्र २२०)।

संतस अक [सं + त्रस्] १ भय-भीत होना। २ उद्विग्न होना। संतसे (उत्त २, ११)।

संता स्त्री [शान्ता] सातवें जिन-भगवान् की शासन-देवता (संति ६)।

संताण पुं [संतान] १ वंश (कप्प)। २ अविच्छिन्न धारा, प्रवाह (विसे २३९७; २३६८; गउड; सुपा १६८)। ३ तंतु-जाल, मकड़ी आदि का जाल; 'मक्खडासंताणए' (आचा; पडि; कस)।

संताण न [संत्राण] परित्राण, संरक्षण (बृह १)।

संताणि वि [संतानिन्] १ अविच्छिन्न धारा में उत्पन्न, प्रवाह-वर्ती; 'संताणिणो न भिण्णो जइ संताणो न नाम संताणो' (विसे २३६८; धर्मसं २३५)। २ वंश में उत्पन्न, परंपरा में उत्पन्न; 'दिव इह अत्थि पत्तो उज्जाणे पासनाहसंताणी। केसी नाम गणहरो' (धर्मवि ३)।

संतार वि [संतार] १ तारनेवाला, पार उतारनेवाला (पउम २, ४४)। २ पुं. संतरण, तैरना (पिंग)।

संतारिअ वि [संतारित] पार उतारा हुआ (पिंग)।

संतारिम वि [संतारिम] तैरने योग्य (आचा २, ३, १, १३)।

संताव सक [सं + तापय्] १ गरम करना, तपाना। २ हैरान करना। संतावेंति (सुज्ज ६)। वकृ. संतावित (सुपा २४८)। कवकृ. संताविज्जमाण (नाट—मृच्छ १३७)।

संताव पुं [संताव] १ मन का खेद (पण्ह १, ३—पत्र ५५; कुमा; महा)। २ ताप, गरमी (पण्ह १, ३—पत्र ५५; महा)।

संतावण न [संतापन] संताप, संतप्त करना (सुपा २३२)।

संतावणी स्त्री [संतापनी] नरक-कुम्भी (सूअ १, ५, २, ६)।

संतावय वि [संतापक] संताप-जनक (भवि)।

संतावि वि [संतापिन्] संतप्त होनेवाला, जलनेवाला (कप्पू)।

संताविय वि [संतापित] संतप्त किया हुआ (काल)।

संतास सक [सं + त्रासय्] भय-भीत करना, डराना। संतासइ (पिंग)।

संतास पुं [संत्रास] भय, डर (स ५४४)।

संतासि वि [संत्रासिन्] त्रास-जनक (उप ७६८ टी)।

संति स्त्री [शान्ति] १ क्रोध आदि का जय, उपशम, प्रशम (आचा १, १, ७, १, चेइय ५६४)। २ मुक्ति, मोक्ष (आचा १, २, ४, ४; सूअ १, १, १; ठा ८—पत्र ४२५)। ३ अहिंसा (आचा १, ६, ५, ३)। ४ उपद्रव-निवारण (विपा १, ६—पत्र ६१; सुपा ३६४)। ५ विषयों से मन को रोकना। ६ चैन, आराम। ७ स्थिरता (उप ७२८ टी; संति १)। ८ दाहोपशम, ठंढाई (सूअ १, ३, ४, २०)। ९ देवी-विशेष (पंचा १९, २४)। १० पुं. सोलहवें जिनदेव का नाम (सम ४३; कप्प; पडि)। °उदअ न [°उदक] शान्ति के लिए मस्तक में दिया जाता मन्त्रित पानी (पि १६२)। °कम्म न [°कर्मन्] उपद्रव-निवारण के लिए किया जाता होम आदि कर्म (पण्ह १, २—पत्र ३०; सुपा २६२)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] जहाँ शान्ति-कर्म किया जाता हो वह स्थान (आचा २, २, २, ९)। °गिह न [°गृह] शान्ति-कर्म करने का स्थान (कप्प)। °जल न [°जल] देखो °उदअ (धर्म २)। °जिण पुं [°जिन] सोलहवें जिन-देव (संति १)। °मई स्त्री [°मती] एक श्राविका का नाम (सुपा ६२२)। °य वि [°द] शान्ति-प्रदाता (उप ७२८ टी)। °सूरि पुं [°सूरि] एक जैनाचार्य और ग्रन्थकार (जी ५०)। °सेणिय पुं [°श्रेणिक] एक प्राचीन जैन मुनि (कप्प)। °हर न [°गृह] भगवान् शान्तिनाथजी का मन्दिर (पउम ६७, ५)। °होम पुं [°होम] शान्ति के लिए किया जाता हवन (विपा १, ५—पत्र ६१)।

संतिअ } वि [दे. सत्क] संबन्धी, संबन्ध
संतिग } रखनेवाला; अम्मा-पिउसंतिए वद्धमाणे' (कप्प); 'नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा सागारियसंतियं सेज्जासंथारयं आयाए अहिगरणं कट्टु संपव्वइत्तए' (कस; उव; महा; सं २०६; सुपा २७८; ३२२; पण्ह १, ३—पत्र ४२)।

संतिज्जाघर देखो संति-गिह (महा ६८, ८)।

संतिण्ण वि [संतीर्ण] पार-प्राप्त, पार उतरा हुआ; 'संतिण्णं सव्वभया' (अजि १२)।

संतुट्ठ वि [संतुष्ट] संतोष-प्राप्त (स्वप्न २०; महा)।

संतुयट्ट वि [संत्वग्वृत्त] जिसने पार्श्व घुमाया हो वह, जिसने करवट बदली हो वह, लेटा हुआ (णाया १, १३—पत्र १७९)।

संतुलणा स्त्री [संतुलना] तुलना, तुल्यता, सरीखाई (सार्ध २०)।

संतुस्स अक [सं + तुष्] १ प्रसन्न होना। २ तृप्त होना। संतुस्सइ (सिरि ४०२)।

संतेज्जाघर देखो संतिज्जाघर (महा ६८, १४)।

संतो अ [अन्तर्] मध्य, बीच; 'अंतो संतो च मध्यार्थे' (प्राकृ ७९))।

संतोस सक [सं + तोषय्] १ प्रसन्न करना, खुशी करना। २ तृप्त करना। कर्म. संतोसीअदि (शौ) (नाट—रत्ना ४०)।

संतोस पुं [संतोष] तृप्ति, लोभ का अभाव; 'हरइ अणुवि परगुणो गरुयम्मिवि णियगुणे न संतोसो' (गउड; कुमा; पण्ह १, ५—पत्र ९३; प्रासू १७७; सुपा ४३९)।

संतोसि स्त्री [संतोषि] सन्तोष, तुष्टि, तृप्ति (उवा)।

संतोसि वि [संतोषिन्] १ सन्तोष-युक्त, लोभ-रहित, निर्लोभी, तृप्त (सूअ १, १२,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५; सुपा ४३६)। २ आनन्दित, खुशी (कप्पू)।

संतोसिअ पुं [संतोषिक] संतोष, तृप्ति (उवा १६)।

संतोसिअ वि [संतोषित] संतुष्ट किया हुआ (महा; सण)।

संथ वि [संस्थ] संस्थित (विसे ११०१)।

संथड
संथडिय } वि [संस्तृत] १ आच्छादित, परस्पर के संश्लेष से आच्छादित (भग; ठा ४, ४)। २ घन, निबिड़ (आचा २, १, ३, १०)। ३ व्याप्त (उत्त २१, २२; ओघ ७४७)। ४ समर्थ। ५ तृप्त, जिसने पर्याप्त भोजन किया हो वह (कस; आचा २, ४, २, ३; दस ७, ३३)। ६ एकत्रित (आचा २, १, ६, १)।

संथण अक [सं + स्तन्] आक्रन्द करना। संथणती (सूअ १, २, ३, ७)।

संथर सक [सं + स्तृ] १ बिछौना करना, बिछाना। २ निस्तार पाना, पार जाना। ३ निर्वाह करना। ४ अक. समर्थ होना। ५ तृप्त होना। ६ होना, विद्यमान होना। संथरइ (भग २, १—पत्र १२७; उवा; कस); 'ण समुच्छे णो संथरे तणं' (सूअ १, २, २, १३; आचा), संथरिज, संथरे, संथरेजा (कप्प; दस ५, २, २; आचा)। वकृ. संथर°, संथरंत, संथरमाण (उवर १४२; ओघ १८२; १८१; आचा २, ३, १, ८)। संकृ. संथरित्ता (भग; आचा)।

संथर पुं [संस्तर] निर्वाह (पिंड ३७५; ४००)।

संथर देखो **संथार** (सुर २, २४७)।

संथरण न [संस्तरण] १ निर्वाह (बृह १)। २ बिछौना करना (राज)।

संथव सक [सं + स्तु] १ स्तुति करना, श्लाघा करना। २ परिचय करना। संथवेजा (सूअ १, १०, ११)। कृ. संथवियव्व (सुपा २)।

संथव पुं [संस्तव] १ स्तुति, श्लाघा, 'संथवो थुई' (निचू २; वव ३; पिंड ४८४)। २ परिचय, संसर्ग (उवा; पिंड ३१०; ४८४; ४८५, श्रावक ८८)। ३ वि. स्तुति-कर्ता (णाया १, १६ टी—पत्र २२०; राज)।

संथवण न [संस्तवन] ऊपर देखो (संबोध ५६; उप ७६८ टी)।

संथवय वि [संस्तावक] स्तुति-कर्ता (णाया १, १६—पत्र २१३)।

संथविअ देखो **संठविअ** (पउम ८३, १०)।

संथार
संथारग
संथारय } पुं [संस्तार] १ दर्भ—कुश आदि की शय्या, बिछौना (णाया १, १—पत्र ३०, उवा; उव; भग)। २ अपवरक, कमरा (आचा २, २, ३, १)। ३ उपाश्रय, साधु का वास-स्थान (वव ४)। ४ संस्तार-कर्ता (पव ७१)।

संथाव देखो **संठाव**। वकृ. संथावंत (पउम १०३, २४)।

संथावण न [संस्थापन] सान्त्वना, समाश्वासन (पउम ११, २०; ४६, ८; ६५, ४७)। देखो **संठावण**।

संथावणा स्त्री [संस्थापना] संस्थापन, रखना (सा २४)। देखो **संठावणा**।

संथिद (शौ) देखो **संठिअ** (नाट—मृच्छ ३०१)।

संथुअ वि [संस्तुत] १ संबद्ध, संगत (सूअ १, १२, २)। २ परिचित (आचा १, २, १, १)। ३ जिसकी स्तुति की गई हो वह, श्लाघित (उत्त १, ४६; भवि)।

संथुइ स्त्री [संस्तुति] स्तुति, श्लाघा, प्रशंसा (चेइय ४६६; सुपा ६५०)।

संथुण सक [सं + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना। संथुणइ (उव; यति ६)। वकृ. संथुणमाण (पउम ८३, १०)। कवकृ. संथुणिज्जंत, संथुव्वंत (सुपा १६०; श्राक ७)। संकृ. संथुणित्ता (पि ४६४)।

संथुल वि [संस्थुल] रमणीय, रम्य, सुन्दर (चारु १६)।

संथुव्वंत देखो **संथुण**।

संद अक [स्यन्द्] १ झरना, टपकना। संदंति (सूअ १, १२, ७)।

संद पुं [स्यन्द] १ झरन, प्रस्रव (से ७, ५६)। २ रथ; 'रवि-संदु(? दु)व्व भमंतो' (धर्मवि १४४)।

संद वि [सान्द्र] घन, निबिड़ (अच्चु ३७; विक्र २३)।

संदंस पुं [संदंश] दक्षिण हस्त; 'छिदाविओ निवेणं कोववसा तहवि तस्स संदंसो' (कुप्र २३२)।

संदंसण न [संदर्शन] दर्शन, देखना, साक्षात्कार (उप ३५७ टी)।

संदट्ठ वि [संदष्ट] जो काटा गया हो वह, जिसको दंश लगा हो वह (हे २, ३४; कुमा ३, ८; षड्)।

संदट्ट
संदट्टय } वि [दे] १ संलग्न, संयुक्त, संबद्ध (दे ८, १८; गउड; २३६)। २ न. संघट्ट, संघर्ष (दे ८, १८)।

संदड्ढ वि [संदग्ध] अति जला हुआ (सुर ६, २०५; सुपा ५१६)।

संदण पुं [स्यन्दन] १ रथ (पाअ; महा)। २ भारतवर्ष में अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न तेइसवाँ जिनदेव (पव ७)। ३ न. क्षरण, प्रस्रव। ४ वहन, वहना। ५ जल, पानी; 'जत्थ णं नई निच्चोयगा निच्चसंदणा' (कप्प)।

संदब्भ पुं [संदर्भ] रचना, ग्रंथन (उवर २०३; सण)।

संदमाणिया
संदमाणी } स्त्री [स्यन्दमानिका, °नी] एक प्रकार का वाहन, एक तरह की पालकी (औप; णाया १, ५—पत्र १०१; १, १ टी—पत्र ४३; औप)।

संदाण सक [कृ] अवलम्बन करना, सहारा लेना। संदाणइ (हे ४, ६७)। वकृ. संदाणंत (कुमा)। कवकृ. संदाणिज्जंत (नाट—मालती ११६)।

संदाणिअ वि [संदानित] बद्ध, नियन्त्रित (पाअ; से १, ६०; १३, ७१; सुपा ३; कुप्र ६६; नाट—मालती १६६)।

संदामिय वि [संदामित] ऊपर देखो (स ३१६; सम्मत्त १६०)।

संदाव देखो **संताव**=संताप (गा ८१७; ६६४; पि २७५; स्वप्न २७; अभि ६१; माल १७६)।

संदाव पुं [संद्राव] समूह, समुदाय (विसे २८)।

संदिट्ठ वि [संदिष्ट] १ जिसका अथवा जिसको सँदेशा दिया गया हो वह; उपदिष्ट, कथित (पाअ; उप ७२८ टी; ओघभा ३१;

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भवि)। २ जिसको आज्ञा दी गई हो वह; 'हरिणेगमेसिणा सक्कवयणसंदिट्ठेणं' (कप्प)। ३ छँटा हुआ, छिलका निकाला हुआ (चावल आदि) (राय ६७)।

संदिद्ध वि [संदिग्ध] संशय-युक्त, संदेह-वाला (पात्र)।

संदिन्न न [संदत्त] उनतीस दिनों का लगातार उपवास (संबोध ५८)।

संदिय वि [स्यन्दित] क्षरित, टपका हुआ (सुर २, ७६)।

संदिर वि [स्यन्दितृ] झरनेवाला (सरण)।

संदिस सक [सं+दिश्] १ संदेशा देना, समाचार पहुँचाना। २ आज्ञा देना। ३ अनुज्ञा देना, सम्मति देना। ४ दान के लिए संकल्प करना। संदिसइ (षड्; महा), संदिसह (पडि)। कवकृ. संदिस्संत (पिंड २३६)। प्रयो., संकृ. संदिसाविऊण (पंचा ५, ३८)।

संदिसण न [संदेसन] उपदेश, कथन; 'कुलनीइट्ठिइभंगप्पमुहाणेगप्पश्रोससंदिसणं' (संबोध १५)।

संदीण पुं [संदीन] १ द्वीप-विशेष, पक्ष या मास आदि में पानी से सराबोर होता द्वीप। २ अल्पकाल तक रहनेवाला दीपक। ३ श्रुतज्ञान। ४ क्षोम्य, क्षोभणीय (आचा १, ६, ३, ३)।

संदीवग वि [संदीपक] उत्तेजक, उद्दीपक; 'कामग्गिसंदीवगं' (रंभा)।

संदीवण न [संदीपन] १ उत्तेजना, उद्दीपन (संबोध ४८; नाट—उत्तर ५६)। २ वि. उत्तेजन का कारण, उद्दीपन करनेवाला (उत्तम ८८)।

संदीविय वि [संदीपित] उत्तेजित, उद्दीपित (भवि)।

संदुक्ख अक [प्र+दीप्] जलना, सुलगना। संदुक्खइ (षड्)।

संदुट्ठ वि [संदुष्ट] अतिशय दुष्ट (संबोध ११)।

संदुम अक [प्र+दीप्] जलना, सुलगना। संदुमइ (हे ४, १५२; कुमा)।

संदुमिअ वि [प्रदीप्त] जला हुआ, सुलगा हुआ (पात्र)।

संदेव पुं [दे] १ सीमा, मर्यादा। २ नदी-मेलक, नदी-संगम (दे ८, ७)।

संदेस पुं [संदेश] सँदेशा, समाचार (गा ३४२; ८३३; हे ४, ४३४; सुपा ३०१; ५१६)।

संदेह पुं [संदेह] संशय, शंका (स्वप्न ६६; गउड; महा)।

संदोह पुं [संदोह] समूह, जत्था (पात्र; सुर २, १४६; सिरि ५६४)।

संध सक [सं+धा] १ साँधना, जोड़ना। २ अनुसंधान करना, खोज करना। ३ वाँछना, चाहना। ४ वृद्धि करना, बढ़ाना। ५ करना; 'भग्गं व संधइ रहं सो' (कुप्र १०२), संधइ, संधए (आचा; सूत्र १, १४, २१; १, ११, ३४; ३५)। भवि. संधिस्सामि, संविहिसि (पि ५३०)। वकृ. संधंत (से ५, २४)। कवकृ. संधिज्जमाण (भग)। हेकृ. संधिउं (कुप्र ३८१)।

संध° देखो संझ° (देवेन्द्र २७०)।

संधण स्त्रीन [संधान] १ साँधा, संधि, जोड़ (धर्मसं १०१७)। २ अनुसंधान (पंचा १२, ४३)। स्त्री. °णा (आचानि १७५; सूत्रनि १६७; ओघ ७२७)।

संधणया स्त्री [संधना] साँधना, जोड़ना (वव १)।

संधय वि [संधक] संधान-कर्ता (दस ६, ४, ५)।

संधया देखो संध=सं+धा। संधयाती (सूत्र २, ६, २)।

संधा स्त्री [संधा] प्रतिज्ञा, नियम (श्रा १२; उप पृ ३३३; सम्मत्त १७१)।

संधाण न [संधान] १ दो हाड़ों का संयोग-स्थान (सुर १२, ६)। २ संधि, सुलह (हम्मीर १५)। ३ मद्य, सुरा, दारू (धर्मसं ५६)। ४ जोड़, संयोग, मिलान (आचा; कुमा; भवि)। ५ अचार, नोवू आदि का मसाला दिया खाद्य-विशेष (पव ४)।

संधारण न [संधारण] सान्त्वना, आश्वासन (स ४१६)।

संधारिअ वि [दे] योग्य, लायक (दे ८, १)।

संधारिअ वि [संधारित] रखा हुआ, स्थापित (णाया १, १—पत्र ६६)।

संधाव सक [सं+धाव्] दौड़ना। संधावइ (उत्त २०, ४६)।

संधि पुंस्त्री [संधि] १ छिद्र, विवर। २ संधान, उत्तरोत्तर पदार्थ-परिज्ञान (सूत्र १, १, १, २०; २१; २२; २३; २४)। ३ व्याकरण-प्रसिद्ध दो अक्षरों के संयोग से होने वाला वर्ण-विकार (पण्ह २, २—पत्र ११४)। ४ सेंध, चोरी के लिए भीत में किया जाता छेद (चारु ६०; महा; हास्य ११०)। ५ दो हाड़ों का संयोग-स्थान; 'थक्काओ सव्व-संधीओ' (सुर ४, १६५; १२, १६६; जी १२)। ६ मत, अभिप्राय; 'अहवा विचित्त-संधिणो हि पुरिसा हवंति' (स २६)। ७ कर्म, कर्म-संतति (आचा; सूत्र १, १, १, २०)। ८ सम्यग् ज्ञान की प्राप्ति। ९ चारित्र-मोहनीय कर्म का क्षयोपशम। १० अवसर, समय, प्रसंग। ११ मीलन, संयोग (आचा)। १२ दो पदार्थों का संयोग-स्थान (विपा १, ३—पत्र ३९; महा)। १३ मेल के लिए कतिपय नियमों पर मित्रता-स्थापन, सुलह (कप्पू; कुमा ६, ४०)। १४ ग्रंथ का प्रकरण, अध्याय, परिच्छेद (भवि)। °गिह न [°गृह] दो भीतों के बीच का प्रच्छन्न स्थान (कप्प)। °च्छेयग, °छेयग वि [°च्छेदक] सेंध लगा कर चोरी करनेवाला (णाया १, १८—पत्र २३६; विपा १, ३—पत्र ३९)। °पाल, °वाल वि [°पाल] दो राज्यों की सुलह का रक्षक (कप्प; औप; णाया १, १—पत्र १९)।

संधिअ वि [दे] दुर्गन्धि, दुर्गन्धवाला (दे ८, ८)।

संधिअ वि [संहित] साँधा हुआ, जोड़ा हुआ (से १, ५४; गा ५३; स २६७; तंदु ३९; वज्जा ७०)।

संधिअ वि [संधित] प्रसारित (गउड)।

संधिआ देखो संहिया (ओघ ६२)।

संधिउं देखो संध = सं + धा।

संधित देखो संधिअ = संहित (भग)।

संधिविग्गहिअ पुं [सान्धिविग्रहिक] राजा की संधि और लड़ाई के कार्य में नियुक्त मन्त्री (कुमा)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संधीर सक [सं + धीरय्] आश्वासन देना, धीरज देना। वकृ. संधीरंत (सुपा ४७६)।

संधीरविय वि [संधीरित] जिसको आश्वासन दिया गया हो वह, आश्वासित (सुर ४, १११)।

संधुक्क अक [प्र + दीप् , सं + धुक्ष्] १ जलना, सुलगना। २ सक. जलाना। ३ उत्तेजित करना। संधुक्कइ (हे ४, १५२; कुमा)। कर्म. संधुक्किज्जइ (वज्जा १३०)।

संधुक्कण न [संधुक्षण] १ सुलगना, जलना। २ प्रज्वालन, सुलगाना (भवि)। ३ वि. सुलगानेवाला (स २४१)।

संधुक्किअ वि [संधुक्षित] १ जलाया हुआ, सुलगाया हुआ (सुपा ५०१)। २ जला हुआ, प्रदीप्त, सुलगा हुआ (पाअ; महा; स २७)। ३ उत्तेजित; 'अविवेयपवणसंधुक्किओ पज्जलिओ मे मणम्मि कोवाणलो' (स २४१)।

संधुच्छिद (शौ) ऊपर देखो (नाट—मृच्छ २३३)।

संधुम देखो संदुम। संधुमइ (षड्)।

संधे देखो संध = सं + धा। संधेइ, संधेंति, संधेजा (आचा १, १, १, ५; पि ५००; सूअ १, ४, १, ५)। वकृ. संधेंत, संधेमाण (पउम ६८, ३१; पंचा १४, २७; आचा; पि ५००)।

संन देखो संग (आचा १, ५, ६, ४)।

संनक्खर न [संज्ञाक्षर] अकार आदि अक्षरों की आकृति (णंदि १८७)।

संनज्झ देखो संणज्झ। संनज्झइ (भवि)। संकृ. संनज्झिऊण (महा)। हेकृ. संनज्झिउं (स ३७६)।

संनण न [संज्ञान] इशारा करना, संज्ञा करना (उप २६०)।

संनत देखो संनय (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

संनद्ध देखो संणद्ध (औप; विपा १, २ टी—पत्र २३)।

संनय वि [संनत] नमा हुआ, अवनत (औप; वज्जा १५०)।

संनव सक [सं + ज्ञापय्] संभाषण से संतुष्ट करना। संनवेइ (राय १४०)।

संनह देखो संणज्झ। संनहइ (भवि), संनहह (धर्मवि २०)।

संनहण न [संनहन] संनाह (पउम १०, ६४)।

संनहिय देखो संणद्ध (सुपा २२)।

संना देखो संणा (ठा १—पत्र १६; पण्ह १, ३—पत्र ५५; पाअ; सुर ३, ६७; पिंड २४५; उप ७५१; दं ३)।

संनाय वि [संज्ञात] पिछाना हुआ, पहिचाना हुआ; 'संनाया परियणेण' (महा)। देखो संणाय (पव १५३)।

संनाह देखो संणाह = सं + नाहय्। संनाहेइ (औप; तंदु ११)। संकृ. संनाहित्ता (तंदु ११)।

संनाह देखो संणाह = संनाह (महा)।

संनाहिय वि [संनाहित] तय्यार किया हुआ, सजाया हुआ (औप)।

संनाहिय देखो संणाहिय (णाया १, १६—पत्र २१७)।

संनि देखो संणि (सम २; ठा २, २—पत्र ५६; जी ४३; कम्म १, ६)।

संनिकास देखो संनिगास (ठा ६—पत्र ४५६, कप्प)।

संनिकिट्ठ वि [संनिकृष्ट] आसन्न, समीप में स्थित (सुख ४, ८)।

संनिक्खित्त वि [संनिक्षिप्त] डाला हुआ, रखा हुआ (कप्प)।

संनिगास वि [संनिकाश] १ समान, तुल्य (भग २, १; णाया १, १—पत्र २५; औप; स ३८१)। २ पुं. अपवाद (पंचू)। ३ पुंन. समीप, पास (पउम ३६, २८)।

संनिगास पुं [संनिकर्ष] संयोग; 'संजोग संनिगासो पडुच्च संबंध एगट्ठा' (णंदि १२८ टी)।

संनिचय पुं [संनिचय] १ निचय, समूह (आचा)। २ संग्रह (आचा १, २, ५, १)।

संनिचिय वि [संनिचित] निबिड़ किया हुआ (पव १५८; जीवस ११६)।

संनिजुंज सक [संनि + युज्] अच्छी तरह जोड़ना। कवकृ. संनिजुज्जंत (पिंड ४५५)।

संनिज्झ न [सांनिध्य] सहायता करने के लिए समीप में आगमन, निकटता (स ३८२)।

संनिनाय पुं [संनिनाद] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द (कप्प)।

संनिभ देखो संनिह (णाया १, १—पत्र ४८; उवा; औप १)।

संनिमहिअ वि [संनिमहित] १ व्याप्त, पूर्ण, भरा हुआ। २ पूजित; 'चंपा नाम नयरी पंडुरवरभवणसंनिमहिया' (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३), 'अत्थि मगहा जणवओ गामसतसंनिमहिओ' (वसु)।

संनिय देखो संणिय (सिरि ८६०; भवि)।

संनियट्ट वि [संनिवृत्त] रुका हुआ, विरत। °चारि वि [°चारिन्] प्रतिषिद्ध का वर्जन करनेवाला (कप्प)।

संनियास देखो संनिगास (पउम ३३, ११६)।

संनिलयण न [संनिलयन] आश्रय, आधार; 'लोभवत्था संसारं अतिवयंति सव्वदुक्खसंनिलयणं' (पण्ह १, ५—पत्र ६४)।

संनिवइय देखो संणिपडिअ (णाया १, १—पत्र ६५)।

संनिवाइ वि [संनिपातिन्] संयोगी, सम्बन्धी; 'सव्वक्खरसंनिवाइणो' (कप्प; औप; सम्मत्त १४४)।

संनिवाइ वि [संनिवादिन्] संगत बोलनेवाला, व्याजबी कहनेवाला (भग १, १—पत्र ११)।

संनिवाइय वि [सांनिपातिक] संनिपात रोग से सम्बन्ध रखनेवाला (णाया १, १—पत्र ५०; तंदु १६; औप ८७)। २ भाव-विशेष, अनेक भावों के संयोग से बना हुआ भाव (अणु ११३; कम्म ४, ६४; ६८)। ३ पुं. संनिपात, मेल, संयोग (अणु ११३)।

संनिवाइय वि [संनिपातिक] देखो संनिवाइ; 'सव्वक्खरसंनिवाइयाए' (औप ५६)।

संनिवाडिय वि [संनिपातित] विध्वस्त किया हुआ (णाया १, १६—पत्र २२३)।

संनिवाय पुं [संनिपात] संयोग, सम्बन्ध (कप्प; औप)।

संनिविट्ठ न [संनिविष्ट] १ मोहल्ला, रथ्या (औप)। २ वि. जिसने पड़ाव डाला हो वह, नगर के बाहर पड़ाव डालकर पड़ा हुआ (कस)। ३ संहत और स्थिर आसन से व्यवस्थित—बैठा हुआ (णाया १, ३—पत्र ६१; राय २७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संनिवेस पुं [संनिवेश] १ नगर के बाहर का प्रदेश, जहाँ आभीर वगैरह लोग रहते हों। २ गाँव, नगर आदि स्थान (भग १, १—पत्र ३६)। ३ यात्री आदि का डेरा, मार्ग का वास-स्थान, पड़ाव (उत्त ३०, १७)। ४ ग्राम, गाँव (सिरि ३८)। ५ रचना (उप पृ १४२)।

संनिवेसणया स्त्री [संनिवेशना] संस्थापन (उत्त २६, १)।

संनिवेसिल्ल वि [संनिवेशिन्] रचनावाला, (उप पृ १४२)।

संनिसन्न वि [संनिषण्ण] बैठा हुआ, सम्यक् स्थित (णाया १, १—पत्र १६; कुप्र १६६; श्रु १२; सण)।

संनिसिज्जा, संनिसेज्जा स्त्री [संनिषद्या] आसन-विशेष, पीठ आदि आसन (सम २१; उत्त १६, ३; उव)।

संनिह वि [संनिभ] समान, सदृश (प्रासू ६६; सण)।

संनिहाण न [संनिधान] १ ज्ञानावरणीय आदि कर्म (आचा)। २ कारक-विशेष, अधिकरण कारक, आधार (विसे २०६६; ठा ८—पत्र ४२७)। ३ सान्निध्य, निकटता (स ७१८; ७६१)। °सत्थ न [°शस्त्र] संयम, त्याग (आचा)। °सत्थ न [°शास्त्र] कर्म का स्वरूप बतानेवाला शास्त्र (आचा)।

संनिहि पुंस्त्री [संनिधि] १ उपभोग के लिए स्थापित वस्तु (आचा १, २, १, ४)। २ संस्थापन। ३ सुन्दर निधि (आचा १, २, ५, १)। ४ समीपता, निकटता (उप पृ १८६; स ६८०; कुप्र १३०)। ५ संचय, संग्रह (उत्त ६, १५; दस ३, ३; ८, २४)।

संनिहिअ पुं [संनिहित] अणपन्नि देवों के दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। देखो संणिहिअ (णाया १, १ टी—पत्र ४)।

संनेज्झ देखो संनिज्झ; 'उवगारि त्ति करेइ कुमरस्स सन्नेज्जं(? ज्झं)' (कुप्र २५; चेइय ७८३)।

संपअ, संपइ (अप) देखो संपया (पिंग; पि ४१३; हे ४, ३३५; कुमा)।

संपइ अ [संप्रति] १ इस समय, अधुना, अब (पाअ; महा; जी ५०; दं ४६; कुमा)। २ पुं. एक प्रसिद्ध जैन राजा, सम्राट् अशोक का पौत्र (कुप्र २; धर्मवि ३७; पुप्फ २६०)। °काल पुं [°काल] वर्तमान काल (सुपा ४४६)। °कालीण वि [°कालीन] वर्तमान-काल-सम्बन्धी (विसे २२२६)।

संपइण्ण वि [संप्रकीर्ण] व्याप्त (राज)।

संपउत्त वि [संप्रयुक्त] संयुक्त, संबद्ध, जोड़ा हुआ (ठा ४, १—पत्र १८७; सूअ २, ७, २, उवा; औप; धर्मसं ६६५; राय १४६)।

संपओग पुं [संप्रयोग] संयोग, संबन्ध (ठा ४, १—पत्र १८७; स ६१४; उप ७२८ टी; कुप्र ३७३; औप)।

संपकर देखो संपगर। संपकरेइ (उत्त २१, १६)।

संपक्क पुं [संपर्क] सम्बन्ध (सुपा ५८; सम्मत्त १४१)।

संपक्कि वि [संपर्किन्] संपर्कवाला, संबन्धी (कप्पू; काप्र १७)।

संपक्खाल पुं [संप्रक्षाल] तापस का एक भेद जो मिट्टी वगैरह घिस कर शरीर का प्रक्षालन करते हैं (औप)।

संपक्खालिय वि [संप्रक्षालित] धोया हुआ (धर्म ३)।

संपक्खित्त वि [संप्रक्षिप्त] प्रक्षिप्त, फेंका हुआ, डाला हुआ (पंच ५, १५७)।

संपगर सक [संप्र + कृ] करना। संपगरेइ (उत्त २१, १६)।

संपगाढ वि [संप्रगाढ] १ अत्यन्त आसक्त (उत्त २०, ४५; सूअ २, ६, २२)। २ व्याप्त (सूअ १, ५, १, १७)। ३ स्थित, व्यवस्थित (सूअ १, १२, १२)।

संपगिद्ध वि [संप्रगृद्ध] अति आसक्त (पण्ह १, ४—पत्र ८५)।

संपग्गहिअ वि [संप्रगृहीत] खूब प्रकर्ष से गृहीत, विशेष अभिमान-युक्त (दस ६, ४, २)।

संपज्ज अक [सं + पद्] १ संपन्न होना, सिद्ध होना। २ मिलना। संपज्जइ (षड्; महा)। भवि. संपज्जिस्सइ (महा)।

संपज्जलिअ पुं [संप्रज्वलित] तीसरा नरक का नववाँ नरकेन्द्रक, नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ६)।

संपट्ठिअ देखो संपत्थिअ = संप्रस्थित (उप १४२ टी; औप; संबोध ५५; सुपा ७७; उपपृ १५८)।

संपड अक [सं + पद्] १ प्राप्त होना, मिलना; गुजराती में 'सांपडवु''। २ सिद्ध होना, निष्पन्न होना। संपडइ, संपडंति (वज्जा ११६; समु १५८; वज्जा ५०)। वकृ. संपडंत (से १४, १; सुर १०, ६७)।

संपडिअ वि [दे संपन्न] लब्ध, मिला हुआ, प्राप्त (दे ८, १४; स २५५)।

संपडिबूह सक [संप्रति + बृंह्] प्रशंसा करना, तारीफ करना। संपडिबूहति (सूअ २, २, ५५)।

संपडिलेह सक [संप्रति + लेखय्] प्रति-जागरण करना, प्रत्युपेक्षण करना, अच्छी तरह निरीक्षण करना। संपडिलेहए (उत्त २६, ४३)। कृ. संपडिलेहिअव्व (दसचू १, १)।

संपडिवज्ज सक [संप्रति + पद्] स्वीकार करना। संपडिवज्जइ (भग)।

संपडिवत्ति स्त्री [संप्रतिपत्ति] स्वीकार, अंगीकार (विसे २६१४)।

संपडिवाइअ वि [संप्रतिपादित] स्थित (उत्त २२, ४६; सुख २२, ४६)। २ स्थापित (दस २, १०)।

संपडिवाय सक [संप्रति + पादय्] संपादन करना, प्राप्त करना। संपडिवायए (दस ६, २, २०)।

संपणदिय, संपणद्दिय देखो संपणाइय (राज; कप्प)।

संपणा देखो संपण्णा (दे ८, ८)।

संपणाइय, संपणादिय वि [संप्रणादित] समीचीन शब्दवाला; 'तुडियसद्दसंपणाइया' (जीव ३, ४—पत्र २२४; पत्र २२७ टी)।

संपणाम सक [संप्र + नामय्] अर्पण करना। संपणामए (उत्त २३, १७)।

संपणिपाअ, संपणिवाय पुं [संप्रणिपात] प्रणाम, समीचीन नमस्कार (पंचा ३, १८; चेइय २३७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संपणुण्ण वि [संप्रनुन्न] प्रेरित, उत्तेजित; 'अक्खंडचंडानिलसंपणुण्णविलोलजालासयसंकुलम्मि' (उपपं ४५)।

संपणुल्ल } सक [संप्र + नुद्] प्रेरणा
संपणोल्ल } करना। संकृ. संपणुल्लिया, संपणोल्लिया (दस ५, १, ३०)।

संपण्ण देखो संपन्न (णाया १, १—पत्र ६; हेका ३३१; नाट—मृच्छ ६)।

संपण्णा स्त्री [दे] घेबर या घीवर (मिष्टान्न-विशेष) बनाने का आटा, गेहूँ का वह आटा जिसका घृतपूर बनता है (दे ८, ८)।

संपत्त वि [संप्राप्त] १ सम्यक् प्राप्त (णाया १, १; उवा; विपा १, १; महा; जी ५०)। २ समागत, आया हुआ (सुपा ४१६)।

संपत्त पुंन [संपात्र] सुन्दर पात्र, सुपात्र (सुपा ४१६)।

संपत्ति स्त्री [संपत्ति] १ समृद्धि, वैभव, संपदा (पाअ; प्रासू ६६; १२८)। २ संसिद्धि। ३ पूर्त्ति; 'तव दोहलस्स संपत्ती भविस्सइ' (विपा १, २—पत्र २७)।

संपत्ति स्त्री [संप्राप्ति] लाभ, प्राप्ति (चेइय ८६४; सुपा २१०)।

संपत्तिआ स्त्री [दे] १ बाला, कुमारी; लड़की (दे ८, १८; वज्जा ११६)। पिप्पली-पत्र, पीपल की पत्ती (दे ८, १८)।

संपत्थिअ न [दे] शीघ्र, जलदी (दे ८, ११)।

संपत्थिय } वि [संप्रस्थित] १ जिसने
संपत्थित } प्रयाण किया हो वह, प्रयात, प्रस्थित (अंत २१; उप ६६६; सुपा १०७; ६५१; णाया १, २—पत्र ३२)। उपस्थित; 'गहियाउहेहि जइवि हु रक्खिजइ पंजरोवरच्छो (? रुद्धो)वि। तहवि हु मरइ निरुत्तं पुरिसो संपत्थिए काले॥"

(पउम ११, ६१)।

संपदं अ [सांप्रतम्] १ युक्त, उचित (प्राकृ १२)। २ अधुना, अब (अभि ५६)।

संपदत्त वि [संप्रदत्त] दिया हुआ, अर्पित (महा; प्राप)।

संपदाण देखो संपयाण (णाया १, ८—पत्र १५०; आचा २, १५, ५)।

संपदाय पुं [संप्रदाय] गुरु-परंपरागत उपदेश, आम्नाय (संबोध ५३; धर्मसं १२३७)।

संपदावण न [संप्रदापन, संप्रदान] कारक-विशेष, 'ततिआ करणम्मि कता चउत्थी संपदावणे' (ठा ८—पत्र ४२७)।

संपदि देखो संपइ = संप्रति (प्राकृ १२)।

संपदि देखो संपत्ति = संपत्ति (संक्षि ६; पि २०४)।

संपधार देखो संपहार = संप्र + धारय्। संपधारेदि (शौ) (नाट—मृच्छ २१६)। कर्म. संपधारीअदु (शौ) (पि ५४३)।

संपधारणा स्त्री [संप्रधारणा] व्यवहार-विशेष, धारणा-व्यवहार (वव १०)।

संपधारिय वि [संप्रधारित] निश्चित, निर्णीत (सण)।

संपधूमिय वि [संप्रधूमित] धूप-वासित, धूप दिया हुआ (कस; कप्प; आचा २, २, १, १)।

संपन्न वि [संपन्न] १ संपत्ति-युक्त (भग; महा; कप्प)। २ संसिद्ध (विपा १, २—पत्र २६)।

संपप्प देखो संपाव।

संपबुज्झ अक [संप्र + बुध्] सत्य ज्ञान को प्राप्त करना। संपबुज्झंति (पंचा ७, २३)।

संपमज्ज सक [संप्र + मृज्] मार्जन करना, झाड़ना, साफ-सूफ करना। संपमज्जेइ (औप ४४)। संकृ. संपमज्जेत्ता, संपमज्जिय (औप; आचा २, १, ४, ५)।

संपमार सक [संप्र + मारय्] मूर्च्छित करना। संपमारए (आचा १, १, २, ३)।

संपय वि [सांप्रत] विद्यमान, वर्तमान; 'पाएण संपए चिय कालम्मि न याइदीहकालण्णा' (विसे ५११)।

संपयं देखो संपदं (पाअ; महा; सुपा ५६८)।

संपयट्ट अक [संप्र + वृत्] सम्यक् प्रवृत्ति करना। संपयट्टेज्जा (धर्मसं ६३१)। वकृ. संपयट्टंत (पंचा ८, १४)।

संपयट्ट वि [संप्रवृत्त] सम्यक् प्रवृत्त (सुर ४, ७६)।

संपया स्त्री [संपद्] १ समृद्धि, संपत्ति, लक्ष्मी, विभव (उवा; कुमा; सुर ३, ६८; महा; प्रासू ६६)। २ वाक्यों का विश्राम-स्थान (पव ६)। ३ प्राप्ति; 'बोहीलाभो जिणधम्मसंपया' (चेइय ६३१; पव ६२)। ६२)। ४ एक वणिक्-स्त्री का नाम (उप ५६७ टी)।

संपयाण न [संप्रदान] १ सम्यक् प्रदान, अच्छी तरह देना, समर्पण (आचा २, १५, ५; गा ६८; सुपा २६८)। २ कारक-विशेष, चतुर्थी-कारक, जिसको दान दिया जाय वह (विसे २०६६)।

संपयावण देखो संपदावण; चउत्थी संपयावणे' (अणु १३३)।

संपराइग } वि [सांपरायिक] संपराय-
संपराइय } संबन्धी, संपराय में उत्पन्न (ठा २, १—पत्र ३६; सूअ १, ८, ८; भग; श्रावक २२६)।

संपराय पुं [संपराय] १ संसार, जगत् (सूअ १, ५, २, २३; दस २, ५)। २ क्रोध आदि कषाय (ठा २, १—पत्र ३६)। ३ बादर कषाय, स्थूल कषाय (सूअ १, ८, ८)। ४ कषाय का उदय (औप)। ५ युद्ध, संग्राम, लड़ाई (णाया १, ६—पत्र १५७; कुप्र ४००; विक्र ८८; दस २, ५)।

संपरिकित्ति पुं [संपरिकीर्त्ति] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६०)।

संपरिक्ख सक [संपरि + ईक्ष्] सम्यक् परीक्षा करना। संकृ. संपरिक्खाए (संबोध २१)।

संपरिक्खित्त } वि [संपरिक्षिप्त] वेष्टित
संपरिखित्त } (भग; पउम, ३, २२; णाया १, १ टी—पत्र ४)।

संपरिफुड वि [संपरिस्फुट] सुस्पष्ट, अति व्यक्त (पउम ७८, १६)।

संपरिवुड वि [संपरिवृत] १ सम्यक् परिवृत, परिवार-युक्त (विपा १, १—पत्र १; उवा; औप)। २ वेष्टित (सूअ २, २, ५५)।

संपरी सक [संपरि + इ] पर्यटन करना, भ्रमण करना। संपरीइ (विसे १२७७)।

संपल (अप) अक [सं + पत्] आ गिरना। संपलइ (पिंग)।

संपलग्ग वि [संप्रलग्न] १ संयुक्त, मिला हुआ। २ जो लड़ाई के लिए भिड़ गया हो वह (णाया १, १८—पत्र २३६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संपलत्त वि [संप्रलपित] उक्त, कथित; प्रतिपादित (णाया १, २—पत्र ८६)।

संपललिय वि [संप्रललित] जिसका अच्छी तरह लालन हुआ हो वह; 'सुहसंपललिया' (औप)।

संपलिअ पुं [संपलित] एक जैन महर्षि (कप्प)।

संपलिअंक पुं [संपर्यङ्क] पद्मासन (भग; औप; कप्प; राय १४५)।

संपलित्त वि [संप्रदीप्त] प्रज्वलित, सुलगा हुआ (णाया १, १—पत्र ६३; पउम २२, १६; धर्मसं ९७०; सुपा २९८; महा)।

संपलिमज्ज सक [संपरि + मृज्] प्रमार्जन करना। वकृ. संपलिमज्जमाण (आचा १, ५, ४, ३)।

संपली सक [संपरि + इ] जाना, गति करना। संपलिति (सूअ १, १, २, ७)।

संपवेय } अक [संप्र + वेप्] काँपना।
संपवेव } संपवेयए, संपवेवए (आचा २, १६, ३)।

संपवेस पुं [संप्रवेश] प्रवेश, पैठ (गउड)।

संपव्वय सक [संप्र + व्रज्] गमन करना, जाना। वकृ. संपव्वयमाण (आचा १, ५, ५, ३; ठा ६—पत्र ३५२)। हेकृ. संपव्वइत्तए (कस)।

संपसार पुं [संप्रसार] एकत्रित होना, समवाय (राज)।

संपसारग } वि [संप्रसारक] १ विस्ता-
संपसारय } रक, फैलानेवाला (सूअ १, २, २, २८)। २ पर्यालोचनकर्ता (आचा १, ५, ४, ५)।

संपसारि वि [संप्रसारिन्] ऊपर देखो (सूअ १, ६, १६)।

संपसिद्ध वि [संप्रसिद्ध] अत्यन्त प्रसिद्ध (धर्मसं ८३७)।

संपस्स सक [स + दृश्] १ अच्छी तरह देखना। विचार करना। संकृ. संपस्सिय (दसचू २, १८)।

संपहार सक [संप्र + धारय्] १ चिंतन करना। २ निर्णय करना, निश्चय करना। संपहारेंति (सुख १, १५)। भूका. संपहारिसु (सूअ २, १, १४; २९)। संकृ. संपहारिऊण (स १०६)।

संपहार पुं [संप्रधार] निश्चय, निर्णय (पउम १६, २६; उप १०३१ टी; भवि)।

संपहार पुं [संप्रहार] युद्ध, लड़ाई (से ८, ४६)।

संपहारण न [संप्रधारण] निश्चय (पउम ४८, ९८)।

संपहाव सक [संप्र + धाव्] दौड़ना। संपहावेइ (आचा २, १, ३, ३)।

संपहिट्ठ वि [संप्रहृष्ट] हर्षित, प्रमुदित (उत्त १५, ३)।

संपा स्त्री [दे] काँची, मेखला, करधनी (दे ८, २)।

संपाइअव वि [संपादितवत्] जिसने सम्पादन किया हो वह (हे ४, २६५; विसे ९३४)।

संपाइम वि [संपातिम] १ भ्रमर, कीट, पतंग आदि उड़नेवाला जंतु (आचा; पिंड २४; सुपा ४९१; ओघ ३४८)। २ जानेवाला, गति-कर्ता; 'तिरिच्छसंपाइमा वा तसा पाणा' (आचा २, १, ३, ९; २, ३, १, १४)।

संपाइय वि [संपातित] १ आगत, आया हुआ। २ मिलित, मिला हुआ (भवि)।

संपाइय वि [संपादित] साधित, सिद्ध किया हुआ; 'संपाइयइट्ठफलि' (सण)।

संपाऊण सक [संप्र + आप्] अच्छी तरह प्राप्त करना। संपाउणइ, संपाउणंति (उत्त २९, ५९; पि ५०४)। भवि. संपाउणिस्सामो (णाया १, १८—पत्र २४१)। प्रयो. 'जेणप्पाणं परं चेव सिद्धिं संपाउणेज्जासि' (उत्त ११, ३२)।

संपाओ अ [संप्रातर्] १ जब प्रभात होय तब, प्रातःकाल। २ अति प्रभात, बड़ी सुबह। ३ हर प्रभात (ठा ३, १ टी—पत्र ११८)।

संपागड वि [संप्रकट] प्रकट, खुला; 'संपागडपडिसेवी' (ठा ४, १—पत्र २०३; उव)।

संपाड सक [सं + पादय्] १ सिद्ध करना, निष्पन्न करना। २ प्रार्थित वस्तु देना, दान करना। ४ प्राप्त करना, 'देइ सो जम्मग्गियं, संपाडेइ वत्थाभरणाइयं' (महा), 'संपाडेमि भयवओ आणं ति' (स ६८४), संपाडेउ (स ९६)। कृ. संपाडेयव्व (स २१४)।

संपाडग वि [संपादक] कर्ता, निर्माता; 'ता को अन्नो तस्सुन्नईए संपाडगो होज्जा' (उप १४२ टी)।

संपाडण न [संपादन] १ निष्पादन (स ७४८)। २ करण, निर्माण (पंचा ६, ३८), 'परत्थसंपाडणिक्करसिअत्तं' (सा ११)।

संपाडिअ वि [संपादित] १ सिद्ध किया हुआ, निष्पादित (स २१४; सुर २, १७०)। २ प्राप्त किया हुआ (उप पृ १२४)। ३ दत्त, अर्पित (स २३५)।

संपातो देखो संपाओ (ठा ३, १—पत्र ११७)।

संपाद (शौ) देखो संपाड = सं + पादय्। संपादेदि (नाट—शकु ६५)। कृ. संपादणीअ (नाट—विक्र ६०)।

संपादइत्तअ (शौ)। वि [संपपादवितृ] संपादन-कर्ता, संपादक (पि ६००)।

संपादिअवद (शौ) देखो संपाइअव (पि ५८९)।

संपाय पुं [संपात] सम्यकपतन; 'सलिलसंपायकयकद्दमुप्पीलयं' (सुर ३, ११६)। २ संबन्ध, संयोग; 'सारीरमाणसाणेयदुक्खसंपायकलियं ति' (सुर ४, ७५; गउड) ३ व्यर्थं का झूठ, निरर्थक असत्य-भाषण (पण्ह १, ५—पत्र ९२)। संग, संगति (श्रा ६; पंचा १, ४१)। ५ आगमन (पंचा ७, ७२)। ६ चलन, हिलन (उत्त १८, २३; सुख १८, २३)।

संपाय देखो संपाओ (राज)।

संपायग वि [संपादक] संपादन-कर्ता (उप पृ २९; महा; चेइय ९०५)।

संपायग वि [संप्रापक] १ प्राप्त करनेवाला; 'रिसिगुणसंपायगो होइ' (चेइय ९०५)। २ प्राप्त करानेवाला (उप पृ २९)।

संपायण देखो संपाडण (सुर ४, ७३; सुपा २८; ३४३; चेइय ७६७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संपायणा स्त्री [संपादना] ऊपर देखो (पंचा १३, १७)।

संपाल सक [सं + पालय्] पालन करना। संपालइ (भवि)।

संपाव सक [संप्र + आप्] प्राप्त करना। संपावेइ (भवि)। संकृ. संपप्प (संवेग १२)। हेकृ. संपाविउं (सम १; भग; सौप)।

संपाव सक [संप्र + आपय्] प्राप्त करवाना। संपावेइ (उवा)।

संपावण न [संप्रापण] प्राप्ति, लाभ (णाया १, १८—पत्र २४१; सुर १४, ५७)।

संपाविअ वि [संप्राप्त] प्राप्त, लब्ध (सुर २, २२६; सुपा १६५; सण)।

संपाविअ वि [संप्रापित] नीत, जो ले जाया गया हो वह (राज)।

संपासंग वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ८, ११)।

संपिंडण न [संपिण्डन] १ द्रव्यों का परस्पर संयोजन (पिंड २)। २ समूह (ओघ ४०७)।

संपिंडिअ वि [संपिण्डित] पिण्डाकार किया हुआ, एकत्र किया हुआ (औप; जी ४७; सण)।

संपिक्ख देखो संपेह = संप्र + ईक्ष्। संपिक्खई (दसचू २, १२)।

संपिट्ठ वि [संपिष्ट] पिसा हुआ (सूत्र १, ४, ८)।

संपिणद्ध वि [संपिनद्ध] नियन्त्रित; 'रज्जुपिणिद्धो व इंदकेतू विसुद्धणेगगुणसंपिणद्धे' (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

संपिहा सक [समपि + धा] आच्छादन करना, ढकना। संकृ. संपिहित्ताणं (पि ५८३)।

संपीड पुं [संपीड] संपीडन, दबाना (गउड)। देखो संपील।

संपीडिअ वि [संपीडित] दबाया हुआ (गउड १४४)।

संपीणिअ वि [संप्रीणित] खुश किया हुआ (सण)।

संपील पुं [संपीड] संघात, समूह (उत्त ३२, २६)।

संपीला स्त्री [संपीडा] पीड़ा, दुःखानुभव (उत्त ३२, ३६; ५२; ६५; ७८)।

संपुच्छ सक [सं + प्रच्छ्] पूछना, प्रश्न करना। संपुच्छदि (शौ) (नाट—विक्र २१)।

संपुच्छण स्त्रीन [संप्रच्छन, संप्रश्न] प्रश्न, पृच्छा (सूत्र १, ६, २१; सुपा २१)। स्त्री. °णी (दस ३, ३)।

संपुंछणी स्त्री [संपुञ्छनी] झाड़ू, संमार्जनी (राय २१)।

संपुज्ज वि [संपूज्य] संमाननीय, आदरणीय (पउम ३३, ४७)।

संपुड पुं [संपुट] १ जुड़े हुए दो समान अंश वाली वस्तु, दो समान अंशो का एक दूसरे से जुड़ना; 'कवाडसंपुडघणम्मि' (धण ३), 'दलसंपुडे' (कप्पू; महा; भवि; से ७, ५६)। २ संचय, समूह (सूत्र १, ५, १, २३)। °फलग पुं [°फलक] दोनों तरफ जिल्द बँधी पुस्तक, हिसाब की बही के समान किताब (पव ८०)।

संपुड सक [संपुटय्] जोड़ना, दोनों हिस्सों को मिलाना। संपुडइ (भवि)।

संपुडिअ वि [संपुटित] जुड़ा हुआ (णाया १, १—पत्र ६३)।

संपुण्ण वि [संपूर्ण] १ पूर्ण, पुरा (उवा; महा)। २ न. दश दिनों का लगातार उपवास (संबोध ५८)।

संपूअ सक [सं + पूजय्] सम्मान करना, अभ्यर्चना करना। संकृ. संपूइऊण (पंचा ८, ७)।

संपूजिय वि [संपूजित] अभ्यर्चित (महा)।

संपूयण न [संपूजन] पूजन, अभ्यर्चन (सूत्र १, १०, ७; धर्मसं ६३४)।

संपूरिय वि [संपूरित] पूर्ण किया हुआ, 'संपूरियदोहला' (महा; सण)।

संपेल्ल पुं [संपीड] दबाव (पउम ८, २७२)।

संपेस सक [संप्र + इष्] भेजना। संपेसइ (महा; भवि)।

संपेस पुं [संप्रेष] प्रेषण, भेजना (णाया १, ८—पत्र १४७)।

संपेसण न [संप्रेषण] ऊपर देखो (णाया १, ८—पत्र १४६; स ३७६; गउड; भवि)।

संपेसिय वि [संप्रेषित] भेजा हुआ (सुर १६, ११५)।

संपेह सक [संप्र + ईक्ष्] देखना, निरीक्षण करना। संपेहइ, संपेहेइ (दसचू २, १२; पि ३२३; भग; उवा; कप्प)। संकृ. संपेहाए, संपेहित्ता (आचा १, २, ४, ४; १, ५, ३, २; सूत्र २, २, १; भग)।

संपेहा स्त्री [संप्रेक्षा] पर्यालोचन (आचा १, २, २, ६)।

संफ न [दे] कुमुद, चन्द्र-कमल (दे ८, १)।

संफाल सक [सं + पाटय्] फाड़ना, चीरना। संफालइ (भवि)।

संफाली स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणि (दे ८, ५)।

संफास सक [सं + स्पृश्] स्पर्श करना, छूना; 'माइट्ठाणं संफासे' (आचा २, १, ३, ३; २, १, ५, ५; २, १, ६, २; ४; ५)।

संफास पुं [संस्पर्श] स्पर्श (आचा; उप ६४८ टी; पव २ टी; हे १, ४३; पडि)।

संफासण न [संस्पर्शन] ऊपर देखो; 'आणावीरियसंफासणभावतो' (पंचा १०, २८)।

संफिट्ट पुं [दे] संयोग, मेलन (श्रा १६)।

संफुल्ल वि [संफुल्ल] विकसित (प्राकृ १४)।

संफुसिय वि [संमृष्ट] प्रमार्जित; 'दसणकरनियरसंफुसियदिसिमुहमला' (सुपा २६३)।

संब पुं [शाम्ब] १ श्रीकृष्ण वासुदेव का एक पुत्र (णाया १, ५—पत्र १००; अंत १४)। २ राजा कुमारपाल के समय का एक सेठ (कुप्र १४३)।

संब पुंन [शम्ब] वज्र, इन्द्र का आयुध (सुर १६, ५०)।

संबंध सक [सं + बन्ध्] १ जोड़ना। २ नाता करना। कर्म. संबज्झइ (चेइय ७२७)।

संबंध पुं [संबन्ध] १ संसर्ग, संग (भवि)। २ संयोग (कम्म १, ३५)। ३ नाता, सगाई, रिश्तेदारी (स्वप्न ४३)। ४ योजना, मेल (वव ५)।

संबंधि वि [संबन्धिन्] सम्बन्ध रखनेवाला (उवा; सम्म ११७; स ५३६)।

संबर पुं [शम्बर] मृग-विशेष, हरिण की एक जाति (पण्ह १, १—पत्र ७; दे ८, ६; कुप्र ४२६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संबल पुंन [शम्बल] १ पाथेय, रास्ते में खाने का भोजन; 'धन्नाणं चिय परलोयसंबलो मिलइ नन्नाणं' (सम्मत्त १५७; पाअ; सुर १६, ५०; दे ६, १०८; महा; भवि; सुपा ६४)। २ एक नागकुमार देव (आवम)।

संबलि देखो सिंबलि = शिम्बलि (आचा २, १, १०, ४)।

संबलि पुंस्त्री [शाल्मलि] वृक्ष-विशेष, सेमल का पेड़ (सुर २, २३४; ८, ५७)। देखो सिंवलि।

संबाधा देखो संबाहा (पउम २, ८९)।

संबाह सक [सं + बाध्] १ पीड़ा करना। २ दबाना, चप्पी करना। संबाहज्जा (निचू ३)।

संबाह पुं [संबाध] १ नगर-विशेष, जहाँ ब्राह्मण आदि चारों वर्णों की प्रभूत वस्ती हो वह शहर (उत्त ३०, १६)। २ पीड़ा; 'संबाहा बहवे भुज्जो दुरइक्कमा अजाणओ अपासओ' (आचा)। ३ वि. संकीर्ण, सकरा; 'संबाहं संकिण्णं' (पाअ)।

संबाहण न [संबाधन] देखो संवाहण (आचा १, ६, ४, २)।

संबाहणा स्त्री [संबाधना] देखो संवाहणा (औप)।

संबाहणी स्त्री [संबाधनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

संबाहा स्त्री [संबाधा] १ पीड़ा (आचा १, ५, ४, २)। २ अंग-मर्दन, चप्पी (निचू ३)।

संबाहिय वि [संबाधित] १ पीड़ित (सूअ १, ५, २, १८)। २ देखो संवाहिय (औप)।

संबुक्क पुं [शम्बूक] १ शंख (ठा ४, २—पत्र २१६; सुपा ५०; १६५)। २ रावण का एक भागिनेय—खरदूषण का पुत्र (पउम ४३, १८)। ३ एक गाँव का नाम (राज)। °वट्टा स्त्री [°वर्ता] शंख के आवर्त के समान भिक्षा-चर्या (उत्त ३०, १९)। देखो संबूअ।

संबुज्झ सक [सं + बुध्] समझना, ज्ञान पाना। संबुज्झइ, संबुज्झंति, संबुज्झह (महा; स ४८६; सूअ १, २, १, १; वै ७३)। वकृ. संबुज्झमाण (आचा १, १, २, ५)।

संबुद्ध वि [संबुद्ध] ज्ञान-प्राप्त (उवा; महा)।

संबुद्धि स्त्री [संबुद्धि] ज्ञान, बोध (अज्झ ३६)।

संबूअ पुं [शम्बूक] जल-शुक्ति, शुक्ति के आकार का जल-जंतु-विशेष (दे ८, १६; गउड)।

संबोधि स्त्री [संबोधि] सत्य धर्म की प्राप्ति (धर्मसं १३९६)।

संबोह सक [सं + बोधय्] १ समझाना, बुझाना। २ आमन्त्रण करना। ३ विज्ञप्ति करना। संबोहइ, संबोहेइ (भवि; महा)। कवकृ. संबोहिज्जमाण (णाया १, १४)। कृ. संबोहेअव्व (ठा ४, ३—पत्र २४३)।

संबोह पुं [संबोध] ज्ञान, बोध, समझ (आत्म २०)।

सुमाणुस पुं [सुमानुष] सज्जन, उत्तम मनुष्य (सुपा २५६)।

सुमालि पुं [सुमालिन्] एक राज-कुमार (पउम ६, २२०)।

सुमिण पुंन [स्वप्न] १ स्वप्न, सपना (हे १, ४६; कुमा; महा; पडि; सुर ३, ६१; ६७)। २ स्वप्न के फल को बतलानेवाला शास्त्र (स्वप्न ४६)। °पाढय वि [°पाठक] स्वप्न के फल बतानेवाले शास्त्रों का जानकार (णाया १, १—पत्र २०)। देखो सुविण।

सुमित्त पुं [सुमित्र] १ भगवान् मुनिसुव्रत-स्वामी का पिता—एक राजा (सम १५१)। २ द्वितीय चक्रवर्ती का पिता (सम १५२)। ३ चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म का नाम (पउम २०, १६०)। ४ छठवें बलदेव के धर्मगुरु—एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। ५ एक वणिक् का नाम (उप ७२८ टी)। ६ अच्छा मित्र; 'सुमित्तो व्व जिणधम्मो' (सुपा २३४)। ७ भगवान् शान्तिनाथ को प्रथम भिक्षा देनेवाले एक गृहस्थ का नाम (सम १५१)।

सुमित्ता स्त्री [सुमित्रा] लक्ष्मण की माता और राजा दशरथ की एक पत्नी (पउम २५, ४)। °तणय पुं [°तनय] लक्ष्मण (से ४, १५; १४, ३२)।

सुमित्ति पुं [सौमित्रि] सुमित्रा का पुत्र—लक्ष्मण (पउम ४५, ३६)।

सुमुइय वि [सुमुदित] अति-हर्षित (औप)।

सुमुखी देखो सुमुही (पिंग)।

सुमुणिअ वि [सुज्ञात] अच्छी तरह जाना हुआ (सुपा २८२)।

सुमुह पुं [सुमुख] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पानेवाला एक राज-कुमार (अंत ३)। २ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६१)। ३ न. छन्द-विशेष (अजि २०)।

सुमुही स्त्री [सुमुखी] छन्द-विशेष (पिंग)।

सुमेघा स्त्री [सुमेघा] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)।

सुमेरु पुं [सुमेरु] मेरु-पर्वत (पाअ; पउम ७५, ३८)।

सुमेहा देखो सुमेघा (इक)।

सुमेहा स्त्री [सुमेधा] सुन्दर बुद्धि (उप पृ ३६८)।

सुम्मंत देखो सुण=श्रु।

सुम्ह पुं. ब. [सुह्म] देश-विशेष (हे २, ७४)।

सुर पुं [सुर] १ देव, देवता (पण्ह १, ४—पत्र ६८; कप्प; जी ३३; कुमा)। २ एक राजा का नाम (उप ७६५)। °अण न [°वन] नन्दन-वन (से ६, ८६)। °अरु पुं [°तरु] कल्प वृक्ष (नाट)। °करडि पुं [°करटिन्] ऐरावण हाथो (सुपा १७६)। °करि पुं [°करिन्] वही अर्थ (सुपा २६१)। °कुंभि पुं [°कुम्भिन्] वही (सुपा २०१)। °कुमर पुं [°कुमार] भगवान् वासुपूज्य का शासन-यक्ष (पव २६)। °कुसुम न [°कुसुम] लवंग, लौंग (पि १४)। °गय पुं [°गज] इन्द्र-हस्ती, ऐरावण (पाअ; से २, २२)। °गिरि पुं [°गिरि] मेरु पर्वत (सुपा २; ३१; ३५४; सण)। °गिह देखो °घर (उप ७६८ टी)। °गुरु पुं [°गुरु] १ बृहस्पति (पाअ; सुपा १७६)। २ नास्तिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य (मोह १०१)। °गोव पुं [°गोप] कीट-विशेष, इन्द्रगोप (णाया १, ६—पत्र १६०; पाअ)। °घर न [°गृह] १ देव-मन्दिर (कुप्र ४)। २ देव-विमान (सण)। °चमू स्त्री [°चमू] देव-सेना (सुपा ४५)। °चाव पुं [°चाप] इन्द्र-धनुष (गा ५८५; ८०८; सुपा १२४)। °जाल न [°जाल] इन्द्रजाल (राज)। °णई स्त्री [°नदी] गंगा नदी (पाअ)। °णाह पुं [°नाथ] इन्द्र (गा ८६४; दे)। °तरंगिणि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्त्री [°तरङ्गिणी] गंगा नदी (सण)। °तरु देखो °अरु (सण)। °ताण पुं [°त्राण] यवननृप, सुलतान (ती १५)। °दारु न [°दारु] देवदार की लकड़ी (स ६३३)। °धंसी स्त्री [°ध्वंसिनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)। °धणु, °धणुह न [°धनुष्] इन्द्र-धनुष (कुमा; सण)। °नई देखो °णई (श्रु ७७)। °नाह देखो °णाह (सण)। °पहु पुं [°प्रभु] इन्द्र, देव-राज (सुपा ५०२; उप १४२ टी; सण)। °पुर न [°पुर] देव-पुरी, अमरावती, स्वर्ग (पउम ५०, १ सण)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ (पाअ; कुमा)। °प्पिअ पुं [°प्रिय] एक यक्ष (अंत)। °बंदी स्त्री [°बन्दी] देवी, देव-स्त्री (से ६, ५०)। °भवण न [°भवन] देव-प्रासाद (भग; सण)। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] बृहस्पति (सुपा ३२६)। °मंदिर न [°मन्दिर] १ देहरा, मन्दिर (कुप्र ४)। २ देव-विमान (सण)। °मुणि पुं [°मुनि] नारद मुनि (पउम ६०, ८)। °रमण न [°रमण] रावण का एक बगीचा (पउम ४६, ३७)। °राय पुं [°राज] इन्द्र (सुपा ४५; सिरि २४)। °रिउ पुं [°रिपु] दैत्य, दानव (पाअ)। °लोअ पुं [°लोक] स्वर्ग (महा)। °लोइय वि [°लौकिक] स्वर्गीय (पुप्फ २५८)। °लोग देखो °लोअ (पउम ५२, १८)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र, देव-राज (पाअ; सुपा ४४; ४८; ८८; ४०२)। २ इन्द्र नामक एक विद्याधर-नरेश (पउम ७, २७)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १०)। °वधू देखो °वहू (पि ३८७)। °वन्नी स्त्री [°पर्णी] पुंनाग वृक्ष (पाअ)। °वर पुं [°वर] उत्तम देव (भग)। °वरिंद पुं [°वरेन्द्र] इन्द्र, देव-राज (श्रा २७)। °वहू स्त्री [°वधू] देवाङ्गना, देवी (कुमा)। °वारण पुं [°वारण] ऐरावण हस्ती (उप २११ टी)। °संगीय न [°संगीत] नगर-विशेष (पउम ८, १८)। °सरि स्त्री [°सरित्] भागीरथी, गङ्गा नदी (गउड; उप पृ ३९; सुपा ३३; २८९)। °सिहरि पुं [°शिखरिन्] मेरु पर्वत (सण)। °सुंदर पुं [°सुन्दर] रथचक्रवाल-नगर का एक विद्याधर-नरेश (पउम ८, ४१)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] १ देव-वधू, देवाङ्गना (सुर ११, ११५; सुपा २००)। २ एक राज-पुत्री (सुर १३, १४३)। ३ एक राज-कुमारी (सिरि ५३)। °सुरहि स्त्री [°सुरभि] काम-धेनु (रयण १३)। °सेल पुं [°शैल] मेरु-पर्वत (सुपा १३०)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] ऐरावण हाथी (से ६, ६)। °उह न [°ायुध] वज्र (पाअ)। °देव पुं [°ादेव] एक श्रावक का नाम (उवा)। °देवी स्त्री [°ादेवी] पश्चिम रुचक पर रहनेवाली एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। °रि पुं [°ारि] राक्षसवंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)। °लय पुंन [°ालय] स्वर्ग (पाअ; सुअ १, ६, ६; सुपा ५६६)। °हिराय पुं [°ाधिराज] इन्द्र (उप १४२ टी)। °हिव पुं [°ाधिप] इन्द्र (से १५, ५३)। °हिवइ पुं [°ाधिपति] वही (सुपा ४६)।

सुरइ स्त्री [°सुरति] सुख (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

सुरइय वि [सुरचित] अच्छी तरह किया हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

सुरंगणा स्त्री [सुराङ्गना] देव-वधू (सुपा २४६)।

सुरंगा स्त्री [°सुरङ्गा] सुरंग, जमीन के भीतर का मार्ग (उत्त पृ २६; महा; सुपा ४५४)।

सुरंगि पुंस्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, शिग्रु वृक्ष, सहिजना का गाछ (दे ८, ३७)।

सुरजेट्ठ पुं [दे] वरुण देवता (दे ८, ३१)।

सुरट्ठ पुं. व. [सुराष्ट्र] एक भारतीय देश जो आजकल काठियावाड़ के नाम से प्रसिद्ध है (णाया १, १६—पत्र २०८; हे २, ३४; पिंड २०२)।

सुरणुचर वि [स्वनुचर] सुख से करने योग्य (ठा ५, १—पत्र २९६)।

सुरत, सुरद } देखो सुरय (पउम १६, ८०; संक्षि ६; प्राकृ १२)।

सुरभि पुंस्त्री [सुरभि] १ वसन्त ऋतु। २ स्त्री. गौ, गैया (कुम्मा १४)। ३ वि. सुगन्ध-युक्त, सुगंधी (सम ६०; गा ८६१; कप्प; कुम्मा १४)। ४ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। °गंध वि [°गन्ध] सुगन्धी (आचा)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (राज)। देखो सुरहि।

सुरमणीअ वि [सुरमणीय] अत्यन्त मनोहर (सुर ३, ११२)।

सुरम्म वि [सुरम्य] ऊपर देखो (औप)।

सुरय न [सुरत] मैथुन, स्त्री-संभोग (सुर १३, २०; गा १५५; काप्र ११३)।

सुरयण न [सुरत्न] सुन्दर रत्न (सुपा ३२७)।

सुरयणा स्त्री [सुरचना] सुन्दर रचना (सुपा ३२)।

सुरस वि [सुरस] १ सुन्दर रसवाला (णाया १, १२—पत्र १७४)। २ न. तृण विशेष (दे १, ५४)। °लया स्त्री [°लता] तुलसी-लता (दे ५, १४)।

सुरसुर पुं [सुरसुर] ध्वनि-विशेष, 'सुर सुर' आवाज (ओघ २८३)।

सुरसुर अक [सुरसुराय्] 'सुर सुर' आवाज करना। वकृ. सुरसुरंत (गा ७४)।

सुरह सक [सुरभय्] सुगन्धित करना। सुरहेइ (कुमा; प्रासू ६)।

सुरह पुंन [सौरभ] सुन्दर गन्ध, खुशबू; 'गंधोव्विअ सुरहो मालईइ मलणं गुण विणासो' (भत्त १२१)।

सुरह पुं [सुरथ] साकेतपुर का एक राजा (महा)।

सुरहि पुंस्त्री [सुरभि] १ वसंत ऋतु (रंभा; पाअ; कप्पू)। २ चैत्र मास (गा १०००)। ३ वृक्ष-विशेष, शतद्रु वृक्ष (आचा २, १, ८, ३)। ४ स्त्री. गौ, गैया (रयण १३; धर्मवि ६५; पाअ; प्रासू १६८)। ५ न. नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से प्राणी के शरीर में सुगन्ध उत्पन्न होती है (कम्म १, ४१)। ६ वि. सुगन्ध-युक्त (उवा; कुमा; गा ३१७; ३६६; सुर ३, ३६; हे २, १५५)। देखो सुरभि।

सुरा स्त्री [सुरा] मदिरा, दारू (उवा)। °रस पुं [°रस] समुद्र-विशेष (दीव)।

सुरिंद पुं [सुरेन्द्र] १ इन्द्र, देव-स्वामी (सुर २, १५३; गउड; सुपा ४४)। २ एक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्याधर नरेश (पउम ७, २९)। °दत्त पुं [°दत्त] एक राज-कुमार (उप ९३६)।

सुरिंदय पुं [सुरेन्द्रक] विमानेन्द्रक, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३७)।

सुरी स्त्री [सुरी] देवी (कुमा)।

सुरुंगा देखो सुरंगा (पउम ८, १५८)।

सुरुग्घ पुं [स्रुघ्न] देश-विशेष (हे २, ११३; षड्)। °ज वि [°ज] देश-विशेष में उत्पन्न (कुमा)।

सुरुट्ठ वि [सुरुष्ट] अत्यन्त रोष-युक्त (पउम ६८, २५)।

सुरुया स्त्री [सुरूपा] एक इन्द्राणी (णाया २—पत्र २५२)। देखो सुरूवा।

सुरूव पुं [सुरूप] १ भूत-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ न. सुन्दर रूप। ३ वि. सुन्दर रूपवाला (उवा; भग)।

सुरूवा स्त्री [सुरूपा] १ सुरूप तथा प्रतिरूप नामक भूतेन्द्रों की एक एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। २ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक)। ३ एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८; ६—पत्र ३६१)। ४ एक कुलकर-पत्नी (सम १५०)। ५ सुन्दर रूपवाली (महा)।

सुरेस पुं [सुरेश] १ देव-पति, इन्द्र। २ उत्तम देव (सुपा ६१४)।

सुरेसर पुं [सुरेश्वर] इन्द्र, देव-राज (सुपा २७; कुप्र ४)।

सुलक्खणि वि [सुलक्षणिन्] उत्तम लक्षण-वाला (धर्मवि १४२)।

सुलग्ग वि [सुलग्न] अच्छी तरह लगा हुआ (महा)।

सुलद्ध वि [सुलब्ध] सम्यक् प्राप्त (णाया १, १—पत्र २४; उवा)।

सुलब्भ } वि [सुलभ] सुख से प्राप्त हो सके
सुलभ } वह (श्रा १२; सुख २, १५; महा)।

सुलस पुं [सुलस] पर्वत-विशेष (इक)।

सुलस न [दे] कुसुम्भ-रक्त वस्त्र (दे ८, ३७)।

सुलसमंजरी } स्त्री [दे] तुलसी (दे ८, ४०;
सुलसा } पाअ)।

सुलसा स्त्री [सुलसा] १ नववें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। २ भगवान् महावीर की एक श्राविका, जिसका आत्मा आगामि काल में तीर्थंकर होगा (ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४)। ३ नाग नामक गृहपति की स्त्री (अंत ४)। ४ शक्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी (पउम १०२, १५९)। ५ शंखपुर के राजा सुन्दर की पत्नी (महा)।

सुलह देखो सुलभ (स्वप्न ४८; महा; दं ४६)।

सुलाह पुं [सुलाभ] अच्छा नफा (सुपा ४४६)।

सुली स्त्री [दे] उल्का, आकाश से गिरती आग (दे ८, ३६)।

सुलसुल } अक [सुलसुलाय्] 'सुल' 'सुल'
सुलसुलाय } आवाज करना। सुलसुलायइ (तंदु ४१)। वकृ. सुलसुलिंत, सुलसुलेंत (तंदु ४४; महा)।

सुलूह वि [सुरूक्ष] अत्यन्त लूखा—रूखा (सूअ १, १३, १२)।

सुलोअ देखो सिलोअ = श्लोक (अवि १६)।

सुलोयण पुं [सुलोचन] एक विद्याधर-नरेश (पउम ५, ६६)।

सुलोल वि [सुलोल] अति चपल (कप्पू)।

सुल्ल न [शूल्य] शूला-प्रोत मांस (दे ८, ३९; पाअ)।

सुव अक [स्वप्] सोना। सुवइ, सुवंति (हे १, ६४; षड्; महा; रंभा)। भवि. सुविस्सं (पि ५२९)। वकृ. सुवंत, सुवमाण (पाअ; से १, २१; भग)। संकृ. सुविऊण (कुप्र ५६)।

सुव देखो स = स्व (हे २, ११४; षड्; कुमा)।

सुव (अप) देखो सुअ = श्रुत, सुत (भवि)।

सुवंस पुं [सुवंश] १ अच्छा वाँस। २ वि. सुन्दर कुल में उत्पन्न, खानदानी (हे ४, ४१९)।

सुवग्गु पुं [सुवल्गु] एक विजय-क्षेत्र, जिसकी राजधानी खड्गपुरी है (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

सुवच्छ पुं [सुवत्स] १ व्यन्तर-देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ एक विजय-क्षेत्र, प्रान्त-विशेष, जिसकी राजधानी कुंडला नगरी है (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

सुवच्छा स्त्री [सुवत्सा] १ अधोलोक में रहनेवाली एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। २ सौमनस पर्वत पर रहनेवाली एक देवी (इक)।

सुवज्ज पुं [सुवज्र] १ एक विद्याधर-वंशीय राजा (पउम ५, १६)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम २५)।

सुवट्टिय वि [सुवर्तित] अतिशय गोल किया हुआ (राज)।

सुवण न [स्वपन] शयन (ओघ ८७; पंचा १, ४५; उप ७६२)।

सुवण्ण पुं [सुपर्ण] १ गरुड़ पक्षी (उत्त १४, ४७)। २ भवनपति देवों की एक जाति (औप)। ३ आदित्य, सूर्य (गउड)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (इक)।

सुवण्ण पुं [दे] अर्जुन वृक्ष (दे ८, ३७)।

सुवण्ण न [सुवर्ण] १ सोना, हेम (उवा; महा; णाया १, १७; गउड)। २ पुं. भवन-पति देवों की एक जाति (भग)। ३ सोलह कर्म-माषक का एक बाँट (अणु १५५)। ४ सुन्दर वर्ण। ५ वि. सुन्दर वर्णवाला (भग)। °आर, °कार पुं [°कार] सोनी, सुनार (दे महा)। °कुंभ पुं [°कुम्भ] प्रथम बलदेव के धर्म-गुरु एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। °कुसुम न [°कुसुम] सुवर्ण-यूथिका लता का फूल (राय ३१)। °कूला स्त्री [°कूला] नदी-विशेष (सम २७; इक)। °गुलिया स्त्री [°गुलिका] एक दासी का नाम (महा)। °सिला स्त्री [°शिला] एक महौषधि (ती ५; राज)। °गर पुं [°कर] सोने की खान (णाया १, १७—पत्र २२८)। °र पुं [°कार] सोनी (उप पृ ३५१)। देखो सुवन्न = सुवर्ण।

सुवण्णबिंदु पुं [दे] विष्णु (दे ८, ४०)।

सुवण्णिअ वि [सौवर्णिक] सुवर्ण-मय, सोने का बना हुआ (हे १, १६०; षड्; प्राकृ ३६)।

सुवत्त देखो सुव्वत्त (राज)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुवन्न न [सुवर्ण] १ सोना (सं ५०; प्रासू २; कुप्र १, कुमा)। २ वि. सुन्दर अक्षरवाला (कुप्र १)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (भग; सम ८३)। °कूलप्पवाय पुं [°कूलप्रपात] एक ह्रद जहाँ से सुवर्णकूला नदी बहती है (ठा २, ३—पत्र ७२)। °गार पुं [°कार] सोनी (णाया १, ८—पत्र १४०; उप पृ ३५३)। °जूहिया स्त्री [°यूथिका] लता-विशेष (पराण १७—पत्र ५२६)। °यार देखो °गार (सुपा ५६५)। देखो सुवण्ण = सुवर्ण।

सुवन्न वि [सौवर्ण] सोने का बना हुआ (कुप्र ४)।

सुवन्नालुगा स्त्री [दे] दतवन करने का पात्र—लोटा आदि (कुप्र १४०)।

सुवप्प पुं [सुवप्र] एक विजय-क्षेत्र (ठा २, ३—पत्र ८०)।

सुवयण न [सुवचन] सुन्दर वचन (भग)।

सुवर } (अप) देखो सुमर। सुवरइ, सुवँरहि
सुवँर } (भवि; पि २५१)।

सुवहु देखो सुबहु (ग्राप)।

सुवाय पुंन [सुवात] एक देव-विमान (सम १०)।

सुवास पुं [सुवर्ष] १ सुन्दर वृष्टि (उप ८४६)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सुवासणी देखो सुवासिणी (धर्मवि १२३)।

सुवासव पुं [सुवासव] एक राज-कुमार (विपा २, ४)।

सुवासिणी स्त्री [दे. सुवासिनी] जिसका पति जीवित हो वह स्त्री (सिरि १५६)।

सुवाहा अ [स्वाहा] देवता को हविष आदि अर्पण का सूचक अव्यय (सिरि १६७)।

सुविआज्जिअ वि [सुव्यर्जित] विशेष रूप से उपार्जित (तंदु ५६)।

सुविअड्ढ वि [सुविदग्ध] अत्यन्त चतुर (नाट—रत्ना ६)।

सुविइय वि [सुविदित] अच्छी तरह ज्ञात (उव; सुपा ४०४)।

सुविउ वि [सुविद्] अच्छा जानकार (श्रा २८)।

सुविउल वि [सुविपुल] अति विशाल (उव)।

सुविक्कम पुं [सुविक्रम] भूतानन्द नामक इन्द्र के हस्ति सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

सुविक्खाय वि [सुविख्यात] सुप्रसिद्ध (सुर ६, ८४)।

सुविगा स्त्री [सुकिका, शुकी] मैना (उप ६७३; ६७५)।

सुविज्जा स्त्री [सुविद्या] उत्तम विद्या (प्रासू ५३)।

सुविण देखो सुमिण (सुर ३, १०१; महा; रंभा)। °न्नु वि [°ज्ञ] स्वप्न-शास्त्र का जानकार (उप पृ ११६; सुर १०, ६८)।

सुविणट्ठ वि [सुविनष्ट] बिलकुल नष्ट (गा ७४०)।

सुविणिच्छिय वि [सुविनिश्चित] अच्छी तरह निर्णीत (उव)।

सुविणिम्मिय वि [सुविनिर्मित] अच्छी तरह बनाया हुआ (णाया १, १—पत्र १२)।

सुविणीय वि [सुविनीत] १ अतिशय दूर किया हुआ (उत्त १, ४७)। २ अत्यन्त विनय-युक्त (दस ६, २, ६)।

सुवित्त न [सुवृत्त] अत्यन्त गोलाकार। २ सदाचार, अच्छा आचरण (सुर १, २१)।

सुवित्थड वि [सुविस्तृत] अति विस्तारयुक्त (अजि ४०; प्रासू १२८; द्र ६८)।

सुवित्थिन्न वि [सुविस्तीर्ण] ऊपर देखो (सुर १, ४५; १२, १)।

सुविधि देखो सुविहि (सम ४३)।

सुविभज्ज वि [सुविभज] जिसका विभाग अनायास हो सके वह (ठा ५, १—पत्र २६६)।

सुविभत्त वि [सुविभक्त] अच्छी तरह विविक्त (णाया १, १ टी—पत्र ५; औप; भग)।

सुविम्हिअ वि [सुविस्मित] अतिशय आश्चर्यान्वित (उत्त २०, १३)।

सुवियक्खण वि [सुविचक्षण] अति चतुर (सुपा १५०)।

सुवियाण न [सुविज्ञान] अच्छा ज्ञान, सुन्दर जानकारी, पंडिताई (सट्ठि १६)।

सुविर वि [स्वप्तृ] स्वपन-शील, सोने की आदतवाला (ओघभा १३३; दे ८, ३६)।

सुविरइय वि [सुविरचित] अच्छी तरह घटित, सुघटित (उवा २०६)।

सुविराइय वि [सुविराजित] सुशोभित (सुपा ३१०)।

सुविराहिय वि [सुविराधित] अतिशय विराधित (उव)।

सुविलास वि [सुविलास] सुन्दर विलासवाला (सुर ३, ११४)।

सुविवेइय वि [सुविवेचित] सम्यग् विवेचित (उव)।

सुविवेच सक [सुवि + विच्] अच्छी तरह व्याख्या करना। संकृ. सुविवेचित (?य) (धर्मसं १३११)।

सुविसट्ट वि [सुविकसित] अच्छी तरह विकसित (सुर ३, १११)।

सुविसत्थ पुं [दे] व्यभिचारी पुरुष (वजा ९८)।

सुविसाय पुंन [सुविसात] एक देव-विमान (सम ३८)।

सुविहाणा स्त्री [सुविधाना] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

सुविहि पुं [सुविधि] १ नववाँ जिन भगवान् (सम ८५; पडि)। २ पुंस्त्री. सुन्दर अनुष्ठान (पण्ह २, ५ टी—पत्र १४६)। ३ न. रामचन्द्र तथा लक्ष्मण का एक यान; 'चंकमणं हवइ सुविहि-नामेणं' (पउम ८०, ४)।

सुविहिअ वि [सुविहित] सुन्दर आचरण-वाला, सदाचारी (सम १२५; भास १; उव; स १३०; सार्ध ११५; द्र ३२)।

सुवीर पुं [सुवीर] १ यदुराज का एक पौत्र (अंत)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम १२)।

सुवीसत्थ वि [सुविश्वस्त] अच्छी तरह विश्वासप्राप्त (सुर ६, १५६; सुपा २११)।

सुवुण्णा स्त्री [दे] संकेत, इशारा (दे ८, ३७)।

सुवुरिस देखो सुपुरिस (गउड)।

सुवे अ [श्वस्] आगामी कल (हे २, ११४; चंड; कुमा)।

सुवेल पुं [सुवेल] १ पर्वत-विशेष (से ८, ८०)। २ न. नगर-विशेष (पउम ५४,४३)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुबो देखो सुवे (षड्; प्राप)।

सुब्व न [शुल्व] १ ताँबा, ताम्र (ती २)। २ रज्जु रस्सी। ३ जल-समीप। ४ आचार। ५ यज्ञ का कार्य (हे २, ७९)।

सुब्वंत देखो सुण।

सुब्वत देखो सुब्वय (ठा २, ३—पत्र ७८)।

सुब्वत्त वि [सुव्यक्त] स्फुट, सुस्पष्ट (अंत २०; औप; नाट—मृच्छ २८)।

सुब्वमाण देखो सुण।

सुब्वय पुं [सुव्रत] १ भारतवर्ष में उत्पन्न बीसवें जिनदेव, मुनिसुव्रत स्वामी (ती ८; पव ३५)। २ ऐरवत वर्ष के एक भावी जिनदेव (सम १५४)। ३ छठवें जिनदेव के गणधर (१५२)। ४ एक जैन मुनि जो तीसरे बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे (पउम २०, १९२)। ५ आठवें बलदेव के धर्म-गुरु (पउम २०, २०६)। ६ भगवान् पार्श्वनाथ का मुख्य श्रावक (कप्प)। ७ एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (राज)। ८ एक दिवस का नाम (आचा २, १५, ५; कप्प)। ९ न. एक गोत्र (कप्प)। १० वि. सुन्दर व्रतवाला (पव ३५)। °ग्गि पुं [°ग्नि] एक दिवस का नाम (कप्प)।

सुब्वया स्त्री [सुव्रता] १ भगवान् धर्मनाथ की माता (सम १५१)। २ एक जैन साध्वी (सुर १५, २४७; महा)।

सुब्विआ स्त्री [दे] अम्बा, माता (दे ८, ३८)।

सुस देखो सूस; 'सुसइ व पंकं न वहंति निज्झरा वरहिणो न नच्चंति' (वज्जा १३४; भवि)। कृ. सुसियव्व (सुर ४, २२९)।

सुसंगद वि [सुसंगत] अति-संबद्ध (प्राकृ १२)।

सुसंजमिअ वि [सुसंयमित] अति-नियन्त्रित (दे)।

सुसंडिआ स्त्री [दे] शूला-प्रोत मांस (दे ८, ३९)।

सुसंताय वि [सुसरक] अति सुन्दरः 'अहो जगा कुणह तवं सुसंतयं' (पउम ८, ५६)।

सुसंनिविट्ठ वि [सुसंनिविष्ट] अच्छी तरह स्थित (सुपा १३३)।

सुसंपरिग्गहिय वि [सुसंपरिगृहीत] खूब अच्छी तरह ग्रहण किया हुआ (राय ६३)।

सुसंपिणद्ध वि [सुसंपिनद्ध] खूब अच्छी तरह बँधा हुआ (राय)।

सुसंभंत वि [सुसंभ्रान्त] अतिशय व्याकुल (उत्त २०, १३)।

सुसंभिअ वि [सुसंभृत] अच्छी तरह संस्कृत (स १८९; उप ६४८ टी)।

सुसंमय वि [सुसंमत] अच्छी तरह संमति-युक्त (सुर १०, ८२)।

सुसंवुअ } वि [सुसंवृत] १ परिगत,
सुसंवुड } व्याप्त। २ अच्छी तरह पहना हुआ (णाया १, १—पत्र १९; पि २१९)। ३ जितेन्द्रिय। ४ रुका हुआ (उत्त २, ४२)।

सुसंहय वि [सुसंहत] अतिशय संश्लिष्ट (औप)।

सुसज्ज वि [सुसज्ज] अच्छी तरह तय्यार (सुपा ३११)।

सुसण्णप्प देखो सुसन्नप्प (राज)।

सुसद्द वि [सुशब्द] १ सुन्दर आवाजवाला। २ प्रसिद्ध, विख्यात (सुपा ५६९)।

सुसन्नप्प वि [सुसंज्ञाप्य] सुख-बोध्य (कस)।

सुसमत्थ वि [सुसमर्थ] सुशक्त, अतिशय सामर्थ्यवाला (सुर १, २३२)।

सुसमदुस्समा } स्त्री [सुषमदुष्षमा] काल-
सुसमदूसमा } विशेष, अवसर्पिणी-काल का तीसरा और उत्सर्पिणी का चौथा आरा (इक; ठा २, ३—पत्र ७६)।

सुसमसुसमा स्त्री [सुषमसुषमा] काल-विशेष, अवसर्पिणी का पहला और उत्सर्पिणी का छठवाँ आरा (इक; ठा १—पत्र २७)।

सुसमा स्त्री [सुषमा] १ काल-विशेष, अवसर्पिणी का दूसरा और उत्सर्पिणी का पाँचवाँ आरा (ठा २, ३—पत्र ७६; इक)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सुसमाहर सक [सुसमा + हृ] अच्छी तरह ग्रहण करना। सुसमाहरे (सूअ १, ८, २०)।

सुसमाहिअ वि [सुसमाहित] अच्छी तरह समाविसंपन्न (दस ५, १, ६; उत्त २०, ४)।

सुसमिद्ध वि [सुसमृद्ध] अत्यन्त समृद्ध (नाट—मृच्छ १५९)।

सुसर पुंन [सुस्वर] १ एक देव-विमान (सम १७)। २ न. नामकर्म का एक भेद, जिसके उदय से सुन्दर स्वर की प्राप्ति हो वह कर्म (सम ६७; कम्म १, २६; ५१)। देखो सुस्सर, सुसूर।

सुसा स्त्री [स्वसृ] बहिन, भगिनी (सूअ १, ३, १, १ टी)।

सुसा देखो सुण्हा = स्नुषा (कुमा)।

सुसागय न [सुस्वागत] सुन्दर स्वागत (भग)।

सुसागर पुंन [सुसागर] एक देव-विमान (सम २)।

सुसाण न [श्मशान] मुर्दाघाट, मरघट (णाया १, २—पत्र ७९; हे २, ८६; स ५९७; श्रा १४; महा)।

सुसामण्ण न [सुश्रामण्य] अच्छा साधुपन (उवा)।

सुसाय वि [सुस्वाद] स्वादिष्ठ, सुन्दर स्वाद-वाला (पउम ८२; ९९; १०२, १२२)।

सुसाल पुंन [सुशाल] एक देव-विमान (सम ३५)।

सुसावग } पुं [सुश्रावक] अच्छा श्रावक—
सुसावय } जैन गृहस्थ (कुमा; पडि; द्र २१)।

सुसाहय देखो सुसंहय (पण्ह १, ४—पत्र ७९)।

सुसाहु पुं [सुसाधु] उत्तम मुनि (पण्ह २, १—पत्र १०१; उव)।

सुसिअ वि [शुष्क] सूखा हुआ (सुपा २०४; कुप्र १३)।

सुसिअ वि [शोषित] सुखाया हुआ (महा; वज्जा १५०; कुप्र १३)।

सुसिक्खिअ वि [सुशिक्षित] अच्छी तरह शिक्षा को प्राप्त (मा २०)।

सुसिणिद्ध वि [सुस्निग्ध] अत्यन्त स्नेह-युक्त (सुर ४, १६६)।

सुसित्थ देखो सुत्थ = सौस्थ्य (संक्षि १२)।

सुसिन्न वि [सुशीर्ण] अति सड़ा हुआ (सुपा ४६६)।

सुसिर वि [शुषिर] १ पोला, खाली। छूंछा (उप ७२८ टी; कुप्र १९२)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३७)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुसिलिट्ठ वि [सुश्लिष्ट] सुसंगत, अति संबद्ध (सुर १०, ८२; पंचा १८, २३)।

सुसिस्स पुं [सुशिष्य] उत्तम चेला (उप पृ ४०१)।

सुसीअ वि [सुशीत] अति शीतल (कुमा)।

सुसीम न [सुसीम] नगर-विशेष (उप ७२८ टी)।

सुसीमा स्त्री [सुसीमा] १ भगवान् पद्मप्रभ की माता (सम १५१)। २ कृष्ण वासुदेव की एक पत्नी (अंत १५)। ३ वत्स नामक विजय-क्षेत्र की एक राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)।

सुसील न [सुशील] १ उत्तम स्वभाव (पउम १४, ४४)। २ वि. उत्तम स्वभाववाला, सदाचारी (प्रासू ८)। °वंत वि [°वत्] सदाचारी (पउम १४; ४४; प्रासू ३६)।

सुसु पुं [शिशु] बच्चा, बालक। °मार पुं [°मार] जलचर प्राणी की एक जाति, महिषाकार मत्स्य-विशेष (पि ११७)। °मारिया स्त्री [°मारिका] वाद्य-विशेष (राय ४६)। देखो सुंसुमार।

सुसुज्ज पुंन [सुसूर्य] एक देव-विमान (सम १५)।

सुसुमार पुं [सुसुमार] जलचर जन्तु की एक जाति (जी २०)। देखो सुसु-मार।

सुसुगंध वि [सुसुगन्ध] १ अत्यन्त सुगन्धी (पउम ६, ४१; गउड)। २ पुं. अत्यन्त खुशबू (गउड)।

सुसुर देखो ससुर (धर्मवि ११४; सिरि ३३४; ३४५; ३४७; ६८८)।

सुसुहंकर पुं [सुशुभङ्कर] छन्द का एक भेद (पिंग)।

सुसूर पुंन [सुसूर] एक देव-विमान (सम १०)।

सुसेण पुं [सुषेण] १ सुग्रीव का श्वशुर (से ४, ११; १३, ८४)। २ एक मंत्री (विपा १, ४—पत्र ५४)। ३ भरत चक्रवर्ती का मन्त्री (राज)।

सुसेणा स्त्री [सुषेणा] एक बड़ी नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

सुसोह वि [सुशोभ] अच्छी शोभावाला (सुपा २७५)।

सुसोहिय वि [सुशोभित] शोभा-संपन्न, समलंकृत (उप ७२८ टी)।

सुस्स अक [शुष्] सूखना। सुस्से (सूअ १, २, १, १६)। वकृ. सुस्संत (स १६६)।

सुस्समण पुं [सुश्रमण] उत्तम साधु (उव)।

सुस्सर वि [सुस्वर] सुन्दर आवाजवाला (सुपा २८६)। देखो सुसर।

सुस्सरा स्त्री [सुस्वरा] गीतरति तथा गीतयश नाम के गन्धर्वेन्द्रों की एक एक अग्रमहिषी का नाम (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)।

सुस्सार वि [सुसार] सार-युक्त (भवि)।

सुस्सावग, सुस्सावय } देखो सुसावग (उव; श्रा १२)।

सुस्सील देखो सुसील (सुपा ११०; ५०८)।

सुस्सुअ देखो सुसुअ (राज)।

सुस्सुयाय अक [सुसुकाय्, सूत्कारय्] सु सु आवाज करना, सूत्कार करना। संकृ. सुस्सुयाइत्ता (उत्त २७, ७)।

सुस्सू स्त्री [श्वश्रू] सासू (बृह २)।

सुस्सूस सक [शुश्रूष्] सेवा करना। सुस्सूसइ (उव; महा)। वकृ. सुस्सूसंत, सुस्सूसमाण (कुलक ३४; भग; औप)। हेकृ. सुस्सूसिदुं (शौ) (मा ३६)।

सुस्सूसअ वि [शुश्रूषक] सेवा करनेवाला (कप्पू)।

सुस्सूसण न [शुश्रूषण] सेवा, शुश्रूषा (कुप्र २४७; रत्न २१)।

सुस्सूसणया, सुस्सूसणा } स्त्री [शुश्रूषणा] ऊपर देखो (उत्त २९, १; औप; णाया १, १३—पत्र १७८)।

सुस्सूसा स्त्री [शुश्रूषा] ऊपर देखो (सुपा १२७)।

सुह देखो सोह=शुभ्। सुहइ (वज्जा १४; पिंग)।

सुह सक [सुखय्] सुखी करना। सुहइ (पिंग), सुहेदि (शौ) (अभि ८९)।

सुह देखो सुभ (हे ३, २६; ३०; कुमा; सुपा ३६०; कम्म १, ५०)। °अ वि [°द] मंगलकारी (कुमा)। °कम्मि वि [°र्मिक] पुण्यशाली (भवि)। °काम वि [°काम] मङ्गल की चाहवाला (सुपा ३२६)। °गर वि [°कर] मङ्गल-जनक (कुमा)। °णामा स्त्री [°नामा] पक्ष की पाँचवीं, दसवीं तथा पनरहवीं रात्रि-तिथि (सुज्ज १०, १५)। °त्थि वि [°र्थिन्] १ शुभेच्छक (भग)। २ शुभ अर्थवाला (णाया १, १—पत्र ७४)। °द देखो °अ (कुमा)।

सुह न [सुख] १ आनन्द, चैन, मजा। २ आराम, शान्ति (ठा २, १—पत्र ४७; ३, १—पत्र ११४; भग; स्वप्न २३; प्रासू १३३; हे १, १७७; कुमा)। ३ निर्वाण, मुक्ति। ४ त्रि. जितेन्द्रिय (विसे ३४४३; ३४४४)। ५ सुख-प्रद, सुख-जनक (णाया १, १२—पत्र १७४; आचा; कम्म १, ५१)। ६ अनुकूल (णाया १, १२)। ७ सुखी (हे ३, १६)। °अ वि [°द] सुख-दायक (सुर २, ६५; सुपा ११२; कुमा)। °इत्तअ वि [°वत्] सुखी (पि ६००)। °कर वि [°कर] सुख-जनक (हे १, १७७)। °कामि वि [°कामिन्] सुखाभिलाषी (ओव ११६)। °त्थि वि [°ार्थिन्] वही अर्थ (आचा)। °द वि [°द] सुख-दाता (वै १०३; कुमा)। °दाय वि [°दाय] वही (पउम १०३, १६२)। °फंस वि [°स्फर्श] कोमल (पाअ)। °यर देखो °कर (हे १, १७७; कुमा; सुपा ३)। °संझा स्त्री [°सन्ध्या] सुख-जनक सायंकाल (कप्पू)। °वह वि [°वह] १ सुख-जनक (श्रा २८; उव; सं ६७)। २ पुंन. एक पर्वत-शिखर (ठा २, ३—पत्र ८०)। °ासण न [°ासन] आसन-विशेष, पालकी (सुर २, ६०; सुपा २७८; कप्प)। °ासिया स्त्री [°ासिका] सुख स बैठना, सुखी स्थिति (प्रासू ८५)।

सुहउत्थिआ स्त्री [दे] दूती (दे ८, ६)।

सुहंकर वि [सुखकर] सुख-कारक (सिरि ३६; कुमा)।

सुहंकर वि [शुभकर] १ शुभ कारक (कुमा)। २ पुं. एक वणिक् का नाम (उप ५०७ टी)।

सुहंभर वि [सुखम्भर] सुखी (गउड)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुहग देखो सुभग (रयण ४०; गा ६; नाट—मालवि २८)।

सुहड पुं [सुभट] योद्धा (सुर २, २६; कुमा; प्रासू ७४; सण)।

सुहड वि [सुहृत] अच्छी तरह हरण किया हुआ (दस ७, ४१)।

सुहत्थ वि [सुहस्त] १ अच्छा हाथवाला, हाथ की लघुतावाला, हाथ से शीघ्र-शीघ्र काम करने में समर्थ (से १२, ५५)। २ दाता, दानशील (भवि)।

सुहत्थि पुं [सुहस्तिन्] १ गन्ध-हस्ती (णाया १, १—पत्र ७४; उवा)। २ एक जैन महर्षि (कप्प; पडि)।

सुहद्द न [सौहार्द] १ स्नेह। २ मित्रता (भवि)।

सुहम न [सूक्ष्म] १ फूल, पुष्प (दसनि १, ३६)। २ देखो सण्ह; सुहुम = सूक्ष्म (हे २, १०१; चंड)।

सुहम्म पुं [सुधर्मन्] १ भगवान् महावीर का पट्टधर शिष्य (विपा १, १—पत्र १)। २ बारहवें जिनदेव का प्रथम शिष्य (सम १५२)। ३ एक यक्ष का नाम (विपा १, १—पत्र ४; १, २—पत्र २१)। °सामि पुं [°स्वामिन्] भगवान् महावीर का पट्टधर शिष्य (भग)। देखो सुधम्म।

सुहम्म° देखो सुहम्मा। °वइ पुं [°पति] इन्द्र (महा)।

सुहम्ममाण वि [सुहन्यमान] जो अच्छी तरह मारा जाता हो वह (पि ५४०)।

सुहम्मा स्त्री [सुधर्मा] चमर आदि इन्द्रों की सभा, देव-सभा (सम १५; भग)।

सुहय देखो सुह-अ = सुख-द, शुभ-द।

सुहय देखो सुभग (गउड; सण; हेका २७२; कुमा)।

सुहय वि [सुहत] अच्छी तरह जो मारा गया हो वह (कुप्र २२६)।

सुहर वि [सुभर] सुख से भरने योग्य (दस ८, २५)।

सुहरअ देखो सुहराय (षड्)।

सुहरा स्त्री [दे. सुगृहा] पक्षि-विशेष, सुघरी (से ८, ३६)।

सुहराय पुं [दे] १ वेश्या का घर। २ चटक, गैरैया पक्षी (दे ८, ५६)।

सुहल्ली स्त्री [दे] सुख, आनन्द (दे ८, ३६)।

सुहव देखो सुभग (वज्जा ९६; संक्षि ६)। स्त्री. °वी (प्राकृ ३७)।

सुहा अक [सु + भा] अच्छा लगना, 'न सुहाइ गोमईए सासू' (कुप्र ३५२)।

सुहा देखो छुहा = सुधा (स २८२; कुमा; सण)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] चूने का कारखाना (आचा २, २, २, ९)। °हार पुं [°हार] देव, देवता (स ७५५)।

सुहा, सुहाअ, सुहाव } अक [सुखाय्] १ सुख पाना। २ सक. सुखी करना। सुहाइ, सुहाअई, सुहावइ, सुहावेइ (भवि; गा ६१७; पि ५५८; से १२, ८६; वज्जा १६४; भवि; उव)। वकृ. सुहाअंत (से १, २८; नाट—रत्ना ६१)।

सुहाव देखो सहाव = स्वभाव (गा ५०८; वज्जा १०)।

सुहावण वि [सुखायन] सुख-जनक (सण; भवि)।

सुहावय वि [सुखायक] ऊपर देखो (वज्जा ४६४; भवि)।

सुहासिय वि [सुभाषित] १ सम्यग् उक्त (पण्ह १, १—पत्र १)। २ न. सुन्दर वचन, सूक्त (स ७६१; सुपा ५१४)।

सुहि वि [सुखिन्] सुख-युक्त (सुपा ३१२; ४३१)।

सुहि, सुहिअ } पुं [सुहृद्] मित्र, दोस्त (ठा ४, ३—पत्र २४३; णाया १, २—पत्र ९०; उत्त २०, ९; सुर ४, ७६; सुपा १०७; ४१९; प्रयौ ३९; सुर ३, १५४, भवि)।

सुहिअ वि [सुखित] सुखी, सुख-युक्त (से २, ८; गा ४१८; कुप्र ४०६; उव; कुमा)।

सुहिअ वि [सुहित] १ तृप्त (से २, ८)। २ सुन्दर हितवाला (धर्म २)।

सुहिट्ठ वि [सुहृष्ट] अति हर्षित (उप ७२८ टी)।

सुहिर देखो सुसिर; 'अवनानंतो पुरहिं अंतो सुहिरं व चरणाघाएहिं' (धर्मवि १२४; रंभा)।

सुहिरण्णा, सुहिरण्णिया, सुहिरन्निया } स्त्री [सुहिरण्या, °ण्यिका] वनस्पति-विशेष, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (राय ३१; राज; पण्ह १७—पत्र ५२९)।

सुहिरीमण वि [सुह्रीमनस्] अत्यन्त लज्जालु, अतिशय शरमिन्दा (सूअ १, ४, २, १७; राज)।

सुहिल्लिया देखो सुहेल्लि; 'सुहिल्लियं अट्टियं रसं मुणओ' (भत्त १४२)।

सुही वि [सुधी] पंडित, विद्वान् (सिरि ४०)।

सुहुम वि [सूक्ष्म] १ बारीक, अत्यन्त छोटा। २ तीक्ष्ण (हे १, ११८; २, ११३; कुमा; जी १४)। ३ पुं. भारत वर्ष के एक भावी कुलकर पुरुष (सम १५३)। ४ एकेन्द्रिय जीव-विशेष (ठा ८; कम्म ४, २; ५)। ५ न. कर्म-विशेष (सम ६०)। °संपराग, °संपराय पुंन [°संपराय] १ चारित्र-विशेष (ठा ५, २—पत्र ३२२)। २ दशवाँ गुण-स्थानक (सम २६)। देखो सण्ह, सुहम = सूक्ष्म।

सुहुय वि [सुहुत] अच्छी तरह होम किया हुआ (उत्त २८० टी; कप्प; औप)।

सुहेल्लि स्त्री [दे. सुखकेलि] सुख, आनन्द, मजा (दे ८, ३६; पाअ; गा १०८; २११; २६१; २८८; ३६८; ५५९; ८९४; स ७२)।

सुहेसि वि [सुखैषिन्] सुखाभिलाषी (सुपा २२७)।

सू अ. निन्दा-सूचक अव्यय (नाट)।

सूअ सक [सूचय्] १ सूचना करना। २ जानना। ३ लक्ष करना। सूएइ, सूअंति, सूएमो (विसे १३६८; स २४८; गउड; पिंड ४१७)। कर्म. सूइज्जइ (गा ३२९)। वकृ. सूयंत, सूययंत (गउड; स ३६६)। कवकृ. सूइज्जंत (चेइय ६०५)। कृ. सूएअव्व (से १०, २८)।

सूअ पुं [सूद] रसोइया (महा)।

सूअ पुं [सूत] १ सारथि, रथ हाँकनेवाला (पाअ)। २ वि. प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह; 'सु(? सू)यगोव्व अदूरए' (सूअ १, ३, २, ११)। °गड पुंन [°कृत] दूसरा जैन अंग-ग्रन्थ (सूअनि २)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूअ पुं [शूक] धान्य आदि का तीक्ष्ण अग्र भाग (गउड; गा ५६८)।

सूअ वि [शून] फुला हुआ, सूजनवाला: 'सूय-मुहं सूयहत्थं सूयपायं' (विपा १, ७—पत्र ७३)।

सूअ पुं [सूप] दाल (पव ६१, टी; उवा; पण्ह २, ३—१२३; सुपा ५७)। °गार, °यार, °ार पुं [°कार] रसोइया (स १७; कुप्र ६६; ३७; श्रावक ६३ टी)। °ारिणी स्त्री [°कारिणी] रसोई बनानेवाली स्त्री (पउम ७७, १०६)।

सूअ देखो सुत्त = सूत्र। °गड पुंन [°कृत] दूसरा जैन अंग-ग्रन्थ; 'आयारो सूयगडो' (सूअ २, १, ७७; सम १)।

सूअअ, सूअक, सूअग वि [सूचक] १ सूचना करनेवाला (वेणी ४५; श्रा ११; सुर २, २२६)। २ पुं. पिशुन, खल, दुर्जन (पण्ह १, २—पत्र २८)। ३ गुप्त दूत, जासूस (प्राप्र)।

सूअग, सूअय न [सूतक] सूतक, जनन और मरण की अशुद्धि (पंचा १३, २८; वव १)।

सूअण न [सूचन] सूचना (उव; सुर २, २३३)।

सूअर पुं [शूकर] सूअर, वराह (उवा; विपा १, ३—पत्र ५३; प्रयौ ७०)। °वल्ल पुं [°वल्ल] अनन्तकाय वनस्पति-विशेष (पव ४; श्रा २०)।

सूअरिअ वि [दे] यन्त्र-पीड़ित (दे ८, ४१ टी)।

सूअरिया, सूअरी स्त्री [दे] यन्त्र-पीड़ना (सुर १३, १५७; दे ८, ४१)।

सूअल न [दे] किशारु, धान्य का तीक्ष्ण अग्र भाग (दे ८, ३८)।

सूआ स्त्री [सूचा] सूचन, सूचना (पिंड ४३७; उप ५०; सूअनि २)। °कर वि [°कर] सूचक (उप ७६८ टी)।

सूआ, सूइ स्त्री [सूति] प्रसव, प्रसूति, जन्म (पउम २६, ८५; १, ६१; सुपा २३)। °कम्म न [°कर्मन्] प्रसव-क्रिया (सुर १०, ९; सुपा ४०)। °हर न [°गृह] प्रसूति-गृह (पउम २६, ८५)।

सूइ स्त्री [सूचि] देखो सूई (आचा; सम १४६; राय २७)।

सूइअ वि [सूचित] जिसकी सूचना की गई हो वह (महा)। २ उक्त, कथित (पाअ)। ३ व्यञ्जनादि-युक्त (खाद्य) (दस ५, १, ९८)।

सूइअ वि [सूत] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह, व्यायी: 'सार्ण सूइअं गावि' (दस ५, १, १२)।

सूइअ पुं [सूचिक] दरजी (कुप्र ४०१)।

सूइअ पुं [दे] चण्डाल (दे ८, ३९)।

सूइय न [सुप्त] निद्रा; 'सिजं अत्थरिऊण अलियसुइयं काऊण अच्छंति' (महा)।

सूइय वि [दे. सूप्य, सूपिक] भीजा हुआ (खाद्य): 'अवि सूइयं वा सुक्कं वा' (आचा)।

सूइया स्त्री [सूतिका] प्रसूति-कर्म करनेवाली स्त्री (सम्मत्त १४५)।

सूई स्त्री [सूची] कपड़ा सीने की सलाई, सूई (पण्ह १, ३—पत्र ४४; गा ३६४; ५०२)। २ परिमाण-विशेष, एक अंगुल लम्बी एक प्रदेशवाली श्रेणी (अणु १५८)। ३ दो तख्तों के जोड़ने के काम में आती एक तरह की पतली कील (राय २७; ८२)। °फलय न [°फलक] तख्ते का वह हिस्सा, जहाँ सूची-कीलक लगाया गया हो (राय ८२)। °मुह पुं [°मुख] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)। २ द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पणण १—पत्र ४४)। ३ न. जहाँ सूची-कीलक तख्ते का छेद कर भीतर घुसता है उसके समीप की जगह (राय ८२)।

सूई स्त्री [दे] मंजरी (दे ८, ४१)।

सूई° देखो सूइ = सूति (सुपा २६५)।

सूड सक [भञ्ज्, सूद्] भांगना, तोड़ना, विनाश करना। सूडइ (हे ४, १०६)। कर्म. सूडिज्जंतु (पण्ह १, २—पत्र २९)।

सूडण न [सूदन] १ भञ्जन, विनाश (गउड)। २ वि. विनाशक (पव २७१)।

सूण वि [शून] सूजा हुआ, सूजन से फुला हुआ (पउम १०३, १४८; गा ६३६; स ३७१; ४८०)।

सूण°, सूणा स्त्री [सूना] वध-स्थान (निर १, १; मा ३४; कुप्र २७९)। °वइ पुं [°पति] कसाई (दे २, ७०)।

सूणिय वि [शूनिक] १ सूजन का रोगवाला, जिसका शरीर सूज गया हो वह। २ न. सूजन (आचा)।

सूणु पुं [सूनु] पुत्र, लड़का (कुप्र ३१९)।

सूतक देखो सूअग = सूतक (वव १)।

सूप देखो सूअ = सूप (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

सूभग देखो सुभग: 'सुभग दूभगनामं सूसर तह दूसरं चेव' (धर्मसं ६२०; श्रावक २३)।

सूभग देखो सोभग्ग (पिंड ५०२)।

सूमाल देखो सुउमाल (पण्ह १, ४—पत्र ७८; णाया १, १—पत्र ४७; १, १६—पत्र २००; कप्प; सुर १३, ११८; कुप्र ५५)।

सूर सक [भञ्ज्] तोड़ना, भांगना। सूरइ (हे ४, १०६)।

सूर वि [शूर] १ पराक्रमी, वीर (ठा ४, ३—पत्र २३७; कप्प; सुपा २२२; ४१२; प्रासू ७१)। २ पुं. एक राजा (सुपा ६२२)। ३ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। °सेण पुं [°सेन] एक भारतीय देश, जिसकी प्राचीन राजधानी मथुरा थी (विचार ४९; पउम ९८, ६६; ती १४; विक्र ६०; सत्त ६७ टी)। २ ऐरवत वर्ष के एक भावी जिन-देव (सम १५४)। ३ एक जैनाचार्य (उप ७२८ टी)। ४ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र (ती १४)।

सूर पुं [सूर, सूर्य] १ सूर्य, रवि (हे २, ६४; ठा २, ३—पत्र ८५; उव; सुपा २२२; ६२२; कप्प; कुमा)। २ सतरहवें जिन-देव का पिता (सम १५१)। ३ इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा (पउम ५, ६)। ४ एक लंका-पति (पउम ५, २६३)। ५ एक द्वीप का नाम (सुज्ज १९)। ६ एक राजा (सुपा ५५९)। ७ छन्द का एक भेद (पिंग) ८ पुंन. एक देव-विमान (सम १०)। °कंत, °कंत पुं [°कान्त] १ मणि-विशेष (ठा ९, ५०; पउम ३, ७५; पणण १—पत्र २६; उत्त ७७)। २ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४४; सम १०)। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान—देव-भवन (सम १०)। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

°दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (इक)। °देव पुं [°देव] आगामि उत्सर्पिणी-काल में होनेवाले भारतवर्ष के दूसरे जिनदेव (सम १५३)। °पन्नत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] एक जैन उपाङ्ग-ग्रंथ (ठा ३, २—पत्र १२६)। °परिवेस पुं [°परिवेष] मेघ आदि से होता सूर्य का वलयाकार मंडल (अणु १२०)। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। °पाग स्त्री [°पाका] सूर्य के किरण से होनेवाली रसोई (कुप्र ६६)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १०)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] १ सूर्य की एक अग्र-महिषी (इक, णाया २—पत्र २५२)। २ ग्यारहवें जिनदेव की दीक्षा-शिविका (सम १५१)। ३ आठवें जिनदेव की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)। °मल्लिया स्त्री [°मल्लिका] वनस्पति-विशेष (राय ७६)। °मालिया स्त्री [°मालिका] आभरण-विशेष (औप)। °लेस पुंन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १०)। °वक्कय न [°वक्रण] आभूषण-विशेष (औप)। °वर पुं [°वर] १ एक द्वीप। २ एक समुद्र (सुज्ज १६)। °वरोभास पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (सुज्ज १६)। °वल्ली स्त्री [°वल्ली] लता-विशेष (पराण १—पत्र ३३)। °वेग पुं [°वेग] एक राज-कुमार (उप १०३१ टी)। °सिंग पुंन [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १०)। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १०)। °सिरी स्त्री [°श्री] सातवें चक्रवर्ती की स्त्री (सम १५२)। सुअ पुं [°सुत] शनैश्चर-ग्रह (हाट—मृच्छ १६२)। °भ पुंन [°भ] एक देव-विमान (सम १४; पव २६७)। °वत्त पुंन [°वर्त] एक देव-विमान (सम १०)। देखो सुज्ज।

सूरंग पुं [दे] प्रदीप, दीपक (दे ८, ४१; षड्)।

सूरंगय पुं [सुराङ्गज] एक राजा (उप १०३१ टी)।

सूरग पुं [दे. सूरग] कन्द-विशेष, सूरन, ओल (दे ८, ४१; पराण १—पत्र ३६, उत्त ३६ ९९; पंचा ५, २०)।

सूरद्धय पुं [दे] दिन, दिवस (दे ८, ४२; षड्)।

सूरल्लि पुंस्त्री [दे] १ मध्याह्न, दुपहर का समय (दे ८, ५७; षड्)। २ कीट-विशेष, मशक के समान आकृतिवाला कीट (दे ८, ५७)। ३ तृण-विशेष, ग्रामणी नामक तृण (दे ८, ५७; जीव ३, ४; राय)।

सूरि पुं [सूरि] आचार्य (जी १; सण)।

सूरिअ वि [भग्न] भाँगा हुआ (कुमा)।

सूरिअ देखो सुज्ज (हे २, १०७; सम ३६; भग; उप ७२८ टी)। °कंत पुं [°कान्त] प्रदेशि-नामक राजा का पुत्र (भग ११, ९—पत्र ५१४; कुप्र १४६)। °कंता स्त्री [°कान्ता] प्रदेशी राजा की पत्नी (कुप्र १४६)। °पाग पुंस्त्री [°पाक] सूर्य के ताप से होनेवाली रसोई (कुप्र ७०)। स्त्री. °गा (कुप्र ६८)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] सूर्य की प्रभा (सुज्ज ५—पत्र ७६)। °भ पुं [°भ] १ प्रथम देव लोकका एक देव (राय १४; धर्मवि ९)। २ पुंन. एक देव-विमान। ३ न. सूर्याभ देव का सिंहासन (राय १४)। °वत्त पुं [°वर्त] मेरु पर्वत (सुज्ज ५; इक) °वरण पुं [°वरण] मेरु पर्वत (सुज्ज ५; इक)।

सूरिल पुं [दे] श्वशुर पक्ष (?), 'महंतं मे सओयणं ति साहिऊण सुरिलस्स समागओ चंपं' (स ५१०)।

सूरिस देखो सुउरिस (हे १, ८)।

सूरुत्तरवडिंसग पुंन [सूरोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १०)।

सूरुल्लि देखो सूरल्लि (राय ८० टी)।

सूरोद पुं [सूरोद] एक समुद्र (सुज्ज १६)।

सूरोदय न [सूरोदय] नगर-विशेष (पउम ८, १८९)।

सूरोवराग पुं [सूरोपराग] सूर्य-ग्रहण (भग)।

सूल पुंन [शूल] १ लोहे का सुतीक्ष्ण काँटा, शूली (विपा १, ३—पत्र ५३; औप)। शस्त्र-विशेष, त्रिशूल (पराह १, १—पत्र १८; कुमा)। ३ रोग-विशेष (प्रासू १०५)। ४ बबूल आदि का तीक्ष्ण अग्र भागवाला काँटा (कुप्र ३७)। पुं. ब. देश-विशेष (पउम ९८, ६५)। °पाणि पुं [°पाणि] यक्ष-विशेष (कम्म ५)। °धर पुं [°धर] शिव, महादेव (पिंग)।

सूलच्छ न [दे] पल्वल, छोटा तालाब (दे ८, ४२)।

सूलत्थारी स्त्री [दे] चरडी, पार्वती (दे ८, ४२)।

सूला स्त्री [शूला] शूली, सुतीक्ष्ण लोह-कंटक (गा ६४; उप ३३९ टी; धर्मवि १३७)। °इय वि [°चित, °तिग] शूली पर चढ़ाया हुआ (णाया १, ९—पत्र १५७; १६३; राय १३४)।

सूला स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना (दे ८, ४१)।

सूलि वि [शूलिन] १ शूल-रोगवाला; 'जह विदलं सूलीणं' (वि ३)। २ पुं शिव, महादेव (पाअ)।

सूलिआ स्त्री [शूलिका] शूली, जिसपर वध्य को चढ़ाया जाता है (पराह १, १—पत्र ८)।

सूव पुं [सूप] दाल (उवा; ओघ ७१४; चारु ६; पिंड ६२४; पंचा १०, ३७)। °आर, °र पुं [°कार] रसोइया, रसोई बनानेवाला नौकर (पउम ११३, ७; सुर १६, ३८; उप ३०२)।

सूस अक [शुष्] सूखना। सूसइ, सूसंति, सूसइरे (हे ४, २३६; प्राकृ ६८; कुमा ३७४; हे ३, १४२)।

सूसर वि [सुस्वर] १ सुन्दर आवाजवाला (सुर १६, ४६)। २ न. नामकर्म का एक भेद, जिससे सुन्दर स्वर की प्राप्ति हो वह कर्म (धर्मसं ६२०; श्रावक २३; कम्म २, २२)। °परिवादिणी स्त्री [°परिवादिनी] एक तरह की वीणा (पराह २, ५—पत्र १४९)।

सूसास वि [सोच्छ्वास] ऊर्ध्व श्वासवाला (हे १, १५७; कुमा)।

सूसिय वि [शोषित] सुखाया हुआ (सुर १५, २४८)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूसुअ वि [सुश्रुत] १ अच्छी तरह सुना हुआ। २ अच्छी तरह ज्ञात (वज्जा १०६)। ३ पुं. वैद्यक ग्रन्थ-विशेष (वज्जा १०६)।

सूहअ } देखो सुभग (संक्षि २०; हे १, सूहव } ११३; १९२)।

से° देखो सेअ = श्वेत। °वड पुं [°पट] श्वेताम्बर जैन (सम्मत्त १३७)।

से अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ वाक्य का उपन्यास। २ प्रश्न (भग १, १; उवा)। ३ प्रस्तुत वस्तु का परामर्श (उत्त २, ४०; जं १)। ४ अनन्तरता (ठा १०—पत्र ४९५)।

से } अक [शी] सोना। सेइ, सेअइ सेअ } (षड्)।

सेअ सक [सिच्] सींचना। सेअइ (हे ४, ९६)।

सेअ पुं [दे] गणपति, गणेश (दे ८, ४२)।

सेअ पुं [सेय] १ कर्दम, कादो, पंक (सूअ २, १, २; णाया १, १—पत्र ६३)। २ एक अधम मनुष्य-जाति; 'चंडाला मुट्ठिया सेया जे अन्ने पावकम्मिणो' (ठा ७—पत्र ३९३)।

सेअ पुं [स्वेद] पसीना (गा २७८; दे ४, ४९; कुमा)।

सेअ पुं [सेक] सेचन, सींचना (मै ६५; गा ७९९; हेका ९९; अभि ३३)।

सेअ न [श्रेयस्] १ शुभ, कल्याण (भग)। २ धर्म। ३ मुक्ति, मोक्ष (हे १, ३२)। ४ वि. अति प्रशस्त, अतिशय शुभ; 'इय संजमोवि सेओ' (पंचा ७,१४; कुमा; पंच ९६)। ५ पुं. अहोरात्र का दूसरा मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)।

सेअ वि [सैज] सकम्प, कम्प-युक्त (भग ५, ७—पत्र २३४)।

सेअ वि [श्वेत] १ शुक्ल, सफेद (णाया १, १—पत्र ५३; अभि ३३; उव)। २ पुं. एक इन्द्र, कुभंड-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ शक्र की नट-सेना का अधिपति (इक)। ४ आमलकल्पा नगरी का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (ठा ८—पत्र ४३०; राय ९)। °कंठ पुं [°कण्ठ] भूतानन्द नामक इन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। °पड, °वड पुं [°पट] श्वेताम्बर जैन, जैन का एक संप्रदाय (सुपा ६४१; विसे २५८५; धर्मसं ११०९)।

सेअ वि [एष्यत्] आगामी, भविष्य; 'पभू णं भंते केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपदेसेसु हत्थं वा जाव आगाहित्ताणं चिट्ठित्तए' (भग ५, ४—पत्र २२३; ठा १०—पत्र ४९५; अणु २१)। °ल पुं [°काल] भविष्य काल (भग; उत्त २९, ७१)।

सेअंकर पुं [श्रेयस्कर] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)।

सेअंकार पुं [श्रेयस्कार] श्रेयः-करण, 'श्रेयस्' का उच्चारण (ठा १०—पत्र ४९५)।

सेअंबर पुं [श्वेताम्बर] १ एक जैन संप्रदाय (सं २; सम्मत्त १२३; सुपा ५६६)। २ न. सफेद वस्त्र (पउम ६६, ३०)।

सेअंस पुं [श्रेयांस] १ एक राज-कुमार (धण १५)। २ चतुर्थ वासुदेव तथा बलदेव के पूर्व जन्म के धर्म गुरु—एक जैन मुनि (सम १५३; पउम २०, १७६)। देखो सेज्जंस।

सेअंस देखो सेअ = श्रेयस् (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

सेअण न [सेचन] सेक, सींचना (कुमा; अभि ४७; णाया १, १३—पत्र १८१; सुपा ३०६)। °वह पुं [°पथ] नीक (आचा २, १०, २)।

सेअणग } पुं [सेचनक] १ राजा श्रेणिक सेअणय } का एक हाथी (उप २६४ टी; णाया १, १—पत्र २५)। २ वि. सींचनेवाला (कुमा)। देखो सेचणय।

सेअविय वि [सेवनीय] सेवा-योग्य, 'ण सिक्खती सेयवियस्स किंचि' (सूअ १, ५, १, ४)।

सेअविया स्त्री [श्वेतविका] केकयार्ध देश की प्राचीन राजधानी (विचार ५०; पव २७५; इक)।

सेआ स्त्री [श्वेतता] सफेदपन (सुज १, १)।

सेआ देखो सेवा (नाट—चैत ९२)।

सेआल देखो सेवाल = शैवाल (से २, ३१)।

सेआल देखो सेअ-ाल = एष्यत्-काल।

सेआल पुं [दे] १ गाँव का मुखिया। २ सांनिध्य करनेवाला यक्ष आदि (दे ८, ५८)। ३ कृषक, खेती करनेवाला गृहस्थ (पाअ)।

सेआली स्त्री [दे] दूर्वा, दूब, दूभ (दे ८,२७)।

सेआलुअ पुं [दे] मनौती की सिद्धि के लिए उत्सृष्ट बैल (दे ८, ४४)।

सेइअ त [स्वेदित] पसीना (भवि)।

सेइआ } स्त्री [सेतिका] परिमाण-विशेष, सेइगा } दो प्रसृति की एक नाप (तंदु २९; उप पृ ३३७; अणु १५१)।

सेउ पुं न [सेतु] १ बाँध, पुल (से ६, १७; कुप्र २२०; कुमा)। २ आलवाल, कियारी, थाँवला। ३ कियारी के पानी से सींचने योग्य खेत (औप; णाया १, १ टी—पत्र १)। ४ मार्ग (औप; णाया १, १ टी—पत्र १; कप्प ८९)। °बंध पुं [°बन्ध] पुल बाँधना (से ६, १७)। °वह पुं [°पथ] पुलवाला मार्ग (से ८, ३८)।

सेउ वि [सेक्तृ] सेचक, सिचन करनेवाला (कप्प ८९)।

सेउय वि [सेवक] सेवा-कर्ता (कप्प ९)।

सेंदूर देखो सिंदूर (प्राप्र; संक्षि ३)।

सेंधव देखो सिंधव (विक्र ८९)।

सेंभ देखो सिंभ (उव; पि २६७)।

सेंभिय देखो सिंभिय (भग; पि २६७)।

सेंवाडय पुं [दे] चुटकी की आवाज (दे ८, ४३)।

सेचणय न [सेचनक] सिंचन, छिड़काव (मोह २७)। देखो सेअणय।

सेचाण (अप) पुं [श्येन] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो सेण = श्येन।

सेच्च न [शैत्य] शीतपन, ठंढ़ापन (प्राप्र)।

सेज्ज° देखो सेज्जा। °वइ पुं [°पति] वसति-स्वामी गृहस्थ (पव ८४)।

सेज्जंभव देखो सिज्जंभव (कप्प; दसनि १, १२)।

सेज्जंस पुं [श्रेयांस] १ ग्यारहवें जिनदेव का नाम (सम ८८; कप्प)। २ एक राज-पुत्र,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिसने भगवान् आदिनाथ को इक्षु-रस से प्रथम पारणा कराया था (कप्प; कुप्र २१२)। ३ मार्गशीर्ष मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९)। ४ भगवान् महावीर का पिता, राजा सिद्धार्थ (आचा २, १५, ३)। देखो सिज्जंस, सेअंस = श्रेयांस।

सेज्जंस देखो सेअंस = श्रेयस् (आवम)।

सेज्जा स्त्री [शय्या] १ सेज, बिछौना (से १, ५७; कुमा)। २ मकान, घर, वसति, उपाश्रय (पव १२२; सुख १, १५)। °यर पुं [°तर] गृह-स्वामी, उपाश्रय का मालिक, साधु को रहने के लिए स्थान देनेवाला गृहस्थ (ओघ २४२; पव ११२; पंचा १७, १७)। °वाल पुं [°पाल] शय्या का काम करनेवाला चाकर (सुपा ५८७)। देखो सिज्जा।

सेज्जारिअ न [दे] अन्दोलन, हिंडोले में झूलना (दे ८, ४३)।

सेट्ठि पुं [दे. श्रेष्ठिन्] गाँव का मुखिया, सेठ, महाजन (दे ८, ४२; सम ५१; णाया १, १—पत्र १९; उवा)।

सेडिय न [दे] तृण-विशेष (पराण १—पत्र ३३)।

सेडिया स्त्री [दे. सेटिका] सफेद मिट्टी, खड़ी (आचा २, १, ६, ३)।

सेढि स्त्री [श्रेणि] देखो सेढी = श्रेणी (सुर ३, १७; ५, १९६)।

सेढिया } देखो सेडिआ (दस ५, १, ३४;
सेढी } जी ३)।

सेढी स्त्री [श्रेणी] १ पंक्ति (सम १४२; महा)। २ राशि (अणु)। ३ असंख्य योजन-कोटाकोटी की एक नाप (अणु १७३)। देखो सेणि।

सेण पुं [श्येन] १ पक्षि-विशेष (पउम ८, ७९; दे ७, ८४; वै ७४)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १५)।

सेण देखो सेण्ण; 'मरणाणरवइणो मरणे मरंति सेणाइं इंदियमयाइं' (आरा ६०)।

सेणा स्त्री [सेना] १ भगवान् संभवनाथजी की माता (सम १५१)। २ लश्कर, सैन्य (कुमा)। ३ एक जैन साध्वी, जो महर्षि स्थूलभद्र की बहिन थी (कप्प; पडि)। ४ वह लश्कर जिसमें ३ हाथी, ३ रथ, ९ घोड़े और १५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °णिय, °णी, °णीय पुं [°नी] सेना-पति, लश्कर का मुखिया; 'सेणाणिओवि ताहे घेत्तूण जिणेसरं सुरवइस्स' (पउम ३, ७७; सुपा ३००; धर्मवि ८४; पउम ९४, २०)। °मुह न [°मुख] वह सेना जिसमें ९ हाथी, ९ रथ, २७ घोड़े और ४५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °वइ पुं [°पति] सेना का मुखिया, सेना-नायक (कप्प; पउम ३७, २; सम २७; सुपा २५५)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही पूर्वोक्त अर्थ (सुपा ७३)।

सेणावच्च न [सैनापत्य] सेनापतिपन, सेना का नेतृत्व (कप्प; औप)।

सेणि स्त्री [श्रेणि] १ पंक्ति। २ समूह (महा)। ३ कुम्भकार आदि मनुष्य-जाति (णाया १, १—पत्र ३७)।

सेणिअ पुं [श्रेणिक] १ मगध देश का एक प्रख्यात राजा (णाया १, १—पत्र ११; ३७; ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४; उवा; अंत; पउम २, १५; कुमा)। २ एक जैन मुनि (कप्प)।

सेणिआ स्त्री [सेणिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

सेणिआ } स्त्री [सेनिका] छन्द का एक
सेणिका } भेद (पिंग)।

सेणिग देखो सेणिअ (संबोध ३५)।

सेणिग पुं [सैनिक] लश्करी सिपाही (स ३८१)।

सेणी स्त्री [श्रेणी] देखो सेणि (महा; णाया १, १)।

सेण्ण देखो सिन्न = सैन्य (णाया १, ८—पत्र १४६; गउड)।

सेत्त देखो सित्त = सिक्त (कुप्र १६)।

सेत्त (अप) देखो सेअ = श्वेत (पिंग)।

सेत्तुंज पुं [शत्रुञ्जय] एक प्रसिद्ध पर्वत (णाया १, १६—पत्र २२६; अंत)।

सेद देखो सेअ = स्वेद (दे ४, ३४; स्वप्न ३९)।

सेध देखो सेह = सेह (जीव २—पत्र ५२)।

सेन्न देखो सिन्न = सैन्य (हे १, १५०; कुमा; सण; सुर १२, १०४ टि)।

सेप्फ } देखो सेम्ह (हे २, ५५; षड्; कुमा;
सेफ } प्राकृ २२)।

सेफ पुंन [शेफ] पुरुष-चिह्न, लिंग (प्राकृ १४)।

सेभालिआ स्त्री [शेफालिका] लता-विशेष (हे १, २३६; प्राकृ १४)।

सेमुसी } स्त्री [शेमुषी] मेधा, बुद्धि (राज;
सेमुही } उप पृ ३३३; हम्मीर १४, २२)।

सेम्ह पुंस्त्री [श्लेष्मन्] कफ, 'सेम्हा गरुई' (प्राकृ २२; पि २६७)।

सेर वि [स्वैर] स्वच्छन्दी, स्वतन्त्र, स्वेच्छ (स्वप्न ७७; विक्र ३७)।

सेर वि [स्मेर] विकस्वर (हे २, ७८; कुमा)।

सेर पुं [दे] सेर, परिमाण-विशेष (पिंग)।

सेरंधी स्त्री [सैरन्ध्री] स्त्री-विशेष, अन्य के घर में रहकर शिल्प-कार्य करनेवाली स्वतन्त्र स्त्री (कप्पू)।

सेराह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

सेरिभ पुं [दे] धुर्य वृषभ, गाड़ी का बैल (दे ८, ४४)।

सेरिभ देखो सेरिह (सुख ८, १३; दे ८, ४४ टी)।

सेरिय पुंस्त्री [दे] वाद्य-विशेष, 'करडिभंभ-सेरियहुहुक्कहिं' (सण)।

सेरियय पुं [दे] गुल्म-विशेष (पराण १—पत्र ३२)।

सेरिह पुंस्त्री [सैरिभ] भैंसा, महिष (गा १७२; ७४२; नाट—मृच्छ १३५)। स्त्री. °ही (पाअ)।

सेरी स्त्री [दे] १ लम्बी आकृति। २ भद्र आकृति (दे ८, ५७)। ३ रथ्या, मुहल्ला (सिरि ३१८)। ४ यन्त्र-निर्मित नर्तकी (राज)।

सेरीस पुंन [सेरीश] एक गाँव का नाम (ती ११)।

सेल पुं [शैल] १ पर्वत, पहाड़ (से २, ११; प्राप्र; सुर ३, २२९)। २ पाषाण, पत्थर (उप १०३१)। ३ न. पत्थरों का समूह (से ६, ३१)। °कार पुं [°कार] पत्थर घड़नेवाला शिल्पी, शिलावट (अणु १४९)। °गिह न [°गृह] पर्वत में बना हुआ घर (कप्प)। °जाया स्त्री [°जाया] पार्वती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(रंभा)। °त्थंभ पुं [°स्तम्भ] पाषाण का खंभा (कम्म १, १८)। °पाल, °वाल पुं [°पाल] १ धरण तथा भूतानन्द नामक इन्द्रों का एक एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; इक)। २ एक जैनेतर धर्मावलम्बी पुरुष (भग ७, १०—पत्र ३२३)। °स न [°स] वज्र (से ३, २७)। °सिहर न [°शिखर] पर्वत का शिखर (कप्प)। °सुआ स्त्री [°सुता] पार्वती (पाअ)।

सेलग, सेलय पुं [शैलक] १ एक राजर्षि (णाया १, ५—पत्र १०४; १११)। २ एक यक्ष (पि १५६; णाया १, ९—पत्र १६४)। °पुर न [°पुर] एक नगर (णाया १, ५)।

सेलययं न [शैलकज] एक गोत्र (ठा ७—पत्र ३९०; राज)।

सेला स्त्री [शैला] तीसरी नरक-पृथिवी (ठा ७—पत्र ३८८; इक)।

सेलाइच्च पुं [शैलादित्य] वलभीपुर का एक प्रसिद्ध राजा (ती १५)।

सेलु पुं [शैलु] श्लेष्म-नाशक वृक्ष-विशेष (पराण १—पत्र ३१)।

सेलूस पुं [दे] कितव, जुआड़ी (दे ८, २१)।

सेलेय वि [शैलेय] पर्वत में उत्पन्न, पर्वतीय (धर्मवि १४०)।

सेलेस पुं [शैलेश] मेरु पर्वत (विसे ३०६५)।

सेलेसी स्त्री [शैलेशी] मेरु की तरह निश्चल साम्यावस्था, योगी की सर्वोत्कृष्ट अवस्था (विसे ३०६५; ३०६७; सुपा ६५५)।

सेलोदाइ पुं [शैलोदायिन्] एक जैनेतर धर्मावलम्बी गृहस्थ (भग ७, १०—पत्र ३२३)।

सेल्ल देखो सेल = शैल; 'न हु झिज्जइ ताण मर्णा सेल्लं मिव सलिलपूरेणं' (वज्जा ११२)।

सेल्ल पुं [दे] १ मृग-शिशु। २ शर, बाण (दे ८, ५७)। ३ कुन्त, बर्छी (कुमा; हे ४, ३८७)।

सेल्ल पुं [शैल्य] एक राजा (णाया १, १६—पत्र २०८)।

सेल्लग पुं [शैल्यक] भुजपरिसर्प की एक जाति, जन्तु-विशेष (पराह १, १—पत्र ८)।

सेल्लि स्त्री [दे] रज्जु, रस्सी (उत्त २७, ७)।

सेव सक [सेव्] १ आराधन करना। २ आश्रय करना। ३ उपभोग करना। सेवइ, सेवए (आचा; उव; महा)। भूका. सेवित्था, सेविंसु (आचा)। वकृ. सेवमाण (सम ३९; भग)। कवकृ. सेविज्जंत, सेविज्जमाण (सुर १२, १३९; कप्प)। संकृ. सेविअ, सेवित्ता (नाट—मृच्छ २४५; आचा)। कृ. सेवेयव्व (सुपा ५५७; कुमा), सेवणिय (सुपा १९७)।

सेवग देखो सेवय (पंचा ११, ४१)।

सेवड देखो से° = श्वेत।

सेवण न [सेवन] १ सीना, सिलाई करना (उप पृ १२३)। २ सेवा (उत्त ३५, ३)।

सेवणया, सेवणा स्त्री [सेवना] सेवा (उत्त २९, १; उप ८०१)।

सेवय वि [सेवक] १ सेवा-कर्ता (कुप्र ४०२)। २ पुं. नौकर, भृत्य (पाअ; कुप्र ४०२; सुपा ५३२)।

सेवल न [शैवल] सेवार, सेवाल, एक प्रकार की घास जो नदियों में लगती है (पाअ)।

सेवा स्त्री [सेवा] १ भजन, पर्युपासना, भक्ति। २ उपभोग। ३ आश्रय। ४ आराधन (हे २, ९९; कुमा)।

सेवाड, सेवाल न [शैवाल] १ सेवार, सेवाल, घास विशेष (उप पृ १३६; पाअ; जी ९)। २ पुं. एक तापस, जिसको गौतम स्वामी ने प्रतिबोध किया था (कुप्र २९३)। °दाइ पुं [°दायिन्] भगवान् महावीर के समय का एक अजैन पुरुष (भग ७, १०—पत्र ३२३)।

सेवाल पुं [दे] पङ्क, कादा, काँदो (दे ८,४३; षड्)।

सेवालि पुं [शैवालिन्] एक तापस, जिसको गौतम स्वामी ने प्रतिबोध किया था (उप १४२ टी)।

सेवालिय वि [शैवालिक, °त] सेवालवाला, शैवाल-युक्त; 'सेवालियभूमितले फिल्लुसमाणां य थामथामम्मि' (सुर २, १०५)।

सेवि वि [सेविन्] सेवा-कर्ता (उवा)।

सेवित्त त्रि [सेवितृ] ऊपर देखो (सम १५)।

सेविय वि [सेवित] जिसकी सेवा की गई हो वह (काल)।

सेव्वा देखो सेवा (हे २, ९९; प्राप्र)।

सेस पुं [शेष] १ शेष-नाग, सर्प-राज (से २, २८)। २ छन्द का एक भेद (पिंग)। ३ वि. अवशिष्ट, बाकी का (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; दसनि १, १३४; हे १, १८२; गउड)। °मई, °वई स्त्री [°वती] १ नातवें वसुदेव की माता (सम १५२)। २ दक्षिण रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। ३ वल्ली-विशेष (पराण १—पत्र ३३)। ४ भगवान् महावीर की दौहित्री—पुत्री की पुत्री (आचा २, १५, १६)। °वं न [°वत्] अनुमान का एक भेद (अणु २१२)। °राअ पुं [°राज] छन्द-विशेष (पिंग)।

सेसव न [शैशव] बाल्यावस्था (दे ७, ७६)।

सेसा स्त्री [शेषा] निर्माल्य (उप ७२८ टी; सिरि ५५५)।

सेसिअ वि [शेषित] १ बाकी बचाया हुआ (गा ९६१)। २ अल्प किया हुआ, खतम किया हुआ (विसे ३०२९)।

सेसिअ वि [श्लेषित] संबद्ध किया हुआ, चिपकाया हुआ (विसे ३०३६)।

सेह अक [नश्] पलायन करना, भागना। सेहइ (हे ४, १७८; कुमा)।

सेह सक [शिक्षय्] १ सिखाना, सीख देना। २ सजा करना। सेहंति (सूअ १, २, १, १९)। कवकृ. सेहिज्जंत (सुपा ३४५)।

सेह पुं [दे. सेह] भुजपरिसर्प की एक जाति, साही, जिसके शरीर में काँटे होते हैं (पराह १, १—पत्र ८; पराण १—पत्र ५३)।

सेह पुं [शैक्ष] १ नव-दीक्षित साधु (सूअ १, ३, १, ३; सम ५८; ओघ १९५; ३७८; उव; कस)। २ जिसको दीक्षा दी जानेवाली हो वह (पव १०७)। ३ शिष्य, चेला (सुख १, १३)।

